ISSN 2277 - 7083

आधुनिक साहित्य

Aadhunik Sahitya

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved Care Listed Journal
वर्ष/Year-11 अंक/Vol.-44 द्विभाषी/Bilingual
अक्टूबर - दिसंबर / Oct. - Dec. 2022

विश्व हिं

संपादक
डॉ. आशीष कंधवे

सभी देशवासियों को

आज़ादी के अमृत महोत्सव

की हार्दिक शुभकामनाएँ।

संपादक
–डॉ. आशीष कंधवे

हरिवंश राय बच्चन स्मरणांजलि

जो बीत गई सो बात गई है
जीवन में एक सितारा था
माना वह बेहद प्यारा था
वह डूब गया तो डूब गया
अम्बर के आनन को देखो
कितने इसके तारे टूटे
कितने इसके प्यारे छूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अम्बर शोक मनाता है
जो बीत गई सो बात गई

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी



संपादक

डॉ. आशीष कंधवे

विश्व हिंदी साहित्य परिषद

प्रकाशन | वितरण | राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रमुख उद्देश्य

★ हिंदी का प्रचार-प्रसार

★ उत्तम साहित्य का प्रकाशन

★ साहित्यकार साहित्य योजना

★ पुरस्कार प्रतियोगिता का संचालन

★ रोजगारोन्मुख हिंदी के लिए प्रयास

★ हिंदी एवं भारतीय भाषाओं का समग्र विकास

★ साहित्य एवं संस्कृति के चहुँमुखी विकास के लिए प्रयत्न

★ संग्रहालय, पुस्तकालय एवं संगोष्ठी कक्ष की स्थापना में प्रयासरत

मुख्यालय

एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088

संपर्क सूत्र : 09811184393, 011-47481521

ई-मेल : vhspindia@gmail.com, aadhuniksahitya@gmail.com

Website : www.vhsp.in

UGC Approved Care Listed Journal

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

वर्ष/Year-11 अंक/Vol.-44 अक्तूबर-दिसंबर 2022/October-December 2022 द्विभाषी/Bilingual

Aadhunik Sahitya

संपादक
डॉ. आशीष कंधवे*
Editor
Dr. Ashish Kandhway

संरक्षक	Patron
प्रो. उमापति दीक्षित	Prof. Umapati Dixit
कुमार अविकल मनु	Kumar Avikal Manu
उप संपादक	Sub Editor
रजनी सेठ	Rajni Seth
प्रबंध संपादक	Managing Editor
ममता गोयनका	Mamta Goenka
विशेष संवाददाता (अमेरिका)	Special Correspondent (USA)
रश्मि शर्मा	Rashmi Sharma
संवाददाता (अंग्रेजी)	Correspondent (English)
निलांजन बैनर्जी	Nilanjan Banerjee

*आशीष कंधवे (मूल नाम आशीष कुमार)।

आधुनिक साहित्य में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखकों के हैं जिनसे संपादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं पत्रिका से जुड़े किसी भी व्यक्ति का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का निपटारा दिल्ली क्षेत्र के अन्तर्गत सीमित है। पत्रिका में सम्पादन से जुड़े सभी पद गैर-व्यावसायिक एवं अवैतनिक हैं।

आधुनिक साहित्य

साहित्य, संस्कृति एवं आधुनिक सोच की त्रैमासिकी

UGC Approved Care Listed Journal

केंद्रीय हिंदी संस्थान के सहयोग द्वारा प्रकाशित

RNI No. DELBIL/2012/42547
ISSN 2277 - 7083

© सर्वाधिकार सुरक्षित
प्रकाशित सामग्री के पुनः उपयोग के लिए लेखक, अनुवादक अथवा आधुनिक साहित्य की स्वीकृति अनिवार्य है।

संपादकीय कार्यालय
एडी-94-डी, शालीमार बाग, दिल्ली-110088
फोन : 011-27181521, +91-9811193392
ई-मेल : aadhuniksahitya@gmail.com
adhuniksahitya@gmail.com

प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचार लेखकों के हैं। इनसे संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

मूल्य : ₹ 500 प्रति अंक

शुल्क : तीन वर्ष (12 अंक) ₹ 6000
पांच वर्ष (20 अंक) ₹ 9000
(डाक व्यय सहित)
आजीवन सदस्यता ₹ 21,000
विदेश के लिए (3 वर्ष) 300 डॉलर

शुल्क 'AADHUNIK SAHITYA' के नाम से भेजें।

Account Name	:	Aadhunik Sahitya
Account No.	:	16800200001233
Bank	:	Federal Bank Ltd.
Branch	:	Shalimar Bagh New Delhi-110088
IFSC Code	:	FDRL0001680

'**आधुनिक साहित्य**' हिंदी त्रैमासिकी आशीष कुमार के स्वामित्व में और उनके द्वारा एडी 94डी, शालीमार बाग, दिल्ली 110088 से प्रकाशित तथा आभा पब्लिसिटी, 163, देशबंधु गुप्ता मार्केट, करोलबाग, नई दिल्ली से मुद्रित। स्वामी/संपादक/प्रकाशक/मुद्रक : डॉ. आशीष कुमार

'AADHUNIK SAHITYA' A quarterly bilingual (Hindi & English) Journal of Literature, Culture & Modern Thinking owned/published/printed/edited by Ashish Kumar from AD-94-D, Shalimar Bagh, Delhi-110088 and printed at Abha Publicity, 163, Deshbandhu Gupta Market, Karolbagh, New Delhi.

अनुक्रम

संपादकीय

- **डॉ॰ आशीष कंधवे** / भारतीय ज्ञान परंपरा : सार्वभौमिक समरसता और समावेशी संतुलन का आधार / 10

हिंदी प्रभाग

- **अमृत कुमार तिवारी एवं डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय** / किसान कविता : एक प्रारंभिक पड़ताल / 13
- **डॉ. ऐश्वर्या झा** / 21वीं सदी हिंदी सिनेमा / 21
- **डॉ.वन्दना चतुर्वेदी एवं श्याम सिंह** / माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन / 24
- **डॉ. अमृता कुमारी** / स्त्री अस्मिताः चिन्तन के आयाम / 34
- **डॉ. कल्पना मिश्रा एवं कु. अंजली खलखो** / कठगुलाब उपन्यास के प्रमुख स्त्री पात्रों की व्यथा एवं संघर्ष / 39
- **बिनीता मल्ल** / मध्य हिमालयीय क्षेत्र जौनपुर के लोकगीतः एक परिचय / 46
- **प्रभात कुमार एवं कल्पना देवी** / मूर्तिकला में चामुण्डा के विभिन्न स्वरुपों का अंकन-उत्तर भारत के विशेष सन्दर्भ में / 56
- **डॉ. बी. एन. जागृत एवं अनवर खान** / कैलाश बनवासी की कहानियाँ और भूमंडलीकरण / 70
- **डॉ. लालीमोल वर्गिस** / हिन्दी सिनेमा में चित्रित नारी के विभिन्न रूप / 74
- **प्राचीरंगा** / लोककला और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रदर्शन में संग्रहालयों की भूमिका / 80
- **प्रो. अर्चना श्रीवास्तव एवं ममता आर्या** / विवाह विच्छेद का बच्चों पर शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभाव / 84
- **कल्पना जैन** / 21वीं सदी के प्रथम दो दशकों के हिन्दी गीतकाव्य में धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्य / 92
- **डॉ. प्रतिभा राणा** / आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना और प्रयास / 101
- **डॉ. रमेश कुमार वर्णवाल** / उत्तर-आधुनिका और उपभोक्तावादः मृगतृष्णा या वास्तविक सुख की तलाश / 108
- **डॉ. मोहनन वीटीवी** / रोनाल्ड ई. आशरः अनुवाद चिंतन एवं साहित्यिक गरिमा / 116
- **प्रियंका श्रीवास्तव एवं डॉ. रीता सिंह** / स्त्री का राजनैतिक प्रतिरोधः स्वरूप एवं संभावनाएं / 121

- **सुश्री नूतन कुमारी** / हिंदी और मैथिली रामायण में 'जीवन दर्शन' / 127
- **रूबी शर्मा एवं प्रो. बी.एल. जैन** / नई शिक्षा नीतिः 2020 एकाधिक प्रविष्टि एवं विकास से संबंधित प्रावधान एवं क्रियान्वयन की चुनौतियाँ / 131
- **डॉ. राहुल द्विवेदी** / रसवादी आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल / 138
- **कुमारी रागिनी** / लोक-संस्कृति और लोक-साहित्य में मथुरा प्रसाद 'नवीन' का योगदान / 144
- **डॉ. सिंधु टी.आई** / पर्यावरणः मृदुला गर्ग की कहानी 'विनाश दूत' / 151
- **कैलाश कुमार एवं डॉ. शंकर मुनि राय** / अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन-दर्शन / 155
- **डॉ. नम्रता कुमारी** / थारू लोक नृत्य-झमटा में वर्णित थरूहट क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विवरण / 162
- **डॉ. इन्दु कुमारी** / स्त्री-पीड़ा का अथाह स्वरः सुन्नर पांडे की पतोह / 169
- **प्रो. मीना यादव** / राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) -2020 में नया क्या? / 171
- **प्रो. भारती गोरे** / गांधी-दर्शन का साहित्यिक परिदृश्यः कल, आज और कल (हिंदी कथात्मक साहित्य के विशेष संदर्भ में) / 184
- **डॉ. सत्येंद्र प्रताप सिंह** / हिंदी साहित्य के हाशिये में भी हाशिए पर सिमटा हुआ किन्नर समाज / 191
- **सोनम डहेरिया** / मध्यकालीन युग में संत जाम्भोजी / 199
- **डॉ. मीना सिंह** / कुषाण काल में केश विन्यासः विदेशी प्रभाव का पुनर्विलोकन / 204
- **राजीव गुप्ता** / गांधी का ईश्वरीय दर्शन / 210
- **डॉ. अंजू रानी** / राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और वर्तमान परिदृश्य / 216
- **गुंजेश गौतम** / मानवता के कल्याण का विचार है एकात्म मानवदर्शन / 225
- **डॉ. देबश्री सिन्हा** / हिंदी कथा साहित्य में नारी संवेदना का उदय / 233

ENGLISH SECTION

- Preeti / **A Study of Gender Prejudice in a Haryanvi Folk Song** / 1
- Yengkhom Sushma Devi / **An Alternative Approach to Ramkatha: *The Forest of Enchantments*** / 8
- Leimayon Laishram / **Counter-Narrative Voices: A Case Study of Meitei Folktales** / 15
- Zothanchhingi Khiangt / **Disabled Bodies: The Double Jeopardy of Aging Women** / 23
- Sanjay Bansal and Dr. Annu Bahl Mehra / **Effect of Replacement of expression "Reason to believe" by "Information" under Section 148 of the Income Tax Act, 1961?** / 31

- Dr. T.S. Ramesh and P. Yogapriya / **Stephen Greenblatt's New Historicist Concept of Social Energia in William Shakespear's *Henry IV Part I*** / 39
- Rachna Tuli / **Evil Portrayed in the Select Novels of Graham Greene and Iris Murdoch** / 45
- Radhika J. and Dr. T.S. Ramesh / **An Eco Critical Approach to Anita Desai's *Fire on the Mountain*** / 51
- Dr. Ph. Jayalaxmi and Elangbam Priyokumar Singh / **A Reading B. M. Maisnamba's *Imasi Nurabee* Magic Realist Text** / 57
- G. Vimala / **The Impact of Cultural Factors and Relocations of Female Protagonists Selina and Avey in Paule Marshall's Novels 'Brown Girl, Brownstones' and 'Praise Song for the Widow'** / 66
- Mini Srivastava, Prof. (Dr.) A.P. Bhanu and Rakshit Dhingra / **Impact of IT Rules, 2001 vis-à-vis OTT Platforms-An Analytical Study** / 72
- Maj Gen. Kulpreet Singh and CDR (Dr.) Avikshit / **Impact of Leadership Styles on Job Satisfaction: A Special Reference to Higher Education Institutes** / 79
- Manoj Kumar Gupta and Dr. Sudhir Sudan Kaware / **Mobile Phone App Technology: New Innovative Learning Instrument** / 87
- Lakhibai Yumnam / **Multiracial Space in Zadie Smith's *NW;* A Study** / 93
- Dr. Pankaj Dwivedi and Dr. Pramod Kumar / **Offences Relating to Marriage: An Analysis** / 99
- R. Suriya / **Overcoming Collywobbles of War: A Glance at David Malouf's *the Great World*** / 107
- Sima Nath / **Temsula Ao's *Laburnum for My Head:* An Ecofeminist Critique** / 111
- Subhash. S and Dr. T.S. Ramesh / **Spatial Construction of Ideology in Ernest Hemingway's *For Women the Bell Tolls*** / 118
- Dr. Ravindra Kumar and Sanjna Plawat / **T.S. Eliot's "The Waste Land": A Journey From Death to Life** / 124
- Bipin Kumar Thakur / **Women in the Indian Parliament: Access Matters for Success** / 133
- Joanna Pauline C. and Dr. P. Santhi / **Henry Green: The Hero of the Mundane** / 140
- M. Rahman Khan and Dr. M. Shajahan Sait / **The Mastery of Narrative Craft in Alice Munro's Short Stories** / 145
- P. Vimal Raj and Dr. N. Ramesh/ **Mukerjee's Desired Daughter, Tara—In**

Trishanku's Heaven, to the Pursuit of Home, Identity and Culture in '*Desirable Daughters*' / 150

- S. Lilly and Dr. Sivachandran / **Female Sensibility and Her Struggle for Existance** / 157
- R. Sridevi and Dr. V. Kundhavi / **Feminism and Theatre in Alice Childress's *Trouble in Mind*** / 162
- S. Farhana Zabeen / **Struggle Towards Empowerment in Hanan al-Shaykh's *Women of Sand and Myrrh*** / 168
- A Anchiristilla Priya Dharsini and Dr. Anita / **"A Dream" of the Liberated Women according to Virginia Woolf's" A Room of One's Own"** / 175
- D. Ronald Hadrian and Dr. Anita / **Elements of Dystopian Fiction in Station Eleven** / 181
- Keerthi R. and Dr. D. Deepa Caroline / **The Language of Octavia Butler in Xenogenesis Trilogy** / 186
- M.Vidhya and Dr. D.M. Amala / **Narrative Techniques in Roma Tearne's Novels** / 192
- P. Sakthivel and Dr. V.Anbarasi / **Inter Diasporisation in Sudha Murty's *Dollar Bahu*** / 197
- M Vasanthamullai / **Myth, Dream and Journey in Paulo Coelho's *The Alchemist*** / 204
- Dr.T.Alagarasanb and M. Sathya / **Exploration of Sonny's and Will's Cultural Identity and Identity Crisis in Gordimer's *My Son's Story*** / 210
- N.Kalaiarasi and Dr. G. Keerthi / **Man-Woman Rapport: A Study of the Novels of Manju Kapur** / 217
- S. Yasmeen Firdous and Dr. T. Gangadharan/ **Idiosyncrasies: A Psychological Analysis in Roopa Farooki's *Half Life*** / 223
- Joshi Usha and Dr. J. Dharageswari / **Inspiring Image of Epic Women in the Select Novels of Amish Tripathi** / 228
- S.Deviga and Dr. B. Vishalakshi / **Women are Exploited as Immigrants and Expatriates in Certain South Asian Novels** / 232
- K. Thamarai Selvi and Dr. K. Mangayakarasi / **A Study of Cultural Predicament in Foreign Land in Divakaruni's the Mistress of Spices** / 238
- B. Riyaz Ahmed and Dr. S.Abdullah Shah / **Women the 'Strongest Soul': A Study on Premchand's "SATI"** / 243
- Chandra. R and Dr. P. Mythily / **Postmodernist Perspective of Yann Martel's Beatrice and Virgil** / 249
- Ms.M.Uma and Dr. S. Kirubhakaran / **A Study of Existential and**

Psychological Concepts in Anita Desai's Select Novels / 255
- Dr. Dolly Mishra and Dr. Sanjeev Gupta / **The Role of Proxy Advisory Firms in Activism in India** / 259
- Dr. Nikhilesh Dhar / **Rabindranath Tagore and Nationalism : A Post-colonial Reading** / 268
- Dr. Ramyabrata Chakraborty / **Swami Vivekananda's Vision: A Nationalistic Perspective** / 275
- Sadhana Tiwari, Dr. Ashish Saxena, Dr. Sharad Chaturvedi and Priayanka Agarwal / **Employee Selection Process in IT Sector: How it can be improved** / 281
- Rwisummwi Brahma and Pradip Kr. Patra / **Gender Patriarchy and Identity: A Study of the Select Novels of Meghna Pant and Meena Kandaswamy** / 293
- Dr. Shinam Batra and Dr. Sunil Kumar / **Trends in Digitalization and Concerns** / 300
- Dr. Monika Malik and Chhavi Ahlawat / **Uniformity in Civil Laws Vis a Vis Positive Secularism** / 309
- Neetu Kundu and Dr. Anu Rathee / **Identity Subjectivity in Laxmi Narayan Tripathi's *Me Hijra, Me Laxmi*** / 318
- Monika and Dr. Naresh Rathee / **Exploring the Cultural Consciousness: A Study of Sudha Murthy's *Dollar Bahu*** / 323
- Reema Bhattacharya and Dr. Aqueeda Khan / **Self Incrimination in view of Constitutional Law and Human Rights: A Light on Godhra Carnage Case** / 329
- Prikshit Singh and Dr. Naresh Rathee / **Perceiving Marriage Through Virmati' Life in Manju Kapur's Difficult Daughters** / 335
- Partho Banerjee / **Artifical Intelligence in Digital Marketing: Applications and Challenges** / 340
- Manisha and Dr. Anu Rathee / **Exploring Space, Identity and Family Values in Vivek Shanbagh's *Ghachar, Ghochar*** / 348

संपादकीय

भारतीय ज्ञान और ज्ञान केंद्रित समाज : नयी शिक्षा नीति के आलोक में

विश्व के सभी देशों की ज्ञान परंपराएँ तथा उन पर आधारित शिक्षा पद्धति के मॉडल हमारे देश के नीति नियंताओं के सामने सुलभ थे फिर भी वे नयी शिक्षा नीति बनाते समय **भारतीय ज्ञान परंपरा को अपने चिंतन के केंद्र में रखते हैं यह बात ध्यान देने योग्य है।** अन्य देशों की ज्ञान परंपराएँ भी मानव के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं किन्तु केवल मानव विकास। जबकि भारतीय ज्ञान परंपरा मनुष्य के साथ-साथ मनुष्यता के विकास की बात करती है। दोनों के बीच का अंतर बड़ा भारी अंतर है।

मनुष्य, व्यक्ति है मनुष्यता विचार है। व्यक्ति नश्वर है विचार शाश्वत है।

ज्ञान परंपरा केवल मनुष्य अर्थात व्यक्ति अर्थात 'नश्वर' के विकास के लिए प्रतिबद्ध है वह नाशवान का विकास करते करते विनाश की दिशा में बढ़ती है। **मनुष्यता एक विचार है और विचार सनातन होता है, चिरंतन होता है, शाश्वत होता है।** सनातन का विकास सृजन, उत्थान और उन्नयन की ओर ले जाता है। ज्ञान परंपरा मनुष्यता/मानवता और उसकी चिरंतनता में विश्वास रखती है वह स्थायित्व पूर्ण है। भारतीय ज्ञान परंपरा मानव और मानवता के संतुलित विकास को साधती है।

भौतिक विकास और आत्मिक विकास दोनों के लिए नयी शिक्षा नीति में 'ज्ञान' शब्द एक व्यापक अर्थ रखता है। केवल सूचना, जानकारी और रटन्त विद्या से कहीं अधिक इस नीति में यह शब्द बालक के सर्वांगीण विकास, संवेदनात्मक संतुलन और सांवेगिक बुद्धि से जोड़ा गया है। ज्ञान शब्द के इसी व्यापक संप्रत्यय को ध्यान में रखकर ही यह नीति ज्ञान केंद्रित समाज के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हुई प्रतीत होती है। इ**स दृष्टि से ज्ञान केंद्रित समाज वह समाज है जो भौतिक उन्नति के साथ साथ आत्मिक और सांस्कृतिक उन्नति की ओर संतुलन लिए अग्रसर हो।**

जो नई पीढ़ी को आत्मनिर्भर के साथ-साथ परदुखकातर (दूसरे के दुख में दुखी होने वाला) भी बनाता हो। स्वयं के विकास के साथ-साथ विश्व मानव और मानवता के विकास के उदात्त लक्ष्य जिसके प्रमुख लक्ष्य हों।

मातृभाषा का संस्कार, अन्य भाषाओं की समझ और उनका सम्मान, मूल्यपरक जीवन दृष्टि, तकनीकी ज्ञान, डिजिटल शिक्षा, आत्मनिर्भरता, मानसिक स्वास्थ्य, कला और संस्कृति की शिक्षा, रचनात्मकता का विकास, नैतिक शिक्षा, व्यक्तिव का सर्वांगीण विकास, संवेदनशीलता, संवेगों का संतुलन इस नीति की प्रमुख ऐसी बातें हैं जो ज्ञान केंद्रित समाज के निर्माण में सहायक हैं। **यह शिक्षा नीति अपनी इस भूमिका के निर्वहन में सफल भी होगी अवश्य, बस आवश्यकता इस बात की है कि हम नीति में अंतर्निहित 'नीयत' का मान रखते हुए अपनी संपूर्ण शक्ति से, उपलब्ध संसाधनों का उचित दिशा में अभिनिवेश कर सकें।**

ज्ञान केंद्रित समाज के निर्माण में नयी शिक्षा नीति कि कुछ प्रमुख उल्लेखनीय बाते हैं -

1. शिक्षा का सार्वभौमीकरण और वैश्वीकरण इस शिक्षा नीति के दो प्रमुख उद्देश्य हैं। सार्वभौमीकरण का अभिप्राय है अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति और वर्ग तक शिक्षा की पहुँच। और यदि हम इस उद्देश्य को पूरा कर पातें हैं तो ज्ञान केंद्रित समाज के निर्माण से हम दूर नहीं होंगे। आवश्यकता इस बात की है उपलब्ध संसाधनों का शुचितापूर्ण उपयोग सकारात्मक दिशा में किया जाए।

वैश्वीकरण के अंतर्गत यह उद्देश्य निहित है कि भारतीय शिक्षा को वैश्विक पटल पर स्थान दिलाया जाए, इसका प्रत्यक्ष लाभ यह होगा कि विश्व के ज्ञानात्मक अनुशासनों के अनुभवों का लाभ भारतीय जनमानस को मिल सकेगा और ज्ञान केंद्रित समाज के निर्माण की दिशा में हम एक मजबूत कदम आगे बढ़ सकेंगे।

2. भाषा, संस्कृति, कला और रचनात्मकता के प्रति यह शिक्षा नीति विशेष भूमिका लेकर सामने आई है। कहने की आवश्यकता नहीं कि एक ज्ञान केंद्रित समाज में भाषा, संस्कृति, कलात्मकता और रचनात्मक चिंतन की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कलाओं के प्रति यह दृष्टि अभिनंदनीय है। संगीत कला संबंधी कुछ प्रावधानों पर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ- वर्तमान में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में संगीत शिक्षा एवं अन्य कलाओं आदि के संदर्भ में जो प्रावधान एवं प्रस्ताव दिए गए हैं उन्हें देखना भी समीचीन होगा-

(क) भारत की इस सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रसार देश की उच्चतर प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि यह देश की पहचान के साथ-साथ इसकी अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है।

(ख) भारतीय कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन न सिर्फ राष्ट्र बल्कि व्यक्तियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक जागरूकता एवं अभिव्यक्ति जैसी प्रमुख क्षमताओं को बच्चों में विकसित करना जरूरी है।

(ग) सभी प्रकार की भारतीय कलाएँ प्रारंभिक बाल्यावस्था, देखभाल व शिक्षा से आरंभ करते हुए शिक्षा के सभी स्तरों पर छात्रों को प्रदान की जानी चाहिए। **संदर्भ - [अन्य केंद्रीय विचारणीय मुद्दे (भाग -3), राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ 88 से 90]**

3. डिजिटल शिक्षा और ई-लर्निंग के साथ नैतिक शिक्षा और अनुशासन का संतुलन अर्थात भौतिक विकास एवं आत्मिक विकास का संतुलन विद्यार्थियों को ज्ञान की सार्थकता से जोड़ता है। नयी शिक्षा नीति इस संतुलन के प्रति विशेष रूप से सचेत है।

4. आधुनिक विश्व में संवेगात्मक असंतुलन और संवेदनहीनता की प्रवृत्ति हमें आत्मघात और पतन की ओर धकेलती है। नयी शिक्षा नीति में मेंटल हेल्थ अर्थात मानसिक स्वास्थ्य हेतु विशेष प्रावधान है। संवेग संतुलन, सांवेगिक बुद्धि का विकास, परामर्श एवं निर्देशन (गाइडेंस एंड काउंसिलिंग) इस नीति के विशेष अंग है। सांवेगिक बुद्धि से युक्त तथा संवेदनशील व्यक्तियों से ही ज्ञान केंद्रित समाज का निर्माण होता है।

5. मातृ भाषा शिक्षण के विशेष प्रावधान के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के माध्यम से मातृभाषा को विशेष महत्व दिया गया है ताकि भारत की आने वाली पीढ़ियां अपनी मूल भाषा ही चेतना से जुड़ सके और संस्कृति के उत्स समझ सके। भाषा की चेतना और संस्कृति का उत्स ही एक व्यक्ति को अपने राष्ट्र के प्रति निष्ठावान और जागृत करता है। नई शिक्षा नीति इस बिंदु पर बहुत स्पष्ट रूप से आने वाले 40-50 वर्षों की योजना को लेकर अपने लक्ष्य के पूर्ति हेतु संकल्पबद्ध दिखाई देती है।

6. मूल्य आधारित शिक्षा व्यवस्था में सत्य, अहिंसा, करुणा, प्रेम, सेवा, सहयोग और समानता आदि जीवन के साधारण जीवन मूल्यों में सम्मिलित किए जाते हैं। नई शिक्षा नीति शिक्षण के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा की उस निष्ठा को जिसमें सत्य, अहिंसा, करुणा और प्रेम निष्पक्ष रुप से मनुष्य के नैसर्गिक गुण बनाने की ओर चलने को निर्देशित करती है। वहीं सेवा और सहयोग के बिना समानता की परिकल्पना राष्ट्र में नहीं की जा सकती। सार्वभौमिक सामाजिक समर्थन के लिए आवश्यक है कि समाज का प्रत्येक मनुष्य राष्ट्र के प्रति निष्ठा के साथ-साथ अपनी भाषा संस्कृति और साहित्य की चेतना को भी जीवित रखे।

7. कौशल विकास नई शिक्षा नीति के माध्यम से जो सबसे रोचक तथ्य समाज के सामने रखा गया है वह शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल को विकसित करने का भी है। भारत अपनी सनातन प्रवृत्ति और सनातन संस्कृति दोनों में आत्मनिर्भर रहा है और उसकी आत्मनिर्भरता का मूल सिद्धांत यहाँ के निवासियों के भीतर कौशल के विकसित होने के कारण ही संभव हुआ था। आज फिर वह समय आ गया है कि 135 करोड़ के भारत के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास करने की प्रवृत्ति की ओर ध्यान दिया जा रहा है। कौशल विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना ही भारत को विश्व में आत्मनिर्भर कर देने जैसा होगा।

संकल्प से सिद्धि के मूल सिद्धांत पर आधारित नई शिक्षा नीति आने वाले दिनों में आने वाले दशकों में एक नए प्रकार के भारत का निर्माण करेगी जो अपने गौरवशाली अतीत को वर्तमान में जीना सीखा जाएगा और राष्ट्र अपनी संपूर्ण संकल्पना के साथ आत्मनिर्भर हो जाएगा।

जय भारत।

-डॉ. आशीष कंधवे
+91-9811184393

किसान कविता एक प्रारंभिक पड़ताल

—अमृत कुमार तिवारी
—डॉ. दीपक कुमार पांडेय

फसल मुरझाने और चेहरे के मलीन हो जाने के पश्चात किसान हताश होकर किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता अपितु वह पुनः प्रकृतिजनित विपरीत परिस्थिति के विरुद्ध अपना प्रयास जारी रखता है।

'समकालीन हिंदी कविता' नई कविता के बाद चले विविध आंदोलनों में से एक महत्वपूर्ण काव्य-आन्दोलन है। 'समकालीन' या 'समकालीनता' हिंदी आलोचना का एक पारिभाषिक शब्द है। इसका कोशगत अर्थ है- एक समय में रहने वाला या होने वाला। साहित्य में इस शब्द का अर्थ विस्तार हो चुका है। आज यह शब्द कालवाचक अर्थ के साथ-साथ मूल्यगत अर्थ भी धारण कर चुका है। समकालीनता को यदि परमानंद श्रीवास्तव के हवाले से समझा जाए तो हम इसे ऐतिहासिक मोहभंग से उत्पन्न ऐसी मूल्यदृष्टि कह सकते हैं जो आज भी संश्लिष्ट वास्तविकता में प्रवेश करने को प्रतिबद्ध जीवन दृष्टि देती है। साथ ही यह अपने समय के कटु और यथार्थ जीवन बोध को समझने तथा सामना करने का साहस प्रदान करती है। मूर्धन्य साहित्यकार रघुवीर सहाय समकालीनता को परिभाषित करते हुए लिखते हैं, कि "मेरी दृष्टि में समकालीनता मानव जीवन के प्रति पक्षधरता का दूसरा नाम है- भविष्य के प्रति या नियति के प्रति नहीं।"[1] इस संदर्भ में हम कह सकते हैं कि समकालीनता आम जनमानस के वर्तमान जीवनस्तर में सुख, शांति और समृद्धि हेतु किया जाने वाला मानवीय प्रयास है जिसे किसी अलौकिक शक्ति के संरक्षण के बजाय पूर्णतया भौतिक जगत से संबद्ध होना चाहिए। समकालीन काव्य-आंदोलन एक प्रचलित काव्य-आंदोलन होने के साथ-साथ नामकरण एवं काल-विभाजन को लेकर सर्वाधिक विवादास्पद आंदोलन भी रहा है। आलोचकों का काल-विभाजन संबंधी मतभेद इस विवाद का कारण है। कमोवेश कुछ आलोचक इसकी शुरुआत सन् 1970 ई. से तो कुछ सन् 1975 ई. से मानते हैं, लेकिन अधिकांश आलोचक इसकी शुरुआत सातवें दशक के प्रारंभ से ही मानते हैं। विद्वानों के मतों पर समग्रता से विचार करने के पश्चात हम सन् 1960 ई. के बाद की कविता को समकालीन कविता की संज्ञा से अभिहित कर

सकते हैं। समकालीन कविता की प्रमुख विशेषता यह है कि इस कविता ने सामान्य से सामान्य विषय तथा यथार्थ चित्रण को अपनी निर्मिति का आधार बनाया। इस कविता ने लिंग, जाति, रंग, क्षेत्र के साथ-साथ कर्म आधारित वर्गों को भी काव्य विषय बनाया। ऐसा ही एक वर्ग है 'किसान'। वह किसान जिसकी पहचान लोक कवि 'घाघ' इस प्रकार बताते हैं-

''बांधे कुदारी खुरपी हाथ, लाठी हंसुआ राखे साथ।
काटे घास औ खेत निरावे, सो पूरा किसान कहावे।।''[2]

घाघ की इन पंक्तियों के जरिए हम पारंपरिक भारतीय किसान की छवि को स्पष्टतया देख सकते हैं। यह आत्मनिर्भर किसान की छवि है जो अपना काम स्वयं करता है और अपने लाभ-हानि के प्रति स्वयं उत्तरदायी है। आधुनिक किसान पारंपरिक किसान से भिन्न हैं। शनै-शनै उसकी प्रकृति पर निर्भरता औसतन कम हुई है। विज्ञान और तकनीकी ने वर्तमान किसान के कृषि-यंत्र तो बदल दिए हैं परंतु कृषि कार्य की प्रक्रिया तथा मौजूदा समस्याओं के समाधान के दृष्टिकोण से अब तक हुई उन्नति-अवनति का मूल्यांकन शेष है।

किसान तथा उसका जीवन-जगत हिंदी साहित्य में अन्य विषयों की अपेक्षा कम चित्रित हुआ है। हिंदी कथा साहित्य ने भारतीय समाज के सबसे बड़े तथा संघर्षशील वर्ग की समस्याओं को यथोचित अभिव्यक्ति दी है किंतु कविता तथा आलोचना ने इसका सम्यक मूल्यांकन नहीं किया। अब तक न कोई किसान केंद्रित महाकाव्य लिखा गया न आलोचना में इस वर्ग विशेष के प्रति समुचित न्याय किया गया और न ही इसे विमर्श के केंद्र में लाने का कोई प्रयत्न किया गया। यद्यपि हिंदी कविता का स्वर किसानों के संबंध में उग्र रहा है परंतु अत्यंत सीमित परिधि के भीतर सिमटा हुआ प्रतीत होता है।

हमारे प्राचीन संस्कृत वाङ्मय में पृथ्वी को माता, मनुष्य को पुत्र तथा मेघ को पिता का स्थान प्राप्त है।

''माता भूमिरू पुत्रोऽहं पृथिव्या:। पार्जन्य: पिता स उ न: पिपर्तु।।''[3]

अर्थात यह भूमि हमारी माता है, मेघ हमारे पिता है और हम सब इनके पुत्र हैं तथा ये परस्पर मिलकर हमारा पालन करते हैं।

आदिकालीन एवं मध्यकालीन कवियों ने अपनी कविता में प्रसंगानुकूल किसान जीवन को अभिव्यक्ति दी है। जहाँ स्वतंत्रता पूर्व आधुनिक हिंदी कविता ने किसान की यथोचित उपस्थिति दर्ज की है वहीं स्वातंत्रयोत्तर हिंदी कविता में स्वतंत्र रूप से कृषि अथवा कृषक केंद्रित महाकाव्य या खण्डकाव्य प्राप्त नहीं होता। अनेक कवियों ने समय, प्रसंग तथा भाव-वश यत्र-तत्र इनका चित्रण अपनी कविताओं में किया है।

आधुनिक हिंदी कविता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर 'त्रिलोचन' की कविताओं में भारतीय किसान का आक्रोश तथा उसकी दयनीय स्थिति का चित्रण अत्यंत सजगता से हुआ है। त्रिलोचन के काव्य में चित्रित किसान-जीवन के संदर्भ में वरिष्ठ आलोचक मैनेजर पांडेय का मत द्रष्टव्य है, ''त्रिलोचन की कविता के बारे में यह कहना काफी नहीं है कि वह किसानों के जीवन-संघर्ष की कविता है। यह भी देखना जरूर है कि वे किसान-जीवन के यथार्थ को किस दृष्टि से देखते और

चित्रित करते हैं। हिंदी में किसान-जीवन के कवियों की कमी नहीं है। उनमें से अधिकांश कवि मध्यवर्गीय दृष्टि से किसान-जीवन के यथार्थ को देखते हैं। वे कभी समय की मांग और कभी बौद्धिक सहानुभूति के कारण किसान-जीवन की कविता लिखते हैं। ऐसी कविताओं में कहीं कवि तटस्थ दर्शक की तरह होता है तो कहीं किसानों का वकील। इनसे भिन्न मध्यवर्गीय दृष्टि के कवि हैं जो किसान की दयनीयता से द्रवित होकर उनकी व्यथा कथा कहते हैं या किसान-जीवन की सरलता, सादगी और पवित्रता का गौरव गान करते हैं। त्रिलोचन ऐसे कवि नहीं है। उनकी दृष्टि एक सजग किसान की दृष्टि है जो उस जीवन को जीते, देखते-सुनते और समझते हुए कवि को मिली है, इसलिए उसमें मध्यवर्गीय तटस्थता और भावुकता नहीं है। उसमें किसान जीवन से आत्मीयता और तादात्म्य है, लेकिन उस जीवन में मौजूद रूढ़ियों की आलोचना भी है। उनकी दृष्टि किसान जीवन की समग्रता को देखती हैं। वह उस जीवन की शक्ति के स्रोतों की खोज करती है, तो जड़ता की जड़ों पर प्रहार भी करती है। त्रिलोचन इसी सजग किसान दृष्टि से प्रकृति, समाज और विश्व को देखते हैं। मानवीय संबंधों और भावों के उनके बोध में भी वही दृष्टि सक्रिय रहती है।''[4]

बाढ़ और सूखा किसान जीवन के सपनों एवं आकांक्षाओं पर कुठाराघात करने वाले दो प्रबलतम शत्रु हैं। यही कारण है कि खेती के लिए प्रकृति का समय के साथ सामंजस्य अत्यंत आवश्यक होता है। यदि सामंजस्य स्थापित न हो तो किसान की फसल मुरझाने लगती है। इस संदर्भ में कवि त्रिलोचन की कविता 'मिलकर वे दोनों प्रानी दे रहे खेत में पानी' दृष्टव्य है-

''आये ना बहुत दिन बादल / होता नित घाम भयंकर / हरियाली रही न निर्मल / औ लगी फसल मुरझाने''[5]

किसान ही नहीं अपितु किसान-जीवन के सहभागी पशु-पक्षी भी अकाल के शिकार होते हैं। भवानी प्रसाद मिश्र ने अपनी '*इन सबका दुख गाओगे या नहीं*' शीर्षक कविता में सूखा पड़ने से पशु-पक्षी, नदी-नाले, पवन-प्रकृति तथा इनके संरक्षक किसान पर पड़ने वाले प्रभाव का चित्र खींचा है-

''इस बार शुरू से धरती सूखी है / हवा भूखी है / वृक्ष पातहीन हैं / इस बार शुरू से ही नदियाँ क्षीण हैं, / पक्षी दीन हैं / किसानों के चेहरे मलीन हैं''[6]

फसल मुरझाने और चेहरे के मलीन हो जाने के पश्चात किसान हताश होकर किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता अपितु वह पुन: प्रकृतिजनित विपरीत परिस्थिति के विरुद्ध अपना प्रयास जारी रखता है। त्रिलोचन की कविता '*मिलकर वे दोनों प्रानी दे रहे खेत में पानी*' शीर्षक कविता में किसान दंपती की अदम्य जिजीविषा फसल को वर्षा के भरोसे नहीं छोड़ती अपितु स्वयं उसे हरा-भरा करने में जुट जाते हैं-

आखिर अपने बल ले कर / मिलकर वे दोनों प्रानी / दे रहे खेत में पानी''[7]

अवध के किसान कवि त्रिलोचन के काव्य में कृषक-जीवन के विविध रंग-रूप स्पष्ट परिलक्षित होते हैं। उनकी अनेक कविताओं यथा '*बह रही वायु सर सर सर सर, बरसते मेघ झर झर झर झर, काँपते पल थर थर थर', पथ है, तू है, मेरे राही, तेरा चलना बड़ा भला है आविरल*

चलना बड़ा भला है', 'चांदनी चमकती है गंगा बहती जाती है', 'गंगा बहती है लहराती लहरों वाली', 'झीने श्वेत बादल आकाश में', 'धूप सुंदर धूप में जग-रूप सुंदर' आदि में किसान जीवन के बहुरंगी दृश्य व्याप्त है।

साहित्य और सत्ता की आपसी टकराहट आधुनिक साहित्य की एक विशिष्ट प्रवृत्ति मानी जाती है। कविता का तेवर इस परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्राचीन है। मध्यकालीन हिंदी कविता में जहाँ कबीर, तुलसीदास, बिहारी आदि कवि सत्ता के प्रजाविरोधी चरित्र को चुनौती देते हैं वहीं आधुनिक हिंदी कवि जनता के भीतर शोषण के विरुद्ध क्रांति की चेतना भरते हुए परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सुप्रसिद्ध कवि सर्वेश्वरदयाल सक्सेना अपनी 'आग' शीर्षक कविता में क्रांति का आह्वान करते हुए किसानों एवं मजदूरों का प्रतिनिधित्व करते हैं-

''उसने कहा / लिखो- 'आग' / दिनभर के थके-माँदे चंद / अनपढ़ खेतिहर मजदूरों ने / सिर झुका, पहली बार / अटक-अटक कर / स्लेट पर खड़िया से लिखा / 'आग'।''[8]

इसी कविता में किसान और मजदूरों के आग लिखने और प्रतिरोध का स्वर ऊंचा करने में जो हाथ और कंठ अटक रहे हैं, वो आगे उन्मुक्त हो जाते हैं। उनके भीतर की आग धधककर कवि के भावों को सार्थकता प्रदान करती है। कवि क्रांति की मसाल से निकलती ज्वाला की तपिश को महसूस करता है-

''वह आग मेरे करीब आती जा रही है / कभी मैं किसानों की चिलमों में / अंगारे की तरह दमकने की कामना करता था, मजदूरों की बीड़ियों में सुलगने के / ख्वाब देखता था / अब / उनका और मेरा चेहरा एक हो गया है / हम सब एक अंगार हैं / एक लपट, एक आग / एक शब्द, एक अर्थ, एक राग''[9]

सर्वेश्वर की '*शाम-एक किसान*' शीर्षक कविता में किसान और शाम का एक अद्वितीय रूपक प्रस्तुत किया गया है। कविता ऐसा आभास कराती है जैसे किसान और शाम प्रतिरूप हैं तथा दोनों एक-दूसरे को गढ़ रहे हैं-

''आकाश का साफा बाँधकर / सूरज की चिलम खींचता / बैठा है पहाड़, / घुटनों पर पड़ी है नन्ही चादर-सी, / पास ही दहक रही है / पलाश के जंगल की अँगीठी''[10]

सर्वविदित है कि भारतीय समाज में आर्थिक असंतुलन एक बड़ी सच्चाई है किंतु उससे बड़ा सच यह भी है कि अधिकांश संपन्न लोग यथास्थिति को बनाए रखने का कुटिल षड्यंत्र करते रहे हैं। इससे जो परिस्थितियां उत्पन्न हुई अथवा बनी रहीं उसे कवियों ने अपनी कविताओं में अभिव्यक्ति दी है। गोरख पाण्डेय अपनी कविता '*सोचो तो*' में किसान की स्थिति को इस प्रकार चित्रित करते हैं-

''सोचो तो मामूली तौर पर / जो अनाज उगाते हैं / उन्हें दो जून अन्न जरूर मिलना चाहिए''[11]

ऐसा मान्यता है कि रक्त के आठ कतरों से पसीने की एक बूँद बनती है। भारतीय किसान अपना खून पसीना एक करके इस देश के लिए अन्न उपजाता है किंतु हमारे समय और समाज की यह विडंबना है कि देश का पेट भरने वाले किसान को दो वक्त की रोटी भी बड़ी मुश्किल से

मिलती है। कभी उसका परिवार फाकाँ करता है और कभी-कभी परिस्थितियाँ इतनी असहनीय हो जाती है कि किसान को आत्महत्या करनी पड़ती है।

भारतीय लोकतंत्र में जो भी नीति-नियम और कायदे-कानून बनाये गए वह समस्त भारतीय जनमानस पर लागू होते हैं। समाजहित में बने यह नियम समान रूप से लागू हो पाए हैं या नहीं, यह प्रश्न आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। कानून व्यवस्था के व्यावहारिक पक्ष की ओर संकेत करते हुए गोरख पांडेय अपनी कविता '*कानून*' में लिखते हैं-

''मजदूरों पर गोली की रफ्तार से / भूखमरी की रफ्तार से किसानों पर / विरोध की जुबान पर / चाकू की तरह चलेगा / व्याख्या नहीं देगा / बहते हुए खून की / कानून व्याख्या से परे कहा जाएगा''[12]

आपातकाल के दौरान काशी हिंदू विश्वविद्यालय में वसंत पंचमी के अवसर पर निकलने वाली झांकी में जनता को दिखाने वाली राजनीतिक छवि तथा उसमें कवि को दिखने वाला आडंबर एक साथ गोरख पांडे की कविता '*भड़ुआ वसंत*' में अभिव्यक्त हुआ है। जिसमें वो लिखते हैं कि राजनीति द्वारा प्रस्तावित झाँकी में वह किसान जो भूमि विहीन होकर जमींदार के अधीन हो गया है, जो अन्न का उत्पादक होते हुए भी भूखा है उसे मोटर में बैठाया गया है और वसंत का गीत गवाया जा रहा है। क्या यह परिस्थिति उस प्रक्रिया की ओर इशारा नहीं करती जिसमें बकरे के आगे लड्डू होता है और गर्दन के ऊपर तलवार?

''अब कृषि की बारी है / मोटर में बैठा हुआ किसान / देखो, किसान कितना गंवार है / अभी तक वह जितना गरीब है / उतना चमार है / लेकिन झाँकी में किसान सबसे / तेज आवाज में गा रहा है / भूल जाओ कि जो किसान है / और अन्न उगा रहा है / वह भर पेट खाना नहीं पा रहा है / भूल जाओ कि अब भी जमीन का मतलब / जमींदार का जूता, भूखमरी और कुर्क अमीन है / यह झाँकी है जहाँ किसान है, / ढोल-मजीरा है / और गूंजती हुई गलतफहम / आवाज बाकी है / सब कुछ.... / हे भड़ुआ वसंत! यह सब कुछ आपके चरणों में समर्पित है''[13]

समकालीन हिंदी कविता में अभिव्यक्ति के आधार पर हमारे समक्ष दो प्रकार के कवि उपस्थित होते हैं। एक जो उग्र अभिव्यक्ति के लिए जाने जाते हैं, मसलन धूमिल, रघुवीर सहाय, गोरख पांडेय आदि तथा दूसरे जो सहज-सरल अभिव्यक्ति के संवाहक हैं, यथा ज्ञानेन्द्रपति, कुँवर नारायण, केदारनाथ सिंह आदि। केदारनाथ सिंह समकालीन हिंदी कविता के रचनात्मक इंद्रधनुषी प्रतिभासम्पन्न रचनाकार हैं जो ग्राम्य जीवन के छोटे-छोटे विषयों पर कविता करने के लिए जाने जाते हैं। किसान और गाँव का संबंध ठीक वैसा ही है जैसा शहर और बाजार का। कवि केदारनाथ सिंह की कविता में किसान की अनेक छवियाँ व्याप्त हैं। ये किसान की परिस्थितियों को महज भावुक संदर्भ देकर अनर्गल प्रलाप नहीं करते अपितु स्वयं साहस, आशा, जिजीविषा के मोती किसान जीवन से चुनते हैं। किसान संस्कृति, परंपरा, धर्म तथा अनुभवजन्य ज्ञान का प्रमुख संवाहक होता है। केदारनाथ सिंह अपनी कविता '*कुछ सूत्र जो एक किसान बाप ने बेटे को दिए*' में किसान के ज्ञान एवं मूल्य संवहन का चित्र प्रस्तुत करते हैं-

"मेरे बेटे / कुँए में कभी मत झाँकना / जाना / पर उस ओर कभी मत जाना / जिधर उड़े जा रहे हो / काले-काले कौए / कभी अंधेरे में / अगर भूल जाना रास्ता / तो ध्रुवतारा पर नहीं / सिर्फ दूर से आने वाली / कुत्तों के भूँकने की आवाज पर / भरोसा करना" [14]

किसान अपने आसपास के चर-अचर जगत से कौटुंबिक संबंध रखता है। वह पेड़ की पूजा करता है, धरती को माता मानता है, पशु-पक्षियों से भ्रातृत्वभाव रखता है तथा समस्त प्राणी मात्र के लिए विश्व बंधुत्व का भाव रखता है। ऐसा ही चित्रण इन पंक्तियों में किया गया है-

"रात को रोटी जब भी तोड़ना / तो पहले सिर झुकाकर / गेहूं के पौधे को याद कर लेना / हरा पत्ता / कभी मत तोड़ना / और अगर तोड़ना तो ऐसे / कि पेड़ को जरा भी / न हो पीड़ा" [15]

समकालीन कविता के प्रतिनिधि कवि धूमिल व्यवस्था को प्रश्नांकित करने की विशेष रचनाप्रक्रिया के लिए जाने जाते हैं। दलित, किसान, मजदूर आदि की तरफ से वे सत्ता तथा समाज से निरंतर सवाल करते हैं। अपनी कविता '*हरित क्रांति*' में वे किसान की परिस्थिति को रेखांकित करते हैं-

"इतनी हरियाली के बावजूद / अर्जुन को नहीं मालूम / उसके गालों की हड्डी क्यों / उभर आई है। उसके बाल / सफेद क्यों हो गए हैं। / लोहे की छोटी-सी दुकान में बैठा हुआ आदमी / सोना और इतने बड़े खेत में खड़ा आदमी / मिट्टी क्यों हो गया है" [16]

साहित्यकार परिस्थिति, घटना अथवा संवेदना को शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त करता है और यही उसकी सार्थकता भी है। वह सूक्ष्मतम समस्या को भी देख सकता है तथा समाधान के उपाय भी बता सकता है किंतु स्वयं समाधान नहीं दे पाता। भवानी प्रसाद मिश्र अपनी कविता '*आषाढ़ का पहला दिन*' में कृषक के समक्ष उपस्थित होने वाली चुनौतियों की ओर संकेत करते हैं तथा चित्रण के अतिरिक्त और कोई समाधान न दे पाने की विवशता हेतु क्षमा माँगते हैं। साथ ही यह भी दर्शाते हैं कि कृषक की संघर्षशीलता ही है जो कालिदास जैसे अद्वितीय कवि को आकृष्ट करती है-

"जो भूखा रहकर, धरती चीरकर जग को खिलाता है / जो पानी वक्त पर आए नहीं तो तिलमिलाता है / अगर आषाढ़ के पहले दिवस के प्रथम इस क्षण में / वही हलधर अधिक आता है, कालिदास के मन में / तू मुझको क्षमा कर देना" [17]

किसानी में लाभ की अनिश्चितता तथा हानि की संभावना साथ-साथ बनी रहती है। विपत्ति काल में संचित पूँजी के रूप में किसान के पास उसके पशु और खेत ही होते हैं। यह पूँजी भी बहुधा जीवन के विशिष्ट प्रयोजनों में रिक्त हो जाती है। किसान बेटी की शादी करे, बच्चों की उच्च शिक्षा का प्रबंध करे या फिर किसी कुटुम्ब की बीमारी का उपचार कराए तो उसकी स्थिति किसान से मजदूर में परिवर्तित हो जाती है। ऐसा ही दृश्य समकालीन कविता के वरिष्ठ कवि विनोद कुमार शुक्ल की कविता '*बोने को चार बीज*' में दिखाई देता है-

"बोने को चार बीज हैं धान के / जाते-जाते झरकर बच गए देहरी में / जैसे स्वयं बचे ये बीज / सबकी नजर बचाकर / पर बचा नहीं अबकी बार / खेत का अंतिम टुकड़ा / किसान होना भी उसका नहीं बचा / वह बिना खेत का / बचा रह गया मोह / खेत के अंतिम टुकड़े का" [18]

किसान एक ऐसा वर्ग है जो जीवन मूल्यों के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील रहा है। भारतीय जीवन शैली में एक मूल्य प्रारम्भ से व्याप्त है कि '*जिसका खाओ उसका गाओ*'। यह आधुनिक शोध का भी अभिन्न अंग है, जिसे हम उद्धरण के रूप में प्रयोग करते हैं। अर्थात हम अपने शोध की पूर्णता के निमित्त जिनके शब्द उधार लेते हैं, उनको उसका श्रेय भी देते हैं। किसान जीवन की परिकल्पना खेत के अलावा खेती के लिए प्रयुक्त समस्त औजारों के बगैर पूर्ण नहीं होती। मोती भुवानिया की कविता '*एक किसान अपने फावड़े से*' में किसान फावड़ा को अपना सच्चा जीवनसाथी स्वीकार करता है तथा उसके योगदान को अपने जीवन के सर्वाधिक प्रिय पक्षों जोड़ता है-

''हल बैल द्वारा खेत की जुताई / तुम्हारे बगैर सदा अधूरी होगी / तुम ही तो हो, / जिसे अपने सुकुमार बच्चे सा, / कंधों पर बिठा / खेत में ले जाऊँ, / वापस लाऊँ-/ दिनभर तुमसे कड़ी मेहनत करवाऊँ (अपना पेट पालने को) / बैलों को चारा तो चाहिए, / तुमने मुझसे आज तक / कुछ न चाहा / मेरे अभिन्न अंग बन चुके हो, / अंतिम घड़ियों तक रहोगे- / ओ मेरे सच्चे जीवनसाथी''[19]

किसान-जीवन की चुनौतियों ने विस्थापन में बहुत बड़ी भूमिका अदा की है। विस्थापन वर्तमान समय का ऐसा कड़वा सच है जिसे न चाहते हुए भी भारतीय जनमानस अत्यंत तीव्रता के साथ अपना रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य आवश्यकताओं की अनापूर्ति तथा रोजगार की कमी इसका मुख्य कारण है। किसान परिवार इसे दो कारणों से अपनाता है- पहला उपज हेतु कठिन परिश्रम तथा लाभ की अनिश्चितता। दूसरा सामाजिक रूप से यथोचित सम्मान का न मिलना। फिर भी यह प्रश्न ज्यों का त्यों बना हुआ है कि अपनी-जमीन, अपना-खेत छोड़कर शहर में किसी और की नौकरी करना कितना सहज है? समकालीन हिंदी कविता के अलक्षित कवि विजेंद्र ने अपनी कविता '*मैं स्वर्ग की कामना नहीं करता*' में विस्थापन की टीस को अभिव्यक्त किया है-

''मैं किसी स्वर्ग की कामना नहीं करता / मैं इन्हीं खेतों / खलियानों और नदियों के बीच / बड़ा होना चाहता हूँ। / मेरी माँ मुझे छोड़ गई / और पिता बहुत पहले विदा हुए- / पर दोनों ने कहा था / अपनी धरती को मत भूलना। / मैंने उसे छोड़ दिया / और अब अजनबियों की तरह भटकता हूँ''[20]

समकालीन हिंदी कविता की परिधि अत्यंत विस्तृत होते हुए भी किसान और किसानी को यथोचित स्थान नहीं दे पायी। बावजूद इसके किसान तथा उसका जीवन समकालीन हिंदी कविता में नदी और उसकी धारा के समान नहीं तो छोटे-छोटे जलाशयों के समान जरुर उपस्थित रहा है। समकालीन कवियों ने किसान कविताधारा को अपने समय की चुनौतियों के अनुरूप रच कर समृद्ध किया है। ये किसान कविताएँ भी दो रूपों में हमारे समक्ष उपस्थित होतीं है। पहली वे कवितायें जो प्रत्यक्ष रूप से किसान तथा उसके जीवन से संबंधित है। दूसरा स्वरूप उन कविताओं का है जो प्रतीक, रूपक अथवा भावाभिव्यक्ति हेतु किसान तथा किसानी से संबद्ध होती हैं। ये दोनों प्रवृत्तियाँ किसान कविता के आरंभिक चरण से ही स्थापित हैं। हिंदी कविता में

किसान तथा उसके जीवन के चित्रण की छिटपुट वर्षा के बाद भी यह प्रश्न कवियों एवं पाठकों के सामने शेष रह जाता है कि इसकी मूसलाधार बरसात क्यों नहीं हो सकी ?

संदर्भ सूची :

1. नवल, नंदकिशोर. *समकालीन काव्य यात्रा.* नयी दिल्ली, राजकमल प्रकाशन, 2004, पृष्ठ 8.
2. सिंह, दुर्गा प्रसाद. *भोजपुरी के कवि और काव्य.* पटना, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, 2001, पृष्ठ 85.
3. अथर्ववेद (कांड-12, सूक्त 1,)चा 12)
4. श्रीवास्तव, परमानंद (सं.). *समकालीन हिंदी आलोचना.* दिल्ली, साहित्य अकादमी प्रकाशन, 1998, पृष्ठ 453.
5. त्रिलोचन. *धरती.* इलाहबाद. नीलाभ प्रकाशन, 1977, पृष्ठ 18.
6. कोईरी, डॉ. मृत्युंजय (सं.). *किसानी कविताएँ.* ग्रेटर नोएडा, दिशा इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, 2020, पृष्ठ 106.
7. त्रिलोचन. धरती. इलाहबाद. नीलाभ प्रकाशन, 1977, पृष्ठ 18.
8. सक्सेना, सर्वेश्वरदयाल. *जंगल का दर्द.* नई दिल्ली, राजकमल प्रकाशन, 2019, पृष्ठ 16-17.
9. वही, पृष्ठ 21.
10. कोईरी, डॉ. मृत्युंजय (सं.). *किसानी कविताएँ.* ग्रेटर नोएडा, दिशा इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, 2020, पृष्ठ 125.
11. कृष्ण, प्रणय (सं.). *समय का पहिया (गोरख पांडेय की चुनी हुई कविताएँ).* मेरठ, संवाद प्रकाशन, 2004, पृष्ठ 49.
12. वही, पृष्ठ 68.
13. वही, पृष्ठ 76-77
14. श्रीवास्तव, परमानंद. अनिल त्रिपाठी (सं.). *प्रतिनिधि कविताएँ (केदारनाथ सिंह).* नई दिल्ली, राजकमल प्रकाशन, 2015, पृष्ठ 38.
15. वही, पृष्ठ 38-39.
16. रत्नशंकर (सं.). *सुदामा पाँड़े का प्रजातंत्र.* नयी दिल्ली, वाणी प्रकाशन, 2014, पृष्ठ 88.
17. कोईरी, डॉ. मृत्युंजय (सं.). *किसानी कविताएँ.* ग्रेटर नोएडा, दिशा इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, 2020, पृष्ठ 106.
18. त्रिपाठी, अरविन्द (सं.). *आकाश धरती को खटखटाता है (विनोद कुमार शुक्ल की चुनी हुई कविताएँ).* पंचकूला (हरियाणा), आधार प्रकाशन, 2006, पृष्ठ 164.
19. भुवानिया, मोती. *निमिष में.* नई दिल्ली, राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लिमिटेड, 1993, पृष्ठ 60
20. विजेंद्र. *ऋतु का पहला फूल.* जयपुर, हंसा प्रकाशन, 1994, पृष्ठ 53.

❐❐❐

शोध छात्र, हिंदी विभाग, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा

सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, ग्राम व पोस्ट- घुद्दा, बठिंडा, पिन- 151401, संपर्क- मो. 8564863172, ई-मेल: deepak.pandey@cup.edu.in

21वीं सदी का हिंदी सिनेमा

—डॉ. ऐश्वर्या झा

'समकालीन कविता' नई कविता के बाद चले विविध आंदोलनों में से एक महत्वपूर्ण काव्य-आन्दोलन है। 'समकालीन' या 'समकालीनता' हिंदी आलोचना का एक पारिभाषिक शब्द है। इसका कोशगत अर्थ है- एक समय में रहने वाला या होने वाला।

Matter awaited

ससस

माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन

—डॉ. वंदना चतुर्वेदी
—श्याम सिंह

किशोर विद्यार्थी शिक्षा में जितना आकांक्षी एवं समायोजित होगा शिक्षा में वह उतनी ही अधिक उन्नति कर सकेगा और अपने भावी जीवन में कदम-कदम पर आने वाली कठिनाईयों का दृढ़ता से सामना कर सकेगा।

*शोध सारांश : प्रस्तुत अध्ययन ''माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। जिसके उद्देश्य : 1. माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में लिंग (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना। 2. माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में क्षेत्र (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना। उद्देश्यों के आधार पर निम्नलिखित शून्य परिकल्पनाएं निर्मित की गयी हैं- 1. माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में लिंग (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है। 2. माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में क्षेत्र (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा- असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है। यह शोध पत्र शासकीय, अनुदानित एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् 600 किशोरों (छात्र-छात्राएं) तक सीमित है। वर्तमान अध्ययन की शोध विधि में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग उसके उद्देश्यों व विशेषताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। न्यादर्श हेतु शोधार्थी ने कानपुर नगर जिले के शासकीय, अनुदानित एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में 300 किशोर छात्र एवं 300 किशोर छात्राएं जिनमें (150-150 शहरी-ग्रामीण छात्र एवं 150-150 शहरी-ग्रामीण छात्राएं) इनका चयन साधारण यादृच्छिक विधि से किया है। **निष्कर्ष** : 1. छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में 0.05 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है। 2. छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनकी शैक्षिक उपलब्धि में*

0.01 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है। 3. शहरी माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में असार्थक सहसम्बन्ध है। 4. ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में 0.01 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है। 5. शहरी माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में असार्थक सहसम्बन्ध है। 6. ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में 0.01 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है।

महत्वपूर्ण शब्द *: माध्यमिक स्तर, सुरक्षा-असुरक्षा की भावना, समायोजन*

प्रस्तावना

हमारा देश एक प्रजातान्त्रिक देश है जिसका प्रमुख लक्ष्य योग्य नागरिकों का निर्माण करना है जिसका प्रमुख आधार शिक्षा है। भारत एवं किसी भी राष्ट्र के भाग्य का निर्माण विद्यालयों के प्रागंण में ही होता है। इसीलिये शिक्षा के क्षेत्र में उचित पाठ्यकमों एवं राष्ट्र के अनुकूल परिमार्जनों की आवश्यकता है क्योंकि आज के परिवेश में शिक्षा, किशोर विद्यार्थियों के मस्तिक के पोषण के लिये उतनी ही आवश्यक है जितना कि उनके शरीर के पोषण के लिये उत्तम आहार। शिक्षा किशोर छात्र-छात्राओं के सुरक्षा-असुरक्षा की भावना के हर पहलू को विकसित करती है। अत: किशोर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन को कितना प्रभावित करती है इस तथ्य का आंकलन करना ही शोध का अहम् उद्देश्य है।

किशोर विद्यार्थी शिक्षा में जितना आकांक्षी एवं समायोजित होगा शिक्षा में वह उतनी ही अधिक उन्नति कर सकेगा और अपने भावी जीवन में कदम-कदम पर आने वाली कठिनाईयों का दृढ़ता से सामना कर सकेगा। छात्र-छात्राओं को भी समाज में स्थान पाने व भावी जीवन को सफल बनाने के लिय समायोजन के क्षेत्र में स्वयं को स्थापित करना ही पड़ता है साथ ही साथ एक अन्य तीव्र समस्या से जुझना पड़ता है वह है संवेगात्मक समायोजन की समस्या, विशेष रूप से किशोरावस्था में पग रखते ही किशोरों को, क्योंकि यह एक क्रान्तिकारी परिवर्तनों का काल होता है, साथ ही साथ यह अवस्था एक ऐसे पुल सदृश्य है, जो बाल्यावस्था को परिपक्वता से जोड़ता है। जिस आयु में भविष्य के जीवन का पूरा खाका तैयार करने के साथ-साथ ही समाज के जिम्मेदार आदर्श नागरिक बनने की तैयारी भी करनी होती है। यही समायोजन है। समायोजन की प्रक्रिया के बल आधुनिक काल में ही नहीं वरन् यह प्रक्रिया प्राचीन काल में भी व्यक्त थी उस समय हमारे देश में वर्ण व्यवस्था थी, सभी जाति के लोग अपने-अपने कार्यों और क्षेत्रों तक सीमित थे। अन्य जातियों से अधिक सम्पर्क न होने के कारण समायोजन की समस्या नहीं के बराबर थी। वे लोग अपने रीति रिवाज, संस्कृति और स्थितियों के अनुसार खुद को समायोजित करते थे।

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व

आज के छात्र-छात्रायें ही देश के भावी कर्णधार हैं और इसके निर्माण में शिक्षा की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। शिक्षा के बिना कोई भी छात्र व छात्रा समाज में अपना स्थान नहीं बना सकती है। मनुष्य बौद्धिक क्षमताओं से युक्त प्राणी है इसलिए यह प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता

है। वह अपनी शिक्षा के द्वारा अपने विचारों एवं कल्पनाओं को साकार कर सकता है तथा नवीन परिस्थितियों के साथ समायोजन करने में समर्थ हो सकता है। सुरक्षा तत्व किशारों के माध्यमिक विद्यालयी जीवन एवं भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण तत्व है। इसके अभाव में वह सामाजिक, शैक्षिक एवं व्यवसायिक परिस्थितियों का सामना कर पाने में असमर्थ है। समायोजनशीलता किशोरों के विकास का प्रमुख आधार है तथा वह जीवन के प्रत्येक पक्ष को प्रभावित करता है, जैसे-सामाजिक, शैक्षिक, सांवेगिक आदि, इसलिए सुरक्षा तत्व समायोजनशीलता को भी प्रभावित कर सकती है।

कानपुर नगर जिले में माध्यमिक स्तर के अनेक विद्यालय है जो शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं, ये शासकीय, अनुदानित एवं निजी माध्यमिक विद्यालय हैं। इन माध्यमिक विद्यालयों में बालिका वर्ग, बालक वर्ग एवं सह-शिक्षा वर्ग के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। जब छात्र-छात्राएं माध्यमिक कक्षाओं (9-10) में प्रवेश लेते हैं, उस समय उनकी उम्र 13-18 आयु वर्ष होती है, इस आयु वर्ष के छात्र-छात्राएं किशोरावस्था की श्रेणी में आते हैं। किशोर-परिवार, विद्यालय एवं समाज से जुड़ा होता है, उसमें दोस्ती, पढ़ायी, नौकरी, आदि की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना बनी रहती है, इससे उनके समायोजन पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

शोधकर्ता ने किशोर विद्यार्थियों की इन्हीं समस्याओं को ध्यान रखते हुए शोध समस्या ''माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन'' में कानपुर नगर जिले का क्षेत्र चयनित किया है।

प्रस्तुत शोध के उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं-

1. माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में लिंग (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में क्षेत्र (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।

प्रस्तुत शोध की परिकल्पना

शोधकर्ता नें प्रस्तुत शोध अध्ययन में सर्वोत्तम 'शून्य परिकल्पना' को अपनाते हुए अपने शोध विषय के उद्देश्यों को पूर्ण किया है। प्रस्तुत अनुसंधान के उद्देश्यों के आधार पर निम्नलिखित शून्य परिकल्पनाएं निर्मित की गयी हैं-

1. माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में लिंग (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है।
2. माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में क्षेत्र (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है।

परिसीमांकन

1. शोधपत्र का कार्य कानपुर नगर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र तक सीमित है।

2. यह शोध पत्र शासकीय, अनुदानित एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् 600 किशोरों (छात्र-छात्राएं) तक सीमित है।
3. यह शोध पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0 प्र0 प्रयागराज के हिन्दी माध्यम के शासकीय, अनुदानित एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के किशोर (छात्र-छात्राएं) तक सीमित है।
4. यह शोध पत्र सुरक्षा-असुरक्षा की भावना, समायोजन के चरों तक सीमित है।

सम्बन्धित साहित्य

रानी, रेनू (2017) ने अम्बाला मण्डल के सरकारी एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के समस्याओं का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया। अध्ययन के उद्देश्य निम्न है। 1. सरकारी एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के उच्च समस्या से ग्रसित विद्यार्थियों के समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना। 2. सरकारी एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के सामान्य समस्या से ग्रसित विद्यार्थियों के समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना। 3. सरकारी एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के निम्न समस्या से ग्रसित विद्यार्थियों के समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना। प्रस्तुत शोध हेतु न्यादर्श के रूप अम्बाला मंडल के सरकारी एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा-10 के 600 विद्यार्थियों का चयन किया गया। अध्ययन में निष्कर्ष में पाया गया कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की समस्याओं से उच्च ग्रसित विद्यार्थियों में शैक्षिक समायोजन में निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की अपेक्षा में अधिक सक्षम हैं। सरकारी विद्यालयों की समस्याओं से सामान्य ग्रसित विद्यार्थियों में समायोजन के सभी पक्षों में निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की अपेक्षा में अधिक सक्षम हैं। सरकारी विद्यालयों की समस्याओं से निम्न ग्रसित विद्यार्थियों में समायोजन के सभी पक्षों में निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की अपेक्षा में अधिक सक्षम हैं।

शोध विधि

वर्तमान अध्ययन की शोध विधि में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग उसके उद्देश्यों व विशेषताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। शोध समस्या का विषय ''माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन'' से सम्बन्धित है।

न्यादर्श

प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श हेतु शोधार्थी ने कानपुर नगर जिले के शासकीय, अनुदानित एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में 300 किशोर छात्र एवं 300 किशोर छात्राएं जिनमें (150-150 शहरी-ग्रामीण छात्र एवं 150-150 शहरी-ग्रामीण छात्राएं) इनका चयन साधारण यादृच्छिक विधि से किया है।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण

प्रस्तुत शोध अध्ययन में तीन परीक्षणों का प्रयोग किया गया है।

1. सुरक्षा-असुरक्षा की भावना – डॉ. बीना शाह द्वारा निर्मित।
2. समायोजन – डॉ. ए. के. पी. सिन्हा एवं आर. पी. सिंह द्वारा निर्मित।

प्रस्तुत शोध में प्रयुक्त सांख्यिकीय विधियाँ

शोधकर्ता ने विभिन्न सांख्यिकीय विधियों द्वारा निष्कर्ष प्राप्त करने के लिए उनका विश्लेषण किया है। शोधकर्ता ने आँकड़ों की गणना हेतु सर्वप्रथम प्राप्त प्रदत्तों के आधार पर प्रत्येक चर का मध्यमान ज्ञात किया, इसके पश्चात् प्राप्त मध्यमान के आधार पर प्रामाणिक विचलन निकाला, तत्पश्चात् माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन हेतु क्रान्तिक मान एवं सहसम्बन्ध गुणांक का प्रयोग किया है।

परिकल्पनाओं के सत्यापनों द्वारा विश्लेषण एवं व्याख्या

सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त प्रदत्तों से परिणाम ज्ञात करने के लिए शोधकर्ता ने उपर्युक्त सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया और प्राप्त परिणामों को सुविधा की दृष्टि से सारणीबद्ध किया। तत्पश्चात् परिणामों की व्याख्या अथवा स्पष्टीकरण का कार्य किया है। प्राप्त परिणामों का सारणीयन व उनकी परिकल्पनाओं के आधार पर व्याख्या इस प्रकार है –

परिकल्पनाओं का परीक्षण

परिकल्पना संख्या-01 का परीक्षण- ''माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में लिंग (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है''- का सत्यापन।

तालिका सं0 01

किशोर विद्यार्थियों में लिंग (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर सम्बन्धात्मक तालिका

क्र.सं.	छात्र/छात्राएं	चर	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	सहसम्बन्ध गुणांक	क्रान्तिक मान	सार्थकता
1.	छात्र	सुरक्षा-असुरक्षा की भावना	300	68.17	12.67	0.135993	2.37	0.05 स्तर पर सार्थक
		समायोजन		67.33	14.91			
2.	छात्राएं	सुरक्षा-असुरक्षा की भावना	300	70.63	14.01	-0.16997	2.97	0.01 स्तर पर सार्थक
		समायोजन		68.29	15.58			

तालिका सं0-01 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि किशोर विद्यार्थियों में **लिंग** (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि **छात्रों** (N=300) की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का परीक्षण प्राप्ताँकों का मध्यमान 68.17 एवं मानक विचलन 12.67 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन का मध्यमान 67.33 एवं मानक विचलन 14.91 प्राप्त हुआ। छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन के प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सहसम्बन्ध गुणाँक 0.135993 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, इसके लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 2.37 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 से अधिक एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में 0.05 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है।

किशोर विद्यार्थियों में **लिंग** (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि **छात्राओं** (N=300) की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का परीक्षण प्राप्ताँकों का मध्यमान 70.63 एवं मानक विचलन 14.01 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन का मध्यमान 68.29 एवं मानक विचलन 15.58 प्राप्त हुआ। छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन के प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सहसम्बन्ध गुणाँक-0.16997 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 2.97 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से अधिक पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनकी शैक्षिक उपलब्धि में 0.01 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है।

अत: परिकल्पना संख्या-01- ''माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में लिंग (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है''- **अस्वीकृत** की जाती है।

आरेख सं0-01

किशोर विद्यार्थियों में लिंग (छात्र एवं छात्रा) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर सम्बन्धात्मक आरेखीय प्रदर्शन



परिकल्पना संख्या-02 का परीक्षण- ''माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में क्षेत्र (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है'' का सत्यापन।

तालिका सं0-02

किशोर विद्यार्थियों में क्षेत्र (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर सम्बन्धात्मक तालिका

क्र. सं.	छात्र/छात्राएं	चर	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	सहसम्बन्ध गुणांक	क्रान्तिक मान	सार्थकता
1.	शहरी मा.वि. के छात्र	सुरक्षा-असुरक्षा की भावना	150	66.72	12.08	0.129248	1.58	असार्थक
		समायोजन		66.52	15.75			
2.	ग्रामीण मा.वि. के छात्र	सुरक्षा-असुरक्षा की भावना	150	70.65	12.85	0.22042	2.70	0.01 स्तर पर सार्थक
		समायोजन		68.26	14.00			
3.	शहरी मा.वि.	सुरक्षा-असुरक्षा की भावना	150	67.21	12.82	0.010828	0.13	असार्थक
		समायोजन		63.43	14.06			
4.	ग्रामीण मा.वि. की छात्राएं	सुरक्षा-असुरक्षा की भावना	150	73.71	13.64	-0.32007	3.93	0.01 स्तर पर सार्थक
		समायोजन		69.74	15.95			

तालिका सं0-02 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि किशोर विद्यार्थियों में **क्षेत्र** (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि **शहरी माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों** (N=150) की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का परीक्षण प्राप्ताँकों का मध्यमान 68.72 एवं मानक विचलन 12.08 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन का मध्यमान 66.52 एवं मानक विचलन 15.75 प्राप्त हुआ। शहरी माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन के प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सहसम्बन्ध गुणाँक 0.129248 की गणना की। यह जानने के लिए कि शहरी माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, इसके लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 1.58 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि शहरी माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में असार्थक सहसम्बन्ध है।

किशोर विद्यार्थियों में **क्षेत्र** (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि **ग्रामीण माध्यमिक**

विद्यालयों के छात्रों (N=150) की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का परीक्षण प्राप्ताँकों का मध्यमान 70.65 एवं मानक विचलन 12.85 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन का मध्यमान 68.26 एवं मानक विचलन 14.00 प्राप्त हुआ। ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन के प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सहसम्बन्ध गुणाँक 0.22042 की गणना की। यह जानने के लिए कि ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, इसके लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 2.70 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से अधिक पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में 0.01 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है।

किशोर विद्यार्थियों में **क्षेत्र** (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि **शहरी माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं** (N=150) की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का परीक्षण प्राप्ताँकों का मध्यमान 67.21 एवं मानक विचलन 12.82 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन का मध्यमान 63.43 एवं मानक विचलन 14.06 प्राप्त हुआ। शहरी माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन के प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सहसम्बन्ध गुणाँक 0.010828 की गणना की। यह जानने के लिए कि शहरी माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, इसके लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 0.13 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि शहरी माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में असार्थक सहसम्बन्ध है।

किशोर विद्यार्थियों में **क्षेत्र** (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं (N=150) की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का परीक्षण प्राप्ताँकों का मध्यमान 73.71 एवं मानक विचलन 13.64 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन का मध्यमान 69.74 एवं मानक विचलन 15.95 प्राप्त हुआ। ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन के प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सहसम्बन्ध गुणाँक -0.32007 की गणना की। यह जानने के लिए कि ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 3.93 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से अधिक पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में 0.01 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है।

अत: परिकल्पना संख्या-02 ''माध्यमिक स्तर पर किशोर विद्यार्थियों में क्षेत्र (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है'' आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती है।

आरेख सं0-02

किशोर विद्यार्थियों में क्षेत्र (शहरी एवं ग्रामीण) के आधार पर सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन पर सम्बन्धात्मक आरेखीय प्रदर्शन



प्रस्तुत शोध पत्र का निष्कर्ष

1. छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में 0.05 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है।
2. छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनकी शैक्षिक उपलब्धि में 0.01 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है।
3. शहरी माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में असार्थक सहसम्बन्ध है।
4. ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में 0.01 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है।
5. शहरी माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में असार्थक सहसम्बन्ध है।
6. ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं की सुरक्षा-असुरक्षा की भावना का उनके समायोजन में 0.01 स्तर पर सार्थक सहसम्बन्ध है।

संदर्भ सूची :

1. कपिल, एच. के. (2012). अनुसंधान विधियाँ. आगरा, उ. प्र. : एच. पी. भार्गव बुक हाउस.
2. कुलश्रेष्ठ, एस. पी. (2011). शिक्षा मनोविज्ञान. मेरठ, उ. प्र. : आर. लाल. बुक डिपो.
3. गैरेट, एच. ई. (1989). शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकीय. हिन्दी संस्करण लुधियाना, पंजाब : कल्याणी पब्लिशर्स.

4. राय पारसनाथ. अनुसंधान परिचय (चावला एण्ड सन्स आगरा पृष्ठ 94-107 तथा पृष्ठ 120-125 व पृष्ठ 289-298.
5. रानी, रेनू (2017). अम्बाला मण्डल के सरकारी एवं निजी माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के समस्याओं का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन. इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, 8(1), 22-29.
6. लाल रमन बिहारी (2010-2011). भारतीय शिक्षा का विकास एवं उसकी समस्याएं.मेरठ: रस्तोगी पब्लिकेशन्स.
7. सरीन एवं सरीन. शैक्षिक अनुसंधान विधियाँ विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा पृष्ठ-53-79.
8. सारस्वत मालती. माध्यमिक शिक्षा सिद्धान्त (आगरा प्रकाशन लखनऊ इलाहाबाद संस्करण-99 पृष्ठ 2.
9. International Educational E-Journal, {Quarterly}, ISSN 2277-2456, Volume-II, Issue-I, Jan-Feb-Mar 2013 www.oiirj.org ISSN 2277 - 2456 Page 55.

❒❒❒

शोध निर्देशिका (शिक्षाशास्त्र), आर.के.डी. एफ.विश्वविद्यालय, गाँधी नगर- भोपाल (म.प्र.)
शोधार्थी (शिक्षाशास्त्र), आर.के.डी. एफ.विश्वविद्यालय, गाँधी नगर- भोपाल (म.प्र.); 170, एल.आई.जी, वैदेही विहार, जरौली फेस-2, बारा, कानपुर नगर-208027, मो. 7355586838

स्त्री अस्मिताः चिन्तन के आयाम

—डॉ. अमृता कुमारी

स्त्री-विमर्श के क्रम में हिंदी लेखिकाओं ने स्त्री की संरक्षा और सुरक्षा के लिए काफी कुछ लिखा है, उनमें प्रमुख हस्ताक्षर के रूप में-

कृष्णा सोबती, मन्नू भण्डारी, मृदुला गर्ग, मैत्रेयी पुष्पा, ममता कालिया, प्रभा, खेतान, नासिरा शर्मा, क्षमा शर्मा, रमणिका गुप्ता, रोहिणी अग्रवाल, गीताश्री, सरला महेश्वरी, निर्मला जैन, अनामिका आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

''कोई भी पक्षी एक पंख से नहीं उड़ सकता। कोई भी राष्ट्र स्त्री व पुरुष में से किसी एक वर्ग द्वारा सम्मुन्न नहीं हो सकता।'' स्त्रियाँ पत्नी के रूप में पुरुष को साहस प्रदान करती हैं, माता के रूप भावी सन्तति को शिक्षित करती हैं, जिससे आत्म-सम्मान, स्वतंत्रता व श्रेष्ठ आचरण का अनुगमन वे कर सकें। ईश्वर की दिव्य शक्ति का प्रतिनिधित्व नारी करती है। माँ उनका मधुरतम नाम है।" वर्णित पृष्ठभूमि में महिलाओं के न्यायोचित हितों की सुरक्षा के लिए संविधान निर्माताओं ने भारतीय संविधान में व्यापक प्रावधान किया है।[1]

आधुनिक भारत में स्त्री-विमर्श के विषयों और आज के विषयों में थोड़ा-बहुत ही अन्तर हुआ है। विशेष बात यह हुई है कि विज्ञान, शिक्षा और प्रौद्योगिकी के विकास तथा दुनिया के देशों के समीप आने के कारण लोगों के मन-मस्तिष्क पर पड़े प्रभाव का परिणाम है कि मर्दों की सोच में बुनियादी बदलाव देखने को मिल रहा है। वे लड़कियों को पढ़ाना चाहते हैं। औरतों को अच्छा कपड़ा और अच्छा वस्त्र देने लगे हैं। बिमारियों की हालत में दवा-दारु में अच्छा-खासा खर्च भी करने लगे हैं। आबादी का एक छोटा भाग अब बेटे और बेटियों में कोई फर्क नहीं करता है, बल्कि बेटी को ही बेटे के समान पालता-पोसता, पढ़ाता-लिखाता है। पढ़ी-लिखी औरतों को नौकरी करने देने में आबादी का एक अच्छा हिस्सा किसी तरह की रोक-टोक नहीं करता है। लेकिन आज उसने भीषण रूप धारण कर लिया है- जैसे दहेज हत्याएँ और बलात्कार की घटनाएँ।

आज लिंग-परीक्षण पर रोक, बाल-विवाह पर रोक जैसे विषयों पर कानून तो बने हैं लेकिन इन कानूनों में ऐसे झोल हैं कि अदालत में मर्द जीत जाता है और औरत हार जाती है।

स्त्री-विमर्श के नये विषय कहें या नया विकास कहें-यह है कि देश को आर्थिक संकट से निकालने के लिए जनसंख्या नियंत्रण को जरूरी माना गया। जनसंख्या नियंत्रण का मतलब है-स्त्री की कोख पर नियंत्रण। कोख पर नियंत्रण के लिए निरोध, गर्भनिरोधक उपकरणों और गोलियों का आविष्कार हुआ है। इसी अभियान का एक महत्त्वपूर्ण हथियार है गर्भपात कानून। परिवार-नियोजन योजनाओं का परिणाम है कि बेटियों की संख्या लगातार घट रही है; क्योंकि हर परिवार को अनिवार्य रूप से सिर्फ पुत्राधिकारियों की ही जरूरत है। 'एमनियों सेंटोसिस टेस्ट' ने बेटियों को गर्भ में ही गला घोंट देना आसान बना दिया है।

1950 ई० में भारतीय संविधान के लागू होने के बाद से व्यक्तिगत संबंधों और परम्परागत विवाह संस्था के स्वरूप, स्वभाव और स्थितियों में लगातार परिवर्तन हुआ है। शिक्षाकरण, शहरीकरण, औद्योगीकरण और आर्थिक दबावों के कारण संयुक्त परिवार तेजी से टूटने-बिखरे लगे हैं। छोटा परिवार-सुखी परिवार माना जाने लगा है। शिक्षित स्त्रियाँ भी घर से बाहर निकलकर नौकरी या अन्य काम-धन्धा करने लगी हैं। शुरू में परिवार की आर्थिक बोझ को कम करने के लिए उसे ऐसा करना जरूरी लगा था। आर्थिक स्वतंत्रता और व्यक्तित्व के विकास की चेतना बहुत बाद में उसमें आयी। परिवार की प्रतिष्ठा के सवाल आगे चलकर व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अधिकारों के सामने गौण होने लगे और परिणामत: मध्यमवर्गीय एकल परिवारों में पति-पत्नी के बीच तनाव या एक-दूसरे से मुक्त होने की इच्छा आकांक्षा या विवशता अदालत तक पहुँचने लगी। फिर भी स्त्री-विमर्श के नये आयाम खुलने लगे। अदालतों में लगातार बढ़ते तलाक, गुजारा-भता, बच्चों का संरक्षण, दहेज, स्त्री-धन, मानसिक यातना के मुकदमें आदि स्त्री-विमर्श के नये विषय बने हैं।

बाल-विवाह की कुप्रथा के उन्मूलन के लिए आवश्यक है कि सामाजिक सोच में बदलाव के साथ-साथ स्त्री शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार तथा गरीबी को समाप्त करने का सार्थक प्रयास किया जाये। यह भी सच है कि सामाजिक रूढ़िवादिता तथा महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना के अभाव का दुष्परिणाम था कि बाल-विवाह रोकने की विधिसम्मत कार्रवाई के लिए भँवरी देवी जैसी निष्ठावान तथा कर्त्तव्यपरायण महिला को अपने दायित्व के निर्वाह के लिए पुरस्कार की जगह न्याय-तंत्र की विफलता के चलते अपमान का जहर पीना पड़ा।

आज लिंग-परीक्षण पर रोक, बाल-विवाह पर रोक जैसे विषयों पर कानून तो बने हैं लेकिन इन कानूनों में ऐसे झोल हैं कि अदालत में मर्द जीत जाता है और औरत हार जाती है। हिन्दू विवाह अधिनियम के अनुसार शादी के समय दुल्हन की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। लेकिन भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 375 के अपवाद में प्रावधान है, "अपनी ही पत्नी जिसकी उम्र पन्द्रह (15) साल से कम न हो, के साथ सहवास करना बलात्कार नहीं है।" जबकि धारा 375 (6) के अनुसार किसी भी पुरुष द्वारा सोलह साल से कम उम्र की युवती की सहमति या असहमति से उसके साथ सहवास करना बलात्कार है।"

वधू हत्या और जिन्हें दहेज हत्या भी कहते हैं, के मामलों में या जब पुनर्विवाह करके फिर से दहेज प्राप्त करने के उद्देश्य से हत्या की जाती है या जब प्रेमान्ध होकर दूसरी स्त्री से विवाह किया जाता है- ऐसे मामलों में मौत की सजा सबसे उपयुक्त हो सकती है। देश में हर साल हजारों

बहुएँ दहेज के लिए जलाई जा रही हैं, इसके आँकड़े रोज बढ़ रहे हैं लेकिन न्यायालय शायद ही किसी भी मामले में किसी को फाँसी की सजा अभी तक दे पाया है।

हम एक ऐसे देश में रहते हैं जहाँ परम्परा और आधुनिकता दोनों साथ-साथ चलती है। एक तरफ हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करते हैं तो दूसरी तरफ महिलाओं के शोषण-उत्पीड़न और गिरावट की बात करते हैं। आज बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ हों या राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियाँ टेलिविजन और समाचार-पत्रों के माध्यम से नंगी-अधनंगी युवतियों द्वारा अपने माल बेच रही हैं। कुछ तो नाम, यश, धन और ग्लैमर के लिए नंगी होकर अपनी उत्तेजक छवि को कैमरे में कैद कराती है। वकील अंजली कपूरन के अर्ध-नग्न फोटो छपने, छापने और छपवाने को लेकर अदालत में विवादास्पद बहस चली थी। अंजली कपूर की हिमायत में महिला संगठनों का कहना था कि यह उसका 'व्यक्तिगत मामला' है। सुमन ब्राउन मिलर अपनी पुस्तक 'अगेंस्ट आवर विल' में लिखती हैं, नग्न साहित्य बलात्कार की तरह पुरुषों की खोज है, स्त्री को अमानवीय बनाने की खोज है, स्त्री को अमानवीय बनाने के उद्देश्य से स्त्री को यौन-वस्तु में बदलने के लिए, ताकि उसकी उत्तेजना और संवेदना को नैतिक मूल्यों से मुक्त किया जा सके। ऐसे साहित्य में हमेशा स्त्री की नग्न छाती और प्रजनन अंगों को ही दिखलाया जाता है, क्योंकि नग्न शरीर उसकी शर्म है। स्त्री के गुप्त अंगों को पुरुष अपनी व्यक्तिगत संपदा मानता है, जबकि अपने अंगों को प्राचीन, धार्मिक व्यापक पितृसत्ता का प्रतीक जो स्त्री पर जबरन राज करता है। अश्लील साहित्य विशुद्ध रूप से नारी-विरोधी प्रचार है।"

स्त्री-विमर्श का एक विषय यह भी है कि मर्यादाओं की जंजीर में जकड़ी स्त्री के लिए निजी जीवन का मतलब है व्यभिचार। एक वैवाहिक संबंधों से बाहर हर संबंध अनैतिक पाप और अक्षम्य अपराध है। पुरुष के लिए व्यभिचार की खुली कानूनी छूट है। रखैल, वेश्या, कॉल गर्ल्स सभी पुरुषों के आनन्द के लिए बनी हैं। जिसके पास धन है उसके लिए औरत भोग की सुन्दर वस्तु बनायी जा रही है। शारीरिक रूप से अक्षम हो रहे और नपुंसकता की ओर बढ़ती मर्दो की जमात को कामवासना की तृप्ति के लिए आनन्द बाजार बढ़ रहा है। वियाग्रा और उसकी तरह की अन्य दवाइयों का इजाद जोरों पर है।

समाज यूँ नहीं बदल करता। वचनों, प्रवचनों, विवादों और विचारधाराओं से उसे बदलने के लिए महामारी आकाल, भूकम्प, बाढ़ जैसी विराट पैमाने की कोई प्राकृतिक आपदा चाहिए या फिर युद्ध जैसी मानव रचित दुर्घटना, क्योंकि ऐसे ही समयों में मनुष्य की चेतना सामुदायिक रूप से इतनी तत्पर, सतर्क और सन्नद्ध होती है कि विचारों को शब्दों के घेरे से बाहर निकाल कर कर्म में परिवर्तन कर दे।

प्रभा खेतान स्त्री-विमर्श की जबर्दस्त पैरोकार हैं। वह निरन्तर इस विषय पर लिख रही हैं। इनके पास स्त्री-विमर्श समझने-समझाने के अपने तर्क हैं, इनमें दम है और किसी को अपने विचारों से कायल करने की क्षमता भी है। उन्होंने 'हंस' के जनवरी-फरवरी 2000 के अंक में ''स्त्री विमर्श: इतिहास में अपनी जगह" शीर्षक से एक आलेख लिखा है, जिसमें इनके चिन्तन को देखा जा सकता है।

नारीवाद पारंपरिक ज्ञान और दर्शन को चुनौती देता है। ऐतिहासिक रूप से हम पुरुष प्रधान समाज में रहते आये हैं, जहाँ स्त्री ज्ञाता नहीं, बल्कि ज्ञान की विषय-वस्तु है। हम जिसे यथार्थपरक ज्ञान या वस्तुपरक ज्ञान कहते हैं वास्तव में वह पुरुषों द्वारा निर्मित एवं उत्पादित ज्ञान है। इसी ज्ञान को पुरुष सत्ता ने समाज के केन्द्र में अधिष्ठित किया। इसके विपरीत नारीवादी सिद्धांत स्त्री-केन्द्रित ज्ञान की चर्चा करता है।

ज्यों-ज्यों नारीवाद का विकास होता गया इसकी शाखा-प्रशाखाएँ विभिन्न दिशाओं में फूटती गई। सरल स्पष्ट शब्दों में इन नारीवादी विचारों को लेखा-जोखा देना एक बड़ा कठिन अध्यवसाय है क्योंकि निरंतर घटने वाली सामाजिक घटनाएँ, विभिन्न खेमों से निकलने वाली चुनौतियाँ, विचारधारा को स्थिर नहीं रहने देती।

पारंपरिक दर्शन की स्त्री-विरोधी प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हुए, नारीवादी चिंतकों ने यही कहा कि पारम्परिक दर्शन ने न केवल स्त्री के बौद्धिक प्रयास का अवमूल्यन किया, बल्कि स्त्री के निजी मूल्य-बोध को भी तुच्छ किया है। दार्शनिक चिंतन के जगत में स्त्री भी अपना स्थान बना सकती थी। किंतु पारंपरिक दर्शन, पुरुष केन्द्रित सोच तक ही सीमित रहा।

गाँधी स्त्रियों को अहिंसा, त्याग तथा ममता की मूर्ति मानते थे। महिलाओं के प्रति स्मृति-ग्रंथों के दृष्टिकोण पर टिप्पणी करते हुए गाँधी ने कहा कि निर्दयी परम्पराओं को धार्मिक स्वीकृति देना धर्म के खिलाफ है। गाँधी का मानना था कि पुरुष और स्त्री एक-दूसरे के पूरक हैं।

1973 ई० में एलेन सोपोलटा की 'ए लिट्रेचर ऑफ देयर ओन प्रकाशित हुई। ऐलेन सोपोलटा के अनुसार स्त्री दलन का मुख्य कारण निजी संपति की अवधारणा है। अत: स्त्री-दलन का कारण पितृसत्ता नहीं, बल्कि पूंजीवाद है।

यदि हम स्त्री की मुक्ति चाहते है तो पूंजीवाद के स्थान पर हमें मार्क्सवाद से प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि अर्थ का समान वितरण हो आर्थिक रूप से स्वावलंबी स्त्री ही पुरुष की बराबरी कर सकती है।

1970 ई० से 80 तक अधिकतर नारीवादी सिद्धांतों की प्रमुख समस्या थी स्त्री को अधीनता से मुक्ति मिले और इसके लिए बहुतेरी नारीवादियों ने मार्क्स को एक मसीहा के रूप में पाया। यह वही दौर था जब अतिवादी वामपंथी सक्रिय थे। पढ़ी-लिखी स्त्रियाँ जिनमें से अधिकतर स्कूल-कॉलेजों में टीचर और प्रोफेसर थी, बौद्धिक जगत से संबंधित थी तथा उन्हें मार्क्सवाद से पूरी सहानुभूति थी।

स्त्री के इस विशिष्ट पारिवारिक योगदान को यो पहचान रहित छोड़ देना तथा परिवार को केवल पुरुषकर्त्ता द्वारा निर्धारित एकल सामाजिक संबंध के रूप में स्थापित करना स्त्री के साथ अन्याय है।

1968 ई० की छात्र सभा में जर्मन मार्क्सवादी स्त्री कार्यकर्त्ता हेल्के सेंडर ने कहा- ''स्त्री को पहचान तभी मिलेगी जब वह मंच पर अपने निजी जीवन की समस्याओं को अभिव्यक्त करे और इसी आधार पर राजनैतिक रूप से एकबद्ध होकर संघर्ष करे।" दोनों धाराओं में विवाद का केंद्रित मुद्दा था पितृसत्ता।

स्त्री दलन के संदर्भ में इन्हीं दिनों सुलामिथ फायरस्टोन ने यह कहा कि स्त्री वास्तव में जन्म से स्त्रीकरण का शिकार है। स्त्री होने के लिए उसे पुरुष सत्ता का वर्चस्व स्वीकारना पड़ता है।[2]

सत्ता ने कामना के प्रसंग में स्त्री की इच्छा-अभिच्छा का सवाल ही नहीं उठाया।

एक सवाल और क्या सामाजिक ढाँचे और स्त्री मुक्ति के प्रसंग में ये मानसिक विश्लेषण काफी है? मानसिक संरचना की समझ मात्र से स्त्री अपने जीवन में संघर्ष के काबिल नहीं हो जायेगी। वह समाज में रहती है और सामाजिक परिस्थितियों का उसे ज्ञान होना चाहिए। सामाजिक विश्लेषण करते हुए नारीवादियों ने पाया कि स्त्री दलन का कारण केवल 'पूँजीवाद नहीं बल्कि पुरुष की सत्ता है तथा पुरुषों के मन में जातीय श्रेष्ठता का बोध है।

अस्सी के दशक के बाद बहुतेरी नारीवादियों में गृहस्थी और श्रम के बाजार के भौतिक विश्लेषण के बदले भाषा की संरचना, प्रतिनिधित्व का अधिकार एवं समस्या तथा सत्ता का विमर्श पर प्रश्न उठाये तथा वैश्विक स्तर पर सामाजिक संरचना पितृसत्ता और पूंजीवाद के विश्लेषण के बदले विभिन्न संस्कृतियों के विमर्श, विचारधारा और मनोविश्लेषण को प्रस्तुत किया।

तरह-तरह के विमर्श हैं, भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक, व्यवहार, लेखन, कलाकार, विचारक एवं आधुनिकों के अर्थव्याख्यायित सिद्धांतीकरण है जिनके दबाव से हम स्वयं मुक्त नहीं। मानों अब तक हम जो सोच रहे थे, वह सब गलत हो गया। निरंतर प्रगति की अवधारणा से यह कैसा मोहभंग हुआ। जागरण काल की विरासत से कुछ नहीं मिला। सत्ता, सेक्स और स्त्रीकरण के बीच संबंध स्थापित करते हुए हम कह सकते हैं कि "स्त्री कामना की राजनीति अपने प्राचीन रूप में मानव संघर्ष का सबसे गहरा मुद्दा स्त्री-पुरुष का यह संघर्ष है, जो कि मानव सभ्यता का बेमिसाल उदाहरण है।"

निष्कर्षत : महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण अभियान की सफलता के लिए आवश्यक है कि महिलाओं में ऐसी चेतना विकसित की जाये कि वे जाति या धर्म अथवा स्थान का भेद भुलाकर महिलाओं के हितों के संरक्षण के लिए एकताबद्ध हो सकें। अपने से कमजोर महिलाओं को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाने में सबल सहायक बनें। सुशिक्षित महिलाओं से अपेक्षा की जाती है कि महिलाओं की अज्ञानता तथा निरक्षरता के उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाएँ। माँ-बहनों से उम्मीद की जाती है, कि वे अभिभावक के नाते महिलाओं को ज्ञान एवं कौशल अर्जन के लिए प्रेरित करें तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए उन्हें स्वावलम्बी बनाने का प्रयास करें। पंचायती राज संस्थाओं से सम्बद्ध महिला जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सरकारी योजनाओं का अपेक्षित लाभ के लिए समाज में ऐसे माहौल का निर्माण करायें कि महिलाएँ घरेलू हिंसा की पीड़ा से मुक्त हो सकें तथा असामाजिक तत्त्वों को अपने कुकृत्यों के लिए समुचित दंड मिले। सुझावों का सारांश है कि महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण में महिला जन प्रतिनिधि या महिला संगठन अपने सुनियोजित प्रयासों से नया कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हो सकते हैं।

संदर्भ सूची :

1. महिला सशक्तिकरण के सपने: कितने पूरे कितने अधूरे, डॉ० ईश्वर चन्द्र कुमार पृष्ठ-44
2. स्त्री-विमर्श के असली नकली चेहरे, पृ०-82

❐❐❐

सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद; पत्नि-श्री सत्यम कुमार सिंह, गांव-चेनारी डीह, पोस्ट- चेनारी, जिला-रोहतास, बिहार-821104, मो. 9873239826

कठगुलाब उपन्यास के प्रमुख स्त्री पात्रों की व्यथा एवं संघर्ष

—डॉ. कल्पना मिश्रा
—कु. अंजली खलखो

कठगुलाब उपन्यास में स्मिता, मारियान, असीमा, दर्जिन बीबी, नीरजा, नर्मदा आदि प्रमुख स्त्री पात्र है। जिनकी अपनी अलग- अलग समस्याएं व संघर्ष है। ये सभी स्त्रियाँ कभी समाज द्वारा कभी पुरूष द्वारा तो कभी अपने ही समकक्ष की स्त्रियों द्वारा सताई गई है।

साहित्य समाज का प्रतिबिम्ब है। जिसमें युगीन परिवेश एवं युगबोध का समावेश होता है। जिसके माध्यम से समाज व मानव जीवन की जटिलताओं को उद्घाटित किया जाता है। इसी समाज का अभिन्न अंग है नारी। समाज में स्त्री को लेकर कई विचारधाराएँ हैं। जिसे साहित्य के माध्यम से समय समय पर प्रकाश में लाया जाता रहा है। समय के साथ साथ स्त्रियों के जीवन में कई उतार-चढ़ाव आये हैं। जिससे उनकी सामाजिक स्थिति में बदलाव आया है। स्त्री और पुरूष दोनों समान है, दोनों के अपने अलग-अलग विचार, योग्यता, भाव, कार्य दक्षता है। स्त्री-पुरूष दोनों की व्यक्तिगत विशिष्टताएं होती है। जिसके माध्यम से वे समाज में अपनी महत्ता स्थापित करते हैं, दोनों समान है परंतु पुरूष अपने को स्त्री से ऊंचा ही समझता आया है। वह स्त्री को अपने से कमतर समझते हुए उसे दबाने की चेष्टा करता है। जिसे स्त्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था। पहले स्त्री स्वयं को शारीरिक रूप से कमजोर मानकर पुरूष से दया एवं सहानुभूति की उम्मीद लगाए रखती थी परंतु अब वह जागरूक हो चुकी है। वह पुरूष तथा समाज के दबाव से ऊपर उठने का निरंतर प्रयत्न कर रही है और इसमें उसे सफलता भी मिली है।

स्त्री की सामाजिक स्थिति की गंभीरतापूर्वक पड़ताल करने पर ज्ञात होता है कि स्त्री-पुरूष के बीच गैरबराबरी की धारणा सदियों से पुरूषों के हित में ही चली आ रही है। जिसे स्त्रियों द्वारा ज्यों का त्यों स्वीकार कर लिया गया। इस सामाजिक व्यवस्था, असमानता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना स्त्रियों के लिए संघर्ष व चुनौतीपूर्ण रहा है।

स्त्रियों को बचपन से ही सिखाया जाता रहा है कि उनका चरित्र आदर्श हो। वे पुरूषों से भिन्न हैं तथा उन्हें उनसे विपरीत उनके अधीन रहकर जीवन व्यतीत करना है। स्त्रियों को इच्छाशक्ति नहीं बल्कि समर्पण और दूसरों के समक्ष झुक कर

रहना आदि बातें सिखाई जाती है। उन्हें बताया जाता है कि दूसरों की भावनाओं का ख्याल रखें उनके लिए जिएं, पूर्ण आत्मत्याग करें और इसके अतिरिक्त उनका स्वयं का कोई जीवन न हो। स्त्रियों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार से उनमें इच्छा शक्ति का विकास हुआ और वे अपनी सामाजिक स्थिति के खिलाफ खड़ी हो सकी।

'कठगुलाब' उपन्यास मृदुला गर्ग का छठवां उपन्यास है। इस उपन्यास में उन्होंने भारतीय तथा अमरीकी समाज में स्त्री की विडम्बनापूर्ण नियति को अभिव्यक्त किया है। इस उपन्यास में स्मिता और मारियान के अमरीकी परिवेश में उनके साथ हुए शोषण, संघर्ष तथा उनके साहस धैर्य और विवेकपूर्ण निर्णय का मृदुला गर्ग ने साक्षात्कार करवाया है। उपन्यास में स्मिता, मारियान, नर्मदा, दर्जिन बीबी, नीरजा, असीमा सभी स्त्री पात्रों ने अपने जीवन में जिस साहस और संघर्ष के साथ अपनी घुटन भरी जिंदगी को बदलने का प्रयास किया वह आज की नारी की तस्वीर को दर्शाता है। जो कठिन व प्रतिकूल परिस्थितियों से किस प्रकार से बाहर निकला जाए स्वयं उस सार्थक मार्ग का चुनाव करती हैं। मृदुला गर्ग ने सभी स्त्री पात्रों की आंतरिक और बाह्य संघर्षों को इस उपन्यास में यथार्थता के साथ चित्रित किया है। मृदुला गर्ग ने स्त्री पात्रों को लेकर कहा है कि "अधिकतर कहानियों में जैसे ही किसी पुरूष विशेष का पदार्पण होता है, स्त्री 'मैं क्या हूँ' पूछना छोड़, मैं इस पुरूष के लिए क्या हूँ, पूछना शुरू कर देती है। फिर तमाम जिम्मेदारी पुरूष के कंधों पर लाद दी जाती है और सैकड़ों 'स्त्री-व्यथा की मार्मिक कहानियों' का जन्म होता है, जिनमें विवाहोपरांत स्त्री घुटती, पिसती, मरती-खपती, रोती, सहती रहती है और कभी कभार धाकड़पने के नाम पर पति से पल्ला छुड़ाकर स्वतंत्र भी हो जाती है।"[1] इस प्रकार कठगुलाब उपन्यास के स्त्री पात्रों के माध्यम से लेखिका ने स्त्री जीवन की समस्याओं को चाहे वह स्त्री अमरिकी समाज की हो या भारतीय समाज की उनके जीवन की घुटन, टूटन, मानसिक अंतर्द्वंद्व, आर्थिक शोषण, तलाक, अकेलापन आदि समस्याओं का तथा उन समस्याओं से स्वतंत्रता का यथार्थ अंकन किया है।

स्मिता

स्मिता का जीवन बचपन से ही अनेक आंतरिक व्यथा एवं संघर्षों के साथ बीता है। माता-पिता की मृत्यु के बाद उसे अपनी बड़ी बहन और जीजा के घर में शरण लेनी पड़ती है। जीजा के तानों के साथ-साथ उसे जीजा के गंदे स्पर्शो को भी बर्दाश्त करना पड़ता है। बड़ी बहन नमिता का इन सब हरकतों को नजरअंदाज करना उसे अंदर ही अंदर तोड़ता रहता है। वह वहाँ से बाहर निकलने के लिए बड़ौदा जा कर पढ़ाई करने की बात कहती है परंतु उसके जाने के पहले ही उसका जीजा उसके साथ बलात्कार का घिनौना कृत्य करता है। वह उसे खाट में बांध कर उसके मुँह में कपड़ा ठूस कर उसके सामने तेज रौशनी के साथ बड़े आईने को रख देता है। जिसके कारण बिना चश्में के स्मिता, जो उसके साथ बलात्कार करता है उसे पहचान ही नहीं पाती है। नमिता को जब पता चलता है कि स्मिता के साथ बलात्कार हुआ है। उस बलात्कारी का पता लगाकर उसको सजा दिलवाने के बजाए वह उसे वहाँ से भाग जाने को कहती है। स्मिता मन में

संशय लेकर उसका अपराधी उसका जीजा है या कोई और प्रतिशोध की ज्वाला में जलती रहती है।

स्मिता बड़ौदा न जाकर कानपुर चली जाती है और वहाँ अर्थशास्त्र में प्रवेश लेती है। वह इतना आगे बढ़ने की इसलिए सोच पाती है क्योंकि वह अपने साथ हुए अपराध को 'सूरजमुखी अंधेरे के' उपन्यास की पात्रा रति के समान स्वयं की गलती नहीं मानती है। इस विषय पर डॉ. रामायणप्रसाद टंडन ने कहा है कि ''अंदर और बाहर की दोहरी दुश्मनी में जकड़ी रति की लड़ाई मानवीय मन की नितान्त उलझी हुई चाहत और जीवट भरे संघर्ष का दस्तावेज है। रती के साथ बचपन में बलात्कार की दुर्घटना घटित हो जाती है, उस समय जब वह इन सबका अर्थ भी नहीं समझती और उसका दुष्परिणाम उसको अपनी तमाम जिंदगी में भोगना पड़ता है। उसके संगी-साथी सब उसके दुश्मन बन जाते हैं। उसका मन अन्तर्द्वंद्व में भटकता रहता है।''[2] इस प्रकार स्मिता अपने साथ हुए अपराध के लिए स्वयं को दोषी या पापी नहीं मानती और जीवन में आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा लिए हुए मन में प्रतिहिंसा की भावना के साथ अमेरिका चली जाती है। बॉस्टन यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र एम.एस. में दाखिला लेती है, असिस्टेंटशिप के साथ। वहीं पर उसकी मुलाकात साइक्याट्रिस्ट जिम जारविस के साथ होती है। शुरू शुरू में जिम स्मिता को प्रेम और सम्मान देता है परंतु धीरे-धीरे जिम का भेड़िया रूप स्मिता के सामने आने लगता है। जब तक स्मिता, जिम के हाँ में हाँ मिलाती है जिम को लगता स्मिता उसके काबू में है। इसका एक उद्धरण इस प्रकार है ''अब जब वह 'हाँ' कहती तो वह कहता, ओ.के., तब... यह-यह करो। कभी कहता, वह उसे गोदी में लिटाकर स्तनपान करवाये। कभी कहता, सारे कपड़े उतारकर, लालीपॉप चूसते हुए, नर्सरी राइम्स गायें। कभी उसकी नग्न तस्वीरें खींचता और उन्हें सामने रखकर कहता, ''इन्हें देखो और जिस्म के उभारों को छूकर कहो, अब मैं बच्ची नहीं हूँ।'' कभी ...''[3] इस प्रकार स्मिता पति के रूप में जिम द्वारा किए जा रहे अवमाननापूर्ण हरकतों को हँसते-हँसते स्वीकार कर लेती है परंतु जब जिम स्मिता को नग्न अवस्था में शीशे के सामने तेज रोशनी में खड़ा कर देता है तब स्मिता को बचपन का वह भयावह कृत्य याद आ जाता है। वह समझ नहीं पाती की उसके पीछे जिम है या जीजा। वह शीशा तोड़कर जिम को दुबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत देती है। जिम यह बर्दाश्त नहीं कर पाता और स्मिता को ही पागल औरत की संज्ञा देता है। वह उसे बेतहाशा गालियाँ बकता हुआ उस पर बैल्ट से वार करता है और उसका भोग करने का प्रयास करता है परंतु अब स्मिता खाट से बंधी हुई मजबूर लड़की नहीं है। वह जिम से उसका बैल्ट छिनकर उसकी धुनाई कर देती है। जिम ने जब बैल्ट से स्मिता को मारा था तब स्मिता के नाजुक जगह लग जाने से उसका गर्भपात हो जाता है। इस प्रकार स्मिता का जीवन स्वर्था संघर्षों के साथ बीतता है। वह जीजा के शारीरिक और मानसिक शोषण फिर बलात्कार, नमिता द्वारा उसको ही भगाना, जिम जारविस द्वारा शारीरिक और मानसिक शोषण, मारपीट, गर्भस्थ शिशु की मौत इतना सबकुछ उसके गर्भ के साथ-साथ उसके जीवन को भी पूरी तरह से खाली कर देता है। इस खाली जगह को भरने का प्रयास वह भारत लौटकर गोधन योजना से जुड़कर अजनबी गाँव को अपना कुटुम्ब बना कर तथा पूरे गाँव वालों की बा बन कर करती है।

मारियान

मारियान कठगुलाब उपन्यास की दूसरी स्त्री पात्र है। मारियान, माँ वरजिनया और पिता स्वर्गीय रॉल्फ ब्रुक की बेटी है। वरजिनया ने दूसरा विवाह जार्ज रिचर्डसन से किया। सौतेला पिता हो कर भी जार्ज मारियान को सुरक्षा और एक पिता का स्नेह देता था। मारियान सुन्दर बिल्कुल भी नहीं थी। मारियान ह्वीटन कॉलेज में समाजशास्त्र की व्याख्याता नियुक्त थी और तीन कमरे के मकान की मालकिन थी। इसी से प्रभावित होकर इर्विंग व्हिटमेन ने मारियान से शादी की थी क्योंकि माँ वरजिनया की तुलना में उसके शरीर और चेहरे का गठन सुंदर नहीं था। उसके बाल चूहे की खाल जैसे थे पतले कसे ओंठ गोल चेहरा तथा फिड्डी भूरी आँख और ठिगना बदन देखकर लोग मारियान की तुलना में माँ वरजिनया के साथ आमोद-प्रमोद में लग जाते थे। मारियान ने इर्विंग व्हिटमेन को एक संवेदनशील युवक समझकर विवाह किया था। इर्विंग लेखक था परंतु उसने न तो कहानी या कविता छपवाई थी और न लिखी थी। इर्विंग व्हिटमेन मौकापरस्त इंसान था। उसने मारियान के घर के साथ-साथ उसकी लेखकीय प्रतिभा का उपयोग स्वयं की स्वार्थपूर्ति के लिए करता है। इर्विंग अपने नए-नए विषयों कभी कोलम्बस की डिस्कवरी ऑफ अमेरिका, कभी रेड इंडियन की मामूली जिन्दगी के बारे में तो कभी अमरीकी यहूदियों के बारे में मारियान को बताता और सभी के ब्यौरे तथा तथ्यों को ढूँढने का काम मारियान के जिम्मे डाल देता। वह स्वार्थ मारियान से झूठ बोलता जब भी उपन्यास का सृजन होगा वह हम दोनों का होगा। इस बीच मारियान प्रेग्नेंट हो जाती है परंतु इर्विंग जो अपनी सिर्फ स्वार्थपूर्ति के लिए मारियान के साथ है बच्चा पैदा करने के खिलाफ है। वह मारियान को मनाने में कामयाब हो जाता है कि बच्चा एक महान कलाकृति की रचना में बाधक बन सकता है। वह मारियान को एबार्शन के लिए राजी कर लेता है। कर्मठ और संवेदनशील मारियान हृदय की गहराई में बच्चे की चाहत लिए हुए महान रचना के सृजन में इर्विंग का साथ देती रहती है।

मारियान ने अपने जर्नल में रूथ, रॉक्जॉन, एलेना, सूजन के बारे में जो भी तथ्य लिखा था वह पूरी तरह से एक उपन्यास ही था उसमें कुछ भी करने को बचा नहीं था परंतु इर्विंग ने मारियान को आभास तक होने नहीं दिया और उसे सिर्फ तथ्यों का पुलिंदा कह कर जर्नल को अपने सुपुर्द ले लिया। जब उपन्यास छपकर आया वुमन ऑफ द अर्थ उसमें सिर्फ इर्विंग का नाम था। मारियान स्तब्ध रह गई थी इर्विंग ने उसका इस्तेमाल किया था। बच्चे के लिए लालयित मारियान को बच्चे के जन्म का मोह देकर उसे अपनी बातों में फंसा कर सारे तथ्य लेता रहा था। यह सब प्रतिबिम्ब मारियान के सामने घूमने लगे। मारियान गुस्से में इर्विंग पर नाखूनों और दाँतों से वार कर देती है जिसका उपयोग इर्विंग अदालत में तलाक लेने के और मारियान को हिस्टीरिया का रोगी साबित करने के लिए करता है। मारियान दूसरा विवाह गैरी कूपर से करती है। जो मारियान की तरह ही तलाकशुदा था। मारियान अपने अतीत की कुंठा और हताशा को छोड़कर जीवन में आगे बढ़ती है। वह बच्चे पैदा करना चाहती थी परंतु उसे हैबिचुअल गर्भपात की बीमारी हो जाती है। वह चाहकर भी बच्चे पैदा नहीं कर सकती। वह बच्चा गोद लेने की तैयारी करती है परंतु गैरी इस बात के लिए साफ इंकार कर देता है। इस प्रकार मारियान जीवन भर बच्चे के लिए तरसती रहती

है। उसकी बौद्धिक प्रतिभा, शरीर और मन का शोषण हुआ फिर भी वह रूकी नहीं अंत में लेखिका बनने में सफल हो जाती है और औसत अंदाज में मशहूर भी।

नर्मदा

नर्मदा सिलाई का कारखाना की संचालिका है और इस कारखाना से वह बेसहारा और जरूरतमंद स्त्रियों की सहायता किया करती है परंतु नर्मदा के यहाँ तक पहुंचने का रास्ता संघर्षशील रहा है। नर्मदा अपनी माँ के देहांत के बाद अपने भाई बावला (भोला) को लेकर अपनी बड़ी बहन गंगा और जीजा गनपत के यहाँ चली जाती है। बचपन में ही उसका जीजा उसे चूड़ी बनाने के कारखाने में भेज देता है। जिससे उसकी उंगलियों के साथ-साथ हाथ पाँव सिर आंख भी सब भट्ठी के ताप से झुलसते रहते हैं। वहाँ की गर्मी का ताप बालिका नर्मदा का शरीर नहीं सह पाया तो बहन गंगा अपने साथ लोगों के घरों में काम करने ले जाने लगी। घरों में काम करते-करते ही वह असीमा और दर्जिन बीबी के संपर्क में आई। दर्जिन बीबी नर्मदा को सिलाई सिखाना चाहती थी परंतु इसकी इजाजत भी लोभी जीजा गनपत से लेना पड़ा। पैसे के लोभ में गनपत नर्मदा को सिलाई सिखने के लिए हामी भर देता है। जीजा गनपत नर्मदा की माँ के घर के लोभ में नर्मदा से जबरदस्ती शादी कर लेता है। नर्मदा इसका बहुत विरोध करती है भागने की भी पुरजोर कोशिश करती है परंतु भाग नहीं पाती और उसकी शादी जीजा के साथ हो जाती है। नर्मदा जब नमिता के यहाँ काम करने लगी वहाँ एक ड्राईवर के प्रेम में पड़ जाती है। वह उससे बच्चा चाहती थी परंतु माँ बनने का सुख उसको मिला ही नहीं और प्रेमी ड्राईवर भी अपने गाँव जाकर कभी लौट कर नहीं आया। नर्मदा ने अपने भाई भोला के लिए कितने कष्ट सहे थे परंतु वह भी शादी कर के अपनी जायदाद अलग कर लिया। बहन गंगा और जीजा तो उसे पैसे निकालने की मशीन ही समझते थे। तो नर्मदा उनसे स्वत: ही अलग हो गई। उसे बच्चे की चाहत बहुत थी। नमिता के जिन बच्चों को पाल-पोस के बड़ा किया वे भी उससे दूर हो गए उसके जीवन में अपना कहने वाला कोई नहीं था। इस प्रकार नर्मदा अपने जीवन में सर्वथा अकेली ही रह गई। अंत में दर्जिन बीबी ने अपने वारिस के रूप में नर्मदा को चुन कर सिलाई के कारखाने की सारी जिम्मेदारी उसे सौंप दी।

असीमा

असीमा एक आत्मनिर्भर व धाकड़ लड़की है। वह केवल कोट और पेंट पहना करती है। उसका नाम सीमा था परंतु वह अपना नाम असीमा कर देती है क्योंकि वह किसी बंधन में बँधना नहीं चाहती। असीमा स्मिता की बचपन की सहेली है। वह स्मिता को उसकी बहन के घर से निकलने तथा पढ़ाई में आर्थिक सहायता देने के लिए भी तैयार रहती है। असीमा नर्मदा की हर प्रकार से सहायता करती है वह नर्मदा को उसके अधिकारों के बारे में जानकारी देती है। असीमा के विषय में मृदुला गर्ग कहती है कि ''उसे 'मर्दों से नफरत' है, क्योंकि सब एक से बढ़कर एक 'हरामी' होते हैं। वह सबसे बड़ा हरामी अपने 'बाप' और 'भाई' को ही मानती है, क्योंकि बाप ने माँ को छोड़कर किसी अन्य औरत को रखैल बना लिया है और भाई सारी संपत्ति का उत्तराधिकारी बन बैठा है। असीमा अपनी सुरक्षा के लिए कराटे की ब्लैक-बेल्ट होल्डर है।''[५] इस प्रकार

असीमा अपने साथ-साथ दूसरों की सहायता के लिए भी कराटे का इस्तेमाल करती है। जब प्रिंसिपल का अधेड़ पति नर्मदा के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश करता है तो असीमा उसकी धुनाई कर देती है वह नमिता के पति पर भी कराटे से वार कर चुकी है। असीमा का व्यक्तित्व शुरू से अंत तक दबंग रहा है परंतु वह भी अंत में अकेली ही रह जाती है क्योंकि दर्जिन बीबी ने मरते वक्त जिस विपिन मजूमदार के साथ असीमा को बिना शादी के साथ रहने की बात कही थी। वह विपिन नीरजा से प्रेम करता है। इस प्रकार असीमा गोधड़ योजना से जुड़कर वहाँ के गाँव वालों को अपना कुटम्ब बना लेती है।

नीरजा

नीरजा आधुनिक युग की पढ़ी लिखी स्त्री है। वह डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही है। नीरजा, स्मिता की बहन नमिता की बेटी है। उसने बचपन से ही अपने माता-पिता को लड़ते और एक दूसरे को नीचा दिखाते हुए देखा है। नमिता का पति जब बहुत बीमार था खाट से उठ भी नहीं पाता था। उस स्थिति में भी नमिता उस पर दया भाव नहीं रखती थी और बेटी नीरजा व बेटा परदीप को पिता के पास भटकने तक नहीं देती थी। इन्हीं सब परिस्थितियों में पली-बड़ी नीरजा कभी विवाह न करने की ठान लेती है क्योंकि उसे विवाह पर विश्वास या आस्था है ही नहीं। वह अपने से बड़े उम्र के विपिन मजूमदार से बिना शादी के साथ रहने और बच्चे देने के लिए तैयार हो जाती है। जो उसकी आधुनिक विचारधारा को नहीं बल्कि माता-पिता के आपसी रिश्ते तथा बाद में पिता के पार्टनर तोंदल का माँ के साथ संबंध और उसके बाद असीम और माँ के अवैध संबंध आदि से प्रभावित हो कर लिया गया निर्णय था। नीरजा चाह कर भी माँ नहीं बन पाती इसका दुख वह नहीं सह पाती है। विपिन के कहने पर भी की वह उससे प्रेम करने लगा है। उसे बच्चे नहीं चाहिए फिर भी वह विपिन को छोड़कर डॉ. जोशी से विवाह कर लेती है। जिनकी पत्नी मर चुकी है और उनके दो बच्चे भी है। इस प्रकार अंत में नीरजा में प्रेम की अनुभूतियों का विकास होता है।

दर्जिन बीबी

दर्जिन बीबी का जीवन संघर्षों के साथ बीता है। पति ने उसे त्याग दिया क्योंकि वह पति की शारीरिक जरूरत को पूरा नहीं कर पाती है और अपने अंगों का प्रदर्शन करने से भी इंकार कर देती है। दर्जिन बीबी स्वाभिमानी स्त्री है। वह पति से पैसे लेकर जीवन व्यापन करने को भी मना कर देती है। वह अकेले ही दो बच्चों का लालन-पालन करते हुए जीवन की विकट परिस्थितियों से जुझते हुए अनेक समस्याओं से धैर्य पूर्वक संघर्ष करते हुए अपने बलबूते पर सिलाई का कारखाना खड़ा करती है और अपने साथ-साथ दूसरी औरतों को भी सबल बनाने में सहायता करती है। दर्जिन बीबी नर्मदा को सिलाई सिखाती है तथा अंत में अपना वारिस नर्मदा को ही चुनती है।

इस प्रकार कठगुलाब उपन्यास के प्रमुख नारी पात्रों की व्यथा एवं संघर्ष विविध स्तरों पर कायम है। उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। वे दुर्व्यवहार की शिकार होती है। पीड़ित, शोषित, कमजोर स्त्रियों के लिए अनेक संस्थाएं है जो नारी उद्धार के कार्यों में लगे हुए हैं फिर भी नर्मदा पर

जो अन्याय हो रहा था उससे उसे कोई बाहर नहीं निकाल पाता है, असीमा भी नहीं। मृदुला गर्ग स्मिता और मारियान के विषय में कहती है कि "स्मिता और मारियान (अमेरिका में) सारी नारीवादी समझ स्त्री शक्ति, साधन सुविधा के बावजूद अपने ही मामलों में अदालत से न्याय नहीं पा सकी और अदालत के बाहर पतियों से समझौता ही करना पड़ा।"[5] इस प्रकार कह सकते हैं कि नर्मदा जैसी निम्न वर्ग की स्त्री हो या मध्य वर्ग की स्मिता और मारियान उन्हें अपने संघर्षो से स्वयं लड़ना और उससे बाहर आना पड़ा। असीमा संवेदनशील गुणों से परिपूर्ण है। वह पुरूष प्रधान सामाजिक व्यवस्था से बार-बार टकराती रहती है। वह पूर्ण होते हुए भी अपूर्ण होती है। असीमा में प्रेम है, करूणा है, साहस है, आत्मविश्वास है, ममत्व है, जिम्मेदारी है, वह अविवाहित है इसका आशय यह कदापि नहीं है कि उसमें इन सब गुणों का अभाव है। किसी कारण से उसने विवाह नहीं किया यह उसकी गहरी सोच और उसका स्वयं का दृष्टिकोण है। असीमा की विचारधारा अलग है परंतु आधारहीन बिल्कुल भी नहीं है। उसने स्वयं के जीवन तथा दूसरे के जीवन के संघर्षो को बड़े ही साहस के साथ पूर्ण किया। दर्जिन बीबी, नीरजा अपनी शर्तो पर जिंदगी जीते हुए अपनी कमजोरियों पर विजय पाते हैं।

कठगुलाब उपन्यास में स्मिता, मारियान, असीमा, दर्जिन बीबी, नीरजा, नर्मदा आदि प्रमुख स्त्री पात्र है। जिनकी अपनी अलग-अलग समस्याएं व संघर्ष है। ये सभी स्त्रियाँ कभी समाज द्वारा कभी पुरूष द्वारा तो कभी अपने ही समकक्ष की स्त्रियों द्वारा सताई गई है। इस प्रकार से स्त्री की अनेक व्यथा एवं संघर्ष है जिसे मृदुला गर्ग ने अपने कठगुलाब उपन्यास के माध्यम से हमारे समक्ष प्रस्तुत किया है।

संदर्भ सूची :

1. जगदीश्वर चतुर्वेदी. स्त्री-अस्मिता साहित्य और विचारधारा. कोलकाता : आनन्द प्रकाशन, प्रथम संस्करण, 2004; 211.
2. टण्डन, डॉ. रामायणप्रसाद. समकालीन उपन्यासों में व्यक्त नारी-यातना. दिल्ली : मित्तल एंड संस, प्रथम संस्करण, 2014; 147.
3. गर्ग, मृदुला. कठगुलाब. नयी दिल्ली : भारतीय ज्ञानपीठ, दसवां संस्करण, 2019; 52-53.
4. जैन, अरविंद. औरत अस्तित्व और अस्मिता महिला लेखन का समाजशास्त्रीय अध्ययन. दिल्ली : सारांश प्रकाशन, प्रथम संस्करण, 2000; 115.
5. वही, 120.

❒❒❒

सहायक प्राध्यापक, शा.दू.ब. महिला स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

शोधार्थी, शा.दू.ब. महिला स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.); पता-पुत्री स्व. सिनुख खलखो दयाशंकर निवास, पीएनबी सिद्धार्थ चौक के सामने, टिकरापारा रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, मो. 9770851200

मध्य हिमालयी क्षेत्र जौनपुर के लोकगीतः एक परिचय

—बिनीता मल्ल

मध्य हिमालयी क्षेत्र जौनपुर के लोकसाहित्य एवं संस्कृति में लोकगीतों का समृद्ध एवं अक्षुण भण्डार रहा है। लोकगीतों के बिना इस समाज का जीवन अधूरा है।

शोध सार - मध्य हिमालय की रमणीय घाटी में बसा उत्तराखण्ड राज्य का जौनपुर क्षेत्र सांस्कृतिक एवं साहित्यिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। यहां की धरती अपनी विविधतामयी संस्कृति के रंगों से पहचानी जाती है। उत्सवप्रिय समाज होने के कारण यहां के बाशिंदे लोकगीतों, नृत्यों, कथाओं-गाथाओं में झूमते नजर आते हैं। अनादिकाल से ही इस समाज की मौखिक परम्पराएं पीढ़ी दर पीढ़ी संप्रेषित हुई है। इन मौखिक परम्पराओं की श्रीवृद्धि में लोक-गीतों का अहम् योगदान रहा है। जौनपुर के लोकगीतों की झलक यहाँ के तीज-त्यौहारों, शादी-ब्याह, पर्व उत्सव, श्रम-कार्य आदि में देखने को मिलते हैं। इन लोकगीतों में प्रस्तुत समाज की प्रथाएं, विश्वास, आचार-विचार व लोक जीवन के अनेकानेक पक्ष समाहित है।

मूल शब्द — जौनपुर, साहित्य, संस्कृति, लोक, मानस, जीवन, समाज, लोकगीत, परम्परा, क्षेत्र।

लोकगीत लोकसाहित्य की एक महत्वपूर्ण विधा है। यह अंग्रेजी भाषा के फोक-सांग शब्द का समानार्थी है। लोकगीत लोक जीवन की मौखिक परम्पराओं से सम्बन्धित होने के कारण इनका स्वरूप प्रायः अलिखित ही पाया गया है। लोक मानस की सहज व स्वाभाविक रागात्मक अनुभूतियों के दर्शन इन लोकगीतों में प्राप्त होते हैं। लोक द्वारा रचित होने के कारण इन गीतों का रचयिता कोई एक व्यक्ति न होकर पूरा समाज होता है इस कारण लोकगीतों में किंचित परिवर्तन की स्थिति सदैव बनी रहती है लोक साहित्यकारों व विद्वानों द्वारा लोकगीत की भिन्न-भिन्न परिभाषाएं दी गयी है। यथा-

रॉल्फ विलियम्स के अनुसार- ''लोकगीत न पुराना होता है न नया। वह तो जंगल के एक वृक्ष के समान है, जिसकी जड़े तो दूर जमीन में (भूतकाल) में धँसी हुई है, परन्तु जिसमें निरंतर नई-नई डालियाँ पल्लव और फल फूलते रहते हैं।''[1]

मराठी लेखक डॉ. सदाशिव फड़के के कथनानुसार- ''शास्त्रीय नियमों की विशेष परवाह न करके सामान्य लोक व्यवहार के उपयोग में लाने के लिए मानव अपने आनन्द - तरंग में जो छन्दोबद्ध वाणी सहज उद्भूत करता है, वही लोकगीत है।''[2]

डॉ. कुन्दनलाल उप्रेती के मत में- ''लोकसंस्कृति, लोकविश्वास एवं लोकपरम्परा की रक्षा एवं निर्वाह करते हुए लोकजीवन अपनी रागात्मक प्रवृत्तियों की तत्स्फूर्त लयात्मक अभिव्यक्ति जिस माध्यम से करता है उसे लोकगीत कहते हैं''[3]

रामनरेश त्रिपाठी लोकगीत को ग्रामगीत कहते हुए इस प्रकार से लोकगीत की व्याख्या करते हैं- ''ग्रामगीत प्रकृति के उद्‌गार हैं। इनमें अलंकार नहीं, केवल रस है। छन्द नहीं, केवल लय है। लालित्य नहीं, केवल माधुर्य है। ग्रामीण मनुष्य के स्त्री-पुरुषों के मध्य में हृदय नामक आसन पर बैठकर प्रकृति गान करती है। प्रकृति के वे ही गान ग्रामगीत है।''[4]

उपरोक्त परिभाषाओं पर दृष्टिपात करते हुए कहा जा सकता है कि लोकगीत सामान्य मानव हृदय की वे रागात्मक अभिव्यक्ति है जो लोकजीवन से जुड़ी हुई सहजता, स्वाभाविकता को अपनाए हुए है। इनमें न अलंकार, न छंद और न ही अन्य किसी प्रकार की काव्यशास्त्रीय नियमों की बाध्यता रहती है। ये लोकगीत स्वत: ही लोकमानस के हृदय से स्फूर्त होते हैं। लोकजीवन से जुड़े होने के कारण लोकगीतों का विस्तार भी बहुत अधिक है, फिर भी लोकगीतों की विषय-वस्तु, रूप-रंग को ध्यान में रखते डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय ने लोकगीतों के छ: (संस्कार सम्बन्धी गीत, ऋतु सम्बन्धी गीत, व्रत सम्बन्धी गीत, देवी-देवताओं के गीत, जाति सम्बन्धी गीत, श्रम सम्बन्धी गीत) भेद बताए हैं।[5]

गढ़वाली लोक साहित्यकार डॉ. गोविन्द चातक ने गढ़वाली लोकगीतों को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया है[6]- (1) धार्मिक लोकगीत (2) संस्कारों के गीत (3) वीर गाथा (4) प्रेमगीत (5) स्त्रियों के गीत (6) नीति, उपदेश तथा व्यावहारिक ज्ञान के गीत (7) विविध गीत।

मोहन लाल बाबुलकर ने गढ़वाली लोकगीतों को निम्न वर्गों में विभाजित किया है[7]-

1. संस्कारों के गीत
2. देवी-देवता स्तुति, पूजा, त्यौहार-गीत
3. खुदेड़ गीत
4. ऋतु सम्बन्धी (विरह गीत)
5. सामूहिक गेय गीत
6. तंत्र-मंत्र के गीत
7. लघु गीत
8. जातियों के गीत

मध्य हिमालयी क्षेत्र जौनपुर के लोकसाहित्य एवं संस्कृति में लोकगीतों का समृद्ध एवं अक्षुण भण्डार रहा है। लोकगीतों के बिना इस समाज का जीवन अधूरा है। प्रत्येक पर्व-उत्सव, थौल-मेले अथवा कार्य में इन लोकगीतों की विशेष भागीदारी रहती है जिन्हें यहां के लोक -समाज ने स्वयं ही अपने लिए रचा है। किसी के हर्ष, उल्लास, प्रशंसा में तो गीत रचे ही गए हैं

परंतु अप्रिय कार्य करने वालों पर भी यहाँ गीतों की रचना हो जाती है इसलिए मनुष्य गलत - कार्यों को करने से दूर ही रहता है कि कहीं हम पर गीत न बन जाए । गढ़वाली लोकगीतों की ही भांति जौनपुर क्षेत्र के गीतों में भी अत्यंत विस्तार एवं विविधता देखी गई है। उपरोक्त वर्गीकरणों तथा जौनपुर क्षेत्र में गाए जाने वाले लोकगीतों को ध्यान में रखते हुए उक्त क्षेत्र के लोकगीतों का वर्गीकरण इस प्रकार से किया जा सकता है।

1. संस्कार सम्बन्धी गीत
2. तीज-त्यौहार सम्बन्धी गीत
3. खुदेड़ गीत
4. ऋतु सम्बन्धी गीत
5. रिश्ते सम्बन्धी
6. नृत्यात्मक गीत
7. समसामयिक घटना के गीत
8. खेल गीत (बालगीत)
9. श्रम सम्बन्धी गीत
10. घसियारी गीत
11. देवी-देवताओं के गीत
12. अन्य गीत

1. संस्कार सम्बन्धी गीत → हिन्दू धर्म में सोलह संस्कारों का उल्लेख मिलता है। उन संस्कारों में से जौनपुर के समाज ने जन्मसंस्कार, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विवाह व मुत्यु संस्कार को ही अपनाया है। जौनपुर में मनाए जाने वाले इन संस्कारों में कुछ ही संस्कारों के लोकगीत क्षेत्र में पाए गए हैं-

(क) जन्म के गीत - पुत्र जन्म पर गाए जाने वाले गीतों को हिन्दी भाषी क्षेत्रों में 'सोहर' कहा गया है। जौनपुर में जन्म संस्कार सम्बन्धी लोकगीत की कतिपय पंक्तियां इस प्रकार है-

'बाजिगी को बेटा शाही बजा बड़ाई
बामिणऽ को बेटा ले टीको लगा पिठाही
बाबा जी को दारऽ बेटा लो जनिमो
बेटा लो जनिमो, तबऽ बजी बड़ाई।'

(ख) नामकरण / दशोटण - नामकरण संस्कार जौनपुर की पालीगाड़ व सकलाना पट्टियों में अधिकांशतः समृद्ध परिवारों द्वारा मनाया जाता है। शेष जौनपुर में नामकरण के स्थान पर पुत्र जन्म के दस दिन पश्चात श्दशोटणश संस्कार को मनाने की परम्परा रही है प्रायरू इसी दिन नामकरण भी कर दिया जाता है मांगल गीत व मांगल ध्वनि के साथ कुल देवता, ईष्ट देवता से पुत्र के लिए यश व उन्नति की कामना की जाती है। जौनपुर में अन्नप्राशन संस्कार भी घर पर ही पुत्र जन्म के 7वें महिने में परिवार के सदस्यों द्वारा बच्चे को अन्न खिलाकर कर दी जाती है, परन्तु उत्सव के

रूप में इस संस्कार को नहीं मनाया जाता है और न ही कोई लोकगीत प्रचलन में रहा है। वर्तमान में क्षेत्र के कुछ लोग अन्नप्राशन संस्कार को अवश्य मना रहे हैं।

(ग) चूड़ाकर्म संस्कार - पुत्रजन्म के तीसरे अथवा पाँचवे वर्ष चूड़ाकर्म संस्कार पूरे विधि विधान के साथ किया जाता है। इस संस्कार को घर अथवा मंदिर में सम्पन्न करने की परम्परा रही है और मांगल गीत-मांगल ध्वनि के साथ इस संस्कार को किया जाता है।

(घ) विवाह के गीत- विवाह संस्कार के ही पश्चात मनुष्य गृहस्थाश्रम में प्रवेश करता है इसलिए इस संस्कार को सबसे प्रमुख माना गया है। विवाह संस्कार सम्बंधी क्रियाएं वर-वधू दोनों ही परिवारों में किए जाते हैं। विवाह के समय होने वाली आनुष्ठानिक क्रियाओं जैसे वेदी बनाना, मंगल स्नान, हल्दी हाथ, दाल भिगाते व पीसते हुए, कड़ाही में तेल डालते हुए आदि क्रियाओं पर मांगल गीत गाए जाते हैं। इन मांगल गीतों में सर्वप्रथम महिलायें कुल व ईष्ट देवी-देवता, पंच-पाण्डव की आराधना करती हैं तत्पश्चात वर-वधु के लिए जय- यश के साथ सुफल व सुकाम की कामना करती है।

'जसो ले दैंया ले पोरोत बामीणा, जसो ले दैंया सुघड़ी सुबेर
जसो ले दैंया ले पंच नॉऊ पाण्डव, जसो ले देंया ले कुल देवता
बाजगी को बेटा ले शाही बजा बड़ाई, बामीणऽ को बेटा ले टीको लगा पिठाही'

यह मांगल गीत नामकरण (दशोटण), चूड़ाकर्मसंस्कार में भी गाया जाता है। कन्या की विदाई पर पूरा वातावरण भावमय हो जाता है। उस समय कन्या के हृदय में उठने वाले संवेगों तथा मन:स्थिति का करुण चित्रण इस लोकगीत में किया गया है-

'आजू छूटी गौयो, साथेणी को साथै
आजू छूटी गौयो, आगुणी को खेलिणो
आजू छूटी गौयो, माया री दौपारी'

इन मांगल गीतों के अन्यत्र विवाह में बारात आगमन, बारातियों द्वारा भोजन करने व फेरों के समय वधु पक्ष की ओर से महिलाएं वर पक्ष को मधुर-मधुर गालियां देते हुए हंसी-मजाक में चुटकियां लेते हुए भी नजर आती हैं। इन गालियों को क्षेत्र में 'लिका' देना कहते हैं ।

2. तीज-त्यौहार सम्बन्धी गीत → उत्सव प्रिय समाज होने के कारण जौनपुर में प्रति माह कोई न कोई पर्व अवश्य मनाया जाता है। दुबड़ी, बग्वाली, मौण, पितरौंस, फुल्यारी संगराद, पंचमी, मरोज आदि यहां के प्रमुख पर्व हैं। इन तीज-त्योहारों से सम्बंधित लोकगीत भी क्षेत्र में प्रचलन में है। उदाहरण स्वरूप 'मौण' पर्व का एक लोकगीत दर्शनीय है

'मैत जांदू रण जांदू मौण मेरा दादू रे
पैरा दादू हातू की धागूली मेरा दादू रे
दे दे कोड़ी कापीड़ा मेरा दादू रे।'

प्रतिवर्ष अगलाड़ नदी पर मनाए जाने वाले इस पर्व (मौण) को राजमौण के नाम से जाना गया है क्योंकि यह पर्व राजशाही समय से राजा की आज्ञा के पश्चात ही मनाया गया था।

3. खुदेड़ गीत → जौनपुर में अपने प्रियजन, स्वजन की याद आने को 'खुद' लगना कहते हैं। खुद से ही खुदेड़ शब्द बना है। पहाड़ों में नारी अत्यंत कठोरपूर्ण जीवन व्यतीत करती है। ससुराल द्वारा उसके साथ किया जाने वाला दुर्व्यवहार, पति का नौकरी के कारण घर से दूर रहना, लाड़ प्यार में पली बेटी के लिए ससुराल की नई परिस्थितयों में रहना, आर्थिक अभावग्रस्त जीवन में मायके की स्मृति आदि में नारी हृदय के करुण पक्ष को उजागर किया गया है।

'घुंरऽ घुघुती चईतऽ की, खुद लगी मुखऽ मईतऽ की
हरि डाड़ी लाबु की, खुदऽ लगी मुखऽ बाबु की
हरि डाड़ी पंईयां की खुदऽ लगी मुखऽ भईया की।'

प्रकृति जैसे-जैसे अपना रंग-रूप बदलती है तो विरहा युवती को रह-रहकर अपने मायके-जनों की याद सताती है । चौत माह पर घुघुती (पक्षी) जब चहकती तो उसकी ध्वनि सुनकर नारी अपने मायके की तीव्र याद का वर्णन उक्त लोकगीत में करती है।

4. ऋतु सम्बन्धी गीत → लोक साहित्य में ऋतु सम्बन्धी गीतों की परम्परा अत्यंत प्राचीन रही है। ऋतुओं का पूर्ण प्रभाव मनुष्य पर पड़ता है। सुख-दु:ख की अनेक अनुभूतियां प्राकृतिक सौन्दर्य व प्रकृति के बदलते रंग-रूप को देखकर होती है और प्रकृति इन गीतों के माध्यम से गुंजायमान हुई है। जौनपुर में ऋतु सम्बन्धी गीतों के अन्तर्गत चौती, चौमासा, बारामासा व माघ के गीत पाए गए हैं-

(क) चौमासा - बरसात की ऋतु को जौनपुर में चौमासा कहते है। वर्षाकाल में चारों तरफ धुंध व घना कोहरा छाया रहता है जिससे विरहा हृदय की अपने मायके की स्मृति और व्याकुलता ओर अधिक तीव्र हो जाती है।

'डांडु कुरेड़ी आईगो ससुरे, यो मईनो आईगो सावनऽ
सासु-ससुरे मईतऽ न भेजऽ, यो दिन मेरो रुणऽ को
आयो चौमासो लागी काकुड़ी, भाणी जांऊ ले काप मां
मेंरे माईते मुकेनी जाणी, तुंखे लागुंदे पापऽ मां।'

(ख) माघ के गीत - हिन्दू संस्कृति के अनुसार माघ माह को पवित्र मानते हुए मांस-मदिरा का सेवन इस माह वर्जित माना गया है परंतु जौनपुर, जौनसार व रंवाई क्षेत्र में इस माह को बड़े ही उत्साह व भिन्न परम्परा के रूप में मनाया जाता है। माघ माह शुरू होने से एक-दो दिन पूर्व ही इन क्षेत्रों में बकरे की बली दी जाती है और फिर पूरे माघ माह में रात्रि को नाच गानों व ढोल-दमाऊं के साथ दावत के रूप में मांसाहार परोसते हैं। माघ माह में जो गीत गाए जाते हैं वे ऋतु विशेष के अनुसार तो नहीं होते परंतु त्यौहार व श्रृंगारिक भावना से ओत-प्रोत अवश्य होते हैं।

'मैं मेरी पीतल पराता, मैं मेरी शनाले सुणीदी
मैं मेरी पांड़ो की शारदा, मैं मेरी बिगाली पोतरी'

(ग) चौती गीत - चौत माह से सम्बन्धित गीतों को चौती गीत कहा गया है। चौत माह हिन्दू नववर्ष का प्रथम माह है। इस माह की प्रथम संक्रान्ति पर औजी (ढोलवादक) सभी घरों के आंगन में नववर्ष के स्वागत के लिए ढोल-दमाऊं बजाते हैं। ग्रामीण उन्हें भेंट स्वरूप अनाज व

घर पर बने पकवान देते हैं। चौत माह में बच्चे घरों की देहलियों, चूल्हों पर रोज धूप लगने से पहले पुष्प चढ़ाते हैं और गीत गाते हैं-

''फूल देई, छमा देई, दैणीदार, भर भण्डार
जो जस देई, फूल संगरांद, आओ बच्चों
फुल्यू क, झंगोली - मंगोली झुलय क''[8]

(घ) बारामासा - वे लोकगीत जिनमें बारह महीनों का उल्लेख किया गया है उन्हें बारामासा गीत कहा गया है। इन गीतों में ऋतुओं के क्रम के अनुसार कार्यो का विवरण तथा एक विरहिणी की पीड़ा का भी चित्रण मिलता है ।

5. रिश्ते सम्बन्धी गीत → एक परिवार अनेक रिश्तों से जुड़ा होता हैं, उन रिश्तों में कभी मधुरता तो कभी खट्टास देखने को मिलती है। लोकगीतों ने परिवार के रिश्तों व सम्बन्धों को भी अपना वर्ण्य विषय चुना है क्योंकि लोकगीत लोकजीवन से ही उपजते हैं। देवर-भाभी का यह रिश्ता भी कुछ ऐसा ही है। यदि भाभी कर्कशा है तो देवर उनके बोल को विष समान मानता है और भाई यदि बुरा भी है तो खून का रिश्ता होने पर वह उसे प्रिय ही है-

'जाती सुणेन्दी भाई की बांसुरी
ते ती बोलेन्दु कखी न जांऊ
जाती सुणेन्दी बौ को ककड़ाट
ते ती बोलेन्दु विष खै मरी जांऊ।'

उक्त लोकगीत को छोड़े गीतों के रूप में भी गाया जाता है।

6. नृत्यात्मक गीत → नृत्यात्मक गीत उन गीतों को कहा गया है जो नृत्य के साथ गाए जाते हैं। इन गीतों में छोपती, रासो, तान्दी, झेन्ता, धुमसू, मोइला, हारूल इत्यादि प्रमुख है।

(क) छोपती - छोपती नृत्यात्मक गीत पद्य शैली पर आधारित संवाद गीत है। इन गीतों में प्रेम के संयोग-वियोग दोनों ही पक्षों का वर्णन मिलता है साथ ही जीवन को क्षणभंगुर मानते हुए वर्तमान में जीने का संदेश छोपती गीतों में प्राप्त हुआ है-

'बानै की बौराणी मेरी भग्यानी बौ
हंसी रैणी खेली मेरी भग्यानी बौ
दुई दिन पराणी मेरी भग्यानी बौ
दुई दिनै री जवानी मेरी भग्यानी बौ
हंसी रैणी खेली मेरी भग्यानी बौ
ज्वानी रैगी थोड़ा मेरी भग्यानी बौ।'

(ख) रासो - यह गीत उपदेशात्मक शैली में तथा किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति-विशेष की घटना पर आधारित होते हैं। नृत्य के आधार पर दो प्रकार (सामान्य रासो, घुंड्या रासो) देखने को मिलते हैं। घुंड्या रासो गीत की कुछ पंक्तियां दृष्ट्य है

'तवा ये ते तोवे मेरे घुन्डिया रासो लागो
पोईले राखो फेरे, मेरे घुन्डिया रासो लागो

जा कपीडे धोए, मेरे घुन्डिया रासो लागो।'

(ग) तान्दी - तान्दी गीतों में रासो गीतों के ही समान किसी व्यक्ति विशेष घटना व प्रेम पर आधारित गीत प्राप्त होते हैं।

(घ) झेन्ता - शादी, उत्सव-पर्व पर यह नृत्यात्मक गीत आँगन में किया जाता है। झेन्ता नृत्य गीत से सम्बन्धित पंक्तियाँ इस प्रकार है

'ऊना ऐ तांऊ फांडी बलै भेडूड़ियां काई लागी पातड़ी
ऊना ऐ दिनै प्यारै बलै सूरिजऽ राति पियारी
जूनै ऐ दिनै प्यारै बलै सुरिजै राति पियारी'

(ड़) हारूल- हारुल जौनपुर के लोकगीतों की लोकप्रिय विधा है। इसके अन्तर्गत वीर एवं श्रृंगार रस से ओत-प्रोत किसी ऐतिहासिक व पौराणिक घटना का चित्रण मिलता है।

''डाण्डे को पांजो मैं साड़ो - समीणै डाण्डे की भयमाली टोली
गाबल्यूं के गछोल्ट्या मैं सेयले रन्दो
गाबीले भींगन्दे बोली भोलै रे प्यारा, ओरे भेड़वाड़ गजुमोला''[७]

(च) मोईला- धुमसु - मोईला और धुमसु में गायन शैली व विषय - वस्तु एक जैसी ही रहती है केवल नृत्य में थोड़ा भिन्नता पाई जाती है। विषय की ष्टि से इनमें सामान्य लोकगीत ही गाए जाते हैं।

7. समसामयिक घटना के गीत → क्षेत्र में घटित अतीत अथवा वर्तमान से सम्बन्धित घटनाओं का विवरण गीतों में किया गया है इन गीतों में घटना के विवरण के साथ एक नव चेतना, जागृति के स्वर उद्वेलित होते हैं। उत्तराखण्ड आन्दोलन में क्षेत्रवासियों का अथाह योगदान रहा हैं जेल की अनेक यात्रा व यंत्राएं उन्हें झेलनी पड़ी। 2 सितम्बर 1994 को मसूरी गोलीकांड से सम्बन्धित एक लोकगीत क्षेत्र उभर कर आया है-

'गैणी रीटो बल तारो ले अयन्सू क ले सालेन्दो
लागो उत्तराखण्ड को नारो ले गुड़ तोड़ी भेली ले
ई तारीख १ सितम्बर ले मसूरी की बोले रेली ले।'

8. खेल गीत (बाल गीत) → बच्चों को सुलाने, दुलारने व स्वयं बच्चों द्वारा खेल में गाए जाने वाले गीत बालगीत अथवा खेलगीत की श्रेणी में आते हैं। डॉ. गोविन्द चातक ने बालगीतों की दो कोटियां बताई है एक 'लोरी' के रूप में दूसरा 'स्वयं बच्चों द्वारा अपने मनोरंजन के लिए गाए जाने वाले गीत। जौनपुर में ये दोनों ही प्रकार के बालगीत उपलब्ध है।

लोरी के रूप में- 'घुघुती बासुती क्या खांदी - दूध-भाति
जुठो छ आफु खा सुचो छः मैं भी दे।'

स्वयं बच्चों द्वारा अपने मनोरंजन के लिए गाया जाने वाला खेलगीत का उदहारण इस प्रकार है-

'खेलदू-खेलदू काखड़ी मिली, काखड़ी मैन रायलो बनायो
रायलो मैन लुहारै देनु, लुहार न मु दाथरी देनी

दाथरी मैन घास काटो, घास मैन बुछाक देनु
बुछान मुं दूध देनु, ... कुत्तान मेरी टाँग देनी तोड़ी।'

9. **श्रम सम्बन्धी गीत** → लोक गीतों की इस श्रेणी के अन्तर्गत धान की रोपाई व मंडुआ गोड़ाई के गीत लिए गए हैं। यथा-

रोपणी के गीत -
'सेरड क रोपदारी बासमति घणी रोपिंया
क्यारिकऽ मेरे स्वामिन देनो बांसुरी को रैबारऽ
बासमति घणी रोपिया क्यारिकऽ
बीचऽ क रोपदारी छांटो रोपिया सेरो
बासमती घणी आंदे मुंगऽ लो बोलो स्वामिन रैबार'

गोडणी के गीत -
'सेरी भया उपाणो तो कुरो, सेरी भया ना बजा बाँसुरी
घरऽ बलऽ ब्वारी मानऽ बुरो, घरऽ तेरी ब्वारी मानऽ बुरो'

10. **घसियारी गीत** → घास काटते समय महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले गीतों को घसियारी गीत कहा गया है। इनके अन्तर्गत जौनपुर में अनेक लोकगीतों के प्रकार देखने को मिलते हैं, जिन्हें घास काटने से लेकर शादी-ब्याह या खाली समय व्यतीत करने के लिए मनोरंजन स्वरूप भी गाया जाता है। इन गीतों में 'दुआ', 'जंगु', 'बाजु', 'छोड़े' इत्यादि प्रमुख हैं। जब संचार के साधन उपलब्ध नहीं थे तो यहां के जनमानस ने संदेश भेजने के लिए इन लोकगीतों की रचना की है -

(क) दुआ - इन गीतों में विशेषकर महिलाओं की भावनात्मक चिंता, प्रेम को अभिव्यक्ति मिली है। इसमें संवादात्मक रूप देखने को मिलता है-

'तारू भरी गईण, कई जागुमाँ होली मेरी पीठी बेदऽ भईणऽ
डंगारू को सुरू, मंई आईगऽ तोई मिलिणऽ, तू चलीगी दुरू'

(ख) जंगु - जंगु गीतों में कोई वाद्य यंत्र नहीं बजाया जाता है और विषय वस्तु के आधार पर इनमें प्रेम-प्रसंग तथा आध्यात्मिक उपदेश के संकेत मिलते हैं। जंगु गीतों में भी संवाद शैली पाई जाती है। इनमें एक की बात समाप्त होने पर अन्य व्यक्ति स्वर मिलाने के लिए 'जंगु ऐ' कहते हुए 'हीऽऽऽऽ' की' ध्वनि निकालते हैं।

'पड़ो छाइलो, पड़ो डुंगुरीया माते
बाटो मिलो चलुवा, ज्यों नटु ते तेरो साथे
काली कुकुरी सुखरू छीड़ले बाती
तेरी मेरी जवानी चांहेती पुसे माघे री राती। जंगु ऐ हीऽऽऽऽ'

(ग) बाजु- विषय वस्तु एवं प्रकृति की दृष्टि से बाजु भी दुआ के ही समान है लेकिन लय का अंतर दोनों में देखने को मिलता है। बाजु की लय बहुत ही धीमी होती है और स्त्री-पुरुषों के प्रणय संवाद ही इनमें मुख्य होते हैं।

(घ) छोड़े – लोकजीवन से जुड़े सभी पक्ष सूक्तियों व उपदेश के रूप में छोड़े गीतों में गाए जाते हैं। इनमें प्रेम, सत्य-असत्य, जन्म-मरण, क्षणभंगुरता, यथार्थ जीवन आदि दार्शनिक पक्षों का विवरण मिलता है। एक व्यक्ति की बात समाप्त होने पर अन्य अन्तिम वर्ण को लम्बा उच्चारित करते हुए 'हेणऽऽऽ' कहते हैं।

'हंसी त बोलणू बांटी खाणू, धरती पिठाडू. नी लीजाणी
जिउन्दे मनख्यूंन मरी जाणू , बुरे बोली करिन कोईन क्या पाणू'

अर्थात- हंस-बोलकर, मिल- बांटकर खाओ। धरती से किसी ने कुछ भी साथ नहीं ले जाना है। जिन्दा इंसान ने अंत में मरना ही है तो बुरा बोलकर किसी ने क्या पाया।

11. देवी-देवताओं के गीत → उत्सव प्रिय समाज होने के कारण यहाँ अनेक पर्व - उत्सव, थौल-मेले मनाए जाते हैं, जो कि किसी न किसी देवी- देवताओं की स्तुति आदि से सम्बन्धित होते हैं। इन लोक देवी-देवताओं के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था रही है फलत: प्रस्तुत समाज की स्थानीय जनता व लोक गायकों ने अपने देवी-देवता विषयक गीतों की रचना की है साथ ही कुछ विशेष पूजा के लिए भिन्न गीत बने हैं जिन्हें श्जागरश कहते हैं। जागर गीत देवता को जागृत करने के लिए आवाहान गीत के रूप में गाए जाते हैं। इनमें नरसिंग, नागराजा, सुरकंडा के जागर गीत क्षेत्र में प्रमुख है। उदाहरण स्वरूप नरसिंह देवता के जागर की कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं-

'जाग- जाग गुरू गोरखनाथ का चेला
जाग जाग नरसिंह वीर बाबा जाग
रूपा को तेरा सोटा जाग
खरुवा की तेरी झोली जाग
आदेस, आदेस लांदू तेरी खरुवा की झोली'

'जागर गीत के ईतर कुछ देवी-देवता विषयक गीत वे हैं जिन्हें पर्व-उत्सव, तीज-त्यौहारों पर गाया जाता है। जैसे-

''जय देवा तेरी जय-जय कारा ऊंचे त्याड़े भदराजे
नौणे धूपे देवा सिरनी सजे तेरे ढ़ोल रा साजे
पोईलों थाने देवा दूधली पंड़ दूजो थान तियाड़े
तिजो- चौथों तेरों कोटी, जयद्वार, पांचे थाने मराड़''[10]

भदराज देवता से सम्बन्धित उक्त गीत में उनके पाँच थान (स्थान- मंदिर) व उनका पूर्ण परिचय मिलता हैं।

12. अन्य गीत → जौनपुर में गाए जाने वाले लोकगीतों का बहुत अधिक विस्तार पाया गया है इसलिए अनेक ऐसे गीत हैं जो उपरोक्त दिए गए लोकगीतों के प्रकारों की श्रेणी में नहीं आते हैं इसलिए उन्हें अन्य गीतों के अन्तर्गत रखा गया है।

अत: उपरोक्त लोकगीतों की विविधता के आधार पर यह कहना युक्तिसंगत होगा कि जौनपुर क्षेत्र में अनेक लोकगीतों का प्रचलन रहा है, जिन्हें विविध सुअवसरों पर गाया जाता है। ये गीत

यहां के सरल व संवेदनशील मानव हृदय के स्वाभाविक उद्‌गार हैं जो कि यहां के समाज की लोकसंस्कृति व साहित्य की धरोहर एवं प्राण हैं। लोक गीतों की विविधता तथा प्रचुरता के अनुसार यह क्षेत्र समृद्ध रहा है, उन सबका विस्तृत विवरण मेरे इस शोध पत्र में देना सम्भव नहीं है किंतु इन गीतों की विविधता एवं यहां की संस्कृति का परिचय उक्त शोध पत्र में बखूबी देखने को मिलता है।

संदर्भ सूची :

1. भारतीय लोक-साहित्य, श्याम परमार, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, 1954 ई., पृ.- 55
2. लोक संस्कृति विशेषांक, सम्मेलन पत्रिका, मराठी लोकगीत, पृ.- 250
3. लोकसाहित्य के प्रतिमान, डॉ. कुन्दनलाल उप्रेती, भारत प्रकाशन मन्दिर, अलीगढ़, 1971 ई., पृ.- 47
4. कविता -कौमुदी, भाग-5 (प्रस्तावना), रामनरेश त्रिपाठी, पृ.-1-2
5. लोक साहित्य की भूमिका, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय, साहित्य भवन (प्रा.) लिमिटेड, इलाहाबाद, 1957 ई., पृ. - 58
6. गढ़वाली लोकगीत विविधा, डॉ. गोविन्द चातक, तक्षशिला प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, 2001 ई., पृ. - 22
7. वही, पृ. -36
8. जौनपुर के तीज-त्यौहार, सुरेन्द्र पुण्डीर, समय-साक्ष्य, देहरादून, 2015 ई., पृ. -33
9. रौंत्याओं जौनपुर, संपादन- पवन कुमार गुप्ता, प्रकाशक- सिद्ध (सोसायटी फॉर इण्टीग्रेटेड डेवलपमेन्ट ऑफ हिमालय), लण्ढ़ोर कैन्ट, मसूरी, 2003 ई., पृ.- 26
10. गायक-राजेश रावत, ग्राम- टटोर नैनबाग, जौनपुर, टिहरी गढ़वाल, लिंक - https://youtu-be/mlVDqqqqqizDJrQ

❑❑❑

हे.न.ब.गढ़वाल (केन्द्रीय) विश्वविद्यालय श्रीनगर, उत्तराखण्ड, ई. मेल-Mallbinita04@gmail.com, मो. 8449872931; पता-कैनतुरा निवास, साउथ रोड़, लैंडर बाजार, अनुपमा होटल के नजदीक, मंसुरी, उत्तराखंड-248179

मुर्तिकला में चामुण्डा के विभिन्न स्वरूपों का अंकन-उत्तर भारत के विशेष संदर्भ में

—प्रभात कुमार
—कल्पना देवी

चामुण्डा के प्रादुर्भाव से सम्बन्धित कथानक देवीमहात्म्य, वायुपुराण, स्कन्दपुराण, वामनपुराण, मत्स्य पुराण, शिव पुराण, देवीभागवत तथा वराह पुराण आदि में मिलते है। वामनपुराण[16] के अनुसार, शिव ने पार्वती को काली कह पुकारा इस बात से रुष्ट होकर देवी हिमालय में तपस्या करके ब्रह्मा जी से सुशील स्वरुप प्रदान करने का आशीष प्राप्त किया।

मानव मस्तिष्क की सर्वोत्तम कल्पना, कला है। कला के माध्यम से मानव अपने विचारों को मूर्तिमान रुप प्रदान करता आ रहा है। मानव सभ्यता के विकास के साथ-साथ कलात्मक विकास में भी अभिवृद्धि हुई। कलात्मक विकास में संस्कृति, धार्मिक विचारों, आदर्शो तथा अनुभवों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। धर्म की सन्देशवाहिका के रुप में मूर्तिकला के क्षेत्र ने सहायिका की भूमिका प्रदान की हैं। इसके माध्यम से भारतीय जीवन तथा धार्मिक पद्धति को प्रदर्शित करती कलात्मक आकृतियों का निर्माण किया गया जिसे प्रतिमाओं या मूर्तियों की उपमा प्रदान की गई। विविध पूजनीय देवों एवं देवियों को शक्ति का परिचायक मानकर उनके स्वरुप के विभिन्न आयामों को प्रस्तुत किया गया। इसी सन्दर्भ में देवियों को समर्पित प्रस्तरप्रतिमाओं को निर्मित किया गया। भारतीय धर्म एवं संस्कृति में शक्ति की पूजन परम्परा प्राचीन काल से प्रचलन में रही है, जो वर्तमान समय तक भारतीय समाज में विद्यमान है। भारत में इसके अस्तित्व की झलक सैन्धव सभ्यता से देखी जा सकती है। शक्ति की पूजा त्रि-समुदायों शैव, वैष्णव तथा शाक्त में विशेष रुप से प्रचलन में रही है। इसके अतिरिक्त तंत्र सम्प्रदाय में भी देवी उपासना का विशेष स्थान रहा है। देवियों की पूजन परम्परा में प्रारम्भिक काल से ही रौद्र तथा सौम्य रुपों का प्रचलन प्रमुखत: रहा है। देवी के रौद्र रुप में चामुण्डा का प्रमुख महत्व है, इसका उद्‌भव चण्ड तथा मुण्ड नामक दैत्यों के संहार हेतु हुआ। इसकी उत्पत्ति से सम्बन्धित आख्यान पौराणिक ग्रंथों में उपलबध है, जिससे इसकी प्राचीन ऐतिहासिकता की सार्थकता प्राप्त होती है। भारतीय कला के विभिन्न आयामों विशेषत: मूर्तिकला के माध्यम से इसके विभिन्न स्वरुपों जिनमें कृशोदरी, मातृका, समान्य स्त्री तथा नृत्यरत रुप को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से देवी के चामुण्डा रुप को माध्यम बनाकर उत्तर भारत से प्राप्त होने

वाली प्रतिमाओं के विभिन्न स्वरुपों का अध्ययन करना है। इसके साथ ही इन प्रतिमाओं में प्रदर्शित पौराणिक तथा प्रतिमाशास्त्रीय लक्षणों पर भी प्रकाश डालना प्रमुख उद्देश्य रहेगा।

बीज शब्द:- रौद्र, कराल वदना, रक्तदंती, ज्वालानेत्र, भैरवी, कपालमालिनी, नाटेश्वरी

प्रस्तावना

चामुण्डा देवी के रौद्र रुप को प्रदर्शित करती हैं। मातृकाओं में इसका प्रमुख स्थान है, जिनकी संख्या सप्त, अष्ठ या षोडश है। इसके अतिरिक्त चौसठ योगिनियों में भी इसका प्रमुख स्थान है। चामुण्डा का सम्बन्ध शिव से है। शिव के समान संहारक रुप से सम्बन्धित होने के कारण इन्हें योगेश्वरी की संज्ञा दी गई है।[1] यह रुप देवी ने सृष्टि की रक्षा के लिए दैत्यों के विनाश हेतु धारण किया। चामुण्डा का वर्णन पौराणिक ग्रन्थों में मिलता है जिनमें मार्कण्डेय पुराण, मत्स्य पुराण, अग्नि, लिंग, वामन, ब्रह्मवैवर्त पुराण, कालिका पुराण आदि प्रमुख है। इसके अतिरिक्त शिल्पशास्त्रीय ग्रन्थों में भी इसके स्वरुप का वर्णन किया गया है, जिसमें प्रमुख ग्रन्थ विष्णुधर्मोत्तर, बृहतसंहिता, अपराजितपृच्छा, रुपमण्डन, शिल्प-रत्न, देवतामूर्तिप्रकरण, मानसार तथा श्रीतत्त्वनिधि प्रमुख है। इसे रुद्रचर्चिका[2], रुद्रचामुण्डा[3], महालक्ष्मी[4], सिद्वचामुण्डा[5], सिद्वयोगेश्वरी[6], रुपविद्या[7], क्षमा[8] तथा दन्तुरा[9] काली[10], कृष्णा[11] चण्डिका[12], रक्तचामुण्डा[13], रक्तदंती[14], योगेश्वरी[15] आदि नामों से वर्णित किया गया है।

चामुण्डा उत्पत्ति से सम्बन्धित पौराणिक कथानक-

चामुण्डा के प्रादुर्भाव से सम्बन्धित कथानक देवीमहात्म्य, वायुपुराण, स्कन्दपुराण, वामनपुराण, मत्स्य पुराण, शिव पुराण, देवीभागवत तथा वराह पुराण आदि में मिलते है। वामनपुराण[16] के अनुसार, शिव ने पार्वती को काली कह पुकारा इस बात से रुष्ट होकर देवी हिमालय में तपस्या करके ब्रह्मा जी से सुशील स्वरुप प्रदान करने का आशीष प्राप्त किया। स्वर्ण स्वरुप प्राप्त कर अपने कृष्णवर्ण का त्याग कर पार्वती वापिस अपने निवास चली गई। यह कृष्णवर्णा कौशिकी व कात्यायनी के नाम से जगत प्रसिद्ध हुई। इन्द्र ने कौशिकी को विन्ध्य पर्वत पर वास करके देवों की रक्षा करने की प्रार्थना की जिससे वह विन्ध्यवासिनी कहलाई। अत: यही देवी चण्ड तथा मुण्ड नामक दैत्यों के संहार के लिए चामुण्डा कहलाई। देवीभागवतपुराण[17] में देवी कौशिकी की उत्पत्ति शुम्भ तथा निशुम्भ के बढ़ते अत्याचारों के अंत के लिए हुई। यही देवी उग्र रुप धारण कर चण्ड-मुण्ड नामक दैत्यों का संहार करके चामुण्डा के नाम से प्रसिद्व हुई, परन्तु इसकी उत्पत्ति का अत्यंत सुन्दर वर्णन मार्कण्डेय पुराण में वर्णित है। मार्कण्डेय पुराण[18] के देवीमाहात्म्य खण्ड में वर्णित है कि देवों तथा असुरों के संग्राम में पीड़ित देवगण हिमालय पर्वत पर देवी से सहायता लेने के लिए गए। उन्होंने देवी की स्तुति की। उनकी प्रार्थना को सुनकर देवी ने उनसे आने का कारण पूछा। इतना पूछते ही देवी के शरीर से एक अन्य देवी उत्पन्न हुई जिसे शिवा, अम्बिका या कोश से उत्पन्न होने के कारण कौशिकी की उपमा दी गई। कौशिकी की देह से पृथक् हो जाने पर पार्वती ने श्यामवर्ण धारण कर लिया; यही अम्बिका, कालिका के नाम से हिमालय में वास करने लगी। देवी के सौन्दर्य की अतुलनीय व्याख्या असुर महाराज ने शुम्भ तथा निशुम्भ के समक्ष की। असुर राजाओं ने अपने दूत चण्ड तथा मुण्ड को देवी को

अपने समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भेजा। दूतों ने देवी को अपने असुर राजा के विषय में बताया। देवी ने उन्हें उत्तर देते कहा कि मेरा पाणिग्रह वह व्यक्ति ही कर सकेगा, जो मुझे रणक्षेत्र में पराजित करेगा। देवी की यह बात जब दूतों ने असुर महाराज के समक्ष प्रस्तुत की तो क्रोधवश असुर राज ने युद्ध हेतु चण्ड तथा मुण्ड नामक दूतों को देवी के समक्ष भेजा। दूतों को देख देवी ने क्रोधवश उग्रस्वरुप धारण कर लिया। क्रोधित देवी के शरीर से भयावाही कालवदना, नरमुण्डमाला पहने देवी कालिका उत्पन्न हुई। इसके हाथ में खट्वांग तथा कंकालस्वरुपा, व्याघ्रचर्मधारिणी, मुख खुला जिह्वा लपलपाती हुई नेत्र क्रोध से लाल तमतमाती हुई थी। वह अपने वाहन सिंह पर विराज होकर असुर चण्ड की तरफ बढ़ी तथा केशों से पकड़कर उसके शीश को धड़ से अपनी तलवार से काट दिया। चण्ड का वध होते देख मुण्ड देवी की तरफ क्रोधवश बढ़ा। देवी ने अपनी तलवार के एक वार से उसे मृत्यु की गोद में सुला दिया। दैत्य सेना का संहार कर तथा चण्ड-मुण्ड के सिर काटकर वह कौशिकी के पास गई। कालिका के इस कृत्य से प्रसन्न होकर देवी ने इसे 'चामुण्डा' नाम से जगत प्रसिद्व होने का आशीर्वाद दिया। इस प्रकार देवी महात्मय में देवी का संहारक रुप प्रस्तुत होता है। देवी के स्वरुप का वर्णन मार्कण्डेय पुराण में इस प्रकार से किया गया है-

काली करालवदना विनिष्क्रान्तासिपाशिनी।। 6
विचित्रखट्वांड्गधारा नरमालरविभूषणा ।
द्वीपिचर्मपरीधना शुष्कमांसातिभैरवा।। 7
अतिविस्तारवदना जिह्वाललनभीषणा ।
विमग्रा रक्तनयना नादापूरितदिड्गमुखा ।।8

मार्कण्डेयमहापुराण/6-8/71

चामुण्डा के प्रतिमा शास्त्रीय लक्षण-

पौराणिक एवं प्रतिमा शास्त्रीय ग्रन्थों यथा मत्स्य पुराण, मार्कण्डेयपुराण, अग्निपुराण, रुपमण्डन, अपराजितपृच्छा, देवतामूर्तिप्रकरण आदि में इसके प्रतिमा स्वरुप के लक्षणों का वर्णन किया गया है; विष्णुधर्मोत्तर पुराण[19] में इसे भीमा, लम्बस्तना; रुपमण्डन[20] में क्रूररुपा, भयावहा, कृष्णा, निर्मांसा, कृशोदरी; मार्कण्डेयपुराण[21] में शुष्कमांसा तथा स्कंदपुराण[22] में वृश्चिकोदरी कहा गया है। यह उर्ध्वकेशी[23], पिंड्गकेशी[24], ज्वालाकेश[25] का वर्णन किया गया है। यह त्रिनेत्री[26], भीमनेत्री[27], रक्तनयना[28] के रुप में वर्णित है। चामुण्डा के उत्तरीय तथा अधोवस्त्र में गजचर्म[29] तथा व्याघ्रचर्म[30] प्रमुख है। इसके आयुधों का वर्णन अग्निपुराण[31] में डमरु, शक्ति, शूल, नागपाश, खेटक, कुठार, घण्टा तथा गदा प्रमुख है। रुपमण्डन[32] में खेटक, खड्ग, धनुष, त्रिशूल, बाण, पाश, अंकुश, घण्टा, शंख, दण्ड, धनुष, कुठार तथा हल/लांगल का वर्णन किया गया है। अपराजितपृच्छा[33], में दर्पण, कुठार तथा मुदगर का वर्णन किया गया है। इसके वाहनों में प्रमुखतः शव, प्रेत, काक, गदर्भ, उलूक आदि प्रमुख है। मत्स्य पुराण[34] में गदर्भ, पूर्वाकारणागम[35] में उलूक तथा काक का उल्लेख मिलता है।

उत्तर भारतीय कला में चामुण्डा के स्वरुप–

चामुण्डा प्रतिमाओं की प्राप्ति मूर्त्तिकला के क्षेत्र में गुप्तकाल से होती है। प्रारम्भिक प्रतिमाएं लगभग चौथी शताब्दी से मिलनी प्रारम्भ होती है। गुप्तोत्तर काल में इसका स्वरुप मातृका के रुप में विकसित हुआ। समयानुसार इसके स्वरुप में परिवर्तन होता गया। इसके स्वरुप की प्रमुख विशेषताएं अग्रलिखित है, जो उत्तर भारतीय कला शैली में मिलती है।

कृशोदरी स्वरुप - गुजरात (बडबल)

चामुण्डा के कृशोदरी स्वरुप की प्रतिमाएं स्थानक आसन तथा नृत्य शैली में निर्मित होती हैं। इन प्रस्तर प्रतिमाओं में गुजरात के बडबल नामक स्थान से प्राप्त है। यह चतुर्भुजी स्थानक द्धिभंग मुद्रा में उकेरित प्रतिमा वर्तमान समय में बडौदा विश्वविद्यालय के संग्रहालाय (चित्र संख्या 1) में है।[36] 9वीं शताब्दी की इस प्रतिमा के अग्र दक्षिणकर में अध:कर्तरी एवं उर्ध्वकर में कपाल है। वामोर्ध्व भुजा मुड़ी हुई है, जिसमें खटवांग सदृश्य आयुध को दबाया गया है। इसी भुजा के हस्त की कनिष्ठ को दांतों में दबाया है। भुजाओं में कंगन का भी अंकन किया गया है। शेष अग्र वाम हस्त खण्डित अवस्था में है। देवी का स्वरुप उग्र, गर्त्ताक्षी, त्रिनेत्रा, लम्बकर्णा तथा अस्थिाभूषणों से सुशोभित है। देवी के केश नरमुण्ड जटामुकुट से बंधे है। गले में सर्पमाला पहने हुए शुष्कपयोधर तथा संकुचित उदर से युक्त शारीरिक संरचना है। इसके दाहिनें कंधे से सरकती हुई खण्डित मुण्डमाला का अंकन सदृश्य है। इसके खण्डित अवस्था में मुण्डमाला पहने है। इसके कमर से अधोवस्त्र को सर्प की सहायता से बांधा गया है। प्रतिमा का निम्न भाग खण्डित अवस्था में है। इस प्रकार इसके वाहन के बारे में निश्चित रुप से कहा नहीं जा सकता। इस प्रकार इसके वाहन के बारे में निश्चित कहा नहीं जा सकता। इसका स्वरुप अग्निपुराण[37] में वर्णित चामुण्डा के विषयक से साम्य रखता है। यद्यपि प्रस्तुत प्रतिमा खण्डित अवस्था में है। परंतु इसके लक्षण जैसे त्रिनेत्री, चतुर्भुजा, ज्वालानेत्र तथा व्याघ्रचर्म परिधान का अंकन इसका साम्यकरण अग्निपुराण में वर्णित चामुण्डा लक्षणों से करता है।

मातृका स्वरुप - (पटना)

चामुण्डा के विभिन्न स्वरुपों में मातृका का स्वरुप अत्यंत लोकप्रिय है। अधिकांश मातृका पट्ट में इसका अंकन; ब्रह्माणी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही तथा इन्द्राणी के साथ किया जाता है। मातृका स्वरुप में इनकी गोद में शिशु का अंकन दृश्यमान होता है। स्वतंत्र रुप से चामुण्डा की प्रतिमाएं दुलर्भ प्राप्त होती है। शिशु के साथ मातृका स्वरुप का अंकन सरायकेला से प्राप्त चामुण्डा प्रतिमा में दृश्यी है। वर्तमान समय में यह पटना संग्रहालय[38] में संरक्षित है। (चित्र सं0 2) चतुर्भुजी इस चामुण्डा की गोद में बालक का अंकन है। इसके अध: दक्षिण कर में कर्तरी, उर्ध्व दक्षिाहस्त में नर की आकृति तथा वामोर्ध्व हस्त में नरमुण्ड तथा अग्र वामहस्त में बालक को थामे हुए हाथ में सर्प का अंकन है। ज्ञातवत है कि कपाल का अंकन नहीं किया गया। इसका मुख खुला, ज्वालानेत्र, भयावाही तथा लम्बकर्णो से युक्त है। इसके उर्ध्वकेश ज्वाला की भांति ऊपर की ओर उठे हुए है। इसके स्तन लटकते हुए तथा पेट अंदर की ओर धंसा हुआ है। 12 वीं शताब्दी की यह प्रतिमा मांसल संरचना से रहित है। पूर्वाकारागम[39] में उलूक

वाहन का अंकन किया गया है। पौराणिक ग्रंथ मत्स्य पुराण में भी इस सम्बन्धित अंकन मिलता है।

नृत्य स्वरुप - (आहाड़ संग्रहालय)

चामुण्डा के नृत्य स्वरुप की प्रतिमाएं अतिअल्प प्राप्त होती है, इस संदर्भ में आहाड़ संग्रहालय[40] की प्रतिमा प्रमुख है। यह नृत्य मुद्रा में है। (चित्र सं0 3) इसके दक्षिणाग्र हस्त में कर्तरीधारी, दक्षिणोर्ध्व हस्त में त्रिशूलधारिणी, वामोर्ध्व हस्त मुख के निकट है, जिसकी मुड़ी हुई भुजा में खटवांग को दबाए जाने का अंकन किया गया है। इसके वामाध: हस्त में कपाल को धारण करने का अंकन किया गया है। यह व्याघ्रचर्म अधो: परिधान से सुशोभित है। यह कंकाल स्वरुपिणी, मुण्डमालाधारिणी, जटामुकुट तथा सर्पाभूषणों से युक्त है। है। इसके पैरों के पीछे प्रेत का अंकन है। यह स्वरुप अपराजितपृच्छा[41] में वर्णित चतुर्भुजी चामुण्डा से साम्य रखता है।

सौम्य स्वरुप - (राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली)

सौम्य रुपिणी चामुण्डा की प्रतिमाओं की प्राप्ति दुलर्भ है, इस सन्दर्भ में राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली[42] में संरक्षित चामुण्डा प्रतिमा प्रमुख है। (चित्र सं0 4) यह प्रतिमा मध्यप्रदेश की है। यह 12वीं शताब्दी की परमारकालीन प्रतिमा है। यह स्थानक मुद्रा में अवस्थित है। दशभुजाओं से युक्त यह द्विभंग मुद्रा में प्रेत पर खड़ी है। इसके अग्र दक्षिण एवं वाम करों में कपाल को थामे हुए वाम कर की उँगली कपाल में डुबोए प्रदर्शित है। इसके दक्षिण तीन हस्तों में त्रिशूल डमरु तथा खड्ग है। इसी प्रकार वाम हस्तों में खेटक, कमण्डल और खटवांग है। शेष दायां तथा बायां हाथ खण्डित है। यह प्रभामण्डल से युक्त करण्ड मुकुट धारिणी, कानों में कुण्डल तथा गले में हारों से अलंकृत है। इसके पैरों में भी आभूषण का अंकन है। निम्न दाएं पार्श्व में खड़ा हुआ पुरुष त्रिशूलधारी है तथा बाएं पार्श्व में खड़ा अनुचर प्रेत के मुख में छेनी डालकर हथौड़े से प्रहार कर रहा है। चण्डी देवी के इस स्वरुप का वर्णन प्रतिमा शास्त्रीय ग्रन्थों[43] में भी किया गया है।

उलूकवाहिनी स्वरुप - (खजुराहो)

चामुण्डा के उलूक वाहिनी स्वरुप की प्रतिमाएं प्राय: उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश से प्राप्त होती है। यह लगभग 8 वीं शताब्दी से मिलनी प्रारम्भ होती है। यह चतुर्भुजी, अष्टभुजी, द्वाद्वशभुजी तथा षोडशभुजी रुप में प्राप्त होती है। इसी सन्दर्भ में खजुराहों की द्वाद्वशभुजी उलूकवाहिनी चामुण्डा दर्शनीय है। वर्तमान समय में स्थानीय संग्रहालय[44] में संरक्षित है। (चित्र सं0 5) इसकी अधिकांश भुजाएं खण्डित अवस्था में है। अवशिष्ट भुजाओं में एक दो हाथ खड्गधारी तथा बायां खेटकधारी है। इसके दक्षिण तथा वाम पार्श्व में स्त्री अनुचरों का अंकन अत्यंत सुंदर कलात्मक ढंग से किया गया है। इसके अतिरिक्त पशुओं का भी अंकन किया गया है। उलकू तथा चामुण्डा का अंकन मांसल संरचना से युक्त है। इसका स्वरुप कालिका पुराण[45] में वर्णित षोडशभुजी चामुण्डा प्रतिमा से साम्य रखता है, जिसका वर्णन कालिका पुराण में पर्णित योगिनी स्वरुप से सुमेलित है।

तांत्रिक प्रभाव से युक्त-

चामुण्डा की प्रतिमाओं में कपाल में मत्स्य का अंकन सदृश्य होता है। मत्स्य का सम्बन्ध तांत्रिक सम्प्रदाय से जोड़कर देखा जाता है। मत्स्य की गणना पञ्चमकारों यथा: मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा तथा मैथुन में होती है।[46] इस प्रकार की प्रतिमाएं राजस्थान में मिलती है। इनमें राजपूताना संग्रहालय की प्रतिमा जो चन्द्रावाती से प्राप्त की गई है, जो इस रुप को प्रस्तुत करती है।[47] इसके दाएं उर्ध्व हस्त में त्रिशूल, वामोर्ध्व हस्त मुख के निकट है, जिसकी भुजा में खटवांग को दबाया गया है। निम्न दक्षिणाहस्त में मुण्ड को पकड़े जाने का अंकन है तथा अग्रवाम हस्त में कपाल का अंकन है, जिसमें मछली को अंकित किया गया है। यह प्रेतवाहिनी है, तथा इसके दाहिने पाद के पास सियार का अंकन किया गया है।[48]

अष्टचामुण्डा स्वरुप-

चामुण्डा के अष्टस्वरुपों के बारे में विस्तृत वर्णन अग्निपुराण में मिलता है। इन अष्ट स्वरुपों में रुद्रचर्चिका, रुद्रचामुण्डा, महालक्ष्मी, सिद्धचामुण्डा, सिद्धयोगेश्वरी, रुपविद्या, क्षमा तथा दन्तुरा के नाम वर्णित है।

रुद्रचर्चिका:-

अग्निपुराण[49] में चामुण्डा के अष्ट प्रकारों का वर्णन है। इस पुराण में रुद्रचर्चिका को छठ भुजाओं से युक्त दर्शाया गया है। इसके पैर और मुख ऊपर की ओर होते है। इसके दो उर्ध्व (उपर) हाथों में गजचर्म, अन्य हाथों में कपाल, शूल, कर्त्तरी (कटार) तथा पाश होता है। प्रस्तुत चामुण्डा प्रतिमा राजस्थान (नागदा)[50] के सास-बहू मंदिर की है। (चित्र सं0 6) यह षड्भुजी चामुण्डा अर्धपर्यक आसन्न मुद्रा में आसीन है। इसके दक्षिण हस्तों में एक वरद मुद्र में, कर्तरी धारी तथा अन्य त्रिशूल से युक्त है। वाम हस्तों की उर्ध्व भुजा मुड़ी हुई, जिसकी कनिष्ठा को मुख में डाले हुए तथा अन्य खटवांग तथा कपाल को पकड़े हुए प्रदर्शित है। यह भयावाही, शुष्कपयोधरा, कंकालस्वरुपिणी तथा कृशोदरी है। इसका जटामुकुट मानव मुण्ड से अलंकृत है। यह मुण्डमाला पहने तथा सर्पाभूषणों से सुशोभित है। इसके आसन्न के रुप में प्रेत का अंकन है। यह पेट के बल न लेटकर अग्र भाग से भुजा का सिर को सहारा दिए लेटा है। इसका यह स्वरुप अग्निपुराण की रुद्रचर्चिका से साम्य रखता है।

रुद्रचामुण्डा:-

रुद्रचामुण्डा[51] अष्टभुजी देवी है। इसके छ: आयुध रुद्रचर्चिका की भांति हैं। सिर तथा डमरु धारण करके यह रुद्रचर्चिका, रुद्रचामुण्डा की कहलाती है। इसे नृत्य स्वरुप में नाटेश्वरी कहा जाता है। झालवाड़ संग्रहालय[52] (चित्र सं0 7) की मूर्ति की गणना इस रुप के अधीन की जा सकती है। 10 वीं शताब्दी की प्रस्तुत चामुण्डा अष्टभुजी, रौद्ररुपिणी, कृशोदरी, कंकालस्वरुपिणी, लम्बस्तना तथा स्थानक मुद्रा में है। यह प्रतिमा लगभग 10वीं शताब्दी की है। दोनों उर्ध्व हाथों में नवगृहों के पट्ट को उठाए जाने का अंकन किया गया है, दक्षिण एवं वाम हस्त में लिए गए पुरुष का अंकन स्पष्ट नहीं है। शेष दोनों हाथों में कर्तरी तथा शव है। दो वाम हस्तों के आयुध खण्डित है। इसके वाहन के रुप में प्रेत/शव के स्थान पर दाएं पार्श्व में श्रृंगाल अंकित है। यह

नरमुण्डमाला धारिणी तथा यज्ञोपवीत से अलंकृत है। नवग्रहों में राहु के अतिरिक्त अन्य ग्रहों के मस्तक खण्डित हो चुके है।

महालक्ष्मीः-

महालक्ष्मी[53] रुद्रचामुण्डा की भांति है परन्तु इसके एक के स्थान पर चार मुख है अर्थात् रुद्रचामुण्डा की बैठी हुई चतुर्मुखी प्रतिमा का स्वरुप महालक्ष्मी कहलाता है। चामुण्डा के महालक्ष्मी रुप की मूर्त्तियां अत्यंत दुलर्भ पाई गई है। नागपुर संग्रहालय[54] की एक चामुण्डा प्रतिमा इस सन्दर्भ में दर्शनीय है। इसके तीन मुख तथा छः भुजाएं है। यह स्थानक मुद्रा में प्रेत पर खड़ी है। दाएं हाथ में कर्तरी, खड्ग, और त्रिशूल है तथा बाएं हाथ में एक खण्डित अवस्थता में तथा दूसरे का आयुध स्पष्ट सदृश्य नहीं है। केवल तीसरा हस्त कपाल से युक्त है। यह विकरालमुखी, निर्मांसा तथा कृशोदरी है। त्रिमुख जटाजूट है। यह विकरालमुखी निर्मांसा तथा कृशोदरी त्रिमुखी एवं जटाजूट है। यह नरमुण्डों तथा भुजंगावरणों से युक्त है। तीनों मुखों के पीछे चौथे की कल्पना की जा सकती है। इसका कुछ साम्य अग्निपुराण में वर्णित चामुण्डा से कुछ साम्य रखता है।

सिद्धचामुण्डाः-

सिद्धचामुण्डा[55] का वर्णन हाथ में विद्यमान मनुष्य तथा महिष को खाते हुए किया गया है। इसके दस हाथ और त्रिनेत्र है। दक्षिण हस्तों में कृपाण तथा तीन डमरु तथा वाम हस्तों में घण्टा, खेटक, खटवांग तथा त्रिशूल धारण किए हुए है। यह रुद्रचर्चिका की भांति दोनों हाथ में गजचर्म धारण करती है। राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली[56] में संग्रहीत एक पालकालीन प्रतिमा है। (चित्र सं0 8) यह दस भुजाओं से युक्त है। दस भुजाओं से युक्त यह वृक्ष के नीचे पद्मासन पर ललितासन मुद्रा में बैठी है। यह रौद्रमुखी, शुष्क पयोधरा, कृशोदरी तथा कंकाल स्वरुपिणी है। इसके शरीर की अस्थियां और शिराएं दृश्यी है। यहां भी देवी की मुखाकृति रौद्र, पयोधर शुष्क, उदर कृश एवं शरीर कंकाल मात्र है। शरीर की अस्थियां और शिराएं दिखाई देती है। इसके दोनों उर्ध्व करों से मस्तक के पीछे गजचर्म को फैलाये जाने का अंकन किया गया है। वे दोनों उर्ध्व करों से मस्तक के पीछे गजचर्म को फैलाये है। उनके अन्य शेष दाएं हाथों में से दो कर्तरी और खड्गधारी है एवं दो खण्डित है तथा बाएं हाथों में से एक खण्डित है। अन्य शेष दाएं हाथों में से दो कर्तरी, खड्ग, दो हस्त खण्डित अवस्था में तथा बाएं हाथों में से एक खण्डित है। यह यज्ञोपवीत, नरमुण्डों की माला एवं भुजंगाभरण से अलंकृत है। इसके आसन के नीचे प्रेत वाहन है। वृक्ष की शाखाओं पर पक्षी बैठे हुए है और नरमुण्ड लटके हुए है। पाद पीठ के मध्य में हाथों एवं नरमुण्डों से युक्त कुण्ड तथा पार्श्वो में उलूक और शव का भक्षण करते हुए गृध, श्वान का अंकन किया गया है। यह दृश्य चामुण्डा के शमशान का दृश्य करता है जिसमें चामुण्डा वास करती है।

सिद्धयोगेश्वरीः-

अग्निपुराण में सिद्धयोगेश्वरी[57] का वर्णन सब प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करने वाली देवीशक्ति के रुप में उल्लेखित है। इसकी बारह भुजाएं (द्वाद्वशभुजी) है। इस देवी के आयुध

उपरोक्त सिद्धचामुण्डा की भांति है; देवी के हाथ में पाश तथा अंकुश से युक्त देवी के आयुध पूर्ववत ही है। द्वाद्वशभुजी चामुण्डा की मूर्तियां सिद्धयोगेश्वरी के रुप के अन्तर्गत अध्ययन की जाती है। रीवा (चित्र सं0 9) से प्राप्त लगभग 10वीं शताब्दी की मूर्ति[58] कराल नेत्रा, भग्न नासिका, लम्बओष्ठ, करालदंतों, कृशोदरी, दोनों करों से शव को मस्तिष्क के ऊपर धारण किए हुए; कपाल, डमरु, खटवांग, चाप तथा नरमुण्डों से युक्त है। यह प्रेतवाहना नृत्य मुद्रा में मुण्डमालाधारिणी तथा अन्य सामान्य आभूषणों से युक्त है।

रुपविद्या:-

रुपविद्या[59] द्वाद्वशभुजाओं से युक्त है। रक्तवर्ण के पाश तथा अंकुश को धारण करके यह भैरवी कहलाई। अत: यह द्वाद्वशभुजी देवी है जो रौद्र रुप में श्मशान में निवास करती है। इसके आयुधों का कोई उल्लेख नहीं किया गया । प्राय: द्वाद्वशभुजी चामुण्डा प्रतिमाओं को सिद्वयोगेश्वरी के रुप में वर्णित किया जाता है।

क्षमा:-

क्षमा[60] द्विभुजी और वृद्व स्त्री के रुप में शृंगालियों से घिरी हुई है।, क्षमा-चामुण्डा के इस रुप का वर्णन उड़ीसा और बंगाल में प्रमुखत: मिलता है। इस प्रकार की प्रतिमाओं में बंगाल के बर्दवान[61] से 8 वीं शताब्दी की है। यह द्विभुजी वृद्ध स्त्री के रुप में कूल्हों के बल पर आसीन है। इसका दायां हाथ खण्डित अवस्था में है तथा बायां आसन पर अवस्थित है। यह कराल नेत्रां, उग्रदंता तथा क्षीणदेहा है। इसके पादपीठ के बायीं ओर गदर्भ का अंकन है।

दन्तुरा:-

चामुण्डा के इस रुप (दन्तुरा)[62] का वर्णन अधिकांशतय: कला क्षेत्र में नहीं मिलता है। दीनाजपुर की चामुण्डा प्रतिमा इस रुप से साम्य रखती है।[63] चामुण्डा का यह रुप बंगाल की अधिकतर चामुण्डा प्रतिमाओं में पाया जाता है। यह घुटनों के बल बैठी हुई है जिसका दायां हाथ दायें घुटने पर तथा बायां हाथ सतह पर स्पर्श करता है। देवी के काकपक्ष के समान केश अवस्थित है। पादपीठ पर गदर्भ पर अंकित है।

निष्कर्ष-

प्राय: रौद्र रुप में प्रदर्शित चामुण्डा का कला में अंकन प्रतिमाओं के माध्यम से किया गया है। कला में यह अंकन प्रतिमाशास्त्रीय ग्रंथों के आधार पर किया गया है। मूर्त्तिकला के क्षेत्र में इसकी प्रतिमाएं गुप्तकाल से मिलने लगती है, परंतु गुप्तोत्तर काल में इसका स्वरुप विकसित अवस्था में मिलने लगता है। सर्वप्रथम द्विभुजी, चतुर्भुजी तथा फिर कला के क्षेत्र में विकास होने के साथ-साथ यह अष्ट, दश तथा षोड्श भुजा के रुप में विकसित होते-होते। इसके शारीरिक स्वरुप में भी परिवर्तन हुआ। मांसल संरचना के अतिरिक्त यह सामान्य स्त्री रुप में कला में निर्मित की जाने लगी। 12 वीं शताब्दी तक आते-आते इसका सौम्य स्वरुप भी भारतीय कला के रुप में देखने को मिलते है। समयानुसार परिवर्तन इसके स्वरुप, आयुधों, वाहनों तथा देखने को मिलता है। उत्तर भारत में प्रमुखत: कृशोदरी, मातृका, सौम्य, तांत्रिक प्रभाव से युक्त तथा अधिकांशत: एक हाथ की उंगली को मुख में डाले दर्शाया गया है। इसके अधिशेष अग्निपुराण

से साम्य रखते नृत्य गजचर्मधारिणी, शव तथा नवगृहपट्ट को उर्ध्वहस्तों से पकड़े जाने का अंकन किया गया है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि उत्तर भारतीय कला में क्षेत्रीय विभिन्नता इसके स्वरुपों तथा वाहनों द्वारा आंकी जा सकती है। यद्यपि यह प्रतिमाएं प्रतिमाशास्त्रीय ग्रंथों के अनुरुप शिल्पियों द्वारा उकेरित की गई है।

साभार –

द्वितीय लेखिका (कल्पना देवी), भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रदत्त अध्येता वृत्ति का आभार व्यक्त करती है; जिसके सहयोग से शोधार्थिनी ने शोध पत्र का कार्य पूर्ण किया।

संदर्भ सूची :

1. शर्मा, आचार्य श्रीराम. (1970) मत्स्य पुराण (द्वितीय खण्ड), बरेली, उ0 प्रदेश. संस्कृति संस्थान. पृ0 465
2. द्विवेदी, आचार्य शिवप्रसाद. (2014). अग्निपुराणम् (हिन्दी व्याख्या सहित). दिल्ली. चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान. पृ0 124, 31–37
3. तथैव
4. तथैव
5. तथैव
6. तथैव
7. तथैव
8. तथैव
9. तथैव
10. अवस्थी, भगवानदास. 1942. श्री मार्कण्डेयपुराण. प्रयाग:ज्ञानलोक प्रकाशन.पृ0 71

    काली करालवदना विनिष्क्रान्तासिपाशिनी।।6।।

    विचित्रखट्वांड्गधारा नरमालरविभूषणा ।

    मार्कण्डेयमहापुराण/6/71
11. श्रीवास्तव, बलराम (अनुवादक). 1989, रुपमण्डन. वाराणसी: मोतीलाल बनारसीदास, पृ0 264
12. तथैव
13. तथैव
14. तथैव
15. पूर्वोक्त, 43/अग्निपुराण
16. आचार्य, श्रीराम शर्मा. (2015). वामनपुराण (भाग 2), विनियाकोत्त्पतिवर्णन. बरेली.संस्कृत संस्थान. पृ0 20
17. विद्याभास्कर, पं सरयूप्रसादशास्त्री द्विजेन्द्र गार्ग्यमुनि रुपेश ठाकुर प्रसाद. 2014. श्रीमद्देवीभागवत पुराण. वाराणसी. प्रसाद प्रकाशन. पृ. 651
18. पूर्वोक्त, श्रीमार्कण्डेयपुराण. पृ0 176
19. शाह, प्रियावाला (अनुवादक). 1990. विष्णुधर्मोतरपुराण. (खण्ड–3). अहमदाबाद. दी न्यू ऑर्डर बुक, पृ0 214/73–30
20. पूर्वोक्त, रुपमण्डन

    चण्डिका क्रूररुपा च पिड्गकेशा कृशोदरी।

    व्याघ्रचर्म परीधाना भुजंड्गाभरणान्विता।।40/264

21. पूर्वोक्त, मार्कण्डेयमहापुराण
द्वीपिचर्मपरीधना शुष्कमांसातिभैरवा।। 7/71
22. वृश्चिकैरग्निपुञ्जाभैर्गोन सैश्च विभूषिता।।
त्रैलोक्यपूरयामास विस्तरेणीच्द्रयेण च।।
स्कंदपुराण/(34-37/389)
23. पूर्वोक्त, अग्निपुराण
चामुण्डा कोटराक्षी स्यान्निर्मासा तु त्रिलोचना।।
निर्मासा अस्थिसारा व उर्ध्वकेशी कृशोदरी।
(21/50/अग्निपुराण)
24. पूर्वोक्त, रुपमण्डन
चण्डिका क्रूररुपा च पिङ्गकेशा कृशोदरी।
व्याघ्रचर्मपरीधाना भुजङ्गाभरणाविन्ता।।
रुपमण्डन/39-41/264
25. विद्युतज्वालाकुला रौद्रा विघुदाग्निनिभेक्षणा।34
मुक्तकेशी विघालाक्षी कृशग्रीवा कृशोदरी।।
स्कंदपुराण/34/385
26. पूर्वोक्त, अग्निपुराण, 21/50
27. पूर्वोक्त रुपमण्डन
चण्डिका क्रूररुपा च पिड़ग्केशा कृशोदरी।
रक्ताक्षी भयेनेत्रा द्धभीमनेत्राऋ च निर्मासा विकृतानना।।36।।
28. पूर्वोक्त, मार्कण्डेयमहापुराण
विमग्रा रक्तनयना नादापूरितदिङ्ग्मुखा ।।8/71
29. पूर्वोक्त, श्रीमद्द्देवीभागवत पुराण. पृ0 651
निष्क्रान्ता च तदा काली ललाटफलकाद् द्रुतम।।39।।
व्याघ्रचर्माम्बरा क्रूरा गजचर्मोत्तरीयका।
30. वही
व्याघ्रचर्माम्बरा क्रूरा गजचर्मोत्तरीयका।
मुण्डमाला घोरा शुष्कवापीसमोदरा।।40।।
श्रीमद्द्देवीभागवतपुराण/40/651
31. पूर्वोक्त, अग्निपुराण (1/50/अग्निपुराण)
32. पूर्वोक्त, रुपमण्डन
त्रिशूल खेटकं खड्गं धनु: पाशाङ्कुशौ शर:।।
41/264
33. जुगनू, श्रीकृष्ण शर्मा, भंवर, अपराजितपृच्छा, पार्ट-2, परिमल पब्लिकेशन, दिल्ली। पृ0 1351
स्फुरन्नयदंष्ट्रा च विकृत नखरानना।। 2।।
त्रिशूलखड़ग्खेटाश्र्च धनुर्बाणश्र्च पाशक:।
अड़्कुशाच्श्रैव घण्टा च तथा दर्पणवज्रकौ।
दण्ड: कुठारशङ्खौ च चक्रं गदा च मुदग्र।। 3।।
34. पूर्वोक्त, मत्स्य पुराण, पृ0 465

मस्तिष्काक्तं च गिणानां शक्तिकां दक्षिणे करे।।
गृधस्था वायस्था वा निर्मासा विनतोदरी।
करालवदना तद्वत् कर्तव्या सा त्रिलोचना।।
चामुण्डा बद्वघण्टा वा द्वीपिचर्मधरा शुभा।

35. राव, गोपीनाथ टी0 ए0. पूर्वकारणागमे: ऐलीमेंटस आफ हिन्दू आइकनोग्राफी. वाल्यूम1 पार्ट 2. एपेंडीक्स सी, प्रतिमालक्षणानि. पृ0 152
कौशिकारोहिणी- काक वासौ चामुण्डा गृहकेतुका।।
मांसलखण्डसुसम्पूर्ण कपालं वामपाणिभाक्।
36. भट्टाचार्य, यू0 सी0.1960-61. कैटालॉग एण्ड गाइड टू राजपूताना म्यूजियम. पार्ट 1. अजमेर, राजस्थान. पृ0 36
37. पूर्वोक्त, अग्निपुराण (21/50/अग्निपुराण)
38. पटना संग्रहालय, संख्या 10821
39. पूर्वोक्त, पूर्वाकाराणागम, पृ0 152
40. आहाड़ संग्रहालय, संख्या 03
41. पूर्वोक्त, अपराजितपृच्छा
कर्णे कपालमाला च मुण्डखट्वाड़शूलका:।
निर्मासा कूररुपा च चामुण्डा दशनोज्ज्वला।।15।।
42. राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली, 66.13
43. जैन, पं0 भगवानदास (हिन्दी अनुवादक), हूजा, रीमा (आंग्ल अनुवाद). (1999). देवतामूर्तिप्रकरणम् (हिन्दी, अंग्रेजी अनुवाद), जयपुर, प्राकृत भारती अकादमी पृ0 266
निगद्यतेह्यथो चण्डी हेमभासा सुरुपिणी।
त्रिनेत्रा यौवनस्था च पीतपीनपयोधरा।। 94।।
44. खजुराहों संग्रहालय, ए0 आई0 आई0 स0, गुरुग्राम
45. गौतम, चमनलाल. कालिका पुराण. (द्वितीय खण्ड) बरेली, उ0 प्र0, प्रकाशक संस्कृति संस्थान, पृ0 265, 60/61/62
46. गोर्डियान, टी0. गुप्ता, संयुक्ता. (1981). हिन्दू तांत्रिक एण्ड शाक्ता लिटरेच. वाल्यूम 2. ओटो हैरासोवित्ज़ विस्बाडेन, पृ0 84
47. पूर्वोक्त, भट्टाचार्य यू0 सी0. पृ0 36
48. वही, राजपूताना म्यूजियम, अजमेर सं0 302
49. गजचर्मभृदर्वास्यापादा स्याद्रद्रुचर्चिका।।
(31/50/अग्निपुराण)
50. नागदा, ए0 आई0 आई0 स0, गुरुग्राम
51. सैव चाष्टभुजा देवी शिरोडमरुकान्विता।।
तेन सा रुद्रचामुण्डा नाटेश्वर्यथ नृत्यती।।
(32/50/अग्निपुराण)
52. झालवाड़ संग्रहालय, सं0 28, ए0 आई0 आई0 स0, गुरुग्राम
53. इयमेव महालक्ष्मीरुपविष्टा चतुर्मुखी।
(32/50/अग्निपुराण)
54. डिस्क्रीपटिव लिस्ट आफ एग्सीविटस इन द आर्कियोलाजिकल सेक्शन ऑफ दी नागपुर म्यूजियम. इलाहाबाद. द पियोनर प्रेस. पृ0 18-19

55. नृवाजिमहिषेभोश्च खादनी च करे स्थिताम।
दशबाहुस्त्रिनेत्रा च शस्त्रासिडमरुत्रिकम।।
बिभ्रती दक्षिणे हस्तेवामेघण्टां च खेटकम।
खटवांड्ग च त्रिशूल च सिद्व चामुण्डा।
(34/50/अग्निपुराण)
56. राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली, सं0 63.934
57. सिद्वयोगेश्वरी देवी सर्वसिद्धिप्रदायिका।
एतद्रूपा भवेदन्या पाशाङ्कुशतारुणा।।
(35/50/अग्निपुराण)
58. रीवा, ए0 आई0 आई0 स0, गुरुग्राम
59. भैरवी रुपविद्या तु भुजैद्वाद्वशभिर्युता।
एता: श्मशानजा रौद्रा अम्बष्टकमिंद स्मृतम।।
(36/50/अग्निपुराण)
60. क्षमा शिवावृता वृद्वा द्विभुजा विवृतानना।
(37/50/अग्निपुराण)
61. मजूमदार आर0 सी0, 1943, दी हिस्टरी आफ बंगाल, वाल्यूम 1, दी यूनिवर्सिटी ऑफ डेक्का, पृ0 455
62. दन्तुरा क्षेमकारी स्याद भूमो जानुकरा स्थित।
(37/50/अग्निपुराण)
63. जयसवसल, कुसुमकुमारी. (1992). उत्तर भारत की प्राचीन हिन्दू देवी–मेर्तियां. दिल्ली. आत्माराम एण्ड सन्स, पृ0 216

फलक सं0 1

चित्र संख्या-1:
गुजरात (बडबल)
(साभार ए0 आई0 आई0 एस0, गुरुग्राम)

चित्र संख्या-2:
पटना संग्रहालय
संख्या-10821

फलक सं0 2

चित्र संख्या-3:
आहाड़ संग्रहालय
संख्या-03

चित्र संख्या-4
राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली
संख्या- 66 13

फलक सं0 3

चित्र संख्या-5
खजुराहों
(साभार ए0 आई0 आई0 एस0, गुरुग्राम)

चित्र संख्या-6
नागदा
(साभार ए0 आई0 आई0 एस0, गुरुग्राम)

फलक सं0 4

चित्र संख्या-7
झालवाड़ संग्रहालय
(साभार ए0 आई0 आई0 एस0, गुरुग्राम)

चित्र संख्या-8
साभार राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली
संख्या- 63.934

फलक सं0 5

चित्र संख्या-9
रीवा, म0 प्र0
(साभार ए0 आई0 आई0 एस0, गुरुग्राम)

' ए0 आई0 आई0 एस0- अमेरिकन इंस्टिट्यूट फॉर इण्डियन स्टडीज़

❒❒❒

प्रोफेसर, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग, गुरुकुल काँगडी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार, उतराखण्ड।
शोधछात्रा, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग, गुरुकुल काँगडी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार, उतराखण्ड।
devikalpna09@gmail.com, Mob. No. 9548306679, पता: हरबंस लाल, मकान नं. ई.बी.-89, सेक्टर-3, तेल्लवारा, मुकेरियाँ, होशियारपुर-144216

कैलाश बनवासी की कहानियाँ और भूमंडलीकरण

—डॉ. बी.एन. जागृत
—अनवर खान

''दुर्ग छत्तीसगढ़ का कुशल कहानीकार कैलाश बनवासी कहानी 'बाजार में रामधन' के कारण चर्चा में आया। नामवर सिंह के अनुसार इस वर्ष की यह सबसे श्रेष्ठ कहानी है। कहानी का कथ्य लोहे की तरह मजबूत है।

''बीसवीं सदी के आखिरी दशक में परिवर्तन और विकास की जिस प्रक्रिया ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया, वह था भारत में सन् 1991 के बाद शुरू हुआ आर्थिक उदारीकरण और भूमंडलीकरण का दौर। इसका स्पष्ट और मुखर प्रभाव आज जीवन के हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। विश्व भर के इतिहास में भूमंडलीकरण सर्वथा नई परिघटना का संकेत दे रहा है। इस परिघटना के तहत दुनिया अपने राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों के द्वारा नवीन रूप में उभर रही है। भूमंडलीकरण की विकास की प्रक्रियाओं ने समकालीन समय और समाज को बड़ी गहराई के साथ प्रभावित कर यथार्थ में परिवर्तन किया, जिसे आखिरी दशक के नई पीढ़ी के समकालीन रचनाकारों ने गंभीरता के साथ अपनी कहानियों का विषय बनाया है। भारतीय समाज एवं व्यवस्था व यथार्थ में परिवर्तन के अनेक तत्कालीन एवं ऐतिहासिक कारण थे, परंतु भूमंडलीकरण और बाज़ारवाद ने उसे एक निश्चित दिशा देने में अहम भूमिका निभाई है।''[1]

''सोवियत संघ का विघटन, भूमंडलीकरण, धार्मिक कट्टरता, संचार-क्रांति, वर्तमान राजनीति का प्रभाव साहित्य जगत पर बेहिसाब पड़ा है। बीसवीं सदी के आखिरी दशक में हिंदी कहानी की एक बड़ी रचनाशीलता भूमंडलीकरण की प्रक्रिया और उसके प्रभावों से गहरा संवाद और प्रतिरोध करते हुए बढ़ी है। पिछले दशक में दाखिल नई युवा पीढ़ी ने भूमंडलीकरण से उत्पन्न स्थितियों को गहराई से अनुभव किया है। गाँव, कस्बा और शहर के जीवन और समाज के बीच बाहरी और भीतरी बदलाव, इस दौर के महत्वपूर्ण कहानियों के विषय बनते हैं।''[2]

''नवलेखन अंकों की सुदीर्घ परंपरा से चुन-छन कर आये हैं। इन्हीं कथाकारों की परत-दर-परत बनती है भूमंडलोत्तर समय की कथा पीढ़ी अक्टूबर 2004 में प्रकाशित 'वागर्थ' की नव-लेखक अंक की अगली परत थी, जिसके महत्वपूर्ण नामों में मनोज कुमार पांडे, चंदन पांडे, विमल चन्द्र, आशुतोष मिश्र,

कैलाश बनवासी, पंकज सुबीर, विमलेश त्रिपाठी, दीपक श्रीवास्तव, मो. आरिफ, कुणाल सिंह एवं राकेश मिश्र का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है।''[3]

समकालीन कहानी व्यापक विषय, परिप्रेक्ष्य और संवेदनाओं को समेटती है। एक तरफ स्वयं प्रकाश, अखिलेश, ज्ञानरंजन, प्रियंवद, शेखर जोशी, हिमांशु जोशी जैसे वरिष्ठ कथाकारों की कहानियाँ है, तो बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों के आस-पास से लिखने वाले उदय प्रकाश, पंकज मित्र, कैलाश बनवासी, मनीषा कुलश्रेष्ठ, नीलम कुलश्रेष्ठ, पंखुरी सिन्हा, अनिता भारती, सूर्यनाथ, एस.आर. हरनोट, नीलाक्षी सिन्हा, अल्पना मिश्र, संजय खाती, चन्दन पांडे, रणेन्द्र आदि नवोदित लेखक हैं, जो विभिन्न विषयों, संवेदनाओं को अपनी कहानियों में दर्ज कर रहे हैं।

आधुनिक युग के यथार्थ को सहज और सीधे ढंग से प्रस्तुत करने वाले कहानीकारों में कैलाश बनवासी का नाम प्रमुख है, उन्होंने समकालीन यथार्थ को अपने साहित्य का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने भूमंडलीकरण के बाद की स्थिति को अपनी कहानियों का विषय बनाया है। मौजूदा समय बहुत ही जटिल हो चुका है। बाज़ारवाद का जाल शहर से लेकर गाँव-देहात तक अपने पैर पसार चुका है। हमारे तीज-त्यौहार, रीति-रिवाज, खान-पान, शिक्षा-दीक्षा, बोली-बानी सब कुछ आज बाज़ार की चपेट में है। छत्तीसगढ़ अंचल को आधार बनाकर लिखी गई भूमंडलीकररण से सबंधित कैलाश बनवासी की कहानियाँ वर्तमान समय की अनेक दृश्यों को हमारे समक्ष प्रस्तुत करती है।

कैलाश बनवासी अपनी लेखनी के माध्यम से हिंदी साहित्य में एक अलग ही पहचान रखते हैं। उनकी कहानियाँ में समाज में घटित यथार्थ के अनेक पहलू उजागर हुए हैं और वह यथार्थवादी कहानी परंपरा के दायरे में क्षमतावान लेखन के रूप में हमसे मुखातिब होते हैं। दुर्ग छत्तीसगढ़ का यह कुशल कथाकार सबसे पहले चर्चा में आया कहानी 'बाजार में रामधन' के कारण। ग्रामीण जीवन के विविध पहलुओं को उजागर करने का काम कैलाशी ने अपनी कहानी 'बाजार में राममधन' में किया है। कैलाश बनवासी की अब तक पाँच कहानी-संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें- 1. 'लक्ष्य तथा अन्य कहानियाँ' (1999), 2. 'बाजार में रामधन' (2004), 3. 'पीले कागज की उजली इबारात' (2008), 4. 'प्रकोप तथा अन्य कहानियाँ' (2015), 5. 'जादू टूटता है' (2019)।

कैलाश बनवासी की इन कहानियों में वर्तमान समय की तमाम विसंगतियाँ, यथा- वैश्वीकरण और बाजारीकरण के खेल को आधार देती बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भूमिका, शिक्षा का व्यवसायीकरण, भारत के हिंदू-मुस्लिम संबंधों की जमीनी हकीकत आदि जैसे विषय की प्रस्तुतीकरण इन्हें औरों से अलगाता है। कैलाश बनवासी वर्तमान भारत में व्याप्त समस्याओं को छत्तीसगढ़ अंचल से जोड़कर उसे एक अलग रूप देते हैं। संग्रह की पहली कहानी 'इस समय चिड़ियों के बारे में' बाजारवाद के बढ़ते कदम और मल्टीनेशनल कंपनियों की चालाकियों को उजागर करती है। कहानी बहुत साधारण तरीके से बाजार के बीच ले जाती है, यह दृश्य कोई नया नहीं है। वर्षो से हम यह सब देखते-सुनते और इसमें सहभागी बनते रहे हैं। पिछले कुछ दशकों से त्यौहार का जैसा बाजारीकरण हुआ है, उससे कोई भी अछूता नहीं है। कहानी हमें बहुत सहज तरीके से हमारा देखे-सुने दृश्य दिखाती है और हमें लगता है सच बिल्कुल ऐसा ही होता है। मगर

बाजार में छत्तीसगढ़ अंचल की ग्रामीण व्यवसायी औरतें जो पहले से व्यवसायी नहीं थी, समय के अनुसार बाजार में अपने श्रम के बदले त्यौहार के लिए पैसा जुगाड़ लेने की चाहत में बाजार के बीच आती हैं, परंतु यह पैसे के बदले मिले शोषण पर वे महिलाएँ ही नहीं पाठक भी हतप्रभ रह जाता है। अपनी बिक्री से ज्यादा टैक्स चुकाते इन जैसे तमाम श्रमजीवियों की दीवाली और बाजार द्वारा प्रचारित दीवाली का फर्क साफ नज़र आने लगता है और कहानी में बाजार के संदर्भ में इस कथन से बाजारवाद का उद्देश्य भी सार्थक हो उठता है- ''ये दे जतना के बेचे रहेंव तेनो ल कुपन वाला मन झटक के लेगे। अइसना में ते काला कमाबे बहनी। और हर कम्पनी दीवाली पर कुछ-न-कुछ दे रही है- नारियल फोड़ो ऑफर, फटाका फोड़ा आँफर, स्क्रैच एण्ड विन ऑफर । हमारे दीवाली मनाने की हमसे ज्यादा चिन्ता इन कम्पनियों को हो गई है और यह भी कि हमारा दीवाली मनाता इन्हीं चमकदार हँसते-गाते बेफिक्र चेहरों द्वारा संचालित है। मैं तय नहीं कर पाता - दीवाली हमारी होती है या इनकी।''[4]

''दुर्ग छत्तीसगढ़ का कुशल कहानीकार कैलाश बनवासी कहानी 'बाजार में रामधन' के कारण चर्चा में आया। नामवर सिंह के अनुसार इस वर्ष की यह सबसे श्रेष्ठ कहानी है। कहानी का कथ्य लोहे की तरह मजबूत है। नवीन एवं पुरानी पीढ़ी के संघर्ष के माध्यम से कृषि-संस्कृति को बनाये रखने के लिए कथाकार जी-जान से वकालत करते हैं। किसानों के लिए गाय, बैल, गाँव, जमीन उनकी अस्मिता की निशानी होते हैं। 'बाजार में रामधन' कहानी बाजार के चक्रव्यूह को दिखाती है। कहानी का पात्र मुन्ना पढ़-लिख कर भी बेरोजगार है और उसे बैल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यहाँ पर आज भूमंडलीकरण के दौर में एक बात ध्यान देने लायक है, आज का पढ़ा-लिखा शिक्षित वर्ग उद्योग-धंधों को तो सम्मानजनक समझता है, लेकिन खेती करना निकृष्ट कार्य समझता है। ये कैसी विचारधारा है। वह बेकार बैठा रहेगा, लेकिन काम नहीं करेगा। इसमें कैलाश बनवासी ने रामधन के द्वारा बाजार-तंत्र का पूरा खाका खींचा है और रामधन का अपने बैलों को न बेचना इस अर्थतंत्र को विफल करना है। 'बाजार में रामधन' कहानी के माध्यम से कहानी के इतिहास में पहली बार बैलों और मनुष्य के रिश्तों को इतनी बारीकी से कहानी के प्रमुख केंद्र-बिंदु में रखा गया है और उसका व्यक्ति से वार्तालाप करते दिखाया गया है। ये सभी विशेषताएँ कैलाश बनवासी को अन्य कहानीकारों से अलग व परिपक्व तथा उनकी मानसिक सोच को प्रकट करता है।''[5]

वर्तमान समय में जीवन-मूल्य तेजी से बदल रहा है। आधुनिकता से आक्रांत मनुष्य की जीवन-शैली ने नगरों से लेकर जीवन तक को प्रभावित किया है। पूँजीवाद व्यवस्था ने जिस तरह कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर जीने वाले एक बड़े समूह को उनके अस्तित्व को ही चुनौती दे डाली। यह आज के आधुनिक युग का चिंतनशील एवं विचारणीय विषय है, जिस पर युवा कथाकार कैलाश बनवासी की नज़र गई और उनके कथा-संग्रह 'बाजार में रामधान' में दिनों-दिन बढ़ते जा रहे, शक्तिशाली हो रहे बाजार के दबावों की सुगमता से पड़ताल की माँग की गई है। प्रेमचंद युग में उनकी कहानियों का मुख्य पात्र भारतीय किसान थे और उन किसानों का सामंतवादी किस तरह ञोषण करते थे, जिसकी व्याख्या इन कहानियों मं दिखती है। ठीक उसी तरह 21वीं सदी में सामंतवादी ताकतों की जगह भूमंडलीकरण पूँजीगत बाजार ने ले ली है, जो लोक-अर्थव्यवस्था को तहस-नहस करने पर तुली है। भारतीय किसानों की पारिवारिक पृष्ठभूमि

एवं उन पर बढ़ते दबावों की संवेदना को जिस तरह से कैलाश बनवासी व्यक्त करते हैं, यह पाठक का ध्यान अपनी ओर खींचती है।

कैलाश बनवासी के कहानी-संग्रहों में चतुर्थ कहानी-संग्रह 'प्रकोप तथा अन्य कहानियाँ' है, जिसक प्रकाशन 2015 में हुआ। बनवासी का यह नया कथा-संग्रह इनके पिछले संग्रहों से हटकर है। बदलते सामाजिक संरचना में जो तेजी से जुड़ता जा रहा है, कथा के माध्यम से कथाकार ने उसे ही समग्रता में कैद करके पाठकों के सामने रख दिया है। संकलन में कुल नौ कहानियाँ संग्रहित है। सब के केंद्र-बिंदु में आज जूझती, समर्पण करती, अपने होने को स्थापित करती व बलिदान करती स्त्रियाँ हैं। अत: इसी अंतर्वस्तु को उद्‌घाटित करने के तहत उक्त संकलन को समर्पित भी उन्हें ही किया है, मानो अघोषित तौर पर कथाकार ने एक ओर शीर्षक ही दे दिया हो संकलन का।

उक्त संकलन में कहानीकार ने भारतीय कृषक जीवन की तकलीफों, विद्रुपताओं, विडम्बनाओं के साथ ही उनके परिवार के साथ होने वाले समस्त अमानवीय व्यवहार के बीज को उद्‌घाटित किया है। कैलाश बनवासी अपने समय, समाज एवं परिवेश के प्रति प्रतिबद्ध कथाकार हैं, जिसकी अभिव्यक्ति पूरी गंभीरता के साथ इनकी कहानियों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

इसी क्रम में कैलाश बनवासी का नवीन एवं पाँचवाँ कहानी-संग्रह 'जादू टूटता है'। वर्ष 2019 में प्रकाशित हुआ है, जिससे पाठक काफी प्रभावित हुए। उक्त संग्रह के अनेक कहानियों का संदर्भ शिक्षा और शिक्षा संस्थानों से है, जहाँ विसंगतियाँ एवं मूल्यहीनता पनप रही है, जहाँ भूमंडलीकरण के कारण पूँजी के वर्चस्व व्यवसायिकता पसर रही है। कहानीकार खुद शैक्षणिक पेशे से आते हैं, इसलिए ये कहानियाँ यथार्थ से परिचित कराती है। "कैलाश बनवासी की कहानियाँ एक तरह से यथार्थ से आक्रांत कहानियाँ हैं। उनकी कहानियाँ भूमंडलीकरण युग के बाजारवादी और उपभोक्तावादी प्रभावों को प्रकट करती है, जिनसे शहर का मध्यवर्ग सबसे अधिक ग्रसित है। मल्टीनेशनल कंपनियाँ लोगों में पैसा कमाने की हवस पैदा कर उनकी सोच और चेतना को जकड़ रही है। उनके प्रति भी चिन्ता व्यक्त करती है।"

अंतत: हम यह कह सकते हैं कि कैलाश बनवासी भूमंडलीकृत कहानीकार के रूप में हमारे सामने उपस्थित होते हैं। वे बहुत संवेदनशील, ईमानदार वैचारिक प्रतिबद्ध कथाकार हैं, जो लेखन का प्रतिफल समाज की यथार्थता को चित्रित करने में विश्वास करते हैं।

संदर्भ सूची :

1. खेतान, प्रभा. बाजार के बीच बाजार के खिलाफ. दिल्ली : वाणी प्रकाशन, 2004; 11.
2. खरे, नीरज. कहानियों की इबारत में इस उजले समय के स्या रंग. परिकथा : नवम्बर-दिसम्बर, 2005; 94.
3. बिहारी, राकेश. अतिक्रमण से उत्पन्न समय सत्यों का अन्वेषण. संवेद पत्रिका विशेषांक, 2013; 13.
4. शुक्ल, उर्मिला. विसंगतियों की उजली इबारत. पुस्तक-वार्ता, जनवरी-फरवरी, 2010; 17.
5. कैलाश बनवासी. बाजार में रामधन संग्रह. गाजियाबाद : अंतिका प्रकाशन, 2008; 20-21.
6. परिकथा. नवम्बर-दिसम्बर, 2009; 32.

❑❑❑

निर्देशक, सहा. प्राध्यापक (हिंदी), शास. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छ.ग.)

शोध-छात्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.); पता-वार्ड नं. 9, कुम्हार पारा अम्बागढ़ चौकी, जिला-राजनन्द गांव, छत्तीसगढ़-491665, मो. 9770492518

हिंदी सिनेमा में चित्रित नारी के विभिन्न रूप

—डॉ लालीमोल वार्गिस

हिंदी साहित्य और हिंदी सिनेमा में सामान्य रूप से महिलाओं का चित्रण बहस और चर्चा का विषय रहा है। दशकों से हिंदी सिनेमा उस समय और परिदृश्य को प्रतिबिम्बित करनेवाला दर्पण रहा है, जिससे राष्ट्र गुजरा है। हाल के वर्षो में भारतीय सिनेमा में महिलाओं के लिए एक खुशी का दौर देखा गया है, क्योंकि उन्हें अब थिएटर में दर्शकों को आमंत्रित करने के लिए किसी पुरुष सुपर स्टार की आवश्यकता नहीं है। हर युग में सिनेमा में नारी पात्रों की भूमिका बदलती आ रही है। इसकी शुरुआत आजादी के पश्चात् बनी हिंदी फिल्मों से देखी जा सकती है।

ऐसा ही एक फिल्म है 14 फरवरी 1957 को रिलीज हुई फिल्म मदर इंडिया। इसका निदेशक ग्रेट इंडियन डायरेक्टर महबूब खान है। भारतीय सिनेमा के शुरुआती दौर से आने वाली यह क्लासिक फिल्म अपने समय की एक पथ प्रदर्शक फिल्म थी। इसमें राधा के रूप में नरगिस एक गरीब ग्रामीण है जो अपने दो बेटों के लिए सभी बाधाओं से लड़ती है। उसे गांवों द्वारा न्याय के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

सन 1960 के समय का दौर ही अलग था। स्त्री केवल एक भोग विलास की वस्तु तक रहकर चित्रित हो गई थी। उसकी अपनी पहचान या किसी भी मंशा की पूर्ति साध्य नहीं थी। 1987 में रिलीज हुई केतन मेहता द्वारा निर्देशित 'मिर्च मसाला' एक साधारण महिला सोनिया की कहानी है जो स्मिता पाटील द्वारा निभाई गई है जो शक्ति शाली सत्ता (सूबेदार) को न कहने का विकल्प चुनती है, खुद को बुरी नजर से बचाने के लिए। गांव की मुखिया की पत्नी दीप्ति नवल का चरित्र एक साहसी स्त्री के रूप में हुआ है जो विद्रोह करती है अपने पति के खिलाफ, अपनी बेटी को शिक्षित करने के लिए, अत्याचार के खिलाफ। वास्तव में प्रतिगामी समय में महिला सशक्तिकरण की एक प्रभावशाली कहानी है।

समाज में स्त्रियों से हमेशा से यही अपेक्षा रही है कि अपने प्रति हो रहे अत्याचारों को चुपचाप ऊह तक किए बिना सहे। गरीब औरतें तो अमीरों के हाथों खिलवाड़ की वस्तु बन गयी थी। पुरुष की इस पाशविक मनोवृत्ति की झलक 'दामिनी में संजीव ढंग से प्रकट हुई है।

उस दौर में महिलाओं को इतनी आजादी नहीं थी कि वह अपनी पहचान बनाये, अपने अस्तित्व की इमारत खड़ी कर सके। इसका एक ज्वलंत उदाहरण है, ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म अभिमान। 'अभिमान' एक ऐसी महिला की कहानी है जो अपनी शादी के लिए, अर्थात अपने वैवाहिक जीवन को सफल बनाने या अच्छी गृहिणी बनने की कोशिश करने से कहीं ज्यादा संगीत से प्यार करती है। परंतु उसके पति का अहं उसके सपनों की आहुति देने पर मजबूर करता है।

समाज में स्त्रियों से हमेशा से यही अपेक्षा रही है कि अपने प्रति हो रहे अत्याचारों को चुपचाप ऊह तक किए बिना सहे। गरीब औरतें तो अमीरों के हाथों खिलवाड़ की वस्तु बन गयी थी। पुरुष की इस पाशविक मनोवृत्ति की झलक 'दामिनी में संजीव ढंग से प्रकट हुई है। दामिनी गरीब परिवार की औरत होने के कारण, उससे यह अपेक्षा की जाती है कि अपने पति के घर में हुए बलात्कार को देखकर वह रहे। उसके खिलाफ आवाज न उठाए। स्वयं अपने पिता द्वारा पागल साबित किए जाने पर भी दामिनी की आक्रोशता को कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाता। यह महिला शक्ति और उनकी मानसिक दृढ़ता का उदाहरण दर्शाने वाला फिल्म है।

आर्थिक विपन्नता महिलाओं को देह व्यापार की ओर ले जाती है। उसका मांसल शरीर सोने के भाव में बिकता है। मधुर भंडारकर की फिल्म इस सत्य का सजीव उजागर करती है। 2001 में रिलीज हुई इस फिल्म ने समाज के विभिन्न विषयों को छुआ और मनुष्य की पशुवत् प्रवृत्ति को सूक्ष्मता से दिखाया।

माता पिता के निधन के बाद मुंबई में अपने अंकल के साथ मजबूर होकर रहने वाली मुमताज का जीवन नरक से भी बदतर बन जाता है। मुंबई के मशहूर गुंडे से वह विवाह करती है। एक औरत के लिए इससे हृदय विदारक घटना और क्या हो सकती है कि जानबूझकर वह ऐसे रिश्ते में फँसे। उसे डांस बार में काम करने मजबूर किया जाता है। अपने बच्चों की देखभाल करती हुई नशे में धुत लोगों के साथ वह नृत्य करती है। वह मन ही मन छटपटाती है। पर इस गंदे पेशे ने उसे जानवरों की तरह जकड़ लिया है, हालांकि वह यह महसूस करती है कि इससे मुक्त होना असंभव है।

मातृत्व की सहज ममता से परिपूर्ण मुमताज यह सोचती है कि अपने पुत्र अभय को वह एक अच्छा मर्द बनाएगी जो उसके पिता से भिन्न होगा। इस गंदी नाली में वह उसे हरगिज गिरने नहीं देगी।

लोग उसकी बेटी पर गंदी नजर के उद्देश्य से इस पेशे पर लाने की बात करते हैं। तब वह क्रोधित हो उठती है।

वह सिसक सिसक कर रोती है। उसके सपने टूटकर चकनाचूर हो जाती है जब वह अपने बेटे द्वारा गोली चलाते हुए देखती है। वह अपने बच्चों में अपना अच्छा भविष्य देखना चाहती थी, लेकिन उसमें वह अपना अतीत ही पाती है। वह अंत में बार में फिर जाकर जुड़ जाती है। अपना वजूद ढूंढते रह जाती है।

रोमांटिक फिल्मों में संजय लीला भंसाली की 'हम दिल दे चुके सनम' में भारतीय स्त्री की संस्कृति की अनुपम झलक नंदिनी किरदार के माध्यम से झलकती है। एक मशहूर गायक की बेटी अपने पिता के शिष्य समीर से प्यार करती है। पर उसका विवाह वनराज वकील के साथ हो जाती है। वह समीर की याद में अपने पति के साथ कठोर व्यवहार करती है। भारतीय संस्कृति में पति परमेश्वर के dialouge से बाहर उसकी सोच अपने प्रेमी समीर पर एकत्रित होती है। वह सोचती है कि इस गठबंधन का कोई अर्थ नहीं है। यह रिश्ता दिल से नहीं जुडा है। वह छुप छुप कर समीर को चिट्ठीयाँ लिखती है। समीर से मिलने वह लंडन तक निकल पडती है। पर जवानी की जोश में भले ही वह बहक जाती है, किन्तु जब पति वनराज स्वयं उसे अपने प्रेमी समीर के साथ मिलाने में लग जाता है तब उसे शर्मिंदगी का अहसास होता है कि यह उसने क्या किया? पत्नी धर्म को कलंकित कर दिया स मंगलसूत्र की पवित्रता प्रश्न चिन्ह बनकर आंखों के सामने आने लगती है। विवाह के पश्चात् पर पुरुष के बारे में सोचना भी भारतीय संस्कृति में निर्लज्ज है। वह चरित्र हीन नारी की गणना का प्रतीक होता है।

उसे वनराज पर गर्व होने लगता है। वह अपने किए पर शर्मिंदा होती है। समीर से मिलने पर वह कहती है कि समीर तुमने मुझसे बहुत प्यार किया। इस कारण तुमसे मिलने के लिए मैं सात समंदर पार कर आई हूँ, पर आज हमारे सामने का यह सात कदम मैं पार नहीं कर पा रही हूँ। तुमने प्यार करना सिखाया पर प्यार निभाना मैंने अपने पति वनराज से सीखा। समीर जब गेले लगता है तब वह निर्जीव होकर खड़ी रहती है, क्योंकि वह सोचती है कि समीर को छूना अब सही नहीं है, क्योंकि वह शादीशुदा है। किसी और की अमानत है। यही भारतीय नारी की विशिष्टता है। वह समीर से कहती है कि मुझे अपने पत्नी धर्म को निभाना है। अब यह मेरी बारी है। उन्होंने अपना धर्म निभाया। पत्नी की इच्छा का साथ दिया। पर मुझे उनके साथ रहकर अपना धर्म निभाना है। यह कहकर वह समीर से अलविदा लेती है।

जातीयता के कारण नारी को जिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है, उसकी करुण यातना का मार्मिक चित्रण, संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म देवदास में सजीव ढंग से पिरोया गया है। इसमें पारो का चित्रण एक स्वाभिमानी युवती के रूप में हुआ है जो प्रेम से बढ़कर अपने आत्मसम्मान को प्रधानता देती है। चंद्रमुखी का पात्र एक अलग अस्तित्व लिए हुए हैं। वह पेशे से वेश्या है। देवदास के अनोखे व्यक्तित्व से प्रभावित होकर वह उस पर मुक्त हो जाती है। वेश्यावृत्ति में मजबूर होकर फँस कर तड़पनेवाली वाली चंद्रमुखी को देवदास पेड़ की उस ठंडी छांव की भांति प्रतीत होता है जहां उसे सुकून मिलता है। वह देव का अत्यंत ख्याल रखती है। पारो की मां का चरित्र इन सबसे अलग रंग के साथ उभरकर पाठकों के दिल में जगह बनाता है। वह आत्म सम्मान से परिपूर्ण स्त्री के रूप में चित्रित हुई है। वह ऐसी मां है जो अपनी बेटी को किसी भी कीमत पर अपना सम्मान नहीं खोने देती है।

वेश्यावृत्ति स्त्री परिस्थिति वश आकर ही स्वीकारती है। मजबूरी उसे इस गंदी गली में धकेल देती है।

'नीरजा' को सोनम कपूर की बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है। फिल्म में प्लेन हाईजैक के दौरान एक एयर होस्टेस किस तरह बहादुरी से अपने नैतिक और सामाजिक कर्तव्य निभाती है इसका बेहतरीन प्रस्तुतीकरण किया गया है। नीरजा की बहादुरी और निर्णय लेने की क्षमता तब भी दिखाई देती है जब उससे भनक लगती है कि आतंकी सारे पासपोर्ट इकट्ठा कर अमेरिकी नागरिकों को मार सकते हैं। वह अपने साथियों के साथ अमेरिकी के पासपोर्ट छिपा देती है और आतंकियों की योजना में बाधा उत्पन्न कर देती है। राम माधवानी द्वारा निर्देशित यह फिल्म स्त्री के धैर्य बुद्धिमत्ता और दृढ़ता का जीता जागता उदाहरण है।

आज की पीढ़ी में कभी कभी स्त्रियों को उनकी शिक्षा को लेकर मतभेद के दायरे में लाया जा रहा है। इसका ज्वलंत उदाहरण है, फिल्म -'इंग्लिश -विग्लिश'। यह ऐसी महिला की कहानी है जो इंग्लिश भाषा में अपने आपको व्यक्त नहीं कर पाती है। शशी नामक किरदार के जरिये सूक्ष्मता के साथ दिखाया गया है कि किस तरह अंग्रेजी नहीं जाननेवाला शख्स Bank, Airport या बड़े होटल जाने से घबराता है। वह एक सफल माँ और गृहिणी है, किन्तु स्वयं उसके बच्चे और पति उनका निरादर करते हैं, क्योंकि वह अंग्रेजी बोल नहीं सकती।

New york में शशि एक restorant में अपने लिए कॉफी खरीदने जाती है तो उससे अंग्रेजी में ऐसी बात की जाती है कि बेचारी घबरा जाती है। अंग्रेजी में जब उसके आसपास लोग बात करते हैं तो उसे नींद आने का बहाना बनाकर वहाँ से उठती है, ताकि उनके बीच वह बेवकूफ न बने। अपनी बेटी के स्कूल में मीटिंग में जाने के लिए भी वह कतराती है क्योंकि बेटी उसे शर्मिंदगी वश डांट ना दे, इस बात का भय उसके मन में रहता है। मगर शशि हार नहीं मानती। वह न्यूयॉर्क जाकर इंग्लिश क्लास में जाती है। वहां अंग्रेजी सीखने का उसका प्रयास कई हद तक सफल भी होता है। वह अपने आप में बदलाव महसूस करती है। वहां का फ्रेंच पुरुष उस की ओर आकर्षित होकर उसकी सुंदरता की तारीफ भी करता है जो उसे अच्छा नहीं लगता। लेकिन इस घटना से वह अपने आप पर अभिमान सा महसूस करती है और उसकी एक नई यात्रा शुरू होती है।

हिंदी सिनेमा का सफर एक लंबी यात्रा से कम नहीं है। आज के बदलते दौर में नारी का रोल वही नहीं रहा। उसके किरदार भिन्न है। जैसे पुराने जमाने के फिल्मों में नारी के मांसल सौंदर्य और रोमांटिक किरदारों की प्राथमिकता थी। उसे डरी, सहमी और संयमशील के रूप में प्रतिष्ठित किया जाता था। उसके चरित्र के विकास को एक सीमा निर्धारित की जाती थी। 'हीरो' के साथ गाना और अंत में विवाह। पर युग में बदलाव के साथ यह दृष्टिकोण भी बदला। नारी अबला नहीं है। वह मर्द के हवस का शिकार नहीं है। उसकी अपनी एक पहचान है, गरिमा है। इसका उदाहरण है राजेश खन्ना की बहूचर्चित सिनेमा 'आराधना'। 1969 में रिलीज हुई आराधना की प्रमुख नायिका वंदना है। इस किरदार को शर्मिला टैगोर द्वारा अति आकर्षक रूप में निभाया गया। वंदना जो अरुण नामक युवक से प्यार करती है और विवाह पूर्व गर्भ धारण कर लेने के कारण उसे कई सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वह अरुण को खो बैठती है अर्थात उनका निधन हो जाता है। वह अपने बच्चे को जन्म देकर उसे पालने का फैसला करती

है। हां यहाँ वंदना का चरित्र एक साहसी युवती के समान हमारे समक्ष उभर कर आता है जो परिस्थितियों से घबराकर नहीं भागती, बल्कि उनका सामना करती है। वह बच्चे को आश्रम में पालने छोड़े बगैर एक दंपति को सौंपती है। अपने मातृत्व को पूरा निभाने वहां वह उस बच्चे की देखभाल करने वाली आया के रूप में काम करती है। अंत में वह अपने बेटे से मिल जाती है। यहीं इस त्यागशील नारी का परिचय खत्म होता है।

1974 में रिलीज हुई कोरा कागज की प्रमुख नायिका अर्चना है। इस किरदार को हिंदी की मशहूर फिल्म अभिनेत्री जया भादुरी ने निभाया। अर्चना पढ़ी -लिखी समझदार और सुशील लड़की है जो कि ऊँचे घराने से है मगर उसमें अमीर होने का गुरुर नहीं है।

वह अपनी मां के आरजू के खिलाफ जा कर सुकेश से प्रेम विवाह तो करती है, पर अपनी मां का दिल ना टूटे इस कारण उनकी बात में हामी भरती है और वही करती है जो माँ चाहती है।

मां का अहं अर्चना की जिंदगी को तहस-नहस कर देता है। वह अपनी मां की बातों में आकर सुकेश के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाती है। सुकेश को समझती भी है लेकिन मां का दिल ना टूटे इसलिए वह खामोश रह जाती है। सिनेमा का अन्य मुख्य पात्र है अर्चना की मां जोकि बहुत घमंडी महिला है उन्हें अपनी दौलत का गुरूर इतना है कि इस कारण अपनी बेटी की जिंदगी तबाह भी हो जाए तो उन्हें इसकी तनिक भी चिंता नहीं। उनकी मान्यता है कि अमीर का रिश्ता अमीर से जुड़े तो वह सफल रिश्ता सिद्ध होगा।

1978 में रिलीज हुई सत्यम् शिवम् सुंदरम् एक औरत की दर्द भरी दस्तान का जीता जागता उदाहरण है। इसकी प्रमुख नायिका रूपा है जिसे बचपन से ही अपने पिता और गांव वालों के ताने का शिकार होना पड़ता है। नाम रूपा होने पर भी वह कुरूप लड़की के नाम से मशहूर है। क्योंकि उसके चेहरे पर एक हादसे के कारण जल जाने के दाग है। उसके कंठ में मा सरस्वती का वास कहा जा सकता है क्योंकि उसकी आवाज में उतनी ही मीठास थी। सारा गांव भोर होते ही उसकी आवाज सुनकर जागता। कोई उससे विवाह करने तैयार नहीं होता। अंत में जब उसका विवाह हो जाता है तब भी वह कई बाधाओं का सामना करती। मगर अपने पिता को तकलीफ ना पहुंचे इस कारण चुप चाप सब कुछ सहती है।

पत्नी होने पर भी उसे प्रेमिका के रूप में राजीव का प्यार हासिल करना पड़ता है। जब वह मां बनती है तो उसे जलील किया जाता है कि वह बदचलन स्त्री है क्योंकि राजीव उसे अपना बच्चा कहने से इंकार कर देता है। नारी की बेबसी का इतना मार्मिक चित्रण कहीं नहीं देखा जा सकता है। वह राजीव को श्राप देकर उसके जीवन से चली जाती है। जब सारा गांव तूफान और बाढ़ से बर्बाद हो जाता है तब राजीव उसे अपना लेता है। अपनी गलती स्वीकार करता है तब सब कुछ पुन: शांत हो जाता है।

हिंदी सिनेमा में समय के साथ-साथ बदलाव आता गया। नायिका को केवल रोमांटिक गीतों तक सीमित कर उन्हें अपने टैलेंट को प्रदर्शित करने का प्लेटफार्म दिया। उसे डरी सहमी और रोमांटिक पात्रों तक सीमित करते हुए सामाजिक प्रश्नों से जूझती हुई स्त्री के रूप में किरदार प्रदान किया जा रहा है नारी में आत्मविश्वास है साहस और धैर्य है बुलंदियों को छूने की

महत्वाकांक्षा है। फिर उसे ऐसे किरदार क्यों न प्रदान किया जाए। आज की पीढ़ी सिनेमा में ज्यादा रुचि रखती है। ऐसे में नारी को प्रेरित कर उसे 'bold role' प्रदान किया जाए तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक साबित होगा। मधुबाला और मीनाकुमारी जैसी अभिनेत्रियों ने यह साबित किया कि फिल्मों में महिलाओं की भूमिका कितना सशक्त है। वैसे तो समाज में हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपना योगदान दिया लेकिन film & industry में नारी की खूबसूरती को कुछ अलग अंदाज से ही दिखाया गया है। हिंदी फिल्मों में महिलाओं को stereo type किरदार निभानी है। उन्हें या तो glamorous girl friend के रूप में दिखाया जाता है। पत्नियों और माताओं का त्याग, भूमिका चाहे जो भी हो, वे पुरुष के लिए एक एकमात्र पत्नी है।

भारतीय मीडिया उद्योग में आये परिवर्तन की लहरों ने हिंदी फिल्म उद्योग में भी प्रवेश किया। उसने हिंदी के लोकप्रिय सिनेमा को 80 के दशक में संचालित करने के तरीके से एक प्रस्थान के रूप में चित्रित किया और जानबूझकर एक उद्योग के रूप में इसे बदल दिया। हिंदी फिल्मों में महिला पात्रों के उपचार में बदलते pattern को समझने के लिए कई फिल्म नमूनों का विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण में यह शामिल है कि किस तरह दर्शकों से विशेष रूप से उदारीकृत भारत में महिलाएं सिनेमा में नारीत्व के बारे में पूर्व कल्पित धारणाओं के अनुरूप रही है। जरूरत इस बात की है कि अधिक से अधिक महिलाओं को मास कम्युनिकेशन प्रोग्रामिंग स्तरों में शामिल किया जाए ताकि उनका दृष्टिकोण उस पुरुष को कमजोर कर दे जो पक्षपाती और गुप्त रूप से दुखदायी है। आज नारी किसी भी मामले में कम और घर की चार दीवारों में कैद नहीं है। वे उच्च शिक्षित है और उच्चतम पदों पर भी आसीन है। आज सिनेमा में किरदार निभाने वाली नायिकाओं को समाज में प्रतिष्ठित होकर देखा जाता है। पुरुष वर्ग उनके 'fan' बनने लगे हैं। समय बदल रहा है और साथ ही साथ लोगों का नजरिया भी बदल रहा है जो हमें भविष्य में अच्छे फिल्मों के लिए प्रेरित करेगा।

संदर्भ सूची :

1. फिल्म मदर इंडिया –1957, निदेशक –मेहबूब खान
2. मिर्च मसाला –1985, निदेशक खेतन मेहता
3. अभिमान –ऋषिकेश मुखर्जी 1973
4. चाँदनी बार –मधुर भण्डारकर 2001
5. हम दिल दे चुके सनम –1999, निदेशक –संजय लीला भंसाली
6. देवदास 1955–बिमल राय
7. नीरजा –2016–राम मधवानी
8. इंग्लिश विंगलिश –2012, गौरी शिन्दे
9. आराधना –1969, शक्ति सामंत
10. कोरा कागज –1974, अनिल गाँगुली
11. सत्यम् शिवम् सुंदरम –1978, राज कपूर

❒❒❒

एसोसिएट प्रोफेसर, राजीव गांधी मेमोरियल कॉलेज, कोटाथारा, जिला–पल्लाकड़, पिन–678521, मो. 9605921067

लोककला और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रदर्शन में संग्रहालयों की भूमिका- (उत्तराखण्ड राज्य के विशेष संदर्भ में)

—प्राची रंगा

वेदों में हिमालय की तलहटी पर बसे हुए गढ़वाल प्रान्त का वर्णन मिलता है। ब्राह्मण ग्रन्थों में बद्रीनाथ का उल्लेख हुआ है।[2] ऐतरेय ब्राह्मण में उत्तरी कुरु प्रदेश का उल्लेख मिलता है। भौगोलिक रूप से डॉ० कटोच के अनुसार गढ़वाल कुमाऊँ और उसके आस-पास का प्रदेश उत्तर कुरु का ही एक अंग था।

भारत के सत्ताईसवें राज्य के रूप में उत्तराखण्ड राज्य का गठन उत्तरप्रदेश से पृथक कर यहां की विशिष्ट भौगोलिक परिवेश एवं पृथक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के कारण किया गया था। यह भारत के पर्वतीय राज्यों में से एक है जिसकी पहचान यहां के भौगोलिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विशिष्टताओं के कारण है अनेक ऋषियों की तपस्थली रहने के कारण इस राज्य को देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। उत्तराखण्ड राज्य की अपनी गौरवशाली ऐतिहासिक परम्परा के साथ-साथ यहां की ग्रामीण संस्कृति भी विशेष है, जो कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में उत्तराखण्ड को अलग पहचान देती है। यहां के पारम्परिक वस्त्राभूषण, खान-पान, लोक संगीत, लोकवाद्य, लोकपर्व आदि अत्यन्त विशिष्ट हैं जिन्हें यहां के सर्वसाधारण समाज के साथ-साथ विभिन्न ग्रामीण, जनजातीय समाजों में आज भी देखा जा सकता है। विभिन्न संस्कृतियों को विलीन करती आधुनिकीकरण एवं भूमण्डलीकरण की प्रक्रिया से लाभ और हानि दोनों ही हमें देखने को मिलती हैं। उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति के विभिन्न अवयवों को सुरक्षित रखने के लिए नवीन पीढ़ी को यहां की ग्रामीण संस्कृति से परिचित कराने के लिए प्रमुख लोकवाद्यों, वस्त्राभूषणों, लोक-साहित्य एवं पाण्डुलिपियों को संग्रहालय में सुरक्षित रखना और प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उत्तराखण्ड के प्रत्येक जिले में एक जिला- संग्रहालय की स्थापना करके यहां के इतिहास एवं ग्रामीण संस्कृति को प्रदर्शित किया जाना चाहिए। जिससे नयी पीढ़ी को अपनी मूल संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिल सके।

मूल शब्द - उत्तराखण्ड, संस्कृति, लोक कला, संगीत, नृत्य, वस्त्राभूषण, संग्रहालय।

उत्तराखण्ड भारत का पर्वतीय राज्य है यह 28°43′ से 31°27′ उत्तरी अक्षांशी व 77°34′ से 81°02′ पूर्वी देशान्तरों के मध्य स्थित है।[1] गढ़वाल कुमाऊँ के उत्तर के तिब्बत, नेपाल

और चीन, दक्षिण में उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद, पीलीभीत, बरेली और बिजनौर जनपद, पश्चिम में हिमाचल प्रदेश तथा पूर्व में काली नदी है, जो कि इसे नेपाल से अलग करती है। उत्तराखण्ड को दो मण्डलों में बांटा गया है गढ़वाल और कुमाऊँ मण्डल पुराणों में गढ़वाल को केदारखण्ड एवं कुमाऊँ को मानसखण्ड कहा गया है।

गढ़वाल मण्डल में हरिद्वार, देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, चमोली एवं रुद्रप्रयाग जिले सम्मिलित हैं। जबकि कुमाऊँ मण्डल में अल्मोड़ा, नैनीताल पिथौरागढ़, चम्पावत बागेश्वर और उधमसिंह नगर शामिल हैं। उत्तराखण्ड का लगभग 90 प्रतिशत भाग पर्वतीय क्षेत्र है, शेष मैदानी है।

वेदों में हिमालय की तहलटी पर बसे हुए गढ़वाल प्रान्त का वर्णन मिलता है। ब्राह्मण ग्रन्थों में बद्रीनाथ का उल्लेख हुआ है।[2] ऐतरेय ब्राह्मण में उत्तरी कुरु प्रदेश का उल्लेख मिलता है। भौगोलिक रूप से डॉ0 कटोच के अनुसार गढ़वाल कुमाऊँ और उसके आस-पास का प्रदेश उत्तर कुरु का ही एक अंग था।[3] हिमालय की गोद में बसे इस राज्य की सबसे बड़ी गढ़वाल एवं कुमाऊँ क्षेत्र के ये विशिष्ट सांस्कृतिक अवयव हैं जो यहां के निवासिया एवं सस्कृति को पूरे देश से अलग बनाते हैं।

उत्तराखण्ड के लोक-साहित्य द्वारा यहां की सांस्कृतिक विरासत के विषय में पर्याप्त जानकारी मिलती है। जिनमें लोकगीत, लोकनृत्य, वाद्ययन्त्र, विभिन्न कलाएं वस्त्राभूषण एवं खान-पान आदि का पूर्ण ब्यौरा प्राप्त होता है। गढ़वाल में थड्या, नांगल, छोपती, लांग मैलो और चौफुला आदि गीत तथा नृत्य परम्परागत रूप से प्रचलित हैं, जबकि कुमाऊँ में छपेली, चांचरी, भगनौल झोडे र संस्कार एवं न्यौली गीतों का प्रचलन मिलता है। विभिन्न प्रकार के मांगलिक कार्यक्रमों एवं उत्सवों आदि पर इस प्रकार के लोक गीतों एवं लोक नृत्यों की परम्परा को सहज रूप से देखा जा सकता है। इन लोक गीतों को और अधिक सरस बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के लोक वाद्ययन्त्रों का प्रयोग किया जाता है। इन वाचयन्त्रों को निम्नलिखित भागों में विभाजित किया जा सकता है-[4]

1. धातु या घन वाद्ययन्त्र - मंजीरा, बि.ाई, करताल, चिमटा, कांसे की थाली, थाली आदि।
2. चर्म वाद्य यंत्र - नगाड़ा, ढोल, हुड़की, हुडका, डौंर, साइया, दमाऊं तबला, डफली आदि।
3. तार या तांत वाद्ययंत्र - एकतारा, सारंगी, दो तारा वीणा आदि।
4. सुषिर या फूंक वाद्ययंत्र - तुरही, रणसिहा, अकोरा, नागफणी, शंख, मोठंग, अलगोजा, मशकबीन आदि।
5. अन्य वाद्ययंत्र - हारमोनियम आदि।

इन वाद्ययन्त्रों का उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति में विशेष महत्व है। बिणाई नामक वाद्ययंत्र को महिलाओं द्वारा ही बजाया जाता है। यह अब सामान्य प्रचलन से बाहर होता जा रहा है। वहीं ढोल का प्रयोग पारम्परिक रूप से देवताओं के जागर, विवाहोत्सव एवं अन्य सभी मांगलिक कार्यो के अवसर पर किया जाता है। यहां पर ढोल का निर्माण तांबे या साल की लकड़ी से किया जाता है जिसकी बाई पुड़ी पर बकरी की खाल तथा दाई पूड़ी पर बारहसिंगा या भैंस की खाल

चढ़ाई जाती है। ढोल उत्तराखण्ड का राज्य वाद्ययंत्र भी है। सामान्यत: ढोल और दमाऊ को साथ-साथ ही बजाया जाता है। उमस को उत्तराखण्ड में डर कहा जाता है। इसका वादन सिर्फ ब्राह्मण पुरोहित द्वारा ही किया जाता है। इसका अधिक प्रचलन हमें गढ़वाल क्षेत्र में देखने को मिलता है।

उत्तराखण्ड अपने विशेष परिधान के लिए भी जाना जाता है। प्रत्येक समाज की तरह उत्तराखण्ड का पहनावा भी यहां की प्राचीन परम्पराओं, लोक विश्वासों, लोक जीवन, जलवायु तथा सामाजिक-आर्थिक स्थिति का दर्पण है। यहां पर मूलत: दो प्रकार के परिधान पाये जाते हैं जिन्हें कुमाऊनी एवं गढ़वाली परिधानों के रूप में विभाजित किया गया है। कुमौंऊनी पुरुषों द्वारा पारम्परिक रूप से धोती कुर्ता पैजामा, सुराब, कोट, भोटू कमीज टाक और टोपी को पहने का प्रचलन है। जबकि महिलाओं द्वारा घगरा, लंहगा, आंगड़ी, खान चोली, थाती आदि पहना जाता है। बच्चों को सामान्य रूप से झागुलि, झागुल कोट, संतराथ आदि वस्त्र पहनाये जाते हैं। गढ़वाली पुरुषों द्वारा पारम्परिक रूप से धोती, चूड़ीदार पजामा, सफेद टोपी, पगडी, वास्कट, गुलबंद, मिरजई आदि धारण किया जाता है, जबकि महिलाएं आंगड़ी गाती, धोती आदि चस्त्रों को धारण करती हैं।[5] विभिन्न प्रकार के उत्सवों मेलों एवं मांगलिक कार्यक्रमों के अवसर पर इन सभी वस्त्रों का प्रयोग हम उत्तराखण्ड में सहजता से देख सकते हैं।

वस्त्रों के साथ-साथ आभूषणों का भी अत्यधिक महत्व है। गढ़वाल एवं कुमाऊं के विभिन्न गीतों में यहां के आभूषणों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती है जिनमें शिरोभूषण के रूप में सीसफूल मांगटीका, बांदी (गढ़वाल में अधिक प्रयोज्य) बाली (बीरा बाली, छोकरों बाली, पतली बाली) आदि प्रमुख हैं। नासिकाभूषणों में नथ; नथुली, बुलॉक (बुलाँकी), लौंग, बीरा एवं बिड का महत्वपूर्ण स्थान है। कर्णाभूषणों में कुण्डल, बल्ली, मुनडे, कनफूल उत्तरौले, झुपझुपी, बुन्दिया (बुक्सा जनजाति में) दुरिया (बुक्सा जनजाति में) बुजनी (कान का कुण्डल), गोरख गढ़वाली पुरुषों द्वारा धारण किया जाता है) आदि का विशेष स्थान है। ग्रीवाभूषणों में ग्लोबन्छ, चम्पाकली, हंसुली, मटरमाला, रूपमाला, सतलड़ी हार, पंचलड़ी हार, मंगलसूत्र, कंठी, चन्द्रहार, लार, मोहनमाला आदि लोकप्रिय हैं। हस्ताभूषणों में धागुले (ठोस कड़े), ठेके, पौची, दस्तोबन्द, चूडिया, कंगन, गोखले (बाजूबन्द) मुदरी, छल्ला आदि प्रमुख हैं। कटि एवं पाद आभूषणों में तगड़ी या करवनी, आंवर (पैर का कड़ा), पौटा लच्छा, जेवरी, नूपुर, कण्डवा, बिछुवा का प्रयोग अधिक किया जाता है। इन सभी वस्त्राभूषणों को पारम्परिक रूप से विभिन्न उत्सवों, मांगलिक कार्यक्रमों पर धारण किया जाना आवश्यक माना जाता है। विवाहित महिलाओं की पहचान आभूषणों के आधार पर किया जाना सहज होता है। विवाहित स्त्री की पहचान गले में चरेऊ पहनने से होती है।[6] उत्तराखण्ड के आभूषण में नथ, नथुली की विशेष पहचान है। यह विवाह के अवसर पर वधू एवं घर की विवाहित महिलाओं द्वारा धारण की जाती हैं।

वर्तमान समय में जहां छोटे आभूषणों को धारण किये जाने की परम्परा जन्म ले रही है वहीं उत्तराखण्ड की नथुली अपने आप में बड़े आकार एवं भारी वजन के कारण आकर्षण का केन्द्र

रही है। इस आभूषण को चर्चा प्राचीन लोकगीतों से लेकर वर्तमान समय में बनने वाले गढ़वाली और कुमाऊंनी गीतों में भी मिलता है। टिहरी गढ़वाल की नथ आज भी विशेष रूप से प्रसिद्ध है।[7]

लोक कलाओं की दृष्टि से भी उत्तराखण्ड एक सम्पन्न राज्य है। यहां पर विभिन्न त्यौहारों के अवसर पर महिलाओं द्वारा घर में घ्पण बनाई जाती है। इसके लिए गेरू के द्वारा घर के आंगन एवं सीढ़ियों को लीपा जाता है तथा पिसे चावलों के चूर्ण से आकर्षक चित्रों का निर्माण किया जाता है। जिनमें सूर्य चौकी, नामकरण चौकी दर चौकी, जन्मदिवस चौकी, विष्णु पीठ, शिव पीठ, शिवशक्ति पीठ, सरस्वती पीठ आदि प्रमुख हैं। इस प्रकार के चित्रों के निर्माण की योग्यता महिलाओं को परम्परा से ही मिलती है। हरेले आदि पर्वो पर मिट्टी के डिकारे बनाये जाते हैं। ये डिकारे भगवान के प्रतीक माने जाते हैं। दरवाजो पर विभिन्न जानवरों एवं पक्षियों के चित्रों के निर्माण की परम्परा भी गढ़वाल एवं कुमाऊं में देखी जाती है।

उत्तराखण्ड की विभिन्न लोक कलाओं के कारण ही इस राज्य एवं यहां के निवासियों की अपनी पृथक पहचान है। इनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संग्रहालयों का प्रयोग किया जाना परम आवश्यक प्रतीत होता है उत्तराखण्ड में लोक संस्कृति से सम्बन्धित संग्रहालयों की संख्या बहुत अधिक नहीं है। ऐसे संग्रहालय गढ़वाल एवं कुमाऊँ दोनों ही मण्डलों में स्थापित किये जाने चाहिए। जहां पर लोक परिधार आभूषण, चित्रकला, नृत्य वाद्ययंत्रों पाण्डुलियों एवं लोक साहित्य से सम्बन्धित विभिन्न विथिकाएं बनायी जानी चाहिए। जिससे कि नवीन पीढ़ी और बाहर से आने वाले दर्शक इनका आसानी से दर्शन एवं अध्ययन कर सकें। ऐसा करने से लोक संस्कृति को न सिर्फ राजकीय प्रोत्साहन मिलेगा अपितु साधारण जनमानस के हृदय में अपनी ग्रामीण एवं लोक संस्कृति के प्रति उच्च भावों का प्रभाव बढ़ेगा जिससे वे अपनी संस्कृति के प्रति और अधिक आकृष्ट होकर उसे भविष्य में भी समृद्धशाली बनाये रखने का प्रयास कर सकेंगे।

संदर्भ सूची :

1. रावत, नवीन (सम्पा.), उत्तराखण्ड ईयर बुक, विनसर पब्लिकेशन, देहरादून, 2017, पृ. 123
2. रावत डॉ अजय सिंह, उत्तराखण्ड का समग्र राजनैतिक इतिहास, अंकित प्रकाशन, हल्द्वानी, नैनीताल, 2017, पृ.
3. वही, पृ. 8
4. http://gyanacademy.in/uttarakhand-major-musical-instruments/
5. https://uttarakhandexpress.in/some-traditional-dresses-of uttarakhand/
6. https://www.jagran.com/uttarakhand/dehradun-city-uttarkhandstraditional-clothes-and-jewelery-is-very-special-18623386.html
7. वही

❑❑❑

शोधार्थी, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, गुरूकुल कांगडी समविश्वविद्यालय हरिद्वार-249404, उत्तराखंड, मो. 9991605000

विवाह विच्छेद का बच्चों पर शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभाव

—प्रो. अर्चना श्रीवास्तव
—ममता आर्या

विवाह-विच्छेद विवाह को विघटित कर देता है, जिससे पति-पत्नी के मध्य सभी सम्बन्ध समाप्त हो जाते है वे पुनः अविवाहित की प्रस्थिति में आ जाते है। विवाह-विच्छेद को तलाक भी कहते है।

विवाह विच्छेद का प्रभाव जब पारिवारिक संरचना एवं प्रकार्य के सन्दर्भ में देखा जाता है तो सर्वाधिक प्रभावित पक्ष पारिवारिक संरचना की एक इकाई जो उस परिवार का भविष्य है, अर्थात् परिवार के बच्चे सर्वाधिक प्रभावति होते है एक ओर सामाजीकरण की प्रक्रिया जो विभिन्न आयु सोपानों में विभाजित होती है, प्रत्येक स्तर पर किसी एक की कमी अर्थात् पिता या माता का न होने उनके मूल संवेगात्मक भावात्मक जीवन को प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न आयु सोपानों/अवस्थाओं में बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। प्रस्तुत शोध पत्र में विभिन्न आयु वर्गो के बालकों का अध्ययन किया गया एवं अध्ययन के आधार पर पाया गया कि विवाह विच्छेद का बच्चों पर शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभाव होता है एवं किशोरावस्था में सर्वाधिक प्रभाव प्राप्त आंकड़ों के आधार पर पाया गया।

कुंजी शब्दः-

विवाह विच्छेदः- विधि या नियम के अनुसार पति-पत्नी का संबध-विच्छेद।

याचिकाः- किसी निर्णय के विरूद्व न्यायालय से की हुई प्रार्थना।

परिवारिक संरचना :- मुख्य आधार एक स्त्री और पुरूष के बीच के सम्बन्ध जो विवाह द्वारा पति-पत्नी के सम्बन्धों में बदल जाते हैं।

परिवार की संरचना का दूसरा आधार परिवार के बच्चे

परिवार की संरचना का तीसरा आधार सामान्य निवास स्थान या घर इस प्रकार पति-पत्नी बच्चे सामान्य निवास परिवार की संरचना को बनाते है।

प्रस्तावना

वर्तमान में विवाह मात्र एक समझौता बनकर रह गया है आज छोटी-छोटी बातों से ही विवाह विच्छेद हो रहे हैं जिसका प्रभाव अबोध बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। पति पत्नी के अलग होने से पूरा परिवार टूट कर बिखर जाता है। उचित

पालन-पोषण के लिये माता-पिता दोनों का साथ, प्यार व दुलार की आवश्यकता होती है, किन्तु विवाह विच्छेद पश्चात् बच्चा माता-पिता में से किसी एक से दूर हो जाता है और यह स्थिति उसके कोमल मन को अंदर से तोड़ देती है जिससे बच्चों की मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक स्थिति प्रभावित होती हैं। कुछ बच्चे माता-पिता के बीच आई इस दूरी को आसानी से सहन नही कर पाते और अवसाद से ग्रसित हो जाते हैं।

शोध साहित्य का पुनरावलोकन

प्रस्तुत शोध पत्र हेतु शोधकर्ता द्वारा किये गये पूर्व अध्ययन साहित्य का विवरण निम्नानुसार है-

Marlene and Maya, Adolescent-Parent attachment: Monds that support healthy development (2004) ने किशोरों का माता-पिता से अलगाव नामक विकय पर अध्ययन किया। तथा अपने अध्ययन में पाया कि माता-पिता के बीच लगाव की निरन्तरता एवं विश्वास को कायम रखकर सम्बन्धों को स्थायी बनाया जा सकता है।

Mackay Rosse, The Impact of Family Structure and Family change on child outcome: A Personal reading of the research literature socal policy journal of Newujiland (2005) ने बच्चों के पारिवारिक संरचना एवं परिवर्तन का प्रभाव नामक विकय पर अध्ययन किया जिसमें पाया गया कि पारिवारिक अलगाव से जुड़े बच्चे बुरे अनुभव लिये हुये थे और उनकी मानसिक दशा काफी रूग्ण करने वाली थी।

Naomi Waulterickx, Anneleen Gouwy, Piet Bracke, Depression and Divorce Long-Term Efects on Adults Children (2006) के अनुसार बचपन में माता-पिता के तलाक का प्रभाव वयस्क में अवसाद का कारण बनता है। इन्होंने अपने अध्ययन में बेलिजियम के 47227 पुरूषों और महिलाओं पर अध्ययन किया जिसमें इन्होंने पाया कि माता-पिता का तलाक वयस्कों को आजीवन प्रभावित करता है।

मेरी सहेली पत्रिका के सितम्बर (2017) में प्रकाशित एक लेख के अनुसार तलाक का बच्चों के मानसिक स्तर और स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। जिससे उनकी स्कूल की परफॉरमेन्स खराब होने लगती है।

प्रभासाक्षी पत्रिका के अक्टूबर (2017) में प्रकाशित एक लेख के अनुसार तलाक के बाद बच्चों की कस्टडी को माता या पिता किसको दी जाये जिससे कि बच्चे का समाजीकरण सही रूप से हो सके। बच्चे की भलाई व उसका हित सर्वोपरि होता है। कानून इस बात पर गौर करते हुये ही फैसला करता है कि बच्चा माता-पिता किसके साथ ज्यादा सुरक्षित है, 95 प्रतिशत मामलों में बच्चे की अभिरक्षा का भार माँ को ही सौंपा जाता है।

Jarar Ali, Impact of Divorce on childrens life (2021) के अनुसार तलाक बच्चों के उम्र और विकास पर प्रभाव डालता है। तलाक कभी भी सकारात्मक नही माना सकता तलाक के पश्चात् बच्चे अपने को असहाय महसूस करते है, जिसका असर उन पर जिन्दगी भर रहता है।

शोध अन्तराल-

पूर्व में विवाह विच्छेद का बच्चों पर प्रभाव से सम्बन्धित जो भी अध्ययन हुए है उनमें मैंने पाया कि विवाह विच्छेद का बच्चों पर प्रभाव पर अभी तक अध्ययन मुख्य रूप से उनके आयु के आधार पर पड़ने वाले प्रभावों पर नही किया गया है। अत: प्रस्तुत शोध पत्र में विवाह विच्छेद का बच्चों पर उनकी आयु के अनुसार पड़ने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभावों का अध्ययन किया गया है।

अवधारणात्मक व्याख्या-

विवाह विच्छेद का अर्थ-

विवाह-विच्छेद विवाह को विघटित कर देता है, जिससे पति-पत्नी के मध्य सभी सम्बन्ध समाप्त हो जाते है वे पुन: अविवाहित की प्रस्थिति में आ जाते है। विवाह-विच्छेद को तलाक भी कहते है। यह एक ऐसा विधान है जो समाज द्वारा स्वीकृत है तथा वैवाहिक असफलता से सम्बन्धित है। विवाह-विच्छेद वैधानिक रूप से विवाह की अन्तिम समाप्ति है।

विवाह विच्छेद की परिभाषा-

हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 (1976 तक संशोधित) के अनुसार ''कोई भी विवाह, जो चाहे इस अधिनियम के लागू होने से पहले या बाद में हुआ हो, पति या पत्नी द्वारा किये गये आवेदन के आधार पर तलाक के एक आदेश द्वारा तोड़ा जा सकता है।''

अध्ययन के उद्देश्य-

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में अध्ययन की विकाय प्रकृति के आाधार पर निम्नलिखित शोध उद्देश्य निर्धारित किये गये है-

1. विवाह विच्छेद का हिन्दू बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना

परिकल्पना

प्रस्तुत शोध कार्य हेतु निम्न परिकल्पनाओं का निर्धारण किया गया है।

1. विवाह विच्छेद का बच्चों पर पूर्ण रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
2. विवाह विच्छेद (तलाक) का सबसे अधिक प्रभाव किशोरावस्था में पड़ता है।

शोध अभिकल्प एवं पद्धतिशास्त्र

विवाह विच्छेद प्रभावित महिलाओं की स्थिति से सम्बन्धित प्रस्तावित शोध कार्य विवरणात्मक शोध अभिकल्प पर आधारित है। अध्ययन में कुमाऊँ मण्डल के नैनीताल जनपद की विवाह विच्छेद प्रभावित महिलाओं व बच्चों की मानसिक, पारिवारिक, सामाजिक, एवं आर्थिक स्थिति, विवाह विच्छेद के कारणों तथा विवाह विच्छेद का बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों को जाँचने का अध्ययन किया गया है।

समग्र एवं निदर्श: प्रस्तुत शोध अध्ययन में समग्र के रूप में नैनीताल जिले की वर्ष 2018-2019 के विवाह विच्छेद के कुल 251 पंजीकृत केसों से हिन्दू विवाह विच्छेदित महिलाओं को अलग किया गया जिनकी संख्या 82 थी, जिनमें से 25 प्रतिशत ऐसी विवाह विच्छेदित महिलाओं को चयनित किया गया जिनके बच्चे थे। बच्चों की कुल संख्या 45 है जिन्हे अध्ययन

में शामिल किया गया है, जो कि संगणना विधि पर आधारित है। इस प्रकार इनसे प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर विवाह विच्छेद का बच्चों पर पड़ने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक प्रभावों का अध्ययन किया गया है।

तथ्य संकलन के स्त्रोत

प्रस्तुत शोधकार्य के लिये अध्ययन विषय से सम्बन्धित तथ्यों का संकलन प्राथमिक व द्वितीयक स्त्रोत द्वारा किया गया है। प्राथमिक स्त्रोत के अर्न्तगत सूचनाओं का संकलन साक्षात्कार अनुसूची तथा निरीक्षण विधि के द्वारा किया गया है। तथ्य संकलन के लिये शैशवावस्था के बच्चों की माताओं से विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछकर सूचनाएं एकत्र की गयी एवं बाल्यावस्था एवं किशोरावस्था के बच्चों से अवलोकन एवं साक्षात्कार अनुसूची के आधार पर सूचनाएं एकत्र की गयी।

शोध पत्र में विषय से सम्बन्धि आकड़ें एकत्र करने के लिये साक्षात्कार अनुसची का निर्माण किया गया, जिसमें उद्देश्य के आधार परवांछित सूचनाएं प्राप्त करने के लिये विभिन्न प्रश्न निर्मित किये गये एवं तथ्यों का संकलन किया गया।

तालिका नं0-1.1

बच्चों की उम्र के आधार पर वर्गीकरण

क्र0सं0	उम्र	सूचनादाताओं की संख्या	प्रतिशत
1	1-5 वर्ष	8	18
2	6-12 वर्ष	21	47
3	12-18 वर्ष	16	36
कुल		45	100

उपरोक्त तालिका के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि 18 प्रतिशत बच्चे 1-5 वर्ष के है जो कि शैशवावस्था में आते है। 47 प्रतिशत बच्चे 6-12 वर्ष के है, जो बाल्यावस्था में आते है तथा 36 प्रतिशत बच्चे 12-15 वर्ष के है जो किशोरावस्था में आते है। अत: शोध में यह पाया गया कि में सबसे अधिक बच्चे बाल्यावस्था के हैं।

शारीरिक प्रभावों के आधार पर वर्गीकरण

तालिका नं0-1.2 (अ)

क्र0सं0	शैशवावस्था पर प्रभाव	सूचनादाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	शारीरिक रूप से स्वस्थ्य	2	25
2.	शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य	4	50
3.	सामान्य	2	25
कुल		8	100

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि 25 प्रतिशत बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ्य है, 50 प्रतिशत बच्चे शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य है तथा 25 प्रतिशत बच्चो का शारीरिक स्वास्थ्य सामान्य

रहता है। अत: निष्कर्ष यह निकलता है कि विवाह विच्छेद के पश्चात् शैशवावस्था में बच्चों पर शारीरिक रूप से प्रभाव अधिक पड़ता है। इस उम्र में शारीरिक विकास तेजी से होता है बच्चो के शारीरिक विकास के लिये उन्हे सही पोषण का मिलना जरूरी है। चूँकि इस आयु के बच्चे अपनी माता के साथ ही रहते है,तो कभी-कभी आर्थिक कमी के कारण उनको पोषण ठीक प्रकार से नही मिल पाता है। जिससे उनका स्वास्थ्य अस्वस्थ्य रहता है।

तालिका नं0-1.2 (ब)

क्र0सं0	बाल्यावस्था पर प्रभाव	सूचनादाताओं की संख्या	कुल
1.	शारीरिक रूप से स्वस्थ्य	6	29
2.	शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य	10	48
3.	सामान्य	5	24
कुल		21	100

उपरोक्त तालिका के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि 29 प्रतिशत बच्चे शाररिक रूप से स्वस्थ्य है, 48 प्रतिशत बच्चे शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य है तथा 24 प्रतिशत बच्चो का स्वास्थ्य सामान्य रहता है। शारीरिक वृद्धि के हिसाब से यह उम्र बच्चे के विकास की सबसे पेचिदा उम्र है। सही पोषण ओर खान-पान बच्चे के विकास पर प्रभाव डालता है। सही पोषण के अभाव में उनका शारीरिक विकास ठीक प्रकार से नही हो पाती है।

तालिका नं0-1.2 (स)

क्र0सं0	किशोरावस्था पर प्रभाव	सूचनादाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	शारीरिक रूप से स्वस्थ्य	3	19
2.	शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य	6	38
3.	एल्कोहोलिक/धुम्रपान का सेवन	7	44
कुल		16	100

उपरोक्त तालिका के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि 19 प्रतिशत बच्चे शाररिक रूप से स्वस्थ्य है, 38 प्रतिशत बच्चे शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य है एवं 44 प्रतिशत बच्चे माता-पिता के तलाक के पश्चात् गलत संगत में फस गये थे जैसे वे एल्कोहल लेने लग गये या उन्हे धूम्रपान जैसी लत लग गयी थी जिस कारण उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

मानसिक प्रभावों के आधार पर वर्गीकरण

तालिका नं0-1.3 (अ)

क्र0सं0	शैशवावस्था पर प्रभाव	सूचनादाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	सामान्य	3	38
2.	चिड़चिड़ा	1	13
3.	संकोची	4	50
कुल		8	100

उपरोक्त तालिका के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि शैशवावस्था में 38 प्रतिशत बच्चे सामान्य रहते है। 13 प्रतिशत बच्चों का स्वभाव चिड़चिड़ा था तथा 50 प्रतिशत बच्चे संकोची प्रवृत्ति के थे। उनकी माताओं के अनुसार जब बच्चा अपने साथ के अन्य बच्चों के पिता को उनके साथ देखता है तो उसे भी अपने पिता की कमी महसूस होती है तब वह बार-बार अपने पिता के बारे में पूछते है या पिता की बात होते ही उसके स्वभाव में चिडचिड़ापन हो जाती है।

तालिका नं0-1.3 (ब)

क्र0सं0	बाल्यावस्था पर प्रभाव	सूचनादाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	सामान्य	5	24
2.	अक्रामक	9	43
3.	संकोची	7	33
	कुल	21	100

उपरोक्त तालिका के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि बाल्यावस्था में 24 प्रतिशत बच्चों का स्वास्थ्य सामान्य था। 43 प्रतिशत बच्चें स्वभाव से आक्रामक थे तथा 33 प्रतिशत बच्चे संकोची थे। इस आयु तक बच्चे स्कूल में तथा अपने दोस्तो के साथ ज्यादा समय व्यतीत करते है, जिनमें से उसके माता-पिता के तलाकशुदा होने पर बहुत से बच्चे उन्हें इस बात के लिये चिड़ाते है, जिस कारण उनका स्वभाव कभी-कभी आक्रामक हो जाता है।

तालिका नं0-1.3 (स)

क्र0सं0	किशोरावस्था पर प्रभाव	सूचनादाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	सामान्य	4	25
2.	आक्रामक	3	19
3.	अवसाद से ग्रसित	9	56
	कुल	16	100

उपरोक्त तालिका के अनुसार यह दर्शाती है कि किशोरावस्था में 25 प्रतिशत बच्चे मानसिक रूप से सामान्य थे, 19 प्रतिशत बच्चों का व्यवहार आक्रामक था एवं 56 प्रतिशत बच्चे अवसाद से ग्रसित थे। इस उम्र के बच्चों को माता-पिता दोनों के सहयोग की आवश्यकता होती है, बच्चे यदि माता के पास रहते है तो बहुत सी बातें वह अपनी माता के साथ नहीं कर पाते और अन्दर ही अन्दर कुंठित होने लगते है जिसके कारण कभी-कभी वह अवसाद से ग्रसित हो जाते है।

सामाजिक प्रभावों के आधार पर वर्गीकरण

तालिका नं0-1.4 (अ)

क्र0सं0	शैशवावस्था पर प्रभाव	सूचनादाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	सामान्य	5	63
2.	सामाजिक असुरक्षा	3	38
	कुल	8	100

उपरोक्त तालिका के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि 63 प्रतिशत बच्चों का व्यवहार समाज में सामान्य रहता है। क्योंकि इस आयु में बच्चों में अच्छे-बुरे की समझ नही होती है। 38 प्रतिशत बच्चे असुरक्षा की भावना महसूस करते है क्योंकि दूसरे बच्चों के साथ उनके पिता को देखकर उन्हे भी लगता है कि वो अपने पिता के साथ अधिक सुरक्षित रहते।

तालिका नं0-1.4 (ब)

क्र0सं0	बाल्यावस्था पर प्रभाव	सूचनादाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	सामान्य	3	14
2.	सामाजिक असुरक्षा	6	29
3.	अपनी उम्र के बच्चों के साथ न जाना	12	57
	कुल	21	100

उपरोक्त तालिका के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि 14 प्रतिशत बच्चों का व्यवहार समाज में सामान्य है। 29 प्रतिशत बच्चे सामाकि असुरक्षा महसूस करते है उन्हें कही भी जाने पर डर महसूस होता है, क्योंकि बच्चे पिता के साथ अपने आप को ज्यादा सुरक्षित महसूस करते है। तथा 57 प्रतिशत बच्चे अपनी उम्र के बच्चों के साथ घुलना-मिलना पसन्द नहीं करते है, क्योंकि उनके माता-पिता के तलाक की वजह से उन्हें शर्मिन्दगी महसूस करनी पड़ती है कभी-कभी दूसरे बच्चों के द्वारा भी उन्हें तलाकशुदा माता-पिता की सन्तान होने पर सबके समक्ष नीचा दिखाया जाता है। जिससे बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

तालिका नं0-1.4 (स)

क्र0सं0	किशोरावस्था पर प्रभाव	सूचनादाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	सामान्य	3	19
2.	गलत मित्रों की संगति	7	44
3.	अपराधिक प्रवृत्ति	6	38
	कुल	16	100

उपरोक्त तालिका यह दर्शाती है कि 19 प्रतिशत बच्चों का व्यवहार सामाजिक रूप से सामान्य है। 44 प्रतिशत बच्चे ऐसे थे जो गलत संगत में पड़ गये थे तथा 38 प्रतिशत बच्चे अपराधिक क्रियाकलाप में शामिल थे जिसमें मुख्य रूप से चोरी करना, छेड़खानी, शराब पीना एव मारपीट करना इत्यादि।

प्राप्त आकड़ों के आधार पर यह निष्कर्ष निकला कि विवाह विच्छेद का बच्चों पर शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रभाव होता है। शैशवावस्था एवं बाल्यावस्था में उनका स्वास्थ्य सर्वाधिक प्रभावित हुआ एवं किशोरावस्था के बालकों में विभिन्न विकृतियां उत्पन्न हुई जैसे गलत संगत के कारण एल्कोहोलिक या धूम्रपान जैसे व्यसन के वे आदि हो गये जिससे उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। मानसिक प्रभावों के दृष्टिगत बच्चों में बाल्यावस्था में अधिकांश

बालकों के व्यवहारों में आक्रामकता देखने को मिली एवं किशोरावस्था में वे आक्रामक एवं अवसाद दोनों की स्थितियां देखने को मिली। विवाह विच्छेद के सामाजिक प्रभाव के अर्न्तगत बच्चे सामाजिक असुरक्षा अनुभव करने के साथ-साथ एकाकी रहना पसन्द करने लगे एवं इनमें 38 प्रतिशत बच्चे अपराधिक गतिविधियों में भी सम्मिलित पाये गये। अत: अध्ययन हेतु बनायी गयी परिकल्पना नं0 1 पूर्ण सत्य से सिद्ध हुई कि विवाह विच्छेद का बच्चों पर पूर्ण रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

परिकल्पना नं0 2 विवाह विच्छेद का सर्वाधिक प्रभाव किशोरावस्था पर पड़ता है यह भी पूर्ण रूप से आकड़ों के आधार पर सत्य सिद्व हुई। अत: विवाह विच्छेद का बच्चों पर बहुआयामी प्रभाव देखने को मिला अर्थात् पारिवारिक संरचना के प्रकार्य के रूप में विघटित संरचना असामान्य स्थितियां (विकृत) उत्पन्न करती है जिससे बच्चों का सामाजीकरण प्रभावित होता है।

संदर्भ सूची :

1. केसरी, यू0पी0डी0 एवं केसरी ए0 (2013), हिन्दू विधि 13वॉ संस्करण, सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन, इलाहबाद पृ0सं0 100-105
2. लाल आर0बी0 एवं आर0 निवास (2011), शिक्षा मनोविज्ञान, रस्तोगी पब्लिकेशन पृ0सं0 9-12
3. Singh S. (2018), Hindu Law of Marriage and Divorce (2nd ed.) Universal Law Publishing. Page No. 67-69
4. सिंह वी0, (2020), भारतीय विवाह एवं विवाह विच्छेद समस्या या समाधान, बी0यू0यू0के0एस0 पृ0सं0 134-148
5. फरवरी 7, (2020), विवाह और परिवार के बदलते प्रतिमान Retrived from www.viarjun.com http://www.viarjun.com/category/openpage
6. मार्च 15, (2019), परिवार बढ़ते विवाह विच्छेद से टूटती कड़ियाँ Retrived from www.livehindustan.com http://livehindustan.com/news//article/story/9220
7. ओ0 के0, जून (1997) विवाह विच्छेद के मनौवैज्ञानिक और भावात्मक पहलू Retrived from www.Mediale.com http: //www .midiate .com/ article/psych.cfm
8. Marlene and Maya, (2004), Adolescent-Parent attachment: Monds that support healthy development Pediyart Health Volume-9 page no. 551-555
9. Rosse Mackay, (2005), The Impact of Family Structure and Family change on child outcome: A Personal reading of the research literature socal policy journal of Newujiland Page No. 111-133
10. Waulterickx Naomi, Gouwy Anneleen, Brac ke Piet, (2006) Depression and Divorce Long-Term Efects on Adults Children. Journal of Divorce & Remarriage, 45 (3-4), 43-68.
11. Ali Jarar, (2021), Impact of Divorce on childrens life
12. पवन उपाध्याय, (2020), बच्चों पर तलाक का नकारात्मक असर Retrived from http://www.merisaheli.com
13. प्रीति, (2017), माता-पिता हुये अलग अब बच्चें कहाँ जाय Retrived from http://www.prabhasakshi.com

❒❒❒

विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डी.एस.बी. परिसर, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

शोध छात्रा, डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल, मो. 9458939974, ई-मेल: mamtasep8989@gmail.com, care of **किशन राम आर्या**, गांव-हिम्मतपुर, गोरखहल रोड़, बऊबली, पिन-263132, गोरखहल सैनिक स्कूल के नजदीक

21वीं सदी के प्रथम दो दशकों के हिंदी गीतिकाव्य में धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्य

—कल्पना जैन

सांस्कृतिक जीवन-मूल्य, लोगों को सहिष्णुता और भाईचारे के द्वारा एक सूत्र में बाँधकर उनका उच्चतर विकास करते हैं। प्रत्येक संस्कृति के जीवन-मूल्य उस समाज की परिस्थिति तथा आदर्शों व नियमों के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक प्रधान समन्वयवादी और अनेकता में एकतावादी संस्कृति है।

21वीं सदी का हिन्दी गीतिकाव्य सामाजिक परिप्रेक्ष्य का दृश्य प्रस्तुत करता है, वह समाज की आधुनिक विचारधारा तथा उनमें व्याप्त मूल्यों का साक्षी है। गीतिकाव्य गीतकार के हृदय से उत्पन्न उसकी अनुभूतियों की तीव्र स्फूटन का परिणाम होता है। समाज में उच्च जीवन-मूल्यों को धर्म और संस्कृति के माध्यम से स्थापित किया जाता है। भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता प्रधान, समन्वयवादी और अनेकता में एकतावादी संस्कृति है। धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्य किसी भी समाज का आधार होते हैं। हिन्दी गीतकाव्य में गीतकार अपने गीतों के माध्यम से समाज में व्याप्त धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों को व्यक्त करते रहते हैं, जिससे समाज के वर्तमान मूल्यों के दर्शन गीतों के माध्यम से हो जाते हैं। आज का समाज अर्थोन्मुखी होता जा रहा है। इसके प्रभाव से धार्मिक मान्यताओं और उच्च सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति धन को प्राप्त करने के लिए उच्च आदर्शों की अनदेखी कर रहा है। गीतकारों ने अपने गीतकाव्यों में धार्मिक-मूल्यों में ह्रास तो अवश्य ही दर्शाया है, परंतु समाज में धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों के प्रति आस्था भी प्रकट की हैं। भारतीय संस्कृति के उच्च जीवन-मूल्य मानव के जीवन के विकास में सहायक होते हैं, परन्तु जीवनानुभूतियों और मानव मानसिक-वैचारिकता के कारण नए मूल्य पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव और आधुनिकीकरण से प्रभावित होने के कारण, नई पीढ़ी नितान्त नए के मोह में दिग्भ्रमित हो, उपयोगी और सार्थक धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों को नकार रही है तथा समाज में परिवेश की आवश्यकताओं और चुनौतियों की ओर ध्यान न देकर, पश्चिमी सभ्यता के मोह में फंसकर, अपनी बनाई आंतरिक खोह में भटक रही है। आज आवश्यकता है आधुनिकता और पुराने मूल्यों में सामंजस्य स्थापित कर, उच्च आदर्शों को स्थापित

करके, सही मार्गदर्शन करने की, जिससे धार्मिक- सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों का संरक्षण हो सकें।

संकेत शब्द : गीतिकाव्य, धर्म, संस्कृति, जीवन-मूल्य।

प्रस्तावना

21वीं सदी का हिन्दी गीतिकाव्य सामाजिक परिप्रेक्ष्य का दृश्य प्रस्तुत करता है, वह समाज की आधुनिक विचारधारा तथा उनमें व्याप्त मूल्यों का साक्षी है। गीतिकाव्य गीतकार के हृदय से उत्पन्न उसकी अनुभूतियों की तीव्र स्फूटन का परिणाम होता है।

रस्किन के शब्दों में, ''गीतिकाव्य कवि की निजी भावनाओं का प्रकाश होता है। सहजशुद्ध भाव, स्वच्छंद कल्पना, तर्कवाद और न्यायमूलकता से मुक्त विचार, ये ही गीतिकाव्य की वास्तविक विशेषताएँ हैं।"[1]

गीतिकाव्य में समाज में व्याप्त जीवन-मूल्यों की झलक मिलती है। जीवन-मूल्य समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और आवश्यक है। उच्च जीवन-मूल्य व्यक्ति के जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं।

आलपोर्ट ने कहा है कि, ''मूल्य मानव विश्वास है जिनके आधार पर मनुष्य वरीयता प्रदान करते हुए कार्य करता है।''[2]

समाज में उच्च जीवन-मूल्यों को धर्म और संस्कृति के माध्यम से स्थापित किया जाता है। धर्म से ही कर्म और अर्थ को नियंत्रित कर सही मार्ग के चयन करने की निर्णय शक्ति व्यक्ति को प्राप्त होती है। को कार्य उचित है या अनुचित यह धर्म की कसौटी पर ही कसकर पता चलता है। धार्मिक-मूल्य वह है जो व्यक्ति को धार्मिक, नैतिक नियमों के रूप में प्राप्त होते हैं तथा व्यक्ति उनका पालन अपने धार्मिक विश्वासों के आधार पर करता है, इसके अंतर्गत भक्ति, पूजा, उपासना आदि कार्य आते हैं।

भारतीय संस्कृति धर्म पर आधारित संस्कृति है, धर्म उन सिद्धांतों का एकीकरण है, जिससे मानव और समाज अपना अस्तित्व धारण करता है।

'वैशेषिक धर्म के प्रणेता कणाद ने धर्म की व्याख्या करते हुए कहा है :-

''यतोऽभ्युदय निःश्रेयस सिध्दि स धर्मः"

अर्थात् जिससे अभ्युदय और निःश्रेयस् सिद्धि हो वह धर्म है। अभ्युदय से लौकिक और निःश्रेयस् से पारलौकिक सिद्धि की प्राप्ति होती है। इस प्रकार हमारा धर्म मानवतावादी धर्म है, यह सभी जीवों के कल्याण, दया और क्षमा में विश्वास रखता है। इसलिए धार्मिक जीवन-मूल्य उच्च आदर्शों को स्थापित करते हैं।'[3]

धर्म और संस्कृति आपस में परस्पर संबंधित है। धर्म जहाँ सही गलत का ज्ञान कराता है, संस्कृति वहाँ मानव के समाजीकरण का आधार बनती है।

सदरलैंड और वुडवर्थ के अनुसार, ''संस्कृति में वह प्रत्येक वस्तु सम्मिलित है, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में संक्रमित हो सकती है। किसी जन-समुदाय की संस्कृति उसका ज्ञान, विश्वास, कला, नैतिकता, कानून तथा विचारने की पद्धति ही है।''[4]

सांस्कृतिक मूल्य जन समुदाय अर्थात् समाज के कल्याण के लिए स्थापित किए जाते हैं। सांस्कृतिक जीवन-मूल्य, व्यक्ति के समाज में समायोजन में सहायक सिद्ध होते हैं, साथ ही व्यक्ति के व्यक्तिगत मूल्यों के निर्धारण पर भी अपना प्रभाव डालते हैं।

''मूल्य ही संस्कृति के पूर्ण बुद्धिगम्य, व्यापकार्थ का आधार है, क्योंकि सभी संस्कृतियों का वास्तविक विन्यास मुख्यतः मूल्यों के संदर्भ में ही किया जाता है। संस्कृति बिना मूल्य सन्दर्भ के उन अर्थहीन तत्वों का गठन बन जाती है, जो स्थानीय एवं क्षणिक होते हैं। संस्कृतियों द्वारा परस्पर मूल्यों का आदान-प्रदान न केवल पारस्परिक नैकट्य का ही परिचायक है, अपितु नए मूल्यों का योजक भी। संस्कृतियों में वैभिन्नय होते हुए भी सभी का चरम लक्ष्य एक है, 'परमशुभ' की प्राप्ति।''[5]

सांस्कृतिक जीवन-मूल्य, लोगों को सहिष्णुता और भाईचारे के द्वारा एक सूत्र में बाँधकर उनका उच्चतर विकास करते हैं। प्रत्येक संस्कृति के जीवन-मूल्य उस समाज की परिस्थिति तथा आदर्शों व नियमों के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक प्रधान समन्वयवादी और अनेकता में एकतावादी संस्कृति है। सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों में लोक कल्याण की भावना, वसुधैव कुटुंबकम् की भावना, कर्तव्यपराणता, अतिथि सत्कार, दीनों की सेवा आदि जीवन-मूल्य निहित हैं।

धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्य भारतीय संस्कृति और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। इन मूल्यों के ह्रास से समाज का ढांचा चरमरा जाता है और व्यक्ति के विकास में बाधा उत्पन्न हो जाती है। संस्कृति में बदलाव के साथ सांस्कृतिक जीवन-मूल्य भी परिवर्तित होते रहते हैं। इन मूल्यों में उच्च आदर्शों की प्रमुखता से समाज का स्वरूप निखरता है तथा धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों के ह्रास से अनास्था, अनाचार, संत्रास, घुटन और एकाकीपन जैसे तत्वों का जन्म होता है।

हिन्दी गीतिकाव्य में गीतकार अपने गीतों के माध्यम से समाज में व्याप्त धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों को व्यक्त करते रहते हैं, जिससे समाज के वर्तमान मूल्यों के दर्शन गीतों के माध्यम से हो जाते हैं। गीतों में व्याप्त ये मूल्य गीतकार की अनुभूतियों का संचय होते हैं, जो हृदय के उद्‌गार द्वारा स्फूटित हो गीत का रूप धारण कर लेते हैं।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म और धर्म प्रधान है, लोगों का रहन-सहन, रीति-रिवाज, आदर्श, धर्म पर आधारित होते हैं, ऐसे ही संस्कारिक आदर्श से सुसज्जित गीत आनंद तिवारी ने 'माँ की मनुहार' रचा है, जिसमें धार्मिक मान्यताओं का महत्व गीत के उद्धरित अंश से स्पष्ट है :-

बाबा का शंख और
पूजा का देवासन।
बचपन से चाचा का,
गाँठ बँधा अनुशासन।
राई औ करमा में
बज्जी का नाचना।

दद्दा की सुरलहरी,
रामायण बाँचना।[6]

'माँ की मनुहार' गीत में सुबह-सुबह पूजा-पाठ, शंख की ध्वनि की महत्ता का सुंदर चित्र प्रस्तुत किया है। बड़ों द्वारा अनुशासन के प्रति बच्चों को प्रेरित करना और विभिन्न अवसरों पर नृत्य आदि की परम्परा तथा बड़े बुजुर्गों द्वारा रामायण जैसे उच्च आदर्शगामी ग्रंथों के वाचन से घर के लोगों में उच्च आदर्श व्याप्त करना ही यह गीत दर्शाता है।

धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों में समाज में परिवर्तन के साथ-साथ परिवर्तन होता रहता है। आज का समाज अर्थोन्मुखी होता जा रहा है। इसके प्रभाव से धार्मिक मान्यताओं और उच्च सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति धन को प्राप्त करने के लिए उच्च आदर्शों की अनदेखी कर रहा है। धर्म भी इस अर्थोन्मुखी व्यवस्था से अछूता नहीं रहा है। सच्चे धर्म गुरुओं का स्थान नकली पाखंडी धर्मगुरुओं ने ले लिया है, इसलिए धर्म एक व्यापार बनकर रह गया है। धर्म के नाम पर स्वार्थी लोगों ने लोगों को ठगना अपना व्यवसाय बना लिया है। मधुकर अष्ठाना के 'हाशिये समय के' गीत संख्या 'चालीस' में गीतकार ने अन्धविश्वास और पाखंड के धार्मिक कार्यों में बढ़ते हुए प्रादुर्भाव को प्रकट किया है। धर्म में फैला यह अनाचार, धार्मिक-नैतिकता की कमी का कारण बन गया है। गीत संख्या 'चालीस' के गीत की कुछ पंक्तियाँ प्रस्तुत हैं :-

हमें ज्ञान का पाठ पढ़ाने
उद्धव जी
आ गये नगर में
ज्योति जलाते हैं
अ श्य वे
लोग न भटकें
कहीं डगर में
साथ आर्केस्टा है उनका
और गवैयों का है मेला
फौज चेलियों-चेलों की है
पुण्य लूटने आया रेला
चकाचौंध भक्तों की आँखें
महासंत के जगर-मगर में
साथ लगी दस-बीस दुकानें
मनमाना पाखण्ड भुनाती
धर्म भीरुओं के अन्तर में
खूब अंधविश्वास जगाती
डुबा रहे आस्था हमारी
कर्मकाण्ड के

आडम्बर में
कुण्डलिनी जागेगी साधो
सहस्रार से रस बरसेगा
दानी ही अपार वैतरणी
धरती से जा, पार करेगा
क्या रक्खा है
नश्वर जग के
क्षण-भंगुर डोला डम्बर में
नेता और माफिया दोनों
बने हुए हैं इनके कन्धे
लुटा रहे सर्वस्व इन्हीं पर
लाखों बने आँख के अन्धे
छाये रहते रोज़
यही पर
अख़बारों की
बड़ी ख़बर में [7]

मधुकर अष्ठाना के गीत संख्या 'चालीस' में स्वार्थ व धन लोभी लोग नकली संत बनकर पूरे साज-सज्जा व आडम्बरों के साथ अपना पाखंड फैलाकर लोगों को भ्रमित कर अंधविश्वास में फंसाते हैं। इनकी अपनी एक पूरी मंडली होती है, जिसमें गायक और अनुयायी आदि होते हैं। ये पाखंडी लोग, व्यक्ति को संगीत व अन्य समारोह द्वारा ऐसा अनुभव कराते हैं कि वह पुण्य प्राप्त करा रहे हैं और भक्ति के भाव में विभोर कर रहे हैं। इनके द्वारा भक्ति समारोह के साथ व्यापार के लिए ईश्वर से संबंधित वस्तुओं का क्रय-विक्रय भी होता रहता है। भक्ति सभा के साथ व्यापार द्वारा अपनी स्वार्थ सिद्धि भी होती रहती है। लोग इन पाखंडी संतो की चमक-दमक से प्रभावित हो उनकी बातों में आ जाते हैं और इनके प्रपंचों के कारण धर्म से डरकर आसानी से अंधविश्वास में फंसकर भयभीत होते रहते हैं तथा पाखंडी लोग अपनी स्वार्थ पूर्ति करते है। ये पाखंडी लोग कभी धर्म के प्रति आस्था के नाम पर, कभी भाग्य को जाग्रत करने के नाम पर, कभी कुंडलियों और ग्रंथियों के अमश्त प्राप्त कराने के नाम पर, कर्मकांड और आडम्बरों में फंसाकर लोगों को मूर्ख बनाकर धन लूटते रहते हैं। ये पाखंडी लोग दान के नाम पर लोगों को परलोक की नदी को भी पार कराने तक का प्रलोभन देने से भी नहीं चूकते हैं। उन्हें इस गोरखधन्धे में नेताओं और माफिया दोनों का प्राय: संरक्षण और समर्थन प्राप्त होता है, क्योंकि यह लोगों का विश्वास प्राप्त कर अपने अनुसार कार्य कराने में कुशल होते हैं और लोग इनके झांसे में आकर अपना सर्वस्व लुटाते रहते हैं। गीतकार ने ऐसे ही भ्रष्ट पाखंडी संतो पर आक्षेप कर, समाज में धर्म के प्रति अंधविश्वासों में न पड़कर सतर्क रहने के प्रति सचेत किया है।

भारतीय संस्कृति में बड़ों का आदर और उनका आशीर्वाद बड़े ही महत्वपूर्ण तत्व है। बड़ों के वचन, छोटो के लिए मार्गदर्शन के साथ-साथ उनका उचित विकास भी करते हैं, परन्तु तेजी से होते आधुनिकीकरण, सभ्यता के विकास, नई तकनीकों और पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध ने नई पीढ़ी के विचारों को भ्रमित कर दिया है। वह अपनी संस्कृति और आधुनिकीकरण में समंजस्य नहीं बैठा पा रही है। वह भ्रमित हो उच्च जीवन-मूल्यों की भर्त्सना कर आधुनिकीकरण की अन्धी दौड़ में शामिल होना चाहती है। संस्कारों के महत्व और उनके ज्ञान के अर्जित अमृत से उन्हें बंदिशें महसूस होती हैं।

कृष्ण मोहन 'अम्भोज' के गीत 'पश्चिम की फांसे' में संस्कृति में जीवन-मूल्यों पर पड़ते प्रभाव स्पष्ट दृष्टव्य हैं। 'पश्चिम की फांसे' गीत प्रस्तुत है :-

कसती रहती तानें
बूढ़े बरगद पर,
पढ़ लिख गई
हवाएं, जबसे दो अक्षर।
बूढ़े कानों को नई जुबानें
देने लगी सलाह,
परी कथाएँ, काजल, कजरौटे
लगने लगे गुनाह,
अनुभव झिड़के
जाते हैं बात-बात पर।
पूरब के आंगन फंसी हुई है
पश्चिम की फांसे,
नंगी होड़ों के चलते घुटती
लाज शरम की सासें,
रिश्ते करते
खुदखुशी शर्मिन्दा होकर।...[8]

'पश्चिम की फांसे' गीत में गीतकार ने दो पीढ़ियों के बीच संघर्ष और सांस्कृतिक बदलाव को दर्शाया है। आज की युवा नई पीढ़ी, नई तकनीक और आधुनिकीकरण के समाज में पली-बढ़ी हुई है। ऐसे में पुरानी पीढ़ी की नई तकनीकी सम्बन्धी अज्ञानता को वह मूर्खता समझ उनका अनादर करने से भी नहीं चूकती हैं। जहाँ बड़ों की सलाह लेकर छोटों को उचित मार्ग चयन करना चाहिए, वहाँ नई पीढ़ी उल्टा उन्हें उनके सुझावों जोकि उन्होंने एक उम्र बिताकर अर्जित किए हैं, उन पर उन्हें झिड़क देती है, जैसे वह अर्थहीन और बेमानी हो। नई पीढ़ी को अपने ज्ञान और अपने निर्णयों के आगे सब व्यर्थ ही लगता है। वे सोचते हैं कि उन्हें ही सर्वोच्च ज्ञान प्राप्त हैं। वे यह नहीं जानते कि पश्चिमी सभ्यता के मोहपाश में बंधकर वे अपने रिश्तों और

अपनत्व को खोते जा रहे हैं। अपनी निर्लज्जता, बेशर्मी, अश्लीलता और आधुनिकता की अंधी दौड़ से उन्हें केवल एकाकीपन, घुटन और रिश्तों की टूटन ही मिलेगी।

सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों में सदाचार, सहिष्णुता, भाईचारे, एकता, सर्वधर्म सम्मान जैसे उच्च जीवन-मूल्य प्रमुख हैं। लोगों के रहन-सहन, उनके व्यवहार, उनकी एकता और भाईचारा संस्कृति को सुदृढ़ बनाता है और एक आदर्श समाज का निर्माण करता है। सांस्कृतिक मूल्यों में सम्पूर्ण विश्व को भी एक कुटुम्ब की भाँति माना गया है, परन्तु जब परिवार ही जुड़कर एकता का प्रतीक नहीं बन पा रहे हैं तो विश्व की संकल्पना तो दूर की बात है। ओमप्रकाश तिवारी के गीत 'मूल्य बिकते' में भाईचारे और एकता जैसे उच्च सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों में आई गिरावट को दर्शाया गया है। 'मूल्य बिकते' गीत की कुछ पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं :-

विश्व के
एकीकरण का
स्वप्न सब पाले हुए
भाइयों के साथ
भोजन की रसम टाले हुए।
जल रहे हैं
चार चूल्हे
एक ही परिवार में।
ईद, होली
व दशहरा
या कि दीवाली रहे
गले मिलना दूर
अब तो
जुबाँ भी खाली रहे।
उँगलियों से
एक एसएमएस
भेजते त्यौहार में।[९]

'मूल्य बिकते' गीत में उन सांस्कृतिक मूल्यों की तरफ गीतकार ने ध्यान आकृष्ट किया है जो संस्कृति का आधार है जैसे प्रेम, भाईचारा और एकता। गीतकार गीत में स्पष्ट करता है कि आज के दौर में जब भाई-भाई में वैमनस्य है और वह साथ बैठकर भोजन तक नहीं करते हैं और अपने स्वार्थ में लिप्त संयुक्त परिवार की परंपरा को भी तोड़ते रहते हैं तो ऐसे वातावरण में विश्व में एकीकरण एक स्वप्न के समान ही है। आधुनिक युग में मिलकर संयुक्त परिवार में एक साथ रहने से संरक्षण की भावना और एक दूसरे की परवाह कर, उनके सुख-दुख में शामिल होने की भावना, लोगों में धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही हैं। वह स्वार्थवश केवल अपने बारे में ही सोच कर एकाकी बनते जा रहे हैं। जो उनमें घुटन, अवसाद और पलायन को जन्म दे रहा हैं। ईद, होली,

दशहरा, दीपावली आदि मिलकर मनाने पर जो एकता के भाव लोगों में उत्पन्न होते थे उसे अन्धी आधुनिकता और तकनीकी विकास ने खोखला बना दिया हैं। लोगों की संवेदनाएँ सूखती जा रही हैं। आपसी प्रेम और सौहार्द केवल एक औपचारिकता मात्र बनकर रह गए हैं। मोबाइल से एक एसएमएस भेज कर औपचारिकता पूरी कर त्यौहार मनाए जा रहे हैं। ईद, होली, दिवाली आदि पर गले मिलकर बधाई देने की रिश्तो की गरमाहट अब तकनीकी विकास के कारण ठंडी पड़ रही है।

निष्कर्ष :-

धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्य किसी भी समाज का आधार होते हैं। धार्मिक-नैतिक उत्थान द्वारा ही समाज का उत्थान होता है। सांस्कृतिक जीवन-मूल्य समाज को दिशा प्रदान करते हैं। गीतकारों ने अपने गीतकाव्यों में धार्मिक-मूल्यों में ह्रास तो अवश्य ही दर्शाया है, परंतु समाज में धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों के प्रति आस्था भी प्रकट की हैं। धर्म के प्रति भक्ति, आस्था, उपासना के मूल्य लोगों में व्याप्त हैं और वह उनके प्रति समर्पित भी हैं, किन्तु कुछ स्वार्थी तत्व, लोगों को भ्रमित कर, अंधविश्वासों में फंसाकर, अर्थलोभ के कारण, कर्मकांड और आडम्बरों में फंसा देते हैं। धार्मिक जीवन-मूल्य, लोगों को उच्च आदर्श पर चलकर परम सुख की प्राप्ति कराते हैं, परन्तु जब धर्मगुरु या अन्वेषक समाज के नए तत्वों की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करते हैं, तो मानव की धारणाओं और मान्यताओं में नए मूल्य शामिल हो जाते हैं। भारतीय संस्कृति के उच्च जीवन-मूल्य मानव के जीवन के विकास में सहायक होते हैं, परन्तु जीवनानुभूतियों और मानव मानसिक-वैचारिकता के कारण नए मूल्य पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव और आधुनिकीकरण से प्रभावित होने के कारण, नई पीढ़ी नितान्त नए के मोह में दिग्भ्रमित हो, उपयोगी और सार्थक धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों को नकार रही है तथा समाज में परिवेश की आवश्यकताओं और चुनौतियों की ओर ध्यान न देकर, पश्चिमी सभ्यता के मोह में फंसकर, अपनी बनाई आंतरिक खोह में भटक रही है। वह सुख-सुविधाओं की मृगतृष्णा के पीछे, अपने संस्कारों को भूलकर, अन्धी होकर दौड़ रही है, जिससे सम्बन्धों में दूरियाँ बढ़ती जा रही हैं और व्यक्ति के भीतर घुटन, कुंठा, निराशा, एकाकीपन और खालीपन बढ़ता जा रहा है। नई पीढ़ी पश्चिमी सभ्यता की चमक-दमक के प्रति आ ष्ट और अर्थोन्मुखी होने के कारण न तो अपनी परंपरा की ही जड़े पकड़ पा रही है और न ही अपने लिए उपयोगी और उचित मार्ग का चयन करने में सक्षम हो पा रही है। नई पीढ़ी में संवेदनशून्यता का प्रभाव व्याप्त होना मानवतावादी जीवन-मूल्य पर घात है। आज आवश्यकता है आधुनिकता और पुराने मूल्यों में सामंजस्य स्थापित कर, उच्च आदर्शों को स्थापित करके, सही मार्गदर्शन करने की, जिससे धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन-मूल्यों का संरक्षण हो सकें।

संदर्भ सूची :

1. वर्मा. डॉ. धीरेन्द्र (सम्पादक), 'हिन्दी साहित्य कोश', ज्ञान मंडल लिमिटेड, वाराणसी, प्रथम संस्करण, सन् 1958 ई., पृष्ठ 262

2. सक्सेना. एन0 आर0 स्वरूप तथा संजय कुमार, '**शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय सिद्धांत**', आर0 लाल बुक डिपो, मेरठ, प्रथम संस्करण, सन् 2008 ई., पृष्ठ 1153
3. पचौरी. डॉ0 गिरीश, '**उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक**', इण्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ, प्रथम संस्करण, सन् 2007 ई., पृष्ठ 512
4. पचौरी. डॉ0 गिरीश, '**उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक**', इण्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ, प्रथम संस्करण, सन् 2007 ई., पृष्ठ 508
5. गुप्ता. डा0 अरुणा, '**छठे दशक की हिंदी कहानी में जीवन-मूल्य**', इंद्रप्रस्थ प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण, सन् 1989 ई., पृष्ठ 19
6. तिवारी. आनंद, '**धरती तपती है**', उद्‌भावना प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण, सन् 2008 ई., पृष्ठ 69
7. अष्ठाना. मधुकर, '**हाशिये समय के**', उत्तरायण प्रकाशन, लखनऊ, प्रथम संस्करण, सन् 2015 ई., पृष्ठ 108-109
8. अम्भोज. श्रीकृष्ण मोहन, '**संवेदन के बस्ते**', नर्मदा प्रकाशन, पचोर, प्रथम संस्करण, सन् 2013 ई., पृष्ठ 59
9. तिवारी. ओमप्रकाश, '**खिड़कियाँ खोलो**', बोधि प्रकाशन, जयपुर, प्रथम संस्करण, सन् 2012 ई., पृष्ठ 89
10. पाठक. पंडित रामचंद्र (संपादक), '**भार्गव आदर्श हिन्दी शब्दकोश**', भार्गव बुक डिपो, वाराणसी, संस्करण सन् 1995 ई.।

❑❑❑

शोधार्थी (हिन्दी), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश, मोबाइल नंबर: 8802868383,
मेल:Kalpanajainindia@gmail.com, पता: एफ-3, प्रथम तल, गली नं. 5, पांडव नगर, दिल्ली-110091

आत्म-निर्भर भारत की संकल्पना और प्रयास

—डॉ. प्रतिभा राणा

भारत आज अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष को 'अमृत महोत्सव' के रूप में मना रहा है। हम विदेशी हाथों द्वारा पराधीन होकर अपने संघर्ष और समर्पण की बदौलत स्वाधीन तो हो गए। लेकिन आर्थिक और मानसिक रूप से अभी स्वतंत्र नहीं हुए, छोटी-छोटी वस्तु के लिए हम विदेशों पर निर्भर क्यों हैं?

आज व्यक्ति विशेष नहीं; सम्पूर्ण देश के परिप्रेक्ष्य में 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने की दिशा में प्रयास को हम जान और सुन रहे हैं। भारत के जन-जन को विशेषकर युवाशक्ति को 'स्टार्ट-अप' के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। दरअसल 'स्वावलम्बन' की बात और अवधारणा उतनी ही प्राचीन है जितना प्राचीन हमारा भारत देश। बेशक परतंत्रता ने भारतीय जन को सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, शारीरिक और मानसिक सभी स्तरों पर तोड़ा था लेकिन कभी हिम्मत न हारने की जिजीविषा ने ही स्वाधीनता भी दिलाई। आज पूरा देश जब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तब आत्मनिर्भर शब्द पर विचार और मंथन जरूरी हो जाता है। भारत को सम्पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है जो केवल एक व्यक्ति, सरकार या राज्य के द्वारा साकार नहीं हो सकती। सबका सम्मिलित प्रयास और योगदान ही इस काम को पूरा कर पाएगा।

हमारा देश एशिया महाद्वीप की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। कोरोना महामारी ने इसको नुकसान तो जरूर पहुँचाया है लेकिन 'स्वावलंबन' की संजीवनी ने एक उम्मीद भी जगाई है। हमने साथ मिलकर अनेक असंभावनाओं को दरकिनार करके उनसे सम्पूर्ण विकास की नई संभावनाओं को खोजा है और निरंतर प्रयासरत है। पुरातन और नवीन रोजगार के तरीकों में समन्वय करके सकारात्मक रचा जा रहा है लेकिन ये अभी शुरुआत भर है।

बीज शब्द: स्वावलंबन, स्टार्ट-अप, अर्थव्यवस्था, विश्वगुरु, युवाशक्ति, घरेलू उद्योग, तकनीकी ज्ञान।

प्रस्तावना

आत्म निर्भर अर्थात् स्वावलम्बन, यह स्वावलम्बन की अवधारणा भारतीय सन्दर्भों में नई नहीं है। विभिन्न ऐतिहासिक खोजों में अनेक ऐसे तथ्य सामने आए जो प्राचीन भारत के

आत्मनिर्भर होने की तरफ संकेत करते हैं। देश की परतंत्रता ने आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक आत्मबल पर आघात पहुँचाया। लेकिन आजादी के अनेक वर्षो बाद भी हमारा मन वो साहस लघु और घरेलू उद्योगों के संरक्षण हेतु नहीं जुटा पाया। इसके पीछे कहीं न कहीं विदेशी वस्तुओं के प्रति आकर्षण रहा। हालांकि स्वतंत्रता सेनानी इस मोह से परिचित थे तभी विदेशी वस्तुओं की होली जलाने की घटनाएँ उस समय हुई। केंद्रीय भाव में तब देश भारत और उसकी अस्मिता एवं आजादी ही थी। भारत कब इंडिया बन गया पता ही नहीं चला। लेकिन अब पुनर्विचार आवश्यक है कि जो अपना है उसे कैसे आगे बढ़ाया जाए। इस अपनेपन में अपना हुनर, अपने शौक को व्यवसाय से जोड़ना, स्टार्टअप के मंत्र से अपने एवं अन्य के लिए रोजगार के अवसर मुहैया कराना प्राथमिक कार्य होना चाहिए। अपने हुनर को जीविका और बाजार से जोड़कर नए-नए प्रयोगों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। साथ में गाँव और शहर के बीच की सामाजिक, मानसिक और आर्थिक दूरी कम को कम करने की आवश्यकता है। तभी आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

आत्म-निर्भर भारत की संकल्पना और प्रयास

आत्म-निर्भर का सीधा अर्थ स्वावलम्बन से है, जो बिना किसी सहारे के अपने पांवों पर खड़ा हो, अपना सहारा स्वयं बना हो अपनी राह खुद खोजी हो। आज व्यक्ति विशेष नहीं सम्पूर्ण देश के परिप्रेक्ष्य में इस पर बहुत विचार किया जा रहा है जिसे हम 'आत्मनिर्भर भारत' के नाम से सुन और जान रहे हैं। यह स्वावलम्बन की अवधारणा भारतीय सन्दर्भो में भारतीय सभ्यता जितनी ही पुरानी है। हड़प्पा, मोहनजोदड़ो आदि सभ्यताओं की खोज में अनेक ऐसे तथ्य सामने आए जो प्राचीन भारत के आत्मनिर्भर होने की तरफ संकेत करते हैं। भारत क्यों 'सोने की चिड़िया' कहलाता था, क्यों दूर देश के यात्री यहाँ आते थे कैसे शिक्षा और ज्ञान की नगरी कहलाया गया था; इन सभी बातों की जड़ में पहुंचना जरूरी है। पराधीनता के काले बादलों ने भारतीय जन को सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, शारीरिक और मानसिक सभी स्तरों पर तोड़ा था। लेकिन पराधीनता के वो काले बादल 1947 में हटे और 2047 में देश स्वतंत्रता के सौ बरस पूर्ण करेगा। आज पूरा देश जब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तब आत्मनिर्भर शब्द पर विचार और मंथन जरूरी हो जाता है। भारत को सम्पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। जो केवल एक व्यक्ति, सरकार या राज्य के द्वारा साकार नहीं हो सकती। सबका सम्मिलित प्रयास और योगदान ही इस काम को पूरा कर पाएगा। शिक्षा, समानता और रोजगार के साथ देश को आर्थिक स्तर पर भी मजबूत करने की आवश्यकता है। आत्मनिर्भर भारत का भाव नया नहीं है, लेकिन अब उसका पुनर्सृजन करना है। हम सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत समृद्ध राष्ट्र भारत में रहते हैं, यह विविधताओं से भरा देश है। उसकी इसी विविधता में एकता की खूबसूरती भी छिपी है। स्वावलम्बन हमारी उज्ज्वल पहचान रहा है जो पराधीनता के समय धूमिल हो गया था। उसकी पुनः खोज आसान तो नहीं लेकिन नामुमकिन भी नहीं है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी अपनी रचना 'पंचवटी' में रामकथा के माध्यम से स्वावलम्बन की बात पुष्ट की है

''अपने पौधों में जब भाभी, भर-भर पानी देती है,
खुरपी लेकर आप निराती,जब वे अपनी खेती है
पाती है तब कितना गौरव, कितना सुख कितना संतोष
स्वालम्बन की एक झलक पर, न्यौछावर कुबेर का कोष''-[1]

स्पष्ट है हम भारतीय किसी से कम नहीं बस जरूरत है अपने उन्नत ज्ञान-विज्ञान की पुन:खोज की। सर्वांगीण विकास का सूत्र और खोए आत्मविश्वास को पाने हेतु हमें पुनरवलोकन करने की आवश्यकता है। दम तोड़ते लघु और घरेलू उद्योगों को सरकारी प्रयासों से बचाया जा सकता है, आज इस दिशा में उल्लेखनीय काम हो रहे हैं। गाँव, कस्वों, महानगरों और राज्य से सम्बंधित विशेषता को देश और वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में अनेक कार्य आकार ग्रहण कर रहे हैं। बनारस का सिल्क उद्योग, लखनऊ की लखनवी कढ़ाई, उड़ीसा, बंगाल का रेशम और तात का काम, मिथिला की मधुबनी कला, पंजाब की फुलकारी, घरों में मसाले, पापड़ और अचार बनाने के लघु उद्योग आदि अनेक हुनर और हुनरमंद देश में हैं। इनके हुनर को जीविका और बाजार से जोड़कर नए-नए प्रयोगों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारत विविधताओं से भरा देश है उसकी यह विविधता में एकता हमें अन्य देशों से विशेष बनाती है। अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। गांवों और शहरों को आधुनिक सड़कमार्गों एवं तकनीक से जोड़ना जरूरी है जिससे इनके बीच की सामाजिक, मानसिक और आर्थिक दूरी कम की जा सके। कुलमिलाकर भारत को आत्मनिर्भर भारत के सफर में अनेक चुनौतियों से जूझकर विकास की दिशा लेनी होगी जहाँ से 'सबका साथ और सबका विकास' का नारा फलीभूत हो सके। सुशासन की अवधारणा में स्वावलम्बन की धारणा महत्वपूर्ण है। सुशासन का मतलब या आशय नया विमर्श नहीं है। चाणक्य, अरस्तू और तुलसीदास सरीखे विद्वानों ने रामराज्य या कल्याणकारी राज्य के सन्दर्भ में अपनी बात रखी है-

''दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज्य नहिं काहुहीं ब्यापा
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती''-[2]

यहाँ रामराज्य मतलब कल्याणकारी राज्य से ही है। जहाँ जनता को किसी प्रकार का कष्ट शासन द्वारा न दिया जाए। बिना किसी भेदभाव के उसे विकास के समान अवसर प्राप्त हो।

भारत आज अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष को 'अमृत महोत्सव' के रूप में मना रहा है। हम विदेशी हाथों द्वारा पराधीन होकर अपने संघर्ष और समर्पण की बदौलत स्वाधीन तो हो गए। लेकिन आर्थिक और मानसिक रूप से अभी स्वतंत्र नहीं हुए, छोटी-छोटी वस्तु के लिए हम विदेशों पर निर्भर क्यों हैं? अभिव्यक्ति की गुणवत्ता के लिए विदेशी भाषा को क्यों निहारते हैं? इसकी जड़ में पहुंचना आवश्यक है।

महान वैज्ञानक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भी भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता को लेकर एक सपना देखा था। अपनी कार्यशैली से उस सपने को हकीकत में पहुँचाने का यथासंभव प्रयास भी किया। नतीजतन पोखरण का परमाणु परिक्षण या इसरो के

मिशन विश्वपटल में भारत को रक्षा एवं अन्तरिक्ष क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में शुरूआती पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण अंग बनें। उन्होंने भारत को वर्ष 2020 तक विश्वशक्ति बनाने का सपना देखा था। भारत को विश्वशक्ति और पुन: विश्वगुरु सर्वांगीण विकास से ही बनाया जा सकता है और यह सर्वांगीण विकास भारत के जन-जन के विकास से ही पूर्ण होगा। भारतरत्न डॉ.कलाम के अनुसार

''हमें इसका भी गर्व और प्रसन्नता है कि कृषि, विज्ञान, कला, संस्कृति और सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत अनेक व्यक्तियों के स्वप्न भी साकार हो चुके हैं परन्तु हमारी परिकल्पना अभी भी अधूरी ही है-गरीबी से रहित एक समृद्ध भारत की परिकल्पना, वाणिज्य एवं व्यापार में अग्रणी भारत की परिकल्पना, विज्ञान तथा तकनीक के विविध क्षेत्रों में शक्तिशाली भारत की परिकल्पना, और नवपरिवर्तनशील ऐसे औद्योगिक भारत की परिकल्पना जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएँ उपलब्ध हों। सच्चाई यह है कि इनमें से कई विषयों पर आज निराशा ही व्याप्त है। हम स्वाधीनता का पचासवां वर्ष पूरा कर चुके हैं-और आज के अधिकांश भारतवासी इसी अवधि में पैदा हुए हैं। हर साल हमारे देश की जनसंख्या लगभग दो करोड़ बढ़ जाती है।''-[3]

स्वतंत्रता के 50 वर्ष पर लिखी यह पुस्तक आज 25 वर्ष बाद भी उन्हीं प्रश्नों से जूझ रही है। हालांकि अब हुनर को पटल देने के सरकारी स्वर सुनाई पड़ने लगे हैं, श्रम को जीविका से जोड़कर नए आयामों पर चर्चा भी होने लगी है। जनसंख्या समस्या के साथ, जनसंख्या नियंत्रण और जनसंख्या संयोजन जैसे शब्द भी सुनाई पड़ने लगे हैं। दरअसल महानगर, शहर, गाँव में रह रही आबादी को श्रम के आधार पर वर्गीकृत करके उनके लिए रोजगारपरक योजनाएं चलाई जा रही हैं। साथ में नए-नए रोजगार के अवसर भी तलाशने की कोशिश भी 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने की कड़ी का एक हिस्सा है। आज भारत की गिनती सबसे युवा देशों में है, इस युवाशक्ति को स्वावलम्बन से जोड़कर विकास के नए प्रतिमान गढ़े जा सकते हैं। इस दिशा में 'स्टार्ट अप' शब्द बहुत केंद्रीय भूमिका के साथ अवतरित हुआ है, यह स्टार्ट अप खुद पर विश्वास का है, अपने हुनर को पहचान देने का है, अपने सपनों को उड़ान देकर साकार करने का है। इस कड़ी में 45% महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका के साथ खड़ी हैं। और उनकी आत्मनिर्भरता की यह उड़ान लगातार जारी है राधिका पटेल (चप्पल बनाने का व्यवसाय) जैसी महिलाएं अनेक स्त्रियों में स्वावलम्बन की अलख जला रही हैं। वहीं गाजियाबाद में रहने वाली सुमन अपने साथ लगभग 250 महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने का उल्लेखनीय काम कर रही हैं। स्वयं उद्यमी बन चुकी सुमन के शब्दों में ''मेरा उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। अब ये महिलाएं अपने घर का खर्च चला रही हैं। जरूरतमंद महिलाओं की सहायता के साथ भारतीय कला भी विदेश तक पहुंच रही है। आर्थिक प्रगति भी हो रही है।'[4]

ये 'स्टार्ट-अप' भारत को आत्मनिर्भर बनाने की तरफ बढ़ता कारगर कदम है। विश्व में भारत की छवि को शक्तिशाली भारत, सक्षम भारत बनाने के लिए अनेक योजनाएं चल रही हैं। हमारा देश एशिया महाद्वीप की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। कोरोना महामारी ने इसको नुकसान तो जरूर पहुंचाया है लेकिन 'स्वावलंबन' की संजीवनी ने एक उम्मीद भी जगाई है। सरकारी

आंकड़ों के अनुसार आज लगभग 623 जिलों में 'स्टार्ट अप' कम्पनियां हैं, जिससे आने वाले वर्षो में 30 लाख से अधिक रोजगार उत्पन्न होने की पूरी सम्भावना है। आज यह स्वावलंबन की मिसाल कम्पनियां लाखों-करोड़ों से बढकर यूनिकार्न तक पहुँच रही हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ने भी देशवासियों विशेषकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। लघु और कुटीर उद्योगों की भूमिका देश की अर्थव्यवस्था में जितनी महत्वपूर्ण है उतनी ही व्यक्ति में आत्म-विश्वास का संचार करने में है। क्योंकि अर्थव्यवस्था की दृष्टी से आत्म निर्भरता या आत्म निर्भर भारत की बात सीधे-सीधे रोजगार से जुडती है। इसीलिए इन लघु और कुटीर उद्योगों से देश को सक्षम बनाया जा सकता है। दरअसल इन "लघु और कुटीर उद्योगों के विकास से बड़ी मात्रा में रोजगार का सृजन होता है। भारत बेरोजगारी, अल्प रोजगारी, प्रछन्न बेरोजगारी तथा मौसमी बेरोजगारी से पीड़ित है। चारों ओर फैली बेरोजगारी को हल करने में SSCIs (लघु और कुटीर उद्योग) का विकास रामबाण सिद्ध हो सकता है। दूसरी ओर भारत में पूंजी का अभाव है। ये उद्योग अपेक्षाकृत कम पूंजी से चलाए जा सकते हैं। ये उद्योग भारत के अनुकूल हैं, जहाँ पूंजी का अभाव और श्रम की बाहुल्यता है। भारत के औद्योगीकरण में ये उद्योग निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।"[5]

स्वावलंबन या आत्मनिर्भर शब्द में आत्मशक्ति, ठान लेने की जिद और कार्यशैली मिली-जुली है। जिसे वर्तमान में 'स्टार्ट अप' का नाम दे दिया गया है। शुरुआत या पहल करने की इच्छाशक्ति ही आज 'स्वावलंबन का स्टार्ट अप' है। वर्तमान आंकड़ो की बात करें तो इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2022 के अनुसार भारत के बैंकिंग, आईटी, फार्मा, ई-कॉमर्स इंडस्ट्री में आने वाले वर्षो में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। घरेलू सेवा और सुविधा प्रदान करने में स्वावलंबन की शुरुआत के उत्साहवर्धक परिणाम आने लगे हैं लेकिन इस दिशा में अभी और कार्य करने की आवश्यकता है। जिससे जीवनचर्या विशेषकर कोरोनाकाल का जीवन सुगम बनाया जा सके। इस दिशा में 'गिग वर्कर्स' की उल्लेखनीय भूमिका सामने आई है, ये वो वर्कर्स हैं जो जोमैटो, स्विग्गी, अमेजन, ओला, अर्बन कंपनी, ग्रोफर्स, उबर, बिग बास्केट, फ्लिप्कार्ट आदि कम्पनियों के लिए काम कर रहे हैं। इनमें युवाओं की संख्या अधिक है। इस क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को सामाजिक सुरक्षा देने की दृष्टी से योजना बनी है लेकिन उसका सही तरह से क्रियान्वयन होना आवश्यक है।

आज युवा भारत आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। जहाँ हरियाणा की महिला ललिता चौधरी अपनी संकल्प शक्ति के बूते लुप्त हो चुके खाकी कपास को पुन: जीवनदान देती है और अंतर्राष्ट्रीय फैशन बाजार में भारत की इस सम्पदा का परचम लहराते हुए अपने साथ अनेक को इससे जोडती है। वहीं जबलपुर के युवा अभिषेक नायक स्मार्ट एम पी डिजिटल प्लेटफार्म स्टार्ट कर ई-कॉमर्स क्षेत्र को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। दामिनी अग्रवाल, सिद्धार्थ स्वामी, उत्कल, रोहित तिवारी जैसे अनेक युवाओं के नाम स्वावलम्बन की मशाल लेकर अनेक लोगों को राह दिखा रहे हैं। हमने साथ विकास की नई सम्भावनाओं को खोजा है और लगातार प्रयासरत है। यह कोशिश ही सफलता के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि

-"धाराओं के विरुद्ध तैरकर जीतना हमें बखूबी आता है। इस बार हमारा एकनिष्ठ लक्ष्य होना चाहिए कि अगले 25 वर्षों के दौरान देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। हम एक समृद्ध, सतत और खुशहाल भारत चाहते हैं। हमें अपनी दृष्टि , संस्थानों, प्रणालियों, नीतियों, संस्कृति और मानसिकता को परिभाषित कर योजनाबद्ध ढंग से इस मुद्दे का समाधान निकालना है। इन सभी को विकसित भारत मिशन के साथ जोड़ना चाहिए। विकसित भारत मिशन के अंतर्गत हम इसका खाका खींच रहे हैं। अपने आर्थिक माडल पर पुनर्दृष्टि के साथ ही हमारी मानसिकता में भी बदलाव आवश्यक है। हमें सभी मतभेद भुलाकर '2047 तक विकसित भारत' मिशन में जुटना चाहिए। अगर हम इसे संभव न कर सके तो उसमें किसी और का दोष नहीं होगा।"[6] भारत के प्रत्येक क्षेत्र में जो यहाँ की विशेष पहचान है उसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना हम सभी का कर्तव्य है।

निष्कर्ष

आज नवीन भारत में पुरातन और नवीन रोजगार के तरीकों में समन्वय करके सकारात्मक रचा जा रहा है लेकिन ये अभी शुरुआत भर है। भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व की शक्तिशाली अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अभी तकनीक पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों की तरफ ध्यान देने की जरूरत है। हमारी लुप्तप्राय संपदा को पुनर्सृजित करने की भी आवश्यकता है। बेशक भारत सरकार ने आत्मनिर्भर रोजगार अभियान के तहत इस बार के बजट में कृषि समेत 12 क्षेत्रों को अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना से जोड़ा है। लेकिन भारत को पुन: आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में जन-जन का योगदान आवश्यक है। तभी हम जब वर्ष 2047 में स्वाधीनता प्राप्ति की शतवार्षिकी मना रहे होंगे तब आत्मनिर्भर भारत, 'सोने की चिड़िया' भारत को साकार होते भी देख पाएंगे। शिक्षा, समानता और रोजगार के साथ देश को आर्थिक स्तर पर भी मजबूत करने की आवश्यकता है। आज इस दिशा में उल्लेखनीय काम हो रहे हैं। गाँव, कस्बों, महानगरों और राज्य से सम्बंधित विशेषता को देश और वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में अनेक कार्य आकार ग्रहण कर रहे हैं। बनारस का सिल्क उद्योग, लखनऊ की लखनवी कढ़ाई, उड़ीसा, बंगाल का रेशम और तात का काम, मिथिला की मधुबनी कला, पंजाब की फुलकारी, घरों में मसाले, पापड़ और अचार बनाने के लघु उद्योग आदि अनेक हुनर और हुनरमंद देश में हैं। इनके हुनर को जीविका और बाजार से जोड़कर नए-नए प्रयोगों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उसकी यह विविधता में एकता हमें अन्य देशों से विशेष बनाती है। अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। गाँवों और शहरों को आधुनिक सड़कमार्गों एवं तकनीक से जोड़ना जरूरी है जिससे इनके बीच की सामाजिक, मानसिक और आर्थिक दूरी कम की जा सके। कुलमिलाकर भारत को आत्मनिर्भर भारत के सफर में अनेक चुनौतियों से जूझकर विकास की दिशा लेनी होगी। जिसमें 'स्टार्ट-अप' भारत को आत्मनिर्भर बनाने की तरफ बढ़ता कारगर कदम है। विश्व में भारत की छवि को शक्तिशाली भारत, सक्षम भारत बनाने के लिए अनेक योजनाएँ चल रही हैं। आज भारत एशिया महाद्वीप की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। कोरोना महामारी ने

सम्पूर्ण विश्व की तरह हमें भी हानि पहुंचाई है लेकिन 'स्वावलंबन' की संजीवनी ने एक उम्मीद भी जगाई है कि हम हार नहीं मानेंगे। हमने साथ मिलकर अनेक असंभावनाओं को दरकिनार करके उनसे सम्पूर्ण विकास की नई संभावनाओं को खोजा है और निरंतर प्रयासरत है।

संदर्भ सूची :

1. मैथिलीशरण गुप्त, 1993, पंचवटी, हिंदुस्तान एकेडमी, इलाहबाद, प्रथम संस्करण पृष्ठ 18
2. तुलसीदास, 2007, तुलसीदास कृत रामचरितमानस रामायण उत्तरकाण्ड, टीकाकार श्री ज्वाला प्रसाद जी, श्री ठाकुर प्रसाद पुस्तक भंडार वाराणसी, संस्करण, पृष्ठ 854
3. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम/वाई.एस.राजन, 2004, भारत 2020 नवनिर्माण की रुपरेखा राजपाल एंड संस दिल्ली, भूमिका
4. दैनिक जागरण, 6 जनवरी 2022
5. प्रो.एस.के.गुप्ता/डॉ.डी.डी.चतुर्वेदी/डॉ.आनंद मित्तल, 2008, भारत में आर्थिक विकास और नीति–2, किताब महल पब्लिशर्स दिल्ली, प्रथम संस्करण, पृष्ठ–142
6. राजेंद्र प्रताप गुप्ता, दैनिक जागरण (दिल्ली एनसीआर), सम्पादकीय पृष्ठ, गुरूवार, 30 दिसंबर 2021

❐❐❐

सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, स्वामी श्रद्धानंद महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय, pratibha@ss.du.ac.in

उत्तर आधुनिकता और उपभोक्तावाद: मृगतृष्णा या वास्तविक सुख की तलाश

—डॉ. रमेश कुमार बर्णवाल

भारत में अध्यात्म का मूल आत्मा-परमात्मा का संबंध है। विभिन्न देवी देवताओं की भरमार के बीच एक ईश्वर की अवधारणा आने के बाद अध्यात्मवाद को और मजबूती मिली और इसका आरंभ ऋग्वेद में ही हो चुका था जिसमें एक जगह कहा गया है- 'एक अग्नि है जो अनेक स्थानों पर जलती है। एक सूर्य है जो सर्वत्र प्रकाशित है।

मनुष्य की चेतना के दो पक्ष हैं- आध्यात्मिक और भौतिकतावादी। जीवन में तनाव तब आता है जब मनुष्य की आध्यात्मिक चेतना और भौतिकवादी जरूरतों में द्वंद्व या संघर्ष होता है। सामान्यत: जीत भौतिकवादी जरूरतों की होती है और आध्यात्मिक चेतना को हार माननी पड़ती है। दार्शनिक स्तर पर भौतिकतावाद भारत में कोई नई चीज नहीं है। प्राचीन काल में भौतिकतावादी चार्वाक दर्शन ने व्यापक अध्यात्मवादी समाज को गंभीर चुनौती दी थी लेकिन अध्यात्मवादियों द्वारा उसे विकृत रूप में प्रस्तुत कर उसका मजाक उड़ाया गया और उसकी निंदा की गई। इस तरह अध्यात्मवाद को पुन: मजबूती से खड़ा किया गया। लेकिन 19वीं शताब्दी की औद्योगिक क्रांति ने अध्यात्मवाद को झकझोर कर रख दिया। भारतीय संदर्भ में देखें तो अध्यात्मवाद को नए सिरे से अपनी खोज करनी पड़ी। ब्रह्म समाज, प्रार्थना समाज, आर्य समाज, विवेकानंद के नववेदांत जैसे प्रयास भारतीय अध्यात्मवाद को एक नया जीवन देते हैं। लेकिन औद्योगिक क्रांति ने जिस आधुनिकतावादी समाज और वैज्ञानिक तर्कपद्धति को केंद्रीय रूप से स्थापित कर दिया उससे कई बार ऐसा लगा कि भौतिकतावाद ने अध्यात्मवाद पर एक निर्णायक विजय प्राप्त कर ली है। और आज उत्तर आधुनिकता के वर्तमान दौर में जो व्यापक उपभोक्तावादी समाज बना है उसमें भी आध्यात्मिकता एक परदा भर प्रतीत होती है।

उपभोक्तावादी समाज है क्या और क्या हैं इसकी आकांक्षाएं? क्या यह कोई तात्कालिक, हवा में निर्मित समाज है या इसकी गहरी जड़ें हैं? क्या अध्यात्मवाद की फिर कोई सुसंगत जगह बन सकती है? यह आलेख इन सभी प्रश्नों के उत्तर तलाश करने की एक कोशिश है।

भारत में आध्यात्मिकता बनाम भौतिकतावाद: प्रत्येक देश की तरह भारत में भी आदिम मनुष्यों का जीवन

भौतिकतावादी जरूरतों से संचालित होता था। वे आत्मा, परमात्मा, ब्रह्म, जीव, ईश्वर, ब्रह्मांड, सृष्टि के आध्यात्मिक प्रश्नों से अनजान अपनी भौतिक जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्षमय जीवन बिता रहे थे। धीरे-धीरे चेतना के विकास के साथ-साथ उनमें प्रकृति और सृष्टि के प्रति अचरज भरी जिज्ञासा का जन्म हुआ। इसी जिज्ञासा से अनेक रहस्यपूर्ण और धार्मिक अवध ारणाओं का जन्म हुआ। ईश्वर और देवी-देवताओं से पहली बार मनुष्य का परिचय हुआ। उनके जीवन में किसी न किसी रूप में योगदान देने वाले अग्नि, जल, वृक्ष, नदी, पृथ्वी, सूर्य, चंद्रमा आदि सभी उनके लिए देवी-देवता बन गए। उन्होंने प्रकृति की सभी वस्तुओं पर अलौकिक और रहस्यमयी शक्तियां आरोपित करके उनकी पूजा शुरू कर दी। उनकी समझ में प्रकृति की सभी घटनाओं में अलौकिक गुण विद्यमान थे। अपनी कल्पना से उन्होंने उन्हें देवी देवता के रूप में साकार कर लिया। इस तरह अपनी बेचैनी भरी जिज्ञासाओं को शांत कर उन्होंने पहली बार मानसिक शांति का अनुभव किया। फिर प्रकृति की शक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए और उनके प्रकोप से स्वयं को बचाने के लिए उन्होंने देवी देवताओं की पूजा और आराधना की विधियों का भी आविष्कार किया। साथ ही जीवन के विभिन्न अवसरों से लेकर मृत्यु के बाद तक से जुड़े कई विश्वासों और संस्कारों का जन्म हुआ। भारत के आदिम मनुष्यों के बाद सिंधु घाटी की सभ्यता से लेकर ऋग्वैदिक काल तक भारतीय आध्यात्मिक चेतना का यही आरंभिक इतिहास है। ऋग्वेद के समय तक भारत में आध्यात्मिक मनुष्य स्थापित हो चुका था। उपनिषद काल तक आते आते अध्यात्मवाद अपने शिखर पर पहुंच गया। फिर ब्राह्मण ग्रंथों, मनुस्मृति आदि ने कर्मकांडों में वृद्धि कर दी जिसकी प्रतिक्रिया में लोकायत, सांख्य, योग, जैन, बौद्ध जैसे भौतिकतावादी दर्शनों का उदय हुआ।

भारत में अध्यात्म का मूल आत्मा-परमात्मा का संबंध है। विभिन्न देवी देवताओं की भरमार के बीच एक ईश्वर की अवधारणा आने के बाद अध्यात्मवाद को और मजबूती मिली और इसका आरंभ ऋग्वेद में ही हो चुका था जिसमें एक जगह कहा गया है- 'एक अग्नि है जो अनेक स्थानों पर जलती है। एक सूर्य है जो सर्वत्र प्रकाशित है। एक उषा है जो इस सबको प्रकाशमान करती है। वह जो परमेश्वर है, उसमें यह सब है।'[1] यह पूर्ण विकसित संसार परम पुरुष का एक अंग माना गया। 'ब्रह्मांड उस ब्रह्मांडीय पुरुष के विराट स्वरूप का एक अंश मात्र है। आकाश उसका मस्तक है, सूर्य उसकी आंख है, पृथ्वी उसका पैर है, पवन उसका श्वास है और नक्षत्र उसके बाल हैं।'[2]

उपनिषदों में ब्रह्म की अवधारणा की शक्तिशाली ढंग से स्थापना हुई जो आज भी भारतीय अध्यात्मवाद का आधार है। उपनिषदों में ऋषि याज्ञवलक्य, श्वेतकेतु, जनक, मैत्रेयी आदि अनेक दार्शनिकों के संसार और उसकी गतिविधियों से जुड़े बुनियादी प्रश्न और उनके समाधान संकलित हैं। मसलन, यह संसार क्या है, किसकी इच्छा से मनुष्य का जीवन चलता है, हम किस आधार पर जीवित हैं, मनुष्य जब सो जाता है तो उसकी बुद्धि कहां चली जाती है और कहां से लौट आती है इत्यादि। उपनिषदों में जहां ब्रह्म को परम शक्ति माना गया है, वहीं ब्रह्म और जीव या परमात्मा और आत्मा में एकता की अभिव्यक्ति भी सशक्त रूप से हुई है, विशेष रूप से

मुण्डक उपनिषद और बृहदारण्यक उपनिषद में। यानी आत्मा और ब्रह्म के बीच कोई भेद नहीं है। मनुष्य में बसने वाली आत्मा और समस्त ब्रह्मांड में संचार करने वाली जीवनी शक्ति दोनों एक ही है। मुण्डक उपनिषद में एक सुप्रसिद्ध श्लोक है, जिसमें कहा गया है कि ब्रह्म को जान लेने वाला ब्रह्म हो जाता है।[3] छांदोग्य उपनिषद के एक श्लोक में कहा गया है कि ''यह सब कुछ परमात्मा ही है, जो ऐसा मानता और समझता है, वह परमात्मा में परम अनुराग, परमात्मा में ही क्रीड़ा, उन्हीं में संयोग का सुख और उन्हीं में आनंद का अनुभव करता हुआ परमात्मरूप हो जाता है।'' बाद में गीता के अठारहवें अध्याय में कहा गया-''भक्ति के द्वारा वह इस बात को जान लेता है कि मैं वस्तुत: कौन हूं और कितना हूं। तब तत्त्व रूप में मुझे जान लेने के बाद वह मुझमें प्रवेश कर जाता है।''[4] इसकी व्याख्या सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने इस प्रकार की है-''ज्ञाता तथा भक्त परमेश्वर, पूर्ण पुरुष के साथ आत्मज्ञान और आत्मानुभव में एकाकार हो जाता है। ज्ञान और भक्ति दोनों का एक ही लक्ष्य है। ब्रह्म बनने का अर्थ है-परमात्मा से प्रेम करना, उसे पूरी तरह जानना और उसमें प्रवेश कर जाना।[5]

जीवात्मा और परमात्मा के इसी संबंध को आगे चलकर आदि शंकराचार्य ने अपने अद्वैतवाद के दार्शनिक सिद्धांत में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि ''यदि हम निरपेक्ष परब्रह्म के स्वरूप को जान लें तो समस्त सीमित आकृतियां और सीमाएं अपने आप विलुप्त हो जाती हैं। जगत माया है क्योंकि यह ब्रह्म की अनंत यथार्थता का सत्य नहीं है। उसका आभास है।''[6] उनके अनुसार शरीर तथा उस जैसी अन्य वस्तुएं अविद्या की सृष्टि हैं। वे उतनी ही अस्थायी हैं, जितने पानी के बुलबुले होते हैं। अत: ज्ञान की सहायता से यह जानो कि 'मैं ही परम ब्रह्म हूं' (अहम् ब्रह्मास्मि)। उपनिषदों में यह कहा गया है कि ब्रह्म का ज्ञाता ब्रह्म हो जाता है तो ज्ञाता को अवश्य ब्रह्म के साथ एकात्मरूप होना चाहिए। सब कुछ ब्रह्म ही है (सर्व खल्विदं ब्रह्म:), तो इसके अनुसार जीव तथा जीवात्मा भी और कुछ नहीं, स्वयं ब्रह्म ही है। अत: वह भी ब्रह्म के समान स्वत:प्रकाशित, अनंत और उन्मुक्त है। उसकी सीमाएं उन उपाधियों और परिस्थितियों का परिणाम है, जो अविद्या के कारण दिखाई पड़ती हैं। अविद्या को विद्या से दूर कर दो, तुरंत जीव और ब्रह्म के बीच का द्वैत तिरोहित हो जाएगा, जीव का कोई अलग अथवा भिन्न अस्तित्व नहीं रहेगा और वह अपने यथार्थ रूप में अर्थात ब्रह्म रूप में दृष्टिगत होगा।[7]

ऋग्वेद और उपनिषदों में मुख्य रूप से अध्यात्मवाद का दार्शनिक आधार प्रस्तुत किया गया था। लेकिन इनके बाद और इनके साथ-साथ रचे गए ब्राह्मण ग्रंथों और मनुस्मृति में कर्मकांड, सामाजिक नियम और साथ ही वर्णव्यवस्था को विशेष महत्व दिया गया। सतपथ ब्राह्मण में दो तरह के देवता बताए गए। देवता तो देवता हैं ही। ब्राह्मण, जिन्होंने पवित्र मंत्रों को कंठस्थ कर रखा है और जो इन्हें दूसरों को सिखाते हैं, वे भी मनुष्य रूप में देवता हैं। इसी तरह यज्ञ दो तरह के माने गए। अग्नि में जो यज्ञ किए जाते हैं वे देवताओं की पूजा के लिए होते हैं। किंतु जो उपहार और पूजा ब्राह्मणों को भेंट की जाती है, वह मनुष्य रूपी देवताओं के लिए यज्ञ होते हैं। मनुस्मृति में वर्णव्यवस्था की पुरजोर ढंग से स्थापना करते हुए मनु ने घोषणा की थी कि ब्राह्मण चूंकि वेदों का अधिकारी है, अत: उसे समस्त सृष्टि का प्रभु होने का अधिकार है। ब्राह्मण ग्रंथों और

मनुस्मृति तक स्वर्ग-नरक, पुनर्जन्म, कर्मफल, मोक्ष जैसी मान्यताओं का पूर्ण विकास हो चुका था।

इन सबकी प्रतिक्रिया में भौतिकवादी दर्शनों का उदय हुआ था। और चूंकि वेदों पर अधिकार के कारण ही ब्राह्मणवाद की स्थापना हुई थी इसलिए वेदों की सत्ता को स्वीकार करने से भी उन्होंने इनकार कर दिया और ब्रह्मांड की उत्पत्ति के संबंध में उपनिषदों की अवधारणा का भी पूरी शक्ति से विरोध किया। भौतिकवादी दर्शनों में लोकायत या चार्वाक दर्शन में अध्यात्मवाद का सबसे उग्र विरोध हुआ। यहां तक कि इसी कारण उसे एक भोगवादी दर्शन के रूप में प्रचारित किया गया और कहा गया कि यह कर्ज लेकर घी पीने का दर्शन है। भारत में 15वीं सदी में भी अध्यात्मवादियों द्वारा लोकायत दर्शन की मान्यताओं का विरोध किया जाना इस बात का संकेत देता है कि समाज में इस दर्शन से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित थे जिन्हें 'सही' राह पर लाने के लिए अध्यात्मवादियों को इसकी मान्यताओं का विरोध करना पड़ रहा था। लोकायत दर्शन ने आत्मा, परमात्मा, स्वर्ग, नरक, मोक्ष आदि से जुड़ी सभी अध्यात्मवादी मान्यताओं को झूठ का पुलिंदा कहा। उसके अनुसार इस संसार के अलावा कोई दूसरा संसार नहीं है। न तो स्वर्ग है और न नरक है।[8] मोक्ष के बारे में उन्होंने कहा कि मोक्ष मृत्यु के अलावा और कुछ नहीं है। और मृत्यु प्राणों का समाप्त हो जाना ही है। अत: बुद्धिमान लोगों को मोक्ष के लिए कष्ट नहीं उठाने चाहिए। मूर्ख ही तप और व्रत आदि से अपने शरीर को शक्तिहीन और निर्बल बनाते हैं। लोकायत दर्शन में धार्मिक साहित्य को झूठा कहा गया है और इसलिए उसकी उपेक्षा करने को कहा गया है। इसके अनुसार कोई देवी-देवता या अलौकिक शक्ति नहीं है। अमर आत्मा जैसी भी कोई चीज नहीं है। शरीर की मृत्यु होने पर कुछ शेष नहीं रहता।[9] वेदों और उपनिषदों के गंभीर दार्शनिक और आध्यात्मिक प्रश्नों के इन्होंने यथार्थवादी और भौतिकवादी उत्तर दिए। उनके अनुसार केवल प्रत्यक्ष ज्ञान ही सच्चा ज्ञान प्रदान करता है। धार्मिक उपदेश और पुरोहित वर्ग निरर्थक है। उन्होंने घोषणा की कि जीवन का लक्ष्य अधिकतम आनन्द का उपभोग करना है।

इस तरह हम देखते हैं कि भारत में प्राचीन काल से ही आध्यात्मिकता के साथ-साथ भौतिकतावाद की एक समानांतर दार्शनिक विचारधारा मौजूद रही है। और इसकी समाज में ही नहीं विद्वानों में भी महत्त्वपूर्ण स्वीकृति रही है। लेकिन भारत आध्यात्मिकता का देश है, यह प्रचारित करते समय पूरे आधुनिक युग में इस पहलू की गंभीर उपेक्षा हुई है। इससे निश्चित ही अंग्रेजों को अपने औपनिवेशिक हितों को पूरा करने में मदद मिली और आधुनिक चेतना से संपन्न लोगों में अपने देश की परंपरा के प्रति विद्रोह की भावना अधिक उत्पन्न हुई और पश्चिमी भौतिकतावाद की तरफ वे अधिक आकर्षित हुए। यह अवश्य है कि आधुनिक युग के पहले आध्यात्मिकता ही वर्चस्व की विचारधारा थी। भक्तिकाल में कबीर जैसे क्रांतिकारी कवि ने भी 'माया महाठगिनी हम जानी' कहकर लोगों को इस संसार की माया से मुक्त रहने की सीख दी थी। लेकिन आधुनिक युग में बीसवीं सदी के एकदम प्रारंभ में श्रीधर पाठक जैसे कवियों ने इस जगत को ही सच्चा मानने पर जोर दिया। अपनी 'जगत सचाई सार' कविता में वे उपदेशक के ही अंदाज में कहते हैं- ''यह जग सच्चा तनिक न कच्चा, समझो बच्चा इसका भेद।'' लेकिन

उत्तरआधुनिकता के वर्तमान दौर में एक बार फिर पहिया घूम रहा है। एक तरफ जहां भौतिकतावाद और उपभोगवाद बाजार की नई शक्तियों के कारण उफान पर है और आर्थिक मंदी के साथ उसका बुलबुला थोड़ा फूटा भी है, तो साथ-साथ एक नकली आध्यात्मिकता भी समाज में फैलती चली गई है। कथावाचकों और आध्यात्मिक गुरुओं की भरमार हो गई है। और रोचक यह है कि इसमें उत्तरआधुनिकता की नई बाजार प्रणाली ही मददगार है। तमाम टीवी चैनलों ने आध्यात्मिकता का बाजार और फैलाया है और इस आध्यात्मिकता के उपभोक्ता सभी धर्मों में बढ़े हैं। सोशल मीडिया और विशेष रूप से फेसबुक और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने भी आध्यात्मिकता को नए मंच दिए हैं।

उत्तरआधुनिकता और बाजार का नवपूंजीवाद- वर्तमान भौतिकतावाद और उपभोक्तावाद के लिए बाजारवाद को जिम्मेदार माना जाता है। लेकिन हम जानते हैं कि भारत में व्यापारिक पूंजीवाद मध्ययुग में ही आ गया था। तब बाजार की जरूरतों के कारण ही दस्तकारों और शिल्पकारों को विशेष महत्त्व मिला था और समाज में वे आत्मविश्वास के साथ अपनी आवाज उठाकर खड़े होने लगे थे। जुलाहे समुदाय से आने वाले कबीर को संत के रूप में व्यापक मान्यता मिलना इसी का सबूत है। इसमें उस समय की नई अर्थव्यवस्था की भी भूमिका थी।

फिर आधुनिक युग की औद्योगिक क्रांति जो एक पूंजीवादी सभ्यता विकसित की उसे भी एक व्यापक बाजार की जरूरत थी और भारत ब्रिटेन का उपनिवेश बनने के साथ-साथ उसके उत्पादनों का एक बाजार भी बन गया था। और यह बाजार इस कदर विस्तृत हो गया था कि स्वाधीनता संग्राम के दौरान राष्ट्रभक्तों ने विदेशी सामानों की होली तक जलाई थी और स्वदेशी को अपनाने का प्रण लिया था। तो फिर आज का बाजारवाद और उपभोगवाद किस अर्थ में अलग है? उत्तरआधुनिकता के सिद्धांतकारों ने विस्तार से इसका जवाब दिया है। उसमें के पूंजीवाद को वृद्ध पूंजीवाद कहा गया है। साथ ही इसे नवपूंजीवाद भी कहा गया है।

इसमें उपभोक्ता बनाने के तरीके पूंजीवादी युग के तरीकों से भिन्न है। इसने जिस बाजारवाद को जन्म दिया है उसने एक बड़ा उपभोक्तावादी समाज बनाया है। जो वस्तुओं को नहीं खरीदता बल्कि वास्तव में उन संकेतों की खरीददारी करता है जिन्हें बाजार ने बनाया है। ये संकेत आकर्षक विज्ञापनों से बनाए जाते हैं। आज के नवपूंजीवाद और बाजारवाद की सबसे बड़ी शक्ति है विभिन्न जनसंचार माध्यमों में आकर्षक और छलावे विज्ञापनों की शक्ति।

वर्तमान बाजारवाद और उपभोक्तावाद को व्याख्यायित करते हुए बोद्रियार्द इसके तीन कारण बताते हैं- 1. अमेरिका और पूरे यूरोप में उत्पादन में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। जब उत्पादन बढ़ जाता है तब चाहे कृत्रिम ढंग से सही, मांग को प्रोत्साहित किया जाता है। और इसके लिए लोगों तक पहुंच बनाने के नए-नए तरीके अपनाए जाते हैं। इससे लोगों में उपभोग की प्रवृत्ति बढ़ती है। 2. भिन्न दिखने की लालसा। समाज में लोग अपना जीवन पद्धति द्वारा अमनी प्रतिष्ठा बढ़ाना चाहते हैं। वे बताना चाहते हैं कि उनकी जीवन पद्धति और लोगों से भिन्न है। भिन्न दिखने की यह आकांक्षा उन्हें ज्यादा से ज्यादा उपभोग करने के लिए प्रेरित करती है। और 3. बोद्रियार्द ने कहा कि वस्तुएं संकेत हैं। लोग वस्तुओं का उपभोग नहीं करते, संकेतों का उपभोग करते हैं। नए

जनसंचार माध्यमों में आकर्षक और छलावे विज्ञापनों के कारण अब वस्तुएं आवश्यकताओं को पूरा करने का साधन बनकर नहीं आतीं बल्कि वे संकेतक बनकर आती हैं। ये संकेत उपभोग के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। अगर वस्तुओं को बाजार में बिकना है तो उन्हें सशक्त संकेत बनना ही पड़ेगा नहीं तो वे बाजार से उठ जाएंगी। इस तरह वस्तुओं का उपयोग मूल्य महत्वपूर्ण नहीं रह जाता बल्कि उनका संकेत मूल्य ही महत्वपूर्ण हो जाता है।[10]

बोद्रियार्द कहते हैं कि उत्तरआधुनिकता का समाज बुनियादी रूप से मास मीडिया या जनसंचार माध्यमों का समाज है। ये जनसंचार माध्यम रियलिटी या यथार्थ की जगह हाइपररियलिटी यानी अतियथार्थ या आभासी यथार्थ का निर्माण करते हैं और अपनी इसी शक्ति के कारण इन्होंने एक नए उपभोक्ता समाज को बनाया है।[11] इस नए समाज की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें वर्गों के विभाजन का आधार उत्पादन संबंध नहीं रह गया है जो कि औद्योगिक या आधुनिक समाज की विशेषता थी। बल्कि इसका आधार समाज में उपभोग का स्तर हो गया है। भारत में हम देख सकते हैं कि आर्थिक उदारीकरण और भूमंडलीकरण के बाद उपभोक्ता समाज को बढ़ाने में बाजारवाद की शक्तियां ही सक्रिय नहीं रहीं बल्कि स्वयं सरकारों ने इसके लिए अनुकूल नीतियां और वातावरण तैयार करने को लेकर अभूतपूर्व प्रयास किए हैं। भारत में विदेशी कंपनियों को आमंत्रित करना और यहां के उपभोक्ता बाजार को बढ़ा-चढ़ाकर बताना आज की प्रमुख अर्थनीति हो गई है। लेकिन इस उपभोक्तावादी समाज ने क्या भारत के पारंपरिक समाज में कोई महत्त्वपूर्ण तोड़-फोड़ की है जिसे युगांतरकारी माना जाए, इसकी परीक्षा करना जरूरी है। क्या भारतीय समाज को बदलने में उपभोक्तावाद की कोई सकारात्मक भूमिका भी मानी जा सकती है या यह एक मृगतृष्णा भर है? पिछले कुछ वर्षों में आर्थिक मंदी के कारण नवपूंजीवाद और उपभोक्तावाद का जो बुलबुला फूटा है उसके संदर्भ में यह जानना और जरूरी हो गया है।

उपभोक्तावादः मृगतृष्णा या सच्चे सुख की तलाश- क्या सुविधाएं या भौतिक साधन खुशी या प्रसन्नता प्रदान कर सकते हैं? क्या उपभोक्तावादी जीवन से सच्चे सुख की तलाश पूरी हो सकती है? अब ये सवाल पूछे जाने का दौर गुजर चुका है और उपभोक्तावाद हमारे समाज की एक प्रमुख प्रवृत्ति बन चुकी है। लेकिन अब भी ये सवाल अपनी जगह हैं।

भारत में भूमंडलीकरण के साथ उपभोक्तावाद का वास्तविक रूप तब सामने आया जब कार, टीवी, फ्रिज जैसी चीजें खरीदने के लिए बैंकों से कर्ज मिलना शुरू हुआ और मध्यवर्ग ही नहीं बल्कि निम्नमध्यवर्ग की दबी हुई इच्छाएं भी पूरी होने लगीं। कर्ज लेकर घी पीने की कहावत जब सही अर्थों में साकार होने लगी। ब्याज चुकाए जाने की चिंता छोड़ लोगों ने किस्तों पर ये चीजें लेनी शुरू कर दीं। और फिर आवश्यकताओं ने अपना पैर पसारना शुरू किया। क्रेडिट कार्ड ने लोगों को जब और जहां भी खरीदारी की सुविधा दे दी, तत्काल पास में पैसे न हों तो भी। लोगों के सपनों को पंख लगने शुरू हुए। पहले मध्यवर्ग के लोग अपनी चीजें पड़ोसियों को दिखाकर यह कहते हुए रोब जमाते थे कि यह इम्पोर्टेड है। लेकिन अब एक-एक कर सभी विदेशी कंपनियां चलकर भारतीय बाजार में आ गईं। और फिर शुरू हुआ ब्रांडों से जुड़ी पहचान का दौर। ब्रांडों के पीछे भागने का दौर। ऐसा नहीं कि पहले ब्रांड नहीं थे। पार्कर पेन, रेमंड सूट जैसी

अनेकानेक कंपनियों की साख पहले भी थी। लेकिन उनके प्रति आम लोगों में आग्रह नहीं था लेकिन टीवी चैनलों और टीवी कार्यक्रमों की भरमार के साथ-साथ विज्ञापनों का जो नया युग आया उसने ब्रांडों को आम लोगों में परिचित बना दिया। इसके अलावा नए मध्यवर्ग के उदय और शॉपिंग मॉल तथा स्थानीय बाजारों तक में इन ब्रांडों के शोरूम्स खुलने से लोगों की इन तक पहुंच बढ़ गई। अब उपभोक्तावाद केवल क्रयशक्ति का मामला रह गया। और वह जादू क्या जो सिर चढ़कर न बोले। कुछ वर्ष पहले कोल्डड्रिंक के एक विज्ञापन में दिखाया गया था कि एक आदिवासी इलाके में गरीब बच्चे सचिन तेंदुलकर का मुखौटा लगाए उल्लास के साथ एक खास कंपनी की कोल्डड्रिंक पी रहे हैं। और कुछ अंशों में यह हकीकत भी बन चुका है। आज ये चीजें सामाजिक पहचान से जुड़ चुकी हैं और लोगों की जरूरत बन चुकी हैं।

इन प्रवृत्तियों को देखते हुए ऐसा लगता है कि बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में महात्मा गांधी द्वारा प्रचारित अपरिग्रह का सिद्धांत समाज में अप्रासंगिक हो चुका है। कबीर ने कहा था, साई इतना दीजिए जामे कुटुम्ब समाए, आप भूखा ना रहें साधु ना भूखा जाए। लेकिन अब लोगों की आकांक्षाएं इतनी सीमित नहीं रही हैं। शायद तब भी नहीं थीं वरना कबीर को ऐसा क्यों कहना पड़ता और क्यों उनका जीवन संत का जीवन कहलाता- ज्यों की त्यों धर दीनी चदरिया। आज समाज का बहुत छोटा सा वर्ग 'संतोष परम सुखम्' को अपने जीवन का आदर्श मानता है और बहुत बड़ा वर्ग क्रय शक्ति न होने के कारण मजबूर है लेकिन उपभोग की इच्छाएं उसके पास हैं। और दुहराने की आवश्यकता नहीं कि उनकी ये इच्छाएं सुखी और ऐश्वर्यभरा जीवन जीने की प्राकृतिक लालसा के साथ-साथ मीडिया द्वारा पैदा की गई लालसा भी है। आज मीडिया समृद्धि के जैसे संकेतों का निर्माण कर रहा है उसमें यही होना स्वाभाविक था। मीडिया में हर साल अमीरों की बढ़ती संख्या का ढिंढोरा पीटा जाना समाज के संकेतक का ही निर्माण है। मुकेश अंबानी का अरबों रुपए का बंगला हमारे समय का एक मजबूत संकेतक मीडिया द्वारा ही बनाया गया है। संक्षेप में, अपरिग्रह अब समाज का मानक आदर्श नहीं रहा। निम्नमध्यवर्ग के लोगों के साथ यह एक महत्वपूर्ण बात देखी जा सकती है कि वे उपभोग की आकांक्षाओं के साथ-साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए भी प्रयत्नरत हैं। वे जानते हैं कि जीवन की सुख-सुविधाएं अच्छी शिक्षा के माध्यम से हासिल की जा सकती हैं। इस तरह हम देखते हैं कि समाज का जीवन अब भौतिकतावादी जीवन बन चुका है। तो क्या अध्यात्मवाद का युग समाप्त हो गया?

विडंबना यह है कि जिस मास मीडिया को समाज में उपभोक्तावाद को बढ़ाने का श्रेय जाता है, उसी मास मीडिया ने आध्यात्मिकता का कारोबार भी बढ़ाया है। भौतिकतावाद मुख्यत: नास्तिकता का दर्शन है लेकिन वर्तमान में हम धार्मिकता का एक नया ज्वार भी देख रहे हैं। टीवी चैनलों में कुम्भ मेले का सीधा प्रसारण दिखाया जाता है और हर साल कुम्भ के भीड़ भरे मेले में जाने वालों की संख्या बढ़ती जाती है। कांवड़ियों की भीड़ भी लगातार बढ़ती दिखाई देती है और उनमें युवाओं की संख्या ही ज्यादा होती है। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों वाले टीवी चैनलों की भरमार भी दर्शकों में इनकी व्यापक स्वीकृति का संकेत है।

इस संबंध में हाल में घटी दो प्रमुख घटनाएं प्रतीकात्मक महत्व रखती हैं। 1. कोरोना के बाद पूरी दुनिया के साथ-साथ भारत में भी आर्थिक मंदी का वर्तमान दौर। इसने भौतिकतावादी दर्शन से प्रभावित उपभोक्तावाद के सामने चुनौती पेश की है और बाजारवाद भी फिलहाल थोड़ा सहमा हुआ है। 2. कुछ वर्ष पूर्व अध्यात्मगुरु आसाराम बापू की यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तारी। आसाराम बरसों से करोड़ों लोगों की आस्था का मूर्त रूप बने हुए थे। लोग भगवान की तरह उनकी तस्वीर घर और दुकानों में लगाया करते थे। यौन उत्पीड़न के अनेक मामलों में आसाराम की संलिप्तता उजागर होने से करोड़ों लोगों की आस्था ठगी सी रह गई। अंत में प्रश्न यह है कि भौतिकतावाद और आध्यात्मिकता दोनों तरफ से निराश मनुष्य क्या करे? जिस तरह ढलकर सूरज फिर अगले दिन निकल आता है, परिदृश्य बता रहे हैं कि भारतीय समाज में ये दोनों ही लंबे समय तक जारी रहने वाले हैं।

संदर्भ सूची :

1. ऋग्वेद, 8.58.2
2. पुरुष एवेदं सर्व यद्भूतयच्चभव्यम- ऋग्वेद, 10.90
3. ब्रह्मवित् ब्रह्मैव भवति:- मुण्डकोपनिषद
4. श्रीमद्भगवद्गीता, 18:55
5. भगवद्गीता, (2001) राधाकृष्णन, पृ. 428
6. वही, पृ. 565
7. के. दामोदरन, (2004) भारतीय चिंतन परंपरा, पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, पृ. 259
8. वही, पृ. 107
9. वही, पृ. 108
10. एस. एल. दोषी, (2007) आधुनिकता, उत्तरआधुनिकता एवं नवसमाजशास्त्रीय सिद्धांत, रावत पब्लिकेशंस, नई दिल्ली, पृ. 217
11. वही, पृ. 224

❐❐❐

असिस्टेंट प्रोफेसर, श्यामलाल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, शाहदरा, दिल्ली-110032, मोबाइल नं. : 9990689254

ई-मेल: burnwalramesh77@gmail.com

रोनाल्ड ई आशर: अनुवाद चिंतन एवं साहित्यिक गरिमा

—डॉ. मोहनन वीटीवी

सन् 1953 में तमिल भाषाध्ययन के लिए वे पहली बार भारत आये। सन् 1963 से लेकर आशर मलयालम का अध्ययन करने लगे। पी श्रीकुमार का मानना यह है कि द्रविड भाषाओं की ग्रंथ सूची से यह जानकारी प्राप्त होती है कि कैमिल स्वलबिल (1927-2009) तथा हेर्मन गुंडर्ट (1814-1893) के बाद जिस विदेशी विद्वान ने तमिल भाषा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है, वह आर ई आशर है।

दक्षिण भारत की भाषाएँ तथा साहित्य के साथ आर ई आशर का गहरा संबन्ध है। उन्होंने तमिल तथा मलयालम भाषाओं के साहित्य को अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे जाने-माने अनुवादक, अनुवाद चिन्तक, भाषा वैज्ञानिक एवं भाषा प्रेमी थे। आशर ने मलयालम के जाने-माने उपन्यासकार तकषी शिवशंकर पिल्लै तथा वैक्कम मुहम्मद बशीर के लगभग सभी रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद किया। वे इसलिए अनुवादक तथा अनुवाद चिन्तक के रूप में ख्याति प्राप्त हैं। दक्षिण भारत के शीर्षस्थ भाषा वैज्ञानिक के रूप में आशर का नाम लिया जाता है।[1] ऐसे मशहूर विदेशी साहित्यकार, भाषा वैज्ञानिक तथा भाषा प्रेमियों के नाम लिये जाते हैं जिन्होंने भारत में आकर यहाँ की भाषाएँ पढ़ी और व्याकरण तथा भाषा विज्ञान के महान ग्रंथ रचे। अनेक विदेशी विद्वानों ने इस भेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जिनमें फ्रैंसिस्को औसिंनियो, कैमिल बुल्के, लिंडा हेसो, फ्रैंसिस डब्ल्यू प्रिट्टेत्तु, अन्ना मरे स्किलेली, रलफा रस्सल, हंक हाइफिट्सो डेविड जूलमान, कैमिल वी सी लैबिलो, नोर्मन, कूट्लरो, एड्वर्ड सी डीपॉक, हेर्मन गुंडर्ट आदि का नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। आर ई आशर का नाम इसलिए विशेष महत्वपूर्ण है कि वे केवल भाषा प्रेमी नहीं थे, उन्होंने मलयालम भाषा को अंग्रेजी अनुवादों के द्वारा विदेशी भाषाओं के स्तर तक पहुँचाया, मलयालम के व्याकरण लिखे, अनुवाद के सिद्धान्तों को बहुत ही गहरे स्तर तक समझाने की कोशिश की, भाषा वैज्ञानिक ग्रंथ लिखे, अनेक लेख लिखे।

उनका जन्म 23 जुलाई 1926 को इंग्लैंड के कृषक परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम एनस्ट आशर तथा माता का नाम डॉरिस हस्ट था। उन्होंने लंडन विश्वविद्यालय से फ्रेंच पुनरुत्थान तथा साहित्य में पी एच डी की उपाधि प्राप्त की। वे उसी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ऑरियन्टल तथा अफ्रीकी अध्ययन केन्द्र के प्राचार्य, एडिनबरो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर

आदि के रूप में कार्यरत रहे। अब वे एडिनबरो विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान के केन्द्र में एमिरटस प्रोफेसर हैं।

सन् 1953 में तमिल भाषाध्ययन के लिए वे पहली बार भारत आये। सन् 1963 से लेकर आशर मलयालम का अध्ययन करने लगे। पी श्रीकुमार का मानना यह है कि द्रविड भाषाओं की ग्रंथ सूची से यह जानकारी प्राप्त होती है कि कैमिल स्वलबिल (1927-2009) तथा हेर्मन गुंडर्ट (1814-1893) के बाद जिस विदेशी विद्वान ने तमिल भाषा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है, वह आर ई आशर है।[2] वी के कृष्ण मेनन ने सन् 1950 के दशक में लंडन विश्वविद्यालय में जो वाचन दिये थे, उसके प्रभाव पर आशर मलयालम सीखने लगे। Kerala and Malayalam Literature, Renaissance of Malayalam Literature आदि उनके ग्रंथ मलयालम भाषा तथा साहित्य पर आधारित हैं।[3] उन्होंने यह माना है कि उपन्यास के क्षेत्र में मलयालम साहित्य बहुत ही आगे बढ़ चुका है।..... भारत के समकालीन साहित्य में विशेष स्थान तमिल, मलयालम, बंगाली, हिंन्दी आदि भाषाओं को है।

सन् 1971 में आर ई आशर ने आर राधाकृष्णन के सहयोग के साथ A Tamil Prose Reader: Selections from Contemperory Tamil Prose with Notes and Glossary तथा सन् 1973 में Some Landmarks in the History of Tamil Prose आदि ग्रंथ लिखे। सन् 1966 में क्वालालंपुर में प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय तमिल भाषा सम्मेलन संचालित किया गया। आशर ने सेवियर तनिनायकम के साथ सम्मेलन के प्रबंधों का संकलन 'Proceedings of the First International Conference Seminar of Tamil Studies' शीर्षक पर प्रकाशित किया। सन् 1968 में चेन्नई में द्वितीय तमिल भाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। आशर ने खुद उस सम्मेलन के प्रबंधों का 'Proceedings of the Second International Conference Seminar of Tamil Studies' शीर्षक पर प्रकाशित किया।

आशर ने तमिल, मलयालम, अंग्रेजी तथा फ्रेंच साहित्य एवं भाषा पर अनेक आलोचनात्मक ग्रंथ लिखे। उन्होंने सन् 1970 में Tamil Renaissance and the beginnings of the Tamil novel तथा सन् 1989 में Renaissance of Malayalam Literature आदि गंभीर लेख लिखे जो उनकी तमिल पर साहित्यिक दक्षता के परिणाम हैं। उन्होंने ई.एफ.के कोर्नर के साथ Coneise History of the Language Scviences - From the Sumerians to the cognitivists नामक ग्रंथ लिखे। भाषा विज्ञान के क्षेत्र में यह ग्रंथ महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने इस ग्रंथ के पुरोवाक् में लिखा है, 'There has in the later decades of the 20th Century been an increasing awareness in the field of theoretical linguistics of the value in modern work of an appreciation of the views] findings and insights of our Predecessors through the ages- This book aims to present within the compass of a single volume a comprehensive history of the language Sciences-'[5] चाहे वे जाने-माने वैज्ञानिक हो, आशर के साहित्य में फ्रेंच पुनरुत्थान तथा मलयालम साहित्य का इतिहास भरा पड़ा है। जी. श्रीकुमार ने आशर को उद्धृत किया, 'If we do research into language because it is

language that above all that distinguishes man from other species, then it is in the creative use of language in literature that we find the fullest extent of this distinction.'6 सन् 1986 से लेकर 1989 तक वे एडिनबरो विश्वविद्यालय के भाषा संकाय के डीन थे तथा 1900 से लेकर 1993 तक उसी विश्वविद्यालय के उपकुलपति थे। सन् 1969 में The Penguin Companion Literature के भारत-पाकिस्तान-श्रीलंका विभाग के संपादक थे। उन्होंने सन् 1994 में The Encyclopedia of Linguistics के दस अंक के संपादन तथा सन् 1994 में सीमोस्ली के साथ The Atlas of the World's Languages का संपादन किया। आशर ने मलयालम, तमिल तथा फ्रेंच साहित्य पर अनेकानेक विद्वत्तापूर्ण समीक्षाएँ लिखीं। उन्होंने शूरनाडु कुंजनपिल्लै के द्वारा संपादित केरल विश्वविद्यालय के मलयालम कोश के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं पर विशेष समीक्षाएँ तथा आलेख लिखे। अय्यप्प पणिक्कर, के.एम.जोर्ज, कृष्ण चौतन्य आदि विद्वानों ने मलयालम साहित्य पर अंग्रेजी भाषा में खूब लिखे। आशर ने उन रचनाओं की समीक्षाएँ लिखीं एवं अंग्रेजी विद्वान एवं पाठकों को परिचित करवाया। उन्होंने Encyclopaedia Britannica में तमिल तथा मलयालम भाषा पर लिखे। उन्होंने Dictionary of Oriental Literatures (1974) में ओ. चंतु मेनन, पी. केशवदेव, चंगम्पुषा कृष्ण पिल्लै, कुमारनाशान, के.एम.पणिक्कर, वैक्कम मुहम्मद बशीर, वल्लत्तोल नारायण मेनन, एम.टी.वासुदेवन नायर, तकषी शिवशंकर पिल्लै आदि मलयालम के साहित्यकारों के बारे में लिखकर मलयालम भाषा एवं साहित्य का परिचय करवाया। आशर ने टी सी कुमारी के साथ Descriptive Grammers नामक व्याकरण ग्रंथ लिखा जो 'आशर का व्याकरण' नाम से जाना जाता है। सन् 1997 को रूटलेड्ज ने इस ग्रंथ का प्रकाशन किया। 'Existential, Possessive, locative and copulative sentences in Malayalam' नामक उनका शोध प्रबंध आधुनिक भाषा विज्ञान के सारे तत्वों को प्रकट करता है।

भाषा विज्ञान, व्याकरण आदि पर आशर ने अनेक विद्वत्तापूर्ण लेख एवं ग्रंथ लिखे। उन्होंने मलयालम के अनेक उपन्यासों का अंग्रेजी में किया। इसके साथ अनुवाद के प्रायोगिक पक्ष पर अनेक सिद्धान्त का प्रयोग किया। आशर ने मलयालम पढ़ी, तकषी शिवशंकर पिल्लै तथा वैक्कम मुहम्मद बशीर की लगभग सभी रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद किया। वैक्कम मुहम्मद बशीर के ख्याति प्राप्त उपन्यास 'न्टुप्पाप्पक्कोरानेन्डार्न' का अंग्रेजी में 'My granddad had an elephent' शीर्षक पर मलयालम से अनुवाद किया। उन्होंने के.पी.रामनुण्णी का उपन्यास 'सूफी परंजा कथा' का अंग्रेजी अनुवाद 'What the Sufi said' एन गोपालकृष्णन के साथ किया। जाने माने साहित्यकार सलमान रूश्दी का मानना यह था कि भारतीय भाषाओं में बेहतरीन रचनाएँ प्रकाशित नहीं हो रही हैं। आशर ने इस वक्तव्य का खण्डन अपनी मलयालम तथा तमिल रचनाओं के अंग्रेजी अनुवादों के द्वारा किया और अनुवाद सिद्धान्तों को सामने रखा। उन्होंने सन् 1980 में बशीर के 'बाल्यकाल सखी' नामक उपन्यास का अंग्रेजी अनुवाद 'Childhood friend' किया।

आशर को उद्धृत करते हुए डॉ सुजा एस यह मानती है, 'बशीर की रचनाओं के अनुवाद में अत्यन्त सतर्क रहना चाहिए क्योंकि वाक् तथा ध्वनियों के साथ उच्च साहित्यिक ज्ञान की आवश्यकता भी है। एक तरफ, वे हस्तामलक की तरह शब्दों का बहुत ही आसान तरीके में प्रयोग करते हैं, तो दूसरी तरफ, उनके शब्दों में अत्यन्त संकीर्ण दुनिया की परख है। हरेक कथाएँ मूल कथा से अत्यन्त गहरे तौर पर जुड़ी हुई हैं। इसलिए अनुवादक को बशीर की तियों को एकक घटक के रूप में अनुवाद करना चाहिए।'

आशर का मानना यह है कि अनुवादक को भाषा विद् होना भी जरूरी है और इसलिए वह कलम के जादूगर हैं। जब वे भाषा के साथ-साथ मूल रचनाकार तथा उनकी संस्कृति के साथ परिचित हो वह एक बेहतर अनुवादक हो सकता है। आशर के अनुवादीय अनुभवों के आधार पर उपर्युक्त प्रस्ताव बहुत ही स्पष्ट हो जाता है। उनका मानना यह है कि अनुवादक को शब्द के यथातथ्य अनुवाद पर ध्यान नहीं देना चाहिए। अनुवाद शब्दानुवाद न हो। बशीर के उपन्यासों के वार्तालाप का अनुवाद अत्यन्त कठिन है। एक उदाहरण यहाँ दिया जाता है जो अंग्रेजी में प्रयुक्त नहीं है।

Umma was saying to some children,

'What you vagabonds!'

The vagabond Kunjupattummas and kunjutachummas, Adimas and Makkars said, 'Gulgulugulu!'

'What did you say, you vagabonds?' Asked Umma.

'Lullullu!' said the children

Umma strated getting all worked up and said& 'you'll be bitten by a deadly snake!'

'memmemme!'

'you pigs!'

'peppeppe!'

'I'll knock you flat!' saidumma. 'Umma', said kunjuppattumma from some way off. 'Leave The alone'.

You say something and their bapas will come and started a quarrel!

'Let them come!' Umma said loud enough for the whole world to hear.

Let them all see you! Let them see Anamakkar's darling daughters' darling daughter. Let them all see! Your uppuppa had an elephant! A huge tusker.

'It was an elephant ant.' Said an eighteen inch tall, dark adimawith snootty nose and hands covered with scabs.

'Elephant ant! Elephant ant!'

जाने-माने भाषा विद्, साहित्य के विद्वान, अनुवादक के साथ-साथ आशर का नाम विख्यात अनुवाद चिंतक के रूप में लिया जाता है। तत्कालीन मलयालम साहित्यकारों के लगभग सभी रचनाओं का अनुवाद उन्होंने अंग्रेजी में किया है। आशर ने अनुवाद को संस्कृति के साथ जोड़ा है। उनका मानना यह है कि अनुवादक को दोनों भाषाओं का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। अनुवादक को मूल तथा लक्ष्य भाषा की संस्कृति से खुला संबन्ध रखना चाहिए उन्होंने उपन्यास, कहानी

आदि साहित्य की विधाओं के साथ गहरा ज्ञान रखा। कविता, नाटक आदि के साथ उनका संबन्ध नहीं था। Malayalam Language and Literatur, Encyclopedia Britannica, The Penguin Companion to Literature, The Novel in India, Studies in the Language and Culture of South Asia, The Dictionary of Oriental Literature and Cassell's Encyclopedia of world Literature आदि उनकी विद्वत रचनाएँ अनुवाद, भाषा एवं साहित्य पर आधारित हैं जो मूलत: भारतीय साहित्य के परिप्रेक्ष्य में लिखे गये हैं।

संदर्भ सूची :

1. पी. श्रीकुमार, मलयालत्तिन्टे आशर, पृ.सं-1, सं. पी. श्रीकुमार, मलयालत्तिन्टे आशर, केरल भाषा संस्थान, तिरुवनंतपुरम, 2013.
2. पी. श्रीकुमार, मलयालत्तिन्टे आशर, पृ.सं-2, सं. पी. श्रीकुमार, मलयालत्तिन्टे आशर, केरल भाषा संस्थान, तिरुवनंतपुरम, 2013.
3. R.E Asher, Routledge London, 1997
4. आशर मलयालम का आत्मसुहृत्त, डॉ पुतुश्शेरी रामचन्द्रन. पृ.सं. 34, मलयालत्तिन्टे आशर, सं. पी. श्रीकुमार, 2013.
5. Editors Foreword, XI, ed. E.F.K Koerner and R.E Asher, Concise History of the Language Sciences - From the Sumerians to the Cognitivists, Pergamon, 1995.
6. पी. श्रीकुमार, मलयालत्तिन्टे आशर, पृ.सं-10, सं. पी. श्रीकुमार, मलयालत्तिन्टे आशर, केरल भाषा संस्थान, तिरुवनंतपुरम, 2013.

❏❏❏

सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, सर सईद कॉलेज, तलिप्परंबा, कन्नूर, केरल-670142, मो. 94003 54822

स्त्री का राजनैतिक प्रतिरोधः स्वरूप एवं संभावनाएं

—प्रियंका श्रीवास्तव
—डॉ. रीता सिंह

जब राजनीति का स्त्री के प्रति दैहिक आचरण है, तो आरक्षण के लक्ष्य की दिशा में स्त्री-राजनीति हो कैसे? ऐसे में स्त्री के सामने दो ही रास्ते बन जाते हैं या तो राजनीति से पलायन कर जाए। जैसे गीताश्री की नायिका 'गोलमी', रजनी गुप्त की नायिका 'मृदु' और किरण सिंह की नायिका 'भारती' करती है या फिर दलीय प्रतिबद्धता के नाम पर जो हो रहा है उसका हिस्सा बन जाए।

चुनाव और राजनीति लोकतंत्र की व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा है और लोकतंत्र समाज के गठन से। समाज के सुचारू संचालन के लिए स्त्री-पुरुष दोनों की भागीदारी जरूरी होती है, किंतु भारतीय समाज में सामाजिक संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आधी आबादी (महिलाएं) स्त्री-सशक्तिकरण की दिशा में मिले राजनैतिक आरक्षण के बावजूद राजनीति में गिनी चुनी नजर आने लगती है। साहित्य, समाज और कानून तीनों का समीकरण स्त्री राजनीति के संबंध में विरोधाभाषी है। जहाँ एक ओर कानून में स्त्री-आरक्षण की व्यवस्था कर स्त्री को राजनैतिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं और वास्तविक धरातल में स्त्रियां राजनीति में आना भी चाह रही हैं, कला जगत से स्त्रियों को राजनीति में लाया जा रहा हैं। वहीं साहित्य में अधिकांश में स्त्रियां राजनीति में आकर मोहरा बनकर रह जाती हैं या तो समझौते के तहत यौन-शोषण की शिकार हैं या फिर पलायन कर जा रही हैं। ऐसे में स्त्री-राजनीति व स्त्री-आरक्षण के उद्देश्य की दिशा में, स्त्री के राजनैतिक प्रतिरोध के स्वरूप व भविष्य की संभावनाओं को देखने के लिए राजनीति के सामंती चेहरे की पड़ताल अनिवार्य बन जाती है। हिंदी कथा साहित्य में इसकी पड़ताल 21वीं सदी में बड़ी बारीकी से की गई है। सामंतवादी स्त्री संबंधी सोच व सत्ता की मिलीभगत से राजनीति में लाई गई नायिकाओं के राजनीतिक सरोकार, राजनेता का उनके प्रति आचरण, समझौते के तहत बने रहना, पलायन में प्रतिरोध की तलाश स्त्री-राजनीति के भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण व अनिवार्य कदम है।

बीज-शब्दः

यौन-शोषण, लोकतंत्र, स्त्री-आरक्षण, महिला सशक्तिकरण, साहित्य, समाज, कानून, कला-जगत, 21वीं सदी, राजनीतिक सरोकार, पलायन

मूल आलेखः

समाज के गठन के साथ-साथ इसके सुचारू संचालन के लिए नियम की आवश्यकता आन पड़ी और इस आवश्यकता

की पूर्ति के लिए जिस व्यवस्था की संरचना की गई, वह हुई राजनीति। राजनीति के पतन का व्यापक चेहरा आर्थिक घोटालेबाजी में है, तो घृणित चेहरा राजनीति में स्त्री के इस्तेमाल का। स्त्री के प्रति सामंती सोच देह से प्रारंभ होकर देह तक ही सीमित रहती है और सामंती व्यवस्था हो या राजनीति के चतुर राजनेता सबकी नजर में स्त्री मतलब देह और इस देह का मतलब देह तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देहसुख को सर्वसुलभ बनाकर सत्ता सुख तक अपना प्रभाव कायम किए हुए है। स्त्री के प्रति इसी सामंती सोच के राजनीतिकरण के प्रति प्रतिरोध का स्वर 21वीं सदी के हिंदी कथा साहित्य में मजबूत हुआ है, जिसमें गीताश्री का का उपन्यास 'हसीनाबाद' रजनी गुप्त का उपन्यास 'ये आम रास्ता नहीं', रमणिका गुप्ता की आत्मकथा 'आपहुदरी' किरण सिंह की कहानी 'यीशू की कीलें' स्त्री-राजनीति के स्वरूप व संभावनाओं की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है।

राजनीति में स्त्री-आरक्षण महिला-सशक्तिकरण की दिशा में प्रयास है। माना यह जाता रहा कि आधी-आबादी (स्त्रियाँ) राजनीति में आएँगी, तो समाज कल्याण होगा। राष्ट्रवादी, समाजवादी नेता गांधी, टैगोर का भी यही मानना रहा, इसी कारण स्वाधीनता आंदोलन में स्त्री की भागीदारी को प्रोत्साहित किया। रवीनद्रनाथ टैगोर ने स्त्री को राष्ट्र के भविष्य का निर्माता माना और कहा, "महिला किसी भी राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करती है और उसे गढ़ती है।"[1] लेकिन दूसरी ओर युग सत्य के रूप में यह देखने को मिल रहा है कि चुनाव आते ही ऐसी नायिकाओं को टिकट दिया जा रहा है, जिसका राज्य व राजनैतिक सोच (लोकतांत्रिक सोच) से दूर-दूर तक नाता नहीं रहता। उनकी प्रसिद्धि का उपयोग राजनेता चुनाव जीतने के लिए कर रहे है। ऐसे में स्त्री-राजनीति की दिशा में मिले महिला आरक्षण का उद्देश्य व स्त्री राजनीति को लेकर जो भविष्यमुखी संभावनाएं रही, वह कटघरे में खड़ी होती है। गीताश्री की 'हसीनाबाद' में देखें, तो राजनेता रामबालक सिंह नाचने-गाने वाली गोलमी को राजनीति में लाना चाहते हैं, तो इसका उद्देश्य महिला आरक्षण का सम्मान व स्त्री-राजनीति का समर्थन नहीं, बल्कि कहते हैं, "यह तो लोगों को अपनी तरफ खींचने की गजब ताकत रखती है। इसमें बहुत कुछ था जो इस्तेमाल किया जा सकता था। बहुत कुछ, इसे पहचानने का मतलब था लॉटरी लगना।"[2] रजनी गुप्त का उपन्यास 'ये आम रास्ता नहीं' की मृदु को राजनीति में राजनीतिक में आरक्षण की मजबूरी के तहत उतारा जाता है। रजनी गुप्ता 'मृदु' के बारे में राजनीति के दक्ष नेता के राजनीतिक सोच को लिखती हैं, "मृदु को लेना ही पड़ेगा। पिछड़े वर्ग की है, स्त्री है और बोलना भी आता है उसे।"[3] महिला-आरक्षण के तहत सत्ता की सीढ़ी में स्त्री के लिए पद बने, तो दूसरी ओर मोहरे के रूप में उनका उपयोग भी शुरू हो गया। सत्ता पर काबिज होकर भी स्त्री राजनीति से कोसों दूर रही, घाघ नेता द्वारा शासित और संचालित। इसी युग सत्य को किरण सिंह की कहानी 'यीशू की कीलें' भी व्यक्त करती हैं, जहाँ भारती को राजनीति में लाया जा रहा है और लाने के पीछे के कारण के बारे में शिवेंद्र दीदी जी से कहते हैं, "भारती, पार्टी सुप्रीमो की ड्रीम प्लानिंग का हिस्सा है।.... हमारे पार्टी सुप्रीमो सताई हुई, गरीब, हाशिए की स्त्रियों को आगे लाना चाहते हैं।. . . महिला सशक्तिकरण लोकसभा के लिए दस वर्ष का एजेंडा है। दो हजार उन्नीस में पार्टी सुप्रीमो को प्रधानमंत्री बनना है।"[4] पुरुष राजनेता अपनी राजनीति साधने के लिए स्त्री का उपयोग कर रहे हैं और स्त्री-आरक्षण पर पलीता लगा रहे हैं। ऐसे में स्त्री-राजनीति अपने उद्देश्यपरक स्वरूप को

ग्रहण नहीं कर पाएगा। स्त्री के प्रति पुरुष राजनेता की सामंती राजनीतिक सोच को किरण सिंह अपनी कहानी 'यीशू की कीलें' में रखती है, जहां पार्टी सुप्रीमो कहते हैं, ''पुरुष जब अपने एक-एक करके हथियार देता है तब दुर्गा बनती है और जब अपने थोड़े-थोड़े अधिकार देता है, तो महिला नेता।''[5] ऐसे में देखें, तो स्त्री राजनीति का स्वरूप पुरुष राजनेता के भलमनसाहत पर निर्भर है। स्त्री राजनीति को लेकर जिन संभावनाओं के तहत आरक्षण मिला, उसमें योग्य उम्मीदवार का आना व काम कर पाना, अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

राजनीति में स्त्री के प्रति पुरुष राजनेता का आचरण स्त्री-राजनीति के स्वरूप की दिशा में जरूरी पहल है। राजनीति में स्त्री के प्रति पुरुष आचरण की पड़ताल करते हुए गीताश्री लिखती हैं, ''राजनीति में वह महिला पहले, नेता बाद में और मंत्री सबसे बाद में मानी जाती है।''[6] यानी पुरुष राजनेता की नजर में एक स्त्री सबसे पहले देह है, फिर उसके राजनीतिक सरोकार। 'ये आम रास्ता नहीं' की अस्सी वर्षीय नेत्री 'रत्ना', 'मृदु' को राजनीति में स्त्री राजनेता के प्रति पुरुष राजनेता के आचरण का पर्दाफाश करते हुए कहती हैं कि यहां राजनेता स्त्री को ''लपककर अपने मुँह में गपक लेना चाहते हैं।''[7] और राजनीति में नई आई 'मृदु' से कहती है, ''सचमुच! सुंदर होना यहां अभिशाप बन जाता है। पहले तो वे उसकी सुंदरता के कसीदे काटेंगे, आंखों की, रूप-रंग की, चाल-चुस्ती की, यहाँ तक की काबिलियत की झूठ-मूठ तारीफें करेंगे, मगर हस्तगत होते ही सारी की सारी काबिलियत एक कोने में धरी रह जाएगी, फिर तो वह मुफ्त का माल बन जाती है।''[8] किरण सिंह 'यीशू की कीलें' में लिखती हैं, ''राजनीति में औरतों के सिर्फ दो नाम होते है-- रंडी या चंडी।''[9] स्त्री का यौन-शोषण व पुरुष राजनेता का स्त्री के प्रति यौनिक आचरण एक युग सत्य है साहित्य में। बतौर रमणिका गुप्ता जब वह अपने प्रति पुरुष राजनेता के दैहिक आचरण का विरोध करती है, तो महिला कार्यकर्ता श्रीमती बनर्जी द्वारा जवाब मिलता है, ''ऐसा तो राजनीति में होता ही है। यह सब इंदिरा जी को भी झेलना पड़ा है।''[10] एक और साहित्य बता रहा है कि आयरन लेडी कहलाने वाली इंदिरा जी को भी यह सब झेलना पड़ा, वहीं राजनीति में सक्रिय नेत्री द्वारा इस दिशा में एक भी आवाज तक नहीं उठाई जा रही। ऐसे में स्त्री-राजनीति अपने जिस सरोकार को लिए चल रही है वह कैसे पूरा होगा।

जब राजनीति का स्त्री के प्रति दैहिक आचरण है, तो आरक्षण के लक्ष्य की दिशा में स्त्री-राजनीति हो कैसे? ऐसे में स्त्री के सामने दो ही रास्ते बन जाते हैं या तो राजनीति से पलायन कर जाए। जैसे गीताश्री की नायिका 'गोलमी', रजनी गुप्त की नायिका 'मृदु' और किरण सिंह की नायिका 'भारती' करती है या फिर दलीय प्रतिबद्धता के नाम पर जो हो रहा है उसका हिस्सा बन जाए। अस्सी वर्षीय नेत्री 'मृदु' को बतलाती है, ''हमें एक बार नहीं, बल्कि कई-कई बार इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। तब हमारे पास दो ही विकल्प थे- या तो इसे पूरी तरह छोड़ कर घर लौट जाऊं, या फिर यहां के भेड़ियों से निपटने के लिए कुछ एक के साथ कॉम्प्रोमाइज करूं, अपने क्षेत्र के विकास के खातिर मैंने दूसरा रास्ता चुना।''[11] रमणिका गुप्ता राजनीति में हुए यौन शोषण को बलात्कार नहीं व्याभिचार के रूप में लेती हैं, इसे सुरक्षाकवाच मानती है। वह स्वीकार करती है, ''राजनीति में समझौता या व्याभिचार ज्यादा चलता है, बलात्कार कम।''[12] और मानती है, इसमें अपराध बोध नहीं होना चाहिए। ''अब मैं कहूँ कि वह मेरा शोषण था, तो शायद यह गलतबयानी होगी। .. मुझे मुख्यमंत्री का सुरक्षाकवच मिल रहा था।.. यह मुझे राज्यमंत्री लोकेश

झा या दिलीप जैसे दरिंदों के हाथ में पड़ जाने से बेहतर लग रहा था।"[13] साहित्य की दृष्टि में राजनीति में स्त्री के साथ बलात्कार नहीं, व्याभिचार होता है। यह सुरक्षाकवच है, तो ऐसे कवच में महिला राजनीति कितनी औचित्यपूर्ण रह जाएगी यह विचारणीय है। क्या स्त्री को राजनीति में बने रहने के लिए यही एक मार्ग शेष बचता है और अगर यही एक मार्ग है, तो आरक्षण के बावजूद वह राजनीति में कैसे बनी रहेगी? पलायन ही करेगी। ऐसे में स्त्री राजनीति व आरक्षण का उद्देश्य कैसे पूरा होगा। राजनीति में स्त्री के सामने दो ही रास्ते बनते है, राजनीति से पलायन कर जाए या फिर 'सुरक्षाकवच' के तहत 'समझौता' कर बने रहे। गीताश्री के यहां 'गोलमी', रजनी गुप्त की 'ये आम रास्ता नहीं' की 'मृदु' राजनीति से दूरी बना लेती है। यहाँ राजनीति के समझौतेपरक आचरण का प्रतिरोध है। हालांकि गीताश्री 'गोलमी' के माध्यम से स्त्री-राजनीति के एक मजबूत जरूरी पक्ष की ओर ध्यान आकर्षित करती है। जहाँ गोलमी कहती है, "इससे यह मैसेज जाएगा कि राजनीति में बिना तैयारी के नहीं आना चाहिए, खासकर स्त्रियों को, वह अपने दमखम पर आएं और किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें और एक बात... मैं कसम खा कर नहीं जा रही... कल का किसे पता? लेकिन पहले मैं अपनी जमीन तैयार करूंगी, और फिर सोचूंगी, फिलहाल कलाकार गोलमी की तरफ से आप सबको प्रणाम।"[14] पर यह जमीन बनेगी कैसे? 'यीशू की कीलें' की 'भारती' इस जमीन बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है। वह कहती है, कि वह राजनीति से पलायन छिपने के लिए नहीं कर रही, बल्कि "बछड़ों को अपना दूध पिलाने के लिए"[15] जा रही है। बछड़ों को दूध पिलाना यानि भ्रष्ट हो चुके राजनैतिक व्यवस्था में सुधार लाना है, पर गोलमी कहीं भी प्रयास नहीं करती, बल्कि गीताश्री ओशो के भाषण के माध्यम से यह स्पष्ट करती हैं कि राजनीति अयोग्य के लिए हैं। गोलमी ओशो के भाषण सुनती है, जिसका मूल है, जिसके पास करने के लिए कुछ नहीं रहता वह राजनीति करते हैं।" जो मूर्ति नहीं बना सकते, चित्र नहीं रंग सकते, जो गीत नहीं गा सकते, जो कुछ भी नहीं कर सकते, उन सब अयोग्यों के लिए यह राजनीति है। आखिर अयोग्य के लिए भी तो कुछ होना चाहिए? जिसमें और कोई योग्यता नहीं है उसमें राजनीति की योग्यता होती है।"[16] यहाँ प्रश्न है कि अगर राजनीति अयोग्य के लिए है, तो अयोग्यों के द्वारा शासित व शोषित होना भी एक युग सत्य हैं, जिसे नकारा नहीं जा सकता फिर स्त्री-सशक्तिरण की दिशा में महिला आरक्षण निरर्थक है।

माना यह जाता रहा कि स्त्री राजनीति में आएगी तो सामज कल्याण अधिक होगा,पर देखा यह गया कि स्त्री राजनीति का स्वरूप भी सत्ता की विद्रूपत्ता से ग्रसित है। मृदुला गर्ग ने सत्ता में स्त्री के आस्तित्व को लेकर कहा है, "स्त्री ज्यादा सहिष्णुक है और स्त्री अगर सत्ता में आई तो वह सकारात्मक रहेगी .. यह हमारी मान्यता है .. प्रश्न करने की जरूरत है जो कुछ होता है .. तो क्या हमारी (स्त्रियों की) प्रतिक्रिया फर्क होती है पुरुष से? दोनों में क्या अंतर होता है ?..लेकिन हम देख रहे हैं कि जब भी कोई स्त्री सत्ता में आती है, तो वैसा ही व्यवहार करती हैं, जैसा पुरुष करता है।"[17] 'हसीनाबाद' की 'गोलमी' हो, 'ये आम रास्ता नहीं' की 'मृदु' राजनीति की विद्रूपत्ता को देखकर भी दलीय प्रतिबद्धता के नाम पर चुप रह जाती हैं। अपने सामाजिक सरोकार से दल के नाम पर समझौता कर लेती है। वास्तविक राजनीति में भी दलीय प्रतिबद्धता देखने को मिलती हैं। मनोरमा सिंह 'स्त्रीकाल' पत्रिका में 'महिला विरोधी मर्दवादी राजनीति' शीर्षक के अपने लेख में लिखती हैं कि कैसे बलात्कार जैसे मुद्दों पर महिला सांसद दलीय अनुशासन के नाम पर

चुप रह जाती हैं, ''हाल ही में मी- टू प्रसंग याद होगा आपको, जब कई महिला पत्रकारों ने एम. जे.अकबर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था, लेकिन उसकी पार्टी की किसी महिला नेता ने एक शब्द विरोध में नहीं कहा। सुषमा स्वराज, आजम खां के विरोध में ट्विटर पर सक्रिय हुई, लेकिन एम.जे.अकबर पर चुप रही। स्मृति ईरानी, निर्मला सीतारमण, मेनका गांधी, हेमा मालिनी अपनी पार्टी के किसी भी महिला विरोधी बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देती है। महिला पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के बाद कुत्तिया कहा गया, एक धर्म विशेष की महिलाओं को कब्र से निकालकर बलात्कार करने की बात कही गई, सोनिया गांधी को बार डांसर कहा गया, इंदिरा गांधी को 'रखैल' बोला गया, मायावती को 'वेश्या' कहा गया फिर भी महिलाओं द्वारा ही कोई रेखा नहीं खींची गई।''[18] यह दलीय प्रतिबद्धत्ता युग सत्य है। सत्ता का अपना समीकरण है और वह वही रहता है, फिर चाहे वहाँ स्त्री हो या पुरुष। किरण सिंह की कहानी 'यीशू की कीलें' की दीदीजी का चरित्र इसका प्रमाण है। राजनीति में महिला समाज कल्याण के लिए सर्वोत्तम हो सकती है। लेकिन आज का कथा- साहित्य बतलाता है स्थिति ऐसी नहीं है। किरण सिंह की 'यीशू की कीलें' जैसी कहानी बतलाती है कि स्त्री-राजनीति भी कितनी क्रूर हो चुकी है। कहानी की दीदी जी चुनाव प्रचार में जाती हैं, तो स्त्रियों की सुंदरता का बखान करती है। सारी दिलवाने की बात करती हैं, लेकिन कोई उत्थान की योजना सामने नहीं नजर आती। स्त्री होने के कारण स्त्री संवेदना से तो जुड़ती है, पर राजनीतिक परिकल्पना से शून्य नजर आती है। हर तरह का भ्रष्टाचार कर गलत तरह से चुनावी प्रचार में जुटी हुई है। नैतिकता उसके लिए कोई मोल नहीं रखती। अपनी राजनीति को चमकाने के लिए धर्म, जाति, लिंग का उपयोग करती है। पति, भाई, पार्टी सुप्रीमो, भारती को मोहरा बनाती है और 100% जीत का व्याकरण बताती है पति की हत्या, विरोधी दल का इस पर इल्जाम लगना और खुद चुनाव में खड़े हो जानाद्य स्वयं उनका कथन हैं, ''मैंने तुमसे कहा था न कि मुझे मालूम है कि सौ प्रतिशत जीत कैसे सुनिश्चित होती है .. अपोजीशन पार्टी पति की हत्या करवा दें और उसी सीट से मृतक की पत्नी खड़ी हो, तो सिर्फ उसके जीतने का रिकार्ड है ।''[19] सत्ता में आने के लिए जो हथकंडे दीदी जी अपनाती है, उसमें राष्ट्र, समाज कहीं टिक नहीं पाता, केवल महत्वकांक्षा प्रमुख रह जाती है। एक पुरुष राजनेता अरिमर्दन जो कर रहा है, दीदीजी भी तो वही करने को उतर आई है। पुरूष की तरह स्त्री भी पहले सत्ता में आना चाह रही हैं और सेंटर में जाने का तरीका पुरुषों से अलग नहीं है। दीदीजी के रूप में जिस तरह से किरण सिंह ने दिखाया हैं कि सत्ता में एक स्त्री का प्रवेश जरूरी है, वह आना चाह रही है, लेकिन जिस रास्ते उसमें राष्ट्र का कल्याण नहीं होगा।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि सामंतवाद की तरह राजनीति के गलियारे के लिए स्त्री केवल अपने स्वार्थ को साधने का साधन हैं। राजनीति में महिला आरक्षण, स्त्री सशक्तिकरण की दिशा में एक जरूरी प्रयास रहा, तो दूसरी ओर सामंती सोच के अंतर्गत राजनीति की जमीन पर महिला तो मिली, पर उसके अपने विचार और अभिव्यक्ति नहीं। पुरुष राजनेता की नजर में वो केवल देह रही, जिस कारण स्त्री-राजनेता कुर्सी पर आ कर भी सत्ता से बेदखल रही। स्त्री राजनीति को लेकर जो आशा रही, उसका मोहभंग 21वीं सदी के कथा साहित्य में बखूबी दर्ज है। स्त्री-राजनीति का स्वरूप पुरुष राजनीति से भिन्न नहीं है। सत्ता की प्रकृति और उसके समीकरण से दूषित है और भविष्य की संभावना देखें, तो सुरक्षाकवच के नाम पर समझौता या पलायन की

नियति से जूझ रहा है। गीताश्री की कथा नायिका 'गोलमी', राजनीगुप्त की 'मृदु', किरण सिंह की 'भारती' अपने विचार और अभिव्यक्ति को पीछे छोड़ दूसरों के मोहरे बनकर उसके अनुसार राजनीति करने को तैयार नहीं, इसलिए प्रतिरोध की दिशा में वे राजनीति से पलायन करती है, लेकिन व्यवहार में इन जैसी कितनी स्त्रियाँ होगी, जो सत्ता सुख और निजी लाभ को छोड़ लोकहित के लिए ऐसा कर सकेगी। ऐसे में रमणिका गुप्ता की तरह समझौते का रुख ही अंतिम उपाय बनता हैं। जिस प्रकार रामबालक सिंह, पार्टी सुप्रीमो; 'गोलमी', 'मृदु', 'भारती' के फेम का उपयोग अपनी राजनीति को चमकाने में है, अगर साहित्य से बाहर निकल इसे देखे, तो चुनाव के पहले नायिकाओं को टिकट मिलना उसी युग सत्य को दर्शाता है। ऐसे में स्त्री राजनीति का जो वर्तमान स्वरूप नजर आ रहा है, भविष्य की संभावनाओं की दिशा में आतंकित करने वाला ही है, जिसे रचनाओं में उभारकर लेखिकाओं ने प्रतिरोध को मुकम्मल दिशा दी है।

संदर्भ सूची :

1. विश्वनाथन, टी. के, "भाषण" संसदीय पत्रिका, अंक-1, खंड -55, वर्ष 2013, पृष्ठ 1-9.
2. गीताश्री, हसीनाबाद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 2017, पृष्ठ 131.
3. गुप्त, रजनी, ये आम रास्ता नहीं, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ 90
4. सिंह, किरण, "यीशू की कीलें", यीशू की कीलें, आधार प्रकाशन, द्वितीय संस्करण 2021, पृष्ठ 109-110
5. वही, 110
6. गीताश्री, हसीनाबाद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 2017, पृष्ठ 199.
7. गुप्त, रजनी, ये आम रास्ता नहीं, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ 11.
8. वही, 26
9. सिंह, किरण, "यीशू की कीलें", यीशू की कीलें, आधार प्रकाशन, द्वितीय संस्करण 2021, पृष्ठ 109
10. गुप्ता, रमणिका, आपहुदरी (एक जिद्दी लड़की की आत्मकथा), सामयिक प्रकाशन, संस्करण 2021, पृष्ठ 396
11. गुप्त, रजनी, ये आम रास्ता नहीं, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ 28
12. वही, 381
13. वही, 380
14. गीताश्री, हसीनाबाद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 2017, पृष्ठ 226.
15. सिंह, किरण, "यीशू की कीलें", यीशू की कीलें, आधार प्रकाशन, द्वितीय संस्करण 2021, पृष्ठ 107
16. गीताश्री, हसीनाबाद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली 2017, पृष्ठ 220.
17. गर्ग, मृदुला, "देह से ऊपर है स्त्री की प्रज्ञा" स्त्री को स्त्री रहने दो.. बस।, सम्पादन उपाध्याय. डॉ दीपिका, भारत पुस्तक भंडार, संस्करण, 2014, पृष्ठ 52
18. सिंह, मनोरमा. "महिला विरोधी बयान और मर्दवादी राजनीति" स्त्रीकाल, अंक -29. अप्रैल 2019 https://aarambhpatrika.com/bhariya(rajneeti(main(mahila(pratinidhitva(ki(dasha(aur(disha(m(arif(khan#
19. सिंह, किरण, "यीशू की कीलें", यीशू की कीलें, आधार प्रकाशन, द्वितीय संस्करण 2021, पृष्ठ 130

❑❑❑

शोधार्थी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा, पंजाब, मोबाइल नं. 8927595844

ई-मेल: priyanka.42000541@lpu.in /priyankashrivastava077@gmail.com

शोध निर्देशिका, असिस्टेंड प्रोफेसर, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा, पंजाब; पता: आनंद भवन, राजबारी पारा, जिला-जलापईगुड़ी, पिन-735101, पश्चिम बंगाल

हिंदी और मैथिली रामायण में 'जीवन दर्शन'

—सुश्री नूतन कुमारी

रामायण की रचना समाज के समक्ष एक आदर्श की स्थापना के लिए हुई है। रामचरितमानस में हम भगवान श्रीराम को आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र, आदर्श शिष्य, आदर्श स्वामी और आदर्श राजा के रूप में देख पाते हैं। रामचरितमानस हमें जीवन जीने का तरीका सिखाता है तथा जीवन में मूल्यों की अनिवार्यता में ही जीवन की सार्थकता है यह सिद्ध कर हमें एक सही दिशा में चलने की सतत प्रेरणा देता है । श्रीराम का सत्य के प्रति अनुराग, माता-पिता और गुरुजनों का आज्ञापालन, उनके प्रति श्रद्धा, सहनशीलता, माता कैकयी को क्षमा दान आदि चारित्रिक सद्गुण हमारे जीवन के पग-पग में संस्कारों का सिंचन करता है। राम काव्य परंपरा में व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक सभी मूल्यों का अद्‌भुत दर्शन मिलता है। श्रीराम वनवास तथा राजा दशरथ की मृत्यु की हेतु होते हुए भी माता कैकयी के प्रति राम का जो अक्षुण्ण प्रेम था वह उनके निष्काम प्रेम का सूचक है। कैकयी का राम वनवास का 'वर' न तो परिवार को तोड़ सका और न ही समाज को। बल्कि, इस वर के परिणामस्वरूप संपूर्ण राष्ट्र की संवेदना राम के प्रति घनीभूत हो गई, संपूर्ण राष्ट्र राम के साथ एक हो गया, परिणामत: असुराधिपति दशानन रावण मारा गया।

राम द्वारा भरत को दिए गए राजनीतिक संदेश में तुलसीदास सफल प्रजापालक धर्म की शिक्षा एवं समस्त राजधर्म का सार बताते हुए लिखते हैं -

मुखिया मुखु सो चाहिऐ, खान-पान कहुँ एक।
पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक।
(रामचरितमानस/अयो.का./दो-315)

राजनीति धर्म का इससे उच्च शिक्षा अथवा संदेश भला और क्या हो सकता है! सब कालों में सब युगों में एक विकसित राष्ट्र के निर्माण हेतु उपर्युक्त संदेश राजतंत्र हो या प्रजातंत्र सभी के लिए अनुकरणीय है।

वास्तव में केवल स्त्री ही नहीं बल्कि प्रत्येक स्त्री-पुरुष को सीता-राम के नैतिक प्रेमपूर्ण जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। हम सभी अपने अधिकारों के प्रति जितने सचेत रहते हैं, क्या उतनी ही ईमानदारी और सतर्कता हमें अपने कर्तव्यों के निर्वाह के प्रति नहीं बरतनी चाहिए ! यह एक विचारणीय प्रश्न है जिसका उत्तर सीता-राम के जीवन से हमें प्राप्त होता है।

रमेश्वर चरित मिथिला रामायण में भी इस प्रसंग का अत्यन्त विस्तार पूर्वक वर्णन मिलता है जिसमें राम राज्य में प्रजाओं को समय पर वेतन, प्रजाओं का सतत् सुधि लेना, हित जन से सद्भाव, अपकारी भृत्यों को दूर रखना आदि का विस्तृत वर्णन किया गया है-

राजकाजमे रहब सचेत। देखब प्रजाकाँ न्याय समेत।।
नृपतिक मुख्य थिक ई धर्म। प्रजाभरम सभ न्याय सुकर्म।।
हित जनसौं राखब सद्भाव। तर्कहुसौं न बुझव रिपु भाव।।
करब प्रचार प्रताप प्रचंड। प्रजा बहुत पाबय नहि दण्ड।।
करब प्रजाकेर समुचित न्याय। राखब तनिपर प्रीति सदाय।।
राज्यक जे अपकारी भृत्य। पृथकहि राखब तनिकाँ नित्य।।
जे कर उत्तम काज प्रचार। करब तकर आदर सत्कार।।
मासिक वेतन सभकाँ भाय। कालहि पर दय देब सदाय।।

(र.च.मि.रा./अयो.का./पृ-118-119)

राम ने भरत को जो संदेश दिया उससे सुमार्ग पर चलने वाले युवाओं को मानस की ये पंक्तियाँ सदैव स्मरण रखना चाहिए -

गुर पितु मातु स्वामि सिख पालें। चलेहुँ कुमग पग परहिं न खालें।।

(रामचरितमानस/अयो.का./दो-314/3)

आज स्त्री-विमर्श का समय है। महिलाएं अपने अधिकारों एवं स्वतंत्रता के लिए सतत् प्रयत्नशील हैं। ऐसे में सीता चरित्र से उन्हें अपने कर्तव्यों को सदा स्मरण करना चाहिए क्योंकि स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि ' *यह चरित्र सदा के लिए एक बार ही चित्रित हुआ है। राम तो कदाचित् कई हो गए हैं, पर सीता दूसरी नहीं हुई। स्त्री-चरित्र के जितने भारतीय आदर्श हैं, वे सब सीता के चरित्र से ही उद्भूत हैं। सीता भारतीय आदर्श की सच्ची प्रतिनिधि हैं।*'

(विवेकानन्द साहित्य, खण्ड-5)

वास्तव में केवल स्त्री ही नहीं बल्कि प्रत्येक स्त्री-पुरुष को सीता-राम के नैष्ठिक प्रेमपूर्ण जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। हम सभी अपने अधिकारों के प्रति जितने सचेत रहते हैं, क्या उतनी ही ईमानदारी और सतर्कता हमें अपने कर्तव्यों के निर्वाह के प्रति नहीं बरतनी चाहिए ! यह एक विचारणीय प्रश्न है जिसका उत्तर सीता-राम के जीवन से हमें प्राप्त होता है ।

हिन्दी और मैथिली दोनों महाकाव्यों में अनसूया द्वारा सीता को दी गई पातिव्रत धर्म की शिक्षा प्रत्येक महिलाओं के लिए अनुकरणीय है तथा मानस में वर्णित

जद्यपि गृहं सेवक सेवकिनी। विपुल सदा सेवा बिधि गुनी।।
निज कर गृह परिचरजा करई। रामचंद्र आयसु अनुसरई।।

(रामचरितमानस/उत्तर.का./दो-23/3)

जैसी शिक्षा प्रत्येक महिलाओं के लिए आदर्श है। श्रीराम द्वारा लक्ष्मण को जीव-ईश्वर, भक्ति-ज्ञान-वैराग्य, षड् रिपुओं (काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य) को नियंत्रित करने का जो विस्तृत उपदेश रामचरितमानस (अरण्यकाण्ड) तथा मिथिला भाषा रामायण (अयोध्या काण्ड) में किया गया है, वह भयमुक्त, संयमशील तथा अनुशासनयुक्त समाज के निर्माण हेतु अत्यन्त आवश्यक तथा अनुसरणीय है।

रामचरितमानस में सबरी को राम द्वारा जिस गूढ़ नवधा भक्ति का उपदेश दिया गया है वैसा गंभीर वर्णन मिथिला भाषा रामायण में नहीं मिलता है तथापि मिथिला भाषा रामायण में कवि चंदा झा ने उत्तरकाण्ड में श्रीराम शरीर त्याग के पूर्व कौशल्या माता को राम द्वारा जिस अनूठे ज्ञान का उपदेश तथा अद्वैत ज्ञान की शिक्षा का वर्णन किया है अपने आप में अद्‌भुत्‌ प्रसंग है तथा इस प्रसंग का वर्णन रामचरितमानस में नहीं मिलता है संभवत: यह कवि की अपनी मौलिक कल्पना हो सकती है। (मि.भा.रा.,उत्तर का. पृ-411)

अध्यात्मज्ञान के पथिकों के लिए रामचरितमानस में वर्णित काकभुशुण्डी एवं गरूड़ के प्रश्नोत्तर संवाद विशेष रूप से अनुशीलन करने योग्य हैं। इस प्रसंग में ज्ञान एवं भक्ति की महान महिमा का सविस्तार वर्णन है। यह प्रसंग मैथिली रामायण में नहीं है। यूँ देखा जाए तो हिन्दी और मैथिली दोनों रामायण जीवन आदर्श से ओत-प्रोत हैं लेकिन कवियों के दृष्टिकोण को यदि देखा जाए तो **रामचरितमानस में तुलसीदास के संतमत तथा परिपक्व आध्यात्मिक अनुभूति, मिथिला भाषा रामायण में चंदा झा की विद्वत्ता एवं उनके काव्य में साधक जीवन का छाप तथा रमेश्वर चरित मिथिला रामायण में लाल दास के लौकिक जीवन के सामान्य मनोवैज्ञानिक तथ्यों का उद्‌घाटन विशेष रूप से परिलक्षित होता है।**

आज विश्व शान्ति हेतु साम्प्रदायिक सौहार्द्रता की सबसे अधिक आवश्यकता है। हमारे एक वैदिक ऋषि 5000 वर्ष पूर्व प्राप्त ज्ञान **''एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति''** (ऋग्वेद-1.164.46) से साम्प्रदायिक मतभेद के अनौचित्य की घोषणा किए। आदि गुरु शंकराचार्य भी तत्कालीन भारतीय समाज के बीच समन्वय लाए। तुलसीदास एवं चंदा झा भी अपने रामायण में तत्कालीन शैव-वैष्णव के वर्चस्वता को खत्म करने के लिए ही शिव और राम को एक-दूसरे का गुरु बताए हैं। यही कारण है कि विभिन्न प्रसंगों में शिव-पार्वती द्वारा राम गुणगान किया गया है और राम द्वारा शिव-आराधना। किन्तु, लालदास अन्त: शाक्त मतानुयायी थें। अत: उन्होंने रमेश्वर चरित मिथिला रामायण में राम के अपेक्षा शक्ति आराधना अधिक किया है और शिव-पार्वती प्रसंगों को मानस एवं चंदा झा की तरह अपने रामायण में यत्र-तत्र शामिल नहीं किए हैं। इस प्रकार साम्प्रदायिक सौहार्द्रता को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि तुलसीदास एवं चंदा झा ने धार्मिक कट्टरता को खत्म करने का पूरा प्रयास किया है, जो हर युगों के लिए पथ प्रदर्शक तथा प्रासंगिक होगा।

वर्तमान शिक्षा प्रणाली चरित्र निर्माण पर विशेष बल नहीं देता है । शिक्षित होकर अधिकाधिक धनोपार्जन करना ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य हो गया है। मनुष्य का मन प्रतिस्पर्धा के होड़ में इतना बहिर्मुख हो गया है कि क्षण भर भी आत्म विश्लेषण कर पाना मुश्किल हो गया है। परिणामत: तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ापन, क्रोध, एकाकीपन आदि से आज मानव खुद को घिरा पाता है। समाज में व्याप्त अशान्ति तभी खत्म होगा जब मनुष्य आपसी वैर को भूलकर आपस में प्रेम से रहेंगें, उदार और उपकारी होंगे, एकनारिव्रत पति एवं पतिव्रता स्त्रियाँ होंगी, शिक्षा में चारित्रिक निर्माण हेतु सर्वोच्च आदर्श युक्त ग्रन्थों को शामिल किया जाएगा और राम से बढ़कर दूसरा आदर्श क्या होगा जिन्होंने सब युगों के लिए, सदा के लिए रामराज्य की सार्थकता को विश्व पटल पर अमिट कर दिया है।

मनुष्य जीवन में शान्ति का होना अति आवश्यक है। हिन्दी और मैथिली रामायण में राम और भरत चरित्र के अनासक्ति भाव से इसका उद्‌घाटन बखूबी किया गया है। जहाँ तुलसीदास के राम की अनाशक्ति और बाह्य त्याग अवलोकनीय हैं -

कागर-कीर ज्यों भूषन-चीर सरीरु लस्यो तजि नीरु ज्यौं काई।
मातु-पिता प्रिय लोग सबै सनमानि सुभायँ सनेह सगाई।।
संग सुभामिनि, भाइ भलो, दिन द्वै जनु औध हुते पहुनाई।।
राजिवलोचन रामु चले तजि बापको राजु बटाउ कीं नाई।।2।।

(कवितावली/अयोध्याकाण्ड/सवैया)

वहीं भरत जी की अनासक्ति **''संपति सब रघुपति के आही''** के द्वारा प्रकट होती है। अत: जब सारी सम्पत्ति ईश्वर की है, उपनिषदों ने इसे बताया है, महापुरुषगण भी अपने जीवन से यही दिखाए हैं, तुलसीदास भी राम-भरत-चरित्र से अनासक्ति दिखाए, 150 साल पूर्व श्रीराम ष्ण परमहंस एवं स्वामी विवेकानन्द जी भी अपने जीवन से इसी का प्रमाण दिए हैं। जब तक समाज में कामिनी कांचन को पाने का होड़ खत्म नहीं होगा तब तक वास्तविक ज्ञान की प्राप्ति नहीं होगी, समाज से अशान्ति खत्म नहीं होगा और मनुष्य को सुख नहीं मिलेगा। कवि चंदा झा भी सुख प्राप्ति हेतु मलिनवासना त्याग करने के ही पक्षधर हैं

यावत मलिनवासना रहती, तावत सुख नहि पयबे।

(मि.भा.रा./उत्तर काण्ड/ पृ-398)

मानस में श्रीराम द्वारा प्रजाओं को दी गई मनुष्य जीवन के लक्ष्य को हमें सदैव स्मरण रखना चाहिए -

बड़े भाग मानुष तनु पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा।

(रामचरितमानस/उत्तर का. /दो-42/4)

अर्थात् यह मनुष्य जीवन बड़े भाग्य से मिलता है। जो मनुष्य यह जीवन पाकर भव-बन्धन से मुक्ति का प्रयत्न नहीं करता है, वह आत्मघाती है। अत: ईश्वर को पाना मनुष्य जीवन का लक्ष्य है। चंदा झा भी इसी बात की पुष्टि करते हुए कहते हैं-

जानि ज्ञेय परात्मकाँ मन भयरहित नित रहब।।

(मि.भा.रा./अर.का./पृ-140)

इस प्रकार, हम देखते हैं कि हिन्दी और मैथिली रामायण हमारे जीवन के व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, आध्यात्मिक सभी पक्षों के प्रति एक उदार दृष्टिकोण को अपनाकर एक स्वस्थ और सुन्दर माहौल को बनाने की प्रेरणा देता है। वास्तव में रामकाव्य परम्परा के अंतर्गत रामचरितमानस को सब ग्रन्थों में श्रेष्ठतम स्वीकार किया गया है। यह एक ऐसा ग्रन्थ है जो समस्त मानव समाज को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है तथा आदर्श जीवन जीने के लिए सदैव प्रेरित करता है।

❑❑❑

शोधार्थी, हिन्दी विभाग, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा, झारखण्ड, पिन-831017, मो.9835375247, ई-मेल: nutanjha625@gmail.com, पता-बद्रीनाथ, 7571, विजया गार्डन, बारीहीड़ जमशेदपुर, झारखंड-831017

नई शिक्षा नीतिः 2020 एकाधिक प्रविष्टि एवं विकास से संबंधित प्रावधान एवं क्रियान्वयन की चुनौतियाँ

—रूबी शर्मा
—प्रो. बी.एल. जैन

नई शिक्षा नीति को प्रस्तुत करते हुए शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा ''देश के प्रधानमंत्री ने एक नए भारत के निर्माण की बात की है जो स्वच्छ भारत होगा, स्वस्थ भारत होगा, सशक्त भारत होगा, समृद्ध भारत होगा, श्रेष्ठ भारत होगा। उस नए भारत के निर्माण में यह नई शिक्षा नीति 2020 मील का पत्थर साबित होगी।''

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के शुभारंभ से भारतीय उच्च शिक्षा में एक नए युग की शुरुआत होगी, जो पहले से काफी बेहतर होगा और एक नये भविष्य का निर्माण करेगा। नई शिक्षा नीति में स्कूल स्तर के साथ-साथ उच्च शिक्षा में कई बदलाव शामिल हैं। उच्च शिक्षा में सामान्य नामांकन अनुपात को 2035 तक 26.3 प्रतिशत (वर्तमान में) से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक लाना है। उच्च शिक्षा में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं डिग्री पाठ्यक्रमों को शामिल किया जाएगा। देश में 34 सालों बाद नई शिक्षा नीति आई है जो शोध परक, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देती है। इक्कीसवीं सदी के भारत की शिक्षा नीति के स्वरूप को दर्शाने वाली इस शिक्षा नीति में कुल 27 प्रमख बिंदुओं की विस्तार से चर्चा की गई है। कुल मिलाकर यह सरकार की और से एक सराहनीय और बहुत ही सकारात्मक कदम है। समय बताएगा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, वास्तव में निकट भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए कारगर सिद्ध होती है या नहीं। कुल मिलाकर यह सरकार की और से एक सराहनीय और बहुत ही सकारात्मक कदम है। लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सरकार को बुनियादी अवसंरचना को बहुत अधिक मजबूत करना होगा। इस लेख में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में बहुप्रविष्टि एवं निकास की आवश्यकता लाभ एवं, वर्तमान चुनौतियों की चर्चा की गई है।

संकेत शब्द- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास।

प्रस्तावना-''**शिक्षा करेगी नवयुग का निर्माण, आने वाला समय देगा इसका प्रमाण**''

1985 'शिक्षा की चुनौती' नामक एक दस्तावेज तैयार किया गया जिसमें भारत के विभिन्न वर्गों (बौद्धिक, सामाजिक, राजनैतिक, व्यावसायिक, प्रशासकीय आदि) ने

अपनी शिक्षा सम्बन्धी टिप्पणियाँ दीं और 1986 में भारत सरकार ने **'नई शिक्षा नीति 1986'** का प्रारूप तैयार किया। इस नीति की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह थी कि इसमें सारे देश के लिए एक समान शैक्षिक ढाँचे को स्वीकार किया और अधिकांश राज्यों ने 10 + 2 + 3 की संरचना को अपनाया। इसे राजीव गांधी जी के प्रधानमन्त्रीत्व में जारी किया गया था। इस नीति में 1992 में संशोधन किया गया था। 1986 की शिक्षा नीति में ऐसी कौन सी कमियां रह गई थी जिन्हें दूर करने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाने की आवश्यकता पड़ी साथ ही क्या यह नई शिक्षा नीति इन उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम होगी जिसका सपना महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद ने देखा था। पूरे 34 वर्षों के अंतराल के बाद शिक्षा नीति में बदलाव लाया गया और बदलाव लाना भी जरूरी था। गांधी जी के अनुसार, ''शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को आजीविका उपार्जन के योग्य बनाना है, जिससे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सके। गांधीजी के इस विचार को भारत सरकार अब न शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से साकार करने जा रही है। न शिक्षा नीति का उद्देश्य है कि,

''विद्यार्थी करें अपने सपने साकार
नई शिक्षा नीति का यही आधार''।

Figure 1 National Education Policy (NEP) 2020

नई शिक्षा नीति को प्रस्तुत करते हुए शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा ''देश के प्रधानमंत्री ने एक नए भारत के निर्माण की बात की है जो स्वच्छ भारत होगा, स्वस्थ भारत होगा, सशक्त भारत होगा, समृद्ध भारत होगा, श्रेष्ठ भारत होगा। उस नए भारत के निर्माण में यह नई शिक्षा नीति 2020 मील का पत्थर साबित होगी।'' आगे फिर उन्होंने कहा ''यह शिक्षा नीति ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान नवाचार, प्रौद्योगिकी से युक्त संस्कारक्षम, मूल्यपरक, हर क्षेत्रा में, हर परिस्थिति का मुकाबला करने वाली, पूरी दुनिया के लिए, भारत में ज्ञान की महाशक्ति के रूप में उभर करके आएगी।'' भारतवर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि शिक्षा नीति बनाने के लिए देश की लगभग 2.5 लाख ग्राम पंचायतें, 6600 ब्लॉक और 650 जिलों से विचार लिए गए। इसमें शिक्षाविदों, अध्यापकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापक स्तर पर छात्रों से भी सुझाव लेकर उनका मंथन किया गया। जन आकांक्षाओं के अनुरूप एवं राष्ट्रीय आवश्यकता और चुनौतियों के अनुरूप नई शिक्षा नीति 2020 की घोषणा की गई है।

नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण तथ्य

- अंतिम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में बनाई गई थी जिसमें वर्ष 1992 में संशोधन किया गया था।
- वर्तमान नीति अंतरिक्ष वैज्ञानिक के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है।
- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति सन 2020 के तहत वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात को 100% लाने का लक्ष्य रखा गया है।
- नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्र व राज्य के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र पर जीडीपी के 6% हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया है।
- नई शिक्षा नीति की घोषणा के साथ ही मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय का नाम परिवर्तन कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में मूलभूत परिवर्तन करना है। ज्ञान अर्थव्यवस्था के युग में देश को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नीति में प्रमुख भविष्योन्मुखी बदलावों का प्रस्ताव है। प्रस्तावों में से एक बहु प्रवेश और निकास प्रणाली (एमईईएस) के साथ चार वर्षीय स्नातक की डिग्री शुरू करना है। बहु प्रवेश और निकास प्रणाली (एमईईएस) का उद्देश्य प्रचलित कठोर सीमाओं को हटाना और आजीवन सीखने के लिए नई संभावनाएं बनाना है। बहु प्रवेश और निकास प्रणाली (एमईईएस) छात्रों को अपना खुद का डिग्री-निर्माता बनने की अनुमति देता है और उन्हें उस बिंदु से सीखने को फिर से शुरू करने के लिए प्रेरित करता है जो उन्हें बीच में छोड़ने के लिए आवश्यक था और उन्हें जीवन में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। इसके अनुसार, छात्रों के पास पाठ्यक्रम के प्रत्येक वर्ष के अंत में बाहर निकलने के विकल्प होंगे। सिफारिश यह है कि उन्हें एक वर्ष पूरा करने के बाद एक प्रमाण पत्र, दो साल पूरा करने के बाद एक डिप्लोमा, तीन साल के बाद स्नातक की डिग्री और चार साल के बाद कुछ शोध तत्व के साथ स्नातक प्राप्त होगा। पाठ्यचर्या संरचना में ये परिवर्तन न केवल छात्रों के लिए लचीले अवसर प्रदान करते हैं। कई जगहों पर, एमईईएस को एक नवाचार के रूप में भी माना जाता है जो सबसे वंचितों के बीच छोड़ने की दर को कम कर सकता है।

(अ) तकनीकी शब्दों का परिभाषीकरण :

1. **एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास**-एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास से तात्पर्य मसलन अगर कोई छात्र स्नातक स्तर में प्रवेश लेकर सिर्फ एक साल का ही कोर्स पूरा करता है, तो उसे इसके लिए सर्टिफिकेट दिया जाएगा। वहीं दो साल पूरा करने वालों को डिप्लोमा और तीन साल पूरा करने वालों को स्नातक स्तर की डिग्री दी जाएगी।
2. **चुनौतियाँ**:-किसी विषयवस्तु के संबंध में आने वाली समस्याएँ।

अध्ययन का उद्देश्य

- एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास के बारे में जानना।

- एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास की आवश्यकता के बारे में जानना।
- एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास के लाभ के बारे में जानना।
- एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास के समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में जानना।

शोध विधि

यह लेखपत्र द्वितियूक स्रोतों के माध्यम से लिखा गया है। इस हेतु विभिन्न रिपोर्ट, समाचार पत्रों एवं पुस्तकों से तथ्यों का संकलन किया गया है।

एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास

वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा के मायने तीव्रता से परिवर्तित हो रहे है। सामाजिक परिवर्तन एवं विकास के लिए कौशल को संयंत्र माना जाता है इस प्रकार शिक्षा का संबंध वर्तमान से न होकर भविश्य से होता है। इसलिए शिक्षा को इस परिपेक्ष्य में देखें कि 21 वी शताब्दी में प्रवेश करने वाली नई पीढी अपने आप को नयी शताब्दी के लिए समर्थ बना सके। आधुनिक युग में जहां एक और प्रगति पथ पर अग्रसर हुआ जा रहा है। वही पर जीवन मूल्यों, व्यक्तित्व विकास, प्रबन्धन क्षमता, व सम्प्रेषण क्षमता का निरन्तर ह्यस होता जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को मंजूरी दी है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 34 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 को प्रतिस्थापित करेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21 वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। वर्ष 1968 और 1986 के बाद यह भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र पर देश की जीडीपी के 6 हिस्से के बराबर निवेश का लक्ष्य रखा गया है। उच्च शिक्षा में एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास का विकल्प होगा जिससे छात्रों को उनकी रूचि के अनुसार शिक्षा मिल सके। इसके साथ ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद छात्रों के पास कॉलेज बदलने की सुविधा भी होगी, अगर आपने एक शहर के किसी कॉलेज में दाखिला लिया हो और आप का मन कर रहा है। कि आप अब दूसरे कॉलेज में पढ़ाई करेंगे तो आप अपना दाखिला अन्य महाविद्यालय में करवा सकते हैं। इसके साथ ही आपके क्रेडिट भी ट्रांसफर हो जाएगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों के पास ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा भी होगी सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य बताया गया है कि इस योजना के तहत स्कूल छोड़ने की दर को कम किया जा सके और हमारे देश के अधिक से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान की जा सके और इस योजना से शिक्षा व्यवस्था को लचीला बनाया जाएगा जिससे हमारे देश के बच्चों को आसानी से शिक्षा मिल सकेगी और बच्चे अपनी पसंद का विषय चुन सकते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पसंद के विकल्प को लचीला बनाया जाएगा ताकि ड्रॉपआउट रेट में कमी आ सके राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में मूलभूत परिवर्तन करना है। ज्ञान अर्थव्यवस्था के युग में देश को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नीति में प्रमुख भविष्योन्मुखी बदलावों का प्रस्ताव है। प्रस्तावों में से एक बहु प्रवेश और निकास प्रणाली (एमईईएस) के साथ चार वर्षीय स्नातक की डिग्री शुरू करना है। वर्तमान में 3 या 4 वर्ष के डिग्री कोर्स में यदि कोई छात्र किसी कारणवश माध्यम में पढ़ाई छोड़ देता है तो उसे डिग्री ना

मिलने के कारण इस पढ़ाई का कोई महत्व नहीं रहता है लेकिन अब इसमें निम्न परिवर्तन किये गये है-

क्र.स.	विकल्प	शैक्षणिक मान्यता
1	1 वर्ष की पढ़ाई पर	सर्टिफिकेट
2	2 वर्ष की पढ़ाई पर	डिप्लोमा
3	3 वर्षकी पढ़ाई पर	डिग्री
4	4 वर्ष की पढ़ाई पर	स्नातक डिग्री (ऑनर्स/रिसर्च)

इस अध्ययन को प्रमुख उद्देश्य नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लागू किए गए एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास में छात्रों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का अध्ययन करना है तथा उन चुनौतियों को किस प्रकार दूर किया जा सके उसके लिए संभावित समाधान की खोज करना है।

एकाधिक प्रवेश और निकास की आवश्यकता

एकाधिक प्रवेश और निकास द्वारा जो छात्र अपनी डिग्री पूरी होने से पहले ही पढ़ाई छोड़ देते हैं, उन्हें उचित प्रमाणन दिया जाएगा। जिससे छात्र द्वारा उच्च शिक्षा में बिताया गया समय बर्बाद नहीं होगा। इसके दो फायदे हैं एक यह है कि वे प्रमाण पत्र के साथ श्रम बाजार में प्रवेश कर सकते हैं। दूसरा यह है कि छात्र क्रेडिट बचा सकते हैं और बाद में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इसके तहत 3 या 4 वर्ष के स्नातक कार्यक्रम में छात्र कई स्तरों पर पाठ्यक्रम को छोड़ सकेंगे और उन्हें उसी के अनुरूप डिग्री या प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा (1 वर्ष के बाद प्रमाण-पत्र, 2 वर्षों के बाद एडवांस डिप्लोमा, 3 वर्षों के बाद स्नातक की डिग्री तथा 4 वर्षों के बाद शोध के साथ स्नातक) विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से प्राप्त अंकों या क्रेडिट को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट' दिया जाएगा, ताकि अलग-अलग संस्थानों में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें डिग्री प्रदान की जा सके।

Figure 2 Multiple entry and exit system

एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास के लाभ

- एकाधिक प्रवेश और निकास से ड्रॉपआउट दर को कम करने में मदद मिलेगी
- यह छात्र को अपना पाठ्यक्रम छोड़ने और सुविधाजनक होने पर इसे फिर से शुरू करने की अनुमति देता है।

- वित्तीय कठिनाइयों के कारण अपनी पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ एक छात्र नौकरी खोजने और पैसे कमाने के लिए बाहर निकल सकता है ताकि पढ़ाई फिर से शुरू की जा सके। दूसरे शब्दों में, एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास आर्थिक रूप से अक्षम छात्रों के लिए अपनी पढ़ाई पूरी करने का एक अवसर है। संभवत आर्थिक कारक कई में से केवल एक है जो उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट का कारण बनता है।
- अन्य कारण जैसे सामाजिक, पारिवारिक, धार्मिक आदि भी भारत में प्रचलित हैं। उदाहरण के लिए, जो लड़कियां जल्दी शादी कर लेती हैं या डिग्री हासिल करते हुए गर्भवती होती हैं और जो दुर्घटनाओं या बीमारियों के कारण शारीरिक कठिनाई का सामना कर रही हैं, वे एमईईएस को एक आशीर्वाद के रूप में देखेंगी। लेकिन अवधारणा का अधिक गहन विश्लेषण व्यावहारिक जटिलताओं और शिक्षा को सामाजिक जिम्मेदारी से व्यक्तिगत जिम्मेदारी में बदलने का प्रयास दिखाता है।

संक्षेप में, एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास को उच्च शिक्षा प्रणाली को अधिक छात्र-अनुकूल और न्यायसंगत बनाने के उद्देश्य से एक बड़ा सुधार माना जा सकता है। इस अभूतपूर्व कदम का रणनीतिक निष्पादन शिक्षार्थियों को कहीं से भी, कभी भी सीखने के अवसर के साथ उनके शून्य-वर्ष के नुकसान को सुनिश्चित करने के लिए सहज गतिशीलता प्रदान करेगा।

एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास के समक्ष आने वाली चुनौतियाँ

- एकाधिक प्रविष्टि एवं निकास को लागू करते समय शैक्षणिक संस्थानों को बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मुख्य समस्याओं में से एक प्रत्येक वर्ष भर्ती होने वाले छात्रों की संख्या का निर्धारण करना होगा। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि एक कॉलेज के लिए डिग्री प्रोग्राम की कुल संख्या 30 छात्र प्रति वर्ष है। यदि, दूसरे सेमेस्टर तक, 10 छात्र बाहर निकलते हैं और लगभग 20 छात्र जो वर्षों पहले बाहर हो गए हैं, उसी समय प्रवेश के लिए कतार में हैं, तो यह शिक्षक-छात्र अनुपात और उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को परेशान करेगा।
- निजी संस्थान इसे उन छात्रों से अत्यधिक शुल्क लेने का एक अच्छा अवसर मानेंगे जो अपनी पढ़ाई फिर से शुरू करने के लिए प्रवेश चाहते हैं।
- छात्र एक साल के बाद सर्टिफिकेट के साथ, दो साल के बाद डिप्लोमा के साथ और तीन साल के बाद बैचलर डिग्री और 4 साल बाद रिसर्च के साथ बैचलर डिग्री के साथ बाहर निकल सकते हैं। इस प्रणाली को लागू करने में पाठ्यचर्या निर्माण एक बड़ी चुनौती है। एक या दो साल के डिग्री कोर्स के बाद एक छात्र किस प्रकार की दक्षता प्राप्त करेगा? इस प्रकार, किसी विशेष विषय क्षेत्र में आवश्यक विशिष्ट दक्षताओं, ज्ञान और कौशल को शामिल करने के लिए पाठ्यक्रम को फिर से तैयार करने की आवश्यकता है।
- उचित मार्गदर्शन के अभाव में छात्रों के मन में भ्रम और शंका उत्पन्न हो सकती है जिससे अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उचित मार्गदर्शन के अभाव में छात्रों का एक बड़ा वर्ग उच्च शिक्षा से वंचित रहने की आशंका है।

- विभिन्न क्षेत्रों में प्रमाण पत्र और डिप्लोमा धारकों के लिए एक ही समय में किस प्रकार के अवसर उपलब्ध होंगे जब डिग्री धारकों को नौकरी पाने में कठिनाई हो रही है?
- छात्रों को प्रारंभिक प्रमाण पत्र या डिप्लोमा के आधार पर रोजगार खोजने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है जब तक कि यह तकनीकी रूप से विशिष्ट न हो।
- क्या हम कई प्रवेश और निकास बिंदुओं के माध्यम से एक या दो साल के पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद प्रमाण पत्र और डिप्लोमा प्रदान करके कुशल उद्यमियों का एक पूल विकसित करने में सक्षम होंगे?
- एक और चिंता जो सभी को परेशान कर रही है, वह यह है कि बीच में पाठ्यक्रम छोड़ने वाले छात्रों की एक बड़ी आबादी कुछ मामूली कारणों से वापस नहीं लौट सकती है। यह सुनिश्चित किया जाना है कि मजबूत प्रेरणा और उचित मार्गदर्शन के अभाव में छात्रों का एक बड़ा वर्ग उच्च शिक्षा से वंचित न हो।
- इस प्रणाली के वास्तविक अर्थ में क्रियान्वयन के लिए बहु प्रवेश विकल्प के तहत प्रवेश के समय फीस का एक त्रुटिहीन तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित किया जाना है कि यह प्रणाली निजी या अन्य संस्थानों के लिए उन छात्रों से अत्यधिक शुल्क लेने का सुनहरा अवसर न बन जाए जो अपनी पढ़ाई फिर से शुरू करने के लिए वापस प्रवेश चाहते हैं।

निष्कर्ष

शिक्षा नीति 2020 द्वारा प्रस्तावित सभी परिवर्तनों का स्वागत है, लेकिन इतिहास ने दिखाया हैं कि अच्छी नीतियाँ या तो क्रियान्वयन के स्तर पर अटक जाती हैं या क्रियान्वयन में देरी के परिणामस्वरूप नौकरशाही देरी का शिकार हो जाती हैं। यह अनुमान लगाना उचित है कि, शिक्षा नीति में प्रस्तावित परिवर्तनों के आलोक में, नीति निर्माताओं के लिए अगला कदम शिक्षक शिक्षा से संबंधित नीति के क्रियान्वयन के लिए तत्काल, मध्यम और दीर्घकालिक लक्ष्यों को स्थापित करना होगा, जिसमें स्पष्ट निर्देश होंगे इन लक्ष्यों को कैसे प्राप्त करें। इस क्रियान्वयन योजना के विकास और सकारात्मक रणनीति से जनता के मध्य यह संदेश भी जाएगा कि शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की नीति और इरादे के बीच को टकराव नहीं है और सरकार इन अनुशंसाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

संदर्भ सूची :

1. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार. (2020), राष्ट्रीय शिक्षा नीति : Retrieved from https://www.education.gov.in/en
2. गंगवाल सुभाष, (22 अगस्त 2020) : नई शिक्षा नीति 21वीं सदी की चुनौतियों का करेगी मुकाबला, दैनिक नवज्योति, पृष्ठ संख्या 4 जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूँ
3. Nandini, ed. (29 July 2020) : "New Education Policy 2020 Highlights : School and higher education to see major changes". Hindustan Times.

❐❐❐

शोधार्थी (शिक्षा विभाग) जैन विश्व भारतीय संस्थान, लाडनूँ; पता-310, गेस्ट हाऊस, फैकल्टी ब्लॉक, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, पिन-244001, मो. 9413185326

विभागाध्यक्ष (शिक्षा विभाग) जैन विश्व भारतीय संस्थान, लाडनूँ

रसवादी आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल

—डॉ. राहुल द्विवेदी

भारतेन्दु युग से लेकर द्विवेदी युग तक साहित्य जनवादी हो चुका था। मानव मूल्यों के प्रतिमान एवं नवीन ज्ञान-विज्ञान या तर्क के आधार पर केन्द्रीत शुक्ल युग में आलोचना का दृष्टिकोण आभासी, परम्परागत रूढ़ि एवं नायिका भेद, अलंकार निरूपण वाले ढ़र्रे की विरोधी सी हो गयी थी। क्योंकि रीतिवादी समीक्षा के मानदण्ड सीमित एवं जनोपयोगी नहीं थे।

भारतीय काव्यशास्त्र की रसवादी आचार्य परम्परा में विभिन्न विद्वानों एवं आलोचकों ने रस-सिद्धांत को आधार मानकर आलोचना का प्रतिमान बनाया एवं सम्यक् रूपेण साहित्य परम्परा का मूल्यांकन किया। डॉ. श्यामसुन्दर दास, बाबू गुलाबराय, पं. रामदहिन मिश्र, लक्ष्मीनारायण 'सुधांसु, नन्ददुलारे वाजपेयी, हजारीप्रसाद द्विवेदी, शान्तिप्रिय द्विवेदी, डॉ. नगेन्द्र, डॉ. तारकनाथ बाली, आनन्दप्रकाश दीक्षित, निर्मला जैन, राममूर्ति त्रिपाठी इत्यादि ने रसवादी हिन्दी आलोचना को समृद्ध किया। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने रस-सिद्धान्त की नवीन व्याख्या करके, पाश्चात्य समीक्षा सिद्धांत की तुलना में इसे सर्वोपरि आलोचना का प्रतिमान बनाया।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिन्दी आलोचना में ख्यातिलब्ध रसवादी आलोचक है। इनका आलोचना कर्म विरूद्धों के सामजंस्य से लोकमंगलवादी अवधारणा के पक्ष में है। वे अव्यक्त, परोक्ष, अज्ञात तथ्यव्यंजना के विरूद्ध लौकिक एवं व्यक्त जीवन जगत् उन्मुखी दृष्टिकोण से साहित्य को देखा परखा और विवेचना किया। आचार्य शुक्ल अपने आत्म- संस्मरण में लिखते हैं- ''ज्यों-ज्यों मैं सयाना होता गया त्यों-त्यों हिन्दी के पुराने साहित्य और नये साहित्य का भेद भी समझ पड़ने लगा और नये की ओर झुकाव बढ़ता गया।''[1] मौलिक सोच और समझ का विस्तार, व्यापक अध्ययनशीलता एवं मर्मग्रहिणी प्रज्ञा के कारण इनके आलोचना-कर्म में न प्राश्चात्य जगत् के प्रतिमानों का अनुकरण है, न तो रीतिशास्त्रीय काव्य लक्षणों का अपितु भारतीय जातीयता का सहज विकास है। आचार्य शुक्ल तथ्यों की गहरीछान-बीन ही नहीं करते बल्कि काव्य के विषय-वस्तु को समग्रता में मूल्यांकन करते हैं।वे समाज, जीवन, जगत, साहित्य, कला, विज्ञान, दर्शन, धर्म इत्यादि परम्परागत शब्दों को अपने आलोचना के साँचे में ढालकर नवीन अर्थ प्रदान करते चलते हैं।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल 'सैद्धांतिक' और 'व्यावहारिक' दोनों तरह की आलोचना में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। वे आजीवन

हिन्दी साहित्य समृद्धि में लगे रहे। आचार्य शुक्ल को आलोचनात्मक कृतित्व इस प्रकार है-'**तुलसीदास**' (1922 ई.), '**भ्रमर गीतसार**' (1922 ई.), '**जायसी ग्रन्थावली**' (1924 ई.), '**चिन्तामणि भाग-एक**' (1939 ई.), '**चिन्तामणि भाग-दो**' (1939 ई.), '**रस मीमांसा**' (1939 1949 ई. में प्रकाशित)। इन सभी आलोचना ग्रन्थों में कृतित्व के समग्र विवेचन के साथ-ही-साथ इतिहास, दर्शन, व्याकरण, भाषा-विज्ञान एवं साहित्य के विविध पक्षों का भी समीचीन व्याख्या किया गया है।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिन्दी साहित्य जगत् में सच्चे अर्थों में आचार्य है। उनका आचार्यत्व कर्म सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों आलोचना में व्यक्त हुआ। 'कविता क्या है?' इस निबन्ध को आचार्य शुक्ल ने बार-बार लिखा। वे 'कविता क्या है?' इस बुनियादी और केन्द्रीय प्रश्न पर भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वानों ने व्यापक चिन्तन के आलोक में समझने-समझाने और व्याख्या कर परिभाषा में व्यक्त करने का प्रयास निरन्तर किया हैं। प्राचीन काल से 'लेकर अब तक 'काव्य' की नई-नई परिभाषा एवं उसके प्रतिमानों के सम्बन्ध में विचार दृष्टिगोचर होते हैं। आचार्य शुक्ल का मत है "सच्ची कविता किसी 'वाद' को लेकर नहीं चलती, जगत की अभिव्यक्ति को लेकर ही चलती है।"[2] अर्थात् कविता जगत् के गोचर अभिव्यक्ति का साधन है।

आधुनिक युगबोध के आधार पर साहित्य तत्वान्वेषी आचार्य शुक्ल ने काव्य को जीवन-जगत् के गत्यात्मक नाना रूपों, नाना 'यों एवं नाना व्यापारों से सामंजस्य स्थापित करके लोक सामान्य भावभूमि पर परिभाषित करके लिखते है- "जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रसदशा कहलाती हैं हृदय की इसी मुक्ति साधना के लिए मनुष्य की वाणी जो शब्द विधान करती आई उसे कविता कहते हैं।"[3] वे कविता को भाव योग साधना मानते हुए इसे कर्मयोग और ज्ञानयोग के समकक्ष बताया। इस प्रकार आचार्य शुक्ल काव्य परिभाषा के माध्यम से काव्य की आत्मा 'रस' को सिद्ध करते हैं, इसके साथ-ही-साथ आधुनिक काव्यशास्त्र भी गढ़ते चलते हैं, जिसमें पाश्चात्य के प्रतिमानों का विरोध भी है और समन्वय भी। चिन्तामणि निबन्धों के माध्यम से आचार्य शुक्ल ने हिन्दी के काव्यशास्त्र के लिए एक ठोस पृष्ठभूमि तैयार कर उसे वैज्ञानिक और दार्शनिक आधार दिया। उनका मत है कि- "कविता के मूल में भाव या मनोविकार ही रहते है।"[4] "भाव या मनोविकार के नीव पर ही कविता की इमारत खड़ी हो सकती है।"[5] "भाव की अंत: प्रकृति एवं रूप विधान की बाह्य प्रकृति में विविधता है, अत: सामंजस्य काव्य और जीवन दोनों की सफलता का मूल मंत्र है।"[6] इस प्रकार आचार्य शुक्ल ने 'भाव' को काव्य में व्यापकता प्रदान करके उसे 'रस' का मूल माना है।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र के प्रतिमानों को तर्क की कसौटी पर कसकर एवं उनके उपयोगी तत्वों को आत्मसात् करके रसवादी आलोचनात्मक मानदण्ड के आधार पर काव्य के अंत: एवं बाह्य पक्ष पर सूक्ष्मातिसूक्ष्म मौलिक स्थापना प्रस्तुत करते चलते हैं। काव्य के क्षेत्र में आध्यात्मिकता का निषेध, अव्यक्त की अपेक्षा व्यक्त जगत की स्वीकारोक्ति तो है ही साथ ही साथ वे सौन्दर्य, कल्पना, अलंकार, चमत्कार, सूक्ति, वचनभंगी, शब्द-विधान को काव्य का साधन स्वीकार करते है। "कविता में कल्पना को साधन मानते हैं, साध्य नहीं।"[7] "कल्पना दो प्रकार की होती है- 'विधायक और ग्राहक'।"[8] "अलंकार प्रस्तुत या वर्ण्य वस्तु नहीं, बल्कि वर्णन की भिन्न-भिन्न प्रणालियाँ है, कहने के खास-खास ढंग है।"[9] अलंकार साधन

है, साध्य नहीं।''[10] ''काव्य में अर्थग्रहण मात्र से काम नहीं चलता, विम्ब ग्रहण भी अपेक्षित होता है। यह बिम्ब ग्रहण निर्दिष्ट गोचर और मूर्त विषय का ही हो सकता है।''[11] ''नाद सौन्दर्य से कविता की आयु बढ़ती है।''[12] आचार्य रामचन्द्र शुक्ल कविता को मनोरंजन का साधन नहीं मानते तथा मनोरंजन करने वाली कविता को केवल विलास की सामग्री मानते हैं। अर्थात् रीतिकालीन संस्कारों से मुक्त कर साहित्य को जनोन्मुखी एवं यथार्थ के धरातल पर प्रतिष्ठित करते हैं। उनकी मान्यता है कि- ''कविता का अन्तिम लक्ष्य जगत के मार्मिक पक्षों का प्रत्यक्षीकरण करके उसके साथ मनुष्य हृदय का सामंजस्य स्थापना है।''[13]

भारतेन्दु युग से लेकर द्विवेदी युग तक साहित्य जनवादी हो चुका था। मानव मूल्यों के प्रतिमान एवं नवीन ज्ञान-विज्ञान या तर्क के आधार पर केन्द्रीत शुक्ल युग में आलोचना का दृष्टिकोण आभासी, परम्परागत रूढ़ि एवं नायिका भेद, अलंकार निरूपण वाले ढ़र्रे की विरोधी सी हो गयी थे। क्योंकि रीतिवादी समीक्षा के मानदण्ड सीमित एवं जनोपयोगी नहीं थी। इनमें जीवन-जगत के नाना तत्वों से युक्त साहित्य की छान-बीन एवं पड़ताल करने की क्षमता का अभाव था। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की आलोचना मानव जीवन के बहुआयामी तत्वों की न तो अनदेखी करती है और न ही समाज के कल्याणकारी धर्म की उपेक्षा। इनका रसवादी आलोचनात्मक मानदण्ड आनन्द की सीमा से परे, लौकिक जीवनोन्मुखी एवं वास्तविकता के धरातल पर प्रतिष्ठित हैं। वे आलोचना में रचना दृष्टि को ही नहीं, अपितु जीवन दृष्टि को भी महत्वपूर्ण मानते हैं। संस्कृत काव्यशास्त्र एवं हिन्दी आलोचकों में एक मात्र आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ही है जो रस को 'आनन्द' 'लोकोत्तर' 'अनिर्वचनीय' इत्यादि विशेषणों से मुक्त मानते हुए, इसे आध्यात्मिक भूमि से उतारकर लौकिक व्याख्या करते है। आचार्य शुक्ल की मान्यता है कि- ''रसास्वाद का प्रकृत स्वरूप 'आनन्द' शब्द से व्यक्त नहीं होता। 'लोकोत्तर', 'अनिर्वचनीय' इत्यादि विशेषणों से न तो अवाचकत्व का परिहार होता है, न प्रयोगों का प्राश्यचित।''[14] ''आनन्द' शब्द को व्यक्तिगत सुख भोग के स्थूल अर्थ ग्रहण करना मुझे ठीक नहीं जंचता। उसका अर्थ में हृदय का व्यक्तिबद्ध दशा से मुक्त होकर हल्का होकर अपनी क्रिया में तत्पर होना ही उपयुक्त समझता हूँ।''[15]

वस्तुत: जब अनुभव और अनुभूति का स्वरूप बदलता है तो उसके अभिव्यक्ति का स्वरूप भी बदल जाता है। बीसवीं शताब्दी के शुरूआत में भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र के योग से हिन्दी साहित्य में संश्लिष्ट काव्यशास्त्र की परम्परा का उदय होता है। ''आचार्य रामचन्द्र शुक्ल आधुनिक भारत के संश्लिष्ट काव्यशास्त्र के मेरूदण्ड है।''[16] विस्तृत अध्ययन, सूक्ष्म अन्वीक्षण बुद्धि, मर्म ग्रहिणी प्रज्ञा, वस्तुवादी ष्टिकोण एवं भारतीय काव्यशास्त्रीय सिद्धांतों पर दृढ आत्मविश्वास से युक्त आचार्य शुक्ल ने न तो कभी भारतीय रूढ़ियों का समर्थन किया और न ही कभी पाश्चात्य मानदण्डों से आक्रांत हुए बल्कि पुष्ट तथ्यों एवं सबल तर्को के आधार पर अलंकार, रीति, गुण, ध्वनि, वक्रोक्ति और पाश्चात्य आलोचना के प्रतिमान स्वच्छन्दवाद, कलावाद, व्यक्तिवाद, सौन्दर्यवाद, अनुभूतिवाद के अनुपयोगी तत्वों का सजगतापूर्वक विरोध करते हैं। डॉ. रामविलास शर्मा आचार्य शुक्ल के सम्बन्ध में लिखते हैं-''जगत् के वास्तविक दृश्य, जीवन की वास्तविक दशाएँ भावों की व्यंजना में वास्तविकता का आधार-आलोचना में शुक्ल के ये मूल सूत्र है।''[17]

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने रस- सिद्धांत को विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव की रस्म आदायगी की परम्परा को स्थान पर 'भाव' को व्यापक धरातल पर व्याख्या कर 'रसानुभूति' को महत्व देते हैं। 'भाव' को संवेदना, हृदय की अनुभूति, मनोविकास एवं राग के अर्थ में भी प्रयुक्त करते है। आचार्य शुक्ल रसवादी आचार्यो की 'रस' अवधारणा का पड़ताल करते हुए लिखते है कि ''आचार्यो ने यूँ ही मनमाने ढंग से पर कुछ भावों को प्रधान भावों में और कुछ को संचारियों में रख दिया अथवा किसी सिद्धांत पर ऐसा किया। केवल यह जानकर ही आधुनिक जिज्ञासा तुष्ट नहीं हो सकती कि ग्रन्थों में यह भाव प्रधान कहे गए हैं और यह संचारी।''[18] आचार्य शुक्ल आधुनिक मनोविज्ञान एवं शैंड के मतों से भावों का पुनर्व्याख्या करते है, परन्तु मनोविज्ञान की भी सीमा तय भी करते है, जहाँ तक वह उपयोगी है वही तक सहमत होते है अन्यथा अपने मौलिक तर्को के आलोक में विवेचना करते हैं।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल रस-सिद्धांत के रस-सूत्र की परम्परा के आधुनिक जिज्ञासा में विवेचना करते हुए लिखते हैं कि- ''भाव से अभिप्राय संवेदना के स्वरूप व्यंजना से है; 'विभाव' से अभिप्राय उन वस्तुओं या विषयों के वर्णन से है जिनके प्रति किसी प्रकार का भाव संवेदना होती है। ... वन, पर्वत, नदी, निर्झर, मनुष्य, पशु, पक्षी इत्यादि जगत की नाना वस्तुओं का वर्णन आलम्बन और उद्दीपन दोनों दृष्टि से होता रहा है।''[19] ''किसी भाव की रसात्मक प्रतीत उत्पन्न करने के लिए कवि-कर्म के दो पक्ष होते हैं- अनुभाव पक्ष और विभाव-पक्ष।''[20] ''विभाव और अनुभव कल्पना साध्य है।''[21]

''विभाव और भाव पक्ष कवि-कर्म के दो विधान है। विभाव में शब्दों द्वारा उन वस्तुओं के स्वरूप की प्रतिष्ठा करनी होती है जो भावों का आश्रय आलम्बन और उद्दीपन होती हैं।जब वह वस्तु प्रतिष्ठा हो लेती है तब भावों का व्यापार प्रारम्भ होता है।''[22] भाव मनोविज्ञान में भाव या मनोविकार का मूल अनुभूति है। ''अनुभूति की तरह भाव भी दो तरह के होते है- एक सुखात्मक, दूसरा दु:खात्मक। प्रेम, उत्साह, श्रद्धा, भक्ति, औत्सुक्य, गर्व आदि के साथ सुखात्मक अनुभूति लगी रहती है। इससे ये सुखात्मक हैं। शोक, क्रोध, भय, घृणा, लज्जा, उग्रता, आमर्ष, असूया, विषाद इत्यादि दु:खात्मक है।''[23] इन भावों का सामाजिक आधार पर जीवन तत्व से साधारण से साधारण सामग्री लेकर आचार्य शुक्ल ने युग बोध, राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक तत्व के लोकधर्मी धरातल पर रसत्व की व्याख्या किया। भावों के अमूर्त विषय में वे मूलत: मूर्त और गोचर यथार्थ को अपेक्षित मानते हैं। असम्बद्ध भावों को भी आचार्य शुक्ल रसवत् ग्रहण करने के पक्षधर है। इस प्रकार वे भाव-संधि व भाव सबलता को रस के क्षेत्र में उपयोगी मानते हैं।

''संचारियों का वर्गीकरण सुखात्मक, दु:खात्मक उभयात्मक, उदासीन में किया एवं प्रत्येक वर्ग की विशेषता का निरूपण जिस प्रकार आचार्य शक्ल ने 'रस-मीमांसा' में किया, वैसा संचारियों का वर्गीकरण अन्यत्र नहीं मिलता है। रसानुभूति प्रत्यक्ष या वास्तविक अनुभूति से सर्वथा पृथक कोई अंत: वृत्ति नहीं बल्कि उसी का उदान्त और औदात्य स्वरूप है।... यह वासना या संस्कार वंशानुक्रम से चली आती हुई दीर्घाभाव परम्परा का मनुष्य जाति की अंत: प्रकृति में निहित संचय है।''[24]

पंडितराज के बाद रस के साधारणीकरण पर लोकोन्मुखी चिंतन के आलोक में आचार्य शुक्ल मानते हैं कि- 'साधारणीकरण' का अभिप्राय यह है कि पाठक या स्रोता के मन में जो

व्यक्ति विशेष या वस्तु विशेष आती है। वह जैसे काव्य में वर्णित 'आश्रय' के भाव का आलंकन होती है वैसे ही सब सहृदय पाठकों या श्रोताओं के भाव का आलंबन हो जाती है।''[25] डॉ. नगेन्द्र लिखते हैं- ''वे मूलत: आलंबन का साधारणीकरण इस प्रकार होता है किपहले वह कवि के भाव का विषय बनता है और फिर समस्त सहृदय समाज के भाव का विषय बन जाता है।''[26] 'हिन्दी काव्यशास्त्र में रस सिद्धांत' में डॉ. सच्चिदानन्द चौधरी आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के साधारणीकरण के विषय में लिखते हैं कि- ''साधारणीकरण सिद्धांत में भी शुक्ल जी ने आलम्बनत्व, धर्म का साधारणीकरण और आश्रय अथवा कवि के साथ तादात्म्य की बात लिखकर अपनी नवोन्मेषशालिनी प्रतिभा का परिचय दिया है।इस प्रकार शुक्ल जी की रसमीमांसा के प्रत्येक क्षेत्र में कुछ न कुछ नवीनता अवश्य है। मैं ऐसा नहीं मानता कि शुक्ल जी ने जो कुछ कहा वह चरम् सत्य है, पर इतना अवश्य कि पराम्परागत विचारों के संशोधन स्वरूप अपनी कई नवीन बातें बतायी और रस-मीमांसा में आपका योगदान रहा।''[27]

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने आलोचना में व्यक्ति धर्म की अपेक्षा लोकधर्म, व्यक्तिहित की अपेक्षा लोकहित, दार्शनिकता की अपेक्षा सामाजिकता, अध्यात्मिकता की अपेक्षा लौकिकता, शास्त्रीयता की अपेक्षा व्यावहारिक पक्ष को महत्व देते हैं। लोकमंगल की साधानावस्था एवं लोकमंगल की सिद्धावस्था को प्रतिपादित कर रसानुभूति को लोक सामान्य जीवन-जगत् की भावना से समन्वित किया। लोकमंगल की साधानावस्था या प्रयत्न रक्षा को लेकर चलने वाले कवियों या समीक्षकों को 'करुणा' ही को बीज भाव मानना चाहिए। सिद्धावस्था की प्रशांत भूमि पर चलने वाले कवियों का ही प्रेम तत्व को ही बीज भाव कहना ठीक है। आचार्य शुक्ल प्रेमश और 'करुणा' को मंगल विधान के दो भाव ठहराते हैं तथा इन दोनों में दृष्टि भेद मानते हैं, न कि तत्व भेद, क्योंकि वे इसे राग की वासना के अंतर्गत ही मानते हैं। इन्हीं बिन्दुओं के आधार पर शुक्ल जी मध्यकालीन कवि सूर, तुलसी, जायसी एवं हिंदी साहित्य के इतिहास में विभिन्न कवियों के अन्त: प्रकृति साहित्यिक तत्वों एवं लोक अनुभवजन्य संस्कृति एवं कृति की समीक्षा में सूत्रात्मक निष्कर्ष के आधार है।

व्यक्तिवाद, रहस्यवादी प्रतीकवाद, मुक्त छंदवाद, कला का उद्देश्य कलावाद अभिव्यंजनावाद, संवेदनावाद एवं नवीन मर्यादावाद इत्यादि साहित्य सम्बन्धी पाश्चात्यावधारणा का विरोध किया तथा बाहर की भद्दी नकल से साहित्योन्नति नहीं हो सकती, ऐसा उनका भी मत था। भारतीय जीवन एवं सिद्धांतों से उनका सामंजस्य तथा विरोध कहाँ तक है? बिना इसके विवेचन के प्रतिमान के रूप में स्वीकार करना उन्हें स्वीकार नहीं। उनका अभिमत है कि- ''बाहर से सामग्री आए, खूब आए पर वह कूड़ा-करकट के रूप में न इक्ट्ठी की जाए। उसकी कड़ी परीक्षा हो, उस पर व्यापक दृष्टि से विवेचन किया। जाए, जिससे हमारे साहित्य के स्वतंत्र और व्यापक विकास में सहायता पहुँचे।''[28] साहित्य के माध्यम से राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक चेतना को सक्षम आलोचकीय प्रतिमा से स्थिर कर लोग मंगल की अवधारणा कर विस्तार करते चलते हैं। आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी ने आचार्य शुक्ल की विशेषता इस प्रकार व्यक्त करते हैं-''जितना उत्कर्ष उन्हें साहित्य के सिद्धांतों का निरूपण करने में प्राप्त हुआ, उतनी ही दक्षता उन्हें उन सिद्धांतों का व्यावहारिक प्रयोग करने में हासिल हुई। पांडित्य में उनकी अप्रतिहत गति थी, विवेचना की उनमें विलक्षण शक्ति थी। वे आलोचक या समीक्षक मात्र नहीं थेय सच्चे अर्थ में साहित्य के आचार्य थे।''[29]

संदर्भ सूची :

1. आलोचक रामचन्द्र शुक्ल, सं. गुलाबराय, विजयेन्द्र स्नातक, आत्माराम एण्ड संस दिल्ली, प्रथम संस्करण 1952, पृष्ठ 2।
2. चिन्तामणि भाग-दो, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, सरस्वती मंदिर, काशी द्वितीय आवृत्ति, वि.सं. 2006, पृष्ठ, 67।
3. चिन्तामणि भाग- 1, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद, सोलहवाँ सं. 2019, पृष्ठ- 82।
4. चिन्तामणि भाग - 2, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, सरस्वती मंदिर काशी, द्वितीय आवृत्ति, 2006, पृष्ठ 88।
5. वही, पृष्ठ 99।
6. वही, पृष्ठ, 56।
7. चिन्तामणि भाग दो, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, सरस्वती मंदिर, काशी, द्वितीय आवृत्ति, वि.सं. 2006, पृष्ठ 66।
8. रस मीमांसा, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पुस्तक प्रतिष्ठान, नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2016, पृष्ठ 15।
9. वही, पृष्ठ 28।
10. वही, पृष्ठ 29।
11. वही, पृष्ठ 97।
12. वही, पृष्ठ 27।
13. वही, पृष्ठ 15।
14. वही, पृष्ठ 58।
15. वही, पृष्ठ 161-162।
16. रस सिद्धांत, डॉ. नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1964, पृष्ठ 202।
17. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना- डॉ. रामविलास शर्मा, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, चौथा संस्करण, 2015, पृष्ठ 97।
18. रस मीमांसा, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पुस्तक प्रतिष्ठान नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2016, पृष्ठ 118।
19. चिन्तामणि भाग-दो, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, सरस्वती मंदिर काशी, द्वितीयआवृत्ति वि.सं., 2006, पृष्ठ 100।
20. वही, पृष्ठ 89।
21. वही, पृष्ठ 88।
22. रस मीमांसा, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पुस्तक प्रतिष्ठान नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2016, पृष्ठ 74।
23. वही, पृष्ठ 111।
24. वही, पृष्ठ 163।
25. वही, पृष्ठ 185।
26. रस-सिद्धांत, डॉ. नगेन्द्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1964, पृष्ठ 202।
27. हिन्दी काव्यशास्त्र में रस-सिद्धांत, डॉ. सच्चिदानंद चौधरी अनुसंधान प्रकाशन कानपुर, प्रथम सं.1965, पृष्ठ 502।
28. हिन्दी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, प्रयाग पुस्तक सदन, इलाहाबाद, पृष्ठ 340।
29. हिन्दी साहित्य: बीसवीं शताब्दी, नन्ददुलारे वाजपेयी, लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद, संस्करण 2010, पृष्ठ 53।

❑❑❑

ग्राम-पचखरा, पो.-तातारगंज, जि.-प्रयागराज, पिन-212107, मोबाइल न.-7905942443

लोक-संस्कृति और लोक-साहित्य में मथुरा प्रसाद 'नवीन' का योगदान

—कुमारी रागिनी

धरातल से उठने वाले इस साहित्य ने अपना एक शीर्षस्थ स्थान भी बनाया है। जहाँ उसे वैदिक साहित्य के समकक्ष आसन प्राप्त है। इसका प्रमाण यह है कि हमारे जीवन के बहुत से और विशेषकर सांस्कारिक धार्मिक कार्य वैदिक मंत्रों से पूर्ण होते हैं। जहाँ ये मंत्र संस्कृत में पढ़े जाते हैं वहीं गाँव वालों के द्वारा गाये जाने वाले लोकगीत तथा लोकाचार पर आधारित अन्य क्रिया-कलाप भी चलते रहते हैं।

लोक संस्कृति का निर्माण लोक + संस्कृति दो शब्दों से मिलकर हुआ है। लोक एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ दुनिया, संसार, जगत, विश्व आदि होता है और संस्कृति किसी समाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र स्वरूप का नाम है, जो उस समाज के सोचने, विचारने, कार्य करने के स्वरूप अंतर्निहित होता है। संस्कृति दो प्रकार के होते हैं- भौतिक और अभौतिक। भौतिक संस्कृति के अंतर्गत प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन करने वाली वस्तुएँ आती है, जैसे-मकान, घर या अचल संपत्ति। अभौतिक संस्कृति के अंतर्गत-आचार-विचार, कला एवं विश्वास जैसी वस्तुएँ आती है।

लोक संस्कृति का वास्तविक अर्थ उस संस्कृति से है जो ग्रामीण एवं विशेषकर कृषक समाज से उत्पन्न होती है और उसी समाज में विकसित होती है। यानी लोक समाज की संस्कृति ही लोक-संस्कृति कहलाती है। लोक-संस्कृति की परिभाषा देते हुए ''डॉ. संपूर्णानंद'' ने भी कहा है- ''लोक-संस्कृति वह जीती-जागती वस्तु है जिसके द्वारा लोक की संस्कृति बोलती है। ''लोक-संस्कृति शब्द का व्यवहार 'फोकलोर' (Folklore) और लोक-साहित्य का 'फोक लिटरेचर' (Folk Literature) के लिए होता है। ''डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय'' के अनुसार सोफिया बर्न ने लोक-संस्कृति को तीन श्रेणियों में बाँटा है -

(क) लोक मान्यताएँ - लोक विश्वास, अंधविश्वास, परम्पराएँ आदि।

(ख) रीति-रिवाज - त्योहार, रहन-सहन, खान-पान आदि।

(ग) लोक-साहित्य - लोक गीत, लोक गाथा, लोक कथा, लोक नाटक आदि।

इसके बारे में ''डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय'' ने कहा है-''लोक-संस्कृति की उपमा किसी विशाल बटवृक्ष से दी जाए तो लोक-साहित्य को उसकी एक शाखा समझना चाहिए। यदि लोक-संस्कृति शरीर है तो लोक-साहित्य उसका अवयव है। लोक-संस्कृति का क्षेत्र-विस्तार अत्यंत व्यापक है परंतु लोक-साहित्य का विस्तार संकुचित है। लोक-संस्कृति की व्यापकता जन-जीवन के समस्त व्यापारों में उपलब्ध होती है परंतु लोक-साहित्य जनता के गीतों, कथाओं, गाथाओं, मुहावरों तक सीमित है। लोक-संस्कृति में लोक-साहित्य का अंतर्भाव होता है परंतु लोक-साहित्य में लोक-संस्कृति का समावेश होना संभव नहीं।''

लोक-संस्कृति किसी व्यक्ति विशेष की निधि नहीं है यह संपूर्ण समाज के सहयोग से अनजाने किसी कारण से उत्पन्न हुई और संपूर्ण समाज की संपत्ति बन गई। इसमें धर्म, संगीत, साहित्य, लोक-गाथाओं तथा विश्वासों के प्रशिक्षण को ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इन सब में लोक-संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग लोक-साहित्य माना जा सकता है। क्योंकि इसमें लोक संस्कृति के सभी अंगों की झलक मिलती है। लोक-साहित्य का अभिप्राय उस साहित्य से है जिसकी रचना लोक करता है। लोक-साहित्य उतना ही प्राचीन है जितना कि मानव जीवन है। हम देखते हैं कि किसी भी समाज की मान्यताएँ, अंधविशवास, त्योहार, रीति-रिवाज, गीत, गाथा, किस्से-कहानियाँ, कहावतें, मुहावरें आदि का परिचय हमें लोक साहित्य ही देता है।

किसी देश अथवा क्षेत्र का लोक-साहित्य वहाँ की आदिकाल से लेकर अब तक ही उन सभी प्रवृत्तियों का प्रतीक है, जो साधारण जन स्वभाव के अंतर्गत आती है। अर्थात हमें कहीं की समूची संस्कृति का अध्ययन करना हो तो वहाँ के लोक-साहित्य का विशेष अवलोकन करना होगा। यह लिपिबद्ध बहुत कम और मौखिक ज्यादा होता है। लोक साहित्य पर व्यक्ति की छाप न होकर समस्त व्यक्ति-लोक की छाप होती है।

धरातल से उठने वाले इस साहित्य ने अपना एक शीर्षस्थ स्थान भी बनाया है। जहाँ उसे वैदिक साहित्य के समकक्ष आसन प्राप्त है। इसका प्रमाण यह है कि हमारे जीवन के बहुत से और विशेषकर सांस्कारिक धार्मिक कार्य वैदिक मंत्रों से पूर्ण होते हैं। जहाँ ये मंत्र संस्कृत में पढ़े जाते हैं वहीं गाँव वालों के द्वारा गाये जाने वाले लोकगीत तथा लोकाचार पर आधारित अन्य क्रिया-कलाप भी चलते रहते हैं। तभी तो हम देखते हैं कि एक ओर पुरोहित मंत्रोच्चार करते हैं तो दूसरी ओर ग्रामीण महिलाएँ गीत गाती है।

मथुरा प्रसाद 'नवीन' मगही और हिंदी के जाने-माने गीतकार और लोक साहित्य के रचयिता है। बड़हिया गाँव, लखीसराय जिला, बिहार के रहने वाले मथुरा प्रसाद नवीन जी का जन्म फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया को सन् 1930 ई. में हुआ। बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी मथुरा प्रसाद नवीन संपूर्ण धरती पर समानता कि गंध को बिखरने का शत् प्रयास करते रहे हैं। वे अन्याय, अनीति, वाह्याडंबर और पाखंड के कट्टर विरोधी थे। उन्हें अक्खड़पन के कारण ''मगही का कबीर'' भी कहा जाता है। वे मगही भाषा के महान कवि हैं। प्रगतिशील साहित्य आंदोलन से वे आजीवन जुड़े रहे और प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष भी रहे। उनके गीत जन आंदोलनों में गाए जाते हैं। इन लोकगीत वास्तव में उनके जीवन का रूपांतर है। अभावों एवं संघर्षों के बीच में

पोषित नवीन जी का मानस दमित न होकर विद्रोही एवं उग्र है। वे अपने गीतों में दीन दुर्बल तथा वंचित एवं पीड़ित-पतित को ही स्थान दिये है। सुखी, समृद्ध, पूंजीवादियों से उन्हें घृणा है। तभी तो वे गंगा की सौगंध खाकर पूंजीपतियों से वे कहते हैं कि आपके लिए कलम नहीं चलाऊँगा-

''शब्द-शब्द में शोला भड़के, तोहरे गीत सुनौबो हम
कसम खा हियो गंगा जी के, कलम न कभी घुमैबो हम
तोहरा खातिर सब कुछ करबो, भुक्खल भी मुसकैबो हम
अत्याचार मिटाबे खातिर, सुखले चना चबैबो हम।''

'नवीन' जी अपनी बात को बिना लाग-लपेट के दु टुक शैली में व्यंग्य की चोट किस पर कितनी पड़ रही है इसकी परवाह न करते हुए हमेशा कहते थे। राजनीतिक उठा-पटक और भ्रष्ट व्यवस्था को व्यंग्यात्मक ढंग से तमाचा लगाते हुए कहते हैं-

''अजी मिसिर जी पतरा देख, कहिया तक सरकार चलत
महज एक कुरसी के खातिर, कहिया तक तकरार चलत
बन लो इ सरकार नया पर, पतरा इहे पुरनका हो
खाली बचल जात हो सबके, खतरा उहे पुरनका हो
सभे नाव में छेद होत हो, उइसे के पतवार चलत''।

अन्य भाषाओं के लोक-साहित्य की तरह 'मगही' भाषा का लोक साहित्य विशाल मगह-क्षेत्र के विस्तृत जन-जीवन के सूक्ष्म पर्यालोचन के लिए यह ऐसे संवेदनशील दर्पण के समान है, जिसमें आचार-व्यवहार, हर्ष-विवाद, रूढ़ियाँ-आकांक्षाएँ, प्रवृतियाँ एवं संस्कार प्रतिबिम्बित हो उठे हैं। मागधी से उत्पन्न मगही बिहारी समवर्ग की प्रमुख भाषा है। मगही का लोक साहित्य सुप्रसिद्ध एवं हृदयारंजक है। अत: मगही लोक साहित्य में लोकगीतों का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि मानव-जीवन का ऐसा कोई पक्ष नहीं है, जो इनसे अछूता रह गया हो। मानव के मातृगर्भ में स्थान पाने के साथ ही इन गीतों का आरंभ हो जाता है एवं अंत उसकी मृत्यु के पश्चात होता है।

लोकगीतों की रचना का आरंभ कब हुआ, इसका तिथि-निरूपण असंभव है। इतना ही कहा जा सकता है कि जबसे पृथ्वी पर मानव बसने लग तभी से उसके मुख से गीत भी फूटने लगे। यह अवश्य है कि युग-परिवर्तन के साथ आदिमानव के गीतों की बाहरी काया भी परिवर्तित होती गई पर उनके मूल भावों की व्यंजना में कोई अंतर नहीं पड़ा। नैसर्गिक भावावेश के क्षणों में फूटनेवाली इन लोकगीतों की धारा विविध भाषाओं में प्राप्त परंपराओं के रूप में प्रवाहित होती चली आ रही है। यह अंतकाल तक इसी रूप में प्रवाहित होती रहेगी। अन्य भाषाओं की तरह मगही लोकगीतों का वर्गीकरण निम्नांकित रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है-

1. संस्कार गीत - सोहर, मुण्डन, जनेऊ, विवाह आदि
2. क्रिया गीत - जँतसार, रोपनी आदि
3. ऋतु गीत - होली, चैती आदि
4. देवगीत - पौराणिक देवता संबंधी, ग्राम देवता संबंधी आदि
5. बालगीत - लोरी, खेलगीत, चकचंदा आदि
6. विविध गीत - झूमर, बिरहा, गोदना, निर्गुण, सामयिक आदि

मगही सोहर के वर्ण्य विषम अति व्यापक है। पति-पत्नी के प्रेम-मिलन, गर्भ की स्थापना, गर्भिणी की विविध स्थितियों शिशु-जन्म एवं ततसंबंधी उत्सव, प्रसूति के नैहर एवं ससुराल के विविध संबंधियों आदि सोहर गीतों में उपलब्ध होते हैं। सोहर का पर्याय मंगलगीत भी होता है। जैसे मगही लोकगीत में निम्नांकित पंक्ति में देखने को मिलता है-

''आजू ललना के बधइया, गावहूँ सखि मंगल हे।''

कृष्ण का जन्म हुआ है। पवनियाँ और नगर के सभी लोग बधाई देने पहुँच रहे हैं-

''भादो मासे कृष्ण जी जन्म लेलन, मथुरा में शोर भेलइ हे,
ललना घर-घर बाजेला बधइया, महल उठे सोहर हे।''

चूडाकरण-संस्कार हिंदू समाज के सोलह संस्कारों में एक है। लोक जीवन में यही संस्कार ''मुण्डन'' के नाम से प्रसिद्ध है। एक मुण्डन गीत में बालक अपने पिता से प्रार्थना करता है कि उसके बाल मुँह पर आते है, इसलिए वे मुण्डन करा दें-

''सभवा बइठल मोरा बाबा तऽ बाबा कउन बाबा हो।
बाबा लाबर मोरा छेकले लिलार करहुँ जग मुंडन हो।''

बालक की माँ के निमंत्रण पर ब्राह्मण तथा अन्य सभी पँवनिएँ आये हैं और सभी मुण्डन पर नेग माँगते है-

''लाला नउयवा जे अंजुरी पसारई
अब माँगऽ हई छुड़वे पर नेग ललन जी के मुड़ना
अब राजा दुलरूआ के मुड़ना
अब ब्राह्मण जे अंजुरी पसारथी
अब मांगऽ हथ पतरे पर नेग ललन जी के मुड़ना
अब राजा दुलरूआ के मुड़ना
अब फुआ जे अंजुरी पसारथी।
अब मांगऽ हथी अँचरे पर नेग ललन जी के मुड़ना
अब राजा दुलरूआ के मुड़ना।''

''यज्ञोपवती'' का अपभ्रंश रूप को ''जनेऊ'' कहा जाता है। हिंदू समाज में उपनयन-संस्कार के अवसर पर शास्त्रीय विधि के अनुसार बालक को ''यज्ञोपवती'' धारण कराया जाता है और यह परंपरा अभी तक चल रही है। जनेऊ से संबद्ध विविध विधि-विधानों का विस्तृत वर्णन मगही गीतों में मिलता है। जनेऊ के अवसर पर बालक ब्रह्मचारी का वेश धारण करता है और जनेऊ पहनाने की क्या विधि है और कौन-कौन जनेऊ पहना रहे हैं, जो निम्न पंक्ति में देख सकते हैं-

''दशरथ के चार गो ललनमा मंडप तर शोभे
बाबा दिहले मुँज जनेऊआ, पापा दिहले सुत जनेऊआ
ब्राह्मण दिहले नौ गुण जनेऊमा, मंडप तर शोभे
दशरथ के चार गो ललनमा मंडप पर शोभे''।

जन्म, मुण्डन और जनेऊ की ही भाँति विवाह संस्कार में वैदिक एवं शास्त्रीय प्रणाली और

लौकिक प्रणाली दोनों चलती है। वैदिक एवं शास्त्रीय प्रणाली का समापन पुरोहित कराते हैं औ लौकिक प्रणाली का समापन महिलाओं द्वारा होता है। विवाह की अनेक विधि है और विवाह गीतों की संख्या अनंत है। विवाह में सबसे पहले सगुन, देवी-देवता के गीत महिलाएँ गाती हैं उसके बाद और सब विधि की गीत गाती है-

''हाँथ कए लेलन विप्र स्वर्ण सठिया जी,
अजी चलियो में भेलन विप्र अयोध्या नगरिया जी।''

यहाँ पर विवाह के पूर्व दुल्हा-दुल्हन को अपने-अपने घर में नहलाया जाता है। इस अवसर पर उन्हें बुरी नजर से बचाने के लिए कुछ इस तरह के टोने-टोटके किये जाते हैं। जिसका उल्लेख निम्न गीत में मिलता है-

''राई जमाइन दादी निहुछे, देखियो रे कोई नजरी न लगवे।
राई जमाइन मम्मी निहुछे, देखियो रे कोई नजरी न लगवे''।

दुल्हन के घर में गाये जाने वाले अनुष्ठान गीतों में आनंद और उल्लास के साथ करूण भावनाएँ से भरी दिखाई देती है-

''कुसवा लेले कोँपथी बेटी के पापा, कइसे करब कन्यादान हे''।

प्रथम मिलन की घड़ी बहुत ही डर एवं उत्कण्ठा मिश्रित होती है। एक सुहागिन सुहाग-रात की कल्पना में अति विभोर जान पड़ती है-

''आज सुहाग के रात, चन्दा तुहुँ उगिहऽ।
चन्दा तुँहुँ उगिहअ, सुरूज मतुँ उगिहऽ।
करिहअ बड़ी तुँहुँ रात, मुरूग जनि बोलहिऽ।
आज सुहाग के रात, पिया मतुँ जइहऽ''।

हिन्दुओं के सोलह-संस्कारों में मृत्यु भी एक संस्कार है जिसको लोक ने इसे भी विशेष महत्व दिया है। मृत्यु संबंधी निर्गुण गीतों में मृत्यु के परिवर्तन का संकेत माना गया हैं। अत: मृत्यु गीतों में निर्वेद ही मुख्य स्थायी भाव है। यहाँ एक मगही लोकगीत निम्न है -

''रामजी जनम देलन, ब्रह्मा भी करम लिखलन
अहे-अहे सखिया जम भइया, अवलन लियावन हो राम।''

मगही में अनेक ऐसे भी लोकगीत हैं, जो अनुष्ठानों के अतिरिक्त अन्य सभी अवसरों पर गाये जाते हैं। ऐसे में बेटी के जोग, बेटा के तिलक, मटकोर, कोहबर, परीछन, बालगीत, खाना खिलाने, खेलाने, लोरी, शिक्षा प्रधान गीत, नागपंचमी, कृष्ण जन्माष्टमी, रामनवमी, कर्मा-धर्मा, जितिया, गोधन, रोपनी, सोहनी, चकचन्दा, झूमर, गोदना, निर्गुण, बिरहा, होली, चैती, ऋतुगीत, जँतसार, सामयिक, छठगीत आदि अनेक विविध गीत हैं, जो मगध क्षेत्र में गाये जाते हैं।

लोक साहित्य में मगही लोक कथा का अपना विशेष महत्व है। लोक कथा गीत में अन्य प्रसंगों के अतिरिक्त, नारी के बलिदान के भिन्न-भिन्न प्रसंग विशेष रूप से सुनने को मिलते हैं। कहीं धार्मिक अंधविश्वास के कारण नारी की बलि चढ़ाई जाती है, तो कहीं सासा-पति और ननद आदि के दुर्व्यहार के कारण नारी-जीवन आरक्षित दीख पड़ती है।

लोक साहित्य में ''लोक गाथा'' की परिभाषा विभिन्न विद्वानों ने अपने-अपने ढंग से दी है-

श्री जी.एल. किटरेज का मत है कि ''लोकगाथा'' गीतकथा या कथात्मक गीत है।''

श्री फेंक सिजविक ने लोकगाथा (वैलेड) को सरल वर्णात्मक गीत माना है। हेजलिट के अनुसार ''लोकगाथा गीतात्मक कथानक है।''

डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय ने इसकी परिभाषा कुछ इस तरह दी है-

''लोककथा वह गाथा या कथा है, जो गीतों में कही गई हो।''

लोक गाथाएँ मौखिक परंपरा में गायकों द्वारा पूरे भारत में प्रचलित हुई। मगही लोकगाथाओं में उनके रचयिता का कहीं नामोल्लेख नहीं हैं। सभी लोकगाथाएँ गेय हैं। उनकी अपनी संगीत पद्धति है।

मगही लोकगाथाओं में समाज में प्रचलित संस्कार, पूजा-पाठ एवं विश्वासों का सम्मिश्रण देखने को मिलता है। यह लोककथाएँ मौखिक परंपरा में आज भी जीवित है। यह एक प्रकार का वरदान ही है। लोकगाथा को जनता की कविता (Poetry of Folk) कहा गया है। इसलिए इनमें कवि हृदय की अनुभूति एवं स्वाभाविक उद्‌गार को अत्यंत सरलता से प्रस्तुत किया जाता है। यह आकृति में बहुत बड़ी-बड़ी है। इनमें अनेक ऐसी है, जिनका विस्तार किसी महाकाव्य से नहीं। जैसे-लोरकाइन आल्हा, आदि। इनकी (क) सुमिरन और (ख) पुनरूक्ति दो विशेषताएँ हैं।

(क) सुमिरन-मगही लोकगाथाओं का आरम्भ प्राय: देवताओं के स्मरण से होता है।

''रममा राम जी के करऽही सुमिरनमा हे नाम।
रममा माता माई के करऽही परनमिया हे ना।।
रममा ओही देलन हमरो जनमिया हे ना।।''

(ख) पुनरूक्ति-मगही लोकगाथाओं में पुनरूक्ति अनेक बार होती है। जैसे-जहाँ युद्ध-प्रसंग है, वहाँ एक-एक वस्तु का नाम लेकर गायक पुनरूक्ति करता जाता है। इसी तरह अन्य घटाओं और प्रसंगों को भी बार-बार दुहराता है।

लोक साहित्य में नाट्य और गीत का संबंध अति प्राचीन काल से चला आ रहा है। नाटक की उत्पत्ति सभ्यता के विकास के पूर्व इन्हीं तत्वों से हुई थी। मगही में ऐसे भी गीत हैं जो गेय होन के साथ नाट्य हैं। जैसे-जाट-जाटिन, बगुली, सामा-भकवा आदि नाम के गीत। ये लोक के गीत हैं इसलिए इनमें अधिकाशत: गार्हस्थ-जीवन के विविध व्यापारों का उल्लेख है और इनका नाट्य किया जाता है। स्त्रियों के नाट्यगीत सामा-चकवा, बगुली, डोमकच, जाट-जाटिन है। बगुली नाट्यगीत में महिलाएँ अभिनय के साथ गीत गाती हैं। जाट-जाटिन में दो प्रधान पात्र होते हैं।

(1) जाट और (2) जाटिन। इनमें एक ओर एक स्त्री जाटिन के वेश में अपने दल के साथ खड़ी रहती है, दूसरी ओर एक स्त्री जाट के वेश में अपने दल के साथ खड़ी रहती है। सामा-चकवा नाट्यगीत भाई-बहन के मंगलमय स्नेह बंधन को प्रकट करता है। बहन का नाम सामा और भाई का नाम चकवा रहता है।

''डोमकच'' वर के घर से बारात जाने के बाद रात में महिलाएँ डोम-डोमिन का अभिनय करती है। मगध में विवाह के अवसर पर होने वाला ''डोमकच'' में श्रृंगारिक मनोविनोदों की प्रधानता होती है। इसी तरह अनेक पर्वोत्सव के अवसर पर पुरूष लोग नाट्य करते हैं। स्वांग, नौटंकी, रासलीला, रामलीला, आदि इनके प्रिय नाटक हैं। लोकधर्मी नाटक में 'स्वांग' का विशेष महत्व मिला हुआ है। इसमें श्रृंगारी प्रवृत्तियों को बहुत छुट रहती है और इसमें हास्य रस की

प्रधानता रहती है। 'रामलीला' में रामायण के आधार पर राम की विविधा लीलाएँ अभिनीत करते हैं। इसमें कथोपकथन गीत बंध शैली में होता है। दशहरे के अवसर पर रामलीलाएँ अधिकतर प्रदर्शित की जाती है। रासलीला भी प्राय: गीतबद्ध शैली में प्रस्तुत की जाती है। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रासलीलाएँ अधिकतर प्रस्तुत की जाती है। इसी तरह ''विदेसिया'' नाटक बिहार प्रांत की प्रसिद्ध नाटक है। इसमें सामाजिक बुराइयों पर करारी चोट की जाती है।

अत: लोक-साहित्य में हमें समाज का वास्तविक चित्र भी देखने को मिलता है। तभी तो हमें लोकगीतों, लोक-गाथाओं, लोककथाओं और लोकनाट्य से मनुष्य के रहन-सहन, आचार-विचार, खान-पान और रीति-रिवाज की जानकारी प्राप्त होती है। धार्मिक जीवन संबंधी बातों का भी पता हमें लोकसाहित्य में ही मिलता है। लोकगीतों से ही हमें गंगा माता, तुलसी माता, षष्ठी माता, देवी माता तथा शीतला माता आदि का गायन करने का उल्लेख मिलता है। प्राचीन समय में समाज का नैतिक स्तर बहुत ऊँचा था। इसका हमें लोक-साहित्य से ही पता चलता है। जैसे भारत में सती-धर्म का पालन बड़ी ही कठोरता के साथ किया गया है जो कि इसका भी उल्लेख हमें लोक साहित्य में ही मिलता है। लोक-साहित्य का एक प्रमुख अंग भाषा शास्त्र भी है। तभी तो ''डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी'' ने कहा है कि जो लोग लोक-साहित्य का संग्रह कर रहे हैं वे भावी भाषा शास्त्रियों के लिए अमूल्य सामग्री उपस्थित कर रहे हैं।

अत: मथुरा प्रसाद 'नवीन' जी धनी परिवार में जन्म लेकर भी निर्धनता के बीच लोक साहित्य को जीने वालों में शामिल हैं। नवीन जी सामाजिक, राजनीतिक एवं सभी विषयों पर चोट करने वालों में रहे हैं। इनके लोकगीतों को संकलित रूप में देखा जाय तो जनता की कसौटी पर कसे गीतों का संकलन है। आज भले ही वे इस दुनिया में नहीं हैं फिर भी वे समाज के हर व्यक्तियों के दिलों में बसे हुए हैं।

लोक साहित्य लोक संस्कृति के साथ विविध उपादानों के प्रकाश में विभिन्न प्रजातियों के प्रारंभिक से लेकर परवर्ती दौर तक की भाषा, पुरातत्व और भौतिक जीवन के अनुसंधान की दिशा अत्यंत रोचक निष्कर्षों तक पहुँचा सकती है। इस तरह हम देखते हैं कि लोक-साहित्य किसी भी समाज की भाषा और संस्कृति का एक हिस्सा है, जो लोक के स्तर पर अंकुरित होती है, पनपती है और फैलती है तथा पूरे लोक को संस्कारित करती है एवं विशिष्ट स्तर पर अनेक लोगों के विविध पुष्पों द्वारा एक सुंदर माला निर्मित करती है। तभी तो समूचा लोक-साहित्य आज भी हमें बार-बार जागृत कर रहा है। अत: हमें अपने लोक-साहित्य पर गर्व है।

संदर्भ :

1. लोक-संस्कृति की आत्मा - नर्मदेश्वर चतुर्वेदी
2. लोक-साहित्य की भूमिका - डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय
3. लोक संस्कृति की रूपरेखा - डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय
4. हिंदी साहित्य का बृहत इतिहास - राहुल सांकृत्यायन, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय
5. मगही भाषा और साहित्य - डॉ. सम्पत्ति अर्याणी

❐❐❐

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया, मोबाइल : 9473056564, ई-मेल: krragini6@gmail.com, पता: मकान नं. 160, गर्ल्स स्कूल के पास, ठाकुरबाड़ी रोड़, बिहटा, पटना-801103

पर्यावरणः मृदुला गर्ग की कहानी 'विनाश दूत'

—डॉ. सिंधु टी.आई

ब्राह्मण कवि ने शाप देना छोड़ दिया, लेकिन उसने नन्हें मेघ को फटकारा। कवि नन्हे मेघ से तर्क करता है। कवि की राय में कवि की अभिव्यक्ति में बाधा डालना खघ्तरनाक है। कवि का विचार है कि उनकी सोच पर यह पृथ्वी चलती है। ब्राह्मण कवि का तर्क सुनकर नन्हा मेघ खिल्ली उड़ाता है कि ब्राह्मण कवि के आंतरिक नेत्र खुला नहीं है, केवल बाहरी नेत्रों से दुनिया को देखता है, जो कवि के लिए मान्य गुण नहीं है।

कथाकार एवं स्तंभकार मृदुला गर्ग जी की कहानी है 'विनाश दूत'। उनका जन्म २५ अक्तूबर 1938 को पश्चिम बंगाल के कोलकत्ता में हुआ था। उन्होंने प्राय: सभी विधाओं में रचना की। उनके परिवार से ही साहित्यिक वातावरण उनको मिल गया था। साहित्य प्रेमी माँ को अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू भाषा का गहरा ज्ञान था। पिताजी श्री बी पी जैन अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू और फारसी के अच्छे जानकार थे। उनके पति आनंद प्रकाश गर्ग हैं। उनके भाई-बहनें भी साहित्य में अत्यंत रुचि रखने वाले हैं। हिंदी के प्रसिद्ध कवि राजीव जैन उनके भाई है। हिंदी की जानी-मानी लेखिका मंजुल भगत, चित्र जैन, रेणु जैन, अंग्रेजी की प्रसिद्ध लेखिका अचला बंसल आदि उनकी बहनें हैं। उनके दो पुत्र हैं - शशांक विक्रम और आशीष विक्रम। उनके उपन्यास हैं- 'उसके हिस्से की धूप', 'वंशज', 'चितकोबरा', 'अनित्य', 'मैं और मैं', 'कठगुलाब', 'मिलजुल मन' आदि। निबंध संग्रह हैं 'रंग ढंग', 'चुकते नहीं सवाल' आदि। संस्मरण हैं 'दीदी की याद में', 'कुछ अटके, कुछ भटके', 'कृति और कृतिकार' आदि। व्यंग्य संग्रह हैं 'कर लेंगे सब हजम', 'खेद नहीं है' आदि। उनके कहानी संग्रह हैं- 'कितनी कैदें', 'टुकड़ा-टुकड़ा आदमी', 'डैफोडिल जल रहे हैं', 'ग्लेशियर से', 'उर्फ सेम', 'दुनिया का कायदा', 'शहर के नाम', 'समागम', 'मेरे देश की मिट्टी अहा', 'जूते का जोड़ गोभी का तोड़', 'स्त्री मन की कहानियाँ', 'वो दूसरी', 'हर हाल बेगाने', 'वसु का कुटुम' आदि। उनके चार नाटक हैं- 'एक और अजनबी', 'जादू का कालीन', 'तीन कैदें', 'साम दाम दंड भेद' आदि। अनूदित रचनाएँ हैं- 'उसके हिस्से की धूप' उपन्यास का 'A touch of sun', 'डैफोडिल जल रहे हैं' कहानी का 'Daffodil on fire', 'Sky scrapper' (योगेश गुप्त जी की कहानियों का अनुवाद), 'अगली सुबह' कहानी का अनुवाद 'The morning after', विकी बाम का उपन्यास 'Man never

know' का अनुवाद 'एक तिकोना दायरा', इजबेल एनडूस के एकांकी 'Bride from the hills' का 'दुल्हन एक पहाड़ की' शीर्षक से अनुवाद आदि। कई पुरस्कार भी उन्हें मिले हैं। मृदुला जी ने अर्थशास्त्र में एम ए किया था। उन्होंने लिखा है -''अर्थशास्त्र से संतुष्टि न मिलने पर एक बेपनाह छटपटाहट मन में घर करती गई, जिसे सृजनात्मक लेखन में बांधकर लोगों तक पहुँचाने में मुझे लगा, अधिक सफलता मिलेगी।''[1] मेरे साक्षात्कार में मृदुला जी ने यह भी कहा है- "साहित्य पठन से मेरा लंबा लगाव रहा, बचपन से ...साहित्य ही मेरा एकमात्र आसरा था। वह मेरे खून में समां गया, मेरे दिलो-दिमाग का हिस्सा बन गया। चूँकि उसने मेरे जीवन में बहुत जल्द प्रवेश कर लिया था, इसलिए बड़े नामों से मुझे डर नहीं लगता था।''[2]

कथाकर मृदुला गर्ग जी की कहानी 'विनाश दूत' एक कविता की-सी भावनाओं को संजोए रखने वाली कहानी है। 3 दिसंबर 1984 को भोपाल शहर में गैस दुर्घटना हुई थी, जो भोपाल गैस कांड नाम से जाना जाता है। भोपाल में स्थित यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी से मिथाइलआइसोसाइनाइट (MIC) नामक विषैले गैस का रिसाव हुआ था, जिससे हजारों लोगों की मृत्यु हुई थी। यह मिथाइलआइसोसाइनाइट असल में कीटनाशक बनाने के लिए उपयोग किया जाता था। दुर्घटना रात को घटित हुई थी, जिससे लोगों का बचना असंभव हो गया था। इतना ही नहीं, जल्दी ही भोपाल शहर के आसपास के प्रदेशों के वातावरण में यह विषैली गैस फैल गया। मिथाइलआइसोसाइनाइट फैलाने के उपरांत बादल में फोस्जीन, हाइड्रोजन सायनाइड, कार्बन मोनो-ऑक्साइड, हायड्रोजन क्लोराइड आदि के अवशेष पाये गये थे। जैसे-जैसे विषैला गैस फैल गया था, पूरे भोपाल शहर में, सैकड़ों लोग मारे गए थे। आबालवृद्ध सभी इस दुर्घटना के शिकार बन गए थे। आज भी उसका असर भोपाल के उन प्रदेशों में पड़ा हुआ है। इस दुर्घटना का पुन: आविष्कार 'विनाश दूत' कहानी में हुआ है। तीसरी दुनिया को अपने अर्थ-लाभ के लिए उपयोग करने वाली मनोवृत्ति पर व्यंग्य है यह कहानी। तीसरी दुनिया पर पहली दुनिया या अकेली दुनिया का प्रभाव जो पहले था, उसी की पुनरावृत्ति होने के प्रति सजग रहने का संदेश भी 'विनाश दूत' कहानी देती है।

'विनाश दूत' कहानी 'कालिदास-मेघदूत' वाली घटना का जिक्र करते हुए शुरू होती है। कालिदास के 'मेघ दूत' में मेघ काव्य के नायक का संदेश प्रेमिका तक ले जाता है। 'विनाश दूत' का मेघ छोटा है, विद्रोही लगता है, असल में विद्रोही नहीं है, दूसरों की दृष्टि में ही विद्रोही है, करुणा से द्रवीभूत है। छोटा मेघ समझदार है, संवेदनशील है, लीक से हटकर अपनी समझ-बूझ से जिंदगी आगे ले जाने के आकांक्षी है, समाज का कल्याण चाहने वाला मेघ है। कहानी की शुरुआत आज के एक ब्राह्मण कवि और नन्हें मेघ के बीच की एक लंबी बातचीत का अंतिम हिस्सा है। कालिदास के समय में आज्ञा का पालन किया जाता था। आज ऐसा नहीं है। मेघ छोटा है, लेकिन दीर्घ द्रष्टा है। वह सब कुछ देखता है, समझता है। समाज में घटित होने वाली घटनाओं की असली जानकारी रखता है। जैसे ऊपर रहकर उसे असली जानकारी मिलती है। कहानी की बुनावट एक विशेष प्रकार से हुई है। कालिदास का मेघ संदेश ले जाने के लिए सहमत हो जाता है, 'मेघ दूत' काव्य की रचना होती है। यहाँ मेघ संदेश ले जाने से इनकार करता है, 'विनाश दूत' कहानी की रचना भी होती है। सहमति-असहमति दोनों के जरिए कहानी आगे बढ़ती है। कहानी

में ताकतवर देश अमेरिका का, पहली दुनिया का जिक्र भी किया गया है। कालिदास के मेघ दूत का समय, जो 4-5 ईसा पूर्व माना जाता है, जिसे कहानीकार ने शीत युद्ध के बहुत पहले के समय के रूप में, यानी पहली दुनिया, दूसरी दुनिया, तीसरी दुनिया वाले विभाजन के पहले की स्थिति बताया है। यानी कालिदास के मेघ और कहानी के मेघ के बीच समय का बहुत बड़ा अंतराल है, विचारधारा भी बहुत बदल गई है।

अब असली कहानी शुरू होती है। कहानी कालिदास के ही निवास स्थान मध्य प्रदेश में 1984 में हुई गैस दुर्घटना के सिलसिले में रची गई है। ब्राह्मणों पर ताना मारा है कहानीकार ने। बुद्धिमान कहे जाने वाले एक कवि ने नन्हे मेघ से संदेश ले जाने को कहा था। संदेश को व्यक्त नहीं किया गया है। संदेश जो भी हो, नन्हा मेघ उसे ले जाने से इनकार करता है। युगों से बड़ों का या समाज के उच्च वर्ग कहे जाने वाले लोगों की आज्ञा का पालन करना छोटों का या समाज के निम्न वर्ग कहे जाने वाले लोगों का धर्म समझा जाता था। अब उसी का भंग हुआ है। नन्हा मेघ संदेश ले जाने से इनकार करता है। कथाकार मृदुला जी कवि वर्ग के महत्व को स्वीकार तो करती है, सिर्फ समाज के उच्च-निम्न वर्ग के भेद-भाव पर ताना मारती है। ''तनकर खड़ा हो गया मेघ को शाप देने के लिए। पर उसके भीतर के कवि ने उसे रोक लिया।''

ब्राह्मण कवि ने शाप देना छोड़ दिया, लेकिन उसने नन्हें मेघ को फटकारा। कवि नन्हे मेघ से तर्क करता है। कवि की राय में कवि की अभिव्यक्ति में बाधा डालना खष्तरनाक है। कवि का विचार है कि उनकी सोच पर यह पृथ्वी चलती है। ब्राह्मण कवि का तर्क सुनकर नन्हा मेघ खिल्ली उड़ाता है कि ब्राह्मण कवि के आंतरिक नेत्र खुला नहीं है, केवल बाहरी नेत्रों से दुनिया को देखता है, जो कवि के लिए मान्य गुण नहीं है। ''युगों से वह अपने को त्रिकालदर्शी मानता आया था।''[4]

ब्राह्मण कवि हैरान और नाराज हो गया, जो एक कवि के लिए अपेक्षित गुण नहीं है। मेघ की बातों का स्पष्टीकरण वह चाहता था, लेकिन नन्हे मेघ से स्पष्टीकरण माँगना ब्राह्मण कवि के अहं को ठेस पहुँचाने वाली बात थी। फिर भी अपनी जिज्ञासा की वजह से वह स्पष्टीकरण माँगता है। तब नन्हा मेघ सपनों में डूबे हुए कवि का संबोधन देकर उसको अहंकारी, अल्पज्ञ और लोभी मनुष्य की वि तियों का किस्सा सुनाता है। नन्हा मेघ पहली दुनिया वालों की मानसिक वि तियों का कष्स्सिा सुनाता है- ''संपन्न देशों ने अपनी वैज्ञानिक जिज्ञासा शांत करने के लिए तीसरी दुनिया को प्रयोगशाला बना डाला। ... मनुष्यों से उनका सरोकार केवल अपनी दुनिया के मनुष्यों से था।''[5] तीसरी दुनिया उनके लिए ऐशो आराम के लिए बनी थी। तीसरी दुनिया के शासकों से भी कहानीकार नन्हे मेघ के जरिए सवाल करती है- ''क्यों भूल गए तीसरी दुनिया के शासक कि अपने देशों में मनुष्य रहते हैं, कीड़े-मकोड़े नहीं, जिन पर प्रयोग करके संपन्न देश अपने को विकसित बतला लें और विपन्न देश वैज्ञानिक दृष्टि से जागरूक।''

बातचीत के दौरान नन्हा मेघ ब्राह्मण कवि को याद दिलाता है कि भोपाल शहर यहाँ से 80 किलो मीटर दूरी पर है। नन्हे मेघ की बातचीत आगे बढ़ गई तो वह बताता है भोपाल शहर से अब केवल आठ किलो मीटर की दूरी है। भोपाल गैस दुर्घटना को पुन: कहानी में कहानीकार ने कुशलता से लाया है। गैस दुर्घटना के समय की स्थिति कहानी में दोहराई गई है। वही महक, वही

चीख-पुकार, वही खांसी, वही घुटन, वही लाशें। अपनी भाषा-शैली की कुशलता से दुर्घटना को पुन:सृष्टि की गई है। सिर्फ नन्हा मेघ यह सब देखता है, महसूस करता है, त्रिकालदर्शी माने जाने वाले ब्राह्मण कवि को इसका एहसास तक नहीं। गैस दुर्घटना वाली भोपाल का पूरा वातावरण अब नन्हे मेघ और ब्राह्मण कवि के बातचीत की जगह तक पहुँच गया है। गैस दुर्घटना के समय का विषैला गैस उनके पास तक फैल आया है। कवि को घुटन का अनुभव होता है, बात नहीं कर पा रहा है। अस्पष्ट स्वर में कवि अपनी प्रियतमा का नाम लेता है। नन्हा मेघ गुस्से में है कि कवि को अब भी सिर्फ अपनी प्रियतमा की सोच है, जबकि हजारों प्रेमी युगल और परिजन, जो दम तोड़ रहे हैं, उनकी चिंता नहीं है। थोड़ी हवा मिलने के लिए कवि ने अपने कमरे की खिड़की खोल दी तो मेघ कमरे के अंदर घुस जाता है। दुपहर का समय था। लेकिन हर जगह अंधेरा छा गया है। कवि साँस तक नहीं ले पाते थे। नन्हा मेघ भी कमरे के एक कोने में सिमट गया था। कवि को चाहिए था कि वह नन्हे मेघ की रक्षा करें। विषैले गैस की वजह से कवि ने खड़े-खड़े ही प्राण त्याग दिए। प्राण छोड़ने से पहले उनके चेहरे पर शीतल जल की कुछ छींटे पड़े- "वह समझ गया कि उसका वह नन्हा विद्रोही मेघ, स्याह गुब्बारे का ग्रास बनाने से पहले, प्रकृति के अपरिहार्य प्रतिरोध की क्रूरता पर रो दिया है, ठीक उसके चेहरे से हटकर।"[6]

कहानी में कथावस्तु से ज्यादा महत्व नन्हे मेघ और ब्राह्मण कवि के बीच की बातचीत को दिया गया है। उनकी बातचीत कहानी को आगे ले जाती है। वर्षों पहले की एक घटना, जिससे आज की पीढ़ी बिल्कुल अपरिचित है, उसको कहानी के माध्यम से पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। कहानी के अंत तक आते-आते सहृदय माने जाने वाले कवि से भी सहृदय बन गया है नन्हा मेघ, जो प्रकृति का ही हिस्सा है। प्रकृति ही आखिर मनुष्य की रक्षा करेगी। यह महान संदेश देकर कहानीकार प्रकृति के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया है। साथ ही अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए जागृत रहने का संदेश भी शासकों को देती है। भविष्य में होने वाले विनाश का दूत बन गया है- नन्हा मेघ। पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी देशों के शासकों को सजग रहना चाहिए। लेकिन जब शासक वर्ग ही अपने स्वार्थ-लाभ की पूर्ति के लिए देश का विनाशक बन जाता है, तभी पर्यावरण मनुष्य के लिए ही नहीं, सभी जीव-जंतुओं के लिए विनाशक बन जाता है। 'विनाश दूत'-काव्य सौष्ठव से भरी कहानी। मूल्यवान मोतियों का भंडार।

संदर्भ सूची :

1. मृदुला गर्ग-मेरे साक्षात्कार, पृष्ठ संख्या 39
2. मृदुला गर्ग-मेरे साक्षात्कार, पृष्ठ संख्या 32
3. विनाश दूत-मृदुला गर्ग; पर्यावरण और मानवाधिकार, (सं) पूर्णिमा आर, पृष्ठ संख्या 161
4. विनाश दूत-मृदुला गर्ग; पर्यावरण और मानवाधिकार, (सं) पूर्णिमा आर, पृष्ठ संख्या 161
5. विनाश दूत-मृदुला गर्ग; पर्यावरण और मानवाधिकार, (सं) पूर्णिमा आर, पृष्ठ संख्या 162
6. विनाश दूत-मृदुला गर्ग; पर्यावरण और मानवाधिकार, (सं) पूर्णिमा आर, पृष्ठ संख्या 164

❑❑❑

सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, सेंट पीटरर्स कॉलेज, कोलेंचेरी, केरल, पिन-682311, मो. 9446611338, ई-मेल: drsindhuti@gmail.com

अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन दर्शन

—कैलाश कुमार
—डॉ. शंकर मुनि राय

अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर सन् 1924 ई. को ब्रह्म मुहूर्त में शिंदे की छावनी ग्वालियर में हुआ था। अटल जी का घर गिरिजाघर के पास ही था, उस दिन ईसा मसीह का भी जन्मदिन होने के कारण उषाकाल से ही गिरिजाघर से घंटियों की आवाज आ रही थी। उस समय कौन जानता था कि यह सुन्दर नवजात शिशु एक दिन भारतीय राजनीति का ध्रुव तारा बनेगा तथा देश के प्रधानमंत्री के गौरवपूर्ण पद को सुशोभित करेगा।

प्रस्तावना

''भारत तर्पण की भूमि है, अर्पण की भूमि है, वंदन की भूमि है, अभिनंदन की भूमि है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिन्दू-बिन्दू गंगाजल है। हम जिएंगे तो इसके लिए मरेंगे तो इसके लिए।''

कुछ लेख कुछ भाषण, पृष्ठ - 256

भारतरत्न, जननायक एवं राजनेता जैसे अनेक अलंकारों से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री, कवि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी कविता के प्रसिद्ध व चर्चित हस्ताक्षर हैं। राष्ट्रवादी विचारधारा से परिपूर्ण काव्य श्रृंखला के श्रृजन में अटल बिहारी वाजपेयी का आधुनिक हिन्दी साहित्य में विशेष महात्म्य है। खोजी संपादक तथा चिंतन प्रधान सांस्कृतिक निबंधों के प्रेणता के रूप में उनकी अलग पहचान है। एक ओर संवेदनशील तथा भावुक कवि के रूप में, मानव हृदय में उद्‌बुद्ध विविध भावों के सतरंगी चित्र खिंचने की अद्‌भूत प्रतिभा से संपन्न हैं तो दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री के रूप में पोखरण में परमाणु परीक्षण कर राष्ट्र को सुरक्षा के दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर एवं स्वाभिमान से पूर्ण कर गौरवान्वित करने का कठोर निर्णय लेकर सम्पूर्ण विश्व को चकित कर देने में भी सक्षम है।

उनकी अधिकांश रचना में भारत की सांस्कृतिक अस्मिता तथा गौरव-गरिमा का नवोन्मेष है। उनका काव्य कोरी कपोल कल्पना का चमत्कार न होकर अपनी मातृभूमि को सुजलाम्, सुफलाम् और शस्य याामलाम् से सम्पूर्ण कर चहुंदिश विकास और वैभव की धारा बहाने का संकल्प मंत्र है। उनके लिए साहित्य शिल्प मात्र रचना विधान न होकर एक पवित्र साधना है जिसके बल पर वे राष्ट्र निर्माण का पुनीत वरदान प्राप्त करना चाहते हैं। वे अपने जीवन के कण-कण भारत माता के श्री चरणों में अर्पित करते रहे।

जन्म, बाल्यावस्था एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि :- अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर सन् 1924 ई. को ब्रह्म मुहूर्त में शिंदे की छावनी ग्वालियर में हुआ था। अटल जी का घर गिरिजाघर के पास ही था, उस दिन ईसा मसीह का भी जन्मदिन होने के कारण उषाकाल से ही गिरिजाघर से घंटियों की आवाज आ रही थी। उस समय कौन जानता था कि यह सुन्दर नवजात शिशु एक दिन भारतीय राजनीति का ध्रुव तारा बनेगा तथा देश के प्रधानमंत्री के गौरवपूर्ण पद को सुशोभित करेगा। वाजपेयी जी के पिता श्री कृष्ण बिहारी एक अध्यापक थे तथा अध्यापक पद से उन्नति करते हुए प्राचार्य तथा विद्यालय निरीक्षक के पद को सुशोभित किए। माता का नाम श्रीमती कृष्णा देवी था। पं. कृष्ण बिहारी के चार पुत्र- अवध बिहारी, सदा बिहारी, प्रेम बिहारी, अटल बिहारी तथा तीन पुत्रियाँ- विमला, कमला तथा उर्मिला से भरा-पूरा परिवार था।

ग्वालियर में अटल जी के पिता श्री कृष्ण बिहारी जी अध्यापन के साथ-साथ काव्य रचना भी करते थे। उनकी रचनाओं में राष्ट्रप्रेम के स्वर भरे रहते थे। **''सोते हुए सिंह के मुख में हिरण कहीं घुस जाते''** प्रसिद्ध पंक्ति उन्हीं की है। वे ग्वालियर के प्रख्यात कवि थे तथा राजदरबार में उनका विशेष मान-सम्मान था। परिवार का विशुद्ध भारतीय वातावरण अटल जी के रग-रग में बचपन से ही रचने-बसने लगा। वे आर्यकुमार सभा के सक्रिय कार्यकर्ता थे। संघ के प्रति परिवार की निष्ठा के परिणाम स्वरूप अटल जी का झुकाव उसी ओर हुआ और वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक बन गए। वंशानुक्रम और परिवारिक संस्कार एवं वातावरण ने उन्हें बाल्यावस्था से ही प्रखर राष्ट्र भक्त बना दिया।

शिक्षा एवं उच्च शिक्षा :- वाजपेयी जी को बचपन से ही अध्ययन में विशेष रूचि थी। वैदिक सनातन धर्मावलम्बी कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार में जन्म होने के कारण उनका प्रथम साक्षात्कार श्रीमद्‌भागवत गीता तथा रामायण जैसे धार्मिक ग्रंथों से हुआ। उनके पितामह पं. श्यामलाल जी संस्कृत के जाने-माने विद्वान थे। वे गाँवों में भागवत कथा बांचते थे। वाजपेयी जी बचपन में अपने पितामह की पोथियाँ पढ़ा करते थे। उनकी प्राथमिक शिक्षा से बी.ए. तक की शिक्षा ग्वालियर में हुई। तत्कालीन विक्टोरिया कॉलेज जो वर्तमान में लक्ष्मीबाई कॉलेज है, से उन्होंने उच्च श्रेणी में बी.ए. उत्तीर्ण किया। वे विक्टोरिया कॉलेज के छात्रसंघ के मंत्री और उपाध्यक्ष भी रहे। वे वाद-विवाद प्रतियोगिता में सदैव भाग लेते थे। स्नातक के बाद स्नातकोत्तर शिक्षा हेतु ग्वालियर से उत्तरप्रदेश की व्यावसायिक नगरी कानपुर के प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र डी.ए.वी. कॉलेज गए, जहाँ से उन्होंने राजनीति शास्त्र में प्रथम श्रेणी में एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। अटल बिहारी वाजपेयी और उनके पिता जी दोनों ने कानून की पढ़ाई के लिए एल.एल.बी. में एक साथ डी.ए.वी. कॉलेज कानपुर में प्रवेश लिया। उस समय उनके पिता राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो चुके थे। एल.एल.बी. की कक्षाओं में दोनों साथ ही जाते थे तथा छात्रावास में भी पिता-पुत्र दोनों एक ही कमरे में छात्र रूप में रहते थे, जिससे कई बार कक्षा में अध्यापकों के मध्य हास्य-विनोद की स्थितियाँ निर्मित हो जाती थी। अंततः एल.एल.बी. की पढ़ाई को बीच में ही विराम देकर अटल जी संघ के कार्यो में तल्लीन हो गए।

काव्य में राष्ट्रीय चेतना :- वाजपेयी जी के काव्य में मानवीय संवेदनाएँ, जीवन के उतार-चढ़ाव का प्रगाढ़ अनुभव और राष्ट्रीय चेतना का स्वर भरपूर है, जो उन्हें स्वातंत्र्योत्तर भारत में राष्ट्रीय फलक पर उभरे नेताओं से बहुत आगे ले जाकर खड़ा कर देता है। अटल जी ने सदैव राजनीतिक कालक्रम को सत्ता के दायरों से निकालकर राष्ट्र निर्माण का सर्वश्रेष्ठ उपकरण बनाने का प्रयत्न किया। राष्ट्र के संबंध में उन्होंने लिखा- ''राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक है कि हम राष्ट्र की स्पष्ट कल्पना लेकर चलें। राष्ट्र कुछ संप्रदाय अथवा कुछ जनसमूह का समुच्चय मात्र नहीं अपितु एक जीवमान इकाई है, जिसे जोड़-तोड़कर नहीं बनाया जा सकता। इसका अपना व्यक्तित्व होता है, जो उसकी प्रकृति के आधार पर कालक्रम का परिणाम है। उसके घटकों में राष्ट्रीयता की अनुभूति, मातृभूमि के प्रति भक्ति, उसके मन के प्रति आत्मीयता और उसकी संस्कृति के प्रतीक गौरव के भाव में प्रकट होती है।''

एक कवि हृदय ही मातृभूमि और राष्ट्र की ऐसी जीवंत संकल्पना प्रस्तुत कर सकता है। भारत की जिजीविशा लंबे संघर्षों के बाद भी कितनी प्रखर है, उनकी कविता ''आज सिंधु में ज्वार उठा है'' की पंक्तियाँ देखिए-

''आज सिंधु में ज्वार उठा है, नगपति फिर ललकार उठा है ,
कुरुक्षेत्र के कण-कण से फिर पान्चजन्य हुंकार उठा है।
शत-शत आघातों को सह कर, जीवित हिंदुस्तान हमारा,
जग के मस्तक पर रोली सा शोभित हिंदुस्तान हमारा।''

मेरी इक्यावन कविताएँ, पृष्ठ - 58

विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत की एकता-अखंडता के लिए राष्ट्रीय चेतना का स्वर मुखरित करते हुए अटल जी इन पंक्तियों में संदेश देना चाहते हैं कि राष्ट्र सेवा का मार्ग कंटकाकीर्ण है, इस पथ पर स्वार्थ भेद की बलि चढ़ानी होगी -

''बाधाएँ आती हैं आएँ
घिरे प्रलय की घोर घटाएँ
पावों के नीचे अंगारे
सिर पर बरसे यदि ज्वालाएँ
निज हाथों में हँसते-हँसते
आग लगाकर जलना होगा
कदम मिलाकर चलना होगा।''

मेरी इक्यावन कविताएँ, पृष्ठ - 79

अटल के काव्य में मानवीय चेतना :- मानवीयता की भावना के बिना कोई भी आदमी आदम कद नहीं माना जा सकता चाहे वह ऊँचाई में कितना भी बड़ा हो। अटल जी के हृदय में मानवता का संस्कार बाल्यकाल से ही पल्लवित हुआ था। अटल जी के जीवन और काव्य पर मुख्यत: स्वामी दयानंद सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के संयम एवं आदर्शों का प्रभाव है। इस

प्रभाव की परिणीति है कि उन्होंने अपने काव्य में मानवीय चेतना को वाणी दी है। ''मेरी इक्यावन कविताएँ'' में संकलित यह लघु रचना उनकी भावनाओं को इंगित कर रहे हैं -

''मेरे प्रभु!
मुझे इतनी ऊँचाई कभी मत देना
गैरों को गले न लगा सकूँ
इतनी रुखाई कभी मत देना।''

क्या खोया क्या पाया, पृष्ठ -46

अटल जी के काव्य में सांस्कृतिक चेतना :- साहित्य संस्कृति का संवाहक है और संस्कृति साहित्य का अभिलक्षित उद्देश्य। संस्कृति विहीन साहित्य की परिकल्पना पत्र विहीन वृक्ष के समान है। संस्कृति वही चिरंतन होती है, जिसका विपुल परिमाण में लिखा साहित्य उपलब्ध होता है। इस तरह साहित्य सर्जन एक सांस्कृतिक कर्म है और राष्ट्रवाद की अक्षुणता का ठोस आधार भी है। अटल जी का जीवन तथा उनका सृजन सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का ही जयघोष है। वे उस काल के कवि हैं जब सर्वश्री शिवमंगल सिंह 'सुमन', रामधारी सिंह दिनकर, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' और माखनलाल चतुर्वेदी का ओजस्वी काव्य भारत की स्वतंत्रता कालीन हवाओं में तीव्रता से गूंज रहा था। अटल जी के सामने पराधीन भारत की स्वतंत्रता का ज्वलंत प्रश्न था। अपमानित एवं तिरस्कृत होती भारतीय संस्कृति को बचाने और दलित वंचित, शोषित दरिद्रनारायण को उनके गौरवशाली अतीत का सम्मानजनक वैभवपूर्ण जीवन दिलाने की चिंता थी। यही चिंता उनके काव्य की भाव भूमि बनी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से निष्पन्न ओजस्विता ही उनके काव्य का श्रृंगार है। उनकी छोटे-छोटे टुकड़ों में ओजस्वी शब्दावली में राष्ट्रीय भाव भूमि के ऊपर लिखी गई पंक्तियाँ इस प्रकार है :-

''भू भाग नहीं, शत-शत मानव के हृदय जीतने का निश्चय।''

इसमें संस्कृति मुखरता से बोल रही है। अटल जी की इसी तरह की एक और पंक्ति देखिए:

''मैं तो समष्टि के लिए व्यष्टि का कर सकता बलिदान अभय।''

प्रकाशित रचनाएँ - अटल बिहारी वाजपेयी की प्रकाशित रचनाएँ निम्नानुसार है :-

1. मृत्यु या हत्या, 2. अमर बलिदान, 3. कैदी कविराय की कुण्डलियाँ, 4. न्यू डाइमेंशन ऑफ फॉरेन पॉलिसीज, 5. लोक सभा में अटल जी, 6. अमर आग है, 7. मेरी इक्यावन कविताएँ, 8. कुछ लेख, कुछ भाषण, 9. राजनीति की रपटीली राहें, 10. बिन्दु-बिन्दु विचार, 11. सेक्युलरवाद, 12. मेरी संसदीय यात्रा, 13. सुवासित पुष्प, 14. संकल्प काल, 15. विचार बिन्दु, 16. शक्ति से शांति, 17. न दैन्यं न पलायनम्, 18. अटल जी की अमेरिका यात्रा, 19. नई चुनौती: नया अवसर। वाजपेयी जी के लेख और कविताएँ राष्ट्रधर्म, पाँचजन्य, नई कमल ज्योति, धर्म युग, कादम्बिनी तथा नवनीत आदि पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।

भारत के प्रधानमंत्री के रूप में :- 6 अप्रैल 1980 का दिन अटल जी के लिए विशेष महत्वपूर्ण था। इस दिन बम्बई (मुंबई) में भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ और वाजपेयी जी

उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए। वे इस पद पर 1986 तक आसीन रहे। सन 1962 से 1967 तक, फिर 1986 में वाजपेयी जी राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

(1) प्रथम कार्यकाल :- वाजपेयी जी 11वीं लोकसभा में लखनऊ से सांसद के रूप में विजयी हुए। भारतीय लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रपति महोदय ने उन्हें 16 मई 1996 को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई किंतु उनकी सरकार मात्र 13 दिन ही चली। सदन में बहुमत साबित न कर पाने के कारण विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने 28 मई 1996 को स्वयं ही त्यागपत्र दे दिया और वे सन 1998 तक लोकसभा में विपक्ष के नेता बने रहे।

(2) द्वितीय कार्यकाल :- सन 1998 के चुनाव में भाजपा लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। इस चुनाव में देश के अन्य कई पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़े तथा बहुमत प्राप्त होने पर राष्ट्रपति महोदय ने वाजपेयी जी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। 19 मार्च 1998 को प्रात: 9:30 बजे उन्हें प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इस बार भी 13 माह तक सरकार चलाने के बाद सहयोगी पार्टियों द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण सरकार गिर गई।

(3) तृतीय कार्यकाल :- 1999 में राजग के साझा घोषणापत्र पर चुनाव लड़ा गया, जिसमें वाजपेयी जी के नेतृत्व को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। चुनाव में राजग को बहुमत हासिल हुआ और 13 अक्टूबर 1999 को वाजपेयी जी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभाला तथा कार्यकाल पूरा करते हुए 2004 तक इस पद को सुशोभित किए।

अटल बिहारी वाजपेयी का प्रधानमंत्री के रूप में तृतीय कार्यकाल (छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के विशेष संदर्भ में) :-

भारत के दो क्षेत्र ऐसे हैं जिनका नाम विशेष कारणों से बदला गया। एक तो 'मगध' जो बौद्ध विहारों की अधिकता के कारण बिहार बन गया और दूसरा 'दक्षिण कौशल' जो छत्तीसगढ़ों को अपने में समाहित करने के कारण छत्तीसगढ़ बन गया। छत्तीसगढ़ वैदिक और पौराणिक काल से ही विभिन्न संस्कृतियों के विकास का केंद्र रहा है। यहाँ की प्राचीन मंदिर तथा उनके भग्नावशेष इंगित करते हैं की यहाँ पर वैष्णव, शैव-शाक्त, बौद्ध-जैन के साथ ही अनेक आर्य तथा अनार्य संस्कृतियों का विभिन्न कालों में प्रभाव रहा है।

सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ के रूप में पृथक राज्य के स्वप्नदृष्टा पंडित सुंदरलाल शर्मा थे। सन् 1965 में आचार्य नरेंद्र दुबे ने छत्तीसगढ़ समाज की स्थापना की। इसके दो साल बाद 1967 में डॉ. खूबचंद बघेल ने छत्तीसगढ़ 'भ्रातृत्व संघ' बनाकर राज्य निर्माण की माँग को पुनर्जीवित किया। 1979 में छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा का गठन कर राज्य गठन की माँग को आंदोलन का रूप दिया गया किंतु प्रत्येक बार केवल आश्वासन ही मिल रहे थे। 2 जनवरी 1995 की सर्वदलीय मंच की रैली में सात सांसद, 23 विधायक और दो मंत्री शामिल हुए। 1998-99 के लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के दौरान वाजपेयी जी रायपुर के सप्रे शाला मैदान के आम सभा में उद्घोष किया कि ''आप मुझे 11 सांसद दीजिए मैं आपको छत्तीसगढ़ राज्य दूंगा।'' चुनाव परिणाम आने पर उन्हें राज्य में लोकसभा से 7 सीटें मिली। इस पर वाजपेयी जी ने कहा - ''रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई।'' अपने वचन के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की घोषणा

की। 31 जुलाई सन् 2000 को लोकसभा में और 9 अगस्त सन् 2000 को राज्यसभा में राज्य निर्माण का प्रस्ताव पारित हो गया तथा 28 अगस्त को राष्ट्रपति महोदय के. आर. नारायणन के हस्ताक्षर हुए। 4 सितंबर सन् 2000 को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन के बाद 1 नवंबर सन् 2000 को छत्तीसगढ़ देश के 26 वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया और पुरुखों का सपना साकार हुआ।

वाजपेयी जी ने न सिर्फ राज्य निर्माण किया बल्कि राज्य के विकास की गतिविधियों में भी राज्य सरकार का साथ दिया। जनवरी 2002 में अटल जी के हाथों बिलासपुर जिले के सीपत में 1980 मेगावाट क्षमता के विशाल सुपर थर्मल पॉवर बिजली घर की बुनियाद रखी गई। अटल जी ने सन् 2004 में छत्तीसगढ़ में तीन विश्वविद्यालयों की नींव रखी:-

1. कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर,
2. तकनीकी विश्वविद्यालय दुर्ग,
3. पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर।

सन् 1986-87 में जब अटल जी बस्तर दौरे पर आए थे तो वहाँ के वनवासियों और वन संपदा को देखकर बहुत प्रभावित हुए थे। उन्होंने तभी से मनसा बना ली थी की छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का दर्जा देना है। वे इस बात को महसूस करते थे की छत्तीसगढ़ में प्रचुर वन संपदा, खनिज संसाधन पर्याप्त उपज तथा जल स्त्रोत होने के बाद भी यहाँ के लोग अत्यंत पिछड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण प्रदेशवासियों के लिए एक बड़ी सौगात थी। यह प्रदेश के जनता के संघर्ष का सम्मान था। वाजपेयी जी छत्तीसगढ़िया के स्वाभिमान को बेहतर तरीके से समझते थे। उनके इस महान कार्य के लिए छत्तीसगढ़ की संपूर्ण जनता उनका हमेशा कृतज्ञ एवं आभारी रहेगा तथा उनके मानस पटल में अटल जी चिरकाल तक ससम्मान स्मरणीय रहेंगे।

वाजपेयी जी का राजनीति से संन्यास तथा मृत्यु :- सन् 2005 में वाजपेयी जी ने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। सन् 2007 में उनकी अंतिम सभा 25 अप्रैल को कपूरथला चौराहे पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में हुई थी लेकिन उसके बाद उनका स्वास्थ्य खराब होने पर कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया था। ठीक होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी तो दे दी गई किंतु उसके बाद के वर्षों में उन्हें स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परेशानियाँ लगातार बनी रही। अंतत: वे 16 अगस्त सन् 2018 को समस्त देशवासियों को अटल शून्य में छोड़कर चिर निद्रा में विलीन हो गए।

सादा जीवन उच्च विचार :- सादा जीवन व्यतीत करने वाले अटल जी सादगी एवं सरलता के जीवंत प्रतिमा थे। बचपन से ही पढ़ने-लिखने के शौकीन थे। उन्हें खाली बैठना बिल्कुल पसंद नहीं था। जब भी समय मिलता वे अपनी मनपसंद पुस्तक हाथ में उठा लेते। भोजन बनाने में उन्हें काफी रूचि थी, अपने हाथों से परोसकर खिलाने में उनको अत्यधिक प्रसन्नता होती थी। वे खिचड़ी के शौकीन थे। हिंदी कवियों में महाप्राण निराला भोजन बनाने और खिलाने के लिए विशेष प्रसिद्ध थे।

अटल जी देश के महान नेता थे किंतु साहित्य प्रेमियों को उनका कवि रूप ही अधिक प्रिय है। राजनीति में रहते हुए भी वे अजातशत्रु थे। उन्होंने आजीवन अविवाहित रहकर राष्ट्र सेवा करने का संकल्प लेकर अपना सर्वस्व देश हित में समर्पित करने का प्रण लिया था।

उपसंहार :- 'भारत रत्न', राजनेता एवं कवि अटल बिहारी बाजपेयी का व्यक्तित्व श्रेष्ठ मानवीय गुणों की जीवंत प्रतिमा है। वे एक आदर्श राजनेता के रूप में दलीय मतभेदों से परे होकर राष्ट्र की सर्वोच्च हित में चिंता करते हैं, तो दूसरी ओर एक कवि के रूप में वे देश के सभी वर्गो को विश्वबंधुत्व का संदेश देते हुए कदम मिलाकर चलने की प्रेरणा देते हैं। कवि और राजनेता दोनों ही रूपों में उनके रग-रग में राष्ट्रभक्ति ही समाई हुई है क्योंकि मूलतः वे एक राष्ट्रपुरुष ही हैं।

संदर्भ सूची :

1. न दैन्यं न पलायनम् - सं. डॉ. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन 4855-56/24, बारहवाँ संस्करण, 2013, अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।
2. हार नहीं मानुंगा - सं. विजय त्रिवेदी, हार्पर कालिंग पब्लिशर्स, ए-75, सेक्टर 57, नोएडा 201301, उत्तरप्रदेश, भारत।
3. नयी चुनौती नया अवसर - सं. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, नयी दिल्ली।
4. विचार बिन्दु - सं. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।
5. कुछ लेख कुछ भाषण - सं. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।
6. बिन्दु-बिन्दु विचार - सं. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।
7. शक्ति से शांति - सं. चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, किताबघर प्रकाशन, अंसारी रोड दरीयागंज, नयी दिल्ली।

❑❑❑

हिन्दी- विभागाध्यक्ष, शास. दिग्विजय स्व शासी स्नातकोत्तर, महा. राजनादंगाँव, शोधकेन्द्र - शास. दिग्विजय स्वशासी, स्नातकोत्तर महा. राजनादंगाँव, छत्तीसगढ़, सम्पर्क - 9303482721

थारू लोक नृत्य-झमटा में वर्णित थरूहट क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विवरण

—डॉ. नम्रता कुमारी

पश्चिमी थारु अवधी, मध्यवर्ती थारु भोजपुरी तथा पूर्वी थारु मैथिली भाषी है। सच यह कि ये जिस क्षेत्र में अंतरित होकर बसे वहाँ की बोली-भाषा, रहन-सहन को अपना लिया। लेकिन उनकी मूल जनजातीय पहचान उनकी दैहिक आकृति, प्रकृति, देवी-देवताओं की पूजा, भाषायी शब्द और कलात्मक परंपराओं में जीवित रही।

प्रकृति के सुरम्य वातावरण में बसने वाली बिहार के चंपारण क्षेत्र की थारू जनजाति का सबसे लोकप्रिय नृत्य-गीत है-झमटा। इस नृत्य के लिए कोई विशेष अवसर नहीं होता। जब भी मस्ती उमड़ी कि घंटे-डेढ़ घंटे का नृत्य शुरु। वे वक्त रोपनी के बाद वाले मौज भरे दिन हो सकते हैं या कटाई के बाद की आराम तलब रातें। वह पर्व-त्योहार भी हो सकता है या शादी की धूमधाम भी। ''झमटा'' बिना किसी ताम-झाम के, ढ़ोल-मंजीरे के बिना ही, हरे-भरे दिलवाले को झूमा सकता है, उन्हें संगीत की सरिता में बहा सकता है। झमटा नृत्य की शैली, इसमें नर्तकियों की भंगिमा मणिपुर के मेतेयीत जाति के प्रसिद्ध नृत्य ''लाहोरबा'' से काफी मेल खाता है।

नृत्य एवं संगीत जनजातीय समाज के अभिन्न अंग होते है जिनके सहारे वे अपने साहस और धैर्य की नैया को खेकर प्रकृति एवं मानव निर्मित विध्नों की नदी को पार कर जाते है। नेपाल एवं हिमालय की तराई में प्राचीन काल से निवास करती आ रही थारु जनजाति के पास नृत्य और गीतों का असीमित भंडार है। एक थरुइन के पास जीवन के प्रत्येक अवसर अवसर के लिए गीत उपलब्ध है, जो विरहनी, बारहमासा, पूर्वी, जतसारी, चइता, बरसाती आदि गीत के रुप में वर्गीकृत है। झुमरा, झमटा, पूर्वी, रसगुल्ला, रसधारी, कठधोरी जोगी, झारा, लौंडा आदि नृत्य थरुहट में प्रचलित है। झुमरा एवं लौंडा नाच पूर्णत: पुरुषों का नृत्य होता है जिसमें थारु युवक नारी परिधान पहनकर नृत्य करते है। रसगुल्ला, झारा एवं रसधारी नृत्य कृष्णलीला एवं रामलीला विषयवस्तु को प्रस्तुत करते है। जोगिया नृत्य हास्यव्यंग का नृत्यगान होता है तो कठघोरी नृत्य में पुरुष नर्तक काठ के हाथी, घोड़े और ऊँट पर चढ़कर ऐसे नाचते है जैसे वे उनकी सवारी कर रहें है। झमटा थरुहट का सबसे लोकप्रिय नृत्य है जिसमें केवल महिलायें ही भाग लेती हैं। आज भी थरुहट क्षेत्र में नरकटियागंज (जिला पश्चिम चम्पारण, बिहार)

से 50-55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सहोदरा माई स्थान पर रामनवमी के दिन इस नृत्य का आयोजन थारुओं द्वारा किया जाता है।

थारु जनजाति : एक परिचय -

भारत और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में थारुओं की घनी आबादी है। ये सीमांत के उत्तर-दक्षिण, आर-पार के वन-प्रांतर, नदी-नाले तथा पहाड़ों के आसपास अधिक बसे है। ''बिहार के पश्चिमी सीमांत दोन-सोमेश्वर की घाटी (पश्चिम चम्पारण) से पूर्वी सीमांत मेची नदी तक के भैंसालोटन, बगहा, रामनगर, गौनाहा, मैनाटांड़, सिकटा, शिकारपुर, भिखनाठोरी, नरकटियागंज (चंपारण), मंसापुर (लौकही मधबुनी) आदि के भारतीय भूभाग में इनकी सघन आबादी है। जबकि नेपाल के लुम्बिनी, चित्तौन, सल्यान, दांग-देखुरी, बाँकेबरदिया, कैलाली - कंचनपुर, मोरंग, सुनसरी, सप्तरी, आदि क्षेत्रों में थारुओं की सघन आबादी है। उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी बहराईच, गोंडा और कुमायूँ के क्षेत्र में थारु बसते है। इस संपूर्ण क्षेत्र को थरुहट या थारुआन कहा गया है।

भौगोलिक दृष्टि से थारु संस्कृति को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है:-

1. पूर्वांचल के थारु:- नेपाल के पर्सा जिले के आगे के मोरंग तक के थरुहट क्षेत्र।
2. मध्यांचल के थारु:- बिहार के पश्चिम चम्पारण तथा इससे सटे नेपाल क्षेत्र के थारु।
3. पश्चिमांचल के थारु:- उत्तर प्रदेश तथा नेपाल की गंडक नदी से पश्चिम में बसे थारु।

पश्चिमी थारु अवधी, मध्यवर्ती थारु भोजपुरी तथा पूर्वी थारु मैथिली भाषी है। सच यह कि ये जिस क्षेत्र में अंतरित होकर बसे वहाँ की बोली-भाषा, रहन-सहन को अपना लिया। लेकिन उनकी मूल जनजातीय पहचान उनकी दैहिक आकृति, प्रकृति, देवी-देवताओं की पूजा, भाषायी शब्द और कलात्मक परंपराओं में जीवित रही।

झमटा नृत्य-

रंग-बिरंगी साड़ियों में सजी भर-भर माँग सिंदूर लगाये थारु महिलाएँ गोलाकार खड़ी होकर हाथों की तालियों और कदमों की लयबद्धता के साथ जब झमटा करती है तो वहाँ का पूरा वातावरण झूम उठता है। थरुहट में इसे ''झमटा'' पारना'' कहते हैं। झमटा नृत्य में नृत्यागनाओं का अंग संचालन काफी सधा होता है। नृत्य सूरों के आरोह-अवरोह, लय-ताल के साथ, कभी विलम्बित में कभी द्रुत में अपने निराले ढ़ंग में जारी रहता है। एक समय था जब झमटा नृत्यागनाओं में नृत्य के लिए ऊर्जा और उत्साह इतना तेज होता था कि तालियों की आवाज एक गाँव से दूसरे गाँव तक पहुँच जाती थी।

झमटइयां टांरा (ग्राम-भजनी, तपा चौपारण):-

मान्यता है कि थरुहट के इस क्षेत्र में परियाँ आकर झमटा पारती थी जिस वजह से आज भी यहाँ के गोलाकार क्षेत्र पर जहाँ झमटा पाड़ा जाता था, घास नहीं उगता है। झमटइयां टांरा थारु संस्कृति का अहम हिस्सा है।

झमटइयां टांरा का वह गोलाकार क्षेत्र जहां झमटा करने के कारण घास नहीं उगता

पन्द्रह-बीस नृत्यांगनाएँ एक गोले में खड़ी होकर झुक-झुक कर सधी आवाज में तालियाँ बजाते हुए समेवत स्वर में एक-दूसरे से सवाल-जवाब करती है-

''कौन जइहें हाजीपुर, कौन जइहें पटना,
से कौन जइहें बेतिया नोकरिया।
बाबा जइहें हाजीपुर, भइया जइहें पटना,
से सइयाँ जइहें बेतिया नोकरिया।।
कौन अनिहे सुहा सारी, कौन अनिहें कंगना,
से कौन अनिहें, हिरदया दरपनवा।
बाबा अनिहें सुहा-सारी, भइया अनिहें, कंगना,
से सइयां, हिरदया दरपनवा।।[1]

(अर्थात् कौन जाएगा हाजीपुर, कौन जाएगा, बेतिया, कौन जाएगा पटना, जवाब देती हुई थारु ललनाएँ कहती हैं- बाबा जाएँगे हाजीपुर, भईया जाएँगे पटना, पति जाएँगे बेतिया नौकरी करने। पुन: थारु महिलाएँ आपस में सवाल करती है - कौन लाएगा सारी, कौन लाएगा कंगना और कौन हृदय का दर्पण लाएगा। बाबा साड़ी लाएँगी, भैया कंगन और हृदय का दर्पण तो पति ही लाएँगे। थारु कामिनियाँ वास्तव में कुछ ऐसे ही सलोने सपने मन में संजोती है। आधुनिक सभ्यता से अलग गाँव-गँवई की अल्हड़ बाते सुनने में तो उटपटांग लगती हैं, परन्तु इसमें वास्तविकता कूट-कूट कर भरा होता है।

झमटा करती थारु महिलायें

झमटा नृत्य गीत वास्तव में श्रंगार रस से सराबोर होता है। प्रकृति की ग्राम्य पृष्ठभूमि में चम्पारण की नदी में मछली मारती थारुनी के गले का हार चील लेकर उड़ गयी। वह भैंस चराते अनजान चरवाहे से निवेदन करती हैं कि पास के सेमल (एक पेड़) पर बैठी चील से हार छीन कर ले आए, फिर हम दोनों भोग-विलास करेंगे-

''झिहिर-झिहिर लदियाँ जे बहे, गोरी, तिरिया माछरि मारे,
झपटलि चिल्हिया हरदया लय गेलिया,
आरे-आरे भईया भइसि चरवहवा नाउना जानीले तोहार
सेमर डार से, हरइया, घिचिवे तू, तोरा, मोरा भोग विलास।''[2]

(लदिया-नदियाँ, थारु न को ल उच्चारित करते हैं।) हार के बदले भोग-विलास का प्रस्ताव। वनवासी थारुनी का उन्मुक्त जीवन अभिजात्यों के लिए ईर्याजन्य आकर्षण का विषय हो सकता है, लेकिन थरुहट में सब सहज है। यह गीत थारुओं के निवास क्षेत्र तथा उनके सामाजिक जीवन का संक्षिप्त किंतु सटीक चित्रक प्रस्तुत करता है। साथ ही थारुओं के मूल विचार पद्धति पर भी रोशनी डालता है। एक समय या जब थारु कुमारियाँ स्वयं अपना पति चुनती

थी। इस गीत में थारु सुन्दरी चरवाहें को चुनौती देती हैं कि यदि तुम सेमल की डाल पर जा बैठी चील के पंजे से हार को छुड़ा कर ला दोगे तो मैं तुम्हें अपना जीवन सखा बना लुँगी। थारुओं के जीवन में आखेट निपुणता की प्रतिष्ठा और प्रधानता इस गीत में दिखाई देती है।

पंडित गणेश चौबे इस गीत के संदर्भ में कहते है,

''संभवतः यह गीत उतना ही प्राचीन है जितनी की यह जाति। कितनी बार इस गीत ने सोमेश्वर तथा दोन की घाटियों को प्रतिध्वनित किया होगा, कितनी बार हरबोरा तथा पंडई की लहरों पर यह गीत थिरका, इसे कौन बता सकता है?''[3]

झमटा नृत्य करती थारु महिलायें

प्रकृति के सुरम्य गोद में बसे चंपाराण (बिहार) के थरुहट क्षेत्र की नैसर्गिक सुन्दरता एवं पौराणिक स्थल का बखान भी झमटा नृत्य-गीतों में मिलता है-

पूरब ठारिले सूरज के अरघवा, रे मदरिया पहाड़,
बीचहीं में बहे तीरबेनिया, जटाशंकर परिछन जाई (1)
उतर ठारिले भीम के अरधवा, रे मदरिया पहाड़,
बीचही में बहें तीरबेनिया, जटाशंकर परिछन जाई (2)
पक्छिम ढारिले देव के अरघवा, रे मदरिया पहाड़,
बीचही में बहें तीरबेनिया, जटाशंकर परिछन जाई (3)
दखिन ढ़रिले गंगा के अरधवा, रे मदरिया पहाड़,
बीचहीं में बहे तीरबेनिया, जटाशंकर परिछन जाई। (4)।[4]

अर्थात् पूरब में सूर्य भगवान को अर्ध्य ढालती हैं एक तरफ मदारी पहाड़ी है, बीच में त्रिवेणी नदी बहती है, वहीं जटाशंकर का मंदिर है, जिनकी आरती उतारने जाती हूँ। उत्तर में भीम के नाम पर अर्ध्य डालती हूँ। इधर मदारी पहाड़ है, बीच में त्रिवेणी नदी बहती है, पश्चिम में देवता के नाम पर अर्ध्य डालती हूँ। मैं जटाशंकर को परिछने जाती हूँ। दक्षिण में गंगा जी के नाम पर अर्ध्य चढ़ाती हूँ।

थरुहट के झमटा गीतों में इस क्षेत्र की ऐतिहासिक घटना चक्र की अनुगंज भी सुनायी देती है। निम्नलिखित झमटा गीत में संभवतः 1914 ई. में हुए बुटवल युद्ध का वर्णन है-

केकर बजले तुरहिया, केकर करताल,
केकर बजले घउसवा, लोग होखू न सहाय।
गोरख के बजले तुरहया, फिरंगी के करताल,
नेपालवा के बजले घउसवा, लोग भइले समतूल
नेपालहीं से राजा नामे हेठउड़ा भइले ठाठ,
हाथिन खम्भा गड़वे, तमुआ देले तान।[5]

अर्थात् किसकी तुरही बजी? किसका करताल बजा? किसका धौसा बजा? किसका आह्वान हुआ कि लोग सहायता के लिए तैयार हो जाएँ। गोरखें लोगों की तुरही बजी। फिरंगी लोगों का करताल बजा। नेपाल के लोगों का धौसा बजा। लोग सावधान हो गये। राजा नेपाल से नीचे उतरे (नामे) और हेथौड़ा (या इस जगह एहठौरा) आकर खड़े हो गये। हाथियों पर लदे खंभे हलवाने लगे और तंबुओं को तान दिया।

सुगौली की संधि (1816) ई0 के पूर्व तक थरुहट का अधिकांश क्षेत्र नेपाल अधिराज्य में पड़ता था। यह आक्रमण मई, 1814 ई. में हुआ। पर गोरखे इतने शक्तिशाली हुए कि ब्रिटिश लोगों की कोई भी कार्रवाई एक वर्ष तक कारगर साबित नहीं हुई। अंत में 1815 ई0 में ब्रिटिश जनरल ऑक्टर लोनी ने गोरखों के बहादुर नेता अमर सिंह थापा को हराकर मलाँव के किले को समर्पित करने के लिए बाध्य किया था, इस गीत से प्रतीत होता है कि थारु गोरखो की तरफ युद्ध में भाग लिए थे।

<u>ख' थ्पसम बवदजंपदे पदअंसपक कंजं द्य प्द.सपदमण्श्रऋ ',</u>

झमटा नृत्य करती थारु महिलायें

थारुओं के झमटा गीत में थरुहट क्षेत्र का खूबसूरत भौगोलिक क्षेत्र भी मिलता है।

उत्तर नेपाल देश अति भला सुनर।
दखिन ही भारत महान सखी री ।
बीचे ठइया थरुहट लागे ला जइसे
सिव माथे दुज के चाँद सखी री ।

पूरब दिशा शोभे गिरी अरुणाचल।
पश्चिम छपि होला भान सखि री ।
ममता के रसे-रसे बहेला पवनवा।
नेहिये के करे रसदम सखी री ।

तलवा-तलईया में पुरईन फुले ला।
चिरई कुलेल करे, तीरे सखी री।

वन पर्वटावा से निकसत सोता।
नदियन निर्मल निर सखी री ।

उगते सूरज देवा धजा फहराइले।
लहरे पतरखा आसमान सखी री ।
आम अमरईया के भिनती बियरिया।
मिली जुली करे गुणगान सखी री।

बौद्ध मुनी जी के जन्म के धरती।
गंडक नदिया गंभीर सखी री ।
जनकपुरी मइया सीता जन्म ली।
कुटिया में लव-कुश बीर सखी री ।

मइया यशोधरा सहोदरा कहाली।
कोखिया से देली भरदान सखी री।
सैया के नाम सुनी आँख भरी आवे।
तलफी तलफी रोये प्राण सखी री ।[6]

(छपित -अस्त होना, भान-सूर्य भगवान, पुरईन-कमल, फुलैला-खिलना, तीरे-किनारे, कुलेल-चहचहाना

अर्थात् उत्तर में नेपाल तथा दक्षिण में महान भारत के बीच शीर्ष मुकुट पर थरुहट क्षेत्र अवस्थित है। पूर्व दिशा में अरुणाचल प्रदेश है, पश्चिम में भगवान सूर्य अस्त होते है। ताल तलाब में कमल खिलता है। किनारे चिड़िया चह-चहाती है। सीताजी और लव-कुश की जन्म स्थल भी थरुहट ही भूमि है। माँ यशोधरा ही यहाँ सहोदरा कहलाती है। माँ के दरबार में संतान प्राप्ति की कामना (कोखिया के भरदान) निश्चित ही पूरी होती है। पर वर की कामना करने पर माँ की आँखे भर आती है। (थारु अपने को बौद्ध धर्म के उपासक बताते है और बुद्ध को थारु बालक क्योंकि बुद्ध की जन्म स्थली थरुहट क्षेत्र रही है। थारु माँ शुभ्रदा की पूजा बड़ी ही आस्था के साथ करते है। यशोधरा, गौतम बुद्ध की पत्नी को ही वे सहोदरा या शुभद्रा बताते है। चुँकि माँ यशोधरा स्वयं बुद्ध के घर छोड़ने के बाद पतिविहिन जीवन गुजारे इसलिए वर की माँग करने पर स्वयं उनकी आँखे भर आती है। तलफ-तलफी रोये (हृदय से रुदन)

ख' थ्यसम बवदजंपदे पदअंसपक कंजं द्य प्द.सपदमण्श्रच ', ख' थ्यसम बवदजंपदे पदअंसपक कंजं द्य प्द.सपदमण्श्रच ',

झमटा नृत्य के लिये पुरस्कार प्राप्त करती थारु महिलायें

समय के साथ-साथ आधुनिक समाज से जुड़ते जा रहे थारु अपनी परंपरागत नृत्य, गीत, संगीत, संस्कृति को भी भूलते जा रहे है। जरुरत है नई पीढ़ी को इन नृत्य-गीतों के प्रशिक्षण देने

की तथा इन नृत्यांगनाओं का उत्साह बनाये रखने के लिए राष्ट्रीय लोक झाकियों में इन नृत्य गीतों को स्थान दिया जाय।

संदर्भ सूची :

1. प्रवीर राकेश, "थारु : पहचान के लिए संघर्षरत जनजाति", बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2004, पृ. 64
2. दूबे प्रकाशचन्द्र, ''थारु एक अनूठी जनजाति (सामाजिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन)", जेवियर इंस्ट्च्यूट ऑफ सोशल रिसर्च, पटना, 2009, पृष्ठ -168
3. चौबे पंडित गणेश, ''थारु लोक गीत'', बेतिया टाईम्स, जनजातीय विशेषांक, बेतिया, 1985, पृ. 14
4. श्रीमंत सिपाही सिंह, ''थरुहट के लोकगीत'', श्रीमंत प्रकाशन, मढौरा (सारण), 2002, पृ.-111
5. वहीं, पृ.-123
6. साक्षात्कार, कुसुम देवी, "वार्ड पार्षद", महादेवा हड़नाटांड़, पश्चिमी चंपारण, बिहार, दिनांक-11.08.2017।

❒❒❒

सहा. प्राध्यापिका, इतिहास विभाग, नेशनल कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय, पटना मोबाईल नं0- 7004613645 E-mail: drnamratprakash@gmail.com; पता-3 डी, निशांत रीजेंसी, कैपिटल टावर के पीछे, फ्रेजर रोड़, पटना-800001

स्त्री-पीड़ा का अथाह स्वर: सुन्नर पांडे की पतोह

—डॉ. इंदू कुमारी

यह कैसी विडंबना है कि एक तरफ जिस समाज में स्त्रियाँ जननी, देवी और त्याग की प्रतिमूर्ति मानी जाती हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी पहचान सिर्फ पुरुष से जुड़ी हुई है। विवाह से पूर्व जो स्त्री राजलक्ष्मी के नाम से जानी जाती थी, अब वही अपने ससुर के नाम से संबोधित होती है और उसका नाम पड़ता है- सुन्नर पांडे की पतोह।

अमरकांत नयी-कहानी दौर के महत्वपूर्ण रचनाकार हैं, परन्तु नयी कहानी के घोषित परिभाषा से अलग किस्म के कथाकार। नयी कहानी में शहरी मध्यवर्ग की प्रमुखता है। नयी कहानी के स्टारत्रयी (मोहन राकेश, कमलेश्वर, राजेन्द्र यादव) कथाकारों की कहानियों के केन्द्र में शहरी मध्यवर्ग का जीवन अभिव्यक्त हुआ है। शहरी मध्यवर्ग वाली कहानियों में संबंधों का विघटन, अजनबीपन, अकेलापन इत्यादि का वर्णन केन्द्रीय स्तर पर बार-बार उभरकर सामने आता है। नयी कहानी पर बात करते हुए राजेन्द्र यादव कहते हैं-''इस कथाकाल की सारी कहानियाँ नए संबंधों के बनने की कहानियाँ नहीं, संबंधों के टूटने की कहानियाँ हैं। सारे संबंधों से टूटा हुआ व्यक्ति अधिक- से- अधिक अकेला, अजनबी होता चला जाता है, पिछली पीढ़ी के प्रति अविश्वास, घृणा और आपस में अपरिचय, अनिश्चय यही यथार्थ नई कहानी के माध्यम से बार-बार सामने आता है।''[1] इस प्रकार नयी कहानी की घोषित कथा भूमि में निराशा, कुंठा इत्यादि का वर्णन विशद पैमाने पर किया गया है। अमरकांत की कथाभूमि शहरी मध्यवर्ग से अलग कस्बाई मध्यवर्ग है। अमरकांत के पात्रों में विघटन की जगह विसंगति और विडम्बना का भाव देखने को मिलता है, निराशा की जगह अदम्य जिजीविषा का भाव इसी विशेषता के कारण अमरकांत नयी कहानी के कथाकारों में सबसे अलग दिखते हैं।

अमरकांत की पहचान हिन्दी कथा साहित्य में कहानीकार के साथ-साथ उपन्यासकार के रूप में भी है। उन्होंने सूखा पत्ता, काले उजले दिन, कँटीली राह के फूल, ग्रामसेविका, सुखजीवी, बीच की दीवार, सुन्नर पांडे की पतोह, आकाशपक्षी और इन्हीं हथियारों से उपन्यासों की रचना की। कुछ आलोचकों के अनुसार अमरकांत एक श्रेष्ठ कहानीकार तो है, लेकिन एक उच्चकोटि के उपन्यासकार नहीं हैं। इस संदर्भ में अमरकांत ने बिना किसी संकोच के अपनी बातें रख दी है। वे कहते हैं कि ''साफ कहूँ तो उपन्यास मैंने आर्थिक जरूरतों की वजह से लिखे। 'सूखा पत्ता' नामवर जी को बहुत पसंद आया था। उसी समय श्रीलाल

शुक्ल का 'सूनीघाटी का सूरज' भी छपा था। किसी ने मेरे उपन्यास में क्रांतिकारियों के प्रति मजाक का भाव भी पाया। वैसे चन्द्रगुप्त विद्यालंकार ने 'सूखा पत्ता' का स्वागत किया। कृति में श्रीकांत वर्मा ने समीक्षा प्रकाशित की। उन दिनों ग्राम केन्द्रित उपन्यासों की धूम थी। आलोचकों को आंचलिकता ही आंचलिकता दिखती थी। मेरा कहना था कि गाँव पर लिखा गया ही अंतिम सत्य नहीं है।''[2] कुल मिलाकर, अमरकांत के उपन्यास सामाजिक यथार्थ के महत्वपूर्ण पक्ष को उजागर करने में सफल हैं। उनके उपन्यासों में रोमानियत का आरोप भी लगता रहा है। परन्तु उनके उपन्यासों में यदि कहीं रोमानियत आया भी है, तो उसके साथ ही एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहलू भी देखने को मिलता है।

'सुन्नर पांडे की पतोह' अमरकांत का एक महत्वपूर्ण उपन्यास है। इस उपन्यास के माध्यम से अमरकांत ने भारतीय समाज में स्त्रियों की स्थिति पर प्रकाश डाला है। इस कृति में एक ऐसी स्त्री की दुर्दशा का चित्रण किया गया है, जो पति द्वारा परित्यक्त है। विवाह होने के कुछ वर्ष पश्चात् पति झुल्लन पांडे उसे छोड़कर कहीं चला गया है और राजलक्ष्मी पति के लौटने की उम्मीद में जिन्दगी जीने लगती है। बाद में अपने ही रिश्तेदारों और फिर पितातुल्य ससुर की बुरी दृष्टि से बचने के लिए उसे घर छोड़ना पड़ता है। इस उपन्यास में राजलक्ष्मी नामक उस स्त्री की कहानी कही गयी है, जिसका विवाह होते ही अपनी पहचान को खोना पड़ता है। उसकी पहचान अब सुन्नर पांडे की पतोह के रूप में होने लगती है। सामंती और परम्परागत भारतीय समाज में, जहाँ कि स्त्री सिर्फ पत्नी के रूप में ही ससुराल में स्थान पा सकती है , पति के न रहने पर, वही घर उसके लिए पराया हो जाता है। एक पति विहीन स्त्री की अस्मत लुटने के लिए सब मौके की ताक में लग जाते हैं। अंत में वह स्त्री घर छोड़कर चली जाती है और अपनी अस्मिता को बनाए रखने के लिए पूरी जिन्दगी संघर्ष में बिता देती है।

यह कैसी विडंबना है कि एक तरफ जिस समाज में स्त्रियाँ जननी, देवी और त्याग की प्रतिमूर्ति मानी जाती हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी पहचान सिर्फ पुरुष से जुड़ी हुई है। विवाह से पूर्व जो स्त्री राजलक्ष्मी के नाम से जानी जाती थी, अब वही अपने ससुर के नाम से संबोधित होती है और उसका नाम पड़ता है- सुन्नर पांडे की पतोह। भारतीय समाज में जब तक शादी नहीं हुई रहती है, तब तक स्त्री पिता के नाम से जानी जाती है, शादी के बाद पति के नाम से और फिर पुत्र की पहचान के साथ ही स्त्री की पहचान जुड़ी होती है। चूँकि राजलक्ष्मी की शादी हो गयी है, उसका पति घर से भाग गया है, बच्चों की मौत हो चुकी है, इसलिए अब वह अपने ससुर के नाम से जानी जाती है। राजलक्ष्मी का पति माँ द्वारा प्रताड़ित होने के कारण घर छोड़कर कहीं भाग जाता है और कभी लौटकर नहीं आता। पूरी कहानी के अंत में पता चलता है कि वह मंदिर में साधु-सन्यासी का जीवन व्यतीत कर रहा होता है। पति के घर छोड़ने के बाद उसके दोनों बेटे भी कुछ समय बाद एक-एक कर चल बसे। दु:ख की ऐसी विकट घड़ी में भी वह पति की राह देखती रही। उसकी सास द्वारा दिए जाने वाले कष्ट को व्यक्त करते हुए लेखक ने लिखा है कि वियोग और एकाकीपन के उन पीड़ा-भरे दिनों में उसकी सास उससे न मालूम किस जन्म का बैर निकाल रही है। वह एक अन्य स्त्री पात्र से कहती है - ''बड़ी कुलच्छिनी है ए बीबी यह। मेरा तो करम ही फूट गया है। जब से आई है, हम एक दिन के लिए भी सुख से नहीं रहे। यही हीरा-मोती की तरह अपने दोनों बच्चों को खा गई और इसी के कारण हमारा लाल आँखों से दूर

चला गया। मेरे कलेजे में डाढा फूंका हुआ है, जब तक छुतही हांडी की दशा इसकी नहीं कर दूँगी मेरा कलेजा ठंडा नहीं होगा।''[3] यहाँ पर ध्यान देने की बात यह है कि स्त्रियों की दुश्मन खुद स्त्रियाँ ही होती हैं। पितृसत्ता सिर्फ एक जैविक अवधारणा भर नहीं है, वह एक मानसिक अवधारणा भी है। इस अवधारणा में अनुकुलित स्त्रियाँ दूसरी स्त्री के लिए पुरुषों से ज्यादा खतरनाक हैं। राजलक्ष्मी की सास इसी मानसिकता से ग्रसित है।

हालांकि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी राजलक्ष्मी पति की बेसब्री से प्रतीक्षा करती है। वह भारतीय नारी के आदर्श को धारण करनेवाली स्त्री है। वह प्रतिदिन पति की प्रतीक्षा में आस लगाए बैठी रहती, किंतु ज्योंहि शाम होती, उसका मन दुखी हो जाता और वह निराशा से निर्जीव हो जाती। वह कभी भी क्रोधित होकर पति को भला-बुरा नहीं कहती, बल्कि उनकी चिंता ही करती रहती है। ''जब कभी वह सबेरे-सबेरे ही झुल्लन पांडे का सपना देख लेती तो आशाएँ और भी बलवती हो उठतीं। कारण और बहाने और भी उपस्थित हो जाते थे। कभी सबेरे कोयल या पंडुक का बोलना उसे बेहद उत्साहित कर जाता। आज जरूर आएँगे झुल्लन पांडे, नहीं तो ये पक्षी क्यों बोलते? आँगन में कौए का उच्चरना प्रीतम के आगमन की पूर्वसूचना देता है। जब सवेरे बाहर से किसी गदहे के बोलने की आवाज आती तो मन में एक अजीब खुशी की लहर दौड़ जाती। आज जरूर कोई-न-कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। और इसी तरह जब वह बाहर अपने घर के सामने से गुजरने वाले किसी यात्री के मधुर कंठ का प्रभाती सुनती तो उसका हृदय भर आता और उसे लगता कि झुल्लन पांडे भी इसी तरह गाते हुए दूर से उसके पास चले आ रहे हैं।"[4] अमरकांत अपनी रचनाओं में लोकमिथ और लोक तत्व का इस्तेमाल बहुत ही सुंदर ढंग से करते हैं। सुबह का सपना सच होना, पंक्षियों का बोलना, गदहे की आवाज को शुभ मानना इत्यादि लोक में बसे वे विश्वास हैं, जिस पर जनता विश्वास करती है। इन लोकविश्वासों के बीच भारतीय जनमानस की त्रासद स्थिति भी उभरकर सामने आती है। जब उम्मीद और न्याय की कोई गुंजाइश नहीं रहती तो लोग ऐसे ही अंधविश्वासी और भाग्यवादी हो जाते हैं।

सुन्नर पांडे की पतोह एक स्वाभिमानी और अपने मान-सम्मान एवं गौरव की रक्षा करनेवाली स्त्री है। ससुराल में अपने अस्तित्व पर संकट आते देखकर वह घर छोड़कर कहीं दूर चली जाती है, क्योंकि अब उसे प्रतीत होने लगता है कि जिस घर को वह अपना समझ बैठी है, वहाँ तो उसके जीवन के साथ ही षड्यंत्र चल रहा है। एक रात जब उसने अपने सास-ससुर की बातें सुनी, तो उसके पांवों तले जमीन ही खिसक गई। उसे यह आभास हो गया कि जब घर में ही औरत की अस्मत असुरक्षित हो, तो कोई अकेली स्त्री भला क्या कर सकती है। रास्ते में बदमाशों से छुटकारा दिलाकर जब फौजी उससे पूछता है कि आप कौन हैं, इतने सुनसान और वीराने में कहाँ जा रही हैं, तो वह कहती है 'मैं विपत्ति की मारी हूँ ए दादा। हमारी तरह दुखिया कोई न होगा। इसके आगे कुछ न पूछे ए दादा।''[5] एक खास किस्म की दृढ़ता और तेज उसके व्यक्तित्व में विद्यमान है। पति और दो बच्चों को खोने के बाद वह टूट चुकी है, किन्तु अपने साथ अन्याय होते वह नहीं देख सकती। उसकी अपनी ही सास ससुर सुन्नर पांडेय को शारीरिक शोषण के लिए उकसाती है और सुन्नर पांडे तो इस मौके की ताक में रहता ही है। अपने सास-ससुर की बातें सुनकर वह क्रोधित हो उठती है, उसके धैर्य का संयम टूट जाता है। वह कहती है कि मैं आप दोनों की बात सुन चुकी हूँ। मैं नहीं जानती थी कि आप लोग इतना गिर जाएंगे। पर मैं कहे देती हूँ -

"मुझमें सती का तेज है। जिनके हाथों में मैंने अपना हाथ दिया था, उन्हीं के लिए में अभी जिन्दा हूँ। मैं अपनी तेज से आप दोनों को भस्म कर सकती हूँ। और कुछ नहीं तो मैं अपनी जान दे सकती हूँ।"[6] आजादी के इतने वर्षों के बाद भी आज का भारतीय ग्रामीण और कस्बाई समाज स्त्रियों की दशा में कोई सुधार नहीं कर सका है। स्त्रियाँ हर प्रकार से पुरुषों पर आश्रित हैं। उनकी अस्मिता और पहचान भी उसी पुरुष समाज से जुड़ा हुआ है। यह कैसी विडम्बना है कि जो पुरुष उसकी अस्मिता मिटाने की कोशिश करता है, उसी पुरुष से उसकी पहचान जुड़ी होती है। जब मन्नीलाल पेशकार की पत्नी उससे पूछती है कि तुम कौन हो और कहाँ की रहनेवाली हो, तो वह कहती है- "दुखिया हूँ, ए दादा। - 'यहाँ कैसे घूम रही हो? अभी बूढ़ी भी नहीं हुई और चेहरा-मोहरा भी ठीक है- कहीं मनबिगड़ी तो नहीं हो?' - अरे ना ए दादा। सुन्नर पांडे की पतोह हूँ।"[7] यहाँ पर ध्यान देने योग्य बात यह है कि राजलक्ष्मी अपना परिचय सुनर पांडे के नाम के साथ देती है, जो उसकी इज्जत लुटने के लिए तैयार था।

जब फिर मन्नीलाल की पत्नी उससे यह पूछती है कि तुम्हारे मरद कहाँ हैं, तो वह जवाब देती हुई कहती है-"वह कई साल पहले घर छोड़कर चले गए, ए दादा। फिर पता ही न लगा। दो बच्चे थे, मर गए। नैहर में भी कोई नहीं है।... लोगों की बातें सुनकर जी ऊब गया, तो घर से निकली थी, कहीं नदी-तालाब में डूब मरूँगी पर यह मन बड़ा पापी है, सोचने लगी, वह बिना कुछ बताए घर से चले गए थे, कुछ कहा भी नहीं, किसी दिन लौट आएँ तो मुझे न पाकर बड़े दु:खी होंगे।"[8] यहाँ यह बात उभरकर सामने आती है कि जो काम झुल्लन पांडे ने किया, यदि वही काम राजलक्ष्मी ने किया होता, तो वह कुल्टा के रूप में समाज में बदनाम होती। जब भी कोई उससे उसके पति के बारे में पूछता तो वह बड़े ही सम्मान और आदर के साथ पति से जुड़ी हुई बातें बताती। उसे इस बात की जरा-सी भी शिकायत नहीं कि वे बिना बताए क्यों गए। इस संदर्भ में स्त्री और पुरुष की मानसिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए लेखक कहता है कि "ऐसे सवाल पर मर्द और औरत के दृष्टिकोणों में बड़ा फर्क होता है। जहाँ यह बात मर्दों को ऊपर-ही-ऊपर से छूकर निकल जाती है, औरत को अंदर तक बेध जाती है। कोई पति यदि अपनी पत्नी को छोड़कर चला जाता है तो यह घटना दूसरी औरतों के अस्तित्व को झकझोरती है, झुठलाती है और नकारती है। उनके पराश्रय, मजबूरी और नि:सहायता को पुष्ट करती है। इस संबंध में मर्द लोगों का दृष्टिकोण उस धन्नासेठ की तरह होता है, जो लोभ, सुख और आराम से उत्पन्न नैतिकता एवं उदारता के क्षणों में उन लोगों के बारे में दयापूर्वक सोचता है, जिनका वह निरन्तर शोषण करता है।"[9] यहाँ रचनाकार की रचना दृष्टि पुरुष समाज की उस मानसिकता पर प्रकाश डालती है, जो सदियों से चली आ रही है। यह कितनी मार्मिक सच्चाई है कि एक पुरुष पत्नी के चले जाने के बाद दूसरी शादी कर सकता है, किंतु एक पत्नी, पति के जाने के बाद ऐसा नहीं कर सकती। यूँ कहें कि उसके हिस्से इंतजार, समर्पण, लाचारी जैसी बातें डाल दी जाती हैं, जिसमें वह अपनी पूरी जिंदगी नष्ट कर देती है। इस समाज में एक पुरुष के साथ जीवन जीना और सिंदूर लगा कर जिंदगी जीना एक जैसा है। यही कारण है कि त्याग की प्रतिमूर्ति राजलक्ष्मी के लिए सिंदूर ही उसका पति बन गया। लेखक कहता है कि - "सिन्दूर ही उसकी आशा-आकांक्षा, आत्मा और परमात्मा था। सिन्दूर ही ऐसा तिनका भी था, जिसके सहारे वह भयावह तरंगों से भरपूर संसार रूपी महानदी में धारा के विपरीत तैरती रही। आषाढ़-सावन की लम्बी और एकाकी

रातों में जब बादल गरजते और बिजली कड़कती और उसका हृदय हाहाकार कर उठता तो सिन्दुर ही उसे प्यार से पुचकारता, सहलाता और आशा, आश्वासन, सुरक्षा, हिम्मत और बल प्रदान करता है।''[10] यहाँ पर दो-तीन बातें ध्यान देने योग्य है। अगर पुरुष घर छोड़ता है तो वह वैरागी कहलाता है, समाज में उसका आदर कम नहीं होता। परंतु अगर स्त्री घर छोड़े तो वह चरित्रहीन कहलाती है तथा समाज में उसकी कोई इज्जत नहीं रहती।

बेमेल विवाह भारतीय समाज की एक बहुत बड़ी समस्या है। स्त्रियों की दुर्दशा में यह भी बड़ी त्रासद स्थिति है। यह समस्या इस कृति में भी दिखाई पड़ती है। यह कैसा संयोग है कि एक आर्यसमाजी पिता अपने उपदेश, अपने सिद्धांत और क्रांतिकारी बातों से अलग अपनी ही बेटी की शादी एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति के साथ कर देता है। ऐसे समाज के यथार्थ को चित्रित करते हुए लेखक कहता है कि ''यह सही है कि शारदा प्रसाद वर्मा की उम्र कुछ अधिक है, पर लड़के की अधिक उम्र भी हो तो चल जाता है। हाँ, लड़की की उम्र लड़के से अधिक नहीं होनी चाहिए। लड़की तो गऊ होती है, उसे जिस परिस्थिति में रखिए, वह निभा लेती है।''[11] यही स्त्री की विवशता है, जिसके हाथों वह जीने के लिए अभिशप्त है। जब तक सुन्नर पांडे की पतोह अपनी जिन्दगी को झेल रही होती है, उसे स्त्री जीवन के प्रति कोई शिकायत का भाव नहीं दिखता, किंतु जब वह बेनी प्रसाद की बेटी सुशीला को रोते-बिलखते हुए देखती है, तो उसे इस बात का आभास होता है कि ''स्त्री जाति की तरह कोई मजबूर नहीं है। फिर भी जब स्त्री निश्चय कर लेती है, तो वह बड़े-से-बड़े संकट का मुकाबला भी कर सकती है। किसी भी अन्याय से संघर्ष कर सकती है।''[12]

इस प्रकार निम्न मध्यवर्ग के जीवन की विडम्बनाओं और एक परित्यक्त स्त्री की जिजीविषा का अत्यंत ही प्रभावशाली ढंग से वर्णन अमरकांत की इस रचना में देखने को मिलती है। भारतीय समाज में स्त्री की समस्याओं की कितनी परतें हो सकती हैं, उसको बड़े ही स्पष्ट और सहज तरीके से अमरकांत अपनी रचनाओं में रखते हैं।

संदर्भ सूची :

1. एक दुनिया समानांतर, राजेंद्र यादव, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 1993, पृ.सं. 31
2. कुछ यादें: कुछ बातें, अमरकांत, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ.सं. 132
3. सुन्नर पांडे की पतोह, अमरकांत, प्र. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2005, पृ. 29
4. वहीं, पृ. सं. 28
5. वहीं, पृ. सं. 48
6. वहीं, पृ. सं. 49
7. वहीं, पृ. सं. 34
8. वहीं, पृ. सं. 59-60
9. वहीं, पृ. सं. 24
10. वहीं, पृ. सं. 25-26
11. वहीं, पृ. सं. 66
12. वहीं, पृ. सं. 70

❑❑❑

एसोसिएट प्रोफेसर, माता सुंदरी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110002, 9873405194, induvimal2013@gmail.com

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में नया क्या?

—प्रो. मीना यादव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब प्रारंभिक बाल्यकाल अवस्था से ही बच्चों को आगे आने वाली शिक्षा दीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए सम्बंधित संगठनात्मक (बुनियादी) ढाँचे को और मजबूत बनाया जाएगा। जैसे की आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियों/शिक्षकों को ट्रेनिंग देना तथा बाल सुलभ, हवादार भवन का निर्माण इत्यादि। 5 साल से कम आयु के बच्चों के लिए ''बालवाटिका'' का प्रावधान भी किया गया है।

शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए बहुत आवश्यक है। हम शिक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा ना करें तो यह शिक्षा और शिक्षा क्षेत्र दोनों के प्रति अन्याय होगा। इस पर विस्तार से लिखने और चर्चा की आवश्यकता हमेशा ही रहेगी । आज हमें 75 वर्षो की शिक्षा व्यवस्था का आकलन करना चाहिए, मंथन करना चाहिए क्योंकि शिक्षा ही देश के भविष्य को दिशा देने वाली होती है, भविष्य के नागरिकों में देश प्रेम, राष्ट्रभक्ति, श्रम शीलता, नैतिकता और सदाचार का संचार करने वाली होती है। शासक और समय के अनुसार भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सुधार और परिवर्तन होते रहे हैं। आजादी के बाद 1948 में राधाकृष्णन आयोग और 1953 में माध्यमिक शिक्षा आयोग का गठन हुआ ।1953 में ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, 1964 में कोठारी आयोग, 1968 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में नई शिक्षा नीति, 1992 संशोधित शिक्षा नीति के द्वारा शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन होते रहे हैं। जुलाई 2020 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को मंजूरी दी गई और यह नीति पूरे देश में लागू हो चुकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भी समय की मांग और जरुरत के हिसाब से देश की शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाये रखने के लिए लाई गयी है

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में नया क्या है ?

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पुरानी शिक्षा नीति की खामियों को हटाकर नए पाठ्यक्रम को लाया गया है। इस में इस बात का खास ख्याल रखा गया है कि पाठ्यक्रम सरल और सहज हो। जो विद्यार्थियों की समझ में आ सके व बेवजह का बोझ न बने। ऐसी शिक्षा प्रणाली हो जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम को छात्रों के लिए रुचिपूर्ण बनाया गया है तथा तकनीकी ज्ञान और उसके प्रैक्टिकल / ट्रेनिंग को भी सम्मिलित किया गया है। नयी नीति में शिक्षा की गुणवत्ता का उच्चतर स्तर बनाये

रखने का प्रयास किया गया है। ज्ञान सिर्फ रटने व परीक्षा पास करने के लिए नहीं बल्कि उनकी तार्किक, रचनात्मक, नैतिक सोच आदि का विकास करने के लिए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तहत इसे अलग -अलग चरणों में लागू किया जाएगा। इसके कुल चार चरण होंगे। नयी नीति के तहत अब शिक्षण व्यवस्था 5 + 3 + 3 + 4 की प्रक्रिया में होगी। यह पुरानी प्रक्रिया 10 +.2 के आधार से अलग है।

फाउंडेशन स्टेज (5 वर्ष)

यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आने वाला वाला पहला चरण है। पहले की शिक्षा नीति में 6 वर्ष तथा उस से बड़े बच्चों को ही एजुकेशन सिस्टम का भाग माना जाता था। पर अब प्री-प्राइमरी एजुकेशन को भी अब फॉर्मल एजुकेशन माना जाएगा। यानी की अब से 3 से 6 वर्ष के बच्चे भी शिक्षा व्यवस्था का भाग होंगे। इस उम्र तक बच्चों के मस्तिष्क का सही विकास और शारीरिक वृद्धि हो सके इस बात को ध्यान में रखकर नयी नीति में उनके लिए पाठ्यक्रम में खेल कूद व अन्य गतिविधियाँ रखी हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब प्रारंभिक बाल्यकाल अवस्था से ही बच्चों को आगे आने वाली शिक्षा दीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए सम्बंधित संगठनात्मक (बुनियादी) ढाँचे को और मजबूत बनाया जाएगा। जैसे की आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियों/शिक्षकों को ट्रेनिंग देना तथा बाल सुलभ, हवादार भवन का निर्माण इत्यादि। 5 साल से कम आयु के बच्चों के लिए ''बालवाटिका'' का प्रावधान भी किया गया है। यहाँ खेल कूद के साथ-साथ संख्या ज्ञान आदि दे दिया जाएगा। साथ ही कक्षा दो तक कोई भी परीक्षा नहीं ली जाएगी। इस तरह बच्चों को बिना दबाव के शिक्षित किया जाएगा एवं साथ ही उनकी शिक्षा के प्रति रूचि बढाई जाएगी।

प्रेपरेटरी स्टेज (3 वर्ष)

अगले चरण को प्रिपरेटरी स्टेज नाम दिया गया है, जहाँ बच्चों को आगे के पाठ्यक्रम के लिए तैयार किया जाएगा। इस स्टेज में कक्षा 3 से 5 तक को शामिल किया गया है जिनकी उम्र 8 से 11 वर्ष के बीच हो सकती है। इन कक्षाओं के छात्र अपनी मातृभाषा तथा स्थानीय भाषा में भी पढाई कर सकते हैं। यही नहीं वो चाहें तो परीक्षा भी स्थानीय या मातृभाषा में दे सकते हैं। नयी शिक्षा नीति के तहत ये कदम यही सोच के उठाया गया है की अपनी भाषा में ज्ञान अर्जित करना ज्यादा रोचक व सरल होता है। इसके चलते विद्यार्थियों को दिया ज्ञान ज्यादा प्रभावी और कारगर होता है।

अंग्रेजी भाषा की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया है और इसे एक विषय के रूप में अब भी पढ़ाया जाएगा। हालाँकि जो अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने के इच्छुक हों उनके लिए भी ऑप्शन है। इस स्टेज में छात्रों को संख्यात्मक कौशल व भाषा का मूलभूत ज्ञान दिया जाएगा। कक्षा 3 से अब परीक्षा की शुरुआत हो जाएगी।

मिडिल स्टेज (3 वर्ष)

इस स्टेज में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी आएँगे जिनकी उम्र 11 से 14 वर्ष के बीच हो सकती है। इस कक्षा से अब कंप्यूटर ज्ञान और कोडिंग की जानकारी दी जाने लगेगी। सभी को

आवश्यक रूप से रूचि के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उसके बाद इंटर्नशिप भी करवाई जाएगी। इसके लिए उन्हें मार्क्स भी मिलेंगे। इस तरह से प्रशिक्षण के साथ साथ उनमें व्यावहारिक समझ भी विकसित की जाएगी। इस चरण में बच्चों को बाकी सब्जेक्ट्स के साथ कोई भी एक भारतीय भाषा (जैसे क्षेत्रीय भाषा) का भी आवश्यक रूप से ज्ञान दिया जाएगा।

सेकेंडरी स्टेज (4 वर्ष)

इस स्टेज में कक्षा 9 से लेकर 12 तक के छात्र आएँगे जिनकी उम्र सीमा 14 से 18 वर्ष हो सकती है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार अब कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को सेमेस्टर वाइज देना पड़ेगा। जबकि पहले परीक्षा सालभर में एक बार होती थी। जिस से बच्चे परीक्षा से पहले के तीन महीने पढ़कर परीक्षा में उत्तीर्ण होते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा क्यूंकि सालभर में दो परीक्षाएं होने से छात्रों को अध्ययनरत रहना होगा।

अब छात्रों को आर्ट्स साइंस और कॉमर्स में से किसी एक स्ट्रीम को ही पढ़ने की बाध्यता खत्म कर दी गयी है। छात्र चाहें तो साइंस, कॉमर्स के विषय के साथ आर्ट्स के विषय भी ले सकते हैं। हालांकि इसके लिए विषयों के पूल बनाये जाने की भी व्यवस्था की जाएगी।

मूल्यांकन

विद्यार्थियों का मूल्यांकन अब पहले की तरह नहीं किया जाएगा। नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत अब उनका रिपोर्ट कार्ड नयी प्रक्रिया से तैयार होगा। किसी भी छात्र को फाइनल रिपोर्ट कार्ड पर अंक देते हुए उसके ओवरआल परफॉरमेंस को देखा जाएगा। उसका व्यवहार, उसकी एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटीज में भागीदारी व प्रदर्शन, तथा उसकी मानसिक क्षमताओं का भी ध्यान रखा जाएगा। अब से रिपोर्ट कार्ड 360 डिग्री असेसमेंट के आधार पर बनेगा, जिसमे विषय पढ़ाने वाले अध्यापक के साथ साथ छात्र अपना व अपने सहपाठियों का विश्लेषण कर खुद को और सहपाठियों को भी अंक देंगे।

क्रम स.	चरण		वर्ष संख्या	कक्षा	विद्यार्थी की उम्र
1	पहला	फाउंडेशन स्टेज	5 वर्ष	प्री प्राईमरी (3 वर्ष)कक्षा 1 व 2	6 से 8 वर्ष तक
2	दूसरा	-प्रीपेरटरी स्टेज	3 वर्ष	कक्षा 3 से लेकर कक्षा 5 तक	8 से 11 वर्ष
3	तीसरा	-मिडिल स्टेज	3 वर्ष	कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक	11 से 14 वर्ष
4	चौथा	सेकेंडरी स्टेज	4 वर्ष	कक्षा 9 से लेकर 12 कक्षा तक	14 से 18 वर्ष

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परंपरागत प्राइमरी शिक्षा को बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड प्रीस्कूल जैसे किड्जी, बचपन, यूरो किड्स, शेमरोक, लिटिल मिलेनियम आदि सिर्फ ब्रांडों के तुल्य

बनाने का प्रयास किया गया है ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में मुख्य है-

1. वार्षिक परीक्षा प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर सिस्टम लागू किया गया है जिसमें अंकों के स्थान पर परीक्षार्थी को ग्रेड प्रदान किया जाएगा।

2. NEP -2020 में प्रावधान है कि-

1 वर्ष के अध्ययन पर- सर्टिफिकेट

2 वर्ष के अध्ययन पर- डिप्लोमा

3 वर्ष के अध्ययन पर -डिग्री

4 वर्ष के अध्ययन पर-अश्नर्स उपाधि के साथ डिग्री.

मास्टर डिग्री प्रोग्राम

3 साल स्नातक की डिग्री वालों के लिए 2 साल।

ऑनर्स उपाधि के साथ 4 साल की स्नातक डिग्री वालों के लिए 1 वर्ष का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम होगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रभाव

- इसका सबसे पहला लाभ तो यही है की आज की शिक्षा व्यवस्था में पुरानी सभी खामियों को हटाने का प्रयास किया है। नई नीति के तहत इसे उत्कृष्ट और सार्वभौमिक बनाने पर ध्यान दिया गया है।
- इस नयी एजुकेशन पालिसी के तहत छात्रों के ज्ञान के साथ साथ उनके स्वास्थ्य और कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य कार्ड भी बनाये जाएंगे। नियमित रूप से छात्रों की स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था भी सम्मिलित है।
- नेशनल एजुकेशन पॉलिसी को लागू करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जी डी पी का 6 प्रतिशत हिस्सा व्यय किया जाएगा।
- शिक्षा नीति के तहत अब छात्रों को अपने विषय का चुनाव स्वयं करने का अधिकार होगा। छात्रों को पहले की तरह आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स में से किसी एक को नहीं चुनना पड़ेगा। वो चाहे तो इन तीनों ही स्ट्रीम्स से विषय चुन सकते हैं।
- इस नीति में बोर्ड परीक्षा का प्रारूप भी बदला गया है। अब से बोर्ड की परीक्षाएं साल में एक की बजाए दो बार कराई जाने की बात कही गयी है। इस से छात्रों पर पढाई का बोझ खत्म होगा। सालभर की बजाए आखिरी के दो या तीन माह पढ़कर परीक्षा देने की प्रवृत्ति भी खत्म होगी।
- शिक्षा नीति में अब छात्र अपनी भाषा में पढ़ पाएंगे और एग्जाम भी उसी भाषा में दे पाएंगे। भारत की अन्य प्राचीन भाषा जैसे संस्कृत को पढ़ने का भी ऑप्शन दिया गया है। अंग्रेजी की अनिवार्यता खत्म कर दी गयी है।
- अब से शैक्षिक सत्र में छात्रों को तकनीकी ज्ञान देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्हें कक्षा 6 से ही कोडिंग आदि सिखायी जाएगी और इंटर्नशिप भी करायी जाएगी।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों का बोझ कम करने और पढाई में उनकी रूचि बढ़ाने के लिए ''अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर'' के माध्यम से शिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिस से रटने की जगह उनकी समझ बढ़ाने पर ध्यान दिया जा सकेगा।
- स्वस्थ शरीर के साथ ही स्वस्थ मस्तिष्क होना भी जरुरी है इसलिए पाठ्यक्रम में पढाई के साथ ही खेल-कूद, कला इत्यादि ''एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज'' को भी अनिवार्य किया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अब विद्यार्थी ऑफलाइन कक्षाओं के साथ साथ ऑनलाइन भी पढ़ सकेंगे। इस सम्बन्ध में उन्हें पढ़ने की सामग्री अब ऑनलाइन भी उपलब्ध कराई जाएगी।

शिक्षण प्रणाली में परिवर्तन

एडमिशन

राष्ट्रीय एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत अब शिक्षा क्षेत्र में कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों के लिए भी नए प्रावधान बनाये गए हैं। अब से कॉलेज में एडमिशन के लिए अगर छात्रों को 12वी के मार्क्स के आधार पर (कटऑफ के बेस पर) मनपसंद कॉलेज में सीधे एडमिशन नहीं मिलता है तो वो छात्र CAT (कॉमन एप्टीटुड टेस्ट) एग्जाम दे सकते हैं। फिर 12 वी तथा कैट एग्जाम के अंक मिलाकर वे अपनी पसंद की यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने का अवसर पा सकते हैं।

''मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट"

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत ग्रेजुएशन की पढाई को अब 4 और 3 साल के टाइम पीरियड में बांटा गया है। जिसमे अब ''मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट'' की सुविधा दी गयी है। इसके तहत अगर कोई विद्यार्थी ग्रेजुएशन की डिग्री की पढ़ाई बीच में अधूरी छोड़कर जाता है या किसी कारणवश अपनी पढाई पूरी नहीं पाता तो उसे एक साल में सर्टिफिकेट कोर्स, दो साल में डिप्लोमा, और 3 साल में बैचलर्स की डिग्री मिलेगी। वहीँ अगर कोई 4 साल की पढाई पूरी करता है तो उसे बैचलर्स के साथ रिसर्च का सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। बीच में छोड़ने के बाद अगर कोई व्यक्ति अपनी पढाई पूरी करने का इच्छुक हो तो वो भी अपनी पढाई फिर से शुरू कर सकता है इसके लिए उसे फिर से ग्रेजुएशन के फर्सृट ईयर से शुरू करने की जरूरत नहीं होगी। जिस वर्ष की पढाई अधूरी रह गयी थी वहीं से शुरू कर सकते हैं। यहाँ भी छात्र अपनी पसंद से विषयों का चुनाव कर सकते हैं।

अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अब छात्रों को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। अब से सभी छात्रों के अंक, रिपोर्ट, डाक्यूमेंट्स आदि ऑनलाइन या डिजिटल तरीके से सेव किये जाएंगे। पढाई के दौरान सेमेस्टर में क्रेडिट्स मिलेंगे जिसके अंतर्गत कोई भी छात्र जो किसी कारणवश अपने सेमेस्टर पूरे नहीं कर पाता है तो वो अपनी पढाई पूरी करने के

लिए इस अकादमिक बैंक में अपने क्रेडिट्स का प्रयोग करके पढाई बाद (एक निश्चित अवधि) में पूरी कर सकता है। इस बैंक में जमा क्रेडिट का उपयोग वो दूसरे संस्थान में जाने के लिए भी प्रयोग कर सकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सम्बंधित महत्वपूर्ण तथ्य

वोकेशनल ट्रेनिंग को महत्व

नयी शिक्षा नीति के अंतर्गत 2025 तक वोकेशनल पढाई करने वालों का प्रतिशत 50% तक लाने का लक्ष्य रखा है जो अभी तक 5 प्रतिशत से भी कम है। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को वोकेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी जिसमे उन्हें बागबानी, मिटटी के बर्तन बनाना, बिजली का काम आदि सिखाया जाएगा।

एम फिल समाप्त और बी. एड. 4 साल का होगा – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में एम फिल कार्यक्रम को खत्म कर दिया गया है। साथ ही अब बी एड प्रोग्राम को 2 वर्ष से बढाकर 4 वर्ष कर दिया गया है।

भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना : नयी नीति के तहत कक्षा 5 तक अंग्रेजी की अनिवार्यता हटा मातृभाषा तथा क्षेत्रीय भाषा में पढ़ने की सुविधा दी है।

विदेशी भाषा भी सम्मिलित : विद्यार्थियों को अब माध्यमिक स्तर से विदेशी भाषाएं भी सिखाई जाएंगी। इस तरह से छात्रों को कहीं भी किसी भी क्षेत्रों में पिछड़ने से बचाया जा सकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भाषाओं को जान ने वाले शिक्षकों की भर्ती रू भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषाओं का ज्ञान रखने वाले शिक्षकों की भर्ती की जाएगी ताकि अपनी भाषा में छात्र बिना किसी समस्या के पढ़ सकें।

किसी एक स्ट्रीम के चुनाव की बाध्यता खत्म रू अब से स्कूल व कॉलेज में किसी भी एक स्ट्रीम को चुन ने की बाध्यता खत्म कर दी गयी है। छात्र अपने विषय अपनी पसंद से चुन सकेंगे। इसके लिए पाठ्यक्रम में विषयों का पूल बनाया जाएगा जिसमे छात्रों को अपने सब्जेक्ट्स का चुनाव करने में सुविधा होगी।

शिक्षा के साथ कौशल विकास पर भी ध्यान : नए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अब छात्रों को शिक्षा के साथ अब कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। उन्हें शुरूआती कक्षाओं से ही संगीत, नृत्य, योग, मूर्तिकला आदि अन्य कलाओं में भी पारंगत किया जाएगा। विकलांग बच्चों के विकास के लिए भी नयी शिक्षा नीति में बदलाव किये गए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उच्चतर शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल बदलाव और नए जोश के संचार के लिए इन चुनौतियों का समाधान भी प्रदान करती है ताकि सभी छात्र छात्राओं को उनकी आकांक्षा के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण, समान अवसर देने वाली समावेशी उच्चतर शिक्षा प्राप्त हो सके।

शिक्षक भर्ती एवं कैरियर

I. हर संस्थान में पर्याप्त, सक्षम एवं योग्य शिक्षकों की चयन।

ii. तदर्थ संविदा नियुक्तियों पर रोक।

iii. शिक्षक का निरंतर व्यावसायिक विकास।

iv. भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री।

v. अकादमिक स्वतंत्रता के साथ संकाय को पाठ्यक्रम बनाने अनुसंधान कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाना।

उच्चतर शिक्षा

तीन प्रकार के उच्च शिक्षण संस्थान

1. अनुसंधान विश्वविद्यालय-- अनुसंधान और शिक्षण पर समान ध्यान केंद्रित (150-300)
2. शिक्षण विश्वविद्यालय अनुसंधान के साथ शिक्षण पर प्राथमिक ध्यान (1000-2000)।
3. स्वायत्त डिग्री देने वाले कॉलेज -शिक्षण पर विशेष ध्यान (5000 10000)
4. सभी उच्च शिक्षण संस्थान विषयों और क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ बहु विषयक संस्थान बनाने के लिए।
5. वंचित भौगोलिक क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले संस्थानों को प्राथमिकता
6. पर्याप्त सार्वजनिक निवेश।
7. मिशन नालंदा (MN)- समान क्षेत्रीय वितरण के साथ 2030 तक कम से कम 100 टाइम 1 और 500 टाइप 2 उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना।
8. मिशन तक्षशिला (MT)- 2030 तक हर जिले में कम से कम एक उच्च गुणवत्ता वाले उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना।

अध्यापक और व्यवसायिक शिक्षा को उच्च शिक्षा में एकीकृत करना

शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम-

i. बहु विषयक संस्थानों में 4 वर्षीय एकीकृत शिक्षा स्नातक।

ii. वर्तमान 2 वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम 2030 तक जारी रहेगा।

iii. 2030 के बाद केवल वही संस्थान 2 वर्षीय पाठ्यक्रम चला सकते हैं जो चार चार वर्ष के शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम चलाएंगे

iv. गैर स्तरीय और निष्क्रिय शिक्षक शिक्षण संस्थान बंद किए जाएं।

व्यावसायिक शिक्षा

i. व्यावसायिक शिक्षा उच्च शिक्षा प्रणाली का एक अभिन्न अंग होगी

ii. स्वचालित स्टैंड अलोन तकनीकी विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, विधि और कृषि विश्वविद्यालयों या इन क्षेत्रों अथवा अन्य में भविष्य में संस्थान स्थापित नहीं किए जाएंगे और यदि आवश्यक हुआ तो बंद भी किए जा सकते हैं।

iii. व्यावसायिक या सामान्य शिक्षा प्रदान करने वाले सभी संस्थानों को 2030 तक दोनों पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थानों को व्यवस्थित स्वरूप में विकसित किया जाना है।

नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (NRF)

राष्ट्र में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को सही रूप में प्रेरित और विकसित करने के लिए तथा सभी

प्रकार के वैज्ञानिक एवं सामाजिक अनुसंधानों पर नियंत्रण रखने के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन का गठन किया जाएगा। यह-

i. देश भर की शैक्षणिक संस्थानों में अनुसंधान क्षमता का निर्माण करेगा
ii. अनुसंधान विश्वविद्यालय के माध्यम से राज्य विश्वविद्यालयों में अनुसंधान क्षमता को प्रोत्साहित करेगा डॉक्टरेट और पोस्ट डॉक्टरेट फैलोशिप देगा।
iii. शोधकर्ताओं, सरकार और उद्योग के बीच लाभकारी संबंध बनाने में सहायता करेगा।
iv. विशेष पुरस्कार और सेमिनार ओं के माध्यम से उत्कृष्ट शोध को मान्यता देगा।
v. नेशनल रिसर्च फाउंडेशन प्रारंभ में 4 विभाग विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान, कला और मानविकी से प्रारंभ किया जाएगा।

भारतीय भाषाओं का प्रचार

i. भारतीय भाषाओं में भाषा, साहित्य, वैज्ञानिक शब्दावली पर ध्यान दिया जाएगा।
ii. देशभर में मजबूत भारतीय भाषा और साहित्यिक कार्यक्रम किए जाएंगे।
iii. भाषा शिक्षकों की भरती को प्राथमिकता दी जाएगी।
iv. भाषाओं पर केंद्रित शोध को बढ़ावा दिया जाएगा।
v. शास्त्रीय भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा राष्ट्रीय संस्थानों को मजबूत किया जाएगा।
vi. पाली, फारसी और प्राकृत के लिए राष्ट्रीय संस्थान स्थापित किए जाएंगे।
v. विभिन्न भारतीय भाषाओं और विदेशी भाषाओं के बीच महत्व की सामग्री के उच्च गुणवत्ता वाले अनुवादों को करने के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन की स्थापना की जाएगी।
vi. वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग का विस्तार किया जाएगा जिसमें सभी विषय और क्षेत्र शामिल होंगे।

व्यावसायिक शिक्षा का एकीकरण

i. व्यवसायिक शिक्षा उदार शिक्षा का अभिन्न अंग है।
ii. व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में एकीकृत स्थापित किया जाएगा।
iii. व्यावसायिक शिक्षक तैयार करने पर ध्यान दिया जाएगा।
iv. व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण हेतु राष्ट्रीय समिति गठित की जाएगी।
v. राष्ट्रीय कौशल योगिता को अधिक विस्तृत रूप दिया जाएगा।
vi. भारत में विकसित ज्ञान व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में एकीकरण के माध्यम से छात्रों के लिए सुलभ कराया जाएगा।
vii. प्रौढ़ शिक्षा के लिए शिक्षण सामग्री मूल्यांकन और प्रमाणन हेतु एनसीएफ का गठन किया जाएगा।
viii. प्रौढ़ शिक्षा केंद्र के कैडर और राष्ट्रीय वयस्क शिक्षा ट्विटर कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षक बनाया जाएंगे।

ix. जन जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रौढ़ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

x. महिलाओं की साक्षरता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

वित्त पोषण शिक्षा

10 वर्षों में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा सार्वजनिक व्यय का 20% से विशेष रुप से निम्न क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी-

i. बाल शिक्षा का विस्तार और सुधार।

ii. मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता सुनिश्चित की जाएगी।

iii. स्कूल परिसरों की पर्याप्त और उपयुक्त पुनर्स्थापना।

iv. नाश्ता और दोपहर का भोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

v. शिक्षक शिक्षा और शिक्षकों का सतत व्यावसायिक विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

vi. कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शोध को गति दी जाएगी।

vii. कायाकल्प, सक्रिय प्रचार और निजी परोपकारी गतिविधियों के लिए समर्थन का प्रयास।

viii. शिक्षा का व्यवसायीकरण बंद करने का प्रावधान।

ix. सार्वजनिक शिक्षा में पर्याप्त निवेश।

राष्ट्रीय उच्च शिक्षा आयोग (Higher Education Commission of India)

भारत उच्च शिक्षा आयोग को संपूर्ण उच्च शिक्षा के सर्वोच्च निकाय के रूप में गठित किया जाएगा इसमें मेडिकल और कानूनी शिक्षा को शामिल नहीं किया जाएगा। इसके कार्यो के प्रभावी निष्पादन के लिए 4 संस्थानों /निकायों का निर्धारण किया गया है-

i. राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा नियामकीय परिषद (National Higher Education Regulatory Counsil &NHERC)-विनियमन हेतु

ii. सामान्य शिक्षा परिषद (General Education Council & GEC) -मानक निर्धारण हेतु

iii. उच्चतर शिक्षा अनुदान परिषद (Higher Education Grants Council & HEGC)-वित्त पोषण हेतु

iv. राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद (National Accreditation Council &NAC)-प्रत्यायन हेतु

पुरानी शिक्षा व्यवस्था में स्नातक स्तर पर एक ही संकाय से तीन वैकल्पिक विषय और सामान्य हिंदी या सामान्य अंग्रेजी अनिवार्य विषय थे। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से फिजिकल एजुकेशन और पर्यावरण विषयों को अनिवार्य रूप से उत्तीर्ण करना होता था जो बहुविकल्पीय परीक्षा का माध्यम थे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य बिंदु जो इसे पुरानी नीति से अलग करते हैं ।

मुख्य विषय अर्थात मेजर के रूप में अपने संकाय से दो विषय और अपने या अन्य संकाय से तीसरे मेजर के रूप में एक विषय चुना होगा चौथा माइनर होगा जो तीसरे मेजर से भिन्न संकाय का होगा। इस प्रकार यह तीन मेजर और एक माइनर मुख्य विषय कहलायेंगे।

नई व्यवस्था के अनुसार मुख्य विषयों के साथ साथ को-करिकुलर, व्यवसायिक पाठ्यक्रम/ स्किल डेवलपमेंट आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। प्रत्येक सेमेस्टर में को-करिकुलर

के रूप में एक विषय को अनिवार्य बनाया गया है जिसमें प्रथम सेमेस्टर में खाद्य पोषण एवं स्वच्छता, द्वितीय सेमेस्टर में प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, तीसरे सेमेस्टर में शारीरिक शिक्षा एवं योग, चौथी सेमेस्टर में मानव मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन, पांचवें सेमेस्टर में विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस, छठे सेमेस्टर में संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास शामिल किए गए हैं। यह पाठ्यक्रम तथा सह पाठयक्रम छात्रों के मन मस्तिष्क पर अमिट प्रभाव डालेगा और उच्च शिक्षा में ये प्रभावशाली भूमिका निभाएंगे।

अत: कहा जा सकता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्र आधारित शिक्षा नीति है यदि इसका क्रियान्वयन उचित ढंग से किया जाता है तो छात्र का सर्वांगीण विकास होगा उसमें एक अच्छे नागरिक के सभी गुण मौजूद होंगे और वह समाज और देश को ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा तथा देश सामाजिक रुप में, आर्थिक रूप में, शैक्षणिक रूप में, औद्योगिक रूप में विकसित होगा। इस प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के इन नए बिंदुओं के सफल और उचित क्रियान्वयन से ही समाज और देश का यथोचित विकास होगा।वैसे तो संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था ही शिक्षक की नैतिकता पर निर्भर है यदि यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की ही बात की जाए जिसमें को- करिकुलर /स्किल डेवलपमेंट/ इंटरनल एसेसमेंट यह वह बिंदु है जिन का मूल्यांकन कॉलेज स्तर पर ही होगा और शिक्षक की नैतिकता पर निर्भर करेगा, उसकी अंतरात्मा पर निर्भर करेगा कि वह छात्र का मूल्यांकन कितनी पारदर्शिता से करता है। इस प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन में छात्र की परीक्षा के साथ-साथ शिक्षक के एथिक्स और उसकी नैतिकता का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

❑❑❑

विभागाध्यक्ष -हिंदी, बरेली कॉलेज, बरेली-243001, Email: meenaya1@gmail.com, मो. 9412486594

गांधी दर्शन का साहित्यिक परिदृश्य: कल, आज और कल (हिंदी कथात्मक साहित्य के विशेष संदर्भ में)

—भारती गोरे

जहां तक हिंदी के कथात्मक साहित्य का प्रश्न है, ठोस रूप में गांधी-विचार कहानी- सम्राट प्रेमचंद के कहानी-उपन्यासों में दृष्टिगोचर होने लगा या यूं कह सकते हैं कि आचार विचारों के स्तर पर गांधी जी जो लड़ाई राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में लड़ रहे थे, वही लड़ाई प्रेमचंद ने साहित्य के क्षेत्र में छेड़ रखी थी। प्रेमचंद की मनोवृत्ति उसी भारतीय संस्कार से परिष्कृत हुई थी जिससे गांधीजी की मनोवृत्ति गठित हुई थी।

किसी भी समय का साहित्य, विचार एवं विचारधारा से मुक्त नहीं हो सकता. अपने समय की छाप अपने अंतस में समेटे हुए वह आगे बढ़ता है। अत: साहित्य को समसामयिक विचारधारा का जीवंत दस्तावेज कहा जा सकता है।

महात्मा गांधी संभवत: एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्होंने महात्मा बुद्ध के बाद भारतीय विचारधारा को सर्वाधिक मात्रा में प्रभावित किया है। शतकाधिक समय से भारतीय जीवन-दृष्टि, व्यक्ति -मानस से लेकर समाज-मानस गांधी-विचार से प्रभावित रहा है। इसी गांधी-विचार को गांधीवाद भी कहा जाता है। 1915 में भारत लौटने के साथ ही गांधी-विचारों की खनक देशभर में गूंजने लगी। अहिंसा, सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा, मशीन संबंधी गांधीजी के विचार, ट्रस्टीशिप, अस्पृश्यता, स्त्री-दशा आदि के संबंध में उनके विचार, हृदय- परिवर्तन की अवधारणा आदि कई ऐसे मुद्दे हैं जिन पर गांधी जी ने बारीकी से विचार किया है। इन विचारों का प्रभाव इतना तगड़ा था कि साहित्य भी इससे प्रभावित हुए बिना रह नहीं पाया। बेशक यह प्रभाव केवल सकारात्मक नहीं रहा। गांधी विचारों का कई बार नकारात्मक चित्रण भी हुआ। कई बार उनकी ब्रह्मचर्य पाल , हृदय परिवर्तन, अहिंसा जैसी मान्यताओं का मजाक भी उड़ाया गया। लेकिन साहित्य पर गांधी छाए रहे इसमें कोई दो राय नहीं। कई बार गांधी-विचारों का प्रभाव प्रत्यक्ष रहा तो कई बार परोक्ष। लेकिन चाहे जिस तरह से हो, साहित्य गांधी-विचारों से अछूता न रह सका। गांधी जी के उपरोक्त संकेतित विचारों के आविष्कारक स्वयं गांधी नहीं थे। अहिंसा, सत्याग्रह, नैतिकता का आग्रह आदि कई ऐसे मुद्दे हैं जिनका भली-भांति परिचय भारतीय समाज को था ही और साहित्य के माध्यम से उनका पुरस्कार भी जारी था. उदाहरण के रूप में यहां हिंदी के प्रथम मौलिक उपन्यास 'परीक्षा गुरु' की चर्चा करना अनुचित न होगा। बीसवीं शताब्दी में गांधी जी ने जिस पश्चिमी सभ्यता के आक्रमण का

विरोध कर इस बात की चिंता जताई कि भारत औपनिवेशिक शासन के चंगुल में फंसकर अपनी समृद्ध विरासत को भूल न बैठे। यही चिंता बहुत पहले 19वीं शताब्दी में लिखे गए उपन्यास 'परीक्षा गुरु' का मूल प्रतिपाद्य रहा।

पश्चिमी सभ्यता के आक्रमण का प्रतिकार करता यह उपन्यास हिंदी में बहुत पहले आया, गांधी विचार बाद में। लेकिन नि:संदेह, इन संकटों को साहित्यकारों की तीक्ष्ण दृष्टि भले समझ पाती हों, वाणी दे पाती हों, इन संकटों का जन-जन तक रीसना केवल गांधी जी के कारण संभव हो सका। पुन: दोहराना होगा कि गांधी इन विचारों के आविष्कारक नहीं किंतु उन्होंने इन विचारों की इतनी अप्रतिम व्याख्या की, इन विचारों को इतनी अधिक सफलता मिली, इनका इतना अधिक प्रचार-प्रसार हुआ कि यह उनका आविष्कार लगने लगे। मूलत: गांधीवाद एक ऐसी विचारधारा है - गांधी जी का वैष्णव मानस जिस वेद, पुराण, गीता, कुरान ओ उपनिषद से गठित हुआ है उस मानस से उपजी विचारधारा। इन तत्वों की व्याख्या करते गांधीवाद से खांटी भारतीय अछूता नहीं रह सकता। स्वाधीनता संग्राम और राष्ट्रप्रेम ने इन विचारों के प्रभाव को कई गुना बढ़ा दिया और एक सुव्यवस्थित- सुगठित विचारधारा के रूप में गांधी- विचार सर्वदूर स्वीकार किया जाने लगा। हिंदी साहित्य पर पड़े गांधी-प्रभाव के संदर्भ में डॉ नगेंद्र कहते हैं -''गांधी का प्रभाव हिंदी साहित्य पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रीतियों से पड़ा। प्रत्यक्ष प्रभाव के माध्यम थे : क) व्यक्तित्व और व्यक्तिगत उपलब्धियां ख) नैतिक आदर्श, ग) सामाजिक- राजनीतिक सिद्धांत एवं कार्यक्रम। अप्रत्यक्ष प्रभाव का संधान दो प्रकार से किया जा सकता है- 1) जीवन और साहित्य के मूल्यों की नवीन व्याख्या के रूप में, 2) जीवन और साहित्य में लक्षित क्रिया - प्रतिक्रिया के रूप में

जहां तक हिंदी के कथात्मक साहित्य का प्रश्न है, ठोस रूप में गांधी-विचार कहानी- सम्राट प्रेमचंद के कहानी-उपन्यासों में दृष्टिगोचर होने लगा या यूं कह सकते हैं कि आचार विचारों के स्तर पर गांधी जी जो लड़ाई राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में लड़ रहे थे, वही लड़ाई प्रेमचंद ने साहित्य के क्षेत्र में छेड़ रखी थी। प्रेमचंद की मनोवृत्ति उसी भारतीय संस्कार से परिष्कृत हुई थी जिससे गांधीजी की मनोवृत्ति गठित हुई थी। इसी कारण बीसवीं शताब्दी के पहले दशक में प्रकाशित 'सोजेवतन' में राष्ट्रभक्ति की स्पष्ट झलक देखी जा सकती है। 'सेवासदन' , 'प्रेमाश्रम' जैसे उपन्यासों से भी प्रेमचंद के मन पर पड़े और निरंतर बढ़ते गांधी- विचारों का अनुमान लगाया जा सकता है। जिस स्त्री समस्या को प्रधान जानकर गांधी जी ने उस पर बार-बार चर्चा की, उसी समस्या को केंद्र बनाकर 'सेवासदन' रचा गया था। इसमें गणिका हो चली सुमन को दाल मंडी के कोठे से निकालकर प्रेमचंद उसे सेवासदन की अध्यक्ष बना देते हैं। महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह ने उन किसानों -भूमिहीन मजदूरों की समस्याओं को वाणी दी थी जो अंग्रेजों के शोषण के फलस्वरूप खाद्यान्न छोड़कर नगदी फसलों की खेती करने के लिए बाध्य कर दिए गए थे। प्रेमचंद स्वयं स्वीकार करते हैं कि ''गांधीजी राजनीति के माध्यम से भारत के किसानों और मजदूरों के सुखचौन के लिए जो प्रयत्न कर रहे हैं, ''प्रेमाश्रम'' उन्हीं प्रश्नों का साहित्यिक रूप है।''

महात्मा गांधी ट्रस्टीशिप पर बल देते हुए मानते थे कि समाज में धनी लोग ट्रस्टी की भूमिका निभायें। उनका कहना था कि खेती पर स्वाभाविक अधिकार जोतदार का है। साथ ही गांधीजी हृदय -परिवर्तन में विश्वास करते थे। प्रेमचंद ने 'प्रेमाश्रम' उपन्यास में उपरोक्त तीनों बातों को कथा में ढालकर प्रस्तुत किया है। प्रेमशंकर की निस्वार्थ भावना देखकर माया शंकर अपनी जमीन किसानों में वितरित करता है और उसका हृदय-परिवर्तन होकर वह समाज के ट्रस्टी की भूमिका में आ जाता है।

हिंदी के कथा साहित्य में कई बार गांधी-विचारों के अनुरूप चरित्रों का निर्माण किया गया। उपन्यास कहानी में घटित घटनाओं में गांधीजी के जीवन में घटित घटनाओं को प्रतिबिंबित किया गया। कई बार तो गांधी जी के सिद्धांतों को आधार बनाकर ही कथा रची गयी। 'प्रेमाश्रम' में इन सभी की झलक देखी जा सकती है। 'प्रेमाश्रम' का लखनपुर गांधीजी के रामराज्य को साकार करता है। इस प्रकार गांधी-विचारों को केंद्र में रखकर ही 'रंगभूमि' का सृजन किया गया। 'रंगभूमि' का साहित्य -क्षेत्र में जब अवतरण हुआ, गांधी जी का प्रभाव अपने चरम पर था। 'रंगभूमि' का सूरदास शत प्रतिशत गांधी जी की भाषा बोलता है। उसकी नैतिकता, ईश्वर में प्रगाढ़ विश्वास, प्रचंड आशावाद, अपनी जमीन गांव के पशुओं को चरने के लिए देने के निश्चय में निहित ट्रस्टीशिप की भावना, निर्भयता आदि कई बातों के कारण वह गांधीजी का प्रतिरूप प्रतीत होता है। इसमें सूरदास साधन- शुचिता के लिए आग्रही है। वह मशीनी संस्कृति का विरोध करता है, अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए अपनी लड़ाई लड़ता है। साहित्यकार की दृष्टि संभवत: भविष्य भी देख लेती है। 'रंगभूमि' का सूरदास जिस प्रकार मृत्यु को प्राप्त होता है उसे देखकर लगता है कि संभवत: प्रेमचंद ने गांधीजी का भविष्य देख लिया था। प्रेमचंद के 'कायाकल्प', 'कर्मभूमि', 'गबन', 'निर्मला' जैसे कई उपन्यासों में भी गांधी -विचारों को स्पष्ट देखा जा सकता है सभी में विलासिता के स्थान पर त्यागमय जीवन को श्रेष्ठ बताया गया। गांधीजी के व्यावहारिक कार्यक्रमों - हरिजनोद्धार, अछूतों का मंदिर-प्रवेश, सूत-कताई, शराबबंदी का किया प्रचार, साफ-साफ देखा जा सकता है।

साहित्य के क्षेत्र में एक लोकप्रिय किंवदंती यह है कि 'गोदान' तक आते-आते प्रेमचंद का गांधीवाद से मोहभंग हो गया था और वे समाजवाद की ओर उन्मुख हो गए थे। 'आदर्शोन्मुख यथार्थवाद' आदि संकल्पनाओं का प्रयोग कर इस विचार को बल प्रदान किया जाता रहा है। लेकिन 'गोदान' का बारीकी से अध्ययन किया जाए तो पाएंगे कि उसमें गांधी-दृष्टि बहुत स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित हो रही है। गांधी-विचार विशेषत: उनकी स्त्री संबंधी विचारों का दर्पण है- 'गोदान'। गांधीजी ने स्त्रियों को संबोधित करते हुए कहा था - ''यदि मैं स्त्री के रूप में जन्मा होता तो पुरुष के इस दंभ के विरुद्ध कि स्त्री पुरुष के मनोरंजन की वस्तु है, विद्रोह कर देता... अपने शौक और मन की वासना की गुलाम आप न बनें। इसी तरह पुरुषों की भी दासी बनने की कोई जरूरत नहीं। अपने इत्र फुलेल क्रीम पाउडर लैवेंडर और अन्य सौंदर्य प्रसाधनों को धता बताओ। आप अपनी सुगंध फैलाना चाहती हैं तो वह आपके हृदय कुसुम से ही निकलनी चाहिए।''

गांधी जी ने स्त्री हो या पुरुष सभी के संदर्भ में आत्म-बल को प्रधान माना है लेकिन स्त्रियों के संदर्भ में आत्म-बल की आवश्यकता अधिकता के साथ रेखांकित की है। 'गोदान' की मालती वास्तव में क्रीम -पाउडर आदि सौंदर्य प्रसाधनों को धता बताकर खादी के वस्त्र धारण कर लोककल्याण के लिए गांव-गांव घूमती है। तितली की तरह रंगीन मालती को प्रेमचंद गांधी-विचारों के अनुरूप ढाल कर आत्म-बल से परिपूर्ण सादगी की प्रतिमूर्ति के रूप में स्थापित करते हैं । यही नहीं, रूपा की शादी में वह चरखा भेंट देती है। मेहता और मालती का निर्विषय प्रेम और लोककल्याण के प्रति समर्पण भी गांधी विचारों के अनुरूप ही है।

गांधीजी के अछूतोद्धार को तो प्रेमचंद ने अक्षरश: अनुपालित किया है। उनका अछूत-विमर्श गांधी- विचारों का शत प्रतिशत अनुगमन करता है। गांधी जी ने कहा था-''हम चार करोड़ हिंदुओं को अस्पृश्य मानते हैं। इस कारण उनको अवश्य विशेष और असाधारण कष्ट भोगना पड़ता है। उनके लिए ना मंदिर है ना धर्मशाला है। औषधालय है ना पाठशाला है। उनको हमने ऐसा गिराया है जिससे वह अपने मनुष्यपन को भी प्राय: भूल गए हैं। ''प्रेमचंद के 'कफन' में घीसू- माधव का अमानवीय होना उन्हें सभ्य समाज द्वारा प्रदत्त ऐसी यातना का प्रतिफल है जिससे वे अपना मनुष्यपन तक खो चुके हैं। 'ठाकुर का कुआं' से लेकर 'सद्गति' तक प्रेमचंद की बीसियों कहानियों में उभरा दलित विमर्श निसंदेह गांधी-विचारों से प्रेरित एवं प्रभावित था। मात्र इतना ही नहीं, भविष्य में दलितों के आक्रामक रवैया अपनाने का संकेत भी महात्मा गांधी ने दिया था - ''डॉ आंबेडकर के प्रति मेरे मन में बड़ा सम्मान है। उन्हें कटु होने का पूरा अधिकार है। अगर वे हमारा सिर नहीं फोड़ देते तो इसी को उनका बहुत बड़ा आत्मसंयम मानना चाहिए। ''श्गोदान में मातादीन के मुंह में चमारों द्वारा हड्डी ठूँसवाकर प्रेमचंद गांधी जी के इसी संकेत को सृजनात्मक रूप प्रदान करते हैं कि यदि दलितों के प्रति अपना रवैया न बदला तो सवर्ण समाज को इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा।

नि:संदेह, प्रेमचंद के साहित्य का बहुत बड़ा हिस्सा गांधी -प्रभाव ने व्यापा है लेकिन हिंदी साहित्य-क्षेत्र में प्रेमचंद इकलौते ऐसे रचनाकार नहीं जिन्होंने गांधी-विचार को शब्द-शिल्प प्रदान किया। गांधी जी के विचारों के प्रभाव से प्रसाद भी अछूते नहीं रह पाए। उनकी श्रद्धा के मन का अहिंसा-भाव, क्षमा-भाव, ट्रस्टीशिप, सूत कताई के प्रति उसकी आस्था, उसे गांधी-विचारों के बहुत निकट पहुंचाती बातें हैं। जहां तक प्रसाद के कथात्मक साहित्य की बात है, प्रसाद की कहानी 'विराम चिन्ह' में गांधी जी के अछूतोद्धार संबंधी विचारों का संपूर्ण समर्थन देखा जा सकता है। स्पष्ट कहें तो यह कहानी गांधी जी के मंदिर प्रवेश संबंधी विचारों को व्यक्त करती है। इस संदर्भ में प्रसाद की कई रचनाओं को गिनवाया जा सकता है। उनकी ध्रुवस्वामिनी द्वारा पति की लचर भूमिका का विरोध और अपने लिए सुयोग्य पात्र का वरण करने का निर्णय गांधी जी के इन विचारों से प्रभावित है- ''इस देश की सही शिक्षा यह होगी कि स्त्री को अपने पति से 'न' कहने की कला सिखाई जाए और बताया जाए कि अपने पति की कठपुतली या उसके हाथों की गुड़िया बनकर रहना उसके कर्तव्य का अंग नहीं है ..अपनी मौज मस्ती की गुलामी और पति की

गुलामी छोड़ो।''अलग-अलग विधाओं में लिखी रचनाओं को परखा जाए तो प्रसाद भी गांधीवाद से मुक्त नजर नहीं आते।

गांधी-विचार से प्रभावित हिंदी साहित्य की बात करें तो जैनेंद्र की बात करनी ही होगी। प्रेमचंद के युग में रहकर भी प्रेमचंद से अलग राह चलने वाले रचनाकार रहे हैं जैनेंद्र! गांधी-दर्शन से उनकी सहमति कितनी थी, यह बेशक विवाद का विषय है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि वे सनातन धर्म, अहिंसा, बुद्ध और जैन धर्म में गहरी आस्था रखते थे। इसी नाते गांधी-दर्शन की झलक भी उनके साहित्य में देखी जा सकती है। माना कि जैनेंद्र को रुढार्थ में गांधीवादी नहीं कहा जा सकता लेकिन जैनेंद्र के चरित्र विशेषत: स्त्री चरित्र गांधीवाद के अनुरूप ढले प्रतीत होते हैं। 'खेल', 'पत्नी' जैसी कहानियों की नायिकाएं हो या 'सुनीता', 'सुखदा', 'त्यागपत्र' जैसे उपन्यासों की नायिकाएं हों उन्हें व्यावहारिक अहिंसा में प्रगाढ़ विश्वास है। यद्यपि आचार्य नंददुलारे वाजपेई कहते हैं कि- ''सुनीता और बाद की रचनाओं में जैनेंद्र ने गांधीवाद और मनोविज्ञान का समन्वय करने का असफल प्रयास किया है ..''

लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि जैनेंद्र की नायिकाएं अहिंसा, सत्य, आत्म-बल और आत्मोत्सर्ग जैसे मूल्यों का शत प्रतिशत अनुपालन करती हैं। उपवास -उपोषण और खद्दर-धारण में भले ही वे विश्वास न करती हों, अपने जीवन में सत्याग्रह करती हैं और अपने सत्य को पाने के लिए हर प्रकार की पीड़ा सहने के लिए तत्पर रहती हैं।

'त्यागपत्र' की मृणाल ने अपने जीवन की भूमिका का निर्धारण कर लिया है। इस मार्ग पर चलते हुए समाज द्वारा दिए गए कष्टों को वह स्थितप्रज्ञ भाव से सहती है। डॉ नगेंद्र मृणाल के बारे में कहते हैं कि- ''कष्ट के कारणों से घृणा न करते हुए, कष्ट की अनिवार्यता से त्रास न खाकर, उसमें आनंद की भावना करना अहिंसा है और अहिंसा यही सिखाती है कि उन्मुक्त वासना का वितरण करना ही उसकी सफलता है।''

जैनेंद्र की सुनीता हरिप्रसन्न का 'इलाज' एक किस्म के सत्याग्रह और अहिंसा के माध्यम से ही करती है। 'सुनीता' का श्रीकांत तो आत्म-बल और सहजता के मामले में गांधी विचारों का अनुपालन करता नजर आता है।

विवाह, स्त्री-पुरूष संबंध आदि के मामले में गाँधी जी नैतिक दृष्टि और सांस्थानिक पवित्रता के आग्रही थे। यह आग्रह जैनेंद्र में नहीं पाया जाता। 'परख' की कट्टो के हाथ में सूत की वरमाला भी है और बिहारी का बिना औपचारिक विवाह के वरण भी है। गांधी के विचारों का प्रतिबिंब और प्रतिरोध एक साथ। 'दशार्क' की रंजना तो बकायदा कोठे से प्रेम बांटती है। इसके लिए वह अपना गृहिणी-धर्म त्याग देती है। वेश्या बनना उसके लिए एक प्रयोग है। वह स्पष्ट करती है - ''पर आपको मालूम होना चाहिए, यह दुकान नहीं, मेरी प्रयोगशाला है। चिकित्सालय है। ''श्लीलता-अश्लीलता, नैतिकता-अनैतिकता, पवित्रता-पवित्रता से परे जाकर वह प्रेम -प्रसार का कार्य करती है। यही कारण है कि 'दशार्क' कई मायनों में गांधीवाद से विपरीत होने के बावजूद गांधीवाद की पुनर्रचना है। जैनेंद्र की लेखनी, उनका मानस, स्त्री पुरुष संबंधों का विश्लेषण करने में जुटा है। उन्होंने अपने चरित्रों को पूरी छूट दे रखी है और गांधी जी ने जिस

हृदय परिवर्तन को राजनीतिक स्तर पर प्रतिष्ठित किया, जैनेन्द्र ने उसे पारिवारिक स्तर पर प्रतिष्ठित कर दिया। जैसा कि नंददुलारे वाजपेई कहते हैं - ''कदाचित जैनेंद्र ने यह तथ्य गांधी-दर्शन से ही ग्रहण किए।''

कुल मिलाकर जैनेंद्र की लेखनी और गांधी -दर्शन में वाद-प्रतिवाद-संवाद का अद्‌भुत रिश्ता देखा जा सकता है।

सियारामशरण गुप्त, विष्णु प्रभाकर, कई मायने में अज्ञेय गांधीवाद के प्रभाव को अपनी लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्त करते रहे। समयांतर में जनसामान्य की आंखों में समाजवाद का जो सपना पला, उसमें एक न एक तार गांधी विचारों से जुड़ा रहा। इस क्रम में फणीश्वरनाथ रेणु के 'मैला आंचल' को कैसे भुलाया जाए? 'मैला आंचल' का बावनदास गांधीजी की साक्षात प्रतिमूर्ति है। वह गांधी विचारों को शत प्रतिशत जीता है। निर्भय होकर स्वाधीन भारत में चोरबाजारी रोकने की कोशिश करता है तो बैलगाड़ी से कुचलकर उसकी हत्या कर दी जाती है। हत्यारे इसी स्वाधीन भारत के मान्यवर हैं जो बावनदास को चेथरिया पीर बना देते हैं। मैनेजर पांडेय कहते हैं- ''प्रत्येक समाज का प्रभुत्वशाली वर्ग किसी क्रांतिकारी व्यक्ति और विचार को सामाजिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने से रोकने, हटाने और उसे प्रभावहीन बनाने के लिए उसकी या तो हत्या करता है या पूजा या फिर हत्या करके पूजा३ आजादी के बाद गांधी के साथ दोनों हुआ है।''

'मैला आँचल' में जिस तरह बावनदास को चेथरिया पीर बनाकर पूजा गया, उसी तरह स्वाधीन भारत में गांधी को महात्मा बनाकर राजघाट पर पूजा जाता है। किसी विचार, विचार-पुरुष को हाईजैक कर उसके विचारों को प्रभावहीन बनाने का तरीका भी इस समय अपनाया जा रहा है। गांधी जी को अपना बताकर उनके विचारों की हत्या करने का खेल रोज खेला जा रहा है। लगभग सन साठ से लेकर नई सहस्त्राब्दी के आगमन तक गांधीजी साहित्य पटल पर अदृश्य थे। इस दौरान मोहभंग अपने चरम पर पहुंचा और ९0 के बाद धीरे-धीरे भूमंडलीकरण निजीकरण और बाजारवाद ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिया और देखते ही देखते भारत इनकी सर्वग्राही भूख का भोजन बना। अणुशक्ति की संहारक छाया ने विश्व को भयभीत बना दिया। उपभोक्तावाद की चकाचौंध में मनुष्य की जीवनाभिमुख दृष्टि क्षीण होने लगी। यंत्र के प्रकोप ने सामान्य आदमी को उसकी रोजी-रोटी से बेदखल कर दिया। पूंजीवाद के अतिरिक्त प्रचार-प्रसार ने पैसा पाने की अमर्याद लालसा ने ट्रस्टीशिप की भावना समाप्त कर दी। अब फिर से मनुष्यता करुण दृष्टि से अस्तित्व के लिए सबका मुंह जोहने लगी और नए सिरे से गांधीवाद की जरूरत महसूस होने लगी। भौतिकता का अतिस्वीकार ऐंद्रिय भोग अतिशयता, असीम धनलोलुपता, भ्रष्टाचार, अपराधीकरण, यांत्रिकता और समृद्धि से पथराये मनुष्य का एकमात्र तारणहार गांधी दर्शन है, इस बात का एहसास सभी को होने लगा। अब इस बात के प्रचार-प्रसार की दरकार महसूस होने लगी कि गांधी विचार के बिना तरणोपाय नहीं। इस दृष्टि से गतिमान साहित्य कहलानेवाले सिनेमा ने गांधी जी को अपना नायक चुना। 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' समेत मुन्नाभाई सीरीज की सारी फिल्में इसकी गवाह हैं। 'गांधीवाद''गांधीगिरी' बनकर पुनः लोगों तक पहुंचने लगा है। साहित्य

में भी 'पहला गिरमिटिया' जैसी रचनाएं मोहनदास करमचंद गांधी की संघर्ष- गाथा सुना रही हैं। 2019 में प्रकाशित कृष्णा सोबती का उपन्यास 'चन्ना' कई स्तरों पर गांधी- दर्शन से प्रभावित है। (माना कि इस का रचना- काल बीसवीं सदी का पांचवां दशक रहा है पर 2019 में इसे प्रकाशित करने की दृष्टि से इसमें प्रासंगिकता का पाया जाना भी तो नजरअंदाज नहीं कर सकते) कृष्णा जी ने 'चन्ना' को बहुत हद तक गांधीजी के रंग में रंग डाला है। वह कमल से कहती है- , ''कमल, मैं स्वयं ग्रामीण हूं। मैं वहीं पैदा हुई। वहीं पली और आज भी मैं अपने इन कपड़ों के अतिरिक्त जो कुछ हूं, ग्रामीण हूं। ''तो कमल व्यंग्य से कहता है - ''गांव -गांव क्या गांधी के प्रभाव में हो ?'' चन्ना उत्तर देती है - ''क्या गांधी के कहने से मैं अपने गांव को पहचान लूंगी ? कमल, अपने गांव को तो मैं अपनी आंखों से देख सकती हूं।'' माना कि कृष्णा जी चन्ना को गांधी-प्रभाव स्वीकार नहीं करने देतीं, लेकिन छुआछूत के लिए चन्ना का विरोध, उसका सत्याग्रह, तर्क और बुद्धि की बजाए हृदय की भावनाओं को अहम मानना, पराधीनता को लेकर दुख और यहां तक कि अपने नाना के हत्यारे भागे को घड़ी भेजने का निर्णय उसे गांधी विचारों का अनुगामी सिद्ध करता है।

प्रवासी साहित्य इस दौर की प्रधान साहित्य-धारा मानी जाती जाती है। इस साहित्य में भी गांधी जी का अवतरण बार-बार देखा जाता है। स्वाधीनता के पहले और स्वाधीनता के बाद भी देश छोड़कर परदेसी हुए लोगों के रचनाकार वंशजों द्वारा उसी गांधीयुगीन भारत को बार-बार याद किया जाता है। विमर्शों के अतिरेक में डूबते उतराते साहित्य में पुन: गांधी विचारों की दस्तक सुनाई दे रही है। ''सहितस्य भाव: साहित्यम'' का निर्वहन करने हेतु दृष्टा साहित्यकार पुन: गांधी दर्शन की ओर मुड़ रहा है, यह संकेत भी कम शुभ नहीं। यह शुभ-संकेत बता रहा है कि साहित्य के बीते कल पर गाँधी-दर्शन छाया था और साहित्य का वर्तमान व भविष्य भी नि:संदेह गांधी-दर्शन के आलोक से प्रकाशित रहेगा।

❑❑❑

प्रोफेसर एवम अध्यक्ष, हिंदी विभाग, डॉ. बा.आं.म.विश्वविद्यालय, औरंगाबाद- 431004, (महाराष्ट्र), मो. 9422347678

हिंदी साहित्य के हाशिये में भी हाशिए पर सिमटा हुआ किन्नर समाज

—डॉ. सत्येंद्र प्रताप सिंह

जैसा कि हम जानते हैं साहित्य समाज का दर्पण होता है पर प्रायः देखा जाता है कि यह दर्पण समाज के कुछ वर्गों को मुख्यता दर्शाता है या यूं कहें कि यह कुछ वर्गों को अपने यहां महत्वपूर्ण स्थान देता है और कुछ वर्ग इस साहित्य के दर्पण की परिधि के बाहर है या हाशिए पर स्थित दिखते हैं। इन्हीं हाशिए के समाज में एक महत्वपूर्ण समाज है किन्नर समाज जो इस हाशिए में भी हाशिए पर है। जो हमे इस पर विचार करने हेतु मजबूर करता हैं, कि क्या किन्नर समाज हमारे समाज का हिस्सा नहीं है, या हमारी संकुचित मानसिकता इन्हें अलग समाज बनाकर रहने को मजबूर कर देती है। बहुत कम ही सहृदय साहित्यकारों ने हमारे सामाजिक व्यवस्था में लगभग अ श्य बना दिए गए इस हाशिये के समुदाय के ऊपर अपनी स्याही खर्च की है और बहुत कम ही पाठक हैं जो अपनी ज्ञानचक्षु की परिधि में इन्हे शामिल कर पाये हैं और न अन्य कोई इनके विषय में जानना चाहता हैं।किन्नरों को सुप्रीम कोर्ट ने थर्ड जेंडर के रूप में मान्यता देकर उनके सभी अधिकार सुनिश्चित करने का फैसला दिया था लेकिन आज भी ये लोग अपने अधिकारों से वंचित हैं सुप्रीम कोर्ट ने तो न्यायिक और संवैधानिक अधिकार देने की बात कही थी जो कि एक मानव के रूप में व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत करने के लिए एक महत्वपूर्ण अधिकार है। लेकिन पूर्ण अधिकार नहीं है पूर्ण अधिकार यानी समाज में गरिमापूर्ण जीवन जीने में उनकी मदद साहित्य ही कर सकता है या यों कहें उनकी स्वीकार्यता का दायरा साहित्य ही बढ़ा सकता हैं।हिंदी साहित्य में किन्नरों से संबंधित रचनाएँ मुख्यता कहानी और उपन्यास विधा में मिलतीं है। हिंदी उपन्यास साहित्य में किन्नर समाज या हिजड़ा समुदाय पर प्रमुख रचनाएं यमदीप, मैं भी औरत हूँ, किन्नर कथा, तीसरी ताली, गुलाम मंडी, पोस्ट बॉक्स नंबर 203 नाला सोपारा, मैं पायल, किन्नर गाथा आदि उपन्यास मिलते हैं। वर्तमान में

पोस्ट बॉक्स नंबर 203 नाला सोपारा में बिन्नी नामक पात्र संपूर्ण किन्नर समाज की तरफ से सभ्य समाज की सम्मुख एक विचारणीय या झकझोर के रख देने वाला प्रश्न उठाता है कहता है कि ''मस्तिष्क नहीं हो दिल नहीं हो धड़कन नहीं हो आंख नहीं हो तुम्हारे हाथ पैर नहीं है। है... है... है ...सब वैसे ही है जैसै औरों के हैं।

हिंदी साहित्य के हाशिए पर स्थित विमर्शो में जहाँ स्वानुभूत और सहानुभूति पर एक वैचारिक संघर्ष देखने को मिलता है, वही किन्नर समाज पर लिखी हुई रचनाओं में किन्नर समाज के संघर्षो को यथार्थ रूप में उभारने में उस हद तक सफलता नहीं मिली, जिस हद तक अन्य विमर्श के साहित्य को प्राप्त हुई है। फिर भी ये उपरोक्त उल्लेखित उपन्यास काफी हद तक किन्नर समाज की भावनाओं को संवेदना के स्तर पर काफी हद तक उभार कर सामने लाते है। इन उपन्यासों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान हैं कि ये एक ऐसे समाज को साहित्य में स्थान देने का है जिसके बारे में हम बहुत कम जानते हैं ऐसे में किन्नर समाज की जीवन के कई अनछुए पहलुओं को हमारे सामने लाकर ये उपन्यास हिंदी साहित्य कि सामाजिक दर्पण होने के अभिप्राय को सशक्त करते है।जैसे यमदीप उपन्यास में एक प्रसंग आता है "अब कोई पूछनहार नहीं इसका तो क्या हम ही छोड़ जाएंगे ? अरे हम हिजड़े है, हिजड़े .....इंसान है क्या जो मुँह फेर ले''।[1] यह कथन मनुष्य की सामाजिक असंवेदनशीलता पर एक गहरा व्यंग्य करता है, साथ ही सभ्य लोगो से अधिक करुणा ममत्व भाव व सहायता भाव किन्नरों में दर्शाता है। एक किन्नर होना इस सभ्य समाज में आजन्म पीड़ा और अभिशाप को ढोने जैसा है जिसका दर्द बयां करते हुए किन्नर कथा उपन्यास में देखने को मिलता है।" बचपन से आज तक बस अपने आप में दर्द पीते रहते हैं। दूसरों को हंसाते आए हैं उनकी खुशियों और हिजड़ों के है में शरीक होते आए हैं, आशीष के सिवा कभी किसी को कुछ नहीं दिया, ईश्वर से बस एक शिकायत है आखिर क्यों उसने हमें ऐसा बनाया क्यों हिजड़ा होने का दंड दिया ? काश हम भी औरों की तरह स्त्री या पुरुष होते, हिजड़ा होना कितनी बड़ी सजा है, यह कोई हिजड़ा ही समझ सकता है दूसरा कोई नहीं, कोई नहीं, कभी नहीं।,"[2] माध्यम से उपन्यासकार ने हिजड़ों के जीवन की मार्मिकता अत्यंत संवेदनशीलता से उभारा है। एक किन्नर होने के नाते इस समुदाय को कितना कष्ट उठाना पड़ता है उसकी एक बानगी हमे दिखती है साथ ही यह बताती है, हिंदी साहित्य के हाशिये में स्थित अन्य विमर्शो की अपेक्षा इनकी पीड़ा ज्यादा घनीभूत है, और इनकी पीड़ा में विविधता बहुत अधिक है जिसका पूरी तरह से उभर कर सामने आना तभी संभव होगा जब कोई किन्नर खुद अपनी रचना लिखें चाहे वो कविता के रूप में या कहानी के रूप में या उपन्यास के रूप में या आत्मकथा के रूप में।

मुख्यधारा के समाज से किन्नरों के संबंध को स्पष्ट करते हुए किन्नर कथा उपन्यास में लेखक कहता है ''मेल जोल केवल वहीं तक जहाँ तक इनकी खुशी, शादी, ब्याह, बच्चों का जन्म हो या मुण्डन, हम ही बिन बुलाए बेशर्मी से तालियां पीटते पहुँच जाते हैं, बिन बुलाए मेहमान की तरह हमें हिकारत से देखते हैं , कोई नहीं चाहता हमारा साथ, दूर भागते हमारी छाया से जैसे हम इंसान न हो, कोई अजूबा हो अछूत की तरह व्यवहार किया जाता है हम हिजड़ों से।"[3] अपने पात्र के मुख से कहलवाई गई इन पंक्तियों में उपन्यासकार किन्नरों के जीवन में व्याप्त कष्ट स्पष्ट करता है।आज भी लोगों का रवैया किन्नरों व ट्रांसजेंडरों के प्रति संवेदनहीन ही नजर आता है। आज भी जब कोई किन्नर किसी के पास खड़ा हो तो लोग उसे हेय दृष्टि से ही देखते है। उनकी हँसी उड़ाते है। आए दिन इनके साथ तमाम बुरी घटनाएं होती रहती है।इतना ही नहीं इन्हें प्रशासनिक स्तर पर भी कोई मदद नहीं मिलती है।पुलिस भी इनकी रिपोर्ट नहीं दर्ज करती ।

पुलिस के आंकड़ों में इनके खिलाफ हुए अपराधों का कोई रिकॉर्ड नहीं मिलता है लिंगगत भेदभाव को झेलने वाली इस आबादी को सिर्फ शारीरिक व मानसिक रूप से ही परेशानी नहीं झेलनी पड़ती बल्कि इन्हें आर्थिक रूप से भी बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है यही कारण है कि आज रोजगार में इनकी भागीदारी अत्यल्प है। जैसा कि बच्चन सिंह जी लिखते हैं, "आज की दुनिया पहले से बहुत छोटी हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के कारण विचारों का पारस्परिक आधार प्रदान बढ़ चला है। ऐसी स्थिती में संसार के अन्य भागों के विचारों को आयात करने में कोई हानि नहीं है। उनसे बचा भी नहीं जा सकता लेकिन इसके साथ ही हमें अपनी अस्मिता को भी नहीं भूलना होगा।"[4] इन पंक्तियों के माध्यम से तो आज की दुनिया पहले से बहुत छोटी हो गई है से अभिप्राय एक दूसरे से संपर्क की सुविधा प्रगाढ़ होने से है। लेकिन आज भी हमारे खुद के समाज की विविधताओं में वृद्धि करने वाली बहुत सी अस्मिताएं हमारे संपर्क में न होने के कारण हासिये पर है। किन्नरों पर आधारित अधिकांश उपन्यासों में मुख्यधारा के सभ्य समाज के तथा कथित सब लोगों की पाश्विक प्रवृति को बाखूबी स्पष्टता के साथ दिखाया गया है।

पोस्ट बॉक्स नंबर 203 नाला सोपारा में बिन्नी नामक पात्र संपूर्ण किन्नर समाज की तरफ से सभ्य समाज की सम्मुख एक विचारणीय या झकझोर के रख देने वाला प्रश्न उठाता है कहता है कि ''मस्तिष्क नहीं हो दिल नहीं हो धड़कन नहीं हो आंख नहीं हो तुम्हारे हाथ पैर नहीं है। है... है... है ...सब वैसे ही है जैसै औरों के हैं। यौन सुख लेने-देने से वंचित हो, तुम वात्सल्य सुख से नहीं। बच्चे तुम पैदा नहीं कर सकते मगर पिता नहीं बन सकते या किसी ने समझने दिया तुम्हें। सुनो- पहचानो। पहचानो। अपने श्रम पर जिओ। मनोरंजन की दक्षिणा पर नहीं। हिकारत की दक्षिणा जहर है, जहर। तुम्हें मारने का जहर।तुम्हें समाज से बाहर करने का जहर।"[5] इन पंक्तियों के माध्यम से उपन्यासकार वास्तविकता की स्पष्ट बयानी करते हुए समाज की वास्तविकता को उभारती है साथ ही किन्नर समाज के भीतर से एक संघर्ष की उम्मीद को धार देते हुए दिखाई पड़ती है।

इसी तरह किन्नरों के शोषण के सामाजिक कारण के अलावा आर्थिक कारण को स्पष्ट करते हुए प्रदीप सौरव अपनी तीसरी पाली में अपने पात्र के माध्यम से कहते हैं " माना मैं मर्द हूँ, लेकिन यह समाज मुझसे मर्द का काम लेने के लिए राजी नहीं है मुझे इस समाज ने मादा की तरह भोग की चीज में तब्दील कर दिया है। मैं मर्द रहूँ, औरत रहूँ या फिर हिजड़ा बन जाऊ, इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ेगा पेट की आग तो बड़े -बड़ों को न जाने क्या क्या बना देती है।"[6] कहीं ना कहीं आर्थिक विपन्नता के लिए सामाजिक स्वीकार्यता ही जिम्मेदार है। क्योंकि सामाजिक स्वीकृति न होने के कारण इन्हें रोजगार के क्षेत्र में प्रवेश नहीं मिलता है मजबूरन समाज के लिए निकृष्ट समझी जाने वाली देह व्यापार जैसे व्यवसायों में इन्हें जूड़ना पड़ता है। किन्नरों के जीवन की सबसे बड़ी विडंबना इनका विस्थापन है विस्थापन का दंश इन्हे जीवन पर्यत झेलना पड़ता है। जैसे कि 'मैं पायल....' उपन्यास में लेखक विस्थापन के दंश को को स्पष्ट करते हुए कहता है। ''मैं पायल..... का आधार किन्नर गुरु पायल सिंह के जीवन संघर्ष की गाथा ही है। जिसमें

प्रत्येक किन्नर के अतीत के संघर्ष की झलक पर लक्षित होती है विस्थापन का दंश कष्टकारी होता है फिर चाहे वह परिवार समाज या अपनी मिट्टी से किया हो।"[7] विस्थापन का दंश न केवल व्यक्ति या समूहों को शारीरिक पीड़ा या मानसिक पीड़ा देता है बल्कि उसकी संपूर्ण अस्मिता से विस्थापित कर देता है, यदि विस्थापित समूह अपनी नई अस्मिता स्थापित करने का प्रयास करता है तो उसके लिए साहित्यिक विमर्श एक महत्वपूर्ण माध्यम होता है। वही समूह अपनी नई अस्मिता का विकास कर सकता है जिसके जिसके भीतर एक चेतना का निर्माण हो सका है। जैसा कि राम स्वरूप चतुर्वेदी हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास में लिखते हैं ''आधुनिक भाव-बोध के समग्र साहित्य की एक प्रमुख विशेषता उसका स्वचेतन होना है। परिवर्तन और विकास के बीच प्रधान अंतर चेतनता का हैं। परिवर्तन सहज है,विकास प्रयत्न-साध्य हैं, और आधुनिकता विकास का स्वच्चेतन प्रयत्न है।"[8] दुर्भाग्य से आज भी किन्नर समाज अपनी चेतना की स्थिती को नहीं प्राप्त कर सका है। किन्नर समाज हिंदी साहित्य के विस्तृत हाशिए में इसलिए सिमटा हुआ नजर आता है क्योंकि जो भी रचना है इन से संबंधित मिलती है वो भी इनकी पीड़ा को घनीभूत स्तर पर परलक्षित नहीं कर पाती है क्योंकि वो रचना है सहानुभूति के स्तर पर लिखी गई है इसीलिए स्वानुभूत जैसी वेदनात्मकता नही उभारकर ला पाती हैं।

हिंदी साहित्य में उपन्यास के अलावा केवल कहानियों में प्रमुख रूप से किन्नर समाज के बारे में वर्णन मिलता है कई कहानियों में नायक या मुख्य पात्र किन्नर समाज से साहित्य के वर्तमान परिपेक्ष में लिंग निरपेक्ष समाज बहिष्‌ त किन्नर अथवा थर्ड जेंडर समुदाय पर चिंतन और चर्चा तेज हुई। हिंदी के नई सदी में विमर्श प्रभावी रूप से सामने आ रहा है और किन्नर समाज के जीवन की दर्द भरी कहानियों को नया आयाम दे रहा है। इन कहानियों में 'बिन्दा महाराज' 'किन्नर' 'इज्जत के रहबर' 'पन्ना बा' 'नेग' 'बीच के लोग' 'त्रासदी' 'मुर्दन के गांव' 'हिजड़ा' 'संझा' माहुर आदि में किन्नर व्यथा का यथार्थ परिलक्षित हो रहा है। किन्नर समाज पर लिखी गई कहानी है उनकी पीडा की कहानी कहती नजर आती है।हिंदी साहित्य में अभी उतनी कहानियाँ इन पर नहीं लिखी गई है, जितनी अन्य विमर्शों पर लेकिन फिर भी जो कहानियाँ लिखी जा रही है, उससे इस समाज के स्वरूप को समझने में काफी मदद मिल सकती हैं।किन्नर वर्ग के प्रति सामाजिक तिरस्कार निश्चित तौर पर अत्यंत दुखदायी है। इस वर्ग से जुड़ें मनुष्य की उपेक्षा का आलम यह है कि एक सामान्य मनुष्य भी यदि कुछ कमी रह जाती है तो लोग उसे हिजड़ा कहकर संबोधित करने लगते हैं।इस वंचित समाज को लेकर गरिमा दुबे जी अपनी कहानी पन्ना बा में लिखती है। ''कोई काम पर रखे नहीं, कोई माता पिता इस अभिशाप को रखने को राजी नहीं, कोई नौकरी नहीं, कोई पढ़ाई नहीं, बेचारा मनुष्य जिए भी तो कैसे? कैसे देह से परे हो, फिर जी जाती है। एक अभिशप्त किन्नर की जिंदगी।"[9] ये पंक्तियाँ केवल किन्नर की केवल किन्नर की व्यथा नहीं व्यक्त करती बल्कि मानव के मन मस्तिष्क पर प्रभाव भी डालती है। किस तरह से समाज मानव मानव के साथ भेदभाव कर रहा है। किन्नर समाज हमारे समाज का एक अभिन्न अंग है फिर भी समाज का हर वर्ग इन्हें हिकारत से देखता है और मनोरंजन से अधिक और कुछ नहीं समझता है। सभी कहानियों में साहित्य समाज की परंपरागत कुछ सोच दिखाई देती है जो

सदियों से लेकर आज भी अपनी संकीर्ण सोच से उबर नहीं पायी इन कहानियों के पात्र का अध्ययन करते हुए एक बात निश्चित रूप से कही जा सकती है कि अधिकांश किन्नर घोर आस्तिक होते हैं। आस्तिक होना उनके मन में एक उम्मीद के प्रति आग्रह को दिखाता है। इन कहानियों में किन्नरों के कष्टप्रद जीवन का कटु यथार्थ हमारे सामने आता है। इन कहानियों के माध्यम से किन्नर समाज के सच को बाहर लाने या मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया गया ताकि साहित्य के माध्यम से हम यह समझ सके कि किन्नर समाज का स्वरूप क्या है, और उसको किस तरह से नकारात्मक रूप से लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है क्योंकि जब तक हम इन कहानियों को नहीं समझ पाएंगे हम उनके बारे में उतना ही जानते हैं जितना हम देखते हैं, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक भयावह है और दुखी कर देने वाली है यहाँ हम कहानी कहानियों के माध्यम से ही समझ सकते हैं और हमें जब भी समाज के स्वरूप को समझने की जरूरत पड़ेगी तब तब हमें साहित्य की इन कथाओं से जो अभी भी पर्याप्त रूप में नहीं लिखी गई है से दो चार होना पड़ेगा। यद्यपि साहित्य का उद्देश्य समाज को पूर्ण रूप से बदलना नहीं है। फिर भी वह संकीर्ण मानसिकता को बदलने में सहायक की भूमिका तो निभाता ही है। इस दृष्टि से ये कहानियाँ संख्या में कम होने के बावजूद एक सार्थक पहल कही जा सकती है हालांकि अभी भी समाज की बै चार की इन्हें स्वीकार करने में हिचक रही है फिर भी आज इनके विषय में साहित्य जगत में हाशिये में भी हाशिए पर ही चाहे चर्चा एवं हलचल दिखाई पड़ रही है संभवता यही हलचल एक दिन समाज के लोगों के मन मस्तिष्क को प्रभावित कर किन्नरों को समाज में या मुख्यधारा के समाज में एक सम्मानित स्थान दिलाएगी। जैसा कि रजनी प्रताप अपने एक लेख में लिखते हैं कि ''किन्नर अपने जीवनकाल में अनेक विसंगतियो का सामना करता है।३३३.. समाज की रोड मानसिकता के कारण किन्नरों की छवि ऐसी बन गई है कि माता पिता भी किन्नर के रूप में पैदा हुई अपनी संतान को अपनाने से कतराते हैं।जीवन के प्रथम पड़ाव पर ही किन्नर को इस चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। समाज में विचरने वाले सामान्य मानव की मानसिकता तो ऐसी है समाज के उच्च वर्ग राजा महाराजा आज भी इसी मानसिकता से ग्रस्त है।"[10] आखिर वो कौन सी परिस्थितियां रही होंगी जो एक माँ बाप को अपनी संतान को एक अंग विकसित न होने के कारण इस तरह त्यागना पड़ता है। आखिर ऐसी कठोर विवशता की निर्मति कितनी कठोर होगी सोच से परे हैं। किन्नर समाज के बच्चे के साथ ही उनके माँ बाप भी पीड़ा से व्यथित होते हैं लेकिन समाज में ऐसे बच्चों की शिव कार्यकता को लेकर भी चिंतित होते मुख्यधारा का तथाकथित सभ्य समाज ऐसे बच्चों को स्वीकार नहीं करता बल्कि अत्यंत घृणित नजरों से देखता है इसी अपमान से बचाने के लिए माता पिता भांति भांति से प्रयत्नशील रहते है। किन्नर कथा उपन्यास में उपन्यासकार प्राक्कथन में ही एक प्रश्न के माध्यम से किन्नर समाज की गंभीर समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए कहता है कि ''प्रकृति ने किन्नरों के साथ ३. किया? क्यों हम किन्नरों को मुख्यधारा में शामिल करने से बचते रहे हैं? क्यों यह माना जाता था कि वह हमारी तरह इंसान नहीं है? ये कुछ ऐसे जिंदा और ज्वलंत सवाल है जिसका जवाब समाज और सभ्यता को इस 21 वीं सदी में देना चाहिए। आखिर किन्नर भी हमारी तरह चलते फिरते

हंसते बोलते मनुष्य हैं केवल एक शारीरिक कमी के कारण न तो वह स्त्री और ना ही पुरुष के दायरे में रखे जा सकते हैं।"[11] वास्तविकता में देखा जाए तो व्यक्ति में कोई मानसिक शारीरिक कमी हो तो भी वो हर हाल में अपने माँ बाप को प्रिय होता है, परन्तु किन्नर बच्चा होने पर इज्जत और सामाजिक अवहेलना के कारण ऐसे संतानों से छुटकारा पाने का प्रयास किया जाता है। मानव के प्रति मानव जाति द्वारा किया गया यह एक घृणित और अक्षम्य अपराध है।

हिजड़ा होना प्राकृतिक है विज्ञान के अनुसार यह गुणसूत्रों के असंतुलन से आई एक विशेषता है। लेकिन सामाजिक दृष्टिकोण से इस गुणसूत्र विशेषता को कभी सम्मान की नजर से नहीं देखा गया। इसे हमेशा हीन भावना से देखा गया। किन्नरों का जीवन कैसा है, उन्हें कैसी सामाजिक आर्थिक स्वास्थ्यगत और व्यक्तिगत कठिनाइयां झेलनी पड़ती है उनकी परम्परा और रिवाज क्या है वह अपनी वंश परंपरा का निर्वहन कैसे करते हैं ? इन सब प्रश्नों से समाज का एक बड़ा हिस्सा अपरचित रहा है और हिजड़ों के जिससे सामाजिक जीवन से हम परिचित हैं। वह अत्यंत दयनीय है तथा उसे हम एक हिकारत की नजर से देखते हैं ,जैसा कि हम जानते हैं आधुनिक साहित्यिक विधवाओं में कथा साहित्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण विद्याओं में से एक है, उसमें भी उपन्यास को महाकाव्य का स्थानापन्न कहा जाता है। किसी भी समाज के विस्तृत अध्ययन का फल हमें उपन्यास के माध्यम से या कहानी के माध्यम से आत्म कथा के माध्यम से प्राप्त हो सकता है।किन्नर समाज के बारे में अन्य हाशिए के समाज की अपेक्षा बहुत अधिक भ्रम फैला हुआ इसलिए इनसे संबंधित रचनाओं के सहानुभूति के स्तर से उठकर स्वानुभूत के स्तर तक आना बहुत जरूरी है ,जहाँ बहुत सारे हाशिए के विमर्श इन्हीं विधाओं के माध्यम से समाज के मुख्यधारा यह साहित्य के मुख्यधारा में अपना स्थान बनाने में कामयाब हुए हैं। स्त्री पुरुष की संरचना प्र ति द्वारा निर्धारित होती है। जैविक आधार से स्त्री पुरुष और किन्नर को शारीरिक मानसिक भिन्नता प्रदान की है मानव समाज में परस्पर भिन्न लिंगी मनुष्य एक दूसरे के पूरक व सहयोगी रहे है। किंतु मानो सभ्यता के विकास से ही लिंग भेद के कारण दमन अन्याय शोषण और असमानता का लंबा इतिहास भी विद्यमान रहा है। विशेषकर किन्नर समुदाय को हाशिए पर धकेल दिया गया और किन्नर समाज अभी भी साहित्य के हाशिये में भी हाशिए पर स्थित है। या यों कहें की साहित्य के विस्तृत होते हाशिए में सिमटा हुआ सा हैं। पित्रसत्तात्मक भारतीय समाज में किन्नर समाज के लोगों को किस तरह बहिष्‌ त किया जाता है तथा उनके साथ मनुष्य की तरह व्यवहार नहीं किया जाता है बल्कि उनकी अस्तित्व को ही नकारते हुए उन्हें अत्यंत हेय ष्टि से देखा जाता अन्य हाशिये के समाज से इतर किन्नर समाज की की प्रमुख समस्या यह भी है कि उन्हें सामाजिक आर्थिक अधिकारों के साथ ही राजनीतिक अधिकारों से भी वंचित होना पड़ा है। आज तक भारतीय समाज में किन्नर समाज का कोई भी व्यक्ति संविधान द्वारा प्रदत्त अपने राजनीतिक अधिकारों को हासिल करने में असफल रहा है उदाहरण के तौर पर भारतीय संविधान उन्हें चुनाव लड़ने की स्वतंत्रता प्रदान करता है किंतु देश के इतिहास में आजतक कोई किन्नर विधानसभा अथवा संसद की सदस्यता हासिल नहीं कर सका हैं। आजादी के छह दशक के बाद सर्वोच्च न्यायालय को उनके पक्ष में हस्तक्षेप करना पड़ा और अपने एक निर्णय के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय

ने किन्नरों को समाज में स्वीकारता देने का प्रयास किया। लेकिन मुख्यधारा का समाज अभी भी इन्हें पूर्ण रूप से स्वीकार्यता देने का कोई विचार करता हुआ नजर नहीं आता है। जिसका सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण हिंदी साहित्य के हाशिये में भी इनका अभी तक हाशिये में ही विद्यमान होना है। आज जहाँ हिंदी साहित्य के अन्य विमर्श से संबंधित रचनाओं की प्रमुखता दिखती है। वही किन्नर समाज से संबंधित रचना होगी संख्या में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं दिखती है। हालांकि समाज ने इंसानियत के जिंस तकाजे पर इस समुदाय को मनुष्यता के सामाजिक पैमाने से बाहर कर दिया है वही मनुष्यता मुख्यधारा के समाज से अधिक इनमें दिखती है। आज भी समाज इन्हें पीड़ित के रूप में नहीं पीड़ित के रूप में नहीं अपितु एक घृणित नजरिये से देखता है।ये घृणा समाज मैं इन्हें सम्मान पूर्वक जीवन जीने के लिए भी अवसर नहीं देती हैं।जिस को स्पष्ट करते हुए गरिमा संजय दुबे जी अपनी कहानी पन्ना बा में लिखती हैं कि ''कोई काम पर रखे नहीं, कोई माता पिता इस अभिशाप को रखने को राजी नहीं, कोई नौकरी नहीं, कोई पढ़ाई नहीं, बेचारा मनुष्य जी ये भी तो कैसे? देह से परे हो फिर इस तरह जी जाती है एक अभिशप्त किन्नर की जिंदगी।"[12] किन्नर समाज को जीते जी दुख तो सहना ही पड़ता है अपितु मरने के बाद भी कम दुर्गति उनकी नहीं होती हैं। पन्ना बा कहानी में एक किन्नर के मरने के बाद उसकी क्या स्थिति होती हैं को स्पष्ट किया गया ''वह किन्नर की मौत पर उसकी लाश की जूतों से पिटाई की खबर पढ़ ही रही थी कि पता चला पन्ना बाबा मर गया''।[13] इस तरह की वीभत्स दृश्य; एक सभ्य समाज में कल्पित नहीं किए जा सकते हैं। किन्नरों की इसी दयनीय स्थिति के बारे में स्पष्ट करती हुई कीर्ति मलिक लिखती हैं कि ''समाज में किन्नरों को अत्यन्त ही हैं और नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है धार्मिक दृष्टिकोण मैं इन्हें उच्च व पवित्र स्थान दिया जाता है, वही व्यावहारिक दृष्टिकोण में इनके साथ बहुत ही हेय व्यवहार किया जाता है। किन्नर, समाज में सिर्फ हाशिए पर ही नहीं है बल्कि समाज में इनके प्रति बहुत ही गलत धारणाओं को भरा जा रहा है। जिसके कारण लोग इनके प्रति काफी नकारात्मक विचार रखने लगे हैं।"[14] इस प्रकार हम देखते हैं, इनके प्रति समाज में बहुत सारी मिथ्या पर आधारित धारणाएं प्रसारित की जाती हैं, जिनका वास्तविकता से कोई लेना देना नही हैं। हिंदी साहित्य में अभी तक कोई सार्थक प्रयास नही हुए इनके उत्थान के लिए।

हाशिए मे हाशिए पर स्थित किन्नर समाज से संबंधित रचनाओं के माध्यम से किन्नर समाज से संबंधित कई महत्वपूर्ण विचारणीय प्रश्न और किन्नर समाज की समस्याएं उभर कर सामने आती है।एक किन्नर की सामान्य इच्छा होती है कि उसे भी एक सामान्य मनुष्य समझा जाए और उसकी इस इच्छा की पूर्ति में साहित्य एक महत्वपूर्ण रोल निभा सकता है।आज हिंदी साहित्य में उपलब्ध रचनाओं का अवलोकन करने पर पता चलता है कि बहुत सारे किन्नर वेश्यावृत्ति नशे की तस्करी व न जाने कितने अनैतिक कार्यो में लिप्त रहते हैं। जिसका प्रमुख कारण है कि शिक्षा का अभाव, तकनीकी अकुशलता, आर्थिक असमर्थता, बेरोजगारी व परंपरागत पेशे का अज्ञान और इन सब कमियों का मुख्य कारण है उनकी समाज में अस्वीकार्यता। ये अस्वीकारता

कहीं न कहीं साहित्य से किन्नर समाज के प्रति और गंभीर भूमिका के निर्वहन की अपेक्षा करती हैं।

संदर्भ सूची :

1. नीरजा माधव, यमदीप, सुनील साहित्य सदन-2009, पृ.12
2. महेंद्र भीष्म, किन्नर कथा, सामयिक प्रकाशन -2011, पृ.66
3. वही पृ.66
4. बच्चन सिंह, हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास, राधाकृष्ण प्रकाशन -2018 पृ.514
5. चित्रा मुद्गल, पोस्ट बॉक्स नं 203 नाला सोपारा, सामयिक प्रकाशन-2017, पृ. 50
6. प्रदीप सौरभ, तीसरी ताली, वाणी प्रकाशन -2013, पृ.57
7. महेन्द्र भीष्म, मैं पायल ३.अमन प्रकाशन-2016, प्रस्तावना पृ.11
8. रामस्वरूप चतुर्वेद, हिंदी साहित्य संवेदना का विकास, लोकभारती प्रकाशन-2018 पृ.268
9. एम.फिरोज (संपा.), पन्ना बा -गरिमा संजय दुबे, वांग्मय (त्रैमासिक) महेंद्र भीष्म, किन्नर कथा, सामयिक प्रकाशन -2011 पत्रिका, जनवरी -मार्च-2017 पृ.120
10. प्रताप, रजनी, किन्नर समाज की चुनौतियाँ समसमयिक सरस्वती, अप्रैल-2018. पृ.54
11. महेंद्र भीष्म, किन्नर कथा, सामयिक प्रकाशन -2011, प्राक्कथन
12. एम. फिरोज (संपा.), पन्ना बा- गरिमा संजय दूबे, वांग्मय (त्रैमासिक) हिंदी पत्रिका, जनवरी-मार्च 2017, पृष्ठ 120
13. वही पृष्ठ 121
14. सरस्वती वर्ष अंक 13-147 अप्रैल- सितंबर -, 2008 पृष्ठ 70

❒❒❒

डॉ. सत्येंद्र प्रताप सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी), लाजपत राय महाविद्यालय, साहिबाबाद, गाजियाबाद (यू.पी.), पिन-201005, मो. 9818834864

मध्यकालीन युग में संत जाम्भोजी

—सोनम डेहरिया

मध्यकालीन युग में पाखण्ड और आडम्बरों में उलझी हुई थी, जनता आर्थिक मानसिक सुख-शान्ति की तलाश में आपस में अशान्ति फैलाए हुए थी। हिन्दू अपने झाड़ा-फूंका में पड़े थे, मुस्लिम काजी-मौलवियों के चक्कर में पड़े थे। यानि साम्प्रदायिक भावना बड़ी प्रबल थी, हिन्दू समाज में धार्मिक भावना का अभाव था। जाम्भोजी ने अपनी वाणियों में इस प्रकार व्यक्त उन्होंने उस समय के आडम्बरकारी-पाखण्डी साधुओं को भी पथ-प्रदर्शन किया है, ताकि वो भोली-भाली, विश्वास करनेवाली जनता को भ्रमित ना करे।

भारतीय इतिहास में मध्यकाल अनेक कारणों से संक्रमण काल माना जाता है। यह काल राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक दृष्टि से ह्रास का काल था। इस काल में भारतीय धर्म एवं संस्कृति का भवन डांवाडोल हो गया था और चारों ओर अशान्ति का वातावरण फैला हुआ था। हर तरफ हर सम्प्रदाय को हताशा और निराशा के काले बादलों ने घेर लिया था। मानो ऐसा लग रहा था कि भारतीय संस्कृति और भारतभूमि भी घोर चक्रव्यूह में घिर गई थी। जब ऐसा समय भारतभूमि पर आया है तो कभी वीर सपूतों तो कभी ईश्वर के अवतारों ने अपनी वाणियों से सभी जन को जाग्रत किया है। मध्यकालीन युग को स्वर्णकाल कहा गया है शायद, इसलिए भी कि लगभग सभी सन्तों रूपों स्वर्ण का जन्म इस काल में भारतभूमि की सन्तान को उल्लास, हर्ष, दिशा व दशा देने के लिए हुआ है। 'सन्त' शब्द का प्रयोग प्रायः बुद्धिमान, पवित्रात्मा, सज्जन, परोपकारी, सदाचारी आदि के अर्थ में किया जाता है। कभी कभी इसे भक्त, साधु एवं महात्मा जैसे शब्दों का भी पर्याय मान लिया जाता है।''[1]

जहाँ तक शब्द की व्युत्पत्ति का प्रश्न है, कुछ लोग इसे शान्त शब्द का रूपान्तर मानते हैं, तो कुछ अन्य लोग इसे 'संति' या 'सत्य' का वि त रूप मानते है।[2]

'सन्त शब्द से अभिप्राय जो सदैव शान्त रहते हैं, जो आचरण से भी और मन के विचरण से भी, उसे सन्त कहते हैं।[3]

आचार्य मुरारी पाण्डेय के अनुसार सदैव सत्य और शक्ति का आचरण करते हैं, सन्त कहलाते हैं।[4]

हिन्दी की आधुनिक परिभाषिक मर्यादा को ध्यान में रखकर विचार करने वाले सन्त शब्द में अंग्रेजी के 'सेंट' शब्द की अर्थछाया का भी स्पष्ट अनुभव करते हैं।[5]

मध्यकालीन युग अनेक सन्तों की जननी का भी युग रहा है। राजस्थान, जोधपुर के नागोर के पीपासर गाँव में सन् 1451 ई. में सन्त जाम्भोजी का अवतरण हुआ। वे जाति से परमार दवार

राजपूत थे। जम्भोजी के पिताजी का नाम लोहित तथा माता जी का नाम हांसा देवी या गुर की। जब केवल सात वर्ष के थे तो उनका व्यवहार सामान्य बालकों के समान नहीं था। वे अधिकांश मौन रहते थे। माता-पिता उनके सम्बन्ध में चिन्तित रहते थे-

हासा लोहट न कहें, सुनो बात चित्तलाय।
बालक मोटो, बोले नहीं, कोई जतन कराय।[6]

मध्यकालीन युग धार्मिक दृष्टि से बहुत पिछड़ गया था, सभी लोग अन्धविश्वासों से बहुत जकड़ गए थे। सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग अपने धर्म-समुदाय के धार्मिक बाबाओं के चक्कर में पड़ गए थे। अन्धविश्वास और आडम्बर का बोल बाला भी था। उस युग में लगभग सारी जनता अन्धविश्वासों के घेरे में कसी हुई थी। तब उन्होंने नागौर से एक पुरोहित को बुलाया, जिससे बालक के ऊपर पड़ी हुई किसी की छाया उतर जाए, परन्तु वह बालक तो पूर्व जन्म के ज्ञानी थे। वे स्वयं पुरोहित से कहते हैं कि-

''गुरु चीह्नों गुरु चीह्न पुरोहित।
गुरुनुख धर्म बखाणी।''[7]

जम्भोजी ने गुरु का महत्व और परिचय देते हुए जब बताया तो पुरोहित बालक का अलौकिक स्वरूप देखकर वहाँ से खिसक लिया। जम्भोजी ने गुरु के बारे में बताया कि-'गुरु आप सन्तोषी अवरां पोखी। तन्त महारस वाणी।''[8]

जैसे-जैसे गुरु जम्भोजी बड़े हुए तो गाय चराने लगे और पर्यावरण के बारे में अपने मित्र-बन्धुओं को बताने लगे। यानि जो महाभारत ष्ण लीलाओं में गोकुल वृन्दावन का गाय चराने वाला और पर्यावरण, प्रकृति प्रेम पौराणिक ग्रन्थों में मिलता है वो आचरण जम्भोजी के कृतित्व में मिलता है। साथ में यह सन्देश भी मिलता है कि भारतभूमि पर गोधन का सबसे बड़ा धन और धार्मिक परम्पराओं आस्था, मान्यताओं में गाय को माँ तुल्य माना है, जिसमें देवताओं का वास होता है। आधुनिक काल में इसी गोधन का अपमान होता है जो अपने अस्तित्व की तलाश पाने के लिए आवाज दे रही है। गुरु जम्भोजी गायों के रक्षक रहे। गुरु जम्भो जी ने कर्नाटक के शेख सद्यों से गौ-हत्या बन्द करवाई थी। उन्होंने कहा-

''सुणि रे काजी सुधि रे मुल्ला, सुणियौ लोग लु गाई।
म्हे नर निरहारी एकलवाई जिणिओ राह फरमाई।।
जोर जरब करद जो छाड़ौ, तो कलमां नाप खुदाई।
जै हक साच सिदक ईमान सलामति, जिणि अभिसत ज पाई।''
पुन: उसे एक सबद फारसी में कहा-
'हस चिदारी सरफ कुं दर राह कु:।
लुकत ना कुल वेरह तात तुलफ कुं:।[9]

आज जब पूरा विश्व पर्यावरण के संरक्षण के लिए नित्य कोई न कोई उपाय कर रहा और पर्यावरण भी सुरक्षा, को लेकर चिन्तित है। मध्यकालीन युग में गुरु जम्भोजी ने पर्यावरण संरक्षण का बोध कराया था, जो उनकी दूरदर्शिता दश्ष्टि का परिणाम है। वे जन्मजात ब्रह्मज्ञानी और ब्रह्मयोगी सन्त थे। उनका व्यक्तित्व अलौकिक था, जिसे देखकर जोधपुर नरेश जोधा जी के भ्राता कान्हाजी व पुत्र उधव जी भी आश्चर्यचकित हो गए। उधाजी कहने लगे कि मैंने आपके चारों ओर प्रकाश देखता हूँ तथा आपके मुखरविन्द की ज्योति दृष्टिगोचर होती है। यह बड़ा रहस्य है। वे उत्तर देते हैं-

"मोरे छाया न माथा लो ही न मांसू,
रक्तूं न धातूं मीरे माईन बापू।।"[10]

हर सम्प्रदाय का कोई ना कोई विशेष धार्मिक स्थान होता है जिसको वो मोक्ष की तरह मानते हैं। जीवन में एक बार वहाँ जाकर पवित्र मानते हैं कि उन्हें कई जन्मों में नहीं भटकना पड़ेगा। सांसारिक प्राणी परमात्मा की खोज तीर्थ स्थानों में करने का प्रयत्न करते है, परन्तु जम्भोजी का इस सन्दर्भ में रहस्यपूर्ण कथन है-

"अड़सठ तीरशु हिरदा भीतर बाहर लोकाचारू"[11]

इसी बात को सन्त कबीरदास जी ने भी व्यक्त किया है-

बन्दे कहाँ ढठि मैं तो तेरे पास में।
ना मैं मस्जिद, ना काबा कैलास में।।[12]

मध्यकालीन युग में पाखण्ड और आडम्बरों में उलझी हुई थी, जनता आर्थिक मानसिक सुख-शान्ति की तलाश में आपस में अशान्ति फैलाए हुए थी। हिन्दू अपने झाड़ा-फूंका में पड़े थे, मुस्लिम काजी-मौलवियों के चक्कर में पड़े थे। यानि साम्प्रदायिक भावना बड़ी प्रबल थी, हिन्दू समाज में धार्मिक भावना का अभाव था। जाम्भोजी ने अपनी वाणियों में इस प्रकार व्यक्त उन्होंने उस समय के आडम्बरकारी-पाखण्डी साधुओं को भी पथ-प्रदर्शन किया है, ताकि वो भोली-भाली, विश्वास करनेवाली जनता को भ्रमित ना करे। साधु-सन्तों का कार्य समाज की जनता को शान्ति और सत्य का सन्देश देने का होता है, बाकि धार्मिक माध्यम से जनता, आस्था के माध्यम से बहुत सीखती है, विश्वास रखती है और साधु-सन्तों को जनता का विश्वास और आस्था को मजबूत करते हुए आपसी प्रेम, समाजकल्याण राष्ट्रहित की भावना का सन्देश देना चाहिए। उन्होंने तत्कालीन भ्रमित साधुओं का भी पथ-प्रदर्शन किया और कहा-

"पार ब्रह्म की सुध न जाणी,
ते नागे जोग न पायो।"[13]

इस युग में पशु-बलि दी जाती थी, बाकि पशुओं की हिंसा होती थी। जिसका विरोध समाज-सुधारक सन्तों ने अपनी वाणियों में सूब किया, कबीरदास जी ने ऐसे लोगों को खूब फटकार लगाई। कुछ पाखण्डी साधु-सन्त पशु की सम्पम्नन किया करते थे। जम्भोजी दिग्भ्रमित हिन्दु, पाखण्डी साधुओं को फटकारते थे तो कभी मुसलमानों मुल्लाओं और काजियों की भी भर्तस्ना करते थे-

"सुणरे काजी सुणरे मुल्ला सुणरे
बकर कसाई।"[14]

जम्भोजी का मत सभी जीवों को एक समान समझना या, सभी में जीवात्मा है, सभी जीव परमात्मा का परमात्मा यानि ऊपरवाले का अंश है।

गुरु जम्भोजी की दशष्टि में मानव जीवन केवल भगवान की भक्ति करके भवसागर से मुक्ति प्राप्त करने के लिए हुआ है। यह अज्ञानी पुरूष तीन अवस्थाओं में बँधा हुआ है। इस मानव योनि में भी यह भगवान विष्णु की भक्ति नहीं करता। यह बहुत बड़ी हानि है। मानव जीवन क्षणभंगुर है। जीवन का समय निरन्तर घटता जाता है। इस सन्दर्भ में जम्भोजी मानव को सावधान करते हुए कहते हैं - अहनिश आव घटंती जावै, तेरे श्वासभी कास वारूं।" इसी सन्दर्भ में सन्त कबीर ने भी कहा है -पानी केरा बुदबुदा अस मानस की जात। देखत ही छिप जाएगा ज्यों तारा प्रभात।

मानव अज्ञान से ओतप्रोत है। वह जीवन के उद्देश्य से भटक गया है। जम्भोजी ने जीवन के मूल मन्त्र को अपनी वाणी में इस प्रकार व्यक्त किया है - **विष्णु विष्णु भण अजर जरीजै, यह जीवन का मूलूं।।**'' सच्चे ज्ञान और अक्षर ज्ञान में अन्तर है। व्यक्ति हो या समाज दया-धर्म बहुत जरूरी है। अन्यथा समाज में वि तियां, विसंगतियां और अराजकता उत्पन्न हो जाएँगी। जैसे आजकल समाज में भ्रष्टाचार और अराजकता का बोलबाला है। जाम्भोजी ने इस भाव को अभिव्यक्त करते हुए लिखा है-**जां जां दया न धर्मूं, तां तां बिकरम कर्मूं।**

जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा। उन्होंने खेती को उत्तम बताया है। वर्षा के जल को महत्त्व प्रदान किया है। उस युग में अनेक प्रकार के गुरु होते थे। सतगुरु होना बड़ा कठिन था। उन्होंने सतगुरु की महिमा बताई, जो समाज के लिए बड़ी हितकारी है। **सतगुरु मिलियो सतपंथ बताओ, भ्रान्त चुकाई, मरणे बहु उपकारी करै।** इसी सन्दर्भ में आधुनिक सन्त ब्रह्मानन्द सरस्वती ने भी कहा है-**यह तन विषय की बेल है, गुरु अमश्त की खान। तन-मन-धन दिये गुरु मिले, फिर भी सस्ता जान।।**[15]

जाम्भोजी का महत्त्वपूर्ण युगबोध था कि उच्च कुल और जाति में जन्म लेने से कोई बड़ा नहीं होता। सुकर्म से व्यक्ति बड़ा होता है-**उत्तम कुली का उत्तम न होयबा, कारण किरिया सारूं।।**[16] मनुष्य का आचरण ही प्रधान होता है। कोरे उपदेश नहीं। जाम्भोजी आचरण को प्रधान मानते हुए लिखते हैं-पहलै किरिया आप कमाईए, तो औरा न फरमाइए। तुलसीदास ने भी कहा है-**पर उपदेश कुशल बहुतेरे। जो न आचरहे ते नर फक्केरे।।**[17] स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती ने भी लिखा है-बदल दे सारी दुनिया को बदलना ही तेरा काम है। सबसे पहले आप बदल जा इसी में तेरा नाम है।[18]

जाम्भोजी ने भगवान श्रीकृष्ण जी की लीलाओं का अनेक स्थानों पर वर्णन किया है-**जां जां बाद बिबादी अति अहंकारी, लबद सबादी कृष्ण चरित बिन नाहिं उतरिबां पारूं।।** उन्होंने सत्संग को भवसागर की नौका कहा है-**उत्तम रंग सुरंगू, उत्तम संग सुरगूं लंग सुलंगू।**[19] सत्संग की महिमा और कुसंग की हानि का वर्णन प्राचीनकाल से ही होता आ रहा है। आज समाज में सत्संग की अपेक्षा कुसंग का बोलबाला है। समाज में कलह, हिंसा, भ्रष्टाचार और अशान्ति व्याप्त है। गुरु शिष्य परम्परा वैदिककालीन है। गुरु कल्याण पथ का प्रदर्शक है और निगुरा भटकता है।

उस युग में नाथ सम्प्रदाय में अनेक प्रकार की भ्रान्त धारणाएँ फैली हुई थी। योग साधना के स्थान पर अन्य साधनाएँ प्रचलित थी। जाम्भोजी ने उनको भी सन्मार्ग प्रदान किया। उन्होंने दान की महिमा का भी वर्णन किया है, क्योंकि कलियुग में दान को धर्म का चौथा चरण माना गया है। दान सुपात्र को देना चाहिए, कुपात्र को नहीं। बीज उपजाऊ धरती में बोने चाहिए, बंजर भूमि में नहीं, तभी अच्छी फसल होती है-**दान सुपाते बीज सुखेते, अमश्त फूल फलीजैं।** उन्हें पशुपालन के अतिरिक्त खेती बाड़ी का भी बड़ा बोध था। इसलिए अनेक प्रतीक कृषि व कृषक वर्ग से सम्बन्धित है। समाज के अपराधों के प्रति भी उनका बोध था। उन्होंने परोपकार को बड़ा महत्त्व प्रदान किया है। सांसारिक प्राणी राग-रंग और भोग विलास में ही प्रसन्न रहते हैं। जाम्भोजी राज महलों, मन्दिर, मठों में निवास नहीं करते थे, वे तो प्र ति की गोद में आनन्द मग्न रहकर लोककल्याण करते थे-हरी कंकहड़ी मंडप मैड़ी, जहाँ हमारा बासा।। उनके प्रकृति प्रेम और विश्व पर्यावरण का अनुपम उदाहरण है।

जाम्भोजी को कलियुग का भी अद्भुत बोध था। उन्होंने भगवान विष्णु की **भक्ति** पर विशेष बल दिया है और मनुष्य जीवन को रत्न के समान अनमोल माना है। भगवान की भक्ति से सभी भय मिट जाते हैं-**विष्णु विष्णु तू भणरे प्राणी पैंके लाख उपाजूं। रतन काया बैकुंठे बासो, तेरा जरा मरण भय आजू।।**[20]

निष्कर्ष

सन्त जाम्भोजी के विचार, वाणियाँ आज भी समाज को सकारात्मकता और ऊर्जा भरी दिशा व दशा देकर मार्गदर्शक बनती है, ताकि जनकल्याण हो। जो सदैव ही विश्व में प्रासंगिक बनी रहेगी। मानव आज भौतिकवादी, विज्ञानवादी घोर आधुनिकतावादी और स्वार्थसिद्धि वादी होता चला जा रहा है, जो शारीरिक सुख-सुविधाओं, आराम का भोग, तो भोग रहा है, किन्तु उसकी मानसिक सुख-शान्ति लुप्त होती जा रही हूँ। मानव सुख-शान्ति और सन्तुष्टि के लिए सदैव सन्तों की वाणियों और विचारधाराओं ने समाज का कल्याण किया है। वैश्वीकरण के इस दौर में भी सन्तों के विचार और विचारधारा लोक-कल्याण का सफल कार्य करती है। मध्यकालीन सन्त गुरु जम्भोजी ने लोक कल्याण, लोकहित, जीवहित, प्रकृति हित के लिए अपनी वाणियों से विश्व को जागृत किया है, जिनकी वाणियों की गूंज पूरे विश्व को सन्देश देती है।

संदर्भ सूची :

1. आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, उत्तरी भारत सन्त परम्परा, पृष्ठ-4
2. डॉ. कमल सुनश्त वाजपेयी, मेरी मातृभमि मेरा गान, पृ-64
3. आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, उत्तरी भारत सन्त परम्परा, पृ-5
4. आचार्य मुरारी पाण्डे, संस्कृति एक सफर, पृ-52
5. डॉ. राजदेव सिंह, सन्तों की सहज साधना, पृ-21
6. टीकाकार आचार्य कृष्णनन्द, शब्दावली जम्भसाभर, पृष्ठ-15
7. वही, पृ-17
8. वही, पृ-18
9. स्वामी रामानन्द गिरि, जम्भसार, सबद-106
10. परमानन्द जी का पोथा, जम्भसागर, सबद-122
11. टीकाकार आचार्य कृष्णानन्द, शब्दावली, जम्भसागर, पृ-21
12. वही, पृष्ठ-24
13. डॉ. श्यामसुन्दर दास, कबीर ग्रन्थावली
14. टीकाकार आचार्य कृष्णानन्द, शब्दावली, जय सागर, पृ-37
15. श्री सतगुरु ब्रह्मानन्द पचासा, पद 446, पृ-47
16. टीकाकार आचार्य कृष्णानन्द, शब्दावली, जम्भ सागर पृ-79
17. गोस्वामी तुलसीदास, रामचरित मानस, पृ.
18. श्री सतगुरु ब्रह्मानन्द पचाला, पद 229, पृ-26
19. टीकाकार आचार्य कृष्णानन्द, शब्दावली, जम्भसागर पृ-105
20. वही, 324

❐❐❐

डी-25, 74 बंगलो, तुलसीनगर, आनंद विहार स्कूल के पीछे, भोपाल, मध्य प्रदेश, पिन-462003, मो. 9424684608

कुषाण कला में केश विन्यासः विदेशी प्रभाव का पुनर्विलोकन

—डॉ. मीना सिंह

भारत के पश्चिमोत्तर प्रदेश अर्थात् कुषाण कालीन गान्धार कला केन्द्र से जो मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं वे विदेशी और भारतीय लक्षणों से युक्त हैं। प्राप्त मूर्तियों में केश सज्जा के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वे विविध प्रकार यथा-लम्बे केश, 'विग' जैसा आभास देने वाले घुँघराले बाल, शिखण्डक केश, जटाजूट, गांठ युक्त केश आदि रखते थे।

कुषाण कालीन साहित्यिक साक्ष्यों, यथा-**दिव्यावदान, मिलिन्दपन्हो, बुद्धचरित** एवं भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में तत्कालीन स्त्री-पुरूष के केश-विन्यास एवं शिराभूषणों की पर्याप्त चर्चा है।

कुषाण काल आते-आते केश-विन्यास लटों, गुच्छों तथा शिखारूप में प्रचलित होने के साथ-साथ सुश्रुत द्वारा चौबीस कलाओं में परिगणित किया जा चुका था। साथ ही भारत के विभिन्न प्रदेशों की स्त्रियों की पहचान उनकी केश-सज्जा के आधार पर सम्भव था।

कुषाण काल आते-आते स्त्रियों के केश संरचना में विकास दिखाई देता है। प्रारम्भिक केश-संरचना के साथ-साथ कुछ नये केश-विन्यास का उद्घाटन भी इस काल में देखने को मिलता है। भरत के नाट्यशास्त्र[1]। में देश के विभिन्न भाग में प्रचलित केश-विन्यास की शैली का वर्णन किया गया है। उल्लेख है कि मालवा की नवयुवतियाँ घुँघराले केश रखती थी[2]। आभीर युवतियों के विषय में चर्चा है कि वे दो वेंणिया धारण करती थीं और उसे कभी-कभी अपने सिर पर लपेट लेती थीं[3]। पूर्वोत्तर देश की स्त्रियाँ 'मयूरपिच्छ' के समान उठी हुई केश-रचना करती थीं। दक्षिण भारत की महिलाओं की केश-सज्जा 'कुम्भीपदक' (गोल-जूड़े) कहलाती थीं। तमिल युवतियाँ पाँच वेंणियाँ बनाती थीं। अश्वघोष ने सौन्दरानन्दम्[4] में एक विशेष प्रकार के केश-विन्यास का वर्णन किया है जिसमें झीनें श्वेत रेशमी वस्त्र में से कोकिल के समान केशपाष झाँकता है। इसे 'शुक्लकांषुकाट्टाल' शैली की केश रचना कहा गया है। जिसका उदाहरण-मथुरा, अमरावती यहाँ तक की पश्चिमोत्तर प्रदेश के कला केन्द्रों की भारतीय प्रभाव की मूर्तियों में देखा जा सकता है।

दक्षिण भारत की स्त्रियाँ प्राचीन काल से ही अपने सुन्दर लम्बे घने केशों के लिए प्रसिद्ध हैं जो तत्कालीन युग में भी थी।

दक्षिण की स्त्रियाँ अपने केश को विभिन्न प्रकार से सुवासित करती थीं। शिल्लपाद्दिकारम् की नायिका माधवी द्वारा अपने काले और पुष्पों के समान कोमल केशों को जल में भीगे हुए दस प्रकार के पौष्टिक पदार्थो, पाँच प्रकार के सुगन्धित द्रव्यों और बत्तीस प्रकार के जड़ी-बूटियों से बने सुगन्धित जल से धोने एवं तत्पश्चात् केशों को सुगन्धित धूप से सुखाकर भृगकस्तूरी का लेप चढ़ाने और उससे सुवासित करने का उल्लेख है[5]।

केशों को संवारने की जो एक अन्य प्रचलित शैली थी, वह एक वेंणी प्रकार की केश-रचना थी[6]। कुछ उदाहरणों में दो वेंणियां सिर के एक तरफ झूलती दिखाई गयी हैं। ऐसे उदाहरणों में गान्धार की मूर्तियों के समान पुष्पों की माला सिर के चारों तरफ लपेटी गयी है।

भारत के पश्चिमोत्तर प्रदेश अर्थात् कुषाण कालीन गान्धार कला केन्द्र से जो मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं वे विदेशी और भारतीय लक्षणों से युक्त हैं। प्राप्त मूर्तियों में केश सज्जा के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वे विविध प्रकार यथा-लम्बे केश, **'विग'** जैसा आभास देने वाले घुँघराले बाल, शिखण्डक केश, जटाजूट, गांठ युक्त केश आदि रखते थे। कुछ आ तियों में पुरुषों के घुँघराले बाल ऊपर उठे जो देखने में **'विग'** के स श दिखाई देता है। इस प्रकार की केश विन्यास हेलेनिस्टिक सभ्यता में सामान्य रूप से दिखाई देती है। गान्धार से प्राप्त एक मूर्ति में पुरुष के कन्धों तक लटके केश सीमन्त के दोनों तरफ संवारे गये हैं[7]। यहीं से प्राप्त ब्रह्मा की मूर्ति में भी केश को आगे से पीछे तक संवारा गया है। कुछ मूर्तियों में लम्बे केश में कुछ दूरी पर गांठ लगाकर उसे माथे के चारों तरफ लपेटा गया है जो सम्भवत: ग्रीकी केश विन्यास था। गान्धार से प्राप्त राजकुमार सिद्धार्थ का केश सिर के ऊपर अंडे (Egg-Shapted Ball) की आकृति का निर्मित है जिसे **'शिखण्ड'** शैली कहा गया है।

मथुरा से प्राप्त मूर्तियों में केश-सज्जा के विभिन्न शैलियों के दर्शन होते हैं। एक पुरुष प्रतिमा में केश को साधारण ढंग से आगे से पीछे की तरफ बिना किसी विभाजन अथवा सीमन्त के संवारा गया है[8]। मथुरा से प्राप्त एक उपासक का केश विन्यास कुछ भिन्न प्रकार का है जिसमें केश को कनपटी से उठाकर सिर के मध्य ले जाया गया है और माथे पर गांठ आ ति की सज्जा की गयी है। कुछ विदेशी प्रभाव से युक्त मथुरा से प्राप्त मूर्तियों में घुँघराले केश प्रदर्शित हैं। एक पुरुष मूर्ति में छोटे घुँघराले केश प्रदर्शित है। एक अन्य इसी प्रकार की दूसरी मूर्ति में घुँघराले केश को आगे की तरफ माथे पर एक आभूषण से अथवा पीछे से लपेट लिया गया है। इस प्रकार का केश विन्यास नागार्जुनकोण्डा एवं गान्धार की मूर्तियों में भी प्रदर्शित है, जो कालान्तर में गुप्तकाल आते-आते काफी प्रचलित हो गया था।

पुरुषों में मुंछ तथा दाढ़ी रखने की भी प्रथा थी[9]। नाट्यशास्त्र में चार प्रकार की दाढ़ियों-शुक्ल, श्याम, विचित्र और रोमश का उल्लेख हुआ है। शुक्ल का अर्थ शुद्ध माना गया है। संन्यासियों, मंत्रियों, पुरोहितों तथा मध्यम श्रेणी के व्यक्तियों की दाढ़ी साफ बनी होती थी। चित्रों और मूर्तियों में इस श्रेणी के लोगों में ऐसी ही दाढ़ी मिलती है। श्याम दाढ़ी कुमारों को होती थी। राजा, श्रृंगारी, नागरक और तरूण राजपुरुष विचित्र दाढ़ी रखते थे। असंस्कृत दाढ़ी को रोमश दाढ़ी कहते थे। बच्चों के केश बहुधा घूँघरदार रहते थे किन्तु कुछ उदाहरण में उनके केश कटे हुए भी हैं।

कुषाण कालीन शिल्प और साहित्य में हमें स्त्री-पुरुषों के शीर्षभूषणों के विविध प्रकार दिखाई देते हैं। जिसको अध्ययन की सुविधा हेतु कुषाणयुगीन दो प्रमुख कला शैलियों-मथुरा एवं गान्धार कला केन्द्रों से प्राप्त शिरोभूषणों का भिन्न-भिन्न अध्ययन करना अपेक्षित है-

मथुरा शिल्प में स्त्रियों के जिन शिरोभूषणों का अंकन मुख्य रूप से हुआ है-

(1) ललाटिका (मांगटीका)

(2) रत्नजाल

(3) ईरानी प्रकार का आयताकार मुकुट

(4) शिरोबन्ध

सिर से चिपकी टोपी एवं मुकूट के भी कुछ अंकन स्त्री आकृतियों में प्राप्त होते हैं। यह उल्लेखनीय है कि साहित्यिक साक्ष्यों में स्त्रियों के संदर्भ में मुकुट के उल्लेख अप्राप्य हैं। लखनऊ संग्रहालय में सुरक्षित एक शालभंजिका के मूर्ति[9] में चौकोर मुकुट अकित है, जिसमें पूरी सतह को तिर्यक रेखाओं से अलंकृत किया गया है।

मथुरा से प्राप्त कुछ स्त्री आकृतियों में शक स्त्रियों का अंकन भी है। यहां की एक वेदिका स्तम्भ पर दीपदान लेकर खड़ी शक स्त्री के केशों को पीठ पर खुला अंकित किया गया है। ललाट के चारों तरफ केशों को यथास्थान रखने के लिये मोटी, गोलाई में उभरी बद्धी का प्रयोग हुआ है। इस बद्धी या केशबन्ध (Fillet) के ऊपर दुहरी खड़ी रेखाओं का अंकन हुआ है। गान्धार कला से प्रभावित कुछ स्त्री आ तियों में भी इस प्रकार के केशबन्ध अंकित मिलते हैं। ये सभी उदाहरण इस प्रकार के आभूषण की विदेशी उत्पत्ति इंगित करते हैं।

मथुरा से प्राप्त कुषाणयुगीन पुरुषा तियों में हमें अनेक प्रकार के शिरोभूषण दिखाई पड़ते हैं, जो निम्नलिखित हैं।

(1) ईरानी आकर के चौकोर टोपीनुमा मुकुट

(2) तिकोनी टोपी के आकार के मुकुट

(3) चिपटी टोपी आकार के मुकुट

(4) पदक युक्त उष्णीष अथवा अर्द्धमुकुट

(5) शिरोबन्ध

ईरानी आकर के चौकोर टोपीनुमां मुकुट मथुरा की विष्णु, पंचेन्द्र व इन्द्र आदि की प्रतिमाओं में अंकित मिलते हैं। इन चौकोर प्रकार के मुकुट में मध्य में अर्द्धचन्द्राकार पदक, पुष्पपदक संलग्न मिलते हैं, जिनसे मुकुट की शोभा द्विगुणित होती है। इन मुकुटों पर स्वर्णिम तारों व रत्नों से सज्जा की गयी है।

मथुरा शिल्प में कुछ प्रतिमाओं में शक- कुषाण जातियों की 'कुलाह-टोपी' का अंकन हुआ है। यथा-मथुरा से प्राप्त एक पुरुष मस्तक में नुकीली टोपी का अंकन है। इस टोपी के मध्य में एक लम्बी धातु पट्टिका लगी है और इस पट्टिका पर मणियाँ या मनके जड़ित हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि कुषाण काल में उष्णीष को अनेक आकार के रत्नजटित धातु पदकों से सज्जित

करने की परम्परा का प्रारम्भ हुआ। गुप्त युग में हम देखते हैं कि तीन-चार शीर्ष पट्टों को परस्पर संलग्न करके मुकुट बनाये जाने लगे, जो पूर्णतया धातु एवं रत्नों से निर्मित होते थे।

गान्धार शिल्प में स्त्रियों ने निम्न प्रकार के शिरोभूषण धारण कर रखे हैं-

(1) रत्नजटित धातुमय मस्तक पट्टिका

(2) हेममणि व मुक्ता लड़ियों से निर्मित किरीट

(3) ललाटिका

(4) मुक्ता व हेममणि, रत्नों से निर्मित मस्तक पट्टिका

रत्नजटित मस्तक पट्टिका गान्धार शिल्प में स्त्री-पुरुष दोनों ने धारण की है। इस प्रकार की मस्तक पट्टिका को धातु की पतली पट्टिका द्वारा निर्मित किया जाता था, जिस पर रत्नों की जड़ावट होती थी। यथा- अमोरीनी (Amorini) व एक स्त्री की मस्तक पट्टिका में दो पंक्तियों की रत्नों की जड़ावट है। एक श्य में मल्ल के प्रधान ने, एक अन्य दृश्य में राजकुमार सिद्धार्थ ने मस्तक पट्टिका पहनी है। इसमें एक पंक्ति में रत्नों की जड़ावट है[10]।

गांधार शिल्प के अन्तर्गत पुरुषों ने अपने मस्तक पर '**शीर्ष-पट्टिका**' धारण की है। जिसका निर्माण अत्यन्त पतली धातु पट्टिका द्वारा होता था। जिस पर रत्नों की जड़ावट एक. दो या तीन पंक्तियों में मिलती है। 'बुद्ध का कपिलवस्तु में प्रकट होना' नामक दृश्य राजकुमार सिद्धार्थ ने मस्तक पट्टिका पहनी है। इसमें एक पंक्ति में रत्नों की जड़ावट है।

इसी प्रकार एक दृश्य में मल्ल के प्रधान ने एक अन्य दृश्य में उपासक या दानदाता ने तथा बोधिसत्व सिद्धार्थ की मस्तक पट्टिका में दो पंक्ति में रत्नों की जड़ावट मिलती है[11]। मैत्रेय और बोधिसत्व सिद्धार्थ की प्रतिमाओं में अंकित मस्तक पट्टिकाओं में तीन पंक्तियों में रत्नों की जड़ावट दिखती है। कुषाणकालीन साहित्यिक साक्ष्यों में भी तत्कालीन समाज में स्त्री-पुरुषों द्वारा धारण किये जाने वाले आभूषणों का वर्णन है।

'**नाट्यशास्त्र**' में पुरुषों की योनियों के आधार के अनुसार उनके शिराभूषणों का वर्णन है। उदाहरणार्थ -देव, गन्धर्व, यक्षादि के मुकुट को 'पार्श्व मौलि' कहा गया है। उत्तम श्रेणी के शिरोभूषण को 'शीर्षमौलि' कहा गया है। राजाओं का शिरोभूषण 'मुकुट' कहलाता था। विद्याधर, चारण आदि 'केशमुकुट' धारण करते थे। अमात्य, श्रेष्ठ, कन्चुक आदि 'वेष्ठन', 'बन्धपट्ट' आदि का प्रयोग करते थे। जिसका उदाहरण - मथुरा शिल्प से प्राप्त धातु पदक लगे हुए मुकुट हैं। **नाट्यशास्त्र** में स्त्रियों के शिरोभूषण के अनेक नाम प्राप्त होते हैं। इनमें 'शिखापाश', 'शिखाजाल', 'पिण्डपात्र', 'शिखिपात' तथा 'वेंणीगुच्छ' आदि वर्णित है[12]। इनमें से अधिकांश नाम यथा-शिखापाश, शिखाजाल, मुक्ताजाल, शीर्षजाल, शिखापात्र आदि रत्नों एवं मुक्ताओं की लड़ियों से निर्मित आभूषण थे जिनको सिर पर जूड़े या वेंणी में अनेक प्रकार से लगाया जाता था। मथुरा शिल्प में अंकित अधिकांश मूर्तियों में इस प्रकार की मुक्ता लड़ियों से केश-सज्जा मिलती है। मुक्ताजाल प्रकार के आभूषण भारत वर्ष में अत्यन्त प्राचीन काल से चले आ रहे थे। सूत्र साहित्य में 'जालम' का प्रयोग शिरोभूषण के रूप में हुआ है।

'पिण्डपात्र' नामक आभूषण कुषाणयुगीन स्त्रियों की विशिष्ट केश-संरचना की आवश्यकतापूर्ति हेतु कल्पित नवीन आभूषण माना जा सकता है, क्योंकि इसका उल्लेख न तो कुषाणकाल के पहले और न ही बाद के किसी ग्रन्थ में प्राप्त होता है। कुषाणयुगीन शिल्प में स्त्रियों के सिर पर सामने की ओर 'पिण्ड' सदृश छोटा जूड़ा अंकित मिलता है। यह केशसज्जा न तो शुंगकाल में दिखती है और न ही उत्तरोतर काल में। कुषाण शिल्पगत अनेक साक्ष्यों में इस प्रकार के जूड़े के ऊपर वृत्ताकार उभरा हुआ अलंकरण अंकित मिलता है। इसे हम पिण्डपात्र के रूप में वर्णित कर सकते हैं। इसी प्रकार '**चूड़ामणि- मकरिका**' से तात्पर्य मकरमुखों से अलं त पदक से रहा होगा, जिसके मध्य में चूड़ामणि या बहुमूल्य वृहदाकार मणि संलग्न रहती थी। नाट्यशास्त्र से '**आवर्तललाटिका**' और '**ललाट तिलक**' का भी उल्लेख मिलता है[13]। मस्तक पर स्वतंत्ररूपेण तिलक की तरह पहना जाने वाला आभूषण '**आवर्तललाटिका**' से समीकरणीय है। इस साक्ष्य के आलोक में शुंग-सातवाहन युगीन साक्ष्यों में अंकित ललाट के आभूषण को 'ललाटतिलक' कह सकते हैं, क्योंकि उनमें जंजीर या सूत्र का अंकन अप्राप्य है। पुष्पा ति अभिप्राय में निर्मित ललाटिका को ही नाट्यशास्त्र में '**कुसुमानुकृति**' कहा गया है। गांधार शिल्प में हारिती व शालवृक्ष के नीचे खड़ी स्त्री ने इसी प्रकार की कुसुमानु ति ललाटिका पहनी है। प्राकृत भाषा के जैन-ग्रन्थ '**अंग-विज्जा**' में आभूषणों की दीर्घसूची प्राप्त होती है। शिरोभूषण के प्रसंग में किरीट, मुकुट आदि पुरुषों के शिरोभूषण उल्लिखित हैं। इसके अतिरिक्त 'गरूढ़क', 'मगरक', 'वृषभक', 'सिंहक' 'चक्रवाक मिथुन' आदि आभूषण मुकुट की विशिष्ट सज्जा के रूप में प्रयुक्त होते थे। वासुदेवशरण अग्रवाल ने इनकी व्याख्या करते हुए लिखा है- ''सिंहक वह सुन्दर आभूषण था, जिसमें सिंह की आकृति बनी रहती थी''। सिंहमुख से मोतियों के झुग्गे लटकते हुए दिखाये जाते कुछ मूर्तियों में सिंह मुख युक्त मुकुट मिलते हैं। गरूड़क, मगरक भी मथुरा कला में पहचाने जा सकते हैं। कुछ मुकुटों में गरूड़ की आकृति वाला आभूषण पाया जाता हैं। दो मकरमुखों की आ तियों को मिलाकर 'मगरक' नामक आभूषण बनते थे, इनके मुख से मुक्ताजाल लटकते हुए दिखाये जाते थे। इसी प्रकार बैल की आ ति वाला 'वृषभक', हाथी की आकृति वाला 'हत्थिक' एवं चक्रवाक मिथुन की आकृति वाला 'चक्रकमिथुनक' नामक आभूषण होता था।

अंगविज्जा में स्त्रियों के आभूषण में 'मत्थक-कण्टक' 'पिंडामासक' 'तिलक' 'मुंहफलक' 'विसेसक' आदि का वर्णन है। इनका समीकरण हम बिन्दी सदृश्य आभूषणों से कर सकते हैं। नाट्यशास्त्र में भी बिन्दी के लिये 'ललाट तिलक' का प्रयोग किया गया है। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने 'पदिविणद्धक' एवं 'सीसावक' को शिरोभूषण माना है, किन्तु इन दोनों का स्वरूप कैसा था, इस विषय में वे पूर्ण मौन हैं। 'मत्थकण्टक' केशबन्ध से समीकरणीय है जिसमें कण्टक सदृश अलंकरण लगा होता था। स्त्रियाँ 'मकरिका' नामक आभूषण पहनती थी जो शिरोभूषण में संयुक्त होता था। इस प्रकार अंगविज्जा में तत्कालीन जनसामान्य में प्रचलित आभूषणों के नाम प्राप्त होते हैं, क्योंकि अंगविज्जा प्राकृत भाषा में उल्लिखित ग्रन्थ है और इसका सम्बन्ध समाज के सभी वर्गो से था। अत: इस ग्रन्थ में उल्लिखित आभूषण जनसामान्य में प्रचलित आभूषण माने जा सकते हैं।

अश्वघोष के ग्रन्थों में भी कुषाणयुगीन (मुख्यत: राजवर्ग एवं नगर के) आभूषणों पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। **बुद्धचरित** में सिद्धार्थ के महाभिनिष्क्रमण के प्रसंग में उनके द्वारा सारथी छन्दक को शिरोभूषण उतार कर दिये जाने का वर्णन आया है, ''सिद्धार्थ ने सर्वप्रथम अपने से देदीप्यमान रत्न निकालकर 'छन्दक' को दे दिया। तदुपरान्त रत्नजटित तलवार मुकुट लेकर बहुअलंकृत मुकुट को उसके अन्दर स्थित केश के साथ काटकर फेंक दिया जिससे उसका बहुमूल्य रेशमी वस्त्र हवा में उड़ने लगा। छन्दक द्वारा इस वश्तान्त को सुनने के उपरान्त गौतमी ने शोक सन्तप्त होकर कहा कि सिद्धार्थ के जो केश राजाओं के योग्य मौलि से परिवेष्ठित थे उन केशों को सिद्धार्थ ने काट कर भूमि पर फेंक दिया''। यह विवरण सिद्ध करता है कि मौलि व मुकुट पर्यायवाची शब्द थे। बुद्धचरित से विदित होता है कि मौलि व मुकुट दोनों को ही मुक्तामालाओं, नानाविध रत्नों से सज्जित किया जाता था। बुद्धचरित में राजाओं के प्रसंग में ही 'मणि प्रदीपोज्वल चित्र मौलय:' का उल्लेख आया है। इन सभी उदाहरणों से मौलि की समानता मुकुट के साथ स्थापित की जा सकती है। **सौन्दरानन्द** नामक ग्रंथ में मुकुट एवं मौलि दोनों का उल्लेख हुआ है।

इस प्रकार **नाट्यशास्त्र,** अश्वघोष के ग्रन्थ, **दिव्यावदान** एवं **अंगविज्जा** के सम्मिलित साक्ष्य यह स्पष्ट करते हैं कि कुषाणकालीन शिल्प में अंकित शिरोभूषण समाज में प्रचलित वास्तविक शिरोभूषणों की अनु ति पर अंकित थे जिस पर विदेषी के प्रभाव के साथ-साथ देषी सामन्जस्य भी दिखाई देता है।

संदर्भ सूची :

1. **नाट्यशास्त्र**, 23/148.
2. **नाट्यशास्त्र**, 23/63.
3. **नाट्यशास्त्र**, 23/64.
4. **सौन्दरानन्दम**, 7/7.
5. **शिल्लपादिदकारम्**, पृ. 95
6. फर्ग्युसन, जे. **ट्री एण्ड सर्पेन्ट वर्शिप**, लन्दन, 1873. फ. 11, आ. 2.
7. मार्शल, जॉन, **द बुद्धिस्ट आर्ट ऑफ गान्धार**, कैम्ब्रिज, 1960, फ. 38, चि. 68.
8. स्मिथ, ए, विसेंट, **द जैन स्तूप एण्ड अदर एन्टीक्वीटीज ऑफ मथुरा**, फ. ग्ब्ग.
9. मार्शल, जॉन, **दि स्तूपाज एण्ड मोनास्ट्रिज एट जौलिया**, आ. 41, 96.
10. मथुरा संग्रहालय, सं.-एम-4.
11. मार्शल, जॉन द बुद्धिस्ट आर्ट ऑफ गान्धार, फ. 84, चि. 119.
12. **नाट्यशास्त्र** (सम्पा. पं. केदारनाथ), अध्याय-21, पृ. 344,
    देवगंधर्वयक्षाणां पन्नगानां सरक्षसाम्।
    कर्तव्या नैकविहिटा मुकुटा: पार्श्व मौलिन:।।
13. **नाट्यशास्त्र**, तत्रैव, अध्याय 21, पृ. 332.
    शिखापाश: शिखाजालं पिण्डपात्रं तमैव च।
    चूड़ामणिर्मकरिका मुक्ताजालं गवाक्षकम्।।

❑❑❑

सहायक क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ वेतनमान), इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, दिल्ली-2 आ.ए. .ए.हॉउस, 17-बी, इंद्रप्रस्थ स्टेट, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110002

गांधी का ईश्वरीय दर्शन

—राजीव गुप्ता

दर्शनशास्त्रियों का मानना है कि दर्शनशास्त्र की शुरूआत आश्चर्य के भाव से होती है। मनुष्य, ईश्वर, विश्व और अपनी सत्ता पर आश्चर्य करता है। प्राचीन यूनानी चिंतकों के लिए दर्शन मुख्य रूप से अपने चारों ओर विद्यमान ब्रह्मांडीय सत्ताओं के बारें में आश्चर्य प्रकट करना था। मध्यकालीन युग में दर्शन का मुख्य लक्ष्य ईश्वर हो गया जबकि आधुनिक युग के प्रमुख भारतीय दार्शनिक 'गांधी ने सत्य को ही ईश्वर कहा'।

सार-संक्षेप

प्रकृति पारिस्थितिकी का सिद्धांत सृष्टि के सिद्धांत से बहुत अधिक प्रभावित है। इस सिद्धांत के अनुसार, विश्व का प्रत्येक तत्व, वस्तु और जीव की सृष्टि एक ही परमात्मा द्वारा बनाई हुई है और मनुष्य का प्रकृति पर कोई विशेष अधिकार नही है। भारतीय चिंतन में प्रकृति की कल्पना किसी भौतिक निर्जीव तत्व के रूप में नहीं की गई है अपितु इसे एक जीवित संसार माना गया है और मानव बहुत से जीवित प्राणियों में से एक है। भारतीय दार्शनिकों के अनुसार, बुद्धि संपन्न होने के कारण प्रकृति की सुरक्षा मनुष्य का मूल कर्तव्य है। भारतीय चिंतन यह स्पष्ट करता है कि समस्त प्रकार के जैविक या अजैविक पदार्थों में प्राण है। परस्पर सहयोग और निर्भरता पर विशेष बल दिया गया है और माना गया है कि मनुष्य का अकेला रहना संभव नही है। साथ ही यह भी माना गया है कि प्रकृति से मित्रतापूर्ण व्यवहार रखने से वह सबकी जरूरतें पूरी कर सकता है।

भारतीय दर्शन में ईश्वर की गई चर्चा को गांधी अपेक्षाकृत अधिक गूढ तरीके से न केवल वें समझते थे अपितु उन्होंने भारतीय दर्शन में ईश्वर की गई व्याख्या को विस्तारपूर्वक मानव समाज में क्रियांवित करने का प्रयास भी किया। साथ ही उन्होंने अपनी ईश्वरीय कल्पना को भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष से जोड दिया। गांधी ने प्रकृति एवं ईश्वरीय व्याख्या की व्यापकता को भलीभांति समझा तथा स्वतंत्रता पूर्व वें अपने भारत भ्रमण की यात्रा से भारत की तात्कालिक समस्या से भी अवगत हो चुके थे। परिणमात: गांधी भारतीय समाज को धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर जोडने की व्यापक योजना बनाकर अपने उस कार्य में लग गए। ध्यान देने योग्य है कि गांधी का उदय एक ऐसे समय में हुआ जब सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक प्रतिरोधात्मक क्रिया समाज में ब्रिटिश शासकों द्वारा तेज हो रही

थी। ऐसे समय में भारत को एक पथ प्रदर्शक की आवश्यकता थी जिसकी पूर्ति गांधी ने किया। धार्मिक स्तर पर गांधी की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि ईसाई, मुसलमान, जैन धर्म समेत अनेक धर्मो के मतावलंबी उन्हें अपने अपने धर्म का अनुयायी मानते थे। इसी आलोक में हमें गांधी के इस चिंतन 'ईश्वर ही सत्य है' और 'सत्य ही ईश्वर है', में हुए परिवर्तन को भी समझना चाहिए। गांधी के द्वारा राजनीतिक मंच पर आने के बाद भारत में राष्ट्रीयता की एक नई चेतना आयी। एक ओर तो उससे भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष को बल मिला दूसरी ओर गांधी के आह्वान से सदियों से रूढ़ियों और बंधनों में जकड़ी भारत की जनता भी राष्ट्रीय आन्दोलन में अपनी भूमिका के प्रति सजग हुई।

प्रमुख शब्द

सत्य - अहिंसा, ईश्वरीय दर्शन, राष्ट्रीय आन्दोलन, कौमी - एकता।

भूमिका

गांधी ने राष्ट्रीय आन्दोलन को केवल अंग्रेजों से राजनीतिक मुक्ति तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि उसे सामाजिक - आर्थिक तथा धार्मिक आयाम भी दिया। 'सत्य को ईश्वर' कहकर गांधी ने भारत के सभी धर्मो के अनुयायियों को भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन से सहजतापूर्वक जोड़ दिया। गांधी ने सर्वप्रथम भारत का दौरा कर यह जाना - समझा कि भारत के अधिकांश लोग धार्मिक संकुचिता, सामाजिक कुरीतियों और आर्थिक विपन्नता में जकडे है जिसके कारण आम जनता की भागीदारी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में नही हो पा रही थी। ऐसी विकट परिस्थिति में एक ऐसे कार्यक्रम की जरूरत थी जो स्वतंत्रता आंदोलन में जन भागीदारी तो बढ़ाये ही, साथ ही साथ वह धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुर्बलताओं पर भी प्रहार करे।

गांधी सत्याधारित एक अहिंसक समाज की रचना करना चाहते थे जिसके लिए कुछ रचनात्मक कार्य करना अनिवार्य था। गांधी संरचनात्मक परिवर्तन चाहते थे और इसके लिए जरूरी था कि जन - जन को राष्ट्रीय आंदोलन से जोडा जाय। परिणामत: उन्होंने भारतीय समाज के समक्ष रचनात्मक कार्यक्रम के रूप में एक नवीन कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। गांधी द्वारा संचालित राष्ट्रीय आंदोलन का उद्देश्य केवल राजनीतिक स्वतंत्रता की प्राप्ति ही नहीं वरन् एक नवीन और सभी दिशाओं में उत्थानकारी भारत का अभ्युदय भी था। उन्होंने भारतीय जनता की सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक स्थिति का गहन अध्ययन किया और अपने स्तर पर इन क्षेत्रों में उसे उन्नत करने का प्रयास किया। इस हेतु उन्होंने कई रचनात्मक कार्यक्रम चलाये, जैसे - कौमी एकता, अस्पृश्यता उन्मूलन, खादी एवं ग्रामोद्योग, आर्थिक समानता, किसान - मजदूर - विद्यार्थी उत्थान, नारी जागरण, वनवासी एवं कुष्ठ रोगी सेवा, मद्यनिषेध, प्रौढ़ एवं बुनियादी शिक्षा आदि। गांधी का मानना था कि यदि रचनात्मक कार्यक्रम को अपनाया गया तो पूर्ण स्वराज्य, जिसमें राजनीतिक स्वराज्य भी शामिल है, स्वत: आ जायेगा। असहयोग आंदोलन के दौरान गांधी ने आश्वासन दिया था कि यदि इन रचनात्मक कार्यक्रमों पर पूरी तरह अमल हुआ तो एक वर्ष के भीतर ही भारत को अंग्रेजों से आजादी मिल जायेगी। उस समय की परिस्थिति के अनुरूप गांधी का मानना था कि भारत जैसे बहुपंथी देश में साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष की सफलता देश के दो

बड़े धार्मिक समुदायों हिन्दू तथा मुस्लिम एकता पर निर्भर करती है। इसलिए गांधी शुरू से ही कौमी - एकता के लिए प्रयासरत थे और उन्हीं के सफल प्रयासों के कारण हिन्दू - मुस्लिम भारतीय स्वाधीनता आंदोलन की मुख्य धारा के करीब आते गये।

गांधी का ईश्वरीय दर्शन

दर्शनशास्त्रियों का मानना है कि दर्शनशास्त्र की शुरूआत आश्चर्य के भाव से होती है। मनुष्य, ईश्वर, विश्व और अपनी सत्ता पर आश्चर्य करता है। प्राचीन यूनानी चिंतकों के लिए दर्शन मुख्य रूप से अपने चारों ओर विद्यमान ब्रह्मांडीय सत्ताओं के बारें में आश्चर्य प्रकट करना था। मध्यकालीन युग में दर्शन का मुख्य लक्ष्य ईश्वर हो गया जबकि आधुनिक युग के प्रमुख भारतीय दार्शनिक 'गांधी ने सत्य को ही ईश्वर कहा'। गांधी के अनुसार, मनुष्य की सारी प्रवृत्तियों का केन्द्र सत्य होना चाहिए क्योंकि सत्य के बिना जीवन में किसी भी सिद्धांत या नियम का पालन करना संभव नही है। इसलिए सभी मनुष्यों को अपने - अपने ज्ञान के अनुसार सत्य का पालन करना चाहिए। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि गांधी की ईश्वरीय परिकल्पना किसी सांचे में ढालकर बनाई हुई कोई देवी-देवता की मूर्ति भर नहीं है अपितु उनके ईश्वर का अर्थ है सत्य का आचरण करते हुए जीवन जीना।

गांधी का ईश्वर न तो मूर्तियों तक सीमित था, न मंदिरों, मस्जिदों और गिरिजाघरों तक। गीता के नायक पार्थ-सारथी के अनुसार, ''उत्तम कोटि का ज्ञानी भक्त मुझ वासुदेव को सभी भूतों में देखता है'' तो गांधी भी प्रत्येक जीव में उस ईश्वर का दर्शन करते थे। उनका मानना था कि उस ईश्वर की इच्छा के बिना एक पत्ता भी नही हिलता। उन्हीं के शब्दों में, ''मेरा ईश्वर तो सत्य और प्रेम है। नीति और सदाचार ईश्वर है। निर्भयता ईश्वर है। ईश्वर अंतरात्मा ही है। वह तो नास्तिकों की नास्तिकता भी है। हम कुछ नहीं है, सिर्फ वही है और अगर हम हैं, तो हमें सदा उसके गुणों का गान करना चाहिए और उसकी इच्छानुसार चलना चहिए। आइए, उसकी वंशी की धुन पर हम नाचें। सब अच्छा ही होगा''।

'सत्य को ईश्वर' कहने के पीछे का एक प्रमुख तर्क यह भी है कि मनुष्यों के विचारों में ईश्वर एक हो सकता है, अनेक हो सकता है। साथ ही मनुष्य ईश्वरवादी, एकेश्वरवादी व सर्वेश्वरवादी भी हो सकता है परंतु सत्य तो सिर्फ 'सत्य' ही हो सकता है और उससे ऐसी विभिन्नताएं सूचित नही होती हैं। गांधी आगे कहते हैं कि 'ईश्वर' पर मनुष्य अपनी बौद्धिकता से एक बार संशय तो कर सकता है, इसका निषेध व खंडन भी कर सकता है किंतु 'सत्य' का निषेध करना किसी भी मनुष्य के लिए संभव नही है और न ही 'सत्य' का खंडन किया जा सकता है। अत: गांधी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि ईश्वर समर्थकों और ईश्वर विरोधियों के मध्य यदि कोई एकता बन सकती है व उनके विचारों पर यदि कोई सहमति बन सकती है तो वह 'सत्य' ही हो सकता है क्योंकि नैतिकता के मूल में सत्य विद्यमान है और सभी मानवीय मूल्य सत्य से उत्पन्न हुए हैं। अर्थात् सत्य ही वह धुरी है जिससे पूरी सृष्टि संचालित होती है। गांधी बहुत ही सहजता से कहते थे कि यदि किसी निरीश्वरवादी मनुष्य से कहा जाता था कि वह 'ईश्वर' से डरता है तो वह लडने पर उतारू हो जाता था परंतु यदि उसी निरीश्वरवादी मनुष्य से कहा जाता था कि वह 'सत्य'

से डरता है तो वह उसे सहजता पूर्वक स्वीकार कर लेता था। सत्य की इसी विशिष्टता से गांधी इसे प्राथमिक बना देते है। इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि गांधी ने अपने इस वाक्य 'ईश्वर ही सत्य है' को बहुत चिंतन-मनन करके 'सत्य ही ईश्वर है' से परिवर्तित कर दिया। हालांकि इस परिवर्तन में गांधी को समय तो अवश्य लगा लेकिन अपने इस वाक्य-परिवर्तन मात्र से उन्होंने समाज के अनेक बुद्धिजीवियों व ईश्वर की विभिन्न धाराओं में विश्वास रखने वाले व्यक्तियों को भी अपने साथ जोडकर उन्हें अपने ढंग से भारत के राष्ट्रवाद की धारा से बहुत ही सहजता के साथ जोड दिया।

गांधी यह मानते थे कि ब्रह्माण्ड में एक व्यवस्था है। दूसरे शब्दों में, ब्राह्माण्ड में एक ऐसा नियम है जो प्रत्येक वस्तुओं और प्राणियों का नियमन कर रहा है। यह नियम कोई अंधा और विवेकशून्य नही है क्योंकि कोई भी अंधा और विवेकशून्य नियम सजीव प्राणियों के आचरण का नियमन नही कर सकता है। इसी बात को वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु ने भी सिद्ध किया है कि पदार्थ भी जीवमय हैं। गांधी कहते हैं कि इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि संसार के सभी जीवों का नियमन करने वाला नियम ही ईश्वर है। इसलिए ईश्वर के अस्तित्व को नकारा नही जा सकता है बल्कि उसे अनुभव तो किया ही जा सकता है। ऐसा अनुभव अटूट आस्था के आधार पर ही प्रतिफलित हो सकता है । जो भी व्यक्ति ईश्वर के अस्तित्व का स्वयं अनुभव करके देखना चाहे, वह जीवंत आस्था के बल पर ही ऐसा कर सकता है। चूँकि आस्था को किसी भी बाह्य प्रमाण के आधार पर सिद्ध नही किया जा सकता है, इसलिए संसार के नैतिक नियमन को सत्य तथा प्रेम का नियम मानकर उस पर आस्था रखना चाहिए।

गांधी कहते थे कि सभी धर्म ईश्वर प्रदत्त हैं लेकिन वें मनुष्य की कल्पना के धर्म हैं और मनुष्य उनका प्रचार करता है, इसलिए वें अपूर्ण हैं। ईश्वर का दिया हुआ धर्म मनुष्य के धर्म की पहुंच से परे है। मनुष्य उस धर्म का अर्थ और उसकी व्याख्या अपनी समझ के अनुसार अपनी-अपनी भाषा में करता है। सभी अर्थ सही हैं अथवा गलत हैं, यह कहना भी नामुमकिन है। इसलिए सभी धर्मो के प्रति मनुष्य को समभाव रखना चाहिए। इससे अपने धर्म के प्रति हमारे अंदर उदासीनता का भाव नही आता है, लेकिन अपने धर्म के लिए हमारा जो प्रेम है वह अंधा न होकर ज्ञानवाला है इसलिए अपेक्षा त वह ज्यादा सात्विक और निर्मल है। सब धर्मो के प्रति हमारा यदि समभाव होगा तभी हमारे दिव्य चक्षु खुलेंगे। धर्मांधता और दिव्य दर्शन में उत्तर-दक्षिण का अंतर है। गांधी के धर्म की व्याख्या कोई परंपरागत धर्म की व्याख्या नही है और न ही गांधी का धर्म, विभाजन की कोई दीवार खड़ी करता है अपितु गांधी के धर्म का सीधा सा अर्थ है -ईश्वरमय जीवन जीना। गांधी इस बात को मानते थे कि विश्व के विभिन्न धर्मो को मानने वाले भले ही अन्य चीजों में अंतर रखते हों परंतु विभिन्न धर्मो के सभी अनुयायी इस बात पर एकमत हैं कि संसार में सत्य को छोड़कर कुछ भी जीवित नही रहता है। संभवत: यही कारण है कि सत्य को प्रत्येक मानव स्वीकार करता है ।

गांधी का स्पष्ट मानना था कि दूसरों की सेवा करके मानव स्वयं को अधिकाधिक जान सकता है एवं स्वयं को ईश्वर के समीप पाता है। इसके साथ-साथ गांधी ने अहिंसा को परिभाषित

करते हुए कहा कि बेशक, किसी प्राणी को चोट न पहुंचाना अहिंसा का एक भाग है परंतु वह तो एक बहुत ही न्यून चिन्ह मात्र है। जबकि अहिंसा का सिद्धांत तो बुरे विचार से, अनुचित जल्दबाजी से, झूठ बोलने से, घृणा से और किसी के बारें में बुरा सोचने भर से भी भंग होता है। और तो और अहिंसा के सिद्धांत का भंग तो संसार के लिए जरूरी वस्तु पर अधिकार जमाने से भी होता है। गांधी का स्पष्ट मानना था कि अहिंसा के बिना सत्य की खोज और उसकी प्राप्ति असंभव है। सत्य और अहिंसा आपस में शरबत की तरह इतना अधिक घुले-मिले हुए है जिसे अलग करना असंभव-सा है। सत्य को साध्य करने के लिए अहिंसा एक साधन है और साधन तभी तक साधन है जब वह मनुष्य की पहुंच के भीतर हो। इसलिए गांधी ने अहिंसा को सर्वोपरि कर्तव्य माना है।

निष्कर्ष

गांधी का तात्कालिक उद्देश्य था-अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्र करवाना। इसलिए गांधी ने तात्कालिक परिस्थिति के अनुसार अपने आपको एक वैचारिक धुरी बनाया जिससे सभी विचारों और धर्मो के असंख्य लोग जुड़ते गए। परिणामत: भारतीय समाज में एक व्यापक जन-जागरण हुआ जिसके कारण स्वत: ही राष्ट्रवाद के अंकुर का प्रस्फुटन हो गया। गांधी ने अपने काल में भारत को अंग्रेजों से स्वाधीन करवाने के लिए सत्य-अहिंसा पर आधारित असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा, भारत छोडो जैसे आन्दोलन चलाए तथा उन आन्दोलनों में समाज की सहभागिता बढाने हेतु चरखा चलाकर सूत कातने, खादी पहनने, स्वदेशी अपनाने जैसे विभिन्न आर्थिक उपक्रमों की शुरूआत भी किया तथा लोगों को आत्म शुद्धि एवं ब्रह्मचर्य का पालन करने जैसे सदविचारों का पालन करने हेतु लोगों को शुचितापूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कालांतर में, गांधी ने ईश्वरीय दर्शन की परिभाषा को केन्द्र में रखकर उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम एकता की आवश्यकता की बात कहना शुरू किया। हालांकि गांधी आजीवन जिस हिंदू-मुस्लिम एकता की आवश्यकता और संभावना को मानते रहे हैं, उसमें वह पूर्णत: विफल रहें क्योंकि उनके न चाहने के बावजूद भारत और पाकिस्तान दो स्वतंत्र राष्ट्रों का निर्माण हो गया था।

हालाँकि तात्कालिक भारतीय समाज का चिंतन करते हुए गांधी ने अपने ईश्वरीय चिंतन में परिवर्तन किया और ''ईश्वर ही सत्य है'' कहने की बजाय ''सत्य ही ईश्वर है'' कहने लगे थे। गांधी ने अपने इस ईश्वरीय चिंतन में परिवर्तन इसलिए किया था क्योंकि 'सत्य' ही एकमात्र ऐसा भाव था जिसके अंतर्गत सभी धर्मो को भी, यहाँ तक कि निरीश्वरवादी विचारकों को भी एकत्रित किया जा सकता था, वास्तव में यही एक ऐसा 'भाव' था जो सभी भेद, सभी प्रकार के विवादों के परे था।

संसार परिवर्तनशील है परंतु इस सतत परिवर्तनशील और नाशवान संसार के पीछे कोई न कोई ऐसे अचेतन शक्ति अवश्य है जो कि अपरिवर्तनशील है। साथ ही यह अचेतन शक्ति सर्वदा मंगलकारी लगती है तथा मृत्यु के वातावरण में जीवन, असत्य के घमासान में सत्य और अन्धकार की चपेट में प्रकाश अपना अस्तित्व बनाए हुए है। इसलिए गांधी की परिभाषा में ईश्वर जीवन, सत्य और प्रकाश-रूप है। वह प्रेम और शिव-तत्त्व है।

गांधी के इस वैचारिक परिवर्तन ''ईश्वर ही सत्य है'' की जगह ''सत्य ही ईश्वर है'', का असर स्वतंत्रता आंदोलन में देखने को भी मिलता है। वास्तव में गांधी त्रिगुण योगी अर्थात् कर्मयोगी, ज्ञानयोगी और भक्तियोगी एक साथ थे। गांधी ने सभी धर्मो को न केवल सामान्य नैतिक आदर्शों में बदल दिया था बल्कि उन्होंने अपने नीतिशास्त्र द्वारा परम्परा और आधुनिकीकरण के बीच एक संबंध स्थापित कर दिया। जैसे, 'अहिंसा' की अवधारणा को गांधी ने भारत के आध्यात्मिक दर्शन के अनुकूल इसे यथावत स्वीकार करते हुए इसके तत्व को प्रेम के तत्व और कष्टों से छुटकारा दिलाने वाले तत्व के रूप में ढाल दिया था। उन्होंने 'अनासक्ति' के माध्यम से सत्तामूलक सत्य को भी तात्कालिक सत्य में रुपांतरित कर दिया था। गांधी के आह्वान पर भारतीय राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन से सभी धर्मो के मानने वाले लोग और वैचारिक मतभेद रखने वाले विभिन्न विचारक भी जुडते चलते गए थे। यहीं गांधी की सफलता थी कि उन्होंने तात्कालिक समाज की भावना के अनुरूप अपने विचार में परिवर्तन कर बहुसंख्यक समाज को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जोडकर उसके फलक को व्यापक बना दिया था। हमें यह समझना चाहिए कि भारतीय संदर्भ में गांधी ने हमेशा ही एक भाषा, एक संस्कृति, एक धर्म की बजाय भारत की बहुलतावादी संस्कृति, भाषा और धर्म को मानने वाले लोगों को एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया। वर्ष 1909 में गांधी ने हिंद स्वराज में लिखा कि भारत का वास्तविक शत्रु अंग्रेजी राज नहीं है अपितु समग्र आधुनिक सभ्यता है क्योंकि मात्र राजनीतिक स्वराज पा लेने का अर्थ होगा 'अंग्रेजों के बिना अंग्रेजी राज'। संक्षेप में, अपने सत्य-अहिंसा के व्यापक ईश्वरीय दर्शन के कारण ही गांधी ने अपनी दूरदर्शिता एवं सूझबूझ से धार्मिक जैसी संवेदनशील बातों को मानने वाले विभिन्न मतावलंबियों के मध्य एकता स्थापित कर उन्हें भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से सफलतापूर्वक जोड़ दिया था।

❒❒❒

शोधार्थी, इतिहास विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश, मोबाईल: 9811558925 ईमेल : vision2020rajeev@gmail.com

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और वर्तमान परिदृश्य

—डॉ. अंजू रानी

वर्तमान परिदृश्य में न्याय संगत और न्यायपूर्ण समाज के विकास की महती आवश्यकता है। राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा मिले यह भी वर्तमान की मूलभूत आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उसकी सार्वभौमिक पहुँच, व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व के कल्याण का विचार वर्तमान की आवश्यकता है।

अतीत, वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताएं एवं चुनौतियाँ भिन्न-भिन्न होती हैं, जिनकी पूर्ति के लिए ज्ञान-विज्ञान, विभिन्न प्रकार की नीतियाँ और योजनाएं अस्तित्व में आती हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा भी आरंभ से ही अतीत, वर्तमान और भविष्य के अनेक सूत्र प्रदान करती रही है। ''वेद'' समूची ज्ञान परंपरा के आदि स्रोत माने जाते हैं। विद्वानों ने वेद का निर्वचन किया- विद्यन्ते ज्ञायन्ते लभ्यन्ते एभिर्धर्मादि पुरुषार्थः इतिहास वेदाः। उसके चिंतन का मूल है- ''मनुर्भव'' अर्थात् मनुष्य बनो। वेदों में मनुष्य को ज्ञानवान और शिक्षित होने का विस्तार से विचार मिलता है। शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए ऋग्वेद के मंडल संख्या 01 के 53वें सूक्त में कहा गया है-''दुरो अश्वस्य... गृणीमसि।[1] अर्थात् परमेश्वर के तुल्य धार्मिक विद्वान के बिना किसी के लिए सब पदार्थ वा सब सुखों को देने वाला कोई नहीं है परंतु जो निश्चय करके सबके मित्र शिक्षाओं को प्राप्त किए हुए मनुष्य हैं वे ही इन सब सुखों को प्राप्त होते हैं, आलसी मनुष्य नहीं। इसी श्रंखला में सुक्त संख्या 73 में विज्ञान के महत्व को प्रतिपादित करते हुए लिखा है- त्वे अग्ने ...च स धुः।[2] अर्थात् परमेश्वर की सृष्टि के विज्ञान के बिना कोई मनुष्य पूर्ण विद्वान होने को समर्थ नहीं होता। जैसे रात्रि-दिवस भिन्न-भिन्न रूप वाले हैं वैसे ही अनुकूल और विरुद्ध धर्मादि के विज्ञान से सब पदार्थों को जानके उपयोग में लेवें। वहाँ स्त्री शिक्षा, सर्व शिक्षा, ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की चर्चा, शिक्षा एवं परीक्षा आदि विषयों पर भी विस्तार से विचार मिलता है। यहाँ संक्षेप में वैदिक चिंतन में शिक्षा के विषय की चर्चा से यह स्पष्ट है कि शिक्षा के महत्व को समझे बिना विकास संभव नहीं है। आज भारत सहित समूचे विश्व का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है, वर्तमान की आवश्यकताएं एवं चुनौतियाँ सबके सामने हैं, मानवता हाशिए पर है, व्यक्ति-व्यक्ति का शत्रु बन रहा है। निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए

प्रकृति एवं पर्यावरण का दोहन और उससे उत्पन्न चुनौतियाँ भी सबके सामने हैं। अनेक प्रकार की बीमारियाँ और प्राकृतिक आपदाएं मानवता के लिए काल बन रहे हैं। परमाणु शक्ति और भिन्न भिन्न प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों की होड़ लगी हुई है। विस्तारवाद की इच्छा में व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्रों का उचित-अनुचित का विवेक खोता जा रहा है। अलगाववाद और आतंकवाद समूचे विश्व के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं, ऐसे में भारतीय ज्ञान परंपरा और उसमें दीक्षित नागरिक ही समूचे विश्व का कल्याण कर सकता है, क्योंकि उसकी निर्मिती के मूल में परहित की भावना और सर्वे भवंतु सुखिन: की कामना है।

शिक्षा नीति किसी भी राष्ट्र की मूलभूत आवश्यकता होती है, जिसमें अतीत का विश्लेषण, वर्तमान की आवश्यकताएं- आशाएं तथा भविष्य की आकांक्षाएं निहित होती हैं। वह कुछ पाठ्यक्रमों में अदल- बदल की योजना भर नहीं है अपितु व्यक्ति के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की एक विधि है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हम सबके सामने है और वर्तमान परिदृश्य से भी हम सब भलीभांति परिचित हैं, ऐसे में यह प्रश्न उठना बहुत स्वाभाविक है कि वर्तमान परिदृश्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कितनी और किस प्रकार महत्वपूर्ण है? इस विषय पर विवेचन- विश्लेषण से पूर्व शिक्षा के विषय में कुछ महत्वपूर्ण विचार जानना आवश्यक है। ऋग्वेद के प्रथम मंडल की सूक्त संख्या 79 में सर्व विद्यावान पुरुष को बिजली,अग्नि और सूर्य के समान प्रकाश करने वाला बताया गया है-''स इधानो वसु... दीदिहि।[3] अर्थात् जैसे बिजुली, प्रसिद्ध पावक, सूर्य, अग्नि सब मूर्तिमान द्रव्य को प्रकाश करता है वैसे ही सर्वविद्या वित्पुरुष सब विद्या का प्रकाश करता है। संस्कृत में भी एक सुभाषित है, जिसमें कहा गया है- साहित्य संगीत कला विहीन: साक्षात्पशु: पुच्छ विषाणहीन:। अर्थात् जो मनुष्य साहित्य, संगीत और कला आदि से वंचित होता है वह बिना पूंछ तथा बिना सींग वाले साक्षात पशु के समान है। सत्यार्थ प्रकाश के द्वितीय समुल्लास में लिखा है- जन्म से 5वें वर्ष तक बालकों को माता, 6 वर्ष से 8वें वर्ष तक पिता शिक्षा करें और 9वें वर्ष के आरंभ में द्विज अपने संतानों का उपनयन करके आचार्य कुल में अर्थात् जहाँ पूर्ण विद्वान और पूर्ण विदुषी स्त्री शिक्षा और विद्या दान करने वाली हों वहाँ लड़के और लड़कियों को भेज दें।[4] उपर्युक्त उद्धरणों से यह भी स्पष्ट है कि भारतवर्ष में शिक्षा एवं ज्ञानार्जन की समृद्ध परंपरा रही, किंतु विदेशी शासकों के शासनकाल में वे सारी श्रेष्ठ शिक्षा व्यवस्थाएँ धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई। इतिहास के मध्यकाल तथा आधुनिक काल में जैसे-जैसे भारतवर्ष पर विदेशी शासकों का शिकंजा कसता गया वैसे- वैसे भारतीय ज्ञान परंपरा को भी नष्ट करने का प्रयास किया गया। कभी पुस्तकालयों को जलाया गया, कभी विदेशियों द्वारा अपने ढंग से ज्ञान परंपरा की नूतन व्याख्या प्रस्तुत की गई, तो कभी यहाँ की सामाजिक-सांस्कृतिक तथा धार्मिक परंपराओं को तोड़ मरोड़ कर व्यर्थ सिद्ध किया गया। अवशेष स्वरूप आज भी तक्षशिला, नालंदा, उदंतपुरी, सोमपुरा, नागार्जुनकोंडा, कांचीपुरम, पुष्पगिरी तथा शारदा पीठ आदि विश्वविद्यालय तथा शिक्षा पीठ विद्यमान है, जिनमें देश-विदेश से हजारों छात्र शिक्षा प्राप्त करने आते थे। मैक्समूलर जिसे भारत में एक उदार पाश्चात्य वैदिक विद्वान के रूप में स्वीकार किया जाता है, ने लिखा है- ''वैदिक सुक्तों की बहुत बड़ी संख्या नितांत बचकाना, जटिल, घटिया और साधारण है।''

मैकाले हिंदू संस्कृति और शिक्षा को बहुत घृणा की दृष्टि से देखता था। उसका कहना था कि- ''संस्कृत भाषा में जो पुस्तकें लिखी गई हैं, उन सबका समस्त ऐतिहासिक ज्ञान इंग्लैंड के प्रेप स्कूल में पढ़ाई जाने वाली छोटी संक्षिप्त पुस्तिका से भी कम है।'' इस प्रकार के विचारों के उत्तर स्वरूप मैथिलीशरण गुप्त द्वारा लिखित भारत भारती में दिए गए उद्धरण को यहाँ उद्धृत करना उचित होगा। वहाँ ''हिंदुओं के देवताओं की वंशावली'' नामक पुस्तक के रचयिता कौन्ट जार्न्स जेर्ना का मत उद्धृत है। वे लिखते हैं- आर्यावर्त केवल हिंदू धर्म का ही घर नहीं है वरन् वह संसार की सभ्यता का आदि भण्डार है। हिंदुओं की सभ्यता क्रमश: पश्चिम की ओर इथोपिया, ईजिप्त और फैनेशिया तक; पूर्व दिशा में स्याम, चीन और जापान तक; दक्षिण में लंका, जावा, सुमात्रा तक और उत्तर की ओर परशिया, चाल्डिया और कोल्विस और वहाँ से यूनान और रोम हियर वोरियन्स के रहने के स्थान तक पहुँची।''(5) इसी प्रकार वहाँ एक अन्य उद्धरण भी मिलता है। वहाँ 20 फरवरी 1884 के डेली ट्रिब्यून नामक पत्र में विदेशी विद्वान डी.ओ. ब्राउन का वक्तव्य लिखा है- ''यदि हम पक्षपात रहित होकर भली-भांति परीक्षा करें तो हमको स्वीकार करना पड़ेगा कि हिंदू ही सारे संसार के साहित्य, धर्म और सभ्यता के जन्मदाता हैं।''(6) प्रस्तुत उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था और ज्ञान परंपरा समूचे विश्व की जननी रही है। आज यह भी विचार करने की आवश्यकता है कि क्या स्वतंत्रता के बाद बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीतियां इस प्रकार के विचारों अथवा मूल्यों को अपने अंदर समाहित कर पाई? क्या नीति निर्धारकों ने इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास किए? क्या भारतवर्ष के नागरिक मैकाले की भारतीयता विरोधी स्वार्थपूर्ण सोच वाली शिक्षा पद्धति से निकल पाए? क्या उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों में भारतीय चिंतन, भारतीय मूल्य बोध की संकल्पना को समाहित करने का प्रयास किया?

भारतवर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दृष्टि से पहली शिक्षा नीति 1968 में और दूसरी 1986 में आई। दोनों ही नीतियों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय ज्ञान और भारत बोध की संकल्पना इनमें कहीं पीछे ही छूट गई। यद्यपि 1986 की शिक्षा नीति शिक्षा के आधुनिकीकरण पर केंद्रित कही जाती है, जिसमें देश में शिक्षा के विकास के लिए व्यापक ढांचा, शिक्षा के आधुनिकीकरण और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर देने की बात कही गई थी, किंतु 1990 के दौर में भूमंडलीकरण की प्रक्रिया ने व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र की आवश्यकताओं में आमूलचूल परिवर्तन किए। ज्ञान-विज्ञान तथा तकनीकी में तेजी से बदलाव आया, जिन्हें पूरा करने में यह शिक्षा नीति पूरी तरह से सक्षम नहीं रही। निरक्षरता की दर निरंतर बढ़ती रही, ग्रामीण क्षेत्र उपेक्षित ही रहे। बढ़ती जनसंख्या के कारण विद्यालय-महाविद्यालयों तक पहुँच से जनसंख्या का बड़ा हिस्सा वंचित ही रहा। विद्यालय तथा महाविद्यालयों में अध्ययन- अध्यापन से जुड़ी हुई तमाम परेशानियाँ अभी तक भी देखी जा सकती है। वर्ष 2014 में बहुमत में आई मोदी सरकार के समक्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक बड़ी चुनौती एवं आवश्यकता के रूप में सामने थी। इसे देखते हुए जून 2017 में पूर्व इसरो प्रमुख डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। समिति ने मई 2019 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रारूप प्रस्तुत किया, शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने एक व्यापक, दूरदर्शी और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण अपनाते हुए

राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित सभी से सुझाव लेने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। देश के कोने कोने से सभी वर्ग के लोगों की राय ली गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की संकल्पना का विस्तार हुआ। भारतवर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि शिक्षा नीति बनाने के लिए देश में व्यापक जन संवाद हुआ। देश की लगभग 2.5 लाख ग्राम पंचायतें, 6600 ब्लॉक और 650 जिलों से विचार लिए गए। इसमें शिक्षाविद, अध्यापक, अभिभावक, जनप्रतिनिधि, समाज जीवन के सामान्य लोग एवं व्यापक स्तर पर छात्र आदि सभी सम्मिलित थे। जन आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप एवं राष्ट्रीय आवश्यकता और चुनौतियों के अनुरूप केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई शिक्षा नीति 2020 को मंजूरी दी। यही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कही जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस शिक्षा नीति के विषय में कहा- ''यह शिक्षा के क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित सुधार है जिससे लाखों लोगों का जीवन बदल जाएगा। एक भारत- श्रेष्ठ भारत पहल के तहत इसमें संस्कृत समेत भारतीय भाषाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।''[7] राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रस्तुत करते हुए शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने भी कहा-''देश के प्रधानमंत्री ने एक नए भारत के निर्माण की बात की है... उस नए भारत के निर्माण में यह नई शिक्षा नीति 2020 मील का पत्थर साबित होगी... यह ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार, प्रौद्योगिकी से युक्त, संस्कारक्षम और मूल्यपरक, हर क्षेत्र में, हर परिस्थिति का मुकाबला करने वाली होगी। पूरी दुनिया के लिए भारत में ज्ञान की महाशक्ति के रूप में यह शिक्षा नीति उभर करके आएगी।''[8]

वर्तमान परिदृश्य में न्याय संगत और न्यायपूर्ण समाज के विकास की महती आवश्यकता है। राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा मिले यह भी वर्तमान की मूलभूत आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उसकी सार्वभौमिक पहुँच, व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व के कल्याण का विचार वर्तमान की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 परिचय में ही स्पष्ट करती है कि-''शिक्षा पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने, एक न्यायसंगत और न्यायपूर्ण समाज के विकास और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए मूलभूत आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करना वैश्विक मंच पर सामाजिक न्याय और समानता, वैज्ञानिक उन्नति, राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के संदर्भ में भारत की सतत प्रगति और आर्थिक विकास की कुंजी है। सार्वभौमिक उच्चतर स्तरीय शिक्षा वह उचित माध्यम है, जिससे देश की समृद्ध प्रतिभा और संसाधनों का सर्वोत्तम विकास और संवर्धन व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व की भलाई के लिए किया जा सकता है।''[9] यूनेस्को के सतत विकास एजेंडा के अंतर्गत सभी को शिक्षा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में भारतवर्ष अभी उससे काफी पीछे है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सतत विकास एजेंडा 2030 के लक्ष्यों के अनुसार वर्ष 2030 तक सभी के लिए समावेशी और सामान गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित करने और जीवन पर्यंत शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा दिए जाने की योजना है। वर्तमान परिदृश्य में बिग डाटा, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कुशल कामगारों की आवश्यकता, जलवायु परिवर्तन, बढ़ता प्रदूषण, घटते प्राकृतिक संसाधन, मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषाओं में शिक्षा, महिला शिक्षा, मूल्यपरक शिक्षा, बस्ते के बोझ से मुक्ति, समग्र विकास आदि अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जो गंभीर आवश्यकता एवं

चुनौतियों से भरे हैं। हाल ही में गुजरात के केवड़िया में ''मिशन लाइफ'' अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें वैश्विक कार्य योजना बनाते हुए जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी असर से धरती को बचाने के लिए गंभीर चिंतन हुआ है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने जलवायु परिवर्तन की समस्या और उसके समाधान विषयक अनेक प्रयास शुरू किए हैं। इस अवसर पर यूएन प्रमुख गुटेरस ने कहा कि- ''जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे बड़ी समस्या है, इसके संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करना होगा। कुदरत के संसाधनों का हमें विवेकपूर्वक उपयोग करना चाहिए।'' राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वर्तमान के इन विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से विचार करती है। नीति के परिचय में ही कहा गया है- ''ज्ञान के परिदृश्य में पूरा विश्व तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, बिग डाटा, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में हो रहे बहुत से वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के चलते एक और विश्व भर में अकुशल कामगारों की जगह मशीनें काम करने लगेंगी और दूसरी ओर डाटा साइंस, कंप्यूटर साइंस और गणित के क्षेत्रों में ऐसे कुशल कामगारों की जरूरत और माँग बढ़ेगी जो विज्ञान, समाज विज्ञान और मानविकी के विविध विषयों में योग्यता रखते हैं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और घटते प्रा तिक संसाधनों की वजह से हमें ऊर्जा, भोजन, पानी, स्वच्छता आदि की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रास्ते खोजने होंगे और इस कारण भी जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, कृषि, जलवायु विज्ञान और समाज विज्ञान के क्षेत्रों में नए कुशल कामगारों की जरूरत होगी।''[10] वर्तमान परिदृश्य में ज्ञान-विज्ञान, सूचना- तकनीक पल-पल बदल रही है, ऐसे में एक बार सीखा हुआ ही जीवनपर्यंत अथवा लंबे समय तक चलता रहे यह संभव नहीं है, इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सतत सीखते रहने की कला को भी विकसित करने पर बल देती है। वह इस बात पर भी बल देती है कि बच्चे समस्या समाधान और तार्किक एवं रचनात्मक रूप से सोचना सीखें। वर्तमान की आवश्यकताएं बदल रही हैं, इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इस विषय पर गंभीरता से विचार करती है। उसमें स्पष्ट रूप से लिखा है- ''यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वीं शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है... राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर विशेष जोर देती है। यह नीति इस सिद्धांत पर आधारित है कि शिक्षा से न केवल साक्षरता और संख्या ज्ञान जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के साथ-साथ उत्तर की तार्किक और समस्या समाधान संबंधी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास होना चाहिए, बल्कि नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति का विकास होना चाहिए।[11]

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अध्ययन- विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि यह नीति प्राचीन और सनातन भारतीय ज्ञान और विचार परंपरा से पोषित हुई है। भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित वैदिक साहित्य, योग, दर्शन, संस्कृति आदि विविध विषय एवं पक्ष इसमें अनेक रूपों में समाहित किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूलभूत सिद्धांतों को लगभग 20 बिंदुओं में विश्लेषित किया गया है, जिसमें प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं की स्वीकृति, पहचान और

उनके विकास हेतु प्रयास करना, बुनियादी साक्षरता, लचीलापन, सभी प्रकार के ज्ञान की एकता और अखंडता, अवधारणात्मक समझ पर जोर, नैतिकता, मानवीय और संवैधानिक मूल्यों को समाहित करना, बहुभाषिकता, जीवन कौशल, तकनीकी के यथासंभव उपयोग पर जोर, उत्कृष्ट शोध को बढ़ावा देना, भारतीय जड़ों और गौरव से बंधे रहना आदि पक्ष महत्वपूर्ण हैं। नीति के विजन में यह स्पष्ट किया गया है कि- ''इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विजन भारतीय मूल्यों से विकसित शिक्षा प्रणाली है जो सभी को उच्चत्तर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाकर भारत को एक जीवंत और न्याय संगत ज्ञान समाज में बदलने के लिए प्रत्यक्ष रूप से योगदान करेगी। नीति में परिकल्पित है कि हमारे संस्थानों की पाठ्यचर्या और शिक्षा विधि छात्रों में अपने मौलिक दायित्व और संवैधानिक मूल्यों, देश के साथ जुड़ाव और बदलते विश्व में नागरिक की भूमिका और उत्तरदायित्व की जागरूकता उत्पन्न करे। नीति का विजन छात्रों में भारतीय होने का गर्व न केवल विचार में बल्कि व्यवहार बुद्धि और कार्यों में भी और साथ ही ज्ञान, कौशल, मूल्यों और सोच में भी होना चाहिए जो मानवाधिकारों, स्थायी विकास और जीवनयापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हों, ताकि वे सही मायने में वैश्विक नागरिक बन सकें।''(12)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह भारत केंद्रित होने के साथ-साथ विद्यार्थी केंद्रित भी है। इस नीति के प्रत्येक बिंदु में व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व की आवश्यकताएं, चुनौतियाँ एवं उनके समाधान दिखाई देते हैं। वर्तमान परिदृश्य में स्कूली शिक्षा में बच्चे का प्रवेश,उसका शारीरिक विकास, बस्ते का बोझ, उसके सीखने का माध्यम आदि अनेक ऐसी गंभीर बातें हैं, जिन पर दशकों से विचार होता रहा, लेकिन उनके समाधान नहीं मिल पाए। विद्यालय में प्रवेश की आयु घटती गई और बस्ते का बोझ बढ़ता गया, परिणामस्वरूप न तो बच्चा शारीरिक रूप से मजबूत हो सका और न ही मानसिक रूप से। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्कूल शिक्षा के ढांचे में परिवर्तन के विचार के साथ आई है। यह वर्तमान की 10+2 वाली स्कूली व्यवस्था को 3 से 18 वर्ष के सभी बच्चों के लिए पाठ्यचर्या और शिक्षण शास्त्रीय आधार पर 5+ 3+ 3+ 4 की एक नई व्यवस्था में पुनर्गठित करने की बात करती है और इसे प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा- सीखने की नींव के रूप में परिभाषित करती है। प्रारंभिक स्तर पर शारीरिक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दिया जाना, खेल खेल में सीखना एवं बस्ते के बोझ को हटाना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का महत्वपूर्ण पक्ष है। ध्यातव्य है कि वर्ष 1993 में यशपाल समिति ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसका शीर्षक था- शिक्षा बिना बोझ के अथवा बिना बोझ के सीखना। बस्ते के बोझ को कम करने के लिए बनी इस समिति ने शिक्षा व्यवस्था में विभिन्न विसंगतियों की ओर इंगित करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे, लेकिन ढुलमुल नीयत और निर्णयों के कारण वह आज तक भी लागू नहीं हो पाए। इसी प्रकार वर्ष 1977 में ईश्वर भाई पाताल समीक्षा समिति, 1984 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की समिति, 1990 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति समीक्षा समिति के सुझाव और फिर आचार्य राममूर्ति समिति आदि की शिक्षा से संबंधित विभिन्न सिफारिशें आज तक भी अधर में लटकी हुई हैं।

आचार्य राममूर्ति समिति ने शिक्षा में बुनियादी सुधारों की सिफारिश करते हुए 9 बिंदुओं के अंतर्गत शिक्षा के उद्देश्य, सामान्य स्कूल प्रणाली,व्यक्तियों का कार्य हेतु सशक्तिकरण, परीक्षा सुधार, मातृभाषा को स्थान, स्त्रियों की शिक्षा आदि सुझाव दिए थे, लेकिन वे फाइलों में ही बंद होकर रह गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उन विभिन्न समितियों के महत्वपूर्ण विचारों को समाहित करते हुए सामने आई है। पूर्व की विभिन्न समितियों ने आरंभिक शिक्षा में मातृभाषा को स्थान देने अथवा मातृभाषा में शिक्षा का विचार दिया था, लेकिन वह आज तक भी लागू नहीं हो पाया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बहुभाषावाद और भाषा की शक्ति शीर्षक में इस विषय पर स्पष्ट करती है- ''यह सर्वविदित है कि छोटे बच्चे अपने घर की भाषा अथवा मातृभाषा में सार्थक अवधारणाओं को अधिक तेजी से सीखते हैं और समझ लेते हैं। घर की भाषा आमतौर पर मातृभाषा या स्थानीय समुदायों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है...जहाँ तक संभव हो कम से कम ग्रेड 5 तक लेकिन बेहतर यह होगा कि यह ग्रेड 8 और उससे आगे तक भी हो। शिक्षा का माध्यम घर की भाषा अथवा मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा होगी।''[13] आज भिन्न-भिन्न रूपों में अंग्रेजी का वर्चस्व बना हुआ है। सामान्य से सामान्य अवधारणाएं भी अंग्रेजी माध्यम के कारण कठिनाई से समझ में आ पाती हैं। शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हुए आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने सत्यार्थ प्रकाश नामक ग्रंथ में बहुत पहले ही देवनागरी और देशीय भाषाओं के प्रयोग की बात कही थी, उन्होंने लिखा है- जब पाँच वर्ष के लड़का लड़की हों तब देवनागरी व अन्य देशीय भाषाओं के अक्षरों का अभ्यास करावें। उसके पश्चात जिनसे अच्छी शिक्षा, विद्या, धर्म, परमेश्वर, माता-पिता, आचार्य,विद्वान, अतिथि,राजा, प्रजा, कुटुंब, बंधु, भगिनी, भृत्य आदि से कैसे-कैसे वर्तना इन बातों के मंत्र, श्लोक, सूत्र, गद्य, पद्य भी अर्थ सहित कंठस्थ करावें।''[14] ''मेरे सपनों का भारत'' नामक पुस्तक में ''मेरा अपना अनुभव'' नामक शीर्षक में गांधीजी लिखते हैं- ''बारह बरस की उम्र तक मैंने जो भी शिक्षा पाई वह अपनी मातृभाषा गुजराती में ही पाई थी... जिल्लत तो चौथे साल से शुरू हुई। अलजबरा (बीजगणित), केमिस्ट्री (रसायनशास्त्र), एस्ट्रोलॉजी (ज्योतिष), हिस्ट्री (इतिहास) ज्यॉग्राफी (भूगोल) हर एक विषय मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी में ही पढना पडा। कक्षा में अगर कोई विद्यार्थी गुजराती, जिसे कि वह समझता था, बोलता तो उसे सजा दी जाती थी।... अंग्रेजी के माध्यम ने तो मेरे और मेरे कुटुम्बियों के बीच, जो कि अंग्रेजी स्कूलों में नहीं पढ़े थे, एक अगम्य खाई खड़ी कर दी...।''[15] संभवत: यह स्थिति आज भी लाखों बच्चों के साथ यथावत् बनी हुई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इससे मुक्ति देती है। विद्यार्थी अपनी भाषा में, अपनी प्रांतीय भाषाओं में ज्ञान- विज्ञान के विभिन्न विषय पढ़ सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तेजी से क्रियान्वयन की प्रक्रिया में है। महत्वपूर्ण यह है कि देश के कई प्रदेशों में मातृभाषा में चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग जैसे तकनीकी विषयों की पढ़ाई आरंभ हो चुकी है। मातृभाषा में विभिन्न विषयों की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाई जा रही हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मानव को संसाधन के रूप में नहीं, अपितु मनुष्य के रूप में देखती है। विद्यार्थी उसके केंद्र में है, इसलिए उसमें लचीलेपन का प्रावधान है। शोध और अनुसंधान के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए अनेक अवसर विद्यमान

हैं। अनुभव के आधार पर बालक अधिकाधिक सीखे, इसके लिए भ्रमण और परियोजना कार्य पाठ्यक्रम के हिस्से बनाए गए हैं।

वर्तमान परिदृश्य में नया भारत, समर्थ भारत, कौशल युक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत और अब विकसित भारत का संकल्प प्रस्तुत किया जा चुका है। भारत पुन: विश्व गुरु बने इसके लिए निरंतर आवाह्न एवं योजनाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों में कौशल की क्षमताओं को विकसित करने का प्रावधान करती है, जिससे वे न केवल आत्मनिर्भर होंगे, अपितु राष्ट्रीय एवं वैश्विक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में भी सक्षम बनेंगे। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त द्वारा लिखित भारत भारती नामक पुस्तक में छान्दोग्योपनिषद् का उद्धरण दिया गया है, जहाँ महर्षि सनत्कुमार ऋषि नारद से पूछते हैं कि उन्होंने कौन-कौन सी विद्याएँ पढी हैं, तब ऋषि नारद उत्तर देते हैं- ''हे भगवान! मैंने ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, पुराण, वेदों के अर्थविधायक ग्रंथ, पितृविद्या, राशिविद्या, देवविद्या, निधिविद्या, वाकोवाक्यविद्या, एकायनविद्या, देवविद्या, ब्रह्मविद्या, भूतविद्या, क्षत्रविद्या, नक्षत्रविद्या और सर्पदेवजनविद्याओं का अध्ययन किया है।''[16] प्रस्तुत उद्धरण से पुन: यह स्पष्ट है कि हमारा अतीत विभिन्न प्रकार की विद्याओं से समृद्ध था, जिसे धीरे धीरे विस्मृत कर दिया गया। स्वतंत्रता के बाद बनी दोनों शिक्षा नीतियाँ भी गौरवपूर्ण अतीत के विषय में उदासीन रही, क्या यह वर्तमान की महती आवश्यकता नहीं थी? राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के ''नवीन राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के माध्यम से सभी क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त अकादमिक अनुसंधान को उत्प्रेरित करना'' शीर्षक के अंतर्गत यह लिखा है कि- ''भारत में विज्ञान और गणित से लेकर कला, साहित्य, स्वर विज्ञान और भाषा से लेकर चिकित्सा और कृषि तक के विषय में अनुसंधान और ज्ञानसृजन की एक लंबी ऐतिहासिक परंपरा रही है, अब समय की मांग है कि भारत जल्द से जल्द एक मजबूत और प्रबुद्ध ज्ञान समाज के रूप में अपनी खोई हुई स्थिति को शीघ्र ही पुन: प्राप्त करे और मजबूत और प्रबुद्ध ज्ञान समाज तथा दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में 21वीं सदी में अनुसंधान और नवाचार का नेतृत्व करने के लिए तैयार रहे।''[17] देश और दुनिया में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के कारण अनुसंधान और नवाचार आज की बड़ी आवश्यकता है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुसंधान और नवाचार के विभिन्न प्रावधानों के साथ उपस्थित हुई है। स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन आदि जैसी बुनियादी आवश्यकताएं वर्तमान परिदृश्य में चुनौती के रूप में भी हमारे सामने हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इन सब चुनौतियों का विश्लेषण करते हुए उनके समाधान की ओर बढ़ने का मार्ग दिखाती है। अनुवाद, ज्ञान-विज्ञान एवं संस्कृति का संरक्षण- संवर्धन, प्राचीन एवं नवीन का समन्वय, मातृभाषा का महत्व आदि अनेक ऐसे बिंदु हैं जिन पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 गंभीरता से विचार करती है। नीति की पूरी संरचना में ''व्हाट टू थिंक'' पर फोकस के स्थान पर ''हाउ टू थिंक'' को महत्व दिया गया है।

संदर्भ सूची :

1. ऋग्वेद- मंडल संख्या 1
2. ऋग्वेद- मंडल संख्या 1

3. ऋग्वेद- मंडल संख्या 1
4. सत्यार्थ प्रकाश, द्वितीय समुल्लास
5. भारत भारती
6. भारत भारती
7. वर्ष 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी के बाद मीडिया के सम्मुख बोलते हुए
8. वर्ष 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी के बाद मीडिया के सम्मुख बोलते हुए
9. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
10. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
11. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
12. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
13. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
14. सत्यार्थ प्रकाश
15. मेरे सपनों का भारत
16. भारत भारती
17. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

❒❒❒

कहानीकार एवं स्वतंत्र लेखक, 9818999032, anjuved298@gmail.com

मानवता के कल्याण का विचार है एकात्म मानवदर्शन

—गुंजेश गौतम

व्यक्ति और समाज का सम्बन्ध के विषय में दीनदयाल उपाध्याय उदार विज्ञानवादी हैं। उनके अनुसार व्यक्ति और समाज के बीच कोई संघर्ष नहीं है। यदि कहीं है तो वह विकृति का लक्षण है। वे कहते हैं, ''समष्टि हित के लिए व्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबन्धित करने की आवश्यकता नहीं है। वास्तव में स्वैराचार में व्यक्ति का विकास नहीं, विनाश है। समष्टि के साथ एकात्मता ही व्यक्ति की पूर्ण विकसित अवस्था है।

प्रस्तावना

आधुनिक भारत के प्रेरणादायी सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक चिंतकों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय चिंतन परंपरा में उनकी महत्ता इसलिए है कि उन्होंने पश्चिम के खंडित दर्शन के स्थान पर भारत की गौरवमयी व कालजयी संपन्न संस्कृति के अनुरूप सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विचारों को एक सूत्र में पिरोकर एकात्म मानवदर्शन को प्रस्तुत किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद जब भारत का राजनैतिक और बौद्धिक जगत् पाश्चात्य विचारों से पूरी तरह आच्छादित था। तब पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हस्तक्षेप करते हुए भारतीय प्रज्ञा को झकझोरा तथा आह्वान किया कि हम विदेशी परिस्थिति एवं विदेशी चित में उत्पन्न विचारों का अध्ययन तो करें, लेकिन स्वतंत्र भारत की विचारधारा का स्त्रोत तो भारतीय चित ही होना चाहिए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने विचारधारा के क्षेत्र में व्यक्तिवाद (पूँजीवाद), समाजवाद और साम्यवाद के विचारों को चुनौती देते हुए, 'एकात्म मानव दर्शन' का प्रणयन किया।

अभी तक प्रचलित सामाजिक एवं राजनैतिक दर्शनों- पूँजीवाद, समाजवाद एवं साम्यवाद को देखें तो हम पाते हैं, कि उनमें से सभी ने जीवन के एकांगी पक्ष को लेकर ही अपने जीवन-दर्शन की स्थापना की। जहाँ पूँजीवाद केवल पूँजीपतियों के हितों का ही ध्यान रखता है, वहीं समाजवाद एवं साम्यवाद केवल श्रमिकों के हितों को ही समाज का हित समझते हैं। महात्मा गाँधी के सर्वोदय की कल्पना जीवन के समग्र भाग का ध्यान तो अवश्य रखती है, पर वह इतनी आदर्शवादी और विज्ञानवादी है कि उसे जीवन में चरितार्थ करना कठिन ही नहल्र, वरन् असम्भव भी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एक ऐसे ही समग्र जीवन-दर्शन देने की चे टा की थी जो हमारी भौतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक सभी आवश्यकताओं की तृप्ति कर सके।

एकात्म मानवदर्शन का अर्थ

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानव दर्शन के विचार को सर्वप्रथम (22 से 25 अप्रैल) 1965 में मुंबई में चार व्याख्यानों के रूप मे प्रस्तुत किया। अपने सतत अध्ययन, चिन्तन और मनन से जन्मे एकात्म मानवदर्शन को उन्होंने सूत्र रूप में लिखा भी और अनेक विद्वानों और विचारकों से इस पर विचार-विनिमय भी किया। जनसंघ ने इसे सिद्धान्त के रूप में अपनाया।

एकात्म की अवधारणा को समझाने के लिए दीनदयाल उपाध्याय संबधों का एक उदाहरण दिया करते थे। वे कहते थे कि एक ही व्यक्ति एक साथ कई सम्बन्धों को निभाता है। वह एक साथ ही पिता है, भाई है, बेटा है। ये सभी संबध एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। यही मानव प्रकृति की एकात्मता है। मनुष्य शिशु होता है, फिर जवान होता है और अंत में बूढ़ा होता है, लेकिन मनुष्य की ये तीनों अवस्थाएँ एक सम्पूर्ण इकाई बनाती हैं। पश्चिम ने शायद मानव की इस सम्पूर्णता को अनदेखा किया और उसे खंडित नजरिये से देख कर विकास के मॉडल तैयार किये। दीनदयाल उपाध्याय ने इन्हीं मॉडलों के विकल्प में मानव विकास का भारतीय मॉडल दिया जिसे बौद्धिक समाज में एकात्म मानवदर्शन के नाम से जाना जा रहा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानवदर्शन को नया नहीं वरन् वैदिक काल से चले आ रहे सनातन प्रवाह का ही युगानुरूप प्रकटीकरण है। जिसमें व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र और समष्टि को एक माला की कड़ी के रूप में देखा गया है। एकात्म मानवदर्शन अर्थात एक ऐसा समग्र जीवन दर्शन जिसमें शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा, व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व तथा अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष सभी की युगपद सिद्धि सम्भव हो सके। दीनदयाल उपाध्याय कहते हैं- ''मानव केवल एक व्यक्ति मात्र नहीं है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समुच्चय है। व्यक्ति केवल एकवचन 'मैं' तक सीमित नहीं, उसका बहुवचन 'हम' से भी अभिन्न संबंध रखता है।''[1]

संक्षेप में कहा जा सकता है कि 'एकात्म मानव दर्शन जड़ से लेकर चेतन तक, व्यष्टि से समष्टि तक, जीवन के प्रत्येक पहलू का विकास और विचार करने वाला, भारतीय जीवनदर्शो के चार पुरूषार्थो पर आधारित पूर्णतया भारतीय विचारधारा है। जो मानव के आध्यात्मिक, मानसिक, भौतिक, शारीरिक, समग्र पूर्ण विकास की आधारशिला तैयार करता है।

एकात्म मानवदर्शन और समाज व्यवस्था

पंडित दीनदयाल उपाध्याय समग्रतावादी विचारक थे। वे व्यक्ति और समाज के विषय में भौतिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टियों से सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण रखते थे। वे प्राचीन वर्णाश्रम-व्यवस्था व धर्म के उपर समाज की व्यवस्था स्थापित करना चाहते थे। वे धर्म को रिलीजन के पर्याय के रूप में प्रयोग करने के विरूद्ध थे। उनके अनुसार धर्म का अर्थ किसी मजहब, संप्रदाय या पूजा-पद्धति से नहीं है। ''धर्म का वास्तविक अर्थ है- वे सनातन नियम, जिनके आधार पर किसी सत्ता की धारणा हो और जिनका पालन कर व्यक्ति अभ्युदय और निःश्रेयस की प्राप्ति कर सके। (यतोऽभ्युदय निःश्रेयस सिद्धिः स धर्मः।) धर्म का मूल तत्त्व सनातन है, किंतु उनका विवरण देश-काल-परिस्थिति के अनुसार बदलता है। इस संक्रमणशील

जगत् में धर्म ही वह तत्व है, जो स्थायित्व लाता है। इसलिए धर्म को ही नियंता माना गया है। प्रभुता उसी में निहित है।''[2] दूसरे शब्दों में धर्म शब्द किसी विशेष संप्रदाय, पंथ, मजहब का वाचक नहीं है। जिंदगी में हमें जो धारण करना चाहिए, वही धर्म है। नैतिक मूल्यों का आचरण ही धर्म है। धर्म वह पवित्र अनुष्ठान है, जिससे चेतना का शुद्धिकरण होता है। धर्म वह तत्व है, जिसके आचरण से व्यक्ति अपने जीवन को चरितार्थ कर पाता है। दीनदयाल उपाध्याय ने धर्म को अत्यंत महत्त्वपूर्ण अवश्य माना लेकिन उन्होंने किसी भी पुरूषार्थ को कम महत्त्वपूर्ण नहीं माना। वे कहते हैं- ''धर्म महत्वपूर्ण है, परंतु यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अर्थ के अभाव में धर्म भी नहीं टिक पाता। एक सुभाषित है कि 'बुभुक्षित: किं न करोति पापम्' अर्थात भूखा व्यक्ति हर पाप कर सकता है। अत: हमारे यहाँ आदेश है कि अर्थ का अभाव नहीं होना चाहिए, क्योंकि वह धर्म का द्योतक है। अर्थ के अभाव के समान ही अर्थ का प्रभाव भी नहीं होना चाहिए, क्योंकि अर्थ का प्रभाव भी धर्म पर घातक होता है।''[3]

व्यक्ति और समाज का सम्बन्ध के विषय में दीनदयाल उपाध्याय उदार विज्ञानवादी हैं। उनके अनुसार व्यक्ति और समाज के बीच कोई संघर्ष नहीं है। यदि कहीं है तो वह विकृति का लक्षण है। वे कहते हैं, ''समष्टि हित के लिए व्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबन्धित करने की आवश्यकता नहीं है। वास्तव में स्वैराचार में व्यक्ति का विकास नहीं, विनाश है। समष्टि के साथ एकात्मता ही व्यक्ति की पूर्ण विकसित अवस्था है। व्यक्ति ही समष्टि की पूर्णता का माध्यम और माप है। व्यक्ति-स्वातन्त्र्य और समाजहित अविरोधी है।''[4]

दीनदयाल उपाध्याय ने व्यक्ति और विभिन्न प्रकार की जो बड़ी इकाइयाँ हैं, उनके बीच आपस में क्या सम्बन्ध हैं उसको वृहद रूप में समझाया। उन्होनें कहा कि व्यक्ति एकांगी नहीं है, वह बहुअंगी है। व्यक्ति का परिवार के साथ, जाति के साथ, संस्था के साथ और देश के साथ अलग-अलग तरह के संबंध रहते हैं। फिर उन्होंने पश्चिम से तुलना करते हुए कहा कि पश्चिम में भी इकाइयों, संस्थाओं एवं कल्पनाओं का विचार पृथक्-पृथक् आधार पर किया गया पर पश्चिम में व्यक्ति का व्यक्ति के नाते, परिवार का परिवार के नाते, समाज का समाज के नाते और मानवता का मानवता के नाते विचार, किया गया। किन्तु इन समस्त इकाइयों में कुछ संबंध है इसका विचार नहीं किया गया। व्यक्ति का विचार करते समय अन्य सामाजिक अवयवों को भुला दिया गया। यही बात परिवार, समाज और मानवता का विश्लेषण करते समय हुई। पर पश्चिम के सम्बन्ध और हमारे संबंध में अंतर है।

दत्तोपंत ठेंगड़ी ने दीनदयाल उपाध्याय के उपरोक्त विचार को समझाते हुए दो चक्रीय रचनायें प्रस्तुत की हैं।[5] पहले प्रकार की चक्रीय रचना में पश्चिमी कल्पना का चित्रण किया गया है, जिसमें व्यक्ति का एक चक्र है वह अपने आप में पूर्ण है, उसको आवृत्त करने वाला उससे बड़ा घेरा परिवार का है, वह भी अपने आप में पूर्ण है, उसके बाद क्रमश: समुदाय, राष्ट्र और मानवता का चक्र है जो सब अपने आप में पूर्ण है। इस व्यवस्था में सभी घेरे एक दूसरे को आवृत अवश्य करते हैं, किन्तु एक-दूसरे से असम्बद्ध हैं, एक दूसरे से अलग हैं और एक दूसरे से निर्गमित नहीं होते। इस व्यवस्था में एक की संवेदना दूसरे के साथ जुड़ी हुई नहीं है और यही

समाज के लिए बड़ा संकट का कारण है। देश के एक हिस्से में उत्पात होता है, लेकिन मुझे दर्द क्यों नहीं होता? क्योंकि उस हिस्से के साथ मैं अपना कोई सम्बन्ध मानता ही नहीं। वह अलग प्रांत है और मेरा अलग प्रांत है, ऐसी भावना मन में बैठ गयी है। यह पश्चिम की समाज व्यवस्था है।





अखंड मंडलाकार रचना

दूसरी तरफ भारतीय दृष्टिकोण में जो सम्बन्ध बताया गया है, वह इस प्रकार का चक्र है, जैसे सर्प कुण्डली मार कर बैठता है। इसे कुण्डलित, सर्पित या उत्तरोत्तर वृद्धि करने वाली अखण्ड मण्डलाकार रचना कहा जाता है। इसका प्रारंभ व्यक्ति से होता है। और व्यक्ति को लेकर व्यक्ति से सम्बन्ध न तोड़ते हुए उसी से सम्बन्ध कायम रखते हुए अगला घेरा परिवार का है। उसे खण्डित न करते हुए उससे बड़ा घेरा समाज का है। उसे खण्डित न करते हुए उसी से सम्बद्ध दूसरा घेरा राष्ट्र का है। सातत्य रूप से उससे ऊपर का घेरा मानवता का है। और चरम शिखर पर चराचर विश्व का घेरा है। इसमें सभी चक्र एक दूसरे के साथ जुड़े हुये हैं। किसी भी एक हिस्से पर चोट करने पर पूरा समाज खड़ा हो जायेगा, जिस प्रकार से सर्प कुण्डली मार कर बैठा हो और उसकी पूँछ पर चोट मारी जाए तो सम्पूर्ण सर्प खड़ा हो जाता है। दीनदयाल उपाध्याय ने कहा अगर इस प्रकार का सम्बन्ध मानेंगे तो समाज के किसी भी हिस्से पर कहीं भी दुख-दर्द आयेगा तो सम्पूर्ण समाज की संवदेना जगेगी। पहली प्रकार की रचना (पाश्चात्य जीवन रचना) से संवदेनाशून्य समाज खड़ा होता है और एकात्म मानववाद के आधार पर जिस रचना की कल्पना की गई है, उसमें से संवदेनशील समाज खड़ा होता है।

एकात्म मानवदर्शन और राजनीतिक व्यवस्था

दीनदयाल उपाध्याय की राजनीतिक विचारधारा में भी हमें स्वदेशी तथा राष्ट्रप्रेम की झलक देखने को मिलती है। वे कहते हैं कि राष्ट्र प्रेम एक जन्मजात मूल-प्रवृति है और इसलिए सबके भीतर पायी जाती है। यदि किसी व्यक्ति के पास इसकी न्यूनता है, तो यह 'विकृति' है और धर्म द्वारा उसका संशोधन होना चाहिए। उनके अनुसार राष्ट्र-प्रेम एक एकात्म निष्ठा की वस्तु है। यह विवाद और तर्क की वस्तु नहीं है। यह स्वयं-सिद्धियों की भाँति अनिदर्शनीय है। यह विश्वास की वस्तु है। राष्ट्रीयता पुरस्कार की भी वस्तु नहीं है। यदि कोई व्यति राष्ट्र-प्रेम के लिए मूल्य या कीमत मानता है तो वह राष्ट्रद्रोही है। जहाँ तक राष्ट्र के अर्थ का प्रश्न है, उपाध्याय राष्ट्र को एक आध्यात्मिक वस्तु मानते थे। राष्ट्र को परिभाषित करते हुए उन्होंने लिखा है, ''भूमि, जन और संस्कृति के संघात से राष्ट्र का निर्माण होता है।[6] राष्ट्र एक जीवमान इकाई है। वर्षो-शताब्दियों

लम्बे कालखण्ड में इसका विकास होता है। किसी निश्चित भू-भाग में निवास करने वाला मानव समुदाय जब उस भूमि के साथ तादात्म्य का अनुभव करने लगता है, जीवन के विशिष्ट गुणों को आचरित करता हुआ समान परम्परा और महत्त्वाकांक्षाओं से युक्त होता है, सुख-दु:ख की समान स्मृतियाँ और शत्रु-मित्र की समान अनुभूतियाँ प्राप्त कर परस्पर हित सम्बन्धों में ग्रथित होता है, संगठित होकर अपने श्रेष्ठ जीवन-मूल्यों की स्थापना के लिए सचेष्ट होता है और इस परम्परा का निर्वाह करने वाले तथा उसे अधिकाधिक तेजस्वी बनाने के लिए महान् तप, त्याग, परिश्रम करने वाले महापुरूषों की श्रृंखला निर्माण होती है, तब पृथ्वी के अन्य मानव समुदायों से भिन्न एक सांस्कृतिक जीवन प्रकट होता है। इस भावात्मक स्वरूप को ही राष्ट्र कहा जाता है। जब तक यह राष्ट्रीयता अस्मिता बनी रहती है राष्ट्र जीवित रहता है। इसके क्षीण होने से राष्ट्र क्षीण होता है और नष्ट हो जाता है। इस प्रकार राष्ट्र एक स्थायी सत्य है।''[7]

दीनदयाल उपाध्याय भारतीय परंपरा के अनुसार राष्ट्र को एक स्वयंभू, सावयव और जीवमान सत्ता मानते थे। वे कहते थे समाज केवल व्यक्तियों का समूह अथवा समुच्चय नहीं, अपितु एक जीवंत सावयव सत्ता है। भूमि विशेष के प्रति मातृभाव रखकर चलने वाले समाज से राष्ट्र बनता है। प्रत्येक राष्ट्र की अपनी एक विशेष प्रकृति होती है, जो ऐतिहासिक अथवा भौगोलिक कारणों का परिणाम नहीं, अपितु जन्मजात है। इसी जातिगत वैशिष्ट्य या भावना को **'चिति'** कहते हैं।[8] यही राष्ट्र का केंद्र-बिन्दु है। 'चिति' ही राष्ट्रत्व का द्योतक है। उन्होंने **'चिति'** की तरह ही **'विराट'** की अवधारणा को दिया है। उन्होंने कहा है कि **'विराट'** का जागरण करें। विराट राष्ट्र की धारणा शक्ति है। उसको जागृत किये बिना हमारे मन की जो कुछ कल्पना है, उसका क्रियान्वयन नहीं हो सकता। समाज की संगठित शक्ति का नाम ही 'विराट' है। दीनदयाल उपाध्याय ने जो कुछ कहा उसे एक वाक्य में कहा जाये तो अतीत के गौरव, वर्तमान के स्वाभिमान और भविष्य के विश्वास को लेकर 'चिति' के प्रकाश में 'विराट' को जगाकर नव रचना खड़ी करने का प्रयास करें।

दीनदयाल उपाध्याय के राज्य की कल्पना भारतीय राज्य का आदर्श **'धर्मराज्य'** रहा है। यह एक असांप्रदायिक राज्य है। सभी पंथों और उपासना पद्धतियों के प्रति सहि‍ष्णुता एवं समादर का भाव भारतीय राज्य का आवश्यक गुण है। अपनी श्रद्धा और अंत:करण की प्रवृति के अनुसार प्रत्येक नागरिक का उपासना का अधिकार अक्षुण्ण है तथा राज्य संचालन अथवा नीति-निर्देशन में किसी भी व्यक्ति के साथ मत या संप्रदाय के आधार पर भेदभाव नहीं हो सकता। 'धर्मराज्य', थियोक्रेसी अथवा मजहबी राज्य नहीं है। 'धर्मराज्य' किसी व्यक्ति अथवा संस्था को सर्वसत्ता-संपन्न नहीं मानता। सभी नियमों और कर्तव्यों से बँधे हुए हैं। कार्यपालिका, विधायिका और जनता सबके अधिकार धर्माधीन हैं। स्वैराचरण कहीं भी अनुमत नहीं। विधि के अनुसार शासन, धर्मराज्य की कल्पना को व्यक्त करने वाला निकटतम शब्द है। निरंकुश और अधिनायकवादी प्रवृत्तियों को रोकने तथा लोकतंत्र को स्वच्छंदता में विकृत् होने से बचाने में धर्मराज्य ही समर्थ है। राज्यों की अन्य कल्पनाएँ अधिकारमूलक हैं, किंतु धर्मराज्य कर्तव्य-प्रधान है। फलत: इसमें अपने अधिकारों के हनन की आशंका, असीम अधिकार प्राप्ति की लालसा, सीमित अधिकारों से असंतोष, अधिकारारूढ़ होने पर कर्त्तव्यों की उपेक्षा; अधिकार-मद, विभिन्न अधिकारों के बीच संघर्ष इन सबके लिए कोई गुंजाइश नहीं है। उपाध्याय के 'धर्मराज्य में जनाधिकारों को समाप्त नहीं किया जा सकता। जनता का इन मूलभूत अधिकारों के प्रति जागरूक रहना कर्त्तव्य है।

दीनदयाल उपाध्याय संविधान के बारे में एक सूत्र वाक्य कहते हैं ''हमें संविधान संघात्मक नहीं एकात्मक चाहिये, जिससे सामाज एक बना रहे, समरस बना रहे, उसमें टुकड़े न हो और न भेद उत्पन्न हो।'' शासक की नीति कैसी हो अर्थात प्रशासन कैसा हो? इस विषय में उनका कहना है कि ''शासक न उग्र दण्ड हो और न ही क्षीण दण्ड, अपितु मृदु दण्ड चाहिए अर्थात शासक बिल्कुल ही आतंकी भी न बन जाय और ढ़ीला प्रशासन भी न हो कि कोई बात ही न माने।''

राज्य को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य राष्ट्र का एजेन्ट है, जैसे कम्पनी का एजेन्ट होता है। राष्ट्र के लिए राज्य चाहिए, राज्य के लिए राष्ट्र नहीं। लेकिन आज उल्टा हो रहा है। आगे इसी बात को समझाते हुए उन्होंने कहा कि ''राजनीति के लिए राष्ट्रीयता नहीं राष्ट्रीयता के पोषण के लिए राजनीति होनी चाहिए। वह राजनीति जो राष्ट्र को क्षीण करे अवांछनीय है।'' आज के समय में इसका मनन करना बहुत ही आवश्यक है।

एकात्म मानवदर्शन और आर्थिक व्यवस्था

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आर्थिक विचार सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। वे अर्थनीति में भी 'स्वदेशी' भावना अर्थात 'अर्थनीति के भारतीयकरण को महत्व देते थे। उनका मानना था कि पश्चिम का आर्थिक दृष्टिकोण सर्वथा एकांगी हैं। पूँजीवाद केवल उत्पादन पर ही अधिक बल देता है। इस वृद्धिगत उत्पादन के कारण ही नवीन यन्त्रों का आविष्कार किया गया और इन यन्त्रों के स्वामी ही उत्पादन के स्वामी भी बन गये। लाभ में जब श्रमिकों को यथेष्ट भाग नहीं मिला, तब उनमें प्रतिक्रिया उत्पन्न हुई जिसके परिणाम स्वरूप एक नई प्रणाली समाजवाद या साम्यवाद उत्पन्न हुई। समाजवाद भी एकांगी है, क्योंकि यह केवल वितरण की ही प्रणाली हो सकती है, उत्पादन की नहीं।

पूँजीवाद और समाजवाद दोनो ही आर्थिक प्रणालियाँ उपभोगप्रधान है, क्योंकि दोनों ही अर्थ और काम- उपभोग को ही मानव-जीवन का लक्ष्य मानती है। साधारणतया इच्छाओं और आवश्यकताओं के अनुसार उत्पादन किया जाता है, पर अब उत्पादन के अनुसार इच्छाओं की कृत्रिम उत्पत्ति की जा रही है, जिससे की उत्पादित वस्तुओं को बेचा जा सके। दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार यह अप्राकृतिक एवं अमर्यादित आर्थिक व्यवस्था है। प्रकृति की भी एक मर्यादा होती है। उसका अतिक्रमण करने से प्रकृति अपना कार्य बन्द कर देती है। अत: आर्थिक नीति का आधार शोषण नहीं, दोहन होना चाहिए। वे संयमित उपभोग के समर्थक थे। वे कहते थे कि अधिकाधिक उपभोग का सिद्धान्त ही मनुष्यों के दु:खों का कारण है। उपभोग की इच्छा को कभी भी तृप्त नहीं किया जा सकता। वर्ग-संघर्ष जिसके उपर समूचा साम्यवाद खड़ा है, ऐसे उपभोग के कारण ही उत्पन्न होता है।

जहाँ पूँजीवाद और साम्यवाद दोनों के मनुष्य की कल्पना '**आर्थिक मनुष्य**' की कल्पना है, जो अर्थ और काम को ही जीवन का एकमात्र पुरूषार्थ मानती है। वहीं उपाध्याय जी अपनी अर्थनीति में अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों पुरूषार्थो को महत्त्व देते थे। वे '**सम्पूर्ण मानव**' को इकाई मानकर चलते थे। उनके अनुसार जब तक एक-एक व्यक्ति की विशि टता-विविधता को ध्यान में रखकर हम उसके विकास की चिंता नहीं करेंगे, तब तक मानवता की सच्ची सेवा नहीं हो सकती। समाजवाद और पूँजीवाद दोनों ने मनुष्य को व्यवस्था के निर्जीव यन्त्र का एक पूर्जा

मात्र बना डाला। 'एक स्वतंत्र जुलाहे को समाप्त कर उसे विशाल कारखाने का मजदूर बना दिया गया। वे आर्थिक लोकतंत्र तथा विकेन्द्रित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। **आर्थिक-लोकतंत्र** का आशय है हर वयस्क को कार्यावसर। किसी भी अर्थव्यवस्था के अच्छे होने का मापदण्ड है कि वह अपने आने वाली पीढ़ियों को कार्यावसर देती है या नहीं। दीनदयाल उपाध्याय कहते हैं कि- ''मानव को पेट और हाथ दोनों मिले हुए हैं। यदि हाथों को काम न मिले और पेट को खाना मिलता रहे, तो भी मनुष्य सुखी नहीं रहेगा। अत: प्रत्येक को काम अर्थव्यवस्था का आधारभूत लक्ष्य होना चाहिए।''[9]

विकेंद्रित अर्थव्यवस्था आर्थिक-लोकतंत्र का अनिवार्य परिणाम है। दीनदयाल उपाध्याय विकेंद्रीकरण को अर्थव्यवस्था का केंद्रीय मुद्दा मानते हैं। वह बड़ी-बड़ी उत्पादन इकाइयों एवं बड़े-बड़े उद्योगों के सहारे ही अर्थव्यवस्था चलाने के पक्षधर नहीं थे, क्योंकि इससे देश में केंद्रीकरण पनपता है, जो विषमता और बेरोजगारी को बढ़ाता है। उनके अनुसार- ''हमें व्यक्ति और परिवार आधारित लघुयंत्राधिष्ठित (कुटीर और छोटे-छोटे उद्योग आधारित) आर्थिक विकेंद्रीकरण की प्रणाली विकसित करने पर जोर देना चाहिए और श्रम-प्रधान विकेंद्रित ग्रामोद्योगों को सुदृढ़ करना चाहिए।''[10] आर्थिक दृष्टि से उन्होंने एक और परिकल्पना की है, वह है '**अर्थायाम**'। यह अर्थायाम क्या है? इस संबंध में उन्होंने कहा कि अर्थायाम समाज की ऐसी अर्थ रचना है, जिसमें न अर्थ का अभाव हो और न ही प्रभाव हो। उत्पादन वितरण और उपभोग इन तीनों के बीच संतुलन बिठाने वाली अर्थ रचना को उन्होंने अर्थायाम कहा। यदि दीनदयाल जी के अर्थ-चिन्तन को सरल भाषा में कहना हो तो तीन डाइरेक्शन निकलते हैं, हरपेट को रोटी, हर हाथ को काम और हर खेत को पानी। इस प्रकार 'अर्थ का अभाव एवं अर्थ का प्रभाव' के माध्यम से उन्होने दुनिया की सारी समस्याओं को अनुठे अंदाज में समेट दिया। उनके अनुसार सारी समस्याएं या तो धन की कमी के कारण हैं या धन की अधिकता के कारण। इसलिए उन्होने जो आदर्श व्यवस्था दी उसका लक्ष्य हर लिहाज से संतुलनकारी व्यवस्था बनाने का था। इसके लिए उन्होने साध्य-साधन विवेक तथा आर्थिक स्वातंत्र्य की ऐसी व्यवस्था बनाने का आग्रह किया जो भारतीय द्वारा दिए गए चार पुरूषार्थों- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के सामन्जस्य से निर्मित हो।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय देश की मानवीय शक्ति और बेकारी देखकर लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास के पक्षपाती थे। वे बड़ी-बड़ी उत्पादन इकाइयों एवं बड़े-बड़े उद्योगों के सहारे ही अर्थव्यवस्था चलाने के पक्षधर नहीं थे। वो ऐसी औद्योगिक व्यवस्था के पक्षधर थे, जो कृषि के साथ सुसंबद्ध हो सके और कृषि से जनसंख्या का भार कम कर सके। उनका मानना था कि बढ़ती जनसंख्या का खेती पर से भार घटाने, कृषि से उत्पन्न कच्चे माल का उपयोग करने और कृषि को आवश्यक साधन सामग्री, यंत्र औजार प्रदान करने, रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने, देश की निर्यात क्षमता बढ़ाने, स्वावलंबन आदि कई दृष्टियों से औद्योगिकीकरण अत्यंत आवश्यक है, किंतु वे कुछ विशेष क्षेत्रों एवं विशेष वस्तुओं के उत्पादन को छोड़कर शेष सबके लिए बड़े उद्योगों के स्थान पर श्रम-प्रधान लघु एवं कुटीर उद्योगों के अधिक पक्षधर थे।

दीनदयाल उपाध्याय अत्यधिक यान्त्रिकीकरण के विरोधी थे। वे कहते थे यन्त्र मानव का सहायक है, प्रतिस्पर्धी नहीं, किन्तु जहाँ मानव-श्रम को एक विनिमय की वस्तु समझकर उसका मूल्यांकन रूपयों में होने लगा, वहाँ मशीन मानव की प्रतिस्पर्धी बन गयी। यह पूँजीवादी

दृष्टिकोण का दोष है। वे आगे कहते हैं- ''राजनीति में व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता को जिस प्रकार तानाशाही नष्ट करती है, उसी प्रकार अर्थनीति में व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता को भारी पैमाने पर किया गया औद्योगिकीकरण नष्ट करता है। ऐसे उद्योगों में व्यक्ति स्वयं भी मशीन का एक पुर्जा बनकर रह जाता है। इसलिए तानाशाही की भांति ऐसा औद्योगिकीकरण भी वर्जनीय है।''[11] दीनदयाल उपाध्याय भारी उद्योगों के प्रतिकुल नहीं थे, पर वे उन्हीं भारी उद्योगों को चाहते थे, जो लघु उद्योगों के चलाने के लिए आवश्यक हैं या सुरक्षा सम्बन्धी है। उनके अनुसार पूँजी और श्रम में कोई आत्यन्तिक भेद नहीं है। श्रम भी एक प्रकार की पूँजी है और पूँजीपति भी एक प्रकार का श्रमिक हैं, क्योंकि वह व्यवस्था करने में श्रम करता है। अत: दोनों में सहयोग हो सकता है। उद्योगों में पूँजीपतियों और श्रमिकों दोनों के सहकारीकरण से पूँजीवाद और समाजवाद दोनों की अच्छाइयों को सुरक्षित एवं उनकी बुराइयों को दूर किया जा सकता है। उनका मानना था कि देश की सम्पत्ति का स्वामित्व जनता के हाथ में, न कि सरकार के हाथ में होना चाहिए। सरकार का कार्य उद्योगों का मार्गदर्शन करना व आर्थिक सहायता देना है, नियंत्रण करना नहीं।

निष्कर्ष

निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि एकात्म मानवदर्शन अर्थात एक ऐसा समग्र जीवन दर्शन, जिसमें शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा, व्यक्ति, समाज, राष्ट्र, विश्‍व, प्रकृति एवं परमात्मा तथा अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष सभी की युगपद सिद्धि सम्भव हो सके। आज जब भोगवादी विकास के सिद्वांतों से दुनिया भर में सुख क्षीण हो रहा है, संसाधनों के अनुचित प्रयोग से मानव के अस्तित्व पर ही संकट आ गया है, तब पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवदर्शन की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है।

संदर्भ सूची :

1 उपाध्याय, दीनदयाल (2014), 'एकात्म मानववाद : विवेचन' (संपादक- डॉ. महेश चन्द्र शर्मा), प्रभात प्रकाशन, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 35

2 उपाध्याय, दीनदयाल (2014), 'एकात्म मानववाद : सिद्धांत' (संपादक- डॉ. महेश चन्द्र शर्मा), प्रभात प्रकाशन, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 08

3 उपाध्याय, दीनदयाल (2010), 'एकात्म मानववाद', अर्चना प्रकाशन, भोपाल, पृष्ठ. 30

4 उपाध्याय, दीनदयाल (2014), 'राष्ट्र चिन्तन', लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 50

5 ठेंगड़ी, दत्तोपंत (2009), 'एकात्म मानवदर्शन: एक अध्ययन', लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 31-35

6 उपाध्याय, दीनदयाल (2014), 'राष्ट्र चिन्तन', लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 130

7 उपाध्याय, दीनदयाल (2010), 'राष्ट्र जीवन की दिशा', लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 37-38

8 उपाध्याय, दीनदयाल (2014), 'एकात्म मानववाद : सिद्धांत' (संपादक-डॉ. महेश चन्द्र शर्मा), प्रभात प्रकाशन, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 09

9 गुप्ता, बजरंगलाल (2018), 'हिन्दू अर्थ-चिंतन : दृष्टि एवं दिशा', प्रभात प्रकाशन, नई-दिल्ली, पृष्ठ. 75

10 उपाध्याय, दीनदयाल (2010), 'राष्ट्र जीवन की दिशा', लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 128

11 उपाध्याय, दीनदयाल (2014), 'राष्ट्र चिन्तन', लोकहित प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ. 73

❑❑❑

शोध छात्र, राजनीति विज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्‍वविद्यालय, वाराणसी, ईमेल:- gunjeshgautam@gmail.com, सम्पर्क सूत्र:- 09026028080

हिंदी कथा साहित्य में नारी संवेदना का उदय

—डॉ देबश्री सिन्हा

महिला लेखन नारी विषयक समस्याओं से जुड़कर भी सामाजिक सरोकारों से अछूता नहीं रहा है। इसमें मानवीय संबंध ों को जाँचने और परखने की सूक्ष्म दृष्टि निश्चित रूप से विद्यमान है और सामाजिक यथार्थ के अंकन की कोशिश भी स्पष्ट दिखायी देती है। कृष्णा सोबती की संपूर्ण कथा कृतियाँ सूरजमुखी अंधेरी के ये बिछुड़िया अनारों और बेघर की पाशों अनारों और संजीवनी पुरुष की रूढ़िवादी संकीर्णताओं का भाव उनमें नहीं है।

महिला लेखन ही यह अन्यतम उपलब्धि है कि उसने एक ओर नारी हृदय को विविध कोणों से परखकर ईमानदार अभिव्यक्ति प्रदान की ओर दूसरी ओर नारी को परंपरा पोषित मान्यताओं के पास से मुक्त करके 'मानवी' के रूप में प्रतिष्ठित किया। भारतीय आदर्शों में रची-बसी सती नारी के स्थान पर उस नारी का चेहरा सापने आया जिसे अपनी महत्ता और अस्मिता पर गर्व था। महिला लेखन पुरुष की बँधी-बँधायी पूर्वाग्रह से संचित दृष्टि को त्याग कर नारी को व्यक्ति रूप में देखने का पक्षहार है जहाँ पुरुष सापेक्ष भूमिकाओं की सीमित पनिधि से मुक्त होकर एक विशुद्ध नारी के रूप में उसकी पहचान सम्भव हो। वह नारी जिसके मन में अपनी शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुर्बलताओं के प्रति दया का भाव नहीं उपजता, देह संस्कार, संवेदना और विवेक किसी भी स्तर पर वह अपना मूल्यांकन परम्परागत पुरुष निर्मित प्रतिमानों के आधार पर नहीं करती।

स्त्री-लेखन के वैकल्पिक मानदंडों के निर्माण की जब कोशिशें शुरू की गई तो उन्हें 'खास' या 'विशिष्ट' या 'स्पेशल केस' के रूप में देखा गया। फलत: स्त्री लेखन हाशिए पर चला गया या 'स्त्री अध्ययन' से 'स्त्री लेखन' को जोड़कर विशेष पाठ्यक्रम बनाकर मुख्य धारा के साहित्य से अलग करके पेश किया गया। साहित्य में व्याप्त इस लिंगभेद को समाप्त करना आवश्यक है। स्त्री लेखन को केवल स्त्री समस्याओं से जोड़ना एक प्रकार से केंचुआ प्रवृत्ति ही है। इस संकुचित तथा लिंगभेदीय वृत्ति से हिंदी साहित्य मुक्त होना चाहिए। रचना, रचना होती है, उसे स्त्री या पुरुष रचना के रूप में बॉटकर नहीं देखा जाना चाहिए,परंतु आज तक महिला लेखन को केवल स्त्री-विमर्श तक ही मर्यादित करके उसका अध्ययन-अध्याय एवं अनुसंधान किया जाता रहा है। इस वृत्त को तोड़ने की दृष्टि से यह प्रस्तुत ग्रंथ मौलिक है। इसमें

महिला उपन्यासकारों के बहुआयामी लेखन का अध्ययन किया गया है।

महिलाओं ने ज्यादातर कथा साहित्य में ही अपनी कलम चलाई हैं। महिला लेखिकाओं ने समाज के प्रत्येक स्तर के लोगों के जीवन की पीड़ा, त्रासदी, वेदना, आज वैश्वीकरण के दौर में महिला लेखिकाओं की अभिव्यक्ति महत्वपूर्ण उपलब्धि है। महिला लेखन पर आरोप लगाया जाता है कि वह परिवार तक ही सीमित है, परंतु प्रस्तुत ग्रंथ के द्वारा यह सिद्ध किया गया है कि महिला लेखन बहुआयामी है। उसमें परिवार ही नहीं पूरा समाज समाहित है। समाज का परिवेश, हाशिए का समाज समाविष्ट है। साथ ही अनेक समस्याओं को बहुत संवेदनशीलता एवं सूक्ष्मता से महिला उपन्यासकारों ने उजागर किया है।

जगदीश्वर चतुर्वेदी ने कहा है, **'साहित्य' के माध्यम से सामाजिक विषमताओं एवं लिंगभेदीय असमानताओं के उद्घाटन में महत्वपूर्ण मदद मिलती है, बशर्ते कि साहित्य स्वयं में लिंगभेदीय पूर्वाग्रहों से मुक्त हो। हकीकत यह है कि पुरुष निर्मित साहित्य रूप में पुरुष पाठ का निर्माण हुआ है और तद्नुरूप पुरुषवादी साहित्यिक मानदंडों का भी निर्माण हुआ है। पुरुष का पाठ, मानदंड और रूप-तत्व सभी आमतौर पर साहित्य के पर्याय के रूप में स्वीकृत कर लिए गए हैं।** पुरुष लेखन से भिन्न स्त्री लेखन को आमतौर पर साहित्य की मुख्य धारा में सम्मानजनक दर्जा नहीं मिला है। समकालीन शब्द कालीन विशेषण में सम उपसर्ग जोड़ने से बना है। कालीन का अर्थ है काल में या समय में। सम उपसर्ग का प्रयोग प्राय: एक ही या एक साथ के अर्थ में होना है। अत: समकालीन शब्द समय की धारणा से संबंध एक विशेषण है जो सामान्यता एक ही समय में रहने या होने वाले रचनाकारों का बोध कराता है। नालेदा अद्यतन कोश में भी समकालीन फाब्द का प्राय: सही अर्थ दिया गया है। इस कोश के अनुसार समकालीन फाब्द सम उपसर्ग को कालीन काल की अवधारणा से जुड़ा हुआ एक विशेषण में लगाकर बनता है,जिसका अर्थ है जो एक ही समय में हुआ है। आजकल यह देखने में आ रहा है कि इन दिनों आधुनिक, समकालीन, अत्याधुनिक, समसामयिक, सांप्रतिक और फिलहाल जैसे शब्दों के प्रयोग में पूरी सावधानी नहीं बरती जाती हैं। विशेषकर आधुनिक, समकालीन और सामयिक में अर्थ का काफी अंतर है।

आधुनिक का अर्थ काल-सापेक्ष भी है जबकि समकालीन का अर्थ केवल काल-सापेक्ष है। इसीलिए आधुनिक और समकालीन एक-दूसरे के पर्याय नहीं है।जो आधुनिक है वह भी समकालीन हो सकता है और समकालीन के लिए यह आवश्यक नहीं कि वह आधुनिक हो। अर्थात् आधुनिक हुए बिना भी कोई समकालीन हो सकता है। आज के अधिकतर साहित्यकार वचन प्रवीण होकर ही संतुष्ट हैं। कलम के दायित्व बोध से विमुक्त अधिकतर समकालीन साहित्यकार बिना सिद्धि के प्रसिद्धि के आखेट में निकला हुआ अंध अहेरी बनकर रह गया है। भीड़ के बीच चारों ओर से घिरा हुआ आज का व्यक्ति एकाकी है। जबकी सर्व विदित तथ्य यह है कि वह अकेले में भीड़ के भीषण दबाव को झेलता हैं। आज मनुष्य की स्थिति बहुत ही विचित्र है।

साहित्य में एक ओर तो सिद्धांतों की बड़ी-बड़ी और सूक्ष्म बातें विमर्श और बहस के केन्द्र में रहा करती है। तो दूसरी ओर पद, पैसा, प्रतिष्ठा, संपर्क, जाति-बिरादरी, गोत्रादि के विभिन्न संदर्भों से समीकरणों के आधार पर मूल्यांकन की तथाकथित प्रक्रिया का यज्ञ भी निर्भीक भाव से जारी रहता है। हमें यह ध्यान में रखना होगा कि साहित्य की पहली और अनिवार्य शर्त का तुक केवल पीड़ा से नहीं मिला है। बल्कि उसमें जीवन की सुखात्मक झाँकियाँ भी सम्मिलित होती है। साहित्य में अंकित मनुष्य जीवन को अगर समझना है, तो वह जिस समाज में रहता है उस समाज को, समाज जीवन को समझना अत्यावश्यक बन जाता है। जिसे समझने के लिए पहले हमें समाज का अध्ययन करने के शास्त्रीय मानदंडों को समझना आवश्यक बन जाता है। इन मानदण्डों का शास्त्र याने समाजशास्त्र कहा जाता है। तो साहित्य के समाजशास्त्रीय अध्ययन से पहले समाजशास्त्र को समझना आवश्यक हैं।

महिला लेखन नारी विषयक समस्याओं से जुड़कर भी सामाजिक सरोकारों से अछूता नहीं रहा है। इसमें मानवीय संबंधों को जाँचने और परखने की सूक्ष्म दृष्टि निश्चित रूप से विद्यमान है और सामाजिक यथार्थ के अंकन की कोशिश भी स्पष्ट दिखायी देती है। कृष्णा सोबती की संपूर्ण कथा कृतियाँ सूरजमुखी अंधेरी के ये बिछुड़िया अनारों और बेघर की पाशों अनारों और संजीवनी पुरुष की रूढ़िवादी संकीर्णताओं का भाव उनमें नहीं है। महिला लेखन बहुआयामी होने के कारण लोकप्रियता के जिस सोपान तक पहुँचा संभवत: इसका कारण स्वानुभूति, संघनता, विचारों की गहनता और विषय की रोचकता है।

सह लेखन अतीत को ध्वस्त वर्तमान से संघर्ष और सुखद भविष्य के सपने संजोने के लिए नारी को प्रेरित करता है। नारी सपस्याओं को नहीं अपितु स्वयं नारी को कैनवास पर उतारकर पूर्णत: अंतरंग होकर उस पुरुष के समकक्ष लाने की यह कोशिश वस्तुत: सत्य है। नारी की वर्तमान स्थिति को लेकर आज की लेखिका के मन में असंतोष एवं आक्रोश है। सामाजिक वैशम्य से जन्मी पीड़ा को लेकर छटपटाहट है और मुक्ति की उत्कंठा उसके रोम-रोम में परिव्याप्त है। सुधीश पचौरी का मत था कि साहित्य में भी स्त्रीवाद एक ग्लोबल आंदोलन है इसीलिए यह लेखन से अधिक एक राजनीतिक संघर्ष है, निर्मल वर्मा ने कहा कि स्त्री संवेदना का होना एक बात है, पर नारीवाद का झंडा उठाए घूमना दूसरी बात। केदारनाथ सिंह ने दूसरी भाषाओं के महिला लेखकों की रचनाओं के हिन्दी अनुवाद के खराब स्तर पर दुख प्रकट किया।

डॉ. चमनलाल ने कहा कि **जब तक समाज में असमानता है तब तक साहित्य में भी रहेगी। हिन्दी की वरिष्ठ लेखिका कृष्णा सोबती ने सदा की तरह स्त्री लेखन शब्द पर एहसान जताते हुए कहा कि लेखन एक बड़ा अनुशासन है इसे महिला लेखन के छोटे चौकटे में कैद नहीं किया जा सकता। महिला लेखन करने से हर कोई हमें दलित समझने लगता है। उन्होंने पूछा, आप यदि लेखक हैं तो मैं महिला लेखक क्यों हूँ, उन्होंने कहा कि हमारी दिलचस्पी शब्द संस्कृति को बचाने से अधिक साहित्य में राजनैतिक कारोबार करने में है। कहते है साहित्य में रंग वर्ण, जाति सम्प्रदाय का भेद नहीं होता। पर मै कहती हूँ होती हैं। जो लिख रहा है, उसे वर्षो से अपने संस्कार, इतिहास, परिवेश से जो सोच मिली**

है, जो मानसिकता मिली है, उसे वर्षों से अपने संस्कार, इतिहास, परिवेश से जो सोच मिली है, जो मानसिकता मिली है वह सब उसके साहित्य में परिलक्षित होता है। इसीलिए वही कथानक जब चित्रा मुद्‌गल के हाथ में आता है तो उसका ट्रीटमेंट बिल्कुल भिन्न होता है।

इस समय की लेखिकाएं स्त्री की नयी छवि गढ़ने की कोशिश कर रही हैं। वहीं स्त्री जब 'एक जमीन अपनी' में आती है, तो वह संतुलित, पूरी मानवीय गरिमा के संग, क्या उसको चुनना है, क्या छोड़ना है इस मानवीय बुद्धि के संग, क्षमता के संग आती है। अन्ततः एक रास्ता भी बताती है कि लड़की का क्या अभीष्ट होना चाहिए, क्या नहीं होना चाहिए। इस दशक का कथा-साहित्य समस्याओं की प्रस्तुति का साहित्य है। जीवन के अनुभवों को बाँटना सर्वांगीण सन्दर्भों में बिम्बों को तलाशता तथा स्त्री विमर्श जैसी अलगाती मुद्राओं में क्षत-विक्षत चेहरे वाली सोच को हटाता, रातनीतिक विद्रूपताओं का पर्दाफाश करता है यह कथा-साहित्य। आतंकवाद, हिंसा, धर्मांध संकीर्णताओं के बीच संरचनावाद और पूँजीवादी खतरों में यह साहित्य टुकड़ों-टुकड़ों में विभक्त मानवीय चेतना को समग्रता में सुरक्षित करके इतिहास के नए मानदण्ड भी स्थापित कर रहा है।

अतः इस दशक के कथा कथा-साहित्य में अप्रासंगिक रूढ़ियों को ध्वस्त करने तथा नये मूल्यों को स्थापित करने की छटपटाहट दिखाई देती है। यद्यपि इस दशक में भीष्म साहनी,उदय प्रकाश, राजकमल चौधरी, रवीन्द्र कालिया, चंद्रकांता, कृष्णा सोबती, चित्रा मुद्‌गल, महीप सिंह, काशीनाथ सिंह, राजेन्द्र यादव तथा नासिरा शर्मा आदि साहित्यकार उल्लेखनीय है। वास्तव में लेखन की कसौटी पुरुष एवं महिला लेखन की अलग-अलग नहीं हो सकती। प्रत्येक लेखक सत्य की तलाश, सम्भावनाओं की तलाश अपनी संवेदनात्मक आवश्यकता के अनुरूप करता है। इस तरह से हर लेखक हर दूसरे लेखक से भिन्न होता है। ऐसी स्थिति में एक वर्ग के रूप में उनके लेखन को विभाजित कर उसकी करना उन्हें खाँचों में सीमित करने का प्रयास ही दिखायी देता है। खाँचे में विभाजित कर उसकी चेतना की अभिव्यक्ति को परखने,मूल्यांकित करने का अर्थ होगा इसकी सामाजिक उपस्थिति को प्रति-संसार के रूप में स्वीकृति देना काव्य मीमांसा में राजशेखर भी इस विभाजन के पक्षधर नहीं हैं। महत्वपूर्ण प्रश्न इस संदर्भ में यह है कि उनके लेखन को इस पुरुष प्रधान व्यवस्था में रचे बसे आलोचक किस कोटि का दर्जा देते है। महिला लेखन के प्रति उनका दृष्टिकोण पूर्वाग्रह ग्रस्त एवं दोयम दर्जे का है। उस पर यह आरोप आसानी से लगा दिया जाता है कि उनका लेखन सीमित अनुभव संसार से सम्बन्ध है और इसी कारण वे कालजयी रचनाएँ नहीं रच पातीं। प्रत्येक लेखक, आलोचक, विचारक, शब्दशिल्पी, सचेतन या अर्द्धचेतन रूप से स्त्री पुरूष के बौद्धिक स्तर की भिन्नता को स्वीकार करके ही चलता है।

वह स्वयं को स्त्री से श्रेष्ठ मानता है। अतः पुरुष लेखक का अपने आपको स्त्री लेखक से ज्यादा श्रेष्ठ मानना स्वाभाविक ही होगा। अधिकतर पुरुष लेखकों की दृष्टि में महिला लेखन जड़, नीरस, भावुक, लिजलिजा तथा आत्म केन्द्रित है और उसका सारा सामाजिक मूल्यांकन सबसे पहले शरीर का मूल्यांकन है। नारी लेखन में पुरुष के निगाह में अपना विसर्जन एक विशेष पुरुष रवैये या रूढ़वादी दृष्टिकोण का अनुमोदन है। यह अनुमोदन वादी साहित्य लेखन रूढ़ियों

के आस पास ही घूमता हैं। दयनीय विद्रोह का भ्रम देता हुआ। प्रभा खेतान इस संदर्भ में स्त्री की अपनी भाषा का प्रश्न उठाती हैं, क्योंकि किसी भी समुदाय का अनुभव जगत उस समुदाय के भाषायी अभ्यास द्वारा ही निर्मित होता है और उसके अभाव में उसे परम्परा से प्राप्त पुरुषों की भाषा में ही अपने अनुभवों को सम्प्रेषित करना पड़ता है। और शायद यही कारण है कि प्रचलित वर्चस्ववादी भाषा स्त्री की वाणी नहीं बन पाती हैं और बहुत कम लेखिकाएं स्त्री की निजी भाषा खोजने की चिंता करती है तो वस्तु से व्यक्ति के रूप मे पहचान बनाने को तत्पर स्त्री क्या इस पुरुष सत्तात्मक परिवेश में यह मानने को बाध्य हो जाए कि चिंतन की प्रक्रिया से उसका कोई सरोकार नहीं है, तर्क की भाषा उसे नहीं आती तथा बड़ी राष्ट्रीय, सामाजिक समस्याओं से निपटने में वह सक्षम नहीं। बहुत से कारण है। जिससे स्त्री लेखन में बहुत कुछ अनकहा रह जाता है या अतिसंक्षिप्तीकरण का शिकार होकर टिप्पणी मात्र रह जाता है। लेखन की कसौटी पुरुष एवं महिला लेखन की अलग-अलग नहीं हो सकती।

आधुनिक काल में पहुचकर तो हिंदी साहित्य के लिए नारी सर्जकों का योगदान बहुत बढ़ गया है। काव्य और गद्य दोनों क्षेत्रों में नारिया समान स्तर पर सक्रिय रही हैं। पूर्व प्रेमचंद या छायावादी युग के जिस 'बंग' महिला नामक कहानी लेखिका का नाम मिलता है उसके बारे में सन्देह है कि वह नारी ही थी अथवा कोई छद्मनामी पुरूष। जो भी हो इतना स्पष्ट है कि वहाँ मान्यता और प्रतिष्ठा इस नारी नाम को ही प्राप्त हो सकी। इसके बाद गद्य सर्जना की दृष्टि से प्रेमचंद युग के साहित्यकारों में श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान का नाम आता है। वे जितनी अच्छी लेखिका और कहानीकार थीं, उतनी ही सफल कवियत्री भी थी।

इन्हीं के समकालीन नामों में अन्य दो नाम भी विषेष उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण हैं। एक नाम तारा पाण्डेय, छायावादी युग के कवि-कवियोगियों में यह नाम महत्वपूर्ण माना जाता है दूसरा और अब तक का सर्वाधिक महत्वपूर्ण नारी नाम है, श्रीमती महादेवी वर्मा यह हिंदी साहित्य में दूसरी मीरा कही जाने वाली कवियत्री हैं। छायावाद हिंदी साहित्य का प्रमुख युग माना जाता है। इस युग को हिंदी साहित्य में लाने का श्रेय जिन कवियों को है महादेवी वर्मा का उनमें प्रमुख स्थान है। काव्य और गद्य के विभिन्न विधात्मक क्षेत्रों में इनके योगदान को आने वाली शताब्दियों तक कौन भुला सकता है? हमारे विचार में काव्य की चर्चा हो या गद्य के विधात्म रूपों को श्रीमती महादेवी की चर्चा के बिना से अपूर्ण ही समझा जाएगा। महादेवी छायावादी काव्यधारा के चार स्तंभों में से एक प्रमुख स्तंभ तो हैं ही, गद्य-सर्जना के क्षेत्रों में उन्हे एक प्रमुख शैलीकार का मान और महत्व प्रदान किया जाता है।

निहार, रष्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा, संघिनी उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं। पद्य के साथ-साथ गद्य में भी उनका प्रमुख योगदान रहा है। उनकी रचनाओं में संवेदनशीलता, कौतूहलमिश्रित वेदना की प्रधानता है। उन्होंने चैतन्य बोध स्पर्ष कर भावनिष्ठ हृदय से वेदना का घूँट पीकर प्रेम साधना की है। आधुनिक काल के साहित्य जगत में नारी की प्रतिभा विद्वता एवं गतिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने में उनका विशेष योगदान है उन्होंने हिंदी साहित्य को छायावाद,

रहस्यवाद, प्रतीक योजना, वेदना, गीतिकला, प्रकृति चित्रण का अनुपम उपहार दिया। उनके कारण हिंदी साहित्य उनका हमेशा ऋणी रहेगा।

आज कई नवयुवतियाँ हिंदी काव्य-साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। आज का युग गद्य-रचना का युग ही प्रमुख स्वीकारा जाता है। गद्य के विधात्मक रूपों विशेषकर कहानी उपन्यास के क्षेत्र में कई नारी सर्जकों का नाम बड़े ही सम्मान के साथ लिया जाने लगा है। आज नारी ने साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जीवन और समय के जटिल प्रश्नों से जूझती समाज को दस्तावेजी कृतियाँ दीं, मन्नू भंडारी जैसी कुछ ऐसी कहानी लेखिकाएँ भी हैं कि जिनकी कहानियों के अनेक फिल्मी एवं नाटय रूपान्तर सफलता और धूम-धड़ाके के साथ प्रस्तुत किये जा चुके और आज भी होते रहते हैं। कृष्ण सोबती का 'जिन्दगीनामा' दिलोदनिश मन्नू भंडारी का 'महाभोज' महाश्वेता देवी का 'जगल का दावेदार' प्रभा खेतान का 'तालाबंदी' मृदुला गर्ग का 'अनित्य' आदि अनेक रचनाएँ हैं अनेक कृतियों के माध्यम से लेखिकाओं ने संबंधों के घात-प्रतिघात घर-बाहर के दोहरे दायित्व निभाते हुए भी दुय्म दर्जे की स्थिति भोगने वाली नारी की विवशता, सामाजिक तथा संवैधानिक अधिकारों के होते हुए दफ्तर, खेत, कारखानों में भेदनीति की शिकार होने की विडम्बना आदि सामाजिक प्रश्नों पर विचार किया है।

बीसवीं शताब्दी के अन्तिम दशक में राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं ने सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश कर पुरूषों के लिए वर्चस्व एवं एकाधिपत्य को बखूबी तोड़ा है और हर क्षेत्र में बराबरी की हिस्सेदारी निभाते हुए अपनी एक पृथक् छवि और पहचान निर्मित की है। संयुक्त राष्ट्र संघ एवं राष्ट्रीय मानवाधिकारों ने महिलाओं के आगे बढ़ने और विकास करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

भूमण्डलीकरण-वैश्वीकरण तथा उदारीकरण के चलते आधुनिकीकरण की वैचारिकी एवं कार्य-शैली ने महिलाओं में हर क्षेत्र में प्रवेश करने की जो स्वतंत्रता और चाह उत्पन्न की है, उससे वे आत्मनिर्भर और निडर बनी हैं। अभी भी भारतीय समाज में सामन्ती अवशेष बचे हैं। जिन्हें इन महिलाओं को मिलजुलकर विनष्ट करना है। यह सच है कि भारत में अमेरिका और फ्रांस जैसे देशों की तरह नारी आंदोलन नहीं हुए, लेकिन उसकी गूंज यहाँ तक अवश्य पहुँची जिससे भारतीय महिलाओं में समान अधिकार और स्वतंत्रत होने की इच्छा बलवती हुई। परिणामस्वरूप साहित्य-लेखन में भी उनकी घुसपैठ बढ़ी। वे कविता, कथा-साहित्य, आत्मकथा, जीवनी, संस्मरण आदि साहित्यिक विधाओं में इतनी तेजी से आगे बढ़ीं कि पुरूषवाची लेखक पीछे रह गये। इनके लेखन में मूल रूप से नारी की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विसंगतियों, विडम्बनाओं और समस्याओं तथा स्थितियों को यथार्थ परक दृष्टि से रेखांकित किया गया है। ये सभी विषय नारी विमर्श से जुड़े हुए हैं। इसी को आधार बनाकर नारी-विमर्श का साँचा तैयार कर लिया गया और उसमें महिला-लेखन को शामिल कर लिया गया। इस प्रकार महिला-लेखन स्त्री-विमर्श का आधार बन गया।

अमृता प्रीतम, चंद्रकिरण, उषादेवी मित्र की 'रचना यात्रा', उषा प्रियंवदा, मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती, शशि प्रभा शास्त्री, मृणाल पाण्डेय, सूर्यबाला, राजी सेठ, मृदुला गर्ग, मंजुल भगत, नमिता सिंह, नासिरा शर्मा, कुसुम अँचल, मणिका मोहिनी, मैत्रेयी पुष्पा, ऋतु शुक्ला, शिवानी, तस्लीमा आदि अनेकानेक रचनाकारों की सशक्त कृतियों से समृद्ध होती हुई आज नारी चेतना संपन्न ठोस धरती पर पहुँच गई है, लेखिकाओं ने जहाँ जीवन के छोटे-बड़े, सच सुख-दुख, रचनाओं में उकेरे हैं, वहीं समय के ज्वलंत प्रश्नों से भी वे टकराई, आज भी नारी हिंदी साहित्य में सक्रिय भागीदारी निभा रही है तथा अपनी विशेष भूमिका द्वारा साहित्य में स्थान बनाते हुए जगत में पुरूष के समांतर पहुँच रही है। हिंदी साहित्य को नारी ने हर युग में उभारा है आदिकाल से आते-जाते 20वीं शताब्दी के अंतिम वर्ष तक नारी साहित्यकारों ने अपनी प्रतिभा से सृजनात्मक कार्य करके विश्व में स्थान, प्रतिष्ठा स्थापित की है।

सन् 1947 में हमारा भारत स्वंतंत्र हुआ और इस राष्ट्रीय स्वतंत्रता ने कई महिलाओं के बँधनों को भी स्वतंत्र कर दिया। शिक्षा का स्तर बढ़ाने से महिलाओं का शैक्षिक विकास होता गया और महिलाओं के लिए विभिन्न क्षेत्र खुल गए। उन्हें हर जगह सम्मान दिया गया, भला साहित्य का क्षेत्र इससे कैसे छूटता और साहित्य में भी इन महिला लेखिकाओं ने अपनी कलम का जादू दिखाया। स्वयं महिला लेखिका द्वारा महिला लेखन के अंतर्गत उनकी पहचान का विरोध वस्तुत: नारी मुक्ति का ही आंदोलन है।

जिससे अब मानकर चला जाता है कि कोई क्षेत्र महिलाओं के लिए वर्जित नहीं है। उस संविधान का भी अंग है जिसमें किसी प्रकार का भेजभाव किए बिना हर काम के लिए स्त्री और पुरूष के समान समझे जाने की बात की गई है। संविधान ने नारी को अधिकार दिये, कानूनी संरक्षण भी मिला मगर सामाजिक अन्तर्धाराओं के अन्तर्विरोधों में अहंग्रस्तता बढ़ती चली गई। आज नारी ने स्वतंत्रता को ही नारी मुक्ति आंदोलन का रूप स्वीकार कर लिया और स्वच्छंदता से विहार करने लगी है। नारी की इस ;स्वतंत्रता के अनेक दुष्परिणाम और प्रतिक्रियाएँ सामने आते दिखाई दे रहे हैं। घर से बाहर निकलने वाली नारी आज अधिक यौन-शोषण और बलात्कार की शिकार हो रही है।

अपहरण और स्त्रीत्व हरण के साथ-साथ शिक्षित लड़कियों को भी दहेज की बलिवेदी पर चढ़ना पड़ता है। एक ओर विद्रोह है दूसरी ओर कुंठा और समाज व्यवस्था का यह दानवी आक्रामक रूप। पुरूष की लोभी मानसिकता जहाँ उसकी अकर्मण्यता और अधिकार की भावना को उकसाती है, वहाँ भौतिकता की होड़ ने भी नारी को ही शोषित बनाया है। अधिकारों की बढ़ती माँग, स्वार्थ लिप्सा और उसी अनुपात में घटती हुई जिम्मेदारी की भावना, घटती हुई सहनशीलता और निरंतर घटती हुई त्याग-वृत्ति के कारण भी तथाकथित आजाद नारी की आज यह दुर्दशा है।

निष्कर्ष-इन सारे विवेच्य एवं विष्लेषण के बाद यह बात कहने की कोई अधिक या विशेष आवश्यकता नहीं रह जाती कि हिंदी साहित्य को नारियों की देन क्या और कितनी है। वास्तव में भारतीय नारियों ने जीवन के अन्य सभी क्षेत्रों के समान साहित्य क्षेत्रों को भी अपनी सृजनात्मक और जागरूक प्रतिभा से समृद्ध एवं प्रशस्त किया है। इसमें तनिक भी संदेह नहीं। उन्होंने साहित्य

के हर युग के हर रूप को अपनी कोमल कान्त भाव-प्रवणता से प्रभावी बनाया है। उसे भाषा शैली और नवीन शिल्प तो दिया है, भावी विचारों का अजस्न मानवीय स्त्रोत भी विधात्मक तटबन्धों में प्रवाहित किया है। उसमें स्वर संगीत की सरिता भी बहाई है और नव निर्माण के ज्वार भी उभारें हैं। साहित्य के माध्यम से नारियों ने माँ की ममता, बहन का स्नेह, प्रियतम का प्यार सभी कुछ दिया। संबंधों की चर्चा जितनी गहराई से नारी सर्जकों की रचनाओं में मिलती है। अन्यत्र कहीं सुलभ नहीं है। इस सारे विवेचन का सारांश यह है कि नारी जीवन ने हमारे स्थूल जगत के समान ही साहित्य जगत को भी तप:पूत। कालात्मक प्रतिभा से ऊर्जस्वी और अनवरत गतिक्षील बनाया है- यह देन कम करके रेखांकित नहीं की जा सकती।

संदर्भ सूची :

1. समकालीन महिला लेखन–डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, पूजा प्रकाशन दिल्ली
2. अन्तिम दशकों का हिन्दी साहित्य, मीरा गौतम, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2001
3. स्त्रीवादी साहित्य विमर्श–जगदीश्वर चतुर्वेदी, अनामिका प्रकाशन, नई दिल्ली संस्करण 1998
4. आधुनिक हिन्दी उपन्यासों में नारी के विविध रूपों का चित्रण–डॉ. मोहम्मद अजहर ढेरीवाला, चिन्तन प्रकाशन, 22.ए, मछरिया रोड, कानपुर, संस्करण 1999
5. अन्तिम दशक की लेखिकाओं के उपन्यासों में नारी, डॉ. रामचन्द्र माली, विद्या प्रकाशन सी–449, गुजैनी कानपुर संस्करण 2009
6. स्त्री–विमर्श समकालीन चिन्तन, संपादक ऋचा शर्मा, मध्य प्रदेश राज्य हिन्दी साहित्य सम्मेलन, सतना, संस्करण 2009
7. महिला उपन्यासकारों के उपन्यासों में नारीवादी दृष्टि, डॉ. अमर ज्योति, अन्नापूर्णा प्रकाशन, कानपुर–संस्करण 1999
8. समकालीन महिला उपन्यासकारों के उपन्यासों में नारी–विमर्श, डॉ. मुक्ता त्यागी, अमन प्रकाशन, रामबाग, कानपुर, संस्करण 2012
9. स्त्री–सशक्तीकरण के विविध आयाम, संपादक–डॉ. ऋषभ देव शर्मा, गीता प्रकाशन, प्रथम तल, 4–2–771, गीता भवन, हैदराबाद, 2004
10. अन्तिम दशक की हिन्दी लेखिकाओं के उपन्यासों में नारी–डॉ. सय्यद अमर फकिर, समता प्रकाशन, कानपुर, संस्करण प्रथम 2016

❑❑❑

हिंदी अध्यापिका, अधरचाँद, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिलचर-788004 , (असम)

Research Article

A study of Gender Prejudice in a Haryanvi Folk Song

–Preeti

The mass population of Haryana has preserved their classical social traditions in the form of folk songs and they participate in these songs with an unparalleled delight. Also, the celebration of different festivals with boundless enthusiasm and traditional fervor represents the significant influence of cultural history on its subjects.

Abstract:

Haryana, as a distinct and hybrid state in terms of its folk culture, is tremendously a renowned land with the magnetic and stupendous cultural heritage. It has always been a state of disparate cultures, faiths, beliefs, customs and traditions that are significant in making Haryana a land of traditional folk music, folk dances, folk songs, *Saangs* and *Raagnis*. The folk songs of Haryana are undoubtedly the looking glass of its high-spirited cultural history and people participate in these songs with an unparalleled delight. The practice of listening to folk songs can be considered a corporeal commotion that easily engages people in multiple courses of action. This paper is a modest attempt to deal with the intricacies of the gut-wrenching issue of gender discrimination which is widely rampant and could easily be known to have deeply embedded in some of the folk songs of Haryana. These folk songs have targeted women's social and cultural space in order to determine the lifestyle in a particular patriarchal structure. Throughout the history, women have been incessantly fighting for equality in the male- centric world but to their utter disappointment even today they are at the receiving end of the society. So, this paper exclusively focuses on a folk song which is extremely close to women in Haryana and has played a decisive role in the construction of social and cultural identities and also analyses remarkably dim continual and excruciatingly painful reality of gender discrimination faced by women in Haryana by analyzing a few *Haryanvi* folk songs.

Keywords: Folk Songs, Gender Discrimination, Folklore, Social Identity, Cultural Construct

Introduction:

"We have had the morality of submission, and the morality of chivalry and generosity, the time has now come for the morality of justice."

(John Stuart Mill, *The Subjection of Women)*

Since times immemorial women across the whole world have been the helpless victims of patriarchal society. A very deep dale was created by our society for The Second Sex who even today are treated so brutally in the society that it would not be misleading to see them as helpless victims of the cultural construct. Chandra Talpade Mohanty declares,"…the assumption of women as an already constituted coherent group with identical interests and desires, regardless of class, ethnic, or social location, implies a notion of gender or sexual difference or even patriarchy which can be applied universally and cross-culturally" (Mohanty, qtd in Colonial Discourse and Postcolonial Theory: A Reader 1994).

Simone De Beauvoir, a French existentialist in her widely renowned book *The Second Sex* argues that women are always considered to be the "other". Even today, they happen to be the miserably marginalized group of the society. They have been incessantly shouting out loudly for the equality, freedom, love, care and success that they deserve but their voices end up echoing in the valley and there is no one to acknowledge their rights. According to Gayatri Chakraborty Spivak, they are the most "vulnerable subalterns" in the society who are no less than the caged birds and infelicitously "we think that the caged birds sing, when indeed they cry" (from John Webster, The White Devil, Act 5, Scene 4). Spivak feels that women are the most oppressed, subjugated and exploited section of the society, who are doubly marginalized whose voice is never heard by the hegemonic dominant group (male section of the society). According to Chandra Talpade Mohanty, "Women" are defined as "Others" and "Peripherals" and this is what makes it possible for the "men" to represent themselves as the "Centre". Women have always struggled for their existence and individuality. Their dreams, desires, hopes are also entrapped by the dingy and pitiless patriarchal society and despite that they are relentlessly trying to find a niche for themselves, a space that they can call their own, a voice of their conscience. Women have always had a deepening inner urge to break her predestined role in the society and find a true essence of her life where she could be respected by the society if not as a woman then at least as a living human. Women in Haryana are in no better condition as they have been constantly fighting the evil of discrimination not only in society but also within their families. This paper is an attempt to show how cultural norms are extremely influential in shaping the behavior of an individual and analyses the assumed perpendicular susceptibility of women in the discourse of society.

Haryana is renowned all across the north-western states of Indian subcontinent and consists of a developing economy and a developed culture. This land of

Raagnis and folk songs fluently depict rainbow like colors with joys and sorrows in enchanting ways and melodious tunes. The transformative popularization of Haryanvi musical folk theatre forms *Saangs* and *Raagnis* lay in the hands of Pandit Lakhmi Chand who was also known as 'Kalidasa of Haryana'. Other prominent figures in this area include Mange Ram, Dada Mehar Singh, Sudesh Sharma, Pale Ram and many others who flourished this folk culture among masses of Haryana.

As Raymond Williams defines Culture as a way of life, it is also referred to as a cumulative deposit of knowledge including the mass production of experiences, beliefs, values, attitudes, meanings, hierarchies and so on. The notions of time, spatial relations, as well as the concepts of the universe, are constantly acquired by a group of people in the course of generations through individual and group striving. Paul Friedrich states that through poetry and songs, "one is often given the gist of the culture in a way that would be difficult or impossible to infer" (Friedrich 1996, 39). The culture of Haryana is enormously entrenched in a multifarious climate of revered history providing natural expression and value sustenance to many communities. Every region manifests different cultural features and folk songs are a traditional feature of any particular region. In this context the folk songs of Haryana are undoubtedly the looking glass of its high spirited cultural history that are deeply embedded and fabricated into the make-up of folk traditions of Haryana. The folk songs are an indispensable gem and jewels of traditions handed down from multiple generations. They imbibe novel influences and at the same time also by maintaining the wide continuity promote traditional and value based structure. According to the Concise Oxford Dictionary of Literary Terms folk song is:

"…a song of unknown authorship that has been passed on, preserved, and adapted (often in several versions) in an oral tradition before later being written down or recorded. Folk songs usually have an easily remembered melody and a simple poetic form such as the quatrain. The most prominent categories are the narrative ballad and the lyric, love-song, but the term also covers lullabies, carols and various songs to accompany working, dancing, and drinking" (99).

The mass population of Haryana has preserved their classical social traditions in the form of folk songs and they participate in these songs with an unparalleled delight. Also, the celebration of different festivals with boundless enthusiasm and traditional fervor represents the significant influence of cultural history on its subjects. In *Haryanvi* culture most historic folk songs represent the women's socio-cultural status in the society. In this sense, folk songs play an ultra extensive and decisive role in the construction of social identity. They not only help in apprehending the socio-cultural life of a particular group of people or a community but they also present the human psychology that is deeply embedded in the socially and culturally constructed world of humans. Folk songs are usually naive and gullible by nature

because they reflect the ultimate social reality. They reflectheterogeneity of folk emotions and folk thoughts of the entire social system. Folk songs play a very significant and vital role in influencing the psyche of people and shaping the collective social and cultural consciousness.

The notion of gender roles refer to the constructed set of norms which dictates the types of behaviors which is generally acceptable from a person based on their perceived sex and the notion of gender performativity refers to the ways how individuals do or perform their gender identity while interacting with others (Holmes and Meyerhoff). So, this act of singing folk songs can be considered as the gender performance that takes place in the sphere of society and has a very generic relevance. These folk songs ultimately shape the sensibilities of the listeners in society. No doubt these songs help us in understanding the cultural tradition of any society and also provide the space to women to express themselves but their degrading role as the carriers of gendered discourse where one gender is preferably superior and other inferior can never be overlooked. "It is important to understand that this representation of the identity of men and women, girls and boys, that is constructed in a particular way becomes more essential" (Jassal 2012).

Research Question:

How do folk songs as an indispensable part of culture disseminate and broadcast the encompassing gender ideologies and how does this cultural transmission via folk songs play a significant role in the production of gender identity?

Research Objectives:

